अथवा—तुम्हारे बाहु आदिके बन्धादि (नागपाशादि आसन-विशेष) आदिको मैं दिनमें भी देखूंगा, क्योंकि रात्रिमें मैं नहीं देख सका तथा उत्सुक सखियां भी देखेंगी ऐसा नलने सङ्केत किया] ॥ १ ॥

प्रातरात्मशयनाद्विनिर्यतीं सन्निरुध्य यदसाध्यमन्यदा ।
तन्मुखार्पणसुखं सुखं भुवो जम्भजित् क्षितिशचीमचीकरत् ॥ ६१ ॥

प्रातरिति । भुवः पृथिव्याः, जम्भजित् इन्द्रः, नलः इत्यर्थः । प्रातः प्रभातसमये, आत्मशयनात् निजशय्यायाः, विनिर्यतीं निर्गच्छन्तीम्, क्षितिशचीं भूलोकेन्द्राणीम् प्रियामिति शेषः । सन्निरुध्य, प्रतिबध्य कराभ्यामाकृष्येति यावत् । अन्यदा अन्यस्मिन् समये, गृहान्निर्गमनानन्तरमित्यर्थः । यत् यादृशं सुखम्, असाध्यं कर्त्तुमशक्यम्, सखीसमीपे अवस्थानादिति भावः । तत् अनुभूतचरम्, मुखार्पणसुखं मुखचुम्बनादिरूपम्, दमयन्तीकर्तृकमिति भावः । सुखम् अचीकरत् कारयामास । दमयन्तीमवरुध्य तया निजमुखचुम्बनादिकमकारयदित्यर्थः । करोतेर्णौ चङ्युपधाह्रस्वादि । 'हृक्रोरन्यतरस्याम्' इति विकल्पादणिकर्त्तुः कर्मत्वम् ॥ ६१ ॥

पृथ्वीन्द्र (नल) ने प्रातःकाल अपनी शय्यासे उठकर बाहर जाती हुई पृथ्वीन्द्राणी, (दमयन्ती) को रोककर जो (सुख) दूसरे समयमें (रात्रिमें लज्जा, भय आदिके कारण) असाध्य था, उस मुखचुम्बन आदि सुखको दमयन्तीसे कराया [अथवा—यदि तुम इस समय (रात्रिके अन्तमें) मेरा कहना करोगी तभी तुम्हें अलभ्य पदार्थ तुम्हें दूंगा, (या—तभी बाहर जाने दूंगा), अन्यथा नहीं; यह सुनकर दमयन्तीने सोचा कि यदि मैं इनका कहना नहीं मानती तो ये मुझे बाहर नहीं जाने देंगे, और अब प्रातःकाल हो जानेसे सखियोंके आनेका समय है । यह विचारकर नलको मुखचुम्बनादि देकर वह दमयन्ती बाहर चली गयी । अथवा—नलने 'अपने मुख-चुम्बन आदि दमयन्तीद्वारा करानेसे जो सुख होगा, वह सुख दिनमें सखियोंके सामने असाध्य है' यह सोचकर दमयन्तीमें वह सुख करवाया] ॥ ६१ ॥

नायकस्य शयनादहर्मुखे निर्गता मुदमुदीक्ष्य सुभ्रुवाम् ।
आत्मना निर्जनवस्मरोत्सवस्मारिणीयमह्रणीयत स्वयम् ॥ ६२ ॥

नायकस्येति । अहर्मुखे उषसि । 'रोऽसुपि' इत्यह्नो नकारस्य रेफादेशः । नायकस्य पत्युः, शयनात् शय्यायाः. निर्गता निःसृता, इयं भैमी, सुभ्रुवां सुलोचनानां सखीनाम् , मुदं हर्षम् , स्वसम्भोगचिह्नदर्शनजन्यमिति भावः । उदीक्ष्य आलोक्य, आत्मना मनसा, 'आत्मा पुंसि स्वभावे च प्रयत्नमनसोरपि' इति मेदिनी । निजं स्वकीयम् , नवं नूतनं सद्यस्कं वा, स्मरोत्सवं सम्भोगानन्दम् , स्मरति चिन्तयतीति

१. 'निजभव—' इति पाठान्तरम् ।

तादृशी सती, स्वयम् एव आत्मनैव, अहृणीयत स्वप्रकाशनात् अजिहत्। 'अपायां हृणीङिति जिहेति लज्जते। हृणीयते' इति भट्टमल्लः। कण्ड्वादियगन्तत्वाङ्ङ्, तत्र हृणीङिति ङित्करणादात्मनेपदम्॥ ६२॥

नायक (पति-नल) के शयनसे प्रातःकाल निकली हुई यह (दमयन्ती) सुन्दरियोंके (रात्रिमें स्व-स्वनायकके साथ सम्भोग करनेसे उत्पन्न) हर्षको देखकर अपने नवीन (पाठा०-पतिके साथ) कामोत्सवका स्मरण करती हुई स्वयं लज्जित हुई॥ ६२॥

तां मिथोऽभिदधतीं सखीः प्रियस्यात्मनश्च स निशाविचेष्टितम्।
पार्श्वगः सुरवरात् पिधां दधद् दृश्यतां श्रुतकथो[1] हसन् गतः॥६३॥

तामिति। पार्श्वगः समीपस्थोऽपि, सुराणाम् इन्द्रादीनाम्, वरात् वरप्रसादात्, पिधाम् अन्तर्धिम्, 'आतश्चोपसर्गे' इत्यङ् प्रत्ययः। 'वष्टि भागुरिरल्लोपम्' इत्यकारलोपः। दधत् धारयन्, सः नलः, प्रियस्य पत्युः, आत्मनश्च निजायाश्च, निशाविचेष्टितं रात्रिवृत्तम्, मिथः रहसि, सखीः सहचरीः, अभिदधतीं भाषमाणाम् सखीभ्यः कथयन्तीमित्यर्थः। ब्रुवेरर्थवत्त्वाद् द्विकर्मकत्वम्। तां प्रियाम्, श्रुतकथः आकर्णितप्रियावचनः, अत एव हसन् उच्चहास्यं कुर्वन् सन्, दृश्यतां तासां नयनगोचरताम्, गतः प्राप्तः॥ ६३॥

देवोंके द्वारा दिये गये 'कूटकायमपहाय'—(१४।९४) वरदानसे अन्तर्धान हो समीपमें स्थित नल, परस्परमें रात्रिमें किये गये प्रिय (नल) तथा अपने (सुरत-सम्बन्धी) व्यापारोंको सखियोंसे कहती हुई उस (दमयन्ती) को वह वार्तालाप सुनकर हँसते हुए प्रत्यक्ष हो गये॥ ६३॥

चक्रदारविरहेक्षणक्षणे बिभ्यती धवहसाय साऽभवत्।
क्वापि वस्तुनि वदत्यनागतं चित्तमुद्यदनिमित्तवैकृतम्॥ ६४॥

अथास्याः प्रियविरहासहिष्णुतामाह—चक्रेति। चक्रदाराणां रात्रौ चक्रवाकवनितायाः, विरहेक्षणक्षणे वियोगदर्शनकाले, बिभ्यती स्वस्या अपि कदाचित्तथैव विरहसम्भावनया त्रस्यन्ती, सा भैमी, धवस्य नलस्य, हसाय हास्याय, अभवत् अजायत, प्रियाया अकाण्डत्रासदर्शनात् प्रियो जहास इत्यर्थः। 'स्वनहसोर्वा' इति विकल्पादप्प्रत्ययः। अथवा युक्तमेतत् भयमित्याह—क्वापि कुत्रचित्, वस्तुनि विषये, उद्यत् उत्पद्यमानम्, अनिमित्तवैकृतम् आकस्मिकविकारः यस्य तत् तादृक्, चित्तं मनः कर्तृ, अनागतं भाविशुभाशुभादिकमेव, वदति ज्ञापयतीत्यर्थः। चक्रविरहदर्शनात् आशङ्कितनिज आगामिविरह एव भयहेतुभूत इति तात्पर्यम्॥ ६४॥

चकई पक्षीके वियोगको देखनेके समयमें अर्थात् सायंकालमें ('मेरे प्रियके साथ भी

---

१. 'कथोऽहसद्गतः' इति पाठान्तरम्।

कहीं इसी तरह विरह न हो जाय' इस आशङ्कासे) डरती हुई वह (दमयन्ती) पति (नल) की हँसीके लिए हुई अर्थात् उस प्रकार डरती हुई उसे देखकर नल हँसने लगे (पा०—डरती हुई प्रियाका आलिङ्गनकर उस (नल) ने नहीं छोड़ा अर्थात् उसके भयको दूर करने के लिए बहुत देर तक आलिङ्गन किये रहे—लोकमें भी डरे हुए व्यक्तिके डरको दूर होनेके लिये उसका हितचिन्तक व्यक्ति उसे गोद आदिमें लेकर दबाये रहता है)। अकारण उत्पन्न होते हुए विकारवाला चित्त किसी पदार्थके (विषय में) भविष्य (होनहार) को कह देता है। [इससे कलिकरिष्यमाण नल-दमयन्तीका भावी विरह सूचित होता है] ॥ ६४ ॥

[1]चुम्बितं न मुखमाचकर्ष यत् पत्युरन्तरमृतं ववर्ष तत् ।
सा नुनोद न भुजं यदर्पितं तेन तस्य किमभून्न तर्पितम् ? ॥ ६५ ॥

चुम्बितमिति । सा भैमी, चुम्बितं नलेन चुम्बितुमारब्धम्, 'चुम्बितुम्' इति पाठे—चुम्बितुं नलेनाधरं पातुमुद्यते सतीत्यर्थः । मुखं निजाननम्, न आचकर्ष न अपासारयत् । इति यत् तत् चुम्ब्यमानमुखस्य अनाकर्षणमेव, पत्युः नलस्य, अन्तः अन्तःकरणे, अमृतं सुधाम्, ववर्ष निषिषेच, तत्तुल्यमानन्दमजनयदित्यर्थः । तथा अर्पितं स्तनोपरि न्यस्तम्, भुजं नलकरम् यत् न नुनोद न निरास, तेन भुजानपसारणेन, तस्य नलस्य सम्बन्धि, किं किं वस्तु, अङ्गं वा चित्तं वा इत्यर्थः । न तर्पितम् अभूत् ? न आप्यायितम् अभूत् ? अपि तु सर्वाङ्गसन्तर्पणमेवाभूदित्यर्थः ॥ ६५ ॥

(क्रमशः लज्जा तथा भयको दूरकी हुई) उस (दमयन्ती) ने चूमे जाते हुए (पाठा०—नल द्वारा चूमनेके लिये तत्पर) मुखको जो नहीं हटाया, वह पति (नल) के अन्तःकरणमें अमृत वर्षा कर दिया अर्थात् उससे अमृत वर्षा—जैसा नलको आनन्द हुआ। और (स्तनादिपर) नलके द्वारा अर्पित (बढ़ाये गये) हाथको जो नहीं हटाया, उससे उस (नल) का क्या (मन, या शरीरादि) नहीं तर्पित (अतिशय सन्तुष्ट) हुआ ? अर्थात् नलका मन (या-प्रत्यङ्ग) अतिशय सन्तुष्ट ही हुआ ॥ ६५ ॥

नीतयोः स्तनपिधानतां तया दातुमाप भुजयोः करं परम् ।
वीतबाहुनि ततो हृदंशुके केवलेऽप्यथ स तत्कुचद्वये ॥ ६६ ॥

नीतयोरिति । सः नलः, तया भैम्या, स्तनपिधानतां कुचावरणताम्, नीतयोः प्रापितयोः, भुजयोः तद्दोर्युगयोः, परं केवलम्, प्रथममिति भावः । आदौ केवलं कुचस्थभुजोपरि इति निष्कर्षः । ततः अनन्तरम्, वीतबाहुनि अपसारितभुजे, शनैः शनैः नलेनेति भावः । हृदंशुके स्तनावरकवस्त्रे, अथ तदनन्तरम् केवलेऽपि अपसारितांशुकत्वात् उन्मुक्तेऽपि इति भावः । तत्कुचद्वये दमयन्तीस्तनयुगले, करं हस्तम्, दातुम् अर्पयितुम्, आप शशाक इत्यर्थः । दमयन्त्या अपि क्रमशो मन्मथोदयेन लज्जाजन्य-

---

१. 'चुम्बितुम्' इति पाठान्तरम् ।

सङ्कोचापगमादिति भावः। अत्रैकस्य करस्य क्रमादनेकेषु भुजांशुककुचेषु वृत्तिकथनात् 'क्रमेणैकमनेकस्मिन्' इत्याद्युक्तलक्षणः पर्यायालङ्कारभेदः ॥ ६६ ॥

नलने स्तनोंको ढके हुए दमयन्तीके हाथोंको पहले छुआ, अनन्तर (दमयन्तीके) स्तनोंको ढाँकनेवाले कपड़ोंको छुआ और सबसे बादमें वस्त्रावरण रहित (दमयन्तीके) स्तनोंको छुआ। [दमयन्तीने लज्जावश कपड़ेसे ढके हुए स्तनोंको हाथसे भी ढक लिया था, अत एव नलसे क्रमशः पहले उसके हाथोंका अनन्तर कपड़ेका और बादमें वस्त्ररहित स्तनोंका स्पर्श किया]॥ ६६ ॥

याचनान्न ददतीं नखार्पणं तां विधाय कथयाऽन्यचेतसम् ।
वक्षसि न्यसितुमात्ततत्करः स्वं बिभेद मुमुदे स तन्नखैः ॥ ६७ ॥

याचनादिति। स नलः, याचनात् मां नखेन विदारय इति प्रार्थनाकरणादपि, नखार्पणं नखेन भेदनम्, न ददतीं नार्पयन्तीम्, स्नेहवशात् नखक्षतमकुर्वतीमित्यर्थः। तां प्रियाम् कथया विविधालापप्रसङ्गेन। 'चिन्तिपूजिकथि–' इत्यादिना अङ्प्रत्ययः। अन्यचेतसम् अन्यमानसाम्, प्रसङ्गान्तरव्यासक्तचित्तामित्यर्थः। विधाय कृत्वा, वक्षसि स्वोरसि, न्यसितुं स्थापयितुम्, आत्ततत्करः गृहीतभैमीपाणिः सन्, तन्नखैः प्रियाया एव नखैः, स्वम् आत्मानम्, बिभेद अभिनत्, व्यदारयदित्यर्थः। मुमुदे च ननन्द च ॥ ६७ ॥

('तुम भी मेरे वक्षःस्थलपर नखक्षत करो' ऐसी) याचना करनेपर भी (प्रेम या लज्जासे) नखक्षत नहीं करती हुई उस (दमयन्ती) को नलने दूसरी तरहकी बातोंसे कथासक्त चित्तवाली करके (अपने) वक्षःस्थलपर उसका हाथ रखकर तथा अपने (वक्षःस्थल) का (उसके ही नखोंसे) भेदनकर आनन्दको प्राप्त किया ॥ ६७ ॥

स प्रसह्य हृदयापवारकं हर्तुमक्षमत सुभ्रुवो बहिः ।
ह्रीमयं न तु तदीयमान्तरं तद्विनेतुमभवत् प्रभुः प्रभुः ॥ ६८ ॥

स इति। प्रभुः स्वामी, सः नलः, सुभ्रुवः सुलोचनायाः प्रियायाः, बहिः बाह्यम्, हृदयापवारकं वक्षोदेशाच्छादकम्, स्तनावरणवस्त्रमित्यर्थः। प्रसह्य बलात्, हर्तुम् अपसारयितुम्, अक्षमत अशक्नोत्, तु किन्तु, तदीयं दमयन्तीयम्, आन्तरम् अन्तर्वर्त्ति, ह्रीमयं लज्जारूपम्, तत् हृदयापवारकम्, विनेतुम्, अपसारयितुम्, न प्रभुः न समर्थः, अभवत् अजायत। तस्य सहजत्वादिति भावः ॥ ६८ ॥

पति वे (नल) वक्षःस्थलको ढकनेवाले दमयन्तीके बाहरी आवरण (वस्त्र) को तो हठसे हटा सके, किन्तु लज्जारूप उसके भीतरी आवरणको नहीं हटा सके। [यद्यपि विश्वास उत्पन्न होनेसे वे दमयन्तीके वक्षःस्थलके आवरणवस्त्रको किसी प्रकार हटा नहीं सके, किन्तु स्वाभाविक लज्जाको नहीं हटा सके, अतः वक्षःस्थलका स्पर्श करने पर वह दमयन्ती पुनः लज्जित हो ही गयी]॥ ६८ ॥

सा स्मरेण बलिनाऽप्यहापिता ह्रीक्षमे भृशमशोभताबला ।
भाति चापि वसनं विना न तु व्रीडधैर्यपरिवर्जने[1] जनः ॥ ६९ ॥

सेति । बलिना प्रबलेनापि, स्मरेण कामेन, ह्रीक्षमे लज्जाधैर्ये, अहापिता अत्याजिता, त्याजयितुमशक्यमेत्यर्थः । जहातेर्ण्यन्तात् पुगि द्विकर्मकादप्रधाने कर्मणि क्तः । अबला दुर्बला, सा भैमी, भृशम् अत्यर्थम् , अशोभत अराजत, 'नारीणां भूषणं लज्जा' इति नीतिशास्त्रोक्तेरिति भावः । तथा हि जनः लोकः, वसनं वस्त्रम् , विनाऽपि ऋतेऽपि, भाति शोभते, तु किन्तु, व्रीडधैर्ययोः लज्जाधीरत्वयोः, परिवर्जने परित्यागे, न च नैव, भातीति अन्वयः ॥ ६९ ॥

बलवान् (पक्षा०—बढ़े हुए) कामदेवके द्वारा लज्जा तथा धैर्यका त्याग नहीं की हुई वह अबला (स्त्री दमयन्ती, पक्षा०—निर्बल) अत्यन्त शोभित हुई; क्योंकि कपड़ेके बिना भी मनुष्य शोभता है, किन्तु लज्जा तथा धैर्यके छोड़नेसे (पाठा०—छोड़नेपर) नहीं शोभता ॥ ६९ ॥

आत्थ नेति रतयाचितं[2] न यन्मामतोऽनुमतवत्यसि स्फुटम् ।
इत्यमुं तदभिलापनोत्सुकं धूनितेन शिरसा निरास सा ॥ ७० ॥

आत्थेति । हे प्रिये ! मां रतयाचितं सुरतभिक्षाम् , यत् यतः, न ब्रूषि, 'न दास्यामि' इति, न आत्थ न ब्रवीषि, मम सुरतप्रार्थनायां न दास्यामि इति यत् त्वं न वदसीत्यर्थः । अतः अप्रतिषेधाद्धेतोः, स्फुटं व्यक्तम् , अनुमतवती स्वीकृतवती, असि भवसि, 'अप्रतिषिद्धं परमतम् अनुमतं भवति' इति न्यायात् इति भावः । इति इत्थम् , तस्याः दमयन्त्याः, तस्य अप्रतिषेधवचनस्येत्यर्थो वा, अभिलापनाय वाचनाय, उत्सुकम् उद्युक्तम् , आग्रहान्वितमित्यर्थः । अमुं प्रियम् , सा भैमी, धूनितेन कम्पितेन । 'धूञ्-प्रीञोर्नुग्वक्तव्यः' । शिरसा मूर्ध्ना, निषेधसूचकशिरश्चालनेनेत्यर्थः । निरास प्रत्याख्यातवती । अहो ! अत्यन्ताभिमतार्थेऽपि निषेधशीलता स्त्रीणामिति भावः ॥ ७० ॥

'(हे प्रिये ?) मेरी सुरतभिक्षाका जो तुम निषेध नहीं कर रही हो, इससे स्पष्ट ही तुमने मुझको (उस सुरतके लिए) अनुमति दे चुकी' इस प्रकार उस (दमयन्ती, अथवा—स्वीकृति वचन) के कहवानेके उत्सुक इस (नल) को उस (दमयन्ती) ने (निषेध-सूचक) शिरःकम्पनसे मना कर दिया । [नलके दमयन्तीसे सुरतयाचना करनेपर जब उसने कोई उत्तर नहीं दिया तो 'अप्रतिषिद्धं परवचनमनुमतं भवति' (दूसरेके वचनका निषेध नहीं किया जाता तो वह स्वीकृत समझा जाता है) इस न्यायके अनुसार उसके निषेधात्मक भावको समझते हुए भी उसको स्पष्ट कहलानेके लिए उत्कण्ठित नलने कहा कि—'तुमने सुरतका निषेध नहीं किया, अत एव उसे तुम स्वीकार कर रही हो, ऐसा मैं समझता हूं' किन्तु

१. 'परिवर्जनैः' इति पाठान्तरम् । २. 'रतयाचिनम्' इति पाठान्तरम् ।

फिर भी लज्जाशीला दमयन्तीने कुछ नहीं कहकर केवल शिर हिलाकर निषेध कर दिया। अथवा—''''''हुए भी उससे परिहास-भाषण करनेके लिए उत्सुक नलने''''''] ॥ ७० ॥

या शिरोविधुतिराह नेति ते सा मया न किमियं समाकलि ?।
तन्निषेधसमसङ्ख्यताविधिर्व्यक्तमेव तव वक्ति वाञ्छितम् ॥ ७१ ॥

येति। हे प्रिये ! ते तव, या शिरोविधुतिः निषेधसूचकमस्तकचालनम्। कर्त्री। न इति आह न दास्यामि इति निषेधं ब्रूते, सा इयं शिरोविधुतिः, मया न समाकलि किम् ? न सम्यक् अबोधि किम् ? अपि तु गृहीतार्थैव इत्यर्थः। कलयतेः कर्मणि लुङ्। किं त्वया समाकलि ? इत्याह-तस्य शिरोविधुतिद्वयरूपस्य प्रतिपाद्यस्य, निषेधस्य असम्मतेः, [1]समसङ्ख्यतया प्रतिपादकस्य नञोऽपि द्विसङ्ख्यतया, प्रतिपादितो विधिः विधानम्। 'द्वौ नञौ प्रकृतमर्थं गमयतः' इति न्यायात् सुरतानुमोदनरूप इत्यर्थः। तव वाञ्छितम् अभिलाषम्, व्यक्तं स्फुटमेव, वक्ति कथयति। वचेर्लट्। निषेधार्थमपि वारद्वयशिरोविधूननं ते सम्मतिमेव सूचयति, नञ्द्वयेन प्रकृतार्थस्य गम्यमानत्वादिति भावः ॥ ७१ ॥

निषेधार्थक तुम्हारे शिरःकम्पनने जो 'नहीं' (सुरत मत करो) ऐसा कहा, उसे मैंने नहीं समझा क्या ? अर्थात् शिरःकम्पनके द्वारा सुरतनिषेध करनेका तुम्हारा आशय मैंने समझ लिया है, (वह आशय यह है कि—) उस (शिरःकम्पन) का दो बार निषेध करना (सुरत करनेकी स्वीकृतिरूप) तुम्हारे चाहनाको स्पष्ट ही कह रहा है। [नलके पूर्वोक्त (१८।७०) वचन कहनेपर जब दमयन्तीने शिरःकम्पन द्वारा निषेध कर दिया तब पुनः उसके साथ परिहासभाषणार्थ उत्सुक नलने कहा कि—तुमने शिर हिलाकर दो बार निषेध किया है, अतः 'द्वौ नञौ प्रकृतमर्थं गमयतः' (दो निषेध प्रकृत अर्थ का समर्थन करते हैं) न्यायके अनुसार तुम सुरतकी स्वीकृति दे रही हो अर्थात् 'सुरत स्वीकार नहीं है, ऐसा नहीं है' इस वचनमें आये हुए दो निषेधोंसे सुरतकी स्वीकृति स्पष्ट ही ज्ञात होती है] ॥ ७१ ॥

नात्थ नात्थ शृणवानि तेन किं ते न वाचमिति तां निगद्य सः।
सा स्म दूत्यगतमाह तं यथा तज्जगाद मृदुभिस्तदुक्तिभिः ॥ ७२ ॥

नेति। हे प्रिये ! न आत्थ मया सह त्वं न आलपसि, न आत्थ नैव कथयसि, तेन अनालपनेन हेतुना, ते तव, वाचं वचनम्, न शृणवानि किम् ? न शृणुयां किम् ? अपि तु शृणुयामेव, इत्यसम्भावनानिषेधः। सः नलः, तां प्रियाम्, इति एवम्, निगद्य उक्त्वा, सा भैमी, दूत्यगतं दूतरूपेण दमयन्तीसमीपमुपस्थितम्, तम् आत्मानं नलम्, यथा नवमसर्गोक्तेन येन प्रकारेण, आह स्म उक्तवती, तत् सर्वम्, मृदुभिः नम्राभिः, तस्याः दमयन्त्या एव, उक्तिभिः कथाभिः, दमयन्तीवा-

१. 'सङ्ख्यता विधिम्' इति पाठान्तरम्।

क्यानुकरणैरित्यर्थः। जगाद उवाच। तदा मत्समीपे वाक्यमुच्चार्य इदानीमनुच्चारणे न किमपि फलम्, अतोऽवश्यमेव मया सह आलपिष्यसीति भावः॥ ७२॥

(हे प्रिये! तुम) 'नहीं बोलती हो, नहीं बोलती हो', इस कारण अर्थात् 'तुम्हारे नहीं बोलनेसे तुम्हारे वचनको मैं नहीं सुनता हूं क्या? अर्थात् अवश्य सुनता हूं' इस प्रकार उस दमयन्तीसे कहकर नलने 'दूतभावसे गये हुए नलसे दमयन्तीने जैसा ('तदद्य विश्रम्य दयालुरेधि मे' (९।६६) इत्यादि मृदु वचन)' कहा था, वही वचन उस दमयन्तीकी मृदूक्तियोंसे कहा अर्थात् दमयन्तीने दूत बनकर गये हुए नलसे जैसे मृदु वचन कहे थे, वैसे ही मृदु वचन नलने भी दमयन्तीसे कहे॥ ७२॥

नीविसीम्नि निबिडं पुराऽरुणत् पाणिनाऽथ शिथिलेन तत्करम्।
सा क्रमेण न न नेति वादिनी विघ्नमाचरदमुष्य केवलम्॥ ७३॥

नीवीति। सा दमयन्ती, नीविसीम्नि कटीवस्त्रग्रन्थिसमीपे, तत्करं प्रियहस्तम्, ग्रन्थिमोचनाय उपस्थितमिति भावः। पुरा प्रथमम्, पाणिना स्वकरेण, निबिडं दृढं यथा तथा, अरुणत् रुद्धवती। रुणद्धेः कर्त्तरि लङ्। अथ कियद्दिनानन्तरम्, शिथिलेन श्लथेन, अदृढेनेत्यर्थः, पाणिना अरुणदित्यन्वयः। क्रमेण क्रमशः भयभङ्गेन, तत्परमित्यर्थः। केवलं न न नेति वादिनी केवलं वाचिकनिषेधम् एवं कुर्वती सती, अमुष्य प्रियकरव्यापारस्य, विघ्नं नीविमोचनप्रतिबन्धम्, आचरत् अकुर्वदित्यर्थः क्रमशो लज्जापगमात् वाङ्मात्रेणैव केवलं विघ्नमाचरत् न तु अङ्गेनेति भावः। अत्रैकस्मिन् नीविदेशे क्रमादनेकव्यापारसम्बन्धोक्तेः पर्यायालङ्कारभेदः॥ ७३॥

उस (दमयन्ती) ने पहले नीवि (नाभिके नीचे बँधी हुई वस्त्रग्रन्थि) के पासमें (उसे खोलनेके लिए पहुंचे हुए) नलके हाथको कड़े हाथसे रोका, इसके बाद (लज्जा एवं भयके कुछ कम हो जानेपर) ढीले हाथसे रोका और क्रमशः (कुछ दिनोंके बाद, लज्जा एवं भयके अधिक कम हो जानेपर) 'नहीं, नहीं' ऐसा कहती हुई उस (दमयन्ती) ने इस (नल, या-नलकर) के विघ्नको किया अर्थात् रोका॥ ७३॥

रूपवेषवसनाङ्गवासनाभूषणादिषु पृथग्विदग्धताम्।
साऽन्यदिव्ययुवतिभ्रमक्षमा नित्यमेत्य तमगान्नवा नवा॥ ७४॥

रूपेति। रूपं सौन्दर्यम्, वेषः विविधप्रकारनेपथ्यम्, वसनं वस्त्रम्, अङ्गवासना धूपादिना शरीरसंस्कारः, भूषणं कङ्कणादि, तानि आदिः येषां तेषु विविधप्रकारप्रसाधनादिषु विषयेषु, नित्यं प्रत्यहमेव, पृथक् भिन्नभिन्नरूपाम्, विदग्धतां कुशलिताम्, एत्य प्राप्य, प्रत्यहमेव नवनववेशरचनां कुर्वतीत्यर्थः। अत एव नवा नवा नूतना नूतना सती, आभीक्ष्ण्ये द्विर्भावः। सा भैमी, अन्या अपरा काचित्, दिव्या स्वर्गीया, युवतिः तरुणी, उर्वश्यादिरित्यर्थः। इति भ्रमे भ्रान्तिजनने,

---

१. 'क्षमाम्' इति पाठान्तरम्।

क्षमा समर्था सती, तं नलम्, अगात् अगच्छत्, समतोषयदित्यर्थः। इणो गा लुङ्॥ ७४॥

रूप (देववरदान (१४।९१) से विविध शरीरधारणसे उत्पन्न सौन्दर्य), वेष (महाराष्ट्र, गुजरात, लाट आदि देशवाली स्त्रियोंके भूषण-वस्त्रादिसे शृङ्गाररचना), वस्त्र (नीले, लाल, पीले, श्वेत, चित्रित आदि विविध रंग-विरंगे कपड़े), अङ्गवासना (चन्दन, कर्पूर, कस्तूरी, कुङ्कुमादिसे तथा अगर-तगर-चन्दनादि निर्मित धूपोंसे शरीरको सुरभित करना) और भूषण (अनेकविध मुक्ता, हीरा, पन्ना, माणिक्य आदि जड़े हुए सुवर्णमय अलङ्कार) आदि (अनेकविध भाषा, गायन कला आदि) में अलग-अलग चतुरताको करती हुई तथा दूसरी दिव्याङ्गना (उर्वशी, मेना, रम्भा, तिलोत्तमा आदि अप्सराओं या-परमसुन्दरी) युवतियोंके भ्रमको उत्पन्न करनेवाली अतएव नयी-सी वह दमयन्ती उस (नल) के पास गयी अर्थात दमयन्तीने उन्हें उक्त प्रकारसे दिव्याङ्गनाओंके समान सन्तुष्ट किया ॥ ७४॥

इङ्गितेन निजरागसागरं संविभाव्य चटुभिर्गुणज्ञताम्।
भक्तताञ्च परिचर्ययाऽनिशं साऽधिकाधिकवशं व्यधत्त तम्॥ ७५॥

इङ्गितेनेति। सा भैमी, अनिशं निरन्तरम्, इङ्गितेन कटाक्षवीक्षणादिचेष्टितेन, निजं स्वकीयम्, रागसागरम् अनुरागार्णवम्, सागरवदसीममनुरागाधिक्यमित्यर्थः। चटुभिः प्रियवादैः, गुणज्ञतां पत्युः गुणाभिज्ञताम्, तथा परिचर्यया सेवया, भक्तताञ्च तस्मिन् भक्तिमत्वञ्च, संविभाव्य सम्यग् ज्ञापयित्वा, तं प्रियम्, अधिकाधिकवशम् उत्तरोत्तरमधिकायत्तम्। 'प्रकारे गुणवचनस्य' इति द्विरुक्तिः, कर्मधारयवद्भावात् सुपो लुक्। व्यधत्त अकरोत्। इङ्गिताद्यनुमितैः। रागादिगुणैस्तस्याः सोऽत्यन्तवशंवदोऽभूत् इति निष्कर्षः॥ ७५॥

उस (दमयन्ती) ने चेष्टासे अपने अनुरागके समुद्ररूप नलको प्रियभाषणोंसे अपनी गुणज्ञता (गुणग्राहकता) को तथा सेवासे (पतिविषयिणी अपनी) भक्तियुक्तताको प्रकटित-कर उस (नल) को सर्वदा अत्यधिक अपने वशमें कर लिया। [यहांपर 'चेष्टा' से-सखि आदिसे पतिके गुणोंका वर्णन करते हुए भाषण करना, उनके दोषका अपलाप करना (मिथ्या बतलाना), पतिके बादमें सोना तथा सोकर पतिसे पहले उठना, पतिके आनेपर प्रसन्न होना, बाहर जानेपर उदासीन होना और सुख-दुःखमें समान रहना आदि; 'प्रियभाषण' से—आपके ऐसा सुन्दर, महादानी, वीर सब कलाओंका पण्डित एवं तेजस्वी दूसरा कोई नहीं है, इत्यादि अनुकूल वचन कहना; तथा 'सेवा' से—पङ्खेसे हवा करना, चरण दबाना, पान-बीड़ा आदि देना; का ग्रहण करना चाहिये। इनके द्वारा दमयन्तीने नलको सर्वदा अपने वशमें कर लिया]॥ ७५॥

स्वाङ्गमर्पयितुमेत्य वामतां रोषितं प्रियमथानुनीय सा।

---

१. अत्र इतः प्राक् 'यत्क्रियां प्रति 'यदस्त्रजस्तया (?) स्वस्वरस्य लघुतां

आतदीयहठसम्बुभुक्षुतं[1] नान्वमन्यत पुनस्तमर्थिनम् ॥ ७६ ॥

स्वाङ्गमिति । सा दमयन्ती, स्वाङ्गं निजवराङ्गादिकम्, अर्पयितुं नलकर्तृकस्पर्शाद्यर्थं प्रदातुम्, वामतां प्रतिकूलताम् , असम्मतिमित्यर्थः । एत्य प्राप्य, अथ तदनन्तरम्, रोषितम् इच्छाऽपूरणात् कोपितम्, प्रियं पतिम्, अनुनीय चरणधारणादिना प्रसाद्य, पुनः भूयः, अर्थिनम् अङ्गार्पणयाचिनम्, तं प्रियम् , तदीया प्रियसम्बन्धिनी, या हठात् बलात् , सम्बुभुक्षुता सम्भोक्तुमिच्छा, तावत् पर्यन्तम् आतदीयहठसम्बुभुक्षुतम्, यावत् स बलपूर्वकं न सम्भोक्तुमैच्छत् तावत्पर्यन्तमित्यर्थः । 'आङ् मर्यादाऽभिविध्योः' इत्यव्ययीभावेन नपुंसकह्रस्वत्वम् । न अन्वमन्यत न अनुमोदितवती । व्यवहारोऽयं सम्भोगपिपासावर्द्धनार्थमिति भावः ॥ ७६ ॥

उस (दमयन्ती) ने अपने (दमयन्तीके) शरीर (रतिमन्दिर, या-स्तनादि) को देनेके लिए याचक ('तुम अपने अमुक शरीरका सम्भोगार्थ अर्पण करो' ऐसी याचना करते हुए) प्रतिकूलताको प्राप्त होकर अर्थात् देनेका निषेधकर (अतएव) क्रोधित प्रिय (नल) को अनुनीतकर (चरणों पर गिरने, या हाथ जोड़ने आदिसे प्रसन्नकर) फिर उस (अङ्गको देनेके लिए) याचना करनेवाले नलको तबतक अनुमति नहीं दी, जबतक उन्होंने बलात्कार से सम्भोग करनेको इच्छा नहीं की । [नलने दमयन्तीसे उसके काममन्दिर आदि शरीरकी याचना की तो उसने मनाकर दिया, इससे नल कुछ रुष्ट हो गये तो उनको दमयन्तीने अनुनयसे प्रसन्न कर लिया, तदनन्तर जब वे पुनः सम्भोगार्थ उस अङ्गकी याचना करने लगे तब दमयन्तीने तबतक उनको उक्त कार्यके लिए अपनी अनुमति नहीं दी, जबतक उन्होंने हठपूर्वक सम्भोग की इच्छा नहीं की । इस प्रकार निषेध, अनुनयादि करनेसे अनुरागवृद्धि होती है और सम्भोगमें भी अधिक आनन्द आता है] ॥ ७६ ॥

आद्यसङ्गमसमादराण्यधाद् वल्लभाय दधती कथञ्चन ।
अङ्गकानि घनमानवामताव्रीडलम्भितदुरापतानि सा ॥ ७७ ॥

आद्येति । सा नलप्रिया, घनैः प्रगाढैः मानवामताव्रीडः प्रणयकोपप्रतिकूलतात्रपाभिः, लम्भिता प्रापिता, दुरापता दौर्लभ्यं येषां तादृशानि, अङ्गकानि सदयभोग्यानि सुकुमारावयवानीत्यर्थः । ह्रस्वे अनुकम्पायां वा कन् । वल्लभाय प्रियनलाय, कथञ्चन लज्जावशात् कृच्छ्रेण, दधती धारयन्ती, ददती सतीत्यर्थः । आद्यसङ्गमेन प्रथमसम्भोगकालेन, समः तुल्यः, आदरः प्राप्त्याग्रहः येषां तादृशानि, अधात् धृतवती । प्रथमसङ्गमतुल्यादरं प्राप्तानीव स्वाङ्गानि प्रियाय अर्पितवतीति भावः ॥ ७७ ॥

दधानया । पत्युरन्वहमह्रीयत स्फुटं तत्किलाह्रियत तस्य मानसम् ॥' इत्यधिकः श्लोकः क्वापि दृश्यते, इति म० म० शिवदत्तशर्माण आहुः ।

1. 'क्षुताम्'—इति पाठान्तरम् ।

अधिक प्रणयकलह (शरीरादि दानमें) प्रतिकूलता (अथवा—अधिक प्रणयकलहके कारण शरीरादि दानमें प्रतिकूलता) तथा लज्जासे दुष्प्राप्य (अपने) सुकुमारतम शरीरोंको प्रियतम (नल) के लिए देती हुई उस (दमयन्ती) ने प्रथम सङ्गमके समान आदरको प्राप्त कराया। [प्रणयकलहादिके कारण दुष्प्राप्य दमयन्तीके सुकुमारतम अंगोंको पाकर सम्भोगेच्छार्थ वृद्धिगत कामवाले नलने प्रथम सम्भोगके अत्यधिक प्रसन्नताको प्राप्त किया] ॥ ७७ ॥

पत्युरागिरिशमातरु क्रमात् स्वस्य चागिरिजमालतं वपुः।
तस्य चार्हमखिलं पतिव्रता क्रीडति स्म तपसा विधाय सा ॥ ७८ ॥

पत्युरिति। पतिव्रता साध्वी, सा दमयन्ती, तपसा पतिसेवारूपेण तपस्या-प्रभावेण, क्रमात् क्रमानुसारेण, औचित्यानुसारेणेत्यर्थः। पत्युः नलस्य, आगिरिशं शङ्करमारभ्य, आतरु वृक्षपर्यन्तम् , स्वस्य आत्मनश्च, आगिरिजं गिरिजाम् अम्बिका-मारभ्य, आलतं लतापर्यन्तम्। सर्वत्राभिविधावव्ययीभावः। वपुः देवगन्धर्वोरग-मृगविहगादिद्वन्द्वशरीरम् , तथा तस्य वपुषः, अर्हम् अनुरूपम् , अखिलञ्च समग्रं क्रीडासाधनञ्चेत्यर्थः। विधाय कृत्वा, क्रीडति स्म चिक्रीड, पत्युर्गिरिशस्वरूपत्वे स्वस्य गिरिजास्वरूपत्वं तथा तदनुरूपं व्याघ्रचर्मादिरूपशय्यादिकम् , तथा नलस्य वृक्षस्वरूपत्वे स्वस्य लतास्वरूपत्वञ्च सम्पाद्य सा इच्छानुरूपं रेमे। निरङ्कुशमहि-मत्वात् पतिव्रतानामिति भावः ॥ ७८ ॥

पतिव्रता वह (दमयन्ती) पतिके शरीरको शिवजीसे लेकर वृक्षतक (अथवा-वृक्षसे लेकर शिवतक) तथा अपने शरीरको पार्वतीसे लेकर लतातक (अथवा—लतासे लेकर पार्वतीतक) क्रमशः (पतिसेवारूप) तपस्याके द्वारा उस (नल) के योग्य बनाकर क्रीडा करने लगी। [दमयन्ती पतिव्रता थी, अतः पतिसेवारूप तपस्यासे देवप्राप्त वरदान (१४। ९१) से अपने शरीरको सर्वथा नलके अनुरूप बनाकर क्रीडा करती थी, यथा—नल शिवरूप होते थे तो वह पार्वतीरूपिणी हो जाती थी और नल वृक्षरूप होते थे तो वह लतारूपिणी हो जाती थी, इसी प्रकार क्रमशः शिवसे वृक्षपर्यन्त नलका शरीर होनेपर वह दमयन्ती पार्वतीसे लतापर्यन्त शरीर धारणकर तथा तदनुरूप ही वेश-भूषा-भाषा आदिको भी ग्रहणकर उनके साथ तद्रूप होकर रमण करती थी। पतिव्रताके लिए कोई कर्म असाध्य नहीं है ॥ ७८ ॥

न स्थली न जलधिर्न काननं नाद्रिभूर्न विषयो न विष्टपम्।
क्रीडिता न सह यत्र तेन सा सा विधैव न यया यया न वा ॥ ७९ ॥

नेति। सा भैमी, तेन नलेन सह, यत्र यस्मिन् प्रदेशे, न क्रीडिता न क्रीडित-वती। कर्त्तरि क्तः। सा तादृशी, स्थली अकृत्रिमभूमिः, स्थलदेश इत्यर्थः, न। 'जानपद—' इत्यादिना अकृत्रिमार्थे ङीष्। स जलधिः नदीसागरतडागादिजलाधार

इत्यर्थः । न, तत् काननं वनम्, न, सा अद्रिभूः पर्वतसानुः, न, स विषयः देशः, न, तत् विष्टपं जगत्, न, सर्वत्र आसीदिति शेषः । किञ्च सा तादृशी, विधैव प्रकारः एव, न, आसीदिति शेषः । यया यया विधया धेनुकादिबन्धप्रकारेण, न वा, क्रीडिता इति शेषः । तेन सह सर्वत्रैव विजहार इत्यर्थः ॥ ७९ ॥

उस (दमयन्ती) ने उस (नल) के साथ जहांपर क्रीडा नहीं की; ऐसा कोई स्थली (अकृत्रिम भूमि) समुद्र (कूपादि लघु जलाशयसे लेकर समुद्रतक महाजलाशय), वन, पर्वतीय भूमि, देश अथवा लोक (भू , भुवः, स्वः ये तीन; अथवा—भू , भुवः, स्वः, महः, जनः, तप और सत्य ये सात लोक) नहीं था और वह (कामशास्त्रोक्त धेनुकादिबन्धरूप) प्रकार नही था; जिस-जिस प्रकारसे उसने नलके साथ क्रीडा नहीं की हो [दमयन्तीने नलके साथमें सब प्रकार की क्रीडाएँ सर्वत्र की] ॥ ७९ ॥

नम्रयांशुकविकर्षिणि प्रिये वक्त्रवातहृतदीप्तदीपया ।
भर्त्तृमौलिमणिदीपितास्तया विस्मयेन ककुभो निभालिताः ॥ ८० ॥

नम्रयेति । प्रिये नले, अंशुकविकर्षिणि परिहितवसनाकर्षणकारिणि सति, नम्रया नतया, गूढाङ्गगोपनाय अवनतपूर्वकायया इत्यर्थः । तथा वक्त्रवातेन मुखमारुतेन, फुत्कारेणेत्यर्थः । हतः निर्वापितः, दीप्तः प्रज्वलितः, दीपः प्रदीपः यया तथाभूतया, तया भैम्या, भर्त्तृमौलिमणिभिः पत्युर्मुकुटस्थरत्नैः, दीपिताः प्रकाशिताः, ककुभः दिशः, विस्मयेन दीपे निर्वापितेऽपि कथमालोकप्रकाश इत्याश्चर्येण, निभालिताः दृष्टाः ॥ ८० ॥

(गुप्तांगके दर्शनार्थ) प्रियके वस्त्र खींचते रहनेपर (उस गुप्तांगको नहीं देखे जानेके लिए) झुकी हुई तथा फूंककर जलते हुए दीपकको बुझाई हुई उस दमयन्तीने पति (नल) के मुकुटमें जड़े हुए रत्नोंसे प्रकाशमान दिशाओंको आश्चर्यसे देखा । [अन्धकार होनेके लिए किये गये दीपनिर्वाणरूप अपने प्रयत्नको नलके मुकुटरत्नोंसे प्रकाशमान दिशाओंको देख दमयन्ती आश्चर्यित हो गयी] ॥ ८० ॥

कान्तमूर्द्धनि दधती पिधित्सया तन्मणेः श्रवणपूरमुत्पलम् ।
रन्तुमर्चनमिवाचरत पुरः सा स्ववल्लभतनोर्मनोभुवः ॥ ८१ ॥

कान्तेति । सा भैमी, तस्य भर्त्तृमौलिस्थितस्य, मणेः रत्नस्य, पिधित्सया पिधातुम् आवरितुम् इच्छया, कान्तस्य प्रियस्य, मूर्द्धनि शिरसि, श्रवणपूरं निजकर्णभूषणीभूतम्, उत्पलं नीलोत्पलम्, दधती स्थापयन्ती सती, रन्तुं रतिकर्म कर्तुम्, पुरः कर्मप्रारम्भे, स्ववल्लभः निजपतिः एव, तनुः मूर्त्तिः यस्य तादृशस्य नलमूर्त्तेः, मनोभुवः कामस्य, रत्यधिदैवतस्य इति यावत् । अर्चनं पूजनम्, आचरत् इव अन्वतिष्ठदिव इत्युत्प्रेक्षा ॥ ८१ ॥

पति (नल) के मस्तकमें उस (प्रकाशमान—१८।८०) रत्नको ढकनेकी इच्छासे

(अपने) कर्णभूषण-कमलको ऊपर करती हुई उस (दमयन्ती) ने रमण करनेके लिए अपने पति (नल) के शरीरधारी कामदेवका मानो पहले पूजन किया। [फूंककर दीपकके बुझा देनेपर भी नलके मुकुटस्थ रत्नसे प्रकाश होता हुआ देखकर दमयन्तीने जब अपने कर्णोत्पलसे उस रत्नको ढक दिया, तब वह ऐसा प्रतीत होता था कि दमयन्ती रमण करनेके लिए नल देहधारी कामदेव की मानो पहले पूजा की हो । किसी कार्य के आरम्भ में उसके निर्विघ्न समाप्त होनेके लिए तत्सम्बन्धी देवके मस्तकपर फूल चढ़ाकर पूजन करना शास्त्र-सम्मत होनेसे साध्वी दमयन्तीका भी रमण करनेके पहले उस रमण-क्रियाको निर्विघ्न होनेके लिए तत्सम्बन्धी देव (काम) की पूजा करना उचित ही है] ॥ ८१ ॥

तं पिधाय मुदिताऽथ पार्श्वयोर्वीक्ष्य दीपमुभयत्र सा स्वयोः ।
चित्तमाप कुतुकाद्भुतत्रपाऽऽतङ्कसङ्कटनिवेशितस्मरम् ॥ ८२ ॥

तमिति । सा भैमी, तं दिगुद्भासकं शिरोमणिम्, पिधाय कर्णोत्पलेन आच्छाद्य, मुदिता अन्धकारसम्भावना हृष्टा, अभूदिति शेषः । अथ अनन्तरम्, स्वयोः स्वकीययोः, उभयत्र उभयोः, पार्श्वयोः दीपं प्रज्वलितप्रदीपद्वयमित्यर्थः । वीक्ष्य दृष्ट्वा, कुतुकम्, अकस्माद्दीपदर्शनात् कौतुकम्, अद्भुतं निर्वापितस्यापि पुनः प्रादुर्भावादाश्चर्यम्, त्रपा पत्या विवस्त्रीकरणात् लज्जा, आतङ्कः कोऽयमदृष्टपूर्वव्यापार इति शङ्का, तेषां सङ्कटे सम्बाधे, परस्परसङ्घर्षे इत्यर्थः । निवेशितः संस्थापितः, निरुद्ध इत्यर्थः । स्मरः कामः यस्मिन् तत् तादृक्, चित्तं मनोभावम्, आप प्राप्तवती । तथा प्रवृद्धोऽपि कामः तदा किञ्चित् सङ्कुचितः इव आसीत् इति भावः ॥ ८२ ॥

वह (दमयन्ती) उस (पतिमुकुटजटित रत्न) को ढककर प्रसन्न हुई, इसके बाद उसने अपने दोनों भागोंमें दीपकोंको देखकर (अकस्मात् दीपकोंके देखनेसे) कौतुक (दीपकके बुझनेपर पुनः दीपकोंके जलनेसे हा ! यह क्या हुआ ? ऐसा) आश्चर्य, (पतिके द्वारा वस्त्रहीन किये जानेसे उत्पन्न) लज्जा, (यह विचित्र घटना किस प्रकार हो गयी ? ऐसा) भय—इनके समुदायमें स्थित कामयुक्त चित्तवाली हो गयी अर्थात् उसके देखनेपर कौतुक आदिसे दमयन्तीका बढ़ा हुआ भी काम कुछ सङ्कुचित हो गया ॥ ८२ ॥

एककस्य शमने परं पुनर्जाग्रतं शमितमप्यवेक्ष्य तम् ।
जातवह्निवरसंस्मृतिः शिरः सा विधूय निमिमील केवलम् ॥ ८३ ॥

एककस्येति । एककस्य तयोरेकस्य, दीपस्य, प्रदीपस्य, शमने निर्वापणे कृते सति, शमितमपि पूर्वं निर्वापितमपि, परम् अपरम्, तं दीपम्, पुनः भूयः, जाग्रतं नलमायया प्रज्वलन्तम्, 'नाभ्यस्ताच्छतुः' इति नुमः प्रतिषेधः । अवेक्ष्य विलोक्य, जाता उत्पन्ना, वह्नेः अग्नेः, वरस्य 'या दाहपाकोपयिकी तनुः' इत्यादिनोक्तवरदानस्य, संस्मृतिः सम्यक् स्मरणं यस्याः सा तादृशी, सा भैमी, शिरः मस्तकम्,

विधूय कम्पयित्वा, स्मरणं नाटयित्वा दुर्वारत्वं निश्चित्येति भावः । केवलं निमिमील स्वयं निमीलिताक्षी जाता । स्वाभाविकलज्जावशादिति भावः ॥ ८३ ॥

(उन दोनों दीपकोंमें- से) एकको । (वस्त्राञ्चल या—मुखवायुसे) बुझानेपर फिर बुझे हुए भी उस दीपकको (नलकी इच्छामात्रसे) जलता हुआ देखकर (स्वयम्वरमें दिये हुए) अग्नि के वरदान (१४।७४) का स्मरण होनेपर दमयन्तीने (अरे ! अग्निके द्वारा नलके लिये दिये हुए वरदानके प्रभावसे ऐसा हो रहा है, इस अभिप्रायसे) शिरको हिलाकर (दीपक बुझाकर अन्धकार करना अशक्य होनेसे तुलसीदासके 'मूँदे आँख कहीं कोउ नाहीं' इस वचनके अनुसार) केवल आँखोंको बन्द कर लिया ॥ ८३ ॥

पश्य भीरु ! न मयाऽपि दृश्यते यन्निमेषितवती दृशावसि ।
इत्यनेन परिहस्य सा तमः संविधाय समभोजि लज्जिता ॥ ८४ ॥

पश्येति । भीरु ! हे वराङ्गने ! लज्जाया वराङ्गनाभूषणत्वादिति भावः । 'भियः क्रुक्लुकनौ' इति क्रुप्रत्ययः, ततः ऊङन्तत्वात् नदीत्वात् ह्रस्वः । 'भीरुरार्त्ते त्रिलिङ्गः स्यात् वरयोषिति योषिति' इति मेदिनी । यत् यतः, दृशौ नयनद्वयम् , निमेषितवती लज्जया निमीलितवती, असि भवसि, त्वमिति शेषः । मम दर्शनभयादिति भावः । तत् तत एव, मया अपि न दृश्यसे अवलोक्यसे , त्वमिति शेषः । त्वन्निमीलने सर्वस्यान्धकारावृतत्वादिति भावः । पश्य अवलोकय, इति इत्थम् , अनेन नलेन, परिहस्य उपहस्य, तमः अन्धकारम्, संविधाय निर्माय, लज्जिता व्रीडिता, सा दमयन्ती, समभोजि सम्भुक्ता । अन्यथा उभयोस्तुल्यप्रीतेरयोगादिति भावः ॥ ८४ ॥

हे भीरु (लज्जाकातर दमयन्ती) ! जो तुमने नेत्रोंको बन्द कर लिया है, उससे मैं भी तुमको नहीं देखता हूँ (अथवा—तुमने नेत्रोंको बन्द कर लिया है और मैं नहीं देखता हूँ, यह आश्चर्यकी बात है । अथवा—तुमने नेत्रोंको बन्द किया है, इससे मैं भी तुमको नहीं देखता ? अर्थात् तुम्हें तो मैं देख ही रहा हूँ । अथवा—कोई व्यक्ति अपने शरीरके अदर्शनार्थ उस शरीरको ही वस्त्रादिसे छिपाता है, परन्तु तुमने शरीरको नहीं छिपाकर नेत्रोंको बन्द किया है, अत एव मैंने तो तुम्हारे अङ्गोंको अच्छी तरह देख ही लिया है, तुम्हारे नेत्र बन्द करनेसे कोई लाभ नहीं हुआ ?) इस प्रकार परिहासकर (इच्छामात्रसे दीपकोंके बुझानेपर) अन्धकार करके नलने लज्जित हुई उस दमयन्तीके साथ सम्भोग किया ॥ ८४ ॥

चुम्ब्यसेऽयमयमङ्क्यसे नखैः श्लिष्यसेऽयमयमर्प्यसे हृदि ।
नो पुनर्न करवाणि ते गिरं हुं त्यज त्यज तवास्मि किङ्करा ॥ ८५ ॥

अथान्धकारकल्पनायाः फलं युग्मेनाह—चुम्ब्यसे इत्यादि । हे प्रियतम ! इत्यामन्त्रणपदमूहनीयम् । अयं त्वम् , चुम्ब्यसे तव अधरः पीयते ; अयं त्वम् , नखैः अङ्क्यसे क्षतकरणेन चिह्न्यसे; अयं त्वम् , श्लिष्यसे आलिङ्ग्यसे; अयं त्वम् , हृदि उरसि अर्प्यसे स्थाप्यसे इत्यर्थः । सर्वत्र मयेति शेषः । ते तव, गिरं वाक्यं, चुम्बनादि-

प्रार्थनारूपामित्यर्थः । पुनः न करवाणि ? न पालयामि ? इति नो न, अवश्यमेव करवाणीत्यर्थः । हुमिति अनुनये, त्यज त्यज मां मुञ्च मुञ्च, ते तव, किङ्करा दासी । 'किंयत्तद्बहुषु कृञोऽज्विधानम्' इत्यच्प्रत्यये टाप् । अस्मि भवामि । अतस्तवाभिलाषः सर्वथैव पूरणीयो मयेति भावः ॥ ८५ ॥

'यह मैं तुमको चुम्बन करती हूँ, यह मैं तुमको नखोंसे चिह्नित करती हूँ, यह मैं तुम्हारा आलिङ्गन करती हूँ, यह मैं तुम्हें हृदयपर रखती हूँ' फिर तुम्हारी बात नहीं करूँगी ऐसा नहीं होगा अर्थात् फिर मैं तुम्हारी सुरतयाचनाकी बातको मानूंगी ही, हुं, छोड़ो-छोड़ो, तुम्हारी मैं दासी हूँ—' ॥ ८५ ॥

इत्यलीकर[1]तकातरा प्रियं विप्रलभ्य सुरते ह्रियं च सा ।
चुम्बनादि वितातर मायिनी किं विदग्धमनसामगोचरः ? ॥८६॥

इतीति । इति इत्थम् , अलीकं मिथ्या यथा तथा, रते रमणे, कातरा असमर्था, कपटेनैव रतकातर्यं नाटयन्ती न पुनस्तत्त्वत इति भावः । मायिनी वाक्छलचतुरा, सा भैमी, सुरते रमणकाले, प्रियं नलम् , ह्रियञ्च लज्जाञ्च, विप्रलभ्य प्रतार्य, चुम्बनादि केवलमधरपानादिकमेवेत्यर्थः । वितताार नलाय ददौ । मध्यानायिकाभावत्वेऽपि मुग्धात्वप्रकटनात् प्रकृतसुरताकरणेन प्रियविप्रलम्भः, किञ्च चुम्बनादिषु लज्जातिशयसम्भवेऽपि तदवलम्बनाभावात् लज्जाविप्रलम्भ इति भावः । तथा हि विदग्धानि कालोचितव्यवहारकुशलानि, मनांसि धियः येषां तादृशानाम् , जनानामिति शेषः । किं वैदग्ध्यम् , अगोचरः ? अविषयः ? न किमपीत्यर्थः । अत एव सा विस्रब्धं विहर्तुं शशाक इति भावः ॥ ८६ ॥

इस प्रकार (१८।८५) व्यर्थ ही रतमें (पाठा०—अत्यधिक व्यर्थ) कातर मायावती उस (दमयन्ती) ने सुरतमें पति (नल) को तथा लज्जाको वञ्चितकर चुम्बन आदि दिया; चतुरचित्तवाले व्यक्तियोंका क्या अविषय है ? अर्थात् चतुर व्यक्ति क्या नहीं कर सकते हैं ? [मध्या नायिका होनेपर भी मुग्धाभावको प्रकट करके केवल चुम्बनादि देकर प्रकृत सुरतको टाल देनेसे प्रिय (नल) को तथा चुम्बनादिमें लज्जाधिक्यकी सम्भावना होनेपर भी उसका अवलम्बन नहीं करनेसे लज्जाको वञ्चित करना कहा गया है । इसका अभिप्राय यह है कि—सुरतके विषयमें बलात्कार करनेके भयसे डरी हुई यह जिस किसी प्रकार अपनेको मुझसे छुड़ानेके लिए ही ऐसा कहती है । जिस प्रकार अप्रौढ़ा यह दमयन्ती प्रिय नलको वञ्चितकर उनकी ऐसी वृथा बुद्धि उत्पन्न कर रही है, उसी प्रकार मुझे (लज्जाको) भी वञ्चितकर मुझे अर्थात् लज्जाको यह अब तक भी नहीं छोड़ रही है । यह बलात्कारके भयसे ही चुम्बन नखच्छेदन आदि करती है, स्वेच्छासे नहीं; इस प्रकार लज्जाके त्यागको भी अप्रकटितकर चुम्बनादि सम्पूर्ण सुरतसम्भारको प्रौढ़तासे प्रियके लिए देकर माया (कपट) से अपने

1. '—तरकातरा' इति पाठान्तरम् ।

अभीष्टको उस दमयन्तीने पूरा कर लिया]॥ ८६ ॥

स्वेप्सितोद्गमितमात्रलुप्तया दीपिकाचपलतया तमोघने ।
निर्विशङ्करतजन्मतन्मुखाकूतदर्शनसुखान्यभुङ्क्त सः ॥ ८७ ॥

स्वेति । सः नलः, तमः अन्धकार एव, घनः मेघः तस्मिन्, स्वेप्सितेन निजेच्छामात्रेणैव, उद्गमितमात्रं प्रज्वलनक्षणमेव, लुप्ता विनष्टा तया तथोक्तया, क्षणिकयेत्यर्थः । दीपिका प्रदीप एव, चपला विद्युत् तया तद्द्वारा इत्यर्थः । 'विद्युच्चञ्चला चपलाऽपि च' इति यादवः । निर्विशङ्करतात् अन्धकारजन्यनिरुद्वेगरमणात्, जन्म सम्भवः । येषां तादृशानाम्, तस्याः, भैम्याः, मुखाकूतानां वदनचेष्टितानाम्, दर्शनात् अवलोकनात्, यानि सुखानि हर्षाः तानि, अभुङ्क्त अन्वभूत् । स्थिरप्रकाशे तद्विस्रम्भविघातभयात् क्षणिकप्रकाशेन तन्मुखदर्शनसुखम् अनुभूतवान् इत्यर्थः॥८७॥

उस नलने अन्धकाररूपी मेघ (पक्षा०—मेघतुल्य अन्धकार) में अपनी इच्छामात्रासे जलकर तत्काल बुझे हुए दीपकरूपी बिजलीसे निश्शङ्क किये जाते हुए सुरतमें उत्पन्न दमयन्ती के मुखाभिप्रायके दर्शनके सुखोंको प्राप्त किया । [जिस प्रकार काले-काले मेघमें क्षणमात्र बिजली चमककर शान्त हो जाती है, उसी प्रकार वरुणके दिये हुए वर (१४।७४) के प्रभावसे नलकी इच्छामात्रासे दीपक भी क्षणमात्र जलकर बुझ जाता था और पहले अन्धकार होनेसे निश्शङ्क होकर सुरत करती हुई दमयन्तीके मुखमें कैसे भाव हो रहे हैं, इसे दीपकके क्षणिक प्रकाशमें देखकर नल सुखका अनुभव कर रहे थे]॥ ८७ ॥

यद्भ्रुवौ कुटिलिते तया रते मन्मथेन तदनामि कार्मुकम् ।
यत्तु हुं हुमिति सा तदा व्यधात्तत् स्मरस्य शरमुक्तिहुङ्कृतम् ॥८८॥

अथ तन्मुखाकूतान्येवाह—यदित्यादि । तया भैम्या, रते सुरतकाले, यत् भ्रुवौ भ्रूद्वयम्, कुटिलिते सुखातिरेकात् सङ्कोचिते, तत् एव भ्रूकुटिलीकरणमेव, मन्मथेन कामेन, कार्मुकं धनुः, अनामि नमितम्, आकर्षीत्यर्थः । तस्या भ्रूद्वयस्य कामकार्मुकवत् मनोहरत्वादिति भावः । किञ्च, सा भैमी, तदा रमणकाले, हूं हुम् इति यत् व्यधात् सुखातिरेकात् 'हूं हुं' इति यत् अव्यक्तशब्दम् अकरोत्, तत्तु तत् हुङ्कृतमेव, स्मरस्य कामस्य, शरमुक्तिहुङ्कृतं बाणमोचनस्य हुङ्कारस्वरूपम्, अभूदिति शेषः । तत् सर्वं तस्य अधिकमुद्दीपकम् अभूत् इति भावः ॥ ८८ ॥

उस (दमयन्ती) ने सुरतमें जो भ्रूद्वयको टेढ़ा किया, वह कामदेवने (मानो) अपने धनुषको झुकाया, तथा उस (दमयन्ती) ने जो 'हुँ, हुँ' शब्द किया, वही (मानो) कामदेवके बाण छोड़नेका हुङ्कार हुआ [सुरतकालमें दमयन्तीके भ्रूद्वयको टेढ़ा करना तथा 'हुं, हुं' शब्द करनेसे फिर काम बढ़ गया । धनुर्धरलोग धनुषको झुकाकर बादमें हुङ्कार करते हुए बाण छोड़ते हैं]॥ ८८ ॥

ईक्षितोपदिशतीव नर्त्तितुं तत्क्षणोदितमुदं मनोभुवम् ।
कान्तदन्तपरिपीडिताधरा पाणिधूननमियं वितन्वती ॥ ८९ ॥

ईक्षितेति । कान्तस्य प्रियस्य, दन्तैः दशनैः परिपीडिताधरा दंशनेन व्यथितरदनच्छदा, अत एव पाणिधूननं तन्निवारणाय करकम्पनम् , वितन्वती कुर्वती, इयं दमयन्ती, तत्क्षणे सुरतकाले, उदितमुदं स्वप्रभावदर्शनात् सञ्जातहर्षम् , मनोभुवम् अनङ्गम् , नर्त्तितुं नृत्यं कर्त्तुम् , उपदिशतीव इत्थं नृत्यं कुरु इति शिक्षयन्तीव, स्थितेति शेषः । 'आच्छीनद्योर्नुम्' इति विकल्पान्नुमभावः । ईक्षिता दृष्टा, प्रियेणेति शेषः । नृत्यशिक्षको हि हस्तनर्त्तनेनैव स्वशिष्यान् नर्त्तितुं शिक्षयतीति लौकिकाः ॥ ८९ ॥

पति (नल) के दन्तोंसे पीड़ित अधरवाली (अत एव निषेधार्थ) हाथको फैलाती हुई उस (दमयन्ती) को (नलने) उस समयमें हर्षित कामदेवको नृत्य करनेके लिए शिक्षा देती हुई-सी देखा । [चुम्बनके समय दांतोंसे अधरके पीड़ित होनेपर दमयन्तीने हाथको फैलाकर वैसा करनेसे जो मना किया, तो नलको मालूम पड़ा कि मानो वह उस समय हर्षित हुए कामदेवको नृत्य सिखा रही हो । लोकमें भी कोई व्यक्ति किसी शिष्यको नृत्य खिलाते समय हाथ घुमा-घुमाकर शिक्षा देता है] ॥ ८९ ॥

सा शशाक परिरम्भदायिनि गाहितुं बृहदुरः प्रियस्य न ।
चक्षमे स च न भङ्गुरभ्रुवस्तुङ्गपीनकुचदूरतां गतम् ॥ ९० ॥

सेति । परिरम्भदायिनी आलिङ्गनप्रदायिनी, सा भैमी, प्रियस्य नलस्य, बृहत् विशालम् , उरः वक्षःस्थलम् , गाहितुं प्रवेष्टुम् , साकल्येनाभिव्याप्तुमित्यर्थः । न शशाक न चक्षमे, नलोरःस्थलमपेक्ष्य स्वस्य क्षीणाङ्गत्वादिति भावः । इत्याश्रयाधिक्येनाधिकालङ्कारभेदः । सः च नलोऽपि, भङ्गुरभ्रुवः सुवङ्किमभ्रूशालिन्याः प्रियायाः, तुङ्गपीनकुचाभ्याम् उन्नतस्थूलपयोधराभ्याम् , दूरतां व्यवधानम् , गतं प्राप्तम् , उरः गाहितुमिति पूर्वेणान्वयः, न चक्षमे न शशाक । कुचयोरौन्नत्यस्थौल्याभ्यां व्यवहितत्वादिति भावः । इति सम्बन्धेऽप्यसम्बन्धरूपातिशयोक्तिः ॥ ९० ॥

आलिङ्गन देती हुई (कृशाङ्गी) वह (दमयन्ती) प्रियके विशाल वक्षःस्थलको (सम्पूर्णतया) आलिङ्गन नहीं कर सकी, तथा वे नल भी कुटिल भ्रूवाली (दमयन्ती) के ऊंचे-ऊंचे स्तनोंसे दूरस्थ (दमयन्तीके) वक्षःस्थलका सम्पूर्णतया आलिङ्गन नहीं कर सके । [दमयन्ती स्वयं..कृशाङ्गी थी और नलकी छाती चौड़ी थी, अत उसका सम्पूर्णतया वह आलिङ्गन नहीं कर सकी तथा दमयन्तीके स्तन ऊंचे-ऊंचे थे, अतः उसकी छातीसे नलकी छाती दूर ही रह जाती थी—सटती नहीं थी—इस कारण वे भी प्रियाकी छातीका सम्पूर्णतया आलिङ्गन नहीं कर सके । आलिङ्गनेच्छा अपूर्ण होनेसे दोनों उद्दीप्तकाम ही रह गये] ॥ ९० ॥

बाहुवल्लिपरिरम्भमण्डली या परस्परमपीडयत् तयोः ।
आस्त हेमनलिनीमृणालजः पाश एव हृदयेशयस्य सः ॥ ९१ ॥

बाह्विति । तयोः भैमीनलयोः, या बाहुवल्लिभ्यां भुजलताभ्याम् , परिरम्भेण परस्परसंश्लेषेण, मण्डली वेष्टनम् , भुजचतुष्टयानां मण्डलाकारता इत्यर्थः । परस्परम् अन्योऽन्यम् , अपीडयत् प्रगाढसंश्लेषेण पीडितवती, सः परिरम्भव्यापार इत्यर्थः । हृदये शेते इति हृदयेशयः कामः तस्य । 'अधिकरणे शेतेः' इत्यच्प्रत्ययः । 'शयवासवासिष्वकालात्' इत्यलुक् । हेमनलिनीमृणालात् स्वर्णकमलिनीदण्डात् , जायते इति तज्जः अतिगौरत्वात् मृदुत्वाच्च सुवर्णमयकमलदण्डात् जात इव प्रतीयमानः, पाशः पाशाख्यबन्धनरज्जुरेव, आस्त अभवत् इत्युत्प्रेक्षा ॥ ९१ ॥

उन दोनोंके बाहुरूपी लताके आलिङ्गनकी गोलाई (वृत्ताकारता) ने परस्परमें (आलिङ्गन करते समय) पीड़ित किया, वह स्वर्णकमलिनीके मृणालका बना हुआ कामदेव का पाश (बांधनेकी रस्सी) ही हो गया। [कोमल, पतले तथा लम्बे होनेसे लतातुल्य बाहुचतुष्टयसे परस्पर पीडनपूर्वक एक दूसरे का आलिङ्गन करनेसे ऐसा मालूम पड़ता था कि सुवर्णमयी कमलिनीके मृणालसे बना हुआ कामदेवका वह पाश (बन्धनरज्जु) हो परस्परालिङ्गन करनेसे वे दोनों कामके वशीभूत हो गये]॥ ९१ ॥

वल्लभेन परिरम्भपीडितौ प्रेयसीहृदि कुचाववापतुः ।
केलतीमदनयोरुपाश्रये तत्र वृत्तमिलितोपधानताम् ॥ ९२ ॥

वल्लभेनेति । वल्लभेन प्रियेण नलेन, परिरम्भेण प्रगाढालिङ्गनेन, पीडितौ चिपिटीकृतौ इत्यर्थः । प्रेयस्याः दमयन्त्याः, हृदि वक्षसि, स्थितौ इति शेषः । कुचौ स्तनौ एव, केलतीमदनयोः रतिकामयोः । 'कामस्त्री केलती रतिः' इति यादवः । उपाश्रये अवष्टम्भभूते, तत्र दमयन्तीवक्षसि, वृत्ते वर्त्तुले, मिलिते परस्परसङ्गते, उपधाने उपबर्हे । 'उपधानं तूपबर्हम्' इत्यमरः । तयोः भावः तत्ता ता शिरोनिधानताम् , अवापतुः जग्मतुः इवेति शेषः । इत्युत्प्रेक्षा ॥ ९२ ॥

प्रियतमा (दमयन्ती) को छातीमें प्रियतम (नल) के द्वारा (आलिङ्गन-कालमें) अतिशय पीडित अर्थात दबे हुए (दमयन्तीके) दोनों स्तन रति तथा कामदेवके विश्रामस्थानपर गोलाकार मिली हुई दो तकियोंके समान हो गये। [नलके गाढालिङ्गनसे दबे हुए दमयन्तीके दोनों स्तन रति-कामके गोलाकर तकियोंके समान मालूम पड़ते थे]॥ ९२ ॥

तत् प्रियोरुयुगलं नलार्पितैः पाणिजस्य मृदुभिः पदैर्बभौ ।
उत्प्रशस्ति रतिकामयोर्जयस्तम्भयुग्ममिव शातकुम्भजम् ॥ ९३ ॥

तदिति । तत् अतिमनोज्ञम् , प्रियायाः, कान्तायाः, ऊरुयुगलं सक्थिद्वयम् , नलेन अर्पितैः न्यस्तैः, कृतैरित्यर्थः मृदुभिः कोमलैः, ईषन्मात्रैरित्यर्थः । पाणिजस्य, नखस्य,

१. 'तत्प्रशस्ति' इति पाठान्तरम् ।

पदैः चिह्नैः, नखक्षतैरित्यर्थः। तत् उन्नता, उत्कीर्णा इत्यर्थः। प्रशस्तिः प्रशंसावचनं तत् तादृशम् उत्प्रशस्ति उत्कीर्णप्रशंसावचनम्, शातकुम्भजं हिरण्मयम्, रतिकामयोः जयस्तम्भयुग्मम् इव जेतृत्वसूचकस्तम्भद्वयमिव, बभौ शुशुभे इत्युत्प्रेक्षा॥९३॥

नलके द्वारा किये गये नखके कोमल अर्थात् छोटे-छोटे चिह्नों (नखक्षतों) से प्रिया दमयन्तीका वह ऊरुद्वय रति तथा कामदेवके विजय-प्रशस्ति लिखे गये सुवर्णनिर्मित दो विजयस्तम्भोंके समान शोभता था ॥ ९३ ॥

बह्वमानि विधिनाऽपि तावकं नाभिमूरुयुगमन्तराऽङ्ककम्।
स व्यधादधिकवर्णकैरिदं काञ्चनैर्यदिति तां पुराऽऽह सः ॥ ९४ ॥

बह्विति। हे प्रिये! तावकं त्वदीयम्, नाभिम् ऊरुयुगञ्च अन्तरा तन्मध्यवर्त्ति। 'अन्तराऽन्तरेण युक्ते' इति द्वितीया। 'अन्तराशब्दो मध्यमाधेयप्रधानमाचष्टे' इति काशिका। अङ्ककम् अत्यन्ताभिलषणीयत्वेन आदरणीयमङ्कम्, वराङ्गमित्यर्थः। विधिना वेधसाऽपि, बहु अमानि अतिशयेन समादृतम्। कुतः? यत् यस्मात्, सः विधिः, इदम् अङ्ककम्, अधिकवर्णकैः समुज्ज्वलाभैः, काञ्चनैः सुवर्णैः, व्यधात् सृष्टवानिव, इति इत्थम्, सः नलः, तां प्रियाम्, पुरा सुरतारम्भात् पूर्वम्, आह उक्तवान्। 'पुरि लुङ् चास्मे' इति भूते लट्॥ ९४॥

'(तुम्हारा अतिशय कामुक युवक केवल मैंने ही नहीं, किन्तु वीतराग एवं बूढ़े) ब्रह्माने भी नाभि तथा ऊरुद्वयके मध्यमें स्थित तुम्हारे काममन्दिरको बहुत माना अर्थात् अतिशय आदर किया, क्योंकि उस (ब्रह्मा) ने इसे (अधिक गौरवर्ण लोमहीन तथा अन्यान्य अङ्गोंकी अपेक्षा शीत-वातातपको नहीं सह सकनेके कारण) अधिक वर्णवाले मानो सुवर्णोंसे बनाया है' ऐसा उस (नल) ने (मैथुन करनेके) पहले उस (दमयन्ती) से कहा। [अतिशय अश्लील होनेके कारण अवर्णनायोग्य होनेपर भी मैथुन-वर्णनके अतिरिक्त अन्यत्र वर्णन करना अयोग्य होनेसे इसे मैथुनकालसे पूर्व वर्णन किया गया है]॥

पीडनाय मृदुनी विगाह्य तौ कान्तपाणिनलिने स्पृहावती।
तत्कुचौ कलशपीननिष्ठुरौ हारहासविहते वितेनतुः ॥ ९५ ॥

पीडनायेति। कलशवत् घटवत्, पीनौ स्थूलौ, निष्ठुरौ कठिनौ च, तस्याः दमयन्त्याः, कुचौ स्तनौ। कर्त्तारौ। मृदुनी कोमले, तथाऽपि तौ अतिकठिनौ दमयन्तीकुचौ, विगाह्य अवगाह्य, प्राप्य इत्यर्थः। पीडनाय पीडनं कर्त्तुम्, स्पृहावती अभिलषितवती, व्याप्रियमाणे इत्यर्थः। कान्तस्य नलस्य, पाणिनलिने करकमले। कर्मणी। हारः कुचविलम्बितमुक्तावली एव, हासः हास्यम्, शुभ्रताधिक्यादिति भावः। तेन विहते तिरस्कृते, तिरस्कारेण विताडिते इव इत्यर्थः। वितेनतुः चक्रतुः। कोमलत्वात् दुर्बलयोः नलपाण्योः स्थूलकठिनयोः बलिनोः दमयन्तीकुचयोः पीडन-

प्रवृत्तौ दुर्बलस्य प्रबलकर्तृकहासताडनयोरवश्यम्भाव्यत्वादिति भावः । अशक्यार्थ-प्रवृत्ताः परिहासास्पदं भवन्तीति निष्कर्षः ॥ ९५ ॥

घटके समान बड़े तथा कठिन दमयन्तीके स्तनद्वयने कोमल (होते हुए भी) उन दोनोंको स्पर्शकर मर्दन करनेके लिए इच्छुक पतिके हस्त-द्वयरूपी कमलद्वय (कमल तुल्य मृदु दोनों हाथ) को हारके प्रकाश (या—हाररूपी हास = उपहास) से आच्छादित (पक्षा०— तिरस्कृत) कर दिया । (अथवा— ··· मर्दन करनेके लिए इच्छुक उन दोनों हाथोंको मृदु जानकर उक्त प्रकारसे उपहास कर दिया) । [दमयन्तीके दोनों स्तन घटके समान विशाल तथा कठिन थे, उनको नलके मृदुतम कमल तुल्य हाथोंने मर्दन करना चाहा तो उन दोनों स्तनोंके हारका प्रकाश नलके उन दोनों हाथोंपर पड़नेपर ऐसा मालूम पड़ता था कि कठिन एवं विशाल स्तन कोमल एवं लघु नलहस्तको हँस रहे हैं कि तुम दोनों कोमल तथा लघु होनेसे हमारा मर्दन नहीं कर सकते, अत एव तुम दोनोंका यह प्रयास व्यर्थ है । लोकमें कोई असमर्थ एवं लघु व्यक्ति कठोर एवं महान् व्यक्तिको नहीं दबा सकता, यदि दबाता है तो भी वह उपहासास्पद ही होता है । यद्यपि 'अकर्मकठिनौ हस्तौ–' इस वचन के अनुसार राजाके हाथका कठोर होना ही शास्त्रोंमें उत्तम माना गया है, तथापि नल-के हाथोंको कमलवत् कोमल कहकर उसकी अपेक्षा दमयन्तीके स्तनोंका अधिक काठिन्य द्योतित करनेसे शास्त्रलक्षणसे कोई विरोध नहीं होता] ॥ ९५ ॥

यौ कुरङ्गमदकुङ्कुमाञ्चितौ नीललोहितरुचौ वधूकुचौ ।
स प्रियोरसि तयोः स्वयम्भुवोराचचार नखकिंशुकार्चनम् ॥९६॥

याविति । यौ वधूकुचौ दमयन्तीस्तनौ, कुरङ्गमदकुङ्कुमाभ्यां कस्तूरिकाश्मीर-जाभ्याम्, अञ्चितौ पूजितौ, लेपनेन शोभितौ सन्तौ इत्यर्थः । अत एव नीला कस्तू-रीलिप्तस्थाने कृष्णवर्णा च, सा लोहिता कुङ्कुमलिप्तस्थाने रक्तवर्णा च । 'वर्णो वर्णेन' इति तत्पुरुषसमासः । रुच् प्रभा ययोः तादृशौ, अन्यत्र—नीलः कण्ठे लोहितः केशेषु इति नीललोहितः महादेवः, तस्मिन् रुक् रुचिः, अनुराग इत्यर्थः । ययोः तादृशौ, बभूवतुरिति शेषः । प्रियायाः भैम्याः, उरसि वक्षसि, स्वयम्भुवोः यौवनागमे स्वतः एव उत्पन्नयोः, अन्यत्र—स्वयम्भूमूर्त्योश्च, तयोः वधूकुचयोः, सः नलः, नखैः नख-क्षतैरेव, किंशुकैः पलाशकुसुमैः, रक्तवर्णतासाम्यात् वक्रतारूपाकारसाम्याच्चेति भावः । अर्चनं पूजनम्, आचचार चकारेव । स्वयम्भूत्वेन देवत्वात् तयोरर्चनया औचित्या-दिति भावः । गम्योत्प्रेक्षा ॥ ९६ ॥

कस्तूरी तथा कुङ्कुम (के लेप) से शोभित (अत एव क्रमशः) नील तथा लाल रंगवाले (पक्षा०—नीललोहित अर्थात् शिवजीमें अनुरागवाले अर्थात् शिवतुल्य) जो वधू (दमयन्ती) के दोनों स्तन थे, प्रियाके वक्षस्थलपर (यौवनावस्थामें) स्वयमेव उत्पन्न (पक्षा०—स्वयम्भू मूर्तिवाले) उन दोनों (स्तनों, पक्षा०—शिवजी) की उस (नल) ने (वक्राकार एवं

रक्त वर्ण होनेसे) नखरूपी किंशुकों (पलाश-पुष्पों) से मानो पूजन किया अर्थात् उक्तरूप दमयन्तीके स्तनोंपर नखक्षत किया ॥ ९६ ॥

अम्बुधेः कियदनुत्थितं विधुं स्वानुबिम्बमिलितं व्यडम्बयत् ।
चुम्बदम्बुजमुखीमुखं तदा नैषधस्य वदनेन्दुमण्डलम् ॥ ९७ ॥

अम्बुधेरिति । तदा संसर्गकाले, अम्बुजमुख्याः कमलवदनायाः प्रेयस्याः, मुखं वदनम्, चुम्बत् अधरं स्वदमानम्, नैषधस्य नलस्य, वदनेन्दुमण्डलं मुखचन्द्रबिम्बम् । कर्त्तृ । अम्बुधेः सागरात्, कियत् किञ्चित्, अनुत्थितम् अनुदितम्, अधिकांशमुदितम् ईषत् समुद्रगर्भे अवस्थितमित्यर्थः । स्वानुबिम्बेन स्वस्य विधोरेव जलान्तर्वर्त्तिप्रतिबिम्बेन, मिलितं युक्तम्, विधुम् इन्दुम्, व्यडम्बयत् अनुचकार । तयोः मुखयोर्मिथः संश्लेषात् कार्त्स्न्येनादृश्यमानत्वादिदमुपमितम् ॥ ९७ ॥

उस समय (सुरतकालमें) कमलमुखी (दमयन्ती) के मुखका चुम्बन करते हुए, नलके मुखरूपी चन्द्रमण्डलने समुद्रसे कुछ नहीं निकले हुए अर्थात अधिकांश उदित और स्वल्पांश अनुदित हुए, (समुद्रजलमें) अपने प्रतिबिम्बसे मिलित चन्द्रमाका अनुकरण किया । (अथवा—……नलके मुखरूपी चन्द्रमण्डलका चुम्बन करता हुआ कमलमुखी (दमयन्ती) के मुखने……) । [थोड़ा अवशिष्ट और अधिकांश उदित हुआ चन्द्रका प्रतिबिम्ब समुद्रजलमें पड़ते हुए अपने प्रतिबिम्बसे युक्त होकर जैसा शोभा पाता है, वैसे ही नल-दमयन्तीके मुख भी चुम्बनकार्यमें शोभते थे । बिम्ब-प्रतिबिम्ब भाव कहनेसे नल-दमयन्ती के मुखोंकी अधिकतम साम्यता सूचित होती है तथा कामके मित्र चन्द्रमाके उदयका वर्णन करनेसे भविष्यमें कामकी अधिक वृद्धि होना भी सूचित होता है] ॥ ९७ ॥

पूगभोगबहुताकषायितैर्वासितैरुदयभास्करेण तौ ।
चक्रतुर्निधुवनेऽधरामृतैस्तत्र साधु मधुपानविभ्रमम् ॥ ९८ ॥

पूगेति । तौ भैमीनलौ, तत्र तस्मिन्, निधुवने रते । 'व्यवायो ग्राम्यधर्मो मैथुनं निधुवनं रतम्' इत्यमरः । पूगभोगः क्रमुकभक्षणं, ताम्बूलचर्वणमिति यावत् । 'पूगः क्रमुकवृन्दयोः' इत्यमरः । तस्य बहुतया बाहुल्येन, 'पूगभाग' इति पाठे—चर्व्यमाणताम्बूले गुवाकभागस्य आधिक्यतया इत्यर्थः । कषायितैः सञ्जातकषायरसैः, तथा उदयभास्करेण कर्पूरविशेषेण, वासितैः सुरभितैः, अधरामृतैः परस्परमधरसुधापानैरित्यर्थः । साधु सम्यक्, मधुपानस्य मद्यपानस्य, विभ्रममिव विभ्रमं लीलाम्, चक्रतुः आचेरतुः । गुवाकादिमदकारकद्रव्यसन्धानजमद्यपानेन यथा मत्तता जायते, तथा तादृशाधरमधुपानेनापि मत्तौ तौ सुरतं चक्रतुरिति निष्कर्षः । अत्र सादृश्याक्षेपात् निदर्शनालङ्कारः ॥ ९८ ॥

उन दोनों (दमयन्ती तथा नल) ने (पान-बीड़ेमें डाली गयी) सुपाराके अधिक

१. 'पूगभाग—' इति, 'पूगराग' इति च पाठान्तरम् ।

खाने (पा०—सुपारीका भाग अधिक होने, द्वितीयपाठा०—पान चबानेसे क्रमशः बढ़ी हुई सुपारी की लालिमा) से कषाय रसवाले (पक्षा०—सुगन्धयुक्त) तथा (पानमें डालने योग्य) कर्पूर-विशेषसे सुरभित अधररूप अमृत (पक्षा०—परस्पर किये जाते हुए मधुर होनेसे अमृत तुल्य अधरपान) से सम्यक् प्रकारसे मधु (मद्य-) पानके विलास (विशेष भ्रान्ति-नशा) को प्राप्त किया। [जिस प्रकार कोई व्यक्ति सुपारी आदिकी अधिकतासे कषायरसयुक्त मद्यका पानकर नशेसे भ्रान्त (आनन्द या नशेसे युक्त) होता है, उसी प्रकार दमयन्ती तथा नलने भी सुरतमें अधिक पान चबानेसे अरुणवर्णके अधरामृतका परस्परमें पानकर (परस्पर अधर-चुम्बनकर) सम्यक् प्रकारसे कामोन्मत्त हो गये] ॥ ९८ ॥

आह नाथवदनस्य चुम्बतः सा स्म शीतकरतामनक्षरम् ।
सीत्कृतानि सुदती वितन्वती सत्त्वदत्तपृथुवेपथुस्तदा ॥ ९९ ॥

आहेति । सुदती मनोज्ञदशना, सा भैमी, तदा अधरपानकाले, सीत्कृतानि दंशनवेदनया सीत्कारान्, वितन्वती कुर्वती, तथा सत्त्वेन सत्त्वगुणोद्रेकेण, दत्तः जनितः, पृथुः महान्, वेपथुः कम्पाख्यः सात्त्विकभावः यस्याः सा तादृशी च सती, चुम्बतः चुम्बनं कुर्वतः, नाथवदनस्य प्रियमुखस्य, शीतकरतां शीतांशुत्वमेव शीतकारित्वम् । 'कृञो हेतु—' इत्यादिना ताच्छील्ये टप्रत्ययः । अनक्षरम् अशब्दमेव, आह स्म उवाच, ज्ञापयमासेत्यर्थः । अन्यथा कथं शीतजन्यं कम्पसीत्कारादिकार्यमिति भावः ॥ ९९ ॥

उस (सुरत-चुम्बन) कालमें (दन्तदंशनवेदनासे) सीत्कार करती हुई तथा सात्त्विक भावसे कम्पित होती हुई उस सुदती (दमयन्ती) ने चुम्बन करते हुए नलमुखको बिना अक्षरोच्चारण किये ही शीतकर (ठण्डा करनेवाला, पक्षा०—ठण्डे किरणोंवाला अर्थात् चन्द्रमा) कह दिया। [ठण्ड लगनेपर मनुष्य 'सी-सी' शब्द करता हुआ काँपता और कुछ कहता नहीं है, दमयन्ती भी सुरतचुम्बनमें -दन्त-दंशनसे पीडित हो 'सी-सी' करती थी और सात्त्विक भावके उदय होनेसे कम्पित भी होती थी, अत एव वह मानो बिना अक्षरोच्चारण किये ही 'यह चुम्बन करने वाला नल-मुख शीतकर (ठण्डक करनेवाला—पक्षा०—चन्द्र) है' ऐसा कहती थी। नलके चुम्बनसे दमयन्तीको चन्द्रस्पर्श के समान परमानन्द हुआ] ॥ ९९ ॥

चुम्बनाय कलितप्रियाकुचं वीरसेनसुतवक्त्रमण्डलम् ।
प्राप भर्त्तुममृतैः सुधांशुना सक्तहाटकघटेन मित्रताम् ॥ १०० ॥

चुम्बनायेति । चुम्बनाय स्तनोपरि चुम्बनकरणाय, कलितः गृहीतः, मुखेनैव स्पृष्ट इत्यर्थः । प्रियाकुचः भैमीस्तनो येन तादृशम्, वीरसेनसुतवक्त्रमण्डलं नलमुखबिम्बम् । कर्तृ । अमृतैः सुधाभिः, भर्त्तुं पूरयितुम्, सक्तः स्पृष्टः, हाटकस्य कनकस्य, घटः कुम्भो यस्मिन् तादृशेन, सुधांशुना चन्द्रेण, मित्रतां सदृशताम्, प्राप

लेभे। नलमुखस्य चन्द्रतुल्यत्वात् भैमीकुचस्य च स्वर्णघटसाम्यादिति भावः। कनककलशे अमृतसम्भरणार्थं समागतः साक्षात् अमृतांशुरिव इत्युत्प्रेक्षया अमृतकरत्वं व्यज्यते इति अलङ्कारेण वस्तुध्वनिः॥ १००॥

चुम्बनके लिए प्रिया (दमयन्ती) के स्तनको प्राप्त नलका मुखमण्डल (अपने ही) अमृतसे पूर्ण करनेके लिए सोनेके घड़ेका स्पर्श किये हुए चन्द्रके समान हुआ। [दमयन्तीके स्तनोंको जब नल मुखसे चुम्बन करने लगे तो मालूम पड़ता था कि चन्द्रमा अपने अमृतप्रवाहोंसे स्वर्णघटको भर रहा हो; इससे नल मुखका अमृततुल्य मधुरसपूर्ण चन्द्रतुल्य होना तथा दमयन्तीके स्तनका स्वर्णकलशतुल्य गौरवर्ण, विशाल एवं कठोर होना और नलमुखके स्पर्शसे दमयन्तीको अमृतरसपूर्णके समान अवर्णनीय आनन्द होना सूचित होता है। 'मुखनेत्रस्तनबाहुमूलकपोलौष्ठद्वयवराङ्गान्यष्टौ चुम्बनस्थानानि, रागतः सर्वाण्यपि च' (मुख, नेत्र, स्तन, बाहुमूल (वक्षः), कपोल, दोनों ओठ तथा काममन्दिर ये आठ चुम्बनके स्थान हैं और रागातिशय होनेसे सभी अङ्ग चुम्बनके स्थान हैं) इस वात्स्यायनोक्त वचनके अनुसार अथवा—'नयनगल्लकपोलदन्तवासोमुखान्तस्तनयुगलललाटं वा चुम्बनस्थानम्, स्तने चूचुकं परिहृत्येति विशेषः' इस वचनके अनुसार रतिकालमें स्त्रीके स्तन (बालकपेय स्तनाग्रभाग (चूचुक) को छोड़कर) का भी चुम्बन करनेका विधान है॥ ३००॥

वीक्ष्य वीक्ष्य पुनरैक्षि साऽमुना पर्यरम्भि परिरभ्य चासकृत्।
चुम्बिता पुनरचुम्बि चादरात्तृप्तिरापि न कथञ्चनापि च॥ १०१॥

वीक्ष्येति। अमुना नलेन, सा भैमी, आदरात् आग्रहातिशयात्, पदमिदं चुम्बनालिङ्गनयोरपि योज्यम्। वीक्ष्य वीक्ष्य पुनः पुनर्दृष्ट्वाऽपि, पुनः भूयः, ऐक्षि ईक्षिता, असकृत् वारं वारम्, आदरात् परिरभ्य आलिङ्ग्यापि, पर्यरम्भि पुनः परिरब्धा। 'रभेरशब्लिटोः' इति नुमागमः। तथा आदरात् चुम्बिता कृतचुम्बनाऽपि, पुनश्च भूयोऽपि, अचुम्बि चुम्बिता। कथञ्चनापि केनापि प्रकारेण, तृप्तिः आकाङ्क्षापूर्त्तिः, न च आपि नैव प्राप्ताः। रागातिरेकात् इति भावः। सर्वत्र कर्मणि लुङ्॥ १०१॥

इस (नल) ने इस (दमयन्ती) को आदरपूर्वक देख-देखकर फिर देखा, बार-बार आलिङ्गनकर फिर आलिङ्गन किया और चुम्बनकर फिर चुम्बन किया; किन्तु किसी प्रकार भी तृप्ति को नहीं प्राप्त किया अर्थात् आदरपूर्वक बार-बार दमयन्तीको देखने, आलिङ्गन करने तथा चुम्बन करनेपर भी पुनः उन कार्योंको करनेकी प्रबल इच्छा ज्यों-की-त्यों मनमें बनी ही रही॥ १०१॥

छिन्नमप्यतनु हारमण्डलं मुग्धया सुरतलास्यकेलिभिः।
न व्यतर्कि सुदृशा चिरादपि स्वेदबिन्दुकितवक्षसा हृदि॥१०२॥

छिन्नमिति। मुग्धया सुरतमोहितचित्तया, सुदृशा सुनयनया, भैम्येति शेषः। सुरतानि रमणान्येव, लास्यकेलयः नृत्यक्रीडाः तैः, हृदि वक्षोपरि, स्थितमिति शेषः।

अतनु महत् , हारमण्डलं मुक्ताकलापः, छिन्नं त्रुटितमपि, स्वेदबिन्दवः एव स्वेदबिन्दुकाः घर्मोदककणाः । स्वार्थे कः ते अस्य सञ्जाताः इति स्वेदबिन्दुकितं सुरतश्रमजन्यघर्मबिन्दुयुक्तम् । 'तारकादित्वादितच्' । वक्षः उरःस्थलं यस्याः तादृशया सत्या, चिरात् दीर्घकालेनापि, न व्यतर्कि न व्यभावि, छिन्नेति न अज्ञायि इत्यर्थः । स्वेदबिन्दुषु हारभ्रमादिति भावः । अतएव भ्रान्तिमदलङ्कारः ॥ १०२ ॥

(सुरतानन्दसे) मुग्ध सुलोचमा (दमयन्ती) ने छातीपर सुरतरूप (या-सुरत-सम्बन्धी) नृत्यक्रीडाओंसे टूटी (नाभिपर्यन्त लटकती) हुई बड़ी मुक्तामालाको (सुरतश्रमजन्य) स्वेदबिन्दुओंसे तारकित वक्षःस्थलवाली होनेसे (स्वेदबिन्दुओंमें ही मुक्तामालाका भ्रम होनेके कारण) देरतक नहीं जान सकी ॥ १०२ ॥

यत् तदीयहृदि हारमौक्तिकैरासि तत्र गुण एव कारणम् ।
अन्यथा कथममुत्र वर्त्तितुं तैरशाकि न तदा गुणच्युतैः ? ॥१०३॥

यदिति । तदीये भैमीसम्बन्धिनि, हृदि वक्षसि, अन्तःकरणे च, हारमौक्तिकैः हारस्थितमुक्तावलीभिः, यत् आसि अवस्थितम् । आसेर्भावे लुङ् । तत्र स्थितौ, गुणः एव मुक्तानां छिद्रान्तर्वर्त्तिसूत्रमेव, सूत्रेण ग्रथितत्वमेवेत्यर्थः । कान्तिमत्त्वादिगुण एव च, कारणं हेतुः । अन्यथा तद्वैपरीत्ये, तदा सुरतकाले, गुणच्युतैः गुणभ्रष्टैः, तैः हारमौक्तिकैः, अमुत्र अस्मिन् वक्षसि मनसि च, वर्त्तितुं स्थातुम्, कथं कस्मात् , न अशाकि ? न शक्तम् ? अच्छिन्नसूत्रैः कतिपयमौक्तिकैरेव तत्र स्थितं न पुनश्छिन्नसूत्रांशैः, ततो गुण एव अत्र कारणम् अन्यथा पतनप्रसङ्गादनुपादेयत्वाच्चेति भावः ॥

समझो' ऐसा कहनेका अवसर ही कौन-सा है । क्योंकि तुमने स्वर्गाधीश इन्द्रको भी तृण-तुल्य (तुच्छ समझकर) परित्यागकर दयारूपी मूल्यसे मुझे खरीद लिया है । ['जो तुमने उक्त प्रकारसे मुझे खरीद लिया है, अतः तुम मुझे अच्छी तरह अपना समझो' ऐसे कहनेका कोई भी अवसर नहीं है, क्योंकि अवास्तविक बातके लिए प्रार्थना की जाती है, वास्तविकके लिए नहीं । 'स्वर्गाधीश तथा दयारूपी मूल्य' कहनेसे यह सूचित होता है कि न तो मैं इन्द्रसे अधिक ऐश्वर्यवान् ही था और न तुमसे अधिक सुन्दर ही था, तथापि तुमने इन्द्रका तृणवत् त्यागकर जो मुझे वरा है, उसमें तुम्हारी दया ही मुख्य कारण है, अत एव उस दयाको तुम मेरे ऊपर जीवन पर्यन्त बनाये रहो, यही प्रार्थना है] ॥ १४१ ॥

शृण्वता निभृतमालिभिर्भवद्वाग्विलासमसकृन्मया किल ।
मोघराघवविसर्ज्यजानकीश्राविणी भयचलाऽसि वीक्षिता ॥ १४२ ॥

शृण्वतेति । हे प्रिये ! आलिभिः सखीभिः सह, भवत्याः तव, वाग्विलासं कथोपकथनव्यापारमित्यर्थः सर्वनाम्नो वृत्तिमात्रे पुंवद्भावः । असकृत् अनेकशः, निभृतं गूढं यथा तथा, अन्तराले अवस्थाय आत्मगोपनं कृत्वेत्यर्थः । शृण्वता आकर्णयता, मया नलेन, मोघं व्यर्थम् , सर्वसमक्षमेव अग्निपरीक्षया विशुद्धितायां प्रमाणितायामपि अकारणमेवेत्यर्थः । राघवेण रामचन्द्रेण, विसर्ज्यां त्याज्याम् , जानकीं सीताम् , शृणोति आकर्णयतीति तादृशी, किलेति वार्तायाम् , उत्तरकाले उत्पत्स्यमानो रामचन्द्रः मिथ्यालोकापवादेन धर्मपत्नीं सीतां विसर्जयिष्यतीति समागतैः त्रिकालज्ञमुनिभिः वर्णितमुपाख्यानं सखीमुखेभ्यः शृण्वतीत्यर्थः । अत एव भयेन आत्मनोऽपि तादृशश्चेत् सम्भवेदिति भीत्या, चला सकम्पा, त्वमिति शेषः । वीक्षिता दृष्टा, असि अवसि । अत एव मयि ते ममत्वबुद्धौ नास्ति वचनावकाश इति भावः ॥ १४२ ॥

अनेक बार सखियोंके साथ तुम्हारे वाग्विलासको (देवोंके दिये हुए वरदान (१४।९१) के प्रभावसे गुप्त होकर, या—प्रकारान्तरसे खम्भे आदिके आड़में छिपकर) चुपचाप सुनते हुए मैंने (सबके सामने अग्निपरीक्षामें निर्दोष सिद्ध होनेपर भी) व्यर्थ ही रामचन्द्रके द्वारा छोड़ी जानेवाली सीताको सुनकर (जिस प्रकार राम निष्कलङ्क एवं प्राणप्रिया सीताजीका त्याग करेंगे या-किया, उसी प्रकार निष्कलङ्क मुझे भी मेरे स्वामी कदाचित् त्याग न कर दें, इस प्रकार उत्पन्न हुए) भयसे चञ्चल (घबड़ायी हुई) तुमको मैंने देखा है । [जब रामके द्वारा त्याज्य सीताकी कथामात्र सुननेसे भयसे घबड़ायी हुई तुझे मैंने देखा, अत एव निश्चित कर लिया कि तुम्हारा मुझमें अपार अनुराग है, इस कारण 'तुम मुझे अच्छी तरह अपना समझो' यह कहनेका कोई अवसर हो नहीं है । सत्ययुगमें होनेवाले पूर्वकालिक नलकी अपेक्षा त्रेतामें होनेवाले परकालिक रामचन्द्र द्वारा सीताके त्यागकी चर्चा त्रिकालज्ञ महर्षियोंसे सुनी हुई सखियोंका दमयन्तीसे कहना असम्भव नहीं होनेसे असङ्गत नहीं है । अथवा—ग्रन्थकार कवि श्रीहर्षकी स्वपूर्ववर्ती रामचन्द्र तथा सीताका वर्णन दमयन्तीकी

सखियोंसे कराना असङ्गत नहीं है । इससे नलके द्वारा निर्दोष दमयन्तीका भविष्यमें त्याग करना सूचित होता है]॥ १४२ ॥

(युगम्)

छुप्तपत्रविनिमीलितक्षुपात् कच्छपस्य धृतचापलात् पलात् ।
त्वत्सखीषु सरटाच्छिरोधुतः स्वं भियोऽभिदधतीषु वैभवम् ॥१४३॥
त्वं मदीयविरहान्मया निजां भीतिमीरितवती रहः श्रुता ।
नोज्झितास्मि भवतीं तदित्ययं व्याहरद्वरमसत्यकातरः ॥ १४४ ॥

अथ युग्मेनाह, छुप्तेत्यादि । छुप्तेन स्पृष्टेन, स्पर्शमात्रेणेत्यर्थः । छुप्तेति क्वचित्पाठः । 'छुपस्पर्शे' अयं पकारान्तस्तौदादिकोऽनिटश्च । पत्रेषु पर्णेषु, यद्वा—छुप्तपत्रः स्पृष्टपर्ण एव, विनिमीलितः सङ्कुचितः, यः क्षुपः ह्रस्वशाखशिफक्षुद्रवृक्षविशेषः, लज्जालुसंज्ञकक्षुद्रशाखामूलविशिष्टवृक्ष इत्यर्थः, तस्मात् । 'ह्रस्वशाखशिफः क्षुपः' इत्यमरः । निरिन्द्रियस्यापि सेन्द्रियवत् व्यवहारदर्शनेन भीतिकोऽयमिति त्रासादिति भावः । तथा धृतचापलात् पुनः पुनः कृतसङ्कोचविस्ताररूपचाञ्चल्यात्, कच्छपस्य कमठस्य, पलात् मांसात्, शुण्डारूपादिति यावत् । अस्थिवत् कठिनपदार्थमध्यात् सहसा कोमलमांसनिःसरणप्रवेशयोः अन्यत्र कुत्राप्यदर्शनजनितत्रासादिति भावः । तथा शिरोधुतः शिरो मस्तकं धुनोति कम्पयतीति तादृशात् सदा चालितमस्तकात्, सरटात् कृकलासात्, तस्य आकारप्रकारयोरस्वाभाविकत्वदर्शनजनितभयादिति भावः । वाक्यत्रयेऽपि अहं बिभेमीति शेषः । त्वत्सखीषु तव सहचरीषु, रहो निर्जने, स्वं स्वकीयं, भियः भयस्य, वैभवं सम्पदम्, भयातिरेककारणमित्यर्थः । अभिदधतीषु वर्णयन्तीषु सतीषु, युष्माकं का कस्मात् बिभेषि ? इति परस्परालोचनायां तव सखीषु एकैका उक्तरूपं व्याहरन्तीषु सतीषु इत्यर्थः । त्वमिति । मदीयविरहात् मम विच्छेदात्, निजां स्वकीयाम्, भीतिं भयम्, ईरितवती उक्तवती, त्वं भवती, मया नलेन, श्रुता आकर्णिता, आर्यपुत्रविरहाशङ्का एव मां भापयति इति त्वदुक्तिः मया श्रुतेत्यर्थः । तत् तस्मात्, तव भयस्मरणादित्यर्थः । भवतीं त्वाम्, न उज्झितास्मि न त्यक्ष्यामि । उज्झतेः लुटि मिप् । अहमिति शेषः । असत्यकातरः अनृतभीतः, अयं नलः, इति इत्थम्, वरम् अपरित्यागरूपं वरम्, व्याहरत् अवोचत् । दमयन्तीं वरं ददौ इत्यर्थः ॥ १४३-१४४ ॥

(किसी समय एक साथ बैठकर विश्रम्भपूर्वक परस्पर बातचीत करती हुई सखियोंमें—से 'कौन किससे डरती है ?' ऐसा प्रश्न करनेपर) स्पर्शमात्रसे सङ्कुचित पत्तोंवाली छुईमुई (लजौनी) नामक क्षुप (औषधि-विशेष) से ('मैं डरती हूं' ऐसा किसीने कहा), स्वभावतः चञ्चल कच्छप-मांस (लम्बे डण्डेके समान मुख) से ('मैं डरती हूँ' ऐसा दूसरी सखीने कहा), शिरको कँपाते रहनेवाले गिरगिटसे ('मैं डरती हूँ' ऐसा तीसरी सखीने

कहा); इस तुम्हारे सखियोंके अपना-अपना भयकारण बतलानेपर मेरे (नलके) विरहसे अपना भय बतलाती हुई तुमको मैंने एकान्तमें (देवोंके दिये वर (१४।९१) के प्रभावसे अन्तर्धान होकर या-खम्बे आदिके आड़में छिपकर) सुना, 'सो मैं तुम्हें नहीं छोड़ूंगा' ऐसा वरदान असत्यकातर (असत्यसे डरनेवाले, अथवा—असती स्त्रियोंमें अकातर = निर्भय, किन्तु सती स्त्रियोंमें भययुक्त) नलने (दमयन्तीके लिए) दिया । [दमयन्तीके लिए ऐसा वरदान देकर भी भविष्यमें उसका त्याग करनेसे पालन नहीं होनेपर भी दैवाधीन कार्यके अवश्यम्भावी होनेके कारण नल असत्यभाषणके दोषी नहीं हुए ऐसा समझना चाहिये] ॥ १४३-१४४ ॥

सङ्गमय्य विरहेऽस्मि जीविका यैव वामथ रताय तत्क्षणम् ।
हन्त दत्थ इति रुष्टयाऽऽवयोर्निद्रयाऽद्य किमु नोपसद्यते ? ॥१४५॥

सङ्गमय्येति । या एव या अहं निद्रा, विरहे परिणयात् पूर्वं विच्छेददशायाम् , वां युवाम् , सङ्गमय्य मेळयित्वा, स्वप्नसङ्गतिसुखम् अनुभाव्येत्यर्थः । जीविका जीवितवती, युवयोर्जीवनरक्षाकारिणीत्यर्थः । अस्मि भवामि । अथ अनन्तरम् , परिणयात् परमित्यर्थः । तस्याः मम निद्राया एवेत्यर्थः, क्षणं समयम् , रात्रिरूपं कालमित्यर्थः । रताय सुरताय, दत्थः अर्पयथः, युवामिति शेषः । तस्मिन् समये युवां मां परित्यज्य सुरतं प्रपद्यथः इत्यर्थः । ददातेर्लटि थस् ; हन्त इति खेदे, इति अस्माद्धेतोः, किमु किम् , इत्युत्प्रेक्षा, रुष्टया क्रुद्धया, निद्रया स्वापेन, अद्य अस्यां रात्रौ, आवयोः तव मम च, न उपसद्यते ? न सन्निकृष्यते ? न समीपे आगम्यते ? इत्यर्थः । सीदतेर्भावे लट् । निद्रां लब्धुं चेष्टायां कृतायामपि तदलाभेन नलस्योक्तिरियम् ॥ १४५ ॥

जो मैं (निद्रा) विरहमें तुम दोनोंको (स्वप्नावस्थामें) मिलाकर जिलानेवाली बनी, इसके बाद (इस समय विवाह हो जानेपर स्वत एव मिलनेपर तुम दोनों) उसके (मेरी-निन्द्राके) समय अर्थात् रात्रिको सुरतके लिए दे रहे हो, मानो इस कारणसे रुष्ट हुई निद्रा आज पासमें नहीं आती है क्या ? । (पाठा०—तुम दोनों क्षणमात्र मुझे नहीं दे रहे हो, किन्तु रात्रिरूप सम्पूर्ण समय सुरतके लिए ही दे रहे हो……) । [नल तथा दमयन्तीने सारी रात्रिको कामकेलिमें ही व्यतीत किया, क्षणमात्र भी नहीं सोये, इसपर नलने दमयन्तीसे कहा कि—हे प्रिये ! विवाहके पहले विरहावस्थामें जब हम दोनों सोते थे तब स्वप्नावस्थामें परस्पर सङ्गति हो जाया करती थी, इस कारण निद्रा ही हम दोनोंके जीवनका उस समय कारण थी । किन्तु अब विवाह होनेपर स्वतः मिले हुए हम दोनों जो रात्रिका समय निद्राके लिए देना उचित था, उसे निद्राके लिए न देकर सुरतके लिए दे रहे हैं अर्थात् रात्रिमें थोड़ा भी नहीं सोकर पूरी रात सुरतक्रीड़ामें व्यतीत कर रहे हैं, इसी कारण प्रथमोपकार करनेवाली वह निद्रा हमलोगोंसे रुष्ट होकर हमलोगोंके पास नहीं आती है क्या ? । लोकमें भी प्रथम उपकार करनेवालेके उपकारको भूलकर यदि उपकृत व्यक्ति

उसके योग्य वस्तुको दूसरेके लिए देता है तो वह प्रथम उपकार करनेवाला व्यक्ति उपकृतसे रुष्ट होकर उसके पास तक नहीं जाता। नल तथा दमयन्तीने सम्पूर्ण रात्रिको कामक्रीड़ा करनेमें व्यतीत किया] ॥ १४५ ॥

ईदृशं निगदति प्रिये दृशौ सम्मदात् कियदियं न्यमीमिलत् ।[1]
प्रातरालपति कोकिले कलं जागरादिव निशः कुमुद्वती ॥ १४६ ॥

ईदृशमिति । प्रिये नले, सम्मदात् सन्तोषात्, यथेष्टसम्भोगसुखानुभवजनितानन्दादित्यर्थः । ईदृशम् ईदृक् वाक्यम्, निगदति कथयति सति, तथा प्रातः तदा निशावसानात् उषसि, कोकिले पिके, कलं मधुरास्फुटं यथा तथा, आलपति कूजति च सति, निशः रात्रेः सम्बन्धिनः, जागरात् जागरणात् हेतोः, कुमुदपक्षे—रात्रौ प्रस्फुटनात्, अन्यत्र—सुरतव्यापारेण निद्रापरिहारादित्यर्थः । कुमुद्वतीव कुमुदलतेव कुमुदमिवेत्यर्थः । इयं भैमी, कियत् किञ्चित्, दृशौ नेत्रे, न्यमीमिलत् निमीलितवती, 'भ्राजभास—' इत्यादिना विकल्पादुपधाह्रस्वः, 'दीर्घो लघोः' इत्यभ्यासदीर्घः ॥ १४६ ॥

इस (दमयन्ती) ने अत्यधिक हर्षसे प्रिय (नल) के इस प्रकार (१४।१३८–१४५) कहते रहनेपर तथा प्रातःकाल कोयलके मधुर बोलते रहनेपर रात्रिमें जगने (पक्षा०— विकसित रहने) से कुमुदिनीके समान नेत्रोंको कुछ बन्द कर लिया.[अथवा—इस दमयन्तीने प्रिय नलके इस प्रकार कहते रहनेपर और प्रातःकाल कोयलके मधुर बोलते रहनेपर सुरतजन्य अत्यधिक हर्ष अर्थात् श्रमसे…… । अथवा…इस दमयन्तीने प्रिय नलके इस प्रकार कहते रहनेपर प्रातःकालमें कोयलके मधुर बोलते रहनेपर रात्रिमें (विकसित रहनेके कारण) जागरण करनेसे कुमुदतीके समान नेत्रोंको अर्द्धनिमीलित कर लिया अर्थात् रातभर जागनेसे दमयन्ती कुछ-कुछ सोते समय नेत्रोंको बन्द किया तो वह रातभर विकसित रहकर प्रातःकाल बन्द होते समय कुछ सङ्कुचित पंखुड़ियोंवाली कुमुदिनीके समान सुन्दर जान पड़ती थी । इससे नलके स्वरका कोकिलके समान मधुर होना तथा दमयन्तीके नेत्रोंके पलकोंका कुमुदिनीके पंखड़ियोंके समान सुन्दर होना सूचित होता है]॥

मिश्रितोरु मिलिताधरं मिथः स्वप्नवीक्षितपरस्परक्रियम् ।
तौ ततोऽनु परिरम्भसम्पुटे पीडनां विदधतौ निदद्रतुः ॥ १४७ ॥

मिश्रितेति । ततः दमयन्त्याः दृङ्निमीलनात्, अनु पश्चात्, तौ भैमीनलौ, मिथः परस्परम्, मिश्रितौ संश्लिष्टौ, ऊरू द्वयोः सक्थिनी यस्मिन् तद्यथा तथा, मिलितौ स्पृष्टौ, अधरौ रदनच्छदौ यस्मिन् कर्मणि तत् यथा तथा, स्वप्ने वासनावशात् निद्राकालिकविषयानुभवे, वीक्षिताः दृष्टाः, परस्परक्रियाः अन्योऽन्यं चुम्बनादिव्यापारा यस्मिन् तत् यथा तथा च, परिरम्भसम्पुटे आलिङ्गनरूपपुटके, पीडनां

---

1. 'न्यमीलयत्' इति पाठान्तरम् ।

प्रगाढपेषणम् , विदधतौ कुर्वन्तौ सन्तौ, निदद्रतुः सुषुपतुः, निद्रासुखम् अनुबभूव-तुरित्यर्थः ॥ १४७ ॥

इस (दमयन्तीके अर्द्धनिमीलित नेत्र होने) के बाद वे दोनों (दमयन्ती तथा नल) परस्परमें एक दूसरेके उरुओंको सटाकर, अधरोंको मिलाकर (पूर्व वासनाके कारण) परस्पर की हुई रतिक्रीड़ाओंको स्वप्नमें देखते हुए तथा आलिङ्गनरूपी सम्पुटमें (एक दूसरेको) पीड़ित करते हुए (क्षीरनीरालिङ्गन करके) सो गये ॥ १४७ ॥

> तद्यातायातरंहश्छलकलितरतिश्रान्तिनिःश्वासधारा-
> जस्रव्यामिश्रभावस्फुटकथितमिथःप्राणभेदव्युदासम् ।
> बालावक्षोजपत्राङ्कुरकरिमकरीमुद्रितोर्वीन्द्रवक्ष-
> श्चिह्नाख्यातैकभावोभयहृदयमगाद् द्वन्द्वमानन्दनिद्राम् ॥ १४८ ॥

तदिति । यातायातानां निःसरणप्रवेशानाम् , रंहसः वेगस्य, छलेन व्याजेन, कलिता ज्ञापिता, रतिश्रान्तिः रमणक्लान्तिः, याभिः तादृशानां निःश्वासधाराणां निःश्वासपरम्पराणाम् , अजस्रव्यामिश्रभावेन अनवरतमेलनेन, स्फुटं व्यक्तम् , कथितः विज्ञपितः, मिथः परस्परम् , प्राणभेदस्य पृथक्प्राणवायुतायाः, व्युदासः अभावः यस्य तत् तादृशम् , माषराश्यादौ माषान्तरादिमिश्रणवत् निःश्वासवाते निःश्वासवातान्तरमिश्रणस्य भेदानुपलम्भात् अभिन्नत्वं युज्यते एव निःश्वासवायोरेव प्राणरूपत्वादिति भावः । तथा बालायाः षोडशवर्षीयायाः प्रियायाः, वक्षोजयोः कुचयोः, ये पत्राङ्कुराः कुङ्कुमादिना रचितक्षुद्रक्षुद्रतिलकविशेषाः, तेषु याः करिमकर्यः कस्तुरीप्रभृतिभिः रचिता हस्तिमकरीप्रभृतीनां मूर्त्तयः, ताभिः मुद्रितस्य चिह्नितस्य, उर्वीन्द्रवक्षसः पृथिवीपतिनलोरःस्थलस्य, चिह्नेन प्रगाढालिङ्गनेनाङ्कितकरिप्रभृतीनामाकृत्या, आख्यातः कथितः, एकभावः ऐक्यं ययोः ते तादृशी, उभये द्वे, हृदये वक्षःस्थले, ययोः तत् तादृक् एकविधचिह्नत्वात् सर्वथैव एकमिति भावः । वृत्तिविषये उभशब्दस्थाने उभयशब्दप्रयोगः इत्युक्तं प्राक् । तत् नलदमयन्तीरूपम् , द्वन्द्वं मिथुनम् , आनन्दनिद्रां सुखेन स्वापम् , अगात् अगच्छत् ॥ १४८ ॥

यातायात (बाहर निकलने तथा भीतर प्रवेश करने) के वेगके व्याजसे सुरतजन्य श्रमको बतलानेवाले निःश्वास-समूहके निरन्तर मिश्रण होनेसे (दमयन्तीके निःश्वासका निकलकर नलकी नासिकाके भीतर प्रविष्ट होनेसे एवं नलके निःश्वासका निकलकर दमयन्तीकी नासिकाके भीतर प्रविष्ट होनेसे—एकके निःश्वासका दूसरेके निःश्वासमें मिलनेसे) स्पष्ट रूपसे कहा गया है परस्परके प्राण-भेदका अभाव (पानीमें पानी तथा तिलमें तिल मिलानेपर जिस प्रकार भेदज्ञान नहीं होता, उसी प्रकार दोनोंके निःश्वासके मिलनेसे और उसी निःश्वासके प्राणवायुरूप होनेके कारण दोनोंके प्राणोंमें भेदाभाव जिसका ऐसा, तथा बाला (षोडशी दमयन्ती) के स्तनद्वयपर (कस्तूरी आदिसे बनाये ग

पत्राङ्कुरमें चिह्नित हाथी-मकरी आदिसे चिह्नित भूपति (नल) के वक्षःस्थलके चिह्नोंसे दोनों (नल तथा दमयन्ती) के हृदयद्वयकी एकताको बतलानेवाला वह द्वन्द्व (नल तथा दमयन्ती की जोड़ी) आनन्दनिद्राको प्राप्त किया अर्थात वे सो गये । [परस्पर गाढ़ालिङ्गन कर सोये हुए उन दोनोंका निःश्वास एक दूसरेकी नासिकामें प्रविष्ट होकर दोनोंके प्राणवायुमें अभेद होना सूचित करता था और दमयन्तीके स्तनोंपर कस्तूरी आदिके द्वारा बनाये गये हाथी-मकरिका आदिके चिह्न गाढ़ालिङ्गन करते समय नलके वक्षःस्थलपर भी लग गये, अत एव दोनोंका हृदय बाह्य वक्षःस्थल एवं अभ्यन्तर अन्तःकरणमें भी अभेद हो गया । इस प्रकारके वे दोनों सुरतश्रमसे थककर गाढ़ालिङ्गन करके सो गये]॥ १४८ ॥

श्रीहर्षं कविराजराजिमुकुटालङ्कारहीरः सुतं
श्रीहीरः सुषुवे जितेन्द्रियचयं मामल्लदेवी च यम् ।
यातोऽस्मिन् शिवशक्तिसिद्धिभगिनीसौभ्रात्रभव्ये महा-
काव्ये तस्य कृतौ नलीयचरिते सर्गोऽयमष्टादशः ॥ १४९ ॥

श्रीहर्षमित्यादि । शिवशक्तिसिद्धिः नाम काचित् स्वकृतिः, सा एव भगिनी उभयोरेव एककर्तृत्वात् स्वसा, तया सह सौभ्रात्रं सुभ्रातृत्वम् । युवादित्वादण्-प्रत्ययः । भ्राता च भगिनी च भ्रातरौ । 'भ्रातृभगिन्यौ भ्रातरौ' इत्यमरः । 'भ्रातृ-पुत्रौ स्वसृदुहितृभ्याम्' इत्येकशेषः । तेन सौभ्रात्रेण हेतुना, भव्ये शुभे, उत्कृष्टे इत्यर्थः । एककर्तृकत्वादित्थं निर्देशः । अष्टौ च दश च . अष्टादश । 'द्व्यष्टनः सङ्ख्या-यामबहुव्रीह्यशीत्योः' इत्यात्त्वम् । तेषां पूरणः अष्टादशः । 'तस्य पूरणे डट्' टिलो-पश्च । गतमन्यत् ॥ १४९ ॥

इति मल्लिनाथसूरिविरचिते 'जीवातु' समाख्यानेऽष्टादशः सर्गः समाप्तः ॥ १८ ॥

कवीश्वर-समूहके·····किया, उसके रचित 'शिवशक्तिसिद्धि' नामक ग्रन्थके (एक ग्रन्थकारकृत होनेसे) सहोदरत्वसे सुन्दर इस नलके चरित···यह अष्टादश सर्ग समाप्त हुआ । (शेष व्याख्याको चतुर्थसर्गके समान समझना चाहिये) ॥ १४९ ॥

यह 'मणिप्रभा' टीकामें 'नैषधचरित'का अष्टादश सर्ग समाप्त हुआ ॥ १८ ॥

ऊनविंशः सर्गः ।

निशि दशमितामालिङ्गन्त्यां विबोधविधित्सुभि-
र्निषधवसुधामीनाङ्कस्य प्रियाऽङ्कमुपेयुषः ।
श्रुतिमधुपदस्रग्वैदग्धीविभावितभाविक-
स्फुटरसभृशाभ्यक्ता वैतालिकैर्जगिरे गिरः ॥ १ ॥

अथ काव्ये प्रयोगवैचित्र्यस्यालङ्कारत्वादस्मिन् सर्गे तद्वैचित्र्यमाश्रित्य प्रभातवर्णनमारभते-निशीति । निशि निशायाम् । 'पद्दन्नोमास्-' इत्यादिना निशादेशः । दशमः वयोऽवस्थाविशेषः अस्याः अस्तीति दशमिर्ना वृद्धा 'वर्षीयान् दशमी ज्यायान्' इत्यमरः । 'वयसि पूरणात्' इति इनिः प्रत्ययः । तस्याः भावः तत्ता दशमिता वृद्धत्वं तां चरमावस्थामित्यर्थः । 'त्वतलोर्गुणवचनस्य' इति पुंवद्भावः । आलिङ्गन्त्यां स्पृशन्त्याम् , प्राप्नुवन्त्यामित्यर्थः । प्रभातप्रायायां सत्यामिति भावः । प्रियायाः दमयन्त्याः, अङ्कम् उत्सङ्गम् , उपेयुषः प्राप्तस्य, प्रियामालिङ्गय निद्रितस्येत्यर्थः । निषधवसुधामीनाङ्कस्य निषधदेशमन्मथस्य नलस्य, निबोधविधित्सुभिः जागरणं विधातुमिच्छुभिः । गम्यादिपाठात् द्वितीयासमासः । वैतालिकैः बोधकरैः, निद्राभञ्जकैः वन्दिभिरित्यर्थः । 'वैतालिका बोधकराः' इत्यमरः । श्रुतिमधुपदस्रजां श्रुतौ कर्णे, मधूनां मधुराणाम् , पदानां सुप्तिङन्तशब्दानाम् , या स्रक् माला, पङ्क्तिरित्यर्थः । तासां या वैदग्धी रचनाचातुर्यम् , कौशिक्यादिवृत्तिसम्पत्तिरिति यावत् । तया विभाविताः व्यञ्जिताः, भावाः स्थायिप्रभृतयः अस्य सन्तीति भाविकः रसबोधकविभावादिचतुर्विधभाववान् । 'अतः इनिठनौ' इति मत्वर्थीयष्ठन्प्रत्ययः । अत एव स्फुटः अभिव्यक्तः, संवेद्यतां प्राप्तः इत्यर्थः । रसः श्रृङ्गारादिरेव रसः स्नेहद्रवः, तेन भृशम् अत्यर्थम् , अभ्यक्ताः अक्तिताः, स्निग्धीकृता इत्यर्थः । रसभरिताः इति यावत् । गिरः वक्ष्यमाणगीतवाचः, जगिरे गीयन्ते स्म । गायतेः कर्मणि लिट् । अस्मिन् सर्गे हरिणी वृत्तम् ; 'रसयुगहयैर्न्सौ म्रौ स्लौ गो यदा हरिणी तदा' इति लक्षणात् ॥१॥

(इस सर्गमें प्रयोगवैचित्र्यका आश्रयकर ग्रन्थकार प्रभातवर्णन करते हैं—) रात्रिकी अन्तिमावस्था प्राप्त करने (समाप्तप्राय होने) पर प्रिया (दमयन्ती) के अङ्कको प्राप्त (कर सोए हुए) तथा निषध देशके कामदेव (नल) को जगानेके इच्छुक वैतालिकलोग कर्णप्रिय पदसमूहके चातुर्यसे व्यञ्जित (श्रृङ्गारादि) रसके प्रकाशित होनेसे अतिशय सिक्त अर्थात् सरस वचन गाने (कहने) लगे । [वैतालिकोंने नलको जगानेके लिए पद समूह कहना आरम्भ किया] ॥ १ ॥

जय जय महाराज ! प्राभातिकीं सुषमामिमां
सफलयतमां दानादक्ष्णोर्दरालसपक्ष्मणोः ।

प्रथमशकुनं शय्योत्थायं तवास्तु विदर्भजा
प्रियजनमुखाम्भोजात् तुङ्गं यदङ्ग ! न मङ्गलम् ॥ २ ॥

जय जयेति । हे महाराज ! नल ! जय जय 'अभीक्ष्णं सर्वोत्कर्षेण वर्त्तस्व । 'नित्यवीप्सयोः' इति द्विर्भावः । दरम् ईषत्, अलसानि तदाऽपि निद्रावेशसत्त्वात् निश्चेष्टानि, पक्ष्माणि नेत्रलोमानि ययोः तादृशयोः 'अल्पार्थे त्वव्ययं दरम्' इति यादवः । अक्ष्णोः चक्षुषोः, दानात् निक्षेपात्, दृष्टिप्रदानादित्यर्थः । इमां पुरोवर्त्तिनीम्, प्राभातिकीं प्रत्यूषकालिकीम्, सुषमां परमां शोभाम्, सफलयतमाम् अतिशयेन सफलय. नरपतिकर्तृकदर्शने शोभायाः सफलत्वात् । 'किमेत्तिङव्यय--' इति आमुप्रत्ययः । विदर्भजा वैदर्भी, शय्योत्थायं शय्यायाः सत्वरम् उत्थाय, 'अपादाने परीप्सायाम्' इति णमुल् । परीप्सा त्वरा । एतेन स्त्रियः प्रथमोत्थानं लभ्यते, 'चरमसपि शयित्वा पूर्वमेव प्रबुद्धा' इत्युक्तमाङ्गनालक्षणात् त्वत्तः पूर्वमेव शयनात् सत्वरमुत्थाय अवस्थिता इत्यर्थः । तव ते, प्रथमशकुनं प्राथमिकं मङ्गलजनकं दृश्यम्, अस्तु भवतु, सदा तस्यामेव प्रथमाक्षिपातात् इति भावः । कुत इत्यत आह-यत् यस्मात्, अङ्ग ! भोः ! प्रियजनस्य प्रीतिपात्रस्य, मुखाम्भोजात् वदनकमलात्, आननपद्मदर्शनादित्यर्थः । तुङ्गम् अधिकम्, मङ्गलं श्रेयः, न, अस्ति इति शेषः । इत्यर्थान्तरन्यासः ॥ २ ॥

हे महाराज (नल) ! विजयी होवो, विजयी होवो, इस प्रातःकालीन उत्कृष्ट शोभाको कुछ आलसयुक्त पलकोंवाले नेत्रोंके देनेसे (तत्काल निद्राभङ्ग होनेके कारण ईषत् आलसी पलकोंवाले नेत्रोंके द्वारा देखनेसे) कृतार्थ करो । विदर्भकुमारी (दमयन्ती) शय्यासे उठकर तुम्हारे लिए प्रथम माङ्गलिक वस्तु हो, क्योंकि हे अङ्ग (स्वामिन्) ! प्रियजनके मुखकमलके अतिरिक्त दूसरी कोई वस्तु श्रेष्ठ मङ्गल (करनेवाली) नहीं है । [आप उठकर प्रातःकालकी श्रेष्ठ शोभाको देखेंगे तो वह शोभा राजावलोकित होनेसे सफल हो जायेगी । तथा आपके उठनेके पूर्व ही दमयन्ती शय्यासे उठेगी, अतः आप उठते ही सर्वप्रथम प्रातःकाल माङ्गलिक वस्तुको देखनेका शास्त्रीय विधान होनेसे उसके मुखको देखकर उस विधानको पूरा करेंगे, क्योंकि प्रियजनके मुखका देखना सर्वश्रेष्ठ मङ्गल है] ॥ २ ॥

वरुणगृहिणीमाशामासादयन्तममुं रुची-
निचयसिचयांशांशभ्रंशक्रमेण निरंशुकम् ।
तुहिनमहसं पश्यन्तीव प्रसादमिषादसौ
निजमुखमिव स्मेरं धत्ते हरेर्महिषी हरित् ॥ ३ ॥

वरुणेति । असौ दृश्यमाना, हरेः इन्द्रस्य, महिषी साम्राज्ञीस्वरूपा, हरित् प्राची दिक्, काचित् राजपत्नी च, वरुणगृहिणीं वारुणीम्, आशां दिशम् प्रतीचीमित्यर्थः । काञ्चित् पुरुषान्तरपत्नीञ्च, आसादयन्तम् अस्तोन्मुखत्वात् आप्नुवन्तम्, सङ्गच्छ-

न्तमिति यावत्। सम्भोगार्थं गृह्णन्तमिति च, रुचीनिचयः प्रभासमूहः एव, 'कृदिकारात्-' इति ङीष्। सिचयः वसनम्, आच्छादकत्वसाधर्म्यादिति भावः। 'सिचयो वस्त्रवसनमंशुकम्' इति यादवः। तस्य अंशांशस्य किञ्चित् किञ्चिद्भागस्य, वीप्सायां द्विरुक्तिः। अंशक्रमेण उत्तरोत्तरं परित्यागेन, एकत्र-निशावसानात्, अन्यत्र-नग्नीभवनाय इति भावः। निर्नास्ति अंशुः किरणो यस्य तादृशं निरंशुकं निष्प्रभम्। शैषिकः कप्। निः नास्ति अंशुकं वस्त्रं यस्य तादृशं विवसनञ्च, अमुं पुरःस्थम्, तुहिनमहसं शीतकिरणं चन्द्रम्, कमपि पुरुषञ्च, पश्यन्ती अवलोकयन्ती इव, प्रसादमिषात् प्राभातिकवैशद्यच्छलात्, कौतुकजनितप्रसन्नताव्याजाच्च, निजमुखं स्वीयपुरोभागम् आननञ्च, स्मेरं सहासम्, धत्ते इव करोतीव। अत्र मिषशब्देन प्रसादरूपापह्नवेन पराङ्गनासक्तपुरुषदर्शनजन्मस्मितत्वोत्प्रेक्षणात् सापह्नवोत्प्रेक्षा ॥ ३ ॥

वरुणकी स्त्री अर्थात् पश्चिम दिशाको प्राप्त करते हुए तथा प्रकाशसमूहरूपी वस्त्रके एक-एक अंशके क्रमशः हटने (नष्ट होने) से किरणरहित (पक्षा०—वस्त्ररहित) चन्द्रमा (शीतस्पर्श-नायक) को देखती हुई यह इन्द्रकी पटरानी (पूर्व दिशा) प्रसन्नता (स्वच्छता पक्षा०—हर्ष) के व्याजसे अपने मुखको स्मितयुक्त कर रही है। [जिस प्रकार कोई नायक पहले किसी नायिकाका साथ करने से उन्नतिको प्राप्त करके बादमें दूसरी नायिकाका साथ करनेपर निष्प्रभ होता है तो उसे देखकर प्रथमा नायिका उसके दुष्कृत्यपर ईर्ष्यावश प्रसन्न होती हुई मुस्कुराती है, उसी प्रकार पहले सायङ्कालमें चन्द्रमा पूर्वदिशाका साथ करके उन्नतिको प्राप्त करनेके बाद प्रातःकालमें पश्चिम दिशाका साथ करनेपर प्रभारहित हो रहा है तो प्रथमसङ्गिनी पूर्वदिशा उक्तरूप चन्द्रमाको देखकर प्रसन्नचित्त होकर मानो मुस्कुरा रही है। प्रातःकालमें पश्चिम दिशाको जाकर चन्द्रमाका निष्प्रभ होनेसे तथा पूर्वदिशाको अरुणोदय होनेसे लालिमायुक्त एवं स्वच्छ होनेसे उक्त उत्प्रेक्षा कविने की है] ॥ ३ ॥

अमहतितरास्तादृक् तारा न लोचनगोचरा-
स्तरणिकिरणा द्यामञ्चन्ति क्रमादपरस्पराः।
कथयति परिश्रान्तिं रात्रीतमः सह युध्वनाम्
अयमपि दरिद्राणप्राणस्तमीदयितस्त्विषाम् ॥ ४ ॥

अमहतीति। अतिशयेन महत्यः महतितराः 'घरूपकल्प—' इत्यादिना ङ्यो ह्रस्वः, अनेन ह्रस्वविधानेन परत्वात् 'तसिलादिषु' इति प्राप्तपुंवद्भावप्रतिषेधः, ततो नञ्समासः। अमहतितराः सूक्ष्माः, ताराः अरुन्धत्यादयः तारकाः, तादृक् पूर्ववत्, रात्रौ इवेत्यर्थः। लोचनस्य, नयनस्य, गोचराः विषयाः, न, भवन्तीति शेषः। उत्तरोत्तरं सूर्यतेजोवर्द्धनादिति भावः। परे परे न भवन्तीति अपरस्पराः, सततक्रियाः, सततम् अविच्छेदेन प्रवृत्ता इति यावत्,

युगपदेव प्रसरणशीला इति भावः । 'अपरस्पराः क्रियासातत्ये' इति निपातनात् साधुः । तरणेः अर्कस्य, किरणाः मयूखाः, क्रमात् क्रमशः, द्याम् आकाशम्, अञ्चन्ति गच्छन्ति, व्याप्नुवन्तीत्यर्थः । दरिद्राणप्राणः क्षीणबलः । दरिद्रातेः कर्त्तरि ल्युट् । 'बलान्तर्मारुतोः प्राणः' इति यादवः । अयं परिदृश्यमानः, तमीदयितः निशापतिरपि, राज्याः निशायाः । 'कृदिकारात्—' इति वा ङीष् । तमांसि अन्धकाराः तैः सह युध्वनां युद्धं कुर्वतीनाम् । 'सहे च' इति क्वनिप् । 'वनो न हशः—' इति वक्तव्यात् 'वनो र च' इति ङीप् प्रत्ययो रश्च नास्ति । त्विषां भासाम्, स्वप्रभाणामित्यर्थः । परिश्रान्तिं क्लान्तिम्, कथयति ख्यापयति । प्रभातः सञ्जातः, अतः शयनं परित्यजेति भावः । समुच्चयोऽलङ्कारः ॥ ४ ॥

अतिशय लघु (ध्रुव, अरुन्धती आदि) अथवा—(पहले अधिक प्रकाशमान किन्तु समय) अतिक्षीण (स्वाती आर्द्रा आदि) ताराएँ रात्रिके समान दृष्टिगोचर नहीं होती हैं । परस्पर अहमहमिकासे निरन्तर प्रवृत्त सूर्यकिरणें आकाशमें व्याप्त हो रही हैं । क्षीणप्राण अर्थात् कान्तिहीन यह चन्द्रमा भी रात्रिके अन्धकारसे युद्ध करनेवाली अपनी कान्ति (किरणों) की परिश्रान्ति (अतिशय ग्लानि, पक्षा०—अतिशय थकावट) को कह रहा है अर्थात् अपनी प्रभाके साथ चन्द्रमा भी क्षीण हो रहा है । [प्रातःकाल हो गया, अत एव अब आप शय्या त्यागकर उठिये] ॥ ४ ॥

स्फुरति तिमिरस्तोमः पङ्कप्रपञ्च इवोच्चकैः
पुरुसितगरुच्चञ्चच्चञ्चूपुटस्फुटचुम्बितः ।
अपि मधुकरी कालिम्मन्या विराजति धूमल-
च्छविरिव रवेर्लाक्षालक्ष्मीं करैरभिपातुकैः ॥ ५ ॥

स्फुरतीति । तिमिरस्तोमः तमोराशिः, लाक्षालक्ष्मीम् अलक्तकशोभाम्, अभिपातुकैः अभिक्रामद्भिः, पराजेतुमिच्छुभिरित्यर्थः । लाक्षावर्णादपि अधिकारुणवर्णैरिति यावत् । उदीयमानसूर्यकिरणानां तद्वत् परिदृश्यमानत्वादिति भावः । 'लषपत—' इत्यादिना उकञ्, 'न लोक—' इत्यादिना षष्ठीप्रतिषेधात् कर्मणि द्वितीया । रवेः सूर्यस्य, करैः किरणैः, किरणसम्पातैरित्यर्थः । पुरु भूयिष्ठं यथा तथा, सितगरुतां श्वेतपक्षाणां हंसानाम्, 'हंसास्तु श्वेतगरुतः' इत्यमरः । चञ्चद्भिः चञ्चलैः, मृणालभक्षणार्थं कर्दमालोडनव्यग्रतयेति भावः । चञ्चूपुटैः अरुणवर्णैः त्रोटियुगलैः, स्फुटं स्पष्टम्, चुम्बितः स्पृष्टः, विलोडितः इत्यर्थः । पङ्कप्रपञ्चः कर्दमराशिः इव, उच्चकैः अत्यर्थं, स्फुरति दीप्यते इत्युपमा । तथा कालीम् आत्मानं मन्यते इति कालिम्मन्या अतिकृष्णा इत्यर्थः । वर्णे अर्थे 'जानपद—' इत्यादिना ङीप्, कालशब्दोपपदात् मन्यतेः 'आत्ममाने खश्च' इति खश् प्रत्ययः, 'खित्यनव्ययस्य' इति ह्रस्वः । 'अरुर्द्विषत्—' इत्यादिना मुमागमः । मधुकरी भृङ्गी अपि, लाक्षालक्ष्मीम् अभि-

पातुकैः रवेः करैः धूमलच्छविः कृष्णलोहितकान्तिः इव। 'धूम्रधूमलौ कृष्णलोहितौ' इत्यमरः। विराजति शोभते। [1]अत्र काश्या भृङ्ग्या रविकरलौहित्याद्युत्कृष्टगुणग्रहणे तद्‌गुणालङ्कारः, तदुत्थापिता धूमलत्वोत्प्रेक्षेति सङ्करः॥ ५॥

अन्धकार-समूह लाक्षाशोभा (महावरकी लालिमा) का अतिक्रमण करनेवाले अर्थात् महावरसे भी अधिक लाल सूर्य-किरणोंसे अनेक श्वेत पङ्खोंवाले हंसोंके (कीचड़से मृणाल-दण्डको खोदकर निकालनेके लिए) चञ्चल चन्चुपुटसे स्पष्टतः छुए जाते हुए पङ्क-समूहके समान शोभित होता है तथा अपनेको अधिक काली माननेवाली भ्रमरी अरुणतम सूर्यकिरणोंसे धूमिल (लालिमायुक्त कृष्णवर्ण) कान्तिके समान शोभती है। [अत्यन्त अरुण वर्णवाली सूर्य-किरणें पङ्क-समूहमें प्रविष्ट होती हुई ऐसी मालूम पड़ रही है, कि—श्वेत पङ्खोंवाले तथा लाल चोंचवाले अनेक हंसोंके चोंच मृणालदण्ड (बिस) के लिए अधिक पङ्कको खोदते हों। तथा वैसे अरुणतम सूर्य-किरणोंके स्पर्शसे अत्यधिक काली भ्रमरी भी धूमिल वर्णवाली हो रही है]॥ ५॥

रजनिवमथुप्रालेयाम्भःकणक्रमसम्भृतैः
कुशकिशलयस्याच्छैरग्रेशयैरुदविन्दुभिः।
सुषिरकुशलेनायःसूचीशिखाङ्कुरसङ्करं
किमपि गमितान्यन्तर्मुक्ताफलान्यनुमेनिरे॥ ६॥

रजनीति। रजनेः रात्रेः, हस्तिनीरूपाया इति भावः। वमथवः करशीकराः, शुण्डाग्रविच्छिन्नजलकणस्वरूपा इत्यर्थः। 'वमथुः करशीकरः' इत्यमरः। ये प्राले-याऽम्भसः हिमजलस्य, कणाः बिन्दवः, तैः क्रमेण क्रमशः, किञ्चित् किञ्चित् कृत्वेत्यर्थः। सम्भृतैः सञ्चितैः, किञ्चित् किञ्चित् कृत्वा सञ्चयात् स्थूलीभूतैरिति भावः। कुशकि-शलयस्य सूचीवत् सूक्ष्माग्रनवीनदर्भपत्राणामित्यर्थः। जातावेकवचनम्। अग्रे शेरते इति अग्रेशयाः तैः अग्रस्थैः। 'अधिकरणे शेतेः' इत्यच्। अच्छैः निर्मलैः, उद-बिन्दुभिः जलकणैः। कर्त्तृभिः। सुषिरे मुक्तादिषु छिद्रविधाने, कुशलेन निपुणेन, शिल्पिनेति शेषः। किमपि किञ्चित्, अन्तः मध्ये, अयसः लौहस्य, सूचीनां व्यधनी-नाम्, सीवनसाधनसूक्ष्माग्रशलाकाविशेषाणामित्यर्थः शिखाङ्कुरः शिखा अग्रभागः, स एव सूक्ष्मत्वादङ्कुरः, तैः सङ्करं सङ्गमम्, गमितानि प्रापितानि, मुक्ताफलानि मौक्तिकानि, अर्द्धविद्धानि मुक्ताफलानीत्यर्थः। अनुमेनिरे हीनतया बुबुधिरे, हीनी-कृतानीत्यर्थः। सूर्यकिरणसम्पर्केण अन्तरौज्ज्वल्यसाधर्म्यात् मुक्ताफलानि तिरस्कृ-तानीति भावः। इति सादृश्ये लक्षणा। अत्र दर्भाग्रोदबिन्दूनां वेधसूच्यग्रलग्नमुक्ता-

1. 'अत्र काश्या भृङ्ग्या रविकरैर्लौहित्याजीविकारात्तद्गतेन तदुत्थापिता......' इति 'जीवातुः' इति म० म० शिवदत्तशर्माणः। 2. '—न्यवमेनिरे' इतिपाठान्तरम्।

फलैरुपमा, प्रालेयाम्भःकणेषु वमथुत्वरूपणात् रजनेः करिणीत्वरूपसिद्धेरेकदेशविवर्त्तिरूपकम् इत्यनयोरङ्गाङ्गिभावात् संसृष्टिः ॥ ६ ॥

(करिणी-रूपिणी) रात्रिके वमथु (शुण्डादण्डके फुत्कारसे निकले हुए जलकण-रूपी ओसके जल-कणों) के क्रमशः (धीरे-धीरे) सञ्चित और कुशाओंके नये पत्तोंके अग्रभाग (नोक) पर स्थित जलबिन्दुओंने (मोतियोंके) छेदनेमें चतुर कारीगरके द्वारा कुछ भीतरमें लोहेकी सूईकी नोकपर रखे हुए मोतियोंको तुच्छ माना (पाठा०—तिरस्कृत कर दिया)। [प्रातःकालमें कुशाओंके पत्तोंके आगे स्थित ओसकी बूंदें छेद करनेमें कुशल कारीगरके द्वारा कुछ छेदे गये अत एव सूईकी नोकपर स्थित मोतियोंसे अधिक शोभ रही हैं] ॥ ६ ॥

रविरुचिऋचामोङ्कारेषु स्फुटामलबिन्दुतां
गमयितुममूरुच्चीयन्ते विहायसि तारकाः ।
स्वरविरचनायासामुच्चैरुदात्ततयाऽऽहृताः[1] ।
शिशिरमहसो बिम्बादस्मादसंशयमंशवः ॥ ७ ॥

रवीति । रवेः सूर्यस्य, रुचयः उदयकालीनकिरणाः एव, ऋचः पूर्वाह्णत्वात् ऋग्वेदमन्त्रविशेषाः तासाम्, 'ऋग्भिः पूर्वाह्णे दिवि देव ईयते' इत्यादि तन्मयत्वश्रुतेरिति भावः । ओङ्कारेषु आदौ उच्चार्यमाणप्रणवेषु, स्फुटाः व्यक्ताः, अमलाः स्वच्छाः, बिन्दवः उपरिस्थितबिन्द्वाकृतिवर्णाः, तेषां भावः तत्ता ताम्, गमयितुं प्रापयितुम्, ओङ्काराणामुपरिदेशे बिन्दून् संस्थापयितुमित्यर्थः । विहायसि आकाशे, अमूः परिदृश्यमानाः, तारकाः नक्षत्राणि, उच्चीयन्ते एकमेकं कृत्वा सङ्गृह्यन्ते, प्रभातालोकेन क्षुद्रीभूततया परिदृश्यमानत्वात् वृत्तत्वसाम्याच्चेति भावः । किञ्च, आसां ऋचाम्, उदात्ततया हृद्यतया, 'उच्चैरुदात्तः' इत्युक्तलक्षणस्वरविशेषतया च । 'उदात्तः स्वरभेदे स्यात् काव्यालङ्कारहृद्ययोः' इति विश्वः । उच्चैः अत्यन्तम्, स्वरविरचनाय उदात्ताख्यस्वरसम्पादनार्थम् । अस्मात् परिदृश्यमानात्, शिशिरमहसः शीतकिरणस्य चन्द्रस्य, बिम्बात् मण्डलात्, अंशवः किरणाः, असंशयं निश्चयम् । अभावार्थेऽव्ययीभावः । आहृताः संगृहीताः, केनापीति शेषः । अन्यथा चन्द्रांशवस्तारकाश्च क्व गताः ? इति भावः । असंशयमित्युत्प्रेक्षायाम् ॥ ७ ॥

सूर्य-किरणरूपी ऋचाओं (ऋग्वेद-मन्त्रों) के ओङ्कारों (मन्त्रोंके आदिमें अवश्योचार्य्यमाण 'ॐ' इस आकारवाले प्रणवों) में स्पष्टतः निर्मल (स्वरोच्चारणादिदोषरहित) बिन्दुत्वको प्राप्त करानेके लिये अर्थात 'ॐ' में बिन्दु लगानेके लिए इन ताराओंकी कोई एकत्रित (या-उपरिगत) कर रहा है और इन (ऋचाओं) के अत्यन्य ऊपर लेनेसे—

---

1. 'हृताः' इति 'वृता' इति च पाठान्तरम् ।

(पक्षा०—'उच्चैरुदात्तः' इति पाणिनीय सूत्र (१।२।२९) के अनुसार 'उदात्त' नामक स्वरविशेष बनानेके लिए) चन्द्रमाके इस विम्ब (मण्डल) से इन किरणोंको भी किसीने निश्चय ही ग्रहण कर लिया है । [ताराओंके अतिसूक्ष्म बिन्दुतुल्य होनेसे ॐकारके उपस्थित बिन्दु (अनुस्वार) बनानेके लिए ताराओंके तथा चन्द्रकिरणोंके सूक्ष्म रेखारूप होनेसे ऋचाओंके ऊपर उदात्त स्वरका चिह्न-विशेष लगानेके लिए चन्द्रकिरणोंके संग्रह करनेकी उत्प्रेक्षा की गयी है । उक्त कारणसे ही ताराएँ तथा चन्द्र-किरणें नहीं दृष्टिगोचर हो रही हैं] ॥ ७ ॥

व्रजति कुमुदे दृष्ट्वा मोहं दृशोरपिधायके
भवति च नले दूरं तारापतौ च हतौजसि ।
लघु रघुपतेर्जायां मायामयीमिव रावणिः
तिमिरचिकुरग्राहं रात्रिं हिनस्ति गभस्तिराट् ॥ ८ ॥

व्रजतीति । दृष्ट्वा विलोक्य, रात्रेर्नाशोपक्रमं सीतावधोपक्रमञ्च इति शेषः । कुमुदे कैरवे कपिविशेषे च । 'कुमुदं कैरवे रक्तपङ्कजे कुमुदः कपौ' इति विश्वः । मोहं सङ्कोचं मूर्च्छनञ्च, एकत्र—दिवा मुद्रणस्वभावात्, अन्यत्र-शोकादिति भावः । व्रजति गच्छति सति, तथा भवति त्वयि, नले च नैषधे च, दृशोः दर्शनयोः, दर्शनसाधनदृष्टिमण्डलयोरित्यर्थः । 'दृक् स्त्रियां दर्शने नेत्रे बुद्धौ च त्रिषु वीक्षके' इति मेदिनी । अपिधायके आच्छादके सति, तदाऽपि निद्रावेशापगमाद् निमीलिताक्षे सतीत्यर्थः । अन्यत्र-नले कपिविशेषे । 'नलः पोटगले राज्ञि पितृदेवे कपीश्वरे' इति विश्वः । दृशोः अपिधायके सीतावधोद्यमं द्रष्टुं सोढुञ्च, अशक्यत्वात् हस्ताभ्यां चक्षुषोराच्छादके, भवति सति, तथा तारापतौ चन्द्रे सुग्रीवे च । 'ऋक्षाक्षिमध्ययोस्तारा सुग्रीवगुरुयोषितोः' इति विश्वः । दूरम् अत्यन्तम्, हतौजसि निस्तेजस्के च सति, सूर्यतेजसा अभिभूतत्वात् सीतावधोद्यमस्य प्रतीकाराशक्यत्वाच्चेति भावः । रावणस्य अपत्यं रावणिः इन्द्रजित्, मायामयीं मायाकल्पितां रघुपतेः रामचन्द्रस्य, जायां भार्यां सीतामिव, कल्पान्तरीयमायासीतावधविवरणावलम्बनेन अत्र उपमासङ्गतिर्बोद्धव्या। गभस्तिराट् सूर्यः, रात्रिं रजनीम्, लघु क्षिप्रम्, तिमिराणि अन्धकारा एव, चिकुराः केशाः, सीतापक्षे-तिमिराणीव चिकुराः, तेषु गृहीत्वा तिमिरचिकुरग्राहम् । सप्तम्युपपदे 'समासत्तौ' इति णमुल्-भावः । हिनस्ति । विनाशयति ॥ ८ ॥

(मेघनादके द्वारा मायामयी सीताके वधका उपक्रम, पक्षा०—रात्रिकी समाप्तिका उपक्रम) देखकर कुमुद (रात्रिमें विकसित होनेवाला कमल, पक्षा०—'कुमुद'नामक वानर) मोह (सङ्कोच, पक्षा०—मूर्च्छा) को प्राप्त होते रहनेपर; आपके नेत्रोन्मीलन करते रहनेपर (पक्षा०—'नल' नामक वानरके (सीतावधोपक्रमरूप दारुण कर्मके असह्य होनेसे) नेत्रोंको ढक लेनेपर), चन्द्रमा (पक्षा०—'सुग्रीव' नामक वानराधिराज) के क्षीणबल (निस्तेज, पक्षा०—पराक्रमशून्य) होते रहनेपर जिस प्रकार रावणपुत्र (मेघनाद) ने

मायामयी सीताको अन्धकारतुल्य कृष्णवर्ण केशोंको पकड़कर मारा था, उसी प्रकार प्रभापति (सूर्य) रात्रिको अन्धकाररूपी केशोंको पकड़कर मार (नष्ट कर) रहा है। [कल्पभेदसे या-कविसमयापेक्षासे पहले सत्ययुगोत्पन्न नलकी अपेक्षा बादमें त्रेतायुगोत्पन्न सीताका वर्णन करना असङ्गत नहीं है। हे राजन्! रात्रि बीत गयी, कुमुद सङ्कुचित होने लगे, कमल निकलने लगे, चन्द्रमा प्रकाशहीन होने लगा; अत एव प्रभातकाल जानकर निद्रात्याग कीजिये]॥ ८॥

त्रिदशमिथुनक्रीडातल्पे विहायसि गाहते
निधुवनधुतस्रग्भागश्रीभरं ग्रहसङ्ग्रहः।
मृदुतरकराकारैस्तूलोत्करैरुदरम्भरिः
परिहरति नाखण्डो गण्डोपधानविधां विधुः॥ ९॥

त्रिदशेति। ग्रहसंग्रहः तारकात्मकशुक्रादिग्रहगणः, ग्रहशब्दस्य उपलक्षणत्वात्, रजन्याः पश्चिमयामे शुक्रताराया उदयदर्शनाच्चेति भावः। त्रिदशमिथुनानां देवद्वन्द्वानाम्, क्रीडातल्पे विहारशय्यास्वरूपे, विहायसि आकाशे, निधुवनेन सुरतेन, सुरतकालिकप्रबलसञ्चालनेनेत्यर्थः। धुतस्रग्भागानां धुतानाम् इतस्ततो विक्षिप्तानाम्, स्रग्भागानां पुष्पमालांशानाम्, मालातो विच्छिन्नानामेकैकपुष्पाणामित्यर्थः। निर्माल्यानामिति यावत्, श्रीभरमिव श्रीभरं शोभाऽतिरेकम् गाहते आश्रयति। किञ्च अखण्डः परिपूर्णमण्डलः, विधुः चन्द्रः, मृदुतरकराः अतिशयेन कोमलाः किरणा एव, आकाराः रूपाणि येषां तादृशैः, तूलोत्करैः तूलपटलैः, उदरम् अभ्यन्तरम् बिभर्त्ति पूरयतीति उदरम्भरिः पूरितमध्यः, व्याप्तोदरः सन् इत्यर्थः। 'फलेग्रहिरात्मम्भरिश्च' इति चकारात् सिद्धः। गण्डोपधानस्य कपोलोपबर्हस्य, गोलाकारकपोलविधानास्येत्यर्थः। 'उपधानन्तूपबर्हः' इत्यमरः। विधां प्रकारम्, तुल्यतामित्यर्थः। न परिहरति न त्यजति, गण्डोपधानत्वं भजते इत्यर्थः। उषागमेन क्षीणप्रभत्वादिति भावः। अत्र श्रियमिव श्रियं विधामिव विधामिति सादृश्याक्षेपात् उभयत्र निदर्शनोत्थानात् सजातीयसंसृष्टिः॥ ९॥

(शुक्र आदि) ग्रह-समूह देव-मिथुनकी क्रीडा-शय्यारूप आकाशमें (देव-मिथुनके) सुरतसे मर्दित मालाके पुष्पोंकी शोभाके समान शोभाको ग्रहण कर रहा है तथा पूर्णचन्द्रमा कोमलतर किरणोंके समान रूईकी राशिसे मध्यभागको पूर्ण करता हुआ (गोलाकार) गलतकिये (कपोलके नीचे रखी जानेवाली गोलाकार छोटी तकिया) के शोभाको नहीं छोड़ रहा है अर्थात् गलतकियेके समान शोभ रहा है। [जिस प्रकार शय्यापर मैथुन करनेसे मालाके टूटनेसे उसके फूल बिखरकर फैल जाते हैं, उसी प्रकार देवमिथुनके शय्यारूप आकाशमें यह शुक्रादि तारागण देवमिथुनके सुरतमें टूटी मालाके बिखरे हुए फूलोंके समान शोभता है तथा उस शय्यापर जिस प्रकार श्वेत रूईसे भरी हुई गोलाकर मर्दित

होनेसे कुछ कान्तिहीन एवं चिपटी गलतकिया रहती है, उसी प्रकार अखण्ड होनेसे गोलाकार, प्रभात होनेसे दूरतक नहीं फैलनेवाली अत एव केवल चन्द्रके मध्यभागमें स्थित किरणरूपी रूईसे पूर्णमध्यभागवाला चन्द्रमा उक्तरूप आकाशमें गलतकियेके समान शोभ रहा है। सुरतकालमें मर्दित मालाके फूल तथा गलतकियेने समान यह ग्रहसमूह तथा चन्द्रमा प्रातःकाल होनेसे क्षीणप्रभ हो रहे हैं, अतः अब प्रातःकाल हो गया जानकर आप निद्रा त्यागकर उठिये]॥ ९॥

दशशतचतुर्वेदीशाखाविवर्त्तनमूर्त्तयः
सविधमधुनाऽलङ्कुर्वन्ति ध्रुवं रविरश्मयः।
वदनकुहरेष्वध्येतॄणामयं तदुदञ्चति
श्रुतिपदमयस्तेषामेवप्रतिध्वनिरध्वनि ॥ १० ॥

दशेति। दश शतानि यासु ताः सहस्रसङ्ख्याः इत्यर्थः। ताश्च ताः चतुर्वेदीशाखाश्च इति। विशेषणसमासः, अन्यथोभयद्विगुप्राप्तौ 'बहु स्यादिति। वेदचतुष्टयस्य सहस्रसङ्ख्यकाः शाखा इत्यर्थः। तासां विवर्त्तनानि अतत्त्वतोऽन्यथाभावाः, परिवर्त्तनानीत्यर्थः। परिणतयः इति यावत्। मूर्त्तयः रूपाणि येषां ते तादृशाः तद्विवर्त्तनरूपाः सहस्रसङ्ख्यकोपनिषत्स्वरूपा इत्यर्थः। रवेः सूर्यस्य, रश्मयः सहस्रसङ्ख्यकाः किरणाः, अधुना सम्प्रति, अहर्मुखे इत्यर्थः। ध्रुवम् अजस्रम्, अविरतमित्यर्थः। 'ध्रुवं खेऽजस्रतर्कयोः' इति हैमः। सविधम् अस्मदादिसामीप्यम्, अलङ्कुर्वन्ति भूषयन्ति, समीपमागच्छन्ति इत्यर्थः। तत् तस्मात्, रविरश्मीनां समीपागमनादित्यर्थः। तेषां रश्मीनामेव, अयं श्रूयमाणः, श्रुतिपदमयः वेदाक्षरात्मकः, प्रतिध्वनिः प्रतिशब्दः, रविरश्मीनवलम्ब्य अत्रागतः सूर्यलोकीयवेदध्वनेः प्रतिशब्दः इत्यर्थः। अध्येतॄणाम् अत्रस्यवेदपाठकानां जनानाम्, वदनकुहरेषु मुखदरीषु, तथा 'अध्वनि शब्दगुणमये आकाशमार्गे न, उदञ्चति उद्गच्छति। 'ऋग्भिः पूर्वाह्णे दिवि देव ईयते' इत्यादि श्रुत्वा रविरश्मयः श्रुतिपदमया एव, सूर्यलोकवासिभिरपि इदानीं वेदा अधीयन्ते, "द्वितीये च तथा भागे वेदाभ्यासो विधीयते' इति दक्षवचनात् इदानीं मर्त्यानां वेदाध्येतॄणां मुखविवरेषु योऽयं ध्वनिरुद्गच्छति स पुनः सूर्यलोकवासिनां वेदाध्ययनस्य रविरश्मीनवलम्ब्य आगतः प्रतिध्वनिरिव प्रतिभातीति भावः॥ १०॥

सहस्रसङ्ख्यक चतुर्वेद-शाखाओंके अतात्त्विक विवर्तनरूप आकृतिवाली सूर्य-किरणें इस समय जिस कारण हमलोगोंके पास जा रही हैं, उस कारण (वेदको) पढ़नेवालोंके मुखरूपी कन्दरामें श्रुतियों (वेदों) के पदरूप प्रतिध्वनि आकाशमार्गमें फैल रही है। [चारों वेदोंकी आश्वलायन, तैत्तिरीय आदि एक सहस्र शाखाओंका अतात्त्विक विवर्तनरूप ही ये सूर्य-किरणें हैं, अत एव जिस प्रकार कोई दूरागत शब्द पर्वतगुहा आदिमें प्रतिध्वनित होकर आकाश-मार्गमें फैल जाता है, उसी प्रकार वेद पढ़नेवालोंके मुखरूपी गुहामें

अतात्त्विक विवर्तित वेदशाखाओंके सुप्तिङादिरूप पद-समूह ही सूर्य किरणरूप होकर प्रतिध्वनित हो रहे हैं । सूर्योदय हो गया, वेदपाठी वेदाध्यन करने लगे, अत एव निद्रा त्यागकर जागिये] ॥ १० ॥

नयति भगवानम्भोजस्यानिबन्धनबान्धवः
किमपि मघवत्प्रासादस्य प्रघाणमुपघ्नताम् ।
अपसरदरिध्वान्तप्रत्यग्वियत्पथमण्डली-
लगनफलदश्रान्तस्वर्णाचलभ्रमविभ्रमः ॥ ११ ॥

नयतीति । अम्भोजस्य पद्मस्य, अनिबन्धनबान्धवः निर्व्याजबन्धुः, भगवान् माहात्म्यवान्, सूर्यः इति शेषः । अपसरन्ति अपगच्छन्ति, पलायमानानीत्यथः । अरीणि विरोधीनि, ध्वान्तानि अन्धकाराः यस्यां तादृश्याम्, प्रत्यग्वियत्पथमण्डल्यां पश्चिमाकाशमार्गदेशे, लगनात् किरणसम्पर्केण संयोगात्, तथाविधभावेन ध्वान्तध्वंसनादित्यर्थः । फलन् सफलीभवन्, अश्रान्तस्वर्णाचलभ्रमः निरन्तरमेरुप्रदक्षिणीकरणमेव, विभ्रमः विलासः यस्य सः तादृशः सन्, किमपि कस्यापि हेतोः, मघवत्प्रासादस्य इन्द्रसौधस्य वैजयन्तस्य, प्रघाणम् अलिन्दम् । 'प्रघाणप्रघणालिन्दा बहिर्द्वारप्रकोष्ठके' इत्यमरः । 'अगारैकदेशे प्रघणः प्रघाणश्च' इति निपातः । उपघ्नताम् अन्तिकाश्रयताम्, 'स्यादुपघ्नोऽन्तिकाश्रये' इत्यमरः । नयति प्रापयति, प्रघाणसमीपमाश्रितवानित्यर्थः । यथा स्वर्णादिपूर्णकोषागारपरिरक्षणाय नियुक्तः कश्चित् रक्षिसैन्यः तदागारं परितः पुनः पुनः परिक्रमणं कुर्वन् तत्रैव गुप्तभावेनावस्थितं शत्रुपक्षीयं कमप्यनुसरन् तत्कोषागारप्राचीरावलम्बनेनावस्थाय तं दूरीकृत्य सफलप्रदक्षिणः सन् श्रान्तिपरिहाराय अलिन्दं प्र[illegible]ति तद्वदिति भावः । सूर्यः शत्रुमिव अन्धकारं निरस्य क्षणादुदयाद्रिमाश्रितः इति निष्कर्षः ॥ ११ ॥

कमलके निष्कारण बन्धु तथा भागते (नष्ट होते) हुए शत्रुरूप अन्धकारके पश्चिम दिशा-सम्बन्धी आकाशमार्गमें संसर्ग (पाठा०—अस्तङ्गत-नष्ट) होनेसे निरन्तर सुमेरु पर्वतके चारों ओर घूमनेवाले भगवान् (सूर्य) इन्द्रप्रासादके अलिन्द (पटडेहर) का आश्रयकर रहे हैं अर्थात् पूर्वदिशामें उदय ले रहे हैं । [जिस प्रकार स्वर्णादि धनराशिका रक्षक पहरेदार सर्वदा उसके चारों ओर चक्कर लगाता रहता है तथा उस धनराशिके एक भागमें छिपे हुए चोरका अनुसरण करता हुआ उसे मारकर श्रान्तिसे प्रवेशद्वारभागका आश्रय करता है, उसी प्रकार सुमेरुपर्वतरूप स्वर्णराशिका रक्षक अत एव उसकी चारों ओर घूमनेवाला सूर्य उस सुमेरुके पश्चिम भागमें पहुंचे हुए चोररूपी अन्धकारको भगाकर देवराज होनेसे देवोंके आवासभूत सुमेरुपर्वतके भी स्वामी पूर्व दिक्पति इन्द्रके 'वैजयन्त'

---

1. '—क्षयन' इति पाठान्तरम् ।

नामक प्रासादके प्रवेश-द्वारका आश्रय कर रहा है अर्थात् सूर्य-किरणें पूर्व दिशामें ऊपरकी ओर फैलने लगी हैं और सूर्य उदयाचलपर आगया है]॥ ११ ॥

नभसि महसां ध्वान्तध्वाङ्क्षप्रमापणपत्त्रिणा-
मिह विहरणैः श्यैनम्पातां रवेरवधारयन् ।
शशविशसनत्रासादाशामगाच्चरमां शशी
तदधिगमनात्तारापारावतैरुदडीयत ॥ १२ ॥

नभसीति । शशी चन्द्रः, ध्वान्तानाम् अन्धकाराणामेव, ध्वाङ्क्षाणां कृष्णवर्णसाम्यात् वायसानाम् । 'ध्वाङ्क्षात्मघोषपरभृद्बलिभुग्वायसा अपि' इत्यमरः । प्रमापणे मारणे, पत्त्रिणां श्येनानाम् , श्येनस्वरूपाणामित्यर्थः । 'अथ शशादनः पत्त्री श्येनः' इत्यमरः । पत्त्रिणां शराणामिति वा, बाणस्वरूपाणामित्यर्थः । 'कलम्बमार्गणशराः पत्त्री रोप इषुर्द्वयोः' इत्यमरः । महसां तेजसाम् , सूर्यकिरणानामित्यर्थः । इह नभसि आकाशे, विहरणैः परिक्रमणैः, रवेः सूर्यस्य, श्येनपातः अस्यां क्रियायां वर्त्तते इति श्यैनम्पाता मृगया ताम् । 'घञः साऽस्यां क्रियेति ञः' इति ञप्रत्ययः । 'श्येनतिलस्य पाते ञे' इति मुमागमः । 'श्यैनम्पाता च मृगया' इत्यमरः । अवधारयन् निश्चिन्वन् , इवेति शेषः । शशः स्वाङ्कस्थितमृगविशेषः, तस्य विशसनत्रासात् हिंसाभयात् , मारणभयादित्यर्थः । चरमां पश्चिमाम् , आशां दिशम् , अगात् अगमत्, पलायितवानित्यर्थः । तस्य श्यैनम्पातावृत्तान्तस्य, रवेः मृगयाव्यापारस्येत्यर्थः । अधिगमनात् ज्ञानात् , ताराभिः नक्षत्रैरेव, पारावतैः कपोताख्यपक्षिविशेषैः । 'पारावतः कलरवः कपोतः' इत्यमरः । उदडीयत उड्डीनम् , उड्डीय पलायितामित्यर्थः । भावे लङ् । रविकिरणा गगने प्रसरन्ति, शशाङ्कः पश्चिमां दिशं यातः, तारकाश्च अलक्ष्यतां गता इति निष्कर्षः । रूपकालङ्कारः ॥ १२ ॥

आकाशमें अन्धकारतुल्य (पक्षा०—अन्धकाररूप) कौवोंको मारने (पक्षा०—नष्ट करने) वाले ('श्येन'—बाज नामके) पक्षियों (पक्षा०—बाणों) के समान अर्थात् पक्षिरूप सूर्य-किरणोंके भ्रमण करनेसे इस पूर्वदिशा (या आकाश) में सूर्यके आखेटका निश्चय करता हुआ चन्द्रमा मानो (अपने अङ्कस्थ) शशकके भी मारे जानेके भयसे पश्चिम (अन्तिम अर्थात् बहुत दूर) दिशाको चला गया तथा उस (चन्द्रमाके भागने, या—सूर्यके आखेट करनेके समाचार) के मालूम होनेसे तारारूपी (पक्षा०—ताराके समान) कबूतर भी उड़ गये (पक्षा०—ऊपर चले गये अर्थात् अस्त हो गये) । [जिस प्रकार कोई शिकारी आकाशमें उड़ते हुए कौवोंको बाणोंसे मारकर शिकार करता है तो शशकवाला व्यक्ति भी अपने शशकके शिकारमें मारे जानेके भयसे वहाँसे बहुत दूर चला जाता है और कबूतर भी बहुत ऊंचा उड़कर आकाशमें छिप जाते हैं, उसी प्रकार सूर्य भी आकाशमें फैलती हुई अपनी किरणोंसे ऊपर फैले हुए अन्धकारको नष्ट करने लगा तो 'यह सूर्य अपने किरणोंसे कृष्णवर्ण-अन्धकार को नष्टकर उनका शिकार कर रहा है, अतः वह कदाचित् मेरे अङ्कमें स्थित

कृष्णवर्ण शशकको भी न नष्ट कर दे' इस भयसे चन्द्रमा पश्चिम दिशाको चला गया और तारायेंभी उस वृत्तान्तके मालूम होनेपर ऊपरकी ओर चली गयीं अर्थात् अस्त हो गयीं। आकाशमें सूर्यकिरण फैल रही है, कौवे तथा कबूतर उड़ रहे हैं, चन्द्रमा पश्चिम दिशामें अस्त हो रहा है तथा ताराएं भी अस्तङ्गत होनेसे अलक्ष्य हो गयी हैं] ॥ १२ ॥

भृशमबिभरुस्तारा हाराच्युता इव मौक्तिकाः
सुरसुरतक्रीडालूनाद् द्युसद्वियदङ्गणम् ।
बहुकरकृतात् प्रातः सम्मार्जनादधुना पुन-
र्निरुपधिनिजावस्थालक्ष्मीविलक्षणमीक्ष्यते ॥ १३ ॥

भृशमिति । तारा. तारकाः, सुराणां देवमिथुनानाम्, सुरतजया रमणोद्भूतया, क्रीडया परिमर्दरूपविहारेण, लूनात् छिन्नात्, हारात् मुक्तावलीतः, च्युताः विक्षिप्ताः, मुक्ताः इव मौक्तिकाः, ता इव मुक्ताफलानीव इत्युत्प्रेक्षा । स्वार्थे कप्रत्ययः, 'प्रत्ययस्थात् कात् पूर्वस्य—' इतीकारः। द्युसद्वियदङ्गणं द्युसदां देवानां नभोरूपं प्राङ्गणम्, भृशम् अत्यर्थम्, अबिभरुः अपूरयन्, रात्रौ परिपूरितवत्य इत्यर्थः । "डुभृञ् धारणपोषणयोः' इत्यस्य लङि रूपम्, 'लङः शाकटायनस्यैव' इति झेर्जुसादेशः । अधुना इदानीम्, प्रातः पुनः प्रभाते तु, बहुकरेण बहवः सहस्रसङ्ख्यकाः इत्यर्थः । कराः किरणा यस्य स बहुकरः सूर्यः, स एव बहुकरः खलपूसंज्ञकः सम्मार्जनकारी जातिविशेषः तेन, 'खलपूः स्यात् बहुकरः' इत्यमरः । कृतात् सम्पादितात्, सम्मार्जनात् शोधनात्, शोधन्या तारापसारणेन धूल्याद्यपसारणेन च परिष्करणादित्यर्थः । निरुपधेः निर्व्याजायाः, अकृत्रिमाया इत्यर्थः । 'कपटोऽस्त्री व्याजदम्भोपधयश्छद्मकैतवे' इत्यमरः । निजावस्थायाः आत्मस्वरूपस्य, लक्ष्म्याः नीलनिर्मलशोभायाः, विलक्षणं रात्रिकालिकावस्थातोऽन्यादृशं रूपम्, ईक्ष्यते एतत् वियदङ्गणं दृश्यते, खलपूपरिशुद्धिवत् बहुकरशुद्धमन्तरीक्षमपि पूर्वविलक्षणं लक्ष्यते इत्यर्थः, जनैरिति शेषः।

देवमिथुनों (पक्षा०—देव तुल्य ऐश्वर्यवान् राजा आदि) के सुरतजन्य क्रीडासे टूटे हुए हारसे गिरे हुए मोतियोंके समान ताराओंने देवताओंके आकाश-प्राङ्गणको परिपूर्णकर दिया अर्थात् आकाशरूपी आँगनमें बिखर पड़ीं—फैल गयीं । फिर इस समय बहुत किरणवाले (सूर्य, पक्षा०—झाड़ू देनेवाले लोगों) के द्वारा प्रातःकाल मार्जन (झाड़ू लगाकर साफ) करनेसे वह (आकाश-प्राङ्गण) स्वाभाविक अवस्थावाली शोभासे विलक्षण (अपूर्व) दृष्टिगोचर हो रहा है । [जिस प्रकार ऐश्वर्यवान् राजा आदिके सुरतक्रीडाओंमें टूटे हुए हारसे गिरे मोती आँगनमें फैल जाते हैं तो झाड़ू देनेवाला नौकर आदिके प्रातःकालमें झाड़ू देनेसे कूड़ा-कचरा साफ हो जानेसे वह आँगन अपूर्व-सा दीखने लगता है; उसी प्रकार देवमिथुनकी सुरत क्रीडाओंसे टूटे हुए हारसे गिरकर मोतीतुल्य तारागण

१. 'लूनाद्वियद्धि—' इति पाठान्तरम् ।

देवोंके आँगनरूपी आकाशमें रातको फैल गये थे, अब सूर्यरूपी झाड़ू लगानेवालेमें प्रातः-काल मानो झाड़ू लगाकर उन ताराओंको आकाशरूपी आँगनसे बहारकर फेंक दिया है, (दूर कर) दिया है, अत एव वह आकाशरूपी आँगन स्वाभाविक शोभाको धारण करनेसे अभूतपूर्व शोभाको धारणकर रहा है]॥ १३ ॥

प्रथममुपहृत्यार्घ्यं तारैरखण्डिततण्डुलै-
स्तिमिरपरिषद्दूर्वापर्वावलीशबलीकृतैः।
अथ रविरुचां ग्रासातिथ्यं नभः स्वविहारिभिः।
सृजति शिशिरक्षोदश्रेणीमयैरुदसक्तुभिः॥ १४॥

प्रथममिति। नभः आकाशम्। कर्तृ। तिमिरपरिषत् तमोवृन्दम्, सा एव दूर्वा-पर्वणां दूर्वाग्रन्थीनाम्, दूर्वादलानामित्यर्थः। आवली श्रेणी, श्यामवर्णत्वादिति भावः। तया शबलीकृतैः चित्रीकृतैः, मिश्रितैरित्यर्थः। तारैः नक्षत्रैरेव। 'नक्षत्रे नेत्र-मध्ये च तारा स्यात् तार इत्यपि' इति व्याडिः। अखण्डिततण्डुलैः निस्तुषाभग्न-शालिबीजैः, प्रथमम् आदौ, रविरुचां सूर्यकिरणानाम्, अर्घः पूजाविधिः, तस्मै इदम् अर्घ्यं पूजोपकरणमित्यर्थः। 'मूल्ये पूजाविधावर्घः' इति 'अर्घ्यमर्घार्थे' इति चामरः। उपहृत्य दत्त्वा, अथ अनन्तरम्, स्वविहारिभिः स्वस्मिन् नभसि सञ्चरणशीलैः, शिशिरक्षोदश्रेणीमयैः हिमशीकरपुञ्जरूपैः, उदसक्तुभिः जलालोडितभृष्टयवचूर्णैः। 'मन्थौदन—' इत्यादिना उदकशब्दस्योदादेशः। ग्रासातिथ्यं ग्रासरूपम् अतिथिस-त्कारम्, अतिथये इदम् इति 'अतिथेर्ञ्यः' इति ञ्यः। सृजति सम्पादयति, इवेति शेषः। समागताय अतिथये अर्घ्यदानानन्तरमन्नदानं हि गृहिणां रीतिः। रूपकालङ्कारः

आकाश अन्धकार-समूहरूपी दूर्वाकाण्ड-समूहोंसे श्यामवर्ण युक्त अर्थात् मिश्रित किये गये तारारूपी अक्षतोंसे पहले सूर्यकिरणोंके लिए अर्घ्य देकर बादमें हिम-कण समूहरूपी जल मिश्रित सत्तूओंसे भोजनदानरूप आतिथ्य कर रहा है। जिस प्रकार कोई सद्गृहस्थ अपने गृहपर आये हुए अतिथिके लिये पहले अक्षत तथा दूर्वायुक्त जलसे अर्घ्य देनेके बाद उसके लिए अपने घरमें सरलतासे प्राप्य जल मिलित सत्तू आदिसे भी उसे भोजन देकर अतिथि-सत्कार क्रियाको पूर्ण करता है, इसी प्रकार यह आकाश भी श्यामवर्ण होनेसे दूर्वातुल्य अन्धकारसे तथा श्वेतवर्ण होनेसे अखण्डित तण्डुल-कण (अक्षत) तुल्य ताराओंसे पहले सूर्य-किरणोंके लिए अर्घ्य देकर बादमें श्वेत हिमकणरूप जलयुक्त सत्तूसे उनका भोजनदानरूप अतिथि सत्कार कर रहा है]॥ १४ ॥

असुरहितमप्यादित्योत्थां विपत्तिमुपागतं
दितिसुतगुरुः प्राणैर्योक्तुं न किं कचवत् तमः।
पठति लुठतीं कण्ठे विद्यामयं मृतजीवनीं ?
यदि न वहते सन्ध्यामौनव्रतव्ययभीरुताम्॥ १५॥

असुरेति । दितिसुतानां दैत्यानाम् , गुरुः उपदेष्टा शुक्राचार्यः, असुरेभ्यः दैत्येभ्यः, हितमपि हितकरमपि, निशायामेव असुराणां बलवृद्धेरिति भावः । 'चतुर्थी तदर्थार्थ—' इत्यादिना समासः । अन्यत्र—असुभिः प्राणैः, रहितं विहीनम् , अचेतनमपीत्यर्थः । आदित्योत्थां सूर्योद्भूताम् ; कचपक्षे—देवोद्भूताम् , देवानामनुरोधेनैव कचस्य तत्रागमनात् तद्विपत्तेः तदुत्थत्वव्यपदेशः । विपत्तिं विनाशम् , उपागतं प्राप्तम् , तमः अन्धकारम् , कचवत् बृहस्पतिसुतं कचमिव, बृहस्पतिपुत्रः कचः देवताप्रेरितः सञ्जीवनीविद्यार्थं शुक्रमुपागतः, स दैत्यहतः पुनः शुक्रेणोज्जीवितः इति भारती कथा । प्राणैः असुभिः, योक्तुं सङ्घटयितुम् , कण्ठे गलमध्ये, लुठतीं परावर्त्तमानाम् , सदा तिष्ठन्तीमित्यर्थः । 'आच्छीनद्योर्नुम्' इति विकल्पान्नुमभावः । मृतजीवनीं मृतसञ्जीवनीम् , विद्यां ज्ञानम् , मन्त्रमिति यावत् , न पठति किम् ? न अधीते किम् ? अपि तु पठेदेव यदि, अयं शुक्रः, सन्ध्यामौनव्रतव्ययात् सन्ध्यायां प्रातः सन्ध्यायाम् , यत् मौनव्रतं वाक्संयमनियमः, तस्य व्ययात् भङ्गात् , भीरुतां भयशीलताम् , न वहते न धत्ते, अन्यथा कथमीदृक् विद्यावानपि पुरोवर्त्तिनं स्वशिष्यासुररहितकरान्धकारविनाशमुपेक्षते इति भावः ॥ १५ ॥

दैत्यगुरु (शुक्राचार्य) देवों (पक्षा०—सूर्य) से उत्पन्न विपत्ति (मरण, पक्षा०—विनाश) को प्राप्त (रात्रिचर होनेसे) असुरोंके हितकर (पक्षा०—प्राण-रहित) भी अन्धकारको 'कच' (नामक बृहस्पति-पुत्र) के समान प्राणोंसे युक्त करने अर्थात् जीवित करनेके लिए कण्ठमें लोटती हुई अर्थात् कण्ठस्थ (अतिशय अभ्यस्त) मृतसञ्जीवनी विद्याको क्या नहीं पढ़ते ? अर्थात् अवश्य ही पढ़ते, यदि प्रातः सन्ध्यामें गृहीत मौनव्रतके भङ्ग होनेसे नहीं डरते । [जिस प्रकार देवोंके कारण प्राप्त मृत्युवाले 'कच' को दैत्यगुरु शुक्राचार्यने मृतसञ्जीवनी विद्या पढ़कर जीवित कर दिया, उसी प्रकार सूर्यसे उत्पन्न नाशको प्राप्त किये हुए असुरहितकारी अन्धकारको वह शुक्राचार्य मृतसञ्जीवनी विद्या पढ़कर अवश्य जीवित कर देते, किन्तु वे प्रातःसन्ध्याका मौनव्रत लेनेके कारण उसके भङ्ग होनेपर दोष लगनेके भयसे वैसा नहीं करते हैं, अन्यथा वें सूर्यसे नष्ट हुए असुरों (स्वशिष्यों) के हितकारी अन्धकारको मृतसञ्जीवनी विद्या पढ़कर नामको अवश्यमेव जीवित कर देते] ॥ १५ ॥

पौराणिक कथा—देवासुरसंग्राममें मरते हुए देवपक्षको देखकर दैत्यगुरु शुक्राचार्यके पास उनसे मृतसञ्जीवनी विद्या पढ़नेके लिए बृहस्पतिपुत्र 'कच' को देवोंने भेजा तो उसके अभिप्रायको जानकर दैत्योंने उसे मार डाला, किन्तु दैत्यगुरु शुक्राचार्यने मृतसञ्जीवनी विद्यासे उस कचको पुनः जीवित कर दिया । यह महाभारतकी कथा है ।

उदयशिखरिप्रस्थान्यह्ना रणेऽत्र निशः क्षणे
दधति विहरत्पूषाण्युष्मद्रुताश्मजतुस्नवान् ।
उदयदरुणप्रह्वीभावादरादरुणानुजे
मिलति किमु तत्सङ्गाच्छङ्क्या नवेष्टकवेष्टना ? ॥ १६ ॥

उदयेति। अत्र अस्मिन्, क्षणे समये, अहर्मुखे इत्यर्थः। निशः निशायाः, अह्ना दिवसेन सह, रणे युद्धे, स्वाधिकारस्थापनाय युद्धे प्रारब्धे सतीत्यर्थः। विहरत्पूषाणि विहरन् सञ्चरन्, युद्धदर्शनकौतूहलेनेति भावः। पूषा सूर्यः यत्र तादृशानि सञ्चरत्सूर्याणि, उदयशिखरिप्रस्थानि उदयाद्रेः सानूनि। 'प्रस्थोऽस्त्री सानुमानयोः' इति यादवः। उष्मणा सूर्यस्यैव तेजसा, द्रुतानां विलीनानाम्, अश्मजतूनां शिलाजत्वाख्यधातुविशेषाणाम्, स्रवान् स्रावान्, प्रवाहानित्यर्थः। दधति धारयन्ति, रक्तप्रवाहानिवेति भावः। तेन च उदयतः उत्तिष्ठतः, अरुणस्य सूर्यसारथेः गरुडाग्रजस्य अनूरोः सम्बन्धे, प्रह्वीभावादरात् प्रणामकरणाग्रहात्, अरुणानुजे गरुडे, रक्तवर्णे इति भावः। मिलति सङ्गं प्राप्नुवति, अरुणाय नन्तुं समागच्छति सतीत्यर्थः। तत्सङ्गात् गरुडसम्पर्कात् हेतोः, नवाः प्रत्यग्राः, इष्टकाः रक्तवर्णदग्धमृत्खण्डविशेषाः यस्यां सा तादृशी, वेष्टना परिधिः, प्राकार इत्यर्थः। शङ्क्या शङ्कनीया, किमु? किम्? रक्तवर्णगरुडकान्तेः पर्वतसमन्तात् स्थितेरिति भावः। यदुक्तहेतुना गरुडः न सङ्गच्छेत तदा सुवर्णपत्त्यव्याप्तिरूपा उदयाद्रेः नवेष्टकावेष्टना कस्मादिति सम्भावनयोत्प्रेक्षा ॥ १६ ॥

उस समयमें रात्रिका दिनके साथ (अपने-अपने पक्षको दृढ़ करनेके लिए) युद्ध आरम्भ होनेपर (अथवा—रात्रिका दिन के साथ युद्धरूप इस समय अर्थात् प्रातःकालमें मानो युद्ध देखनेके कौतुकसे) विहारकर (घूम) रहे हैं सूर्य जिनमें ऐसे, उदयाचलके शिखर (सूर्य-किरणोंके स्पर्श उत्पन्न) गर्मीसे पिघलते हुए शिलाजीतके स्रावको धारण कर रहे हैं अर्थात् सूर्य-किरण संसर्गज सन्तापसे शिलाजीत (पक्षा०—युद्धमें आहत होनेसे रक्त) को बहा रहे हैं। तथा उदय होते (पक्षा०—आते हुए) अरुण (अपने बड़े भाई) के नमस्कार करनेके आदरसे गरुड (पक्षीराज, पक्षा०—गारुत्मणि) के मिलनेपर उसके संसर्गसे नये (भट्ठेसे तत्कालने निकालनेके कारण अरुणवर्ण) ईंटके घेरेकी शङ्का क्यों नहीं होती क्या? अर्थात् नई ईंटोंके घिरे हुए के समान वह अवश्यमेव जान पड़ता है। [सूर्यके आश्रित दिन-प्रकाशका रात्रिके साथ युद्ध होनेपर अपने आश्रितके युद्धपराक्रम को देखनेके लिए सूर्य युद्धस्थलमें पहुंचे तो उनके चारो तरफ नयी लाल-लाल सुवर्णमयी ईंटोका घेरा बना दिया गया है सेनानायक दिन तथा रात्रिके परस्पर युद्ध होनेपर उनके भटतुल्य उदयाचल-शिखर सूर्यसन्तापज उष्णतासे बहते हुए शिलाजीतरूप रक्तस्रावको धारण कर रहे हैं और विजयी दिनपक्षीय शिलाएँ गरुडमणिके सम्पर्कसे सुवर्णमय पट्टिकाओं से अलङ्कृत हो रही हैं ऐसा मालूम पड़ता है] ॥ १६ ॥

रविरथहयानश्वस्यन्ति ध्रुवं बडवा बल-
प्रतिबलबलावस्थायिन्यः समीक्ष्य समीपगान्।
निजपरिवृढं गाढप्रेमा रथाङ्गविहङ्गमी
स्मरशरपराधीनस्वान्ता वृषस्यति सम्प्रति ॥ १७ ॥

रवीति । बलप्रतिबलस्य बलाख्यासुरप्रतिपक्षस्य पूर्वदिगधिपतेरिन्द्रस्य, बलेषु सैन्येषु, अवतिष्ठन्ते वर्त्तन्ते इति तदवस्थायिन्यः, बडवाः तुरङ्ग्यः, पूर्वदिग्वर्त्तिन्य इति भावः। समीपगान् निकटस्थान्, रविरथहयान् सूर्यस्य स्यन्दनाकर्षिणः सप्त घोटकान्, समीक्ष्य विलोक्य, अश्वस्यन्ति कामयन्ते, मैथुनार्थमश्वमिच्छन्तीत्यर्थः, ध्रुवमित्युत्प्रेक्षायाम् । तथा गाढप्रेमा दृढानुरागा, अत एव स्मरशराणां कन्दर्पबाणानां पराधीनस्वान्ता परतन्त्रचित्ता, कामपीडितचित्ता इत्यर्थः । रथाङ्गविहङ्गमी चक्रवाकपक्षिणी । 'जातेरस्त्री—' इत्यादिना ङीप् । निजपरिवृढं स्वप्रभुम्, आत्मनः कान्तमित्यर्थः । सम्प्रति ऊषःकाले, वृषस्यति मैथुनाय कामयते इत्यर्थः । रात्रिवियोगिनोः चक्रवाकमिथुनयोः दिने एव मैथुनकरणादिति बोध्यम् । 'सुप आत्मनः क्यच्' इति क्यच् । 'अश्वक्षीरवृषलवणानामात्मप्रीतौ क्यचि' इत्यसुगागमः । 'अश्ववृषयोर्मैथुनेच्छायाम्' इति वक्तव्यादर्थनियमः ॥ १७ ॥

बलासुरके प्रतिपक्षी (इन्द्र) की (पूर्वादिशास्थित) सेनाकी घोड़ियां समीपसे जाते हुए सूर्यके रथके (सात) घोड़ोंको मैथुनार्थ मानो इच्छा कर रही हैं (अथवा—अवश्य ही इच्छा कर रही हैं । तथा इस समय (प्रातःकालमें) कामवाणोंसे पराधीन चित्तवाली एवं अधिक प्रेमवाली चक्रवाकी अपने स्वामी (चक्रवाक) को मैथुनार्थ चाह रही है । अथवा—इस समय (प्रातःकालमें) कामवाणोंसे पराधीन चित्तवाली एवं अधिक प्रेम करनेवाली बलारि (इन्द्र) की सेनामें रहनेवाली घोड़ियां अपने स्वामी समीपगामी सूर्यरथके सात घोड़ोंको मैथुनार्थ चाह रही हैं तथा कामवाणोंसे पराधीन चित्तवाली एवं अधिक प्रेम करानेवाली चक्रवाकी समीपगामी अपने स्वामी (चक्रवाक) को मैथुनार्थ चाह रही है) । [इस अर्थमें 'निजपरिवृढम्' पदको विभक्ति-विपरिणामकर बहुवचनान्त 'समीपगान्' पदको विभक्तिविपरिणामकर एकवचनान्त करके बड़वा तथा चक्रवाकी दोनो पक्षोंका विशेषण मानना चाहिये । 'गाढप्रेमा' पद 'डाबुभाभ्यां—' सूत्रसे विकल्प डाप् करनेसे तथा 'स्मर⋯स्वान्ता' पद टाबन्त करनेसे बहुवचनान्त तथा एकवचनान्त दोनों हैं, इसके बहुवचनान्तपक्षमें विसर्गलोप तथा आबन्त होनेसे सुलोपमात्र करनेसे उसको चक्रवाकी तथा वडवा—दोनोंके विशेषण मानना चाहिये] ॥ १७ ॥

निशि निरशनाः क्षीरस्यन्तः क्षुधाऽश्वकिशोरका
मधुंरमधुरं ह्रेषन्त्येते[1] विलोलितबालधि ।
तुरगसमजः स्थानोत्थायं क्वणन्मणिमन्थभू-[2]
धरभवशिलालेहायेहाचणो लवणस्यति ॥ १८ ॥

निशीति । हे महाराज ! निशि रात्रौ, निरशनाः निराहाराः, मातुः सकाशात् दूरे

---

१. 'ह्रेषन्ते ते' इति 'प्रकाश' सम्मतः पाठः ।

२. 'क्वणन्मणि मन्थभू—' इति व्यस्तपदं पाठान्तरम् ।

अवस्थापनादिति भावः। अत एव क्षुधा क्षुधया, क्षीरस्यन्तः क्षीरम् आत्मनः भृशमिच्छन्तः, दुग्धं पिपासतः इत्यर्थः। एते हेषाध्वनिना अनुमितसमीपावस्थाना इत्यर्थः। अश्वकिशोरकाः घोटकबालकाः। 'बालः किशोरः' इत्यमरः। विलोलितबालधि सञ्चालितपुच्छं यथा तथा, मधुरमधुरम् अतिशयेन मनोहरम्, हेषन्ति स्वनन्ति। किञ्च मणिमन्थभूधरः सैन्धवाचलः।'सैन्धवोऽस्त्री शीतशिवं माणिमन्थञ्च सिन्धुजे' इत्यमरः। तद्भावानां तज्जानाम्, शिलानां लवणोपलविशेषाणाम्, लेहाय आस्वादाय, ईहाचणः चेष्टया वित्तः, लवणलोलुपत्वेन ख्यात इत्यर्थः। 'तेन वित्तश्चुञ्चुप्चणपौ' इति चणप्प्रत्ययः। तुरगाणां घोटकानाम्, समजः समूहः। 'पशूनां समजः' इत्यमरः। 'समुदोरजः पशुषु' इत्यप्प्रत्ययः। क्वणन् शब्दायमानः, हेषाध्वनिं कुर्वन् इत्यर्थः। 'क्वणन्मणि मन्थभू' इति व्यस्तपाठे—मन्थभूदरः रविपर्वतः, उदयाचल इत्यर्थः। 'मन्थो रवौ मथि। साक्तवे नेत्ररोगे च' इति हैमः। तद्भवशिलालेहाय ईहाचणः तुरगसमजः, क्वणन्तः शब्दायमानाः, मणयः क्षुद्रघण्टिकासमूहा यस्मिन् तत् यथा तथा क्वणत्किङ्किणीकं यथा तथा इत्यर्थः। स्थानोत्थायं स्थानात् निजशयनप्रदेशात्, उत्थाय उद्गत्य। 'अपादाने परीप्सायाम्' इति णमुल्। लवणस्यति लवणम् आत्मनः भृशमिच्छति, लवणं भोक्तुमिच्छतीत्यर्थः। 'अश्वक्षीर—' इत्यादिना 'क्षीरलवणयोर्लालसायाम्' इत्यर्थनियमेऽसुगागमः। लालसा तृष्णातिरेकः॥ १८॥

रात्रिमें (मातासे पृथक् बंधे रहनेसे) निराहार एवं भूखसे दूध पीनेकी अधिक इच्छा करते हुए ये घोड़ों के बछड़े पूछको हिलाते हुए अतिशय मधुर हिनहिना रहे हैं तथा शयनस्थानसे शीघ्र उठकर हिनहिनाता हुआ एवं सैन्धव पर्वतकी शिला (चट्टानों—सैंधानमकके बड़े-बड़े टुकड़ों) के चाटनेकी इच्छासे युक्त (पाठा०—शयनस्थानसे तत्काल उठकर उदयाचलकी शिलाको चाटनेकी इच्छासे युक्त तथा गलेमें पड़े हुए मणियों की घुघुरुओंको बार-बार बजाता हुआ) अश्वसमूह नमक चाहता है। (घोड़ोंके छोटे बच्चे दूध पीना तथा उठकर नमक चाटना चाहते हैं]॥ १८॥

उडुपरिषदः किं नार्हत्त्वं? निशः किमु नौचिती?
पतिरिह न यत् ताभ्यां दृष्टो गणेयरुचीगणः।
स्फुटमुडुपतेराश्मं वक्षः स्फुरन्मलिनाश्मनश्छवि यदनयोर्विच्छेदेऽपि मृतं बत न द्रुतम्॥ १९॥

उडिवति। उडुपरिषदः तारागणस्य, अर्हतः भावः अर्हत्त्वं पूज्यत्वम्, प्रशंसनीयत्वमित्यर्थः। प्रागेवास्तगमनस्येति भावः। न किम्? अपि तु अर्हत्त्वमेव। 'अर्हत्वम्' इति पाठे-अर्हत्त्वम् औचित्यम्, न किम्? अपि तु औचित्यमेवेत्यर्थः। 'आर्हन्ती'

१. 'नार्हत्वम्' इति, 'नार्हन्ती' इति च पाठान्तरम्। २. 'द्रुतम्' इति पाठान्तरम्।

इति पाठे । 'अर्हः प्रशंसायाम्' इति शतरि, अर्हतो भाव इति ब्राह्मणादित्वात् ष्यञ्-प्रत्यये 'अर्हतो नुम् च' इति नुमागमः, 'ष्यञः षित्करणादीकारो बहुलम्' इति वामनः । 'यस्य हलः' इति यकारलोपः । एतेन औचिती व्याख्याता । नुमभावस्तु विशेषः । निशः रात्रेरपि, न औचिती न औचित्यम्, किमु ? अपि तु उचितमेव, प्रागेवापगमनमिति भावः । अर्हत्वमेवौचित्यमेव चाह,—यत् यस्मात्, इह अस्मिन् समये, प्रभातकाले इत्यर्थः । गणेयरुचीगणः परिगणनीयकान्तिचयः, अतिशयेन परिक्षीणकिरणः इत्यर्थः । 'गणेरेयः' इत्यौणादिकण्यप्रत्ययः । पति चन्द्रः, ताभ्याम् उडुपरिषन्निशाभ्यां, न दृष्टः न अवलोकितः । 'धन्यास्तात ! न पश्यन्ति पतिभङ्गं कुलक्षयम्' इति स्मृतेः स्त्रीणां पत्युः क्षीणावस्थाया ईक्षणस्य अधन्यत्वसूचकत्वादिति भावः । किञ्च, अश्मनः इयम् आश्मनी, 'तस्येदम्' इत्यण्, सम्बन्धे अणि विकाराभावात् 'अश्मनो विकारे टिलोपो वक्तव्यः' इति टिलोपाभावः । स्फुरन्ती शशाङ्कतया कृष्णवर्णत्वेन प्रकाशमाना, मलिना कृष्णवर्णा, आश्मनी पाषाणमयी, पाषाणवत् कठिनेत्यर्थः । छविः कान्तिः यस्य तत् स्फुरन्मिलनाश्मनच्छवि कृष्णवर्णप्रस्तरसदृशम्, उडुपतेः ताराकान्तस्य, वक्षः हृदयम्, अश्मनो विकारः आश्मं पाषाणमयम्, प्रस्तरवत् दुर्भेद्यमिति भावः । विकारार्थेऽण्प्रत्ययः । 'अश्मनो विकारे टिलोपो वक्तव्यः' इति टिलोपः । स्फुटं सत्यम् । कुतः ? यत् यस्मात्, अनयोः स्वकान्तयोः उडुपरिषन्निशयोः, विच्छेदे वियोगेऽपि, प्रागेवापगमनादिति भावः । द्रुतं शीघ्रम्, न स्रुतं न विदीर्णं जातम् बत इति खेदे । अनयोर्वियोगेन उडुपतेः वक्षोविदारणेन मरणस्यैवौचित्यादिति भावः ॥ १९ ॥

तारासमूहका पूज्यत्व (पाठा०—औचित्य) नहीं है क्या ? तथा रात्रिका औचित्य नहीं है क्या ? कि उन दोनों (तारासमूह तथा रात्रि) ने गिनने योग्य अर्थात् अत्यल्प किरण-समूहवाले (क्षीणकिरण) पति (चन्द्रमा) को नहीं देखा (पतिरूप चन्द्रके विनाश देखनेके पहले ही नष्ट होनेवाले तारासमूह तथा रात्रिका नष्ट हो जाना अत्यन्त उचित है । किन्तु) स्फुरित होते हुए मलिन (कृष्णवर्ण) पत्थरके समान कान्तिवाला तारापति (चन्द्रमा) का वक्षःस्थल अवश्य ही पत्थरका (या—मानो पत्थरसे) बना है, क्योंकि (अथवा—जो = हृदय) इन दोनों (तारासमूह तथा रात्रि) के वियोग होने पर भी शीघ्र नष्ट नहीं हुआ (पाठा०—पिघल गया) । [अत एव चन्द्रमाके ऐसा कार्य अनुचित हुआ । तारागण नष्ट हो गये, रात्रि बीत गयी तथा चन्द्र भी क्षीणप्रभ हो गया ।] ॥ १९ ॥

अरुणकिरणे वह्नौ लाजानुडूनि जुहोति या
परिणयति तां सन्ध्यामेतामवैमि मणिर्दिवः ।
इयमिव स एवाग्निभ्रान्तिं करोति पुरा यतः
करमपि न कस्तस्यैवोत्कः सकौतुकमीक्षितुम् ? ॥ २० ॥

अरुणेति । या प्रातःसन्ध्या, अरुणस्य सूर्यसारथेः अनूरोः, किरणे रश्मौ एव, वह्नौ अनले, आरक्तवर्णत्वसाम्यादिति भावः । उडूनि नक्षत्राणि एव, लाजान् भृष्टधान्यकृतान्, अक्षतान्, जुहोति आहुतिदानेनेव अदर्शनं नयतीत्यर्थः । आहुतिं ददाति च । प्रभातालोकेन नक्षत्राणां क्षीणत्वशुभ्रत्वादिरूपेण प्रतीयमानत्वात् लाजसाम्यत्वं बोध्यमिति । ताम् उक्तरूपाम्, एतां परिदृश्यमानाम्, सन्ध्यां प्रातःसन्ध्यारूपां वधूम्, दिवः आकाशस्य, मणिः रत्नम्, सूर्यः इति यावत् । वरः इति भावः । परिणयति परि सर्वतोभावेन, नयति प्रापयति, उपस्थापयतीत्यर्थः । उपयच्छते च, इति अवैमि जानामि । वाक्यार्थः कर्म । इत्युत्प्रेक्षे इत्यर्थः । कथमवैषीत्यपेक्षायामाह—यतः यस्मात् हेतोः, इयं सन्ध्यावधूरिव, सोऽपि स वरः सूर्योऽपि, पुरा पूर्वम्, आगामिनि काले च । 'स्यात् प्रबन्धे चिरातीते निकटागामिके पुरा' इत्यमरः । तत्र सन्ध्या पूर्वं सूर्यश्च आगामिनि काले इत्याशयः । अग्निभ्रान्तिम् आरुण्यात् आत्मनि अग्निविभ्रमं लाजहोमानन्तरम् अग्निप्रदक्षिणरूपं भ्रमणञ्च, करोति चकार करिष्यति च । 'यावत्पुरानिपातयोर्लट्' । एकत्र—सन्ध्यायाः सूर्यस्य च उभयोरेव अग्निवर्णत्वात् उभावेव आत्मनि तद्भ्रमं कुरुतः अन्यत्र च—अग्रे वधूः तत्पृष्ठतो वरश्च अग्निप्रदक्षिणं करोतीति परिणयविधौ दृश्यते इत्याशयः। एवञ्च क एव को वा जनः, सकौतुकं सकौतूहलं यथा तथा, ससूत्रञ्च । 'कौतुकं विषयाभोगे हस्तसूत्रे कुतूहले' इति यादवः । तस्य परिणेतुः द्युमणेः, करम् अंशुं हस्तञ्च । 'बलिहस्तांशवः कराः' इत्यमरः । ईक्षितुं द्रष्टुम्, न एव उत्कः ? नैव उत्सुकः ? एकत्र—अरुणोदयकालिकहोमादिनित्यकर्मानुष्ठानार्थम्, अन्यत्र—चित्तविनोदनार्थञ्चेति भावः । भवतीति शेषः । अपि तु सर्वोऽपि उत्सुका एव भवन्तीत्यर्थः । अरुणोदयः जातः, तारकाश्च अरुणप्रभायां लीनाः सत्यः न दृश्यन्ते, सन्ध्यासमयश्च समागतः, इदानीं सूर्य उदेष्यति इति निष्कर्षः ॥ २० ॥

जो (प्रातःसन्ध्यारूपिणी वधू) अरुणके किरणरूपी (पक्षा०—अरुणवर्ण ज्वालाओंवाली) अग्निमें तारारूपी लाजाओं (धानकी खीलों) को हवन करती (पक्षा०—पहुंचाकर जलाती—नष्ट करती) है, ऐसी उस प्रातःसन्ध्या (रूपिणी वधू) को आकाशमणि (सूर्य, पक्षा०—सूर्यरूपी श्रेष्ठ वर) अभ्युन्नत (पक्षा०—विवाहित) कर रहा है, क्योंकि इस (प्रातःसन्ध्यारूपिणी वधू) के समान वह सूर्य भी पहले (पक्षा०—आगामी समयमें) अग्नकी भ्रान्ति (भ्रम, पक्षा०—प्रदक्षिणा) को करेगा तथा किया तथा उस (सूर्य) के किरणको (प्रातःकालका सूर्यार्घ्य देते समय) ऊपर जल किया हुआ कौन व्यक्ति कौतूहलपूर्वक नहीं देखेगा ? (पक्षा०—उस (सूर्यरूपी वर) के विवाहके कङ्कणसूत्र युक्त हाथको कौन व्यक्ति उत्कण्ठित होकर नहीं देखेगा ?) । [जिस प्रकार वधू अरुणवर्ण ज्वालाओंवाली अग्निमें लाजाहुती करती है, उससे श्रेष्ठ वर विवाह करता है, वह वधू आगे-आगे तथा वर पीछे-पीछे अग्निकी चारों ओर प्रदक्षिणा करते हुए भ्रमण करते हैं और कौतूहलपूर्वक सव-

लोग उस वरके विवाहकालके कङ्कण बंधे हुए हाथको देखते हैं, उसी प्रकार प्रकृतमें प्रातः-सन्ध्यारूपिणी वधू अरुणकिरणरूपी अग्निमें नक्षत्ररूप लाजाका हवन करती है, सूर्यरूपी श्रेष्ठ वर उसको परिणीत (विवाहित) कर रहा है, पहले प्रातः सन्ध्या तथा बादमें सूर्यने अरुण-वर्ण होनेसे लोगोंमें अग्निका भ्रम उत्पन्न कर दिये हैं तथा फिर करेंगे (पक्षा०—पहले अरुणवर्ण वधू तथा बादमें अरुणवर्ण ही वर अग्निकी प्रदक्षिणा किये गये तथा करेंगे) और यह अर्घ्य देनेवाले हाथमें ऊपरकी ओर जल लिये, सूर्य-किरणों को देखते हैं (पक्षा०— वैवाहिक मङ्गलसूत्रसे युक्त वरके हाथको लोग देखते हैं) यहांपर अरुणमें अग्नि, ताराओंमें लाजा, प्रातःसन्ध्यामें वधू, सूर्यमें वरका आरोप किया गया है । अरुणोदय हो गया, ताराऐं अरुणकी प्रभामें विलीन होनेसे नहीं दीखतीं, प्रातःसन्ध्याका समय आ गया और अब सूर्योदय भी होनेवाला है] ॥ २० ॥

रतिरतिपतिद्वैतश्रीकौ ! धुरं बिभृमस्तमां
प्रियवचसि यन्नग्नाचार्या वदामतमां ततः ।
अपि विरचितो विघ्नः पुण्यद्रुहः खलु नर्मणः
परुषमरुषे नैकस्यै वा मुदेतु मुदेऽपि तत् ॥ २१ ॥

रतीति । रतिरतिपत्योः कामाङ्गनाकामदेवयोः, द्वैतं द्वितीयत्वं यत्र सा तादृशी, श्रीः सौन्दर्यं ययोः तादृशौ हे द्वितीयौ रतिकामौ ! हे तादृशौ भैमीनलौ ! प्रियवचसि चाटुवादे, स्तुतिपाठकर्मणीत्यर्थः । धुरं भारम्, बिभृमस्तमाम् अतिशयेन धारयामः । भवतां सन्तोषकरवचनप्रयोगे एव वयं नियुक्ताः स्म इत्यर्थः । तथाऽपि यत् यस्मात्, नग्नानां वन्दिनाम्, अन्यान्यस्तुतिपाठकानामित्यर्थः । 'नग्नः क्षपण-वन्दिनोः' इत्यमरः । आचार्याः उपदेशादिकारिणः, वन्दिप्रधाना इत्यर्थः । वयमिति शेषः । ततः तस्मात्, वदामतमाम् अतिशयेन वदामः, औचित्यात् अप्रियमपि हितमिति भावः । उभयत्रापि 'तिङश्चयात्–' इत्यामुप्रत्ययः । ननु किं वा अप्रियं किं वा हितं वदथ ? इत्याह—पुण्यद्रुहः सन्ध्यार्चनाद्यवश्यकर्त्तव्यनित्यकर्मणां व्याघातजनकत्वेन सुकृतविरोधिनः, नर्मणः युवयोः सुखविहारस्य, विघ्नः अन्तरायः, विरचितः खलु अपि ईदृगप्रियवाक्येन सम्पादितः एव, अतः तत् तादृशम्, परुषं नर्मव्याघातकतया निष्ठुरम्, वाक्यमिति शेषः । वां युवयोः मध्ये, एकस्यै भैम्यै, अरुषे क्रोधाभावाय, क्वचित् प्रसज्य प्रतिषेधेऽपि नञ्समास इष्यते । न उदेति न जायते, बालाया अदीक्षितायाः तस्याः सन्ध्यादिप्रयोजनाभावात् क्रोधायैव भवतु इति भावः । मुदे हर्षाय अपि, सन्ध्यार्चनाद्यवश्यकर्मप्रयोजकत्वात तव सन्तोषायापीत्यर्थः । उदेतु । अप्रियमपि हितं वाच्यमेवेत्यतो वदाम इत्याशयः ॥ २१ ॥

हे रति तथा कामदेवके द्वैतकी (द्वितीयत्व) की शोभावाले (क्रमशः—दमयन्ती तथा नल) ! प्रियवचन (कहने) में हमलोग विशेषतः भार ग्रहण करते हैं अर्थात् आपलोगोंके

प्रियभाषणको करना ही हमलोगोंका दायित्व, क्योंकि हमलोग नग्नाचार्य (स्तुतिपाठक बन्दियोंके आचार्य) हैं, इस कारण हमलोग (अप्रिय होनेपर भी हितकर वचनको) विशेषतः कहते हैं । अथवा —जिस कारण बन्दियोंके आचार्य हमलोग प्रियवचन कहने में भार ग्रहण करते हैं, उस कारण विशेषतः कहते हैं । अथ च—नग्नोंके आचार्य हैं, अत एव निर्लज्जतम होने के कारण चाहे जो कुछ भला-बुरा कहते हैं) । प्रातःसन्ध्यादि (आवश्यक नित्यकर्मके व्याघात करनेसे) पुण्यकर्मके नर्म (तुम दोनों के सुरतादिविलास) का विघ्न किया ही है अर्थात् उठनेके लिए यह वचन कहकर हमने आप दोनोंके सुरतविलासमें बाधक ही वचन कहा है; (अत एव नर्मविघातक होनेसे) कठोर वह (वचन) तुम दोनोंमें-से एक (दमयन्ती) के क्रोधाभावके लिए नहीं होवे अर्थात् केवल अक्रोध लिए ही नहीं होवे, किन्तु हर्षके लिए भी होवे [दमयन्ती इस सुरतविघातक वचनोंसे केवल क्रोधसे रहित ही नहीं होवे, किन्तु धर्मप्रिय तुम्हारे अनुकूल वचनका आदरकर हर्षित भी होवे । अथवा-(मर्मविरोधी होनेसे) कठोर वह वचन पुण्यविरोधी नर्मका विघ्नकारक होकर दमयन्तीके क्रोधाभावके लिए ही न होवे, किन्तु हर्षके लिए भी होवे । अथवा—क्रोधहीन दमयन्तीके ही हर्षके लिए नहीं होवे, किन्तु तुम्हारे हर्षके लिए भी होवे अर्थात् यद्यपि यह वचन सुरतविलासविघातक होनेसे कठोर हैं, तथापि धर्मप्रिया पतिप्राणा दमयन्ती इस धर्मसाधक वचनको सुनकर क्रोध छोड़कर हर्षित ही होगी और तुम तो हर्षित होवोगे ही । अथवा— उक्तरूप वह वचन दमयन्तीके क्रोधाभावके लिए नहीं होवे और हर्षके लिए भी नहीं होवे अर्थात् दययन्ती भले ही क्रोधित या हर्षित-दोनोंमें से कुछ भी नहीं होवे, किन्तु प्रियवचन कहनेका भार ग्रहण करनेके कारण तुम लोगोंके लिए जो उचित है, उसी वचन को हम लोगोंने कहा है ॥ २१ ॥

> भव लघुयुताकान्तः सन्ध्यामुपास्स्व तपोमय[1] !
> त्वरयति कथं सन्ध्येयं त्वां न नाम निशानुजा ? ।
> द्युतिपतिरथावश्यङ्कारी दिनोदयमासिता
> हरिपतिहरित्पूर्णभ्रूणायितः कियतः क्षणात् ? ॥ २२ ॥

भवेति । तपोमय ! हे तपोनिष्ठ ! महाराज ! अत एव विहितकाले सन्ध्यादिनिमित्तं तत्परो भव इत्याशयः । लघु शीघ्रम् , युता पृथग्भूता, कान्ता प्रिया यस्य सः तादृशः युताकान्तः विसृष्टप्रियः । भव जायस्व । कान्ताशब्दस्य प्रियादिपाठात् 'स्त्रियाः पुंवत्' इत्यादिना पूर्वपदस्य न पुंवद्भावः, 'अप्रियादिषु' इति प्रतिषेधात् । सन्ध्यां प्राभातिकोपासनाम् , उपास्स्व सेवस्व । इयम् उपस्थिता, निशानुजा रात्रेरनन्तरं सञ्जाता, सन्ध्या प्रातःसन्ध्या, त्वां भवन्तम् , कथं किमर्थम् नाम प्रश्ने, न त्वरयति ? न सत्वरीकरोति ? सन्ध्योपासनार्थमिति भावः । यतः, अथ

1. 'तपोमल' इति पाठान्तरम् ।

अनन्तरमेव, सत्वरमेवेत्यर्थः । दिनोदयं दिवसप्रादुर्भावम् , अवश्यं करिष्यतीति अवश्यङ्कारी दिनं निश्चितमेव करिष्यन् इत्यर्थः, 'आवश्यकाधमर्ण्ययोः' इत्यावश्यकार्थे णिनिः । मयूरव्यंसकादित्वात् समासः । आवश्यकार्थत्वादिह भविष्यति इत्यर्थः । लभ्यते, अतः 'अकेनोर्भविष्यदाधमर्ण्ययोः' इतीन्युक्तषष्ठीप्रतिषेधः सम्भवति, अत एव भविष्यदर्थाभावे अत्र प्रत्युदाहरणं काशिकायाम् 'अवश्यङ्करी कटस्य' इति । हरिः इन्द्रः, पतिः प्रभुः यस्याः तादृश्याः, हरितः दिशः, प्राचीदिगङ्गनाया इत्यर्थः । पूर्णभ्रूणः सम्पूर्णगर्भः, दशममासीयगर्भ इत्यर्थः । 'गर्भो भ्रूण इमौ समौ' इत्यमरः । स इव आचरितः इति तादृशः । 'आचारक्यङन्तात् कर्त्तरि क्तः । द्युतिपतिः सूर्यः, कियतः क्षणान् कति कालान् , अत्यन्तसंयोगे द्वितीया । आसिता ? स्थाता ? स्वोदयं स्थगयित्वा अपेक्षिष्यते ? इत्यर्थः । न क्षणमपीति भावः । शीघ्रमेव सूर्यस्य उदयो भविष्यति, अतः सूर्योदयात् प्राक् सन्ध्योपासनार्थं सत्वरमुत्तिष्ठ इति तात्पर्यम् ॥ २२ ॥

हे तपोनिष्ठ (पाठा०—तपसे निर्मल, नल) ! शीघ्र कान्तासे पृथक् होवो अर्थात् दमयन्ती के साथ शयन करना छोड़ो और सन्ध्योपासन करो रात्रिके बाद होनेवाली सन्ध्या अर्थात् प्रातःसन्ध्या (सन्ध्योपासनके लिए) तुम्हे क्यों नहीं जल्दी करा रही है अर्थात् प्रातःसन्ध्योपासन का समय देखकर तुम जल्दी क्यों नहीं उठ रहे हो ? दिनोदयको शीघ्र करनेवाला, अतएव पूर्व दिशाके पूर्ण गर्भस्थित-सा सूर्य कितने क्षणतक ठहरेगा अर्थात् कुछ कुछ क्षणोंमें ही सूर्योदय होनेवाला है । यहां 'लघुयुताकान्तः' पदमें अदादिगणस्थ 'यु मिश्रणामिश्रणयोः' धातुसे भूतमें 'क्त' प्रत्ययसे सिद्ध होनेवाले 'युत' शब्दको 'पृथक् होने' अर्थमें प्रयुक्तकर महाकवि श्रीहर्षने सन्ध्योपासनके बाद पुनः कान्तासे संयुक्त होनेका सङ्केत किया है, केवल पृथक् अर्थको कहनेवाले 'त्यक्त' आदि शब्दका प्रयोग अमङ्गलवाचक होनेसे नहीं किया है]॥ २२ ॥

मुषितमनश्चित्रं भैमि ! त्वयाऽद्य कलागृहै-
र्निषधवसुधानाथस्यापि श्लथश्लथता विधौ ।
अजगणदयं सन्ध्यां वन्ध्यां विधाय न दूषणं
नमसितुमता यन्नाम स्यान्न सम्प्रति पूषणम् ॥ २३ ॥

मुषितेति । भैमि ! हे दमयन्ति ! अद्य अस्मिन् दिवसे, कलागृहैः कलानां चुम्बनालिङ्गनादिरूपकामक्रीडाशानाम् , गृहैः निवासैः, आश्रयस्वरूपया इत्यर्थः । 'गृहाः पुंसि च भूम्न्येव' इत्यमरः । त्वया भवत्या, मुषितमनसः अपहृतचित्तस्य, निषधवसुधानाथस्य नलस्यापि, परमधार्मिकस्यापीति भावः । विधौ श्रुतिविहितसन्ध्योपासनादिनित्यकर्मानुष्ठाने, श्लथश्लथता अतिशिथिलता । कर्मधारयवद्भावे पुंवद्भावात् सुपो लुक् । चित्रम्, आश्चर्यम्, यत् यस्मात् , अयं नलः, सम्प्रति अधुना,

न इतः पूर्वमिति भावः । सन्ध्यां प्रातःकालिकोपासनाम् , बन्ध्यां निष्फलाम् ; विधाय कृत्वा, अनुपास्येत्यर्थः । दूषणं दोषम् , न अजगणत् न गणयति स्म, तथा पूषणं सूर्यम् , अचिरमेव उदेष्यन्तमिति भावः । 'इन्हन्पूषाऽर्यम्णां शौ' इति नियमान्नात्र दीर्घः । नमसितुमनाः नमस्कर्त्तुकामश्च । 'नमोवरिवश्चित्रङः क्यच्' इति क्यजन्तात् तुमन् , 'क्यस्य विभाषा' इति क्यलोपः, 'तुं काममनसोरपि' इति मकारलोपः । न स्यात् नाम न भवेदपीत्यर्थः । अप्यर्थे नाम ॥ २३ ॥

हे दमयन्ति ! चौंसठ कलाओंके आश्रयभूत तुमसे चोरितचित्त (या—त्यक्तस्वभाव) निषधेश्वर राजा नलकी भी (प्रातःसन्ध्योपासनरूप नित्य) कर्ममें भी अतिशय शिथिलता होना आश्चर्यजनक है (अथ च—कलागृह तुमसे चोरितचित्त नलका कलानाथ चन्द्रमामें शिथिलता (स्नेहाभाव] होना आश्चर्यकारक है) (क्योंकि) इस (राजा नल) ने संध्याको बन्ध्या (व्यर्थ) बनाकर (नित्यकृत्यके लोपजन्य) दोषको नहीं गिना तथा इस समय सूर्यको नमस्कार करनेका इच्छुक नहीं है । [जिस प्रकार अन्य स्त्रीमें आसक्त पुरुष अपनी धर्मपत्नी त्याग करनेमें दोष नहीं समझता और उसे बन्ध्या (सन्तानहीन) कर देता है एवं सम्भोगमें दिनको विघ्नकारक मानकर सूर्यका आदर नहीं करता, उसी प्रकार ये नल भी तुममें आसक्त होकर प्रातःसन्ध्याका त्यागकर उसके त्यागके दोषकी चिन्ता नहीं करते और न तो सूर्यको नमस्कार (सूर्योपस्थान) ही करना चाहते हैं] ॥ २३ ॥

न विदुषितरा काऽपि त्वत्तस्ततो नियतक्रिया-
पतनदुरिते हेतुर्भर्त्तुर्मनस्विनि ! मास्म भूः ।
अनिशभवदत्यागादेनं जनः खलु कामुकी-
सुभगमभिधास्यत्युद्दामाऽपराङ्कवदावदः ॥ २४ ॥

नेति । मनस्विनि ! हे प्रशस्तचित्ते ! अतः अवश्यमेव स्वामिनम् अवैधकार्यात् निवारयिष्यसीत्याशयः । त्वत्तः भवत्याः, त्वामपेक्ष्य इत्यर्थः । 'पञ्चमी विभक्ते' इति पञ्चमी । अतिशयेन विदुषी विदुषितरा । 'घरूप–' इत्यादिना ह्रस्वः । काऽपि अन्या काचिदपि स्त्री, न, अस्तीति शेषः । ततः तस्मात् हेतोः, भर्त्तुः पत्युः, नियतक्रियापतनदुरिते सन्ध्यादिनित्यकर्मभ्रंशपापे, हेतुः कारणम् , मास्म भूः नैव भव । 'स्मोत्तरे लङ् च' इति चकाराल्लुङ् , 'न माङ्योगे' इत्यडभावः । तथा हि–उद्दामा उत् उद्गतम् , तल्लङ्घितमित्यर्थः । दाम लोकस्थितिरूपपाशः येन तादृशः उच्छृङ्खलः, उग्रस्वभाव इत्यर्थः । अत एव अपरेषाम् अन्येषाम् , अङ्कस्य कलङ्कस्य, वदावदः वक्ता । 'चरि–'इत्यादिना वदेर्द्विरुक्तिः अभ्यासस्यागागमश्च । जनः लोकः, खलु निश्चितम्, अनिशं निरन्तरम् , भवत्या त्वया, कर्त्र्या । अत्यागात् अमुक्तत्वात् हेतोः 'सर्वनाम्नो वृत्तिमात्रे पुंवद्भावः' । एनं नलम् , तव स्वामिनमिति भावः । कामुकी वृषस्यन्ती । 'वृषस्यन्ती तु कामुकी' इत्यमरः । 'अश्ववृषयोर्मैथुनेच्छायाम्' इति

ज्यच् । तस्याः सुभगं वल्लभम् , तत्परवशमित्यर्थः । अभिधास्यति कथयिष्यति, स्त्रीलोलं वक्ष्यतीत्यर्थः । तस्मादेनं क्षणं मुञ्च इति भावः ॥ २४ ॥

हे मनस्विनि (पण्डिते दमयन्ति) ! तुमसे अधिक कोई (दूसरी स्त्री) विदुषी नहीं है, इस कारण तुम (प्रातःसन्ध्योपासनरूप) नित्यकृत्यके त्याग पाप (के करने) में कारण मत बनो; क्योंकि तुम्हारा निरन्तर साथ करनेसे उच्छृङ्खल तथा दूसरेके दोषको कहनेवाले लोग इसे (नलको) स्त्रीलम्पट कहेंगे [अतः इस समय नित्यकृत्यके लिए नलका त्यागकर इनके धर्मकार्य करने तथा जनापवादसे बचनेमें सहायिका बनो] ॥ २४ ॥

> रह सहचरीमेतां राजन्नपि [1]स्त्रितरां क्षणं
> तरणिकिरणैः [2]स्तोकोन्मुक्तैः समालभते नभः ।
> उदधिनिरयद्भास्वत्स्वर्णोदकुम्भदिदृक्षुतां
> दधति नलिनं प्रस्थायिन्यः श्रियः कुमुदान्मुदा ॥ २५ ॥

रहेति । हे राजन् , स्त्रितराम् उत्कृष्टस्त्रियमपि । स्त्रीशब्दस्य जातिवाचित्वेऽपि तन्निष्ठगुणगतातिशयविवक्षया तरप्प्रत्यय इति भगवान् भाष्यकारः । 'नद्याः शेषस्यान्यतरस्याम्' इति विभाषया ह्रस्वः । सहचरीं सहचारिणीम् । पचादिषु चरट् इति टित्करणेन ङीप् । एतां प्रियां दमयन्तीम् , क्षणं कियत्कालम् , रह त्यज, वैधक्रियासम्पादनार्थमिति भावः । 'रहति त्यजति त्यागे' इति भट्टमल्लः । रहेर्भ्वादिकाल्लोटि सिप् । नभः आकाशम्, कर्तृ स्तोकेन लेशेन, उन्मुक्तैः प्रकटितैः । 'करणे च स्तोकाल्प—' इत्यादिना पक्षे तृतीया । कर्मणि कर्मकर्त्तरि वा क्तः । स्वल्पमुदितैरित्यर्थः । तरणिकिरणैः सूर्यरश्मिभिः करणैः । समालभते आत्मानं विलिम्पति, अनुलिम्पति इत्यर्थः । 'समालम्भो विलेपनम्' इत्यमरः । 'समालम्भनमित्यपि' इत्यनुलेपनपर्याये यादवः । कुङ्कुमैरिवेति भावः । किञ्च, कुमुदात् कैरवात् । अपादानात् नलिनं पद्मं प्रति । गम्यमानोद्देशक्रियापेक्षया कर्मत्वम् । नलिनम् उद्दिश्य इत्यर्थः । प्रस्थायिन्य प्रतिष्ठमानाः, रजन्यपगमेन कुमुदस्य मुद्रणोन्मुखत्वात् पद्मस्य च स्फुटनोन्मुखत्वादिति भावः । ग्रह्यादित्वात् णिनिः । अत्र गम्यादिपाठात् 'अकेनोः' इति षष्ठीप्रतिषेधात् कर्मणि द्वितीयेति केचित् , तत् प्रतिष्ठतेरकर्मकत्वमालोच्य उक्तमित्युपेक्षणीयम् । श्रियः शोभाः, मुदा हर्षेण, उदकानि धीयन्ते अस्मिन् इति उदधिः समुद्रः । 'कर्मण्यधिकरणे च' इति किप्रत्ययः । 'पेषंवासवाहनधिषु च' इत्युदादेशः । तस्मात् निरयन् निर्गच्छन् । एतेर्लटः शत्रादेशः । स चासौ भास्वान् सूर्यश्च, स एव स्वर्णस्य उदकुम्भः जलपूर्णहेमघटः । 'एकहलादौ पूरयितव्येऽन्यतरस्याम्' इत्युदादेशः । तद्दिदृक्षुतां द्रष्टुमिच्छवः दिदृक्षवः तासां भावः तत्ता ताम् , विलोकयितुमिच्छुताम् । 'न लोक—' इत्यादिना षष्ठीप्रतिषेधे गम्यादिपाठात् द्विती-

1. 'स्त्रितमात्' इति पाठान्तरम् । 2. 'स्तोकान्मुक्तः' इति पाठान्तरम् ।

यासमासः। दधति धारयन्तीव, दिदृक्षन्ते इवेत्यर्थः। प्रस्थानकाले पूर्णकुम्भदर्शनस्य मङ्गलावहत्वादिति भावः॥ २५॥

हे राजन्! स्त्रियोमें श्रेष्ठतम सहचरी इस (दमयन्ती) को छोड़िये, थोड़ी निकली हुई सूर्य-किरणोंसे आकाश लिप्त हो रहा है और (सङ्कुचित होते हुए) कुमुदोंसे (निकट भविष्यमें विकसित होनेवाले) कमलोंमें जानेवाली शोभा समुद्रसे निकलते हुए सूर्यरूप स्वर्णकलशको देखना चाहती है। [प्रस्थान कालमें स्वर्णकलशका देखना मङ्गलकारक होनेसे यहां कुमुदसे कमलको जाती हुई शोभाके लिए ऐसी उत्प्रेक्षा की गयी है]॥ २५॥

प्रथमककुभः पान्थत्वेन स्फुटेक्षितवृत्रहा-
ण्यनुपदमिह द्रक्ष्यन्ति त्वां महांसि महःपतेः।
पटिमवहनादूहापोहक्षमाणि वितन्वता-
महह! युवयोस्तावल्लक्ष्मीविवेचनचातुरीम्॥ २६॥

प्रथमेति। महःपतेः सूर्यस्य महांसि तेजांसि, प्रथमककुभः इन्द्रस्वामिकायाः प्राच्याः, पन्थानं गच्छतीति पान्थः नित्यपथिकः। 'पन्थो ण नित्यम्' इति णप्रत्ययः पन्थादेशश्च। तत्त्वेन पथिकत्वेन, नित्यमिन्द्रदिग्गतत्वेन इत्यर्थः। स्फुटं स्पष्टम्, ईक्षितः दृष्टः, वृत्रहा इन्द्रः यैः तानि। 'इन्हन्—' इत्यादिना शौ दीर्घः। अनुपदम् अनुगमेव, इन्द्रेक्षणानन्तरमेवेत्यर्थः। 'अन्वगन्वक्षमनुगेऽनुपदं क्लीबमव्ययम्' इत्यमरः। इह अस्मिन् प्रदेशे, त्वां नलं, द्रक्ष्यन्ति अवलोकयिष्यन्ति। ततः किं तत्राह—पटिमवहनात् पटिमा तीक्ष्णता, तीक्ष्णरश्मिता इत्यर्थः। चातुर्यञ्च, प्रज्ञातिशयञ्च इत्यर्थः। तस्य वहनात् धारणात् 'पटुश्चतुरतीक्ष्णयोः' इति शाश्वतः। ऊहापोहयोः ऊहः तर्कः, विचारपूर्वकसद्ग्रहणमित्यर्थः। अपोहः परित्यागः, अपकृष्टवस्तुन इति भावः। तयोः क्षमाणि शक्तानि, तानि महांसि इति शेषः। युवयोः तस्य इन्द्रस्य तव च। 'त्यदादीनि सर्वैर्नित्यम्' इति त्यदाद्येकशेषः। लक्ष्मीविवेचनचातुरीं शोभासम्पदां तारतम्यविचारकौशलम्, तावत् साकल्येन, वितन्वतां विस्तारयन्तु, प्रदर्शयन्तु इति यावत्। उभयदर्शिनाम् उभयतारतम्यं विवेक्तुं युक्तमेवेति भावः, अहह इत्यद्भुते॥ २६॥

पूर्व दिशाका नित्य पथिक (सर्वदा जानेवाला) होनेसे इन्द्र (के ऐश्वर्य) को सम्यक् प्रकारसे देखी हुई सूर्यकी किरणें उसके बाद ही तुम्हें (नलको) देखेंगी (अतः) तीक्ष्णता (पक्षा०—चातुर्य) होनेसे उहापोह (सद्वस्तुके ग्रहण तथा असद्वस्तुके त्याग) में समर्थ वे सूर्य-किरणें तुम दोनों (देवराज तथा निषधेश नल) के सम्पूर्ण ऐश्वर्य (या शोभा) की चातुर्यका विस्तार करे। [जिस प्रकार लोकमें कोई चतुर व्यक्ति पहले किसी व्यक्तिका ऐश्वर्यादि देखकर सामान्यबुद्धि तथा फिर दूसरेका ऐश्वर्यादि देखकर विशेषबुद्धि होनेपर निर्णय करके दूसरेके ऐश्वर्यादिको श्रेष्ठ बतलाता है, उसी प्रकार ये सूर्य-किरणें भी प्रथम

पूर्वदिशामें इन्द्रका ऐश्वर्य देखकर विशेष बुद्धिसे तुम्हारे (नलके) ऐश्वर्यको श्रेष्ठ समझें]॥२६॥

अनतिशिथिले पुम्भावेन प्रगल्भबलाः खलु
प्रसभमलयः पाथोजास्ये निविश्य निरित्वराः ।
किमपि मुखतः कृत्वाऽऽनीतं वितीर्य सरोजिनी-
मधुरसमुषोयोगे[1] जायां[2] नवान्नमचीकरन् ॥ २७ ॥

अनतीति । पुम्भावेन पुंस्त्वेन हेतुना, प्रगल्भबलाः स्त्रीभ्योऽधिकशक्तिसम्पन्नाः, अलयः भृङ्गाः, अनतिशिथिले ईषद्विकसिते, पाथोजस्य पद्मस्य, आस्ये मुखे, उपरि-भागे इत्यर्थः । प्रसभं बलात्, निविश्य अधिष्ठाय, निरित्वराः निर्गच्छन्तः सन्तः, 'इण्नशजिसर्त्तिभ्यः क्वरप्' इति क्वरप । मुखतः मुखे कृत्वा धृत्वेत्यर्थः । आनीतम् आहृतम्, सरोजिनीमधुरसं नलिन्याः मकरन्दद्रवम्, वितीर्य दत्त्वा, उषोयोगे प्रातः, जायां स्वकान्ताम् अलिनीम्, किमपि पूर्वमनास्वादात् अनिर्वचनीयसुस्वादु, नवान्नं नूतनं भोज्यम्, अचीकरन् कारयामासुः, भोजयामासुः इत्यर्थः । करोतेर्णौ चङ्युपधाया ह्रस्वः, 'हृक्रोरन्यतरस्याम्' इति अणिकर्त्तुः कर्मत्वम् । बली पुमान् स्त्र्यन्तराधिकृतमपि मिष्टमन्नं बलात् आछिद्य स्वस्त्रियै प्रयच्छतीति भावः ॥ २७ ॥

पुरुषत्व होनेसे अतिशय सामर्थ्यवान् (या—धृष्ट) तथा कुछ विकसित (पक्षा०—स्वल्प विकसित होनेसे कठिन) कमलके मुखमें (पक्षा०—कमलके ऊपर) बलात्कारसे बैठकर निकलते (वहांसे उड़ते हुए भ्रमरोंने मुखमें लेकर लाये) हुए कमलिनी-मकरन्दको देकर प्रातःकालमें स्त्रीके लिए अनिर्वचनीय आनन्दप्रद नवान्नभोजन कराया । [जिस प्रकार स्त्री होनेसे अल्पशक्ति होनेके कारण अपने अधिक शक्तिवाले किसीसे कोई भोज्यपदार्थ लानेमें असमर्थ स्त्रीके लिए पुरुष होनेसे अधिक शक्तिवाला उसका पति बलात्कारपूर्वक उक्त प्रबल स्त्रीसे भोज्य पदार्थ लाकर उसे सन्तुष्ट करता है, उसी प्रकार अल्पविकसित होनेसे कठिनतर कमलसे मकरन्द-पान करनेमें अल्पशक्ति स्त्रीके लिए अपने मुखमें उक्त मकरन्दको लाकर दिया, जिससे उस भ्रमरीको अनिर्वचनीय आनन्द हुआ । अथ च—पतिका उच्छिष्ट मकरन्दपानकर अनिर्वचनीय स्वाद होनेसे स्त्रीका आनन्दित होना स्वाभाविक ही है । अथ च—प्रातःकालमें शुभकारक नवान्नभोजन करनेसे भी आनन्दित होना उचित ही है । प्रातःकाल होनेसे कमल कुछ विकसित होने लगे तथा भ्रमर एकसे दूसरे कमलपर उड़-उड़कर जाने लगे] ॥ २७ ॥

मिहिरकिरणाभोगं भोक्तुं प्रवृत्ततया पुरः
कलितचुलुकाऽऽपोशानस्य प्रहार्थमिदं किमु ? ।
इति विकसितेनैकेन प्रागदलेन सरोजिनी
जनयति मतिं साक्षात्कर्त्तुर्जनस्य दिनोदये ॥ २८ ॥

---

1. '—मुषायोगे' इति पाठान्तरम् । 2. 'जाया' इति पाठान्तरम् ।

मिहिरेति । इयं किञ्चित् विकसिता, सरोजिनी पद्मिनी, दिनोदये अस्मिन् प्रातःकाले, प्राक् दलान्तरविकासात् पूर्वम् , विकसितेन प्रस्फुटितेन संहतीभावात् पृथग्भूतेनेत्यर्थः । एकेन एकमात्रेण, दलेन पत्रेण हेतुना, मिहिरकिरणः सूर्यरश्मिरेव, आ सम्यक् भुज्यते इति आभोगः भोज्यं तम् , भोक्तुं खादितुम् , प्रवृत्ततया कृतारम्भतया हेतुना, पुरः पूर्वम् , भोजनात् प्रागित्यर्थः । आपोशानस्य आपोशानं नाम भोजनादौ कर्तव्यम् 'अमृतोपस्तरणमसि स्वाहा' इति समन्त्रकजलपानेन अन्नस्य अमृतास्तरणरूपं कार्यं, समन्त्रकाचमनमित्यर्थः, तस्य । पृषोदरादित्वात् साधुः । ग्रहार्थम् आचरणार्थं, कलितः कृतः, चुलुकः गण्डूषकरणार्थं विश्लिष्टकनिष्ठाङ्गुलिकः प्रसृत्यपराख्यः निकुञ्जपाणितलविशेषः यस्याः सा तादृशी, किमु ? जाता किम् ? इति उत्प्रेक्षा, इति एवम् , साक्षात्कर्तुः स्वस्या एव द्रष्टुः, जनस्य लोकस्य, मतिं बुद्धिम् , जनयति उत्पादयति । आपोशानकार्यकारी हस्तस्य कनिष्ठाङ्गुलिं प्रसार्य अन्याङ्गुलीनां सङ्कोचं विधाय च जलं पिबति इति सम्प्रदायः । प्राग् विकसितैकदलस्य विश्लिष्टकनिष्ठाङ्गुलीतुल्यतया पद्मस्य च निकुञ्जपाणितलतुल्यतया कलितचुलुकत्वं बोद्धव्यम् ॥ २८ ॥

सरोजिनी प्रातःकाल सर्वप्रथम खिले (खिलकर फैले) हुए एक पल्लव (पँखुड़ी) से दर्शकको ऐसी बुद्धि उत्पन्न करती है अर्थात् उसे देखकर देखनेवाला यह समझता है कि—'सूर्य-किरण-मण्डलका उपभोग (पक्षा०—भोजन) करनेके लिए प्रवृत्त होनेसे यह (सरोजिनी) पहले (भोजन करनेसे पूर्व) आपोशानके ग्रहण ('अमृतोपस्तरणमसि स्वाहा' इस मन्त्रको पढ़कर आचमन) करनेके लिए उद्यत है क्या ?' । [जिस प्रकार भोजनके पूर्व कनिष्ठा अङ्गुलिको फैलाकर तथा शेष अङ्गुलियोंकी सङ्कुचितकर चुल्लूमें पानी लेकर अन्नको अमृतमय बनानेके लिए 'अमृतोपस्तरणमसि स्वाहा' मन्त्रसे आचमन किया जाता है, उसी प्रकार प्रातःकाल सर्वप्रथम खिलनेसे फैले हुए एक पत्रवाली सरोजिनी सूर्यकिरणका भोग (पक्षा०-भोजन) कर रही है' ऐसा दर्शकोंके मनमें विचार उत्पन्न हो जाता है] ॥ २८ ॥

तटतरुखगश्रेणीसांराविणैरिव साम्प्रतं
सरसि विगलन्निद्रामुद्राऽजनिष्ट सरोजिनी ।
अधरसुधया मध्ये मध्ये वधूमुखलब्धया
धयति मधुपः स्वादुङ्कारं मधूनि सरोरुहाम् ॥ २९ ॥

तटेति । साम्प्रतं सम्प्रति, सरसि सरोवरे, स्थितेति शेषः । सरोजिनी पद्मिनी, तटतरुषु तीरस्थितवृक्षसमूहेषु, याः खगश्रेण्यः पक्षिसमूहाः, तासां सांराविणैः सम्यग् रावैरिव, उच्चकलकलैरिवेत्यर्थः । इत्युत्प्रेक्षा । 'अभिविधौ भावे इनुण्' इति स्वार्थे इनुण्प्रत्ययः । विगलन्निद्रामुद्रा विगलन्ती अपगच्छन्ती, निद्रा स्वप्न इव, मुद्रा निमीलनम् , सङ्कोच इत्यर्थः । यस्याः सा तादृशी, अजनिष्ट जाता । जनेः कर्तरि लुङ् ।

तथा मधुपः भ्रमरः, सरोरुहां कमलानाम् , मधूनि मकरन्दान्, मध्ये मध्ये अन्तराऽन्तरा, वधूमुखे स्वकान्तानने, लब्धया चुम्बनकाले प्राप्तया, अधरसुधया अधरामृतेन, स्वादुङ्कारं स्वादूकृत्य, सुरसानि कृत्वेत्यर्थः। 'स्वादुमि णमुल्' इति णमुल्प्रत्ययः। मान्तनिर्देशादेव पूर्वपदस्य मकारान्तनिपातः। धयति पिबति। धेटो लट् ॥ २९ ॥

इस समय कमलिनीने तड़ागके तटपर स्थित वृक्षोंके पक्षियोंके झुण्डके कलरवोंसे मानो निद्रामुद्राका त्याग कर दिया है अर्थात् अन्य मनुष्यादि जिस प्रकार पक्षी आदिके कलरवोंसे निद्राको त्याग देते हैं; उसी प्रकार कमलिनीने भी निद्राका त्याग कर दिया (विकसित हो गयी) है और भ्रमर कमलोंके परागोंको भ्रमरीके मुखसे प्राप्त अधरामृतसे बीच-बीचमें अधिक स्वादिष्ट करके पान कर रहा है अर्थात् भ्रमर को कमलमकरन्दका पान करते समय बीच-बीचमें भ्रमरीके अधरामृतका पान उसे अधिक स्वादुमान् हो रहा है। [तड़ागके तीरस्थवृक्षोंपर निवास करनेवाले पक्षिगण कलरव करने लगे, कमल विकसित हो गये और उनपर भ्रमरी-सहित भ्रमर भ्रमण करने लगे; अत एव हे राजन्? अब निद्रात्याग कीजिए] ॥ २९ ॥

गतचरदिनस्यायुर्भ्रंशे दयोदयसङ्कुचत्-
कमलमुकुलक्रोडे¹ नीडे प्रवेशमुपेयुषाम् ।
इह मधुलिहां भिन्नेष्वम्भोरुहेषु समायतां
सह सहचरैरालोक्यन्तेऽधुना मधुपारणाः ॥ ३० ॥

गतेति। गतचरस्य गतपूर्वस्य। 'भूतपूर्वे चरट्' प्रागतीतस्य इत्यर्थः। दिवस्य दिवसस्य, आयुर्भ्रंशे जीवितावसाने सति, सायंसमये इति भावः। दयोदयात् कृपाविर्भावात् इव, तद्दुरवस्थादर्शनेनेति भावः। सङ्कुचतां म्लानानाम् , रात्रिनिमीलनस्वभावात् मुद्रितीभवतामित्यर्थः। कमलमुकुलानां पद्मकोरकाणाम् , क्रोडे अभ्यन्तरे एव, नीडे कुलाये। 'कुलायो नीडमस्त्रियाम्' इत्यमरः। प्रवेशम् अन्तर्गमनम् , उपेयुषां प्राप्नुवताम् , अन्तः प्रविशतामित्यर्थः, रात्रौ तत्रैव आबद्धानाम् अत एव कृतोपवासानामिति भावः। इह अधुना, प्रभाते इत्यर्थः। भिन्नेषु विकसितेषु, अम्भोरुहेषु पद्मेषु, समायतां निपतताम् , इतस्ततो भ्रमतामित्यर्थः। इणो लटः शत्रादेशः। मधुलिहां मधुपानाय् , अधुना इदानीम् , सहचरैः सुहृद्भिर्भ्रमरान्तरैः सह, सम्प्रत्यागतैरिति भावः। मधुना मकरन्देन, पारणाः उपवासानन्तरं भोजनानि, आलोक्यन्ते दृश्यन्ते, जनैरिति शेषः ॥ ३० ॥

पूर्व दिनके अन्त (कल सायङ्काल) में मानो दयोदय होनेसे सङ्कुचित होते हुए मुकुल (कोरक) के क्रोड़ (मध्य) रूपी नीड़ (घोसले-वासगृह) में भ्रमरोंका इस समय

---

१. 'क्रोडान्नीडे' इति 'क्रोडं नीडे' इति च पाठान्तरम् ।

(प्रातःकालमें) कमलोंके विकसित होनेपर आते हुए सहचरों (अन्य भ्रमर-भ्रमरियों) के साथमें की जाती हुई मकरन्दपारणाको (लोग) देख रहे हैं [कल सायङ्कालमें जब कमल मुकुलित होने लगा तब कुछ भ्रमर उसीके अन्दर बन्द रह गये और मकरन्द नहीं रहनेसे उन्होंने उपवास किया तथा बाहरी रहनेवाले उसके सहचर भी उसके वियोगके कारण उपवास किये, पुनः अब प्रातःकाल होनेपर कमल विकसित होने लगा तो वे बाहर रहनेवाले सहचर वहां पहुँचे तथा रात्रिमें भीतर बन्द रहे हुए भ्रमर भी बाहर निकले और सभी मिलकर मकरन्द-पान करने लगे; उसे देखनेवालोंको ऐसा ज्ञात होता है कि रात्रिमें कमलमें बन्द भ्रमर मानो कारागारमें बन्द हो गये (या मर गये) थे, अतः उन्होंने तथा उनके बाहरी सहचरोंने रात्रिको उपवास किया और इस समय प्रातःकाल होनेपर कमलरूप कारागारसे निकले हुए भ्रमर अपने बाहरी सहचरोंके साथ मकरन्द-पानरूप पारणा कर रहा है] ॥ ३० ॥

तिमिरविरहात् पाण्डूयन्ते दिशः कृशतारकाः
कमलहसितैः श्येनीवोन्नीयते सरसी न का ? ।
शरणमिलितध्वान्तध्वंसिप्रभाऽऽदरधारणाद्
गगनशिखरं नीलत्येकं निजैरयशोभरैः ॥ ३१ ॥

तिमिरेति । दिशः प्राच्यादयः, तिमिरेण अन्धकारेण सह, विरहात् विच्छेदाद्, कृशाः क्षीणाः, सूर्यप्रभया औज्ज्वल्यह्रासादिति भावः । तारकाः नक्षत्राणि यासां ताः तादृश्यः सत्यः, पाण्डूयन्ते पाण्डुवर्णाः इव आचरन्ति, विरहिधर्मत्वादिति भावः । का सरसी तडागः, कमलानि विकसितपद्मानि एव, हसितानि हास्यानि तैः, कमलानां हसितैः विकसनरूपैः हास्यैरिति वा, श्येनी इव श्वेतवर्णा इव, न उन्नीयते ? न दृश्यते ? अपि तु सर्वा एव उन्नीयन्ते इत्यर्थः । प्रियसमागमेन सर्वा एव हास्यविकसितानना भवन्ति इति भावः । 'वर्णादनुदात्तात्तोपधात्तो नः' इति ङीप्प्रत्ययः, 'त'कारस्य च 'न'कारः । किन्तु एकं केवलम् , गगनशिखरम् आकाशोपरिभागः, तुङ्गनभोमण्डलमित्यर्थः । शरणमिलितानि रक्षितृत्वेन प्राप्तानि, शरणागतानीत्यर्थः । ध्वान्तानि अन्धकारान् , ध्वंसयन्ति विनाशयन्तीति तादृशीनाम् । 'स्त्रियाः पुंवत्' इत्यादिना पुंवद्भावः । प्रभाणां सूर्यकिरणानाम् , आदरेण आग्रहातिशयेन, धारणात्, भरणात् हेतोः, स्वस्मिन् स्थानदानाद्धेतोरित्यर्थः । निजैः स्वकीयैः, अयशोभरैः अकीर्त्तिबाहुल्यैरिव, नीलति नीलवर्णं भवति । 'नील वर्णे' इति धातोः औणादिकाल्लट् । शरणागतहन्तुराश्रयदानात् हेतोर्निजैर्निन्दाभरैः कृष्णीभवति इत्यर्थः, शरणागतापालनकीर्त्तिलोपादिव स्वमेकं नीलमदृश्यत इति निष्कर्षः । तारकाप्रभाक्षयात् गगनं स्वेन नीलरूपेण प्रकटं जातमिति भावः ॥ ३१ ॥

दिशाएँ अन्धकार के वियोग (पक्षा०—नाश) से पाण्डुवर्ण-सी (स्वच्छ प्रायः) हो रही

हैं, कौन-सा तड़ाग कमलोंके (विकास रूपी) हासोंसे श्वेत वर्ण नहीं हो रहा है ?, (किन्तु) शरणागत अन्धकारके नाशक (सूर्य) किरणोंको आदरपूर्वक ग्रहण करने (अपने यहां आश्रय देने) से केवल एक आकाशमण्डल (विशाल आकाश) मानो अपने अपकीर्ति-समूहसे नीला (कृष्णवर्ण) हो रहा है । [अन्धकाररूप प्रियजनके विरह होनेपर दिशाओंका पाण्डु वर्ण होने, कमलरूपी प्रियजनका विकास (हास) होनेपर तड़ागोंका स्वच्छ होने और शरणागत अन्धकारके नाशक सूर्य-किरणोंको आश्रय देनेवाले आकाशमण्डलका अपकीर्तिसे नीलवर्ण होनेकी उत्प्रेक्षा की गयी है । दिशाएँ स्वच्छ हो गयीं, तड़ागोंमें कमल विकसित हो गये और आकाशमें सूर्य-किरणें फैल गयीं; अत एव अब प्रभातकाल जानकर आप शीघ्र निद्राभङ्ग करें] ॥ ३१ ॥

सरसिजवनान्युद्यत्पक्षार्यमाणि हसन्तु न ?
क्षतरुचिसुहृच्चन्द्रं तन्द्रामुपैतु न कैरवम् ? ।
हिमगिरिदृषद्दायादश्रीप्रतीतमुदः स्मितं
कुमुदविपिनस्याथो पाथोरुहैर्निजनिद्रया ॥ ३२ ॥

सरसिजेति । उद्यन् उदयं गच्छन्, पक्षः सहायभूतः, अर्यमा सूर्यः येषां तादृशानि, सरसिजवनानि कमलकाननानि, न हसन्तु ? न विकसन्तु ? न हास्यं कुर्वन्तु ? इति च इति काकुः, हसन्त्वेव इत्यर्थः । सुहृदाम् उदये सर्वे एव हसन्तीति लोके दर्शनादिति भावः । क्षतरुचिः शीर्णद्युतिः, सुहृत् मित्रम्, चन्द्रः निशापतिः यस्य तत् तादृशम्, कैरवं कुमुदम्, कर्त्तृ । तन्द्रां तन्द्रावत् निमीलनमित्यर्थः । प्रमीलां च, न उपैतु ? न प्राप्नोतु ? अत्रापि काकुः, उपैत्वेव इत्यर्थः । सुहृत्पीडायां सर्वे एवावसीदन्तीति लोके दर्शनादिति भावः । अथो किञ्च, पाथोरुहैः पद्मैः । कर्त्तृभिः हिमगिरिदृषद्दायादया हिमगिरेः हिमालयस्य, दृषदां शिलानाम्, दायादया अंशहरया, सदृशया इत्यर्थः । श्रिया वैशद्यसम्पदा, प्रतीतमुदः प्रतीता प्रकाशं गता, मुत् हर्षः यस्य तादृशस्य प्रकटहर्षस्य, रात्रौ तथा हृष्टस्य इत्यर्थः । कुमुदविपिनस्य कैरववनस्य सम्बन्धिन्या, निजनिद्रया स्वनिद्रया निमित्तेन, निशाकालिकस्वकीयनिमीलनात्मकनिद्रायाः सम्प्रति कुमुदवनगामित्वेन हेतुनेत्यर्थः, स्मितं हसितम्, विकसितञ्च, भावे निष्ठा । रात्रौ कुमुदवनस्य हृष्टत्वं कमलवनस्य च निद्रा आसीत्, इदानीं पद्मानि रात्रिजां स्वनिद्रां कुमुदवने सञ्चार्य तस्य हृष्टत्वं गृहीत्वा हसन्तीत्युत्प्रेक्षा व्यञ्जकाप्रयोगाद्गम्या । 'हिमगिरिदृषद्दायादश्रि प्रतीष्टमुदः स्मितम्' इति पाठान्तरे-पाथोरुहैः निजनिद्रया स्वीयनिमीलनरूपनिद्रादानेन, हिमगिरिदृषद्दायादा सदृशी, श्रीः शोभा यस्य तादृशम्, कुमुदवनस्य अदः इदम्, स्मितं नैशविकसनं हास्यञ्च, प्रतीष्टं वाञ्छितम्, प्रतिगृहीतमित्यर्थः ॥ ३२ ॥

---

१. '—दृश्रि प्रतीतमदः' इति, '—दृश्रि प्रतीष्टमदः' इति च पाठान्तरम् ।

सपक्ष (सहायक) सूर्यके उदयसे युक्त कमलवन विकसित नहीं होवें (पक्षा०—नहीं हँसे) ?, क्षीणकान्ति मित्र चन्द्रमावाला कुमुद तन्द्रा (निमीलन, पक्षा०—सङ्कोच-हर्षाभाव) को नहीं प्राप्त करे ?; अथवा—कमल-समूह हिमालय पर्वतकी चट्टानों के समान (स्वच्छतम) कान्तिसे स्पष्ट हर्षवाले कुमुदवनकी निद्रासे हँसे हैं अर्थात् अपनी निद्राको कुमुदवनमें देकर उसके विकासरूपी हासको ग्रहण कर लिये हैं। (पाठा०-कमलोंने हिमालयकी चट्टानोंके समान स्वच्छतम शोभावाले इस स्मित (ईषद्धास्य, पक्षा०—विकसन) को अपनी निद्रा (निमीलन) से बदल लिया)। [जिस प्रकार अपने पक्षवाले व्यक्ति के अभ्युदय होनेपर कोई व्यक्ति हँसता है, उसी प्रकार विकसित होनेमें कारणभूत स्वपक्ष सूर्यके उदय होनेसे कमल विकसित हो (पक्षा०—हँस) रहा है; जिस प्रकार अपने पक्षवालेका नाश या अवनति होनेसे कोई खिन्न होता है, उसी प्रकार विकास करनेवाले सुहृद् चन्द्रमाके क्षीणरुचि होकर अस्त (अस्तोन्मुख) होनेसे कुमुद निमीलित (पक्षा०—खिन्न) हो रहा है। अथवा—जिस प्रकार लोकमें कोई व्यक्ति किसीकी वस्तुको लेकर अपनी वस्तु उसको देता है, जो कमल रात्रिमें निमीलित (पक्षा०—निद्रित) था, उसने रात्रिमें विकसित रहनेवाले (पक्षा०—स्मित करनेवाले) कुमुदसे अदला-बदली कर ली है अर्थात् अपनी निद्रा (पक्षा०—निमीलन—विकासभाव) को कुमुदके लिए देकर उसके स्मित (हास, पक्षा०—विकासभाव) को स्वयं ग्रहण कर लिया है] ॥ ३२ ॥

धयतु नलिने माध्वीकं वा न वाऽभिनवागतः
कुमुदमकरन्दौघैः कुक्षिम्भरिर्भ्रमरोत्करः।
इह तु लिहते रात्रीतर्षं रथाङ्गविहङ्गमा
मधु निजवधूवक्त्राम्भोजेऽधुनाऽधरनामकम् ॥ ३३ ॥

धयत्विति। कुमुदानां कैरवाणाम्, मकरन्दौघैः मधुसमूहैः, कुक्षिम्भरिः उदरपूरकः। 'फलेग्रहिरात्मम्भरिश्च' इति चकारात् कुक्षिम्भरिः सिद्धः। नलिने पद्मे, अभिनवागतः सद्यः समागतः, भ्रमरोत्करः भृङ्गसङ्घः, माध्वीकं मकरन्दम्, कमलमधु इत्यर्थः, धयतु पिबतु वा, न वा, धयतु इति शेषः। रात्रौ कुमुदमधुभिः उदरपूरं पीतत्वात् तृप्तस्य अतिथेः पानाद्यभावे न काऽपि क्षतिः इति भावः। तु किन्तु, रथाङ्गविहङ्गमाः चक्रवाकाः, रात्रीतर्षं रात्रिं व्याप्य तृषित्वा, प्रियाविरहात् तर्षणैः रात्रिं नीत्वा इत्यर्थः। 'अस्यतितृषोः क्रियान्तरे कालेषु' इति णमुल्प्रत्ययः। इह अस्मिन्, निजवधूवक्त्राम्भोजे स्वकान्तामुखकमले, अधुना सम्प्रति प्रभाते, अधरनामकम् ओष्ठसंज्ञकम्, मधु मकरन्दम्, लिहते आस्वादयन्ति। प्रभाते चक्रवाकदम्पतीनां परस्परमेलननियमादिति भावः। ततश्च भुक्तस्य भोजनापेक्षया अभुक्तस्य भोजनादेव सहृदयानां तृप्तिरित्याशयः॥ ३३ ॥

कुमुदोंके मकरन्द-समूहों अर्थात् बहुत मकरन्द (का रात्रिमें पान करने) से परिपूर्ण

उदरवाला, नवागत भ्रमर-समूह कमलमें मकरन्दका पान करे या न करे (इसके विषयमें मुझे कुछ नहीं कहना है, क्योंकि भरपेट भोजन किये हुए अतिथिको पुनः भोजन नहीं करनेमें कोई विशेष आग्रह नहीं करता), किन्तु (वियोग होनेपर प्रियाके अभावमें कुमुद-मकरन्दको भी नहीं पीनेसे) रात्रिका प्यासा हुआ चकवा पक्षी कमल-मकरन्दको छोड़कर इस समय (प्रातःकालमें) स्ववधू-मुखरूपी कमलमें अधरनामक मकरन्दका पान कर रहा है। [रात्रिमें वियोग होनेपर प्रियाविरहित चकवेका सुलभ भी कुमुदमकरन्दका अकेला होनेसे दुःखी होनेके कारण पान नहीं करनेसे तृषार्त रह जाना तथा इस समय प्रातःकालमें कमलोंके विकसित होनेपर भी उनके मकरन्दका पान करना छोड़कर प्रियाके अधररूप कमलके अमृतरूप मकरन्दका पान करना चकवेका प्रियामें अतिशयित प्रेम तथा कमलकी श्रेष्ठताको सूचित करता है। कमल विकसित हो गये, उनपर कहीं-कहीं भ्रमर मधुपान करने लगे तथा चकवा-चकई परस्परमें संयुक्त हो गये, अतः प्रभातकाल जानकर आप निद्रा त्याग करें] ॥ ३३ ॥

जगति मिथुने चक्रावेव स्मरागमपारगौ
नवमिव मिथः सम्भुञ्जाते वियुज्य वियुज्य यौ ।
सततममृतादेवाहाराद् यदापदरोचकं
तदमृतभुजां भर्त्ता शम्भुर्विषं बुभुजे विभुः ॥ ३४ ॥

जगतीति । जगति त्रिलोकमध्ये, मिथुने मिथुनेषु, स्त्रीपुरुषयुगलमध्ये इत्यर्थः। निर्द्धारणे सप्तमी । जातावेकवचनम् । चक्रौ चक्रवाकौ एव, चक्रवाकमिथुनमेवेत्यर्थः । स्मरागमपारगौ कामशास्त्रतत्त्वज्ञौ, कामोपभोगे चतुरौ इत्यर्थः । 'अन्तात्यन्ताध्व-' इति डप्रत्ययः । कुतः ? यौ चक्रौ, मिथः परस्परम्, वियुज्य वियुज्य पुनः पुनः विश्लिष्य विश्लिष्य, प्रतिरात्रं स्वेच्छयैवेति भावः । नवमिव प्रत्यहं नूतनमिव, इदं प्रथममिवेत्यर्थः । सम्भुञ्जाते सुरतसम्भोगानन्दमनुभवतः । अन्यथा अरोचकभयात् इति भावः । अत्र दृष्टान्तमाह-यत् तस्मात्, अमृतभुजां सुधासेविनां देवानाम्, भर्त्ता अधीश्वरः, एतेन सर्वदा अमृतपानं सम्भवतीति बोद्धव्यम् । विभुः प्रतीकार-समर्थः, एतेन विषपानजानिष्टप्रतीकारसामर्थ्यं सूच्यते । शम्भुः शिवः सततम् अनारतम्, अमृतात् पीयूषात्, आहारात्, अशनात्, प्रात्यहिकाहार्यभूतादमृता-दित्यर्थः । न रोचते इति अरोचकं तदाख्यं रोगम् आपत् अलभत, तत् तस्मात् एव, विषं गरलम्, बुभुजे पपौ। नित्यं मधुरादिसेवनेन जाताया अरुचेः कटुतिक्तादि-विपरीतरससेवनेन निवृत्तिदर्शनादिति भावः ॥ ३४ ॥

संसारमें मिथुन (दम्पतियों) में चकवा-चकई ही कामशास्त्रके पारगामी हैं अथवा-कामशास्त्रके पारगामी चकवा-चकई ही संसारमें मिथुन उत्तम दम्पति हैं) जो (चकवा-चकई) परस्परमें वियुक्त (पृथक्-पृथक्) होकर नवीन—नवीन—सा होकर सम्भोग करते

है। जैसे अमृतभोजियों (देवों) के स्वामी सर्वसमर्थ शिवजी निरन्तर अमृतके ही भोजन करनेसे जब अरोचक रोगको प्राप्त कर लिये, तब (उस रोगको दूर करनेके लिए) विषका भोजन किया। [लोकमें भी जब किसीको उत्तमसे उत्तम भी एक ही पदार्थको खाते-खाते अरुचि हो जाती है, तब वह व्यक्ति उससे हीन भी दूसरे पदार्थको खाकर उस अरोचक रोगको दूर करता है। एक वस्तुके ही नित्य सम्भोगसे अरुचि होनेका दृष्टान्त यह है कि शिवजी अमृतभोजी देवोंके स्वामी हैं, और उन्हें सर्वदा अमृतभोजन करते रहना अत्यन्त आसान था, अत एव नित्य अमृतका ही भोजन करते रहनेसे जब उन्हें अरोचक रोग हो गया तब वे उसकी निवृत्तिके लिए अमृतविरुद्ध विषका भोजन किये ऐसी हम उत्प्रेक्षा करते हैं प्रकृतमें नित्य सम्भोग करनेसे अरुचि होनेके भयसे चकवा-चकई रात्रिमें वियुक्त होकर प्रतिदिन नवीन-सा सम्भोग करनेसे कामशास्त्रके पारङ्गामी हैं ऐसा हमलोग समझते हैं]॥ ३४॥

विशति युवतित्यागे रात्रीमुचं मिहिकारुचं
दिनमणिमणिं तापे चित्तान्निजाच्च यियासति।
विरहतरलजिह्वा बह्वाह्वयन्त्यतिविह्वला-
मिह सहचरीं नामग्राहं रथाङ्गविहङ्गमाः॥ ३५॥

विशतीति। इह प्रातः समये, रथाङ्गविहङ्गमाः पुंश्चक्रवाकाः, युवतित्यागे निजतरुणीकान्तावियोगे, चक्रवाककान्ताविच्छेदतुल्यविच्छेदे इत्यर्थः। दिनोदयेन रात्रेरदर्शनादिति भावः। रात्रीमुचम् अधुनैव रात्रीरूपपत्नीवियोगिनम्। मुचेः क्विप्। रात्रीति कृदिकारादीकारः। मिहिकारुचं मिहिकायाः हिमस्य, रुक् इव रुक् प्रभा यस्य तं तादृशम्, विरहात् हिमवत् शुभ्ररुचि चन्द्रमित्यर्थः। विशति आश्रयति सति, चक्रवाकविरहवत् शशिनोऽपि रात्रिविरहे समुपस्थिते सतीत्यर्थः। तापे सन्तापे च, विरहजनितमनस्तापे औष्ण्ये च इत्यर्थः। निजात् स्वात्, चक्रवाकीयाद्रित्यर्थः। चित्तात् मनसः। अपादानात्। दिनमणिमणिं सूर्यकान्तमणिम्, यियासति यातुमिच्छति सति, सन्तापे चक्रवाकचित्तात् सूर्यकान्तं गन्तुमिच्छति सति इत्यर्थः। सूर्यकरसम्पर्केण सूर्यकान्तमणेः ज्वलनस्य स्वाभाविकत्वादिति भावः। यातेः सनन्ताल्लटः शत्रादेशः। विरहेण रात्रौ विच्छेदेन, तरलन्त्यः तरलायमानाः, बहुक्षणादर्शनात् आह्वानार्थं चलायमाना इत्यर्थः। आचारार्थे क्विबन्ताल्लटः शत्रादेशः। जिह्वाः रसना येषां ते तादृशाः सन्तः, अतिविह्वलां दीर्घकालादर्शनात् अतिविवशाम्, सहचरीं प्रियां चक्रवाकीम्, नामग्राहं नाम गृहीत्वा। 'नाम्न्यादिशिग्रहोः' इति णमुल्प्रत्ययः। बहु वारंवारम्, आह्वयन्ति आकारयन्ति। दिनकरः समुदितः, अतः सत्वरमुत्तिष्ठ इति भावः॥ ३५॥

चक्रवाकनिष्ठ युवतित्यागके (स्त्रीस्थानीया) रात्रिका त्याग करनेवाले (तथा विरहसे

हिमतुल्य पाण्डुवर्ण) चन्द्रमामें प्रविष्ट होते रहनेपर अर्थात् चकवाके समान चन्द्रमाको भी पत्नीविरह होनेपर तथा ताप (विरहजन्य सन्ताप, पक्षा०—उष्णता) के अपने (चकवाकके) चित्तसे सूर्यकान्तमणिमें गमन करनेका इच्छुक होनेपर अर्थात् सूर्य-किरण-संसर्गसे सूर्यकान्त-मणिके प्रज्वलित होनेसे चकवाकके चित्तसे उसके रात्रि-विरहजन्य सन्तापको सूर्यकान्तमणि-में जानेकी इच्छा करते रहनेपर विरहसे अतिशय चञ्चल जिह्वावाले चकवाक अत्यन्त व्याकुल सहचरी (चकई) को नाम लेकर बारबार बुला रहे हैं अर्थात् रात्रिको पत्नी-विरहसे व्याकुलचित्त चकवा पतिवियोगसे हा व्याकुलित चकईको 'वह जीवित है या नहीं ?' ऐसी आशङ्काकर बारबार उसका नाम लेकर बुला रहे हैं ॥ ३५ ॥

स्वमुकुलमयैर्नेत्रैरन्धम्भविष्णुतया जनः
किमु कुमुदिनीं दुर्व्याचष्टे रवेरनवेक्षिकाम् ? ।
लिखितपठिता राज्ञो दाराः कविप्रतिभासु ये[1]
शृणुत शृणुतासूर्यम्पश्या न सा किल भाविनी ? ॥ ३६ ॥

स्वेति । जनः लोकः, स्वमुकुलमयैः निजकोरकरूपैः, निमीलितैरित्यर्थः । नेत्रैः नयनैः, अन्धम्भविष्णुतया अन्धीभूततया, अनन्धाया अपि अन्धाया भूततया हेतु-नेत्यर्थः । अविचारादिति भावः । 'कर्त्तरि भुवः खिष्णुच्' इति अभूततद्भावे कर्त्तरि खिष्णुच्प्रत्ययः, 'अरुर्द्विषत्—' इत्यादिना मुमागमः । रवेः सूर्यस्य, अनवेक्षिकाम् अनवेक्षणीम् , सूर्यमपश्यन्तीमित्यर्थः । ण्वुल् । 'प्रत्ययस्थात्—' इति ण्वुकि कात्पूर्व-स्येकारः । कुमुदिनीं कैरविणीम् , राजपत्नीमिति भावः । किमु किमिति, दुर्व्याचष्टे ? दुर्वदति ? कुमुदिनी जगत्पावनम् अवश्यदर्शनीयं सूर्यमपि न पश्यति, अहो ! अत्य-न्तमनुचितमिदमाचरणम् अस्याः इत्यादिरूपेण वृथा अपवदतीत्यर्थः । ननु 'लोकेऽ-स्मिन् मङ्गलान्यष्टौ ब्राह्मणो गौर्हुताशनः । हिरण्यं सर्पिरादित्य आपो राजा तथाऽ-ष्टमः ॥ एतानि सततं पश्येन्नमस्येदर्चयेत्तु यः । प्रदक्षिणञ्च कुर्वीत तस्य चायुर्न हीयते ॥' इति शास्त्रात् सूर्यावेक्षणस्य विहितत्वेन तदनाचरन्ती कथं न दुर्वाच्या ? इत्याशंसायामाह—कविप्रतिभासु कवीनां विदुषाम् , प्रतिभासु प्रज्ञासु, प्रतिभोद्भा-सितकाव्येषु इत्यर्थः । ये कुमुदिनीत्याख्यया प्रसिद्धाः, राज्ञः चन्द्रस्य नृपस्य च । 'राजा प्रभौ नृपे चन्द्रे' इति विश्वः । दाराः पत्नी राजदाराः, लिखितपठिताः कवि-भिर्लिपीकृताः अध्येतृभिश्च अधीताः । लिखिताश्च ते पठिताश्च इति विशेषणसमासः । कवयो यां राजपत्नीं वदन्ति, तच्छिष्याश्च तथैव जानन्तीत्यर्थः । सा राजदारत्वेन वर्णिता कुमुदिनी, सूर्यं न पश्यतीति असूर्यम्पश्या सूर्यादर्शिनी । 'असूर्यललाटयो-र्दृशितपोः' इति खश्प्रत्ययः । 'पाघ्रा—' इत्यादिना दृशेः पश्यादेशः । असूर्यं इति चासमर्थसमासोऽयं, दृशिना नञः सम्बन्धत्वात् । 'यदा तु सूर्याभावदर्शनमात्रं

1. 'येति पाठः समीचीनः' इति 'प्रकाश' कारः ।

सूर्येतरचन्द्रादेर्दर्शनं वा विवक्षितं तदा खश् न भवति; अनभिधानात्' इति न्यासकारादयः। अस्मादेव ज्ञापकात् क्रियाऽन्वयिनोऽपि नञ उत्तरपदेन समासः। न भाविनी किल ? न भविष्यति किम् ? न भविष्यत्येवेत्यर्थः; । 'भविष्यति गम्यादयः' इति साधुः। शृणुत शृणुत भोः दुर्वाचो जनाः! आकर्णयत आकर्णयत। आक्रोशे द्विरुक्तिः। यदि असूर्यम्पश्या राजदारा इति राजनीत्यनुसारेण युक्तं स्यात्, तदा चन्द्रस्य राजापरनामकत्वात् चन्द्रदर्शनेनैव विकसनस्वभावायाः कुमुदिन्याः चन्द्रपत्नीत्वेन कविभिः रूपणात् कुमुदिन्या अपि राजदारत्वं सिद्धमेव, एवञ्च राजदारत्वात् तस्याः सूर्यानवेक्षणस्य युक्तत्वेन सूर्यादर्शनेन यत् जनाः तां निन्दन्ति तदसङ्गतमेवेति निष्कर्षः। परमार्थतस्तु कैमुत्यन्यायेन पुरुषान्तरदर्शननिषेधपरमेतत् न सूर्यदर्शननिषेधपरम् इति द्रष्टव्यम्, अत एव काशिका 'गुप्तिपरञ्चैतत्' इति ॥३६॥

अपने कोरकमय (बन्द होनेसे निमीलित) नेत्रोंसे अन्धी होनेके कारण लोग (अथवा—स्वयमेव अन्धा होनेके कारण लोग अपने कोरकमय नेत्रोंसे) 'यह कुमुदिनी सूर्यको नहीं देखती है' ऐसा बदनाम क्यों करते हैं ? अर्थात् प्रातः सूर्य-दर्शन करना मङ्गलकारक होनेसे कुमुदिनीकी निमिलित हो जानेके कारण सूर्यदर्शन नहीं करनेकी निन्दा करना उचित नहीं है, क्योंकि (हे वैसी निन्दा करनेवाले लोगो !) सुनिये, सुनिये, (पाणिनि आदि) कवियों (विद्वानोंकी प्रतिभायें) लिखी तथा (छात्र आदिके द्वारा वैसी ही) पढ़ी गयी राजा (नृपति, पक्षा०—चन्द्र) की स्त्रियां असूर्यम्पश्या (सूर्यका दर्शन नहीं करनेवाली) हैं, (किन्तु) यह कुमुदिनी वह (सूर्य-दर्शन नहीं करनेवाली) नहीं है। [जो राजपत्नियां हैं वे सुरक्षिततम महलोंमें रहने तथा सुकुमारतम होनेसे सूर्यदर्शन नहीं कर पातीं और उनका ऐसा होनेमें तात्पर्य मानकर ही पाणिनि आदि विद्वानोंने 'असूर्यललाटयोर्दृशितपोः (पा. सू. ३।२।३६)' का उदाहरण 'असूर्यम्पश्या राजदाराः' अर्थात् 'सूर्यको नहीं देखनेवाली राजपत्नियां' दिया है और शिष्यादिने वैसा ही परम्परासे पढ़ा है; और उस रहस्यके अनभिज्ञ लोग उस कुमुदिनी एवं राजपत्नियोंकी वैसी निन्दा करते हैं। जब अन्य राजपत्नियोंके समान कुमुदिनी भी राजपत्नी (चन्द्रकी स्त्री) है तब उसका भी सूर्य-दर्शन नहीं करना अनुचित नहीं कहा जा सकता। वास्तविकमें तो परपुरुषदर्शन-परक 'असूर्यम्पश्या राजदाराः' उदाहरण है, न कि 'सूर्य-दर्शन-निषेधपरक' इसीसे 'गुप्तिपरञ्चैतत्' (यह अतिशय सुरक्षितत्वपरक है) यह काशिकोक्ति भी सङ्गत होती है]॥ ३६ ॥

चुलुकिततमःसिन्धोर्भृङ्गैः करादिव शुभ्यते
नभसि बिसिनीबन्धो रन्ध्रच्युतैरुदबिन्दुभिः।
शतदलमधुस्रोतःकच्छद्वयीपरिरम्भणा-
दनुपदमदःपङ्काशङ्कामभी मम तन्वते ॥ ३७ ॥

चुलुकितेति । नभसि आकाशे, भृङ्गैः उड्डीयमानभ्रमरैः, चुलुकितः चुलुकीकृतः, पानार्थं निकुब्जपाणौ गृहीत इत्यर्थः । तमःसिन्धुः अन्धकारसागरः येन तथोक्तस्य, बिसिनीबन्धोः पद्मिनीसखस्य सूर्यस्य, करात् अंशोः हस्ताच्च, रन्ध्रच्युतैः अङ्गुल्यन्तरालगलितैः उदबिन्दुभिः इव तमःसिन्धोः जलकणैरिव, शुभ्यते दीप्यते, प्रतीयते इत्यर्थः, इत्युत्प्रेक्षा । शुभेर्भावे लट् । भृङ्गतमसोः तुल्यवर्णत्वात् तथा भृङ्गाणां कृष्णवर्णस्थूलजलबिन्दुवत् प्रतीयमानत्वाच्चेति भावः । किञ्च, अमी भृङ्गाः, अनुपदम् अनुक्षणम् , उक्तरूपेण प्रतीयमानानन्तरमेवेत्यर्थः । शतदलमधुस्रोतसः कमलमकरन्दप्रवाहस्य; कच्छद्वयीपरिरम्भणात् उभयपार्श्वस्थजलप्रायभागसंश्लेषात् , मधुप्रवाहस्य उभयतटोपरि उपवेशनाद्धेतोरित्यर्थः । अमुष्य मधुस्रोतसः पङ्काशङ्कां कर्दमभ्रान्तिम् , मम वैतालिकस्य, तन्वते विस्तारयन्ति, उत्पादयन्तीत्यर्थः । पङ्कभृङ्गयोः समानवर्णत्वादिति भावः ॥ ३७ ॥

चुल्लूमें लेकर पीये गये अन्धकार-समुद्रवाले सूर्य-करों (सूर्यकी किरणों, पक्षा०—हाथों) से अङ्गुलियोंके छिद्रोंसे गिरे हुए जल-बिन्दुके समान आकाशमें (उड़ते हुए) भ्रमर शोभ रहे हैं और ये (भ्रमर) कमलोंके मकरन्द-प्रवाहके दोनों किनारोंके आलिङ्गन (आर्द्र) करनेसे इन मकरन्दप्रवाहोंके कीचड़की शङ्का प्रत्येक क्षणमें हमारे (वैतालिकोंके) मनमें उत्पन्न करते हैं । [चुल्लूमें जलको लेकर पीते समय (अङ्गुलियोंके छिद्रोंसे गिरे हुए जलकी बूंदोंके समान अन्धकार-समूहको चुल्लूमें लेकर पान किये हुए सूर्यके किरणछिद्रोंसे गिरे हुए अन्धकाररूप समुद्रकी बूंदोंके समान ये आकाशमें उड़ते हुए भ्रमर शोभते हैं तथा कमलोंके मकरन्द-प्रवाहसे दोनों पक्षोंके आर्द्र होनेसे हमलोगोंको ऐसा ज्ञात होता है कि ये भ्रमर मकरन्द-प्रवाहके दोनों तटोंके कीचड़ हैं । जलपान करते समय अङ्गुलिछिद्रोंसे बिन्दुओंका गिरना तथा प्रवाहके उभयतटके मध्यमें कीचड़ होना उचित ही है । अन्धकार नष्ट हो गया, कमलोंके मकरन्दका पान करनेके लिए भ्रमर आकाशमें उड़ने लगे, अत एव प्रातःकाल जानकर हे राजन् नल ! निद्रात्याग कीजिये] ॥ ३७ ॥

घुसृणसुमनःश्रेणिश्रीणामनादरिभिः सरः-
परिसरचरैर्भासां पत्युः कुमारतरैः करैः ।
अजनि जलजामोदानन्दोत्पतिष्णुमधुव्रता-
वलिशबलनाद् गुञ्जापुञ्जश्रियं गृहयालुभिः ॥ ३८ ॥

घुसृणेति । घुसृणसुमनश्रेणिश्रीणां कुङ्कुमकुसुमावलिशोभानाम् । 'वाऽऽमि' इति नदीत्वपक्षे नुडागमः । 'कुङ्कुम घुसृणं वर्णम्' इति हलायुधः । अनादरिभिः अवज्ञाकारिभिः, कुङ्कुमवर्णादप्यधिकारुणवर्णत्वादिति भावः । सरःपरिसरचरैः सरोवरप्रान्तवर्त्तिभिः, कुमारतरैः नवोदितत्वादतिबालैः, भासां पत्युः अर्कस्य, करैः । कर्त्तृभिः जलजामोदेन कमलपरिमलेन, यः आनन्दः हर्षः, तस्मात् उत्पतिष्णूनाम्

उत्पतनशीलानाम् , उड्डीयमानानामित्यर्थः। 'अलङ्कृञ्—' इत्यादिना इष्णुच्। मधुव्रतानां भृङ्गाणाम् , आवल्याः पङ्क्तेः, शबलनात् चित्रणात् , निजवर्णेन मिश्रीकरणात् हेतोरित्यर्थः। गुञ्जापुञ्जस्य, 'कुंच्' 'रत्ती' इति ख्यातस्य कृष्णलासमूहस्य। 'गुञ्जा तु कृष्णला' इत्यमरः। श्रियम् इव श्रियं शोभाम् , इति निदर्शनाभेदः, गुञ्जाया उपरिभागस्य कृष्णवर्णत्वात् निम्नभागस्य च रक्तवर्णत्वादिति भावः। 'न लोक—' इत्यादिना षष्ठीप्रतिषेधः। गृहयालुभिः ग्राहकैः, ग्रहणशीलैरित्यर्थः। 'गृहि' इत्यदन्ताच्चौरादिकात् णिच् 'स्पृहिगृहि—इत्यादिना आलुच्। अजनि जातम्। भावे लुङ्। अलिकुलयोगेन सूर्यांशुकिशोरकास्तद्वत् बभुः इत्यर्थः। गुञ्जाबीजानां नीलमुखत्वात् अधो रक्तवर्णत्वाच्च उपरि सञ्चरतां कृष्णवर्णानामलिकुलानां सम्पर्केण अधोवर्त्तिनां बालसूर्यकिरणानामारक्तवर्णानां गुञ्जासादृश्यमिति भावः॥ ३८॥

कुङ्कुम-पुष्प-समूहकी शोभाका अनादर करनेवाले अर्थात् उससे भी अधिक लाल, तडागोंके चारों भागमें फैलते हुए, अतिशय बाल अर्थात् अभिनव प्रभापति (सूर्य) की किरणें कमलोंकी सुगन्धसे आनन्दित हो ऊपर उड़नेवाले भ्रमर-समूहसे मिश्रित होनेके कारण घुंघची (करेजनी) की राशिकी शोभा ग्रहण कर रहे हैं, अर्थात् अभिनवतम होनेसे अत्यधिक लाल-लाल सूर्यकिरणें उड़ते हुए भ्रमरोंसे मिलकर घुंघचीकी राशिके समान शोभती हैं। [अत्यन्त छोटे बालकका सुमनसों (विद्वानों) का अनादर करना तथा रक्तवर्ण होना और घुंघचीके समूह (माला) से शोभित होना उचित ही है]॥ ३८॥

रचयति रुचिः शोणीमेतां कुमारितरा रवे-
र्यदलिपटली नीलीकर्त्तुं व्यवस्यति पातुका।
अजनि सरसी कल्माषी तद्ध्रुवं धवलस्फुट-
त्कमलकलिकाषण्डैः पाण्डूकृतोदरमण्डला॥ ३९॥

रचयतीति। यत् यस्मात् , अतिशयेन कुमारी कुमारितरा अतिशयेन बाला, नवप्रकाशिता इत्यर्थः। 'घरूप—' इत्यादिना ङ्यो ह्रस्वः। रवेः सूर्यस्य, रुचिः प्रभा, एतां सरसीम् , शोणीं शोणवर्णाम्, अरुणवर्णामित्यर्थः, 'शोणात् प्राचाम्' इति विकल्पात् ङीष्। रचयति करोति, निजारुण्यस्पर्शनेनेति भावः। 'लषपत—' तथा पातुका पतयालुः, सरस्या एवोपरि उत्पतनशीला इत्यर्थः। इत्यादिना उकञ्। अलीनां भ्रमराणाम् , पटली मण्डली च, नीलीकर्त्तुं स्वकान्तिसम्पर्केण कृष्णवर्णीकर्त्तुम्। अभूततद्भावे च्विः। सरसीमेवेति भावः। व्यवस्यति उद्युङ्क्ते इच्छतीत्यर्थः। तत् तस्मात् , सरसी दीर्घिका, धवलैः शुभ्रैः, स्फुटद्भिः विकसद्भिश्च, कमलकलिकानां पद्ममुकुलानाम्, षण्डैः कदम्बैः, समूहैरित्यर्थः। 'कदम्बे षण्डमस्त्रियाम्' इत्यमरः। पाण्डूकृतं धवलीकृतम् , अभूततद्भावे च्विः। उदरमण्डलं

मध्यभागः यस्याः सा तादृशी सती, कल्माषी चित्रवर्णा, विविधवर्णेत्यर्थः । गौरादित्वात् ङीष् । अजनि जाता । 'दीपजन-' इत्यादिना कर्त्तरि लुङ् चिण् । ध्रुवं निश्चितम् , इत्युत्प्रेक्षायाम् । अत्र सरस्याः स्वगुणत्यागेन रविकिरणादिगुणस्वीकारात्तद्गुणालङ्कारः, 'तद्गुणः स्वगुणत्यागादन्योत्कृष्टगुणग्रहः' इति लक्षणात् । तत्रैकैकगुणसङ्क्रान्तिपरिचयात् शोणाद्यनेकगुणसङ्क्रमद्वारा कल्माषस्वीकारोत्प्रेक्षणात्तद्गुणोत्प्रेक्षयोरङ्गाङ्गिभावेन सङ्करः ॥ ३९ ॥

जिस कारणसे अतिशय अभिनव सूर्य-किरण इसे (इस तडागको) लाल कर रही है, जिस कारणसे (मकरन्द-पान करनेके लिए इस तडागके ऊपर गिरता अर्थात् आता हुआ भ्रमर-समूह इस तड़ागको नीला करना चाहता है, मानो इस कारणसे) स्वच्छ खिलते हुए कमल-कोरक-समूहोंसे मध्यभागमें स्वच्छ वर्णवाला यह तडाग कर्बुरित हो गया है (अथवा—······चाहता है और जिस कारणसे स्वच्छ विकसित होते हुए कमल-कोरक-समूहोंसे यह तडाग मध्यभागमें शुभ्रवर्णवाला हो गया है; मानो इस कारणसे ही यह तडाग कर्बुरित हो गया है) ॥ ३९ ॥

कमलकुशलाधाने भानोरहो ! पुरुषव्रतं
यदुपकुरुते नेत्राणि श्रीगृहत्वविवक्षुभिः ।
कविभिरुपमादा[1]नादम्भोजतां गमितान्यसा-
वपि यदतथाभावान्मुञ्चत्युलूकविलोचने ॥ ४० ॥

कमलेति । कमलानां पद्मानाम् , प्रकृतानामुपमितानां वा इति भावः । कुशलाधाने क्षेमविधाने विकासजनने इति भावः । भानोः सूर्यस्य, पुरुषव्रतं पुरुषस्य पुरुषाभिमानिनः, व्रतं नियमः, दृढाध्यवसाय इत्यर्थः, । पौरुषमिति यावत् । अहो ! चित्रम् ! अथवा-अहोपुरुषः पुरुषाभिमानवान् । अहोपुरुष इति मयूरव्यंसकादिषु कैयटः । तस्य व्रतं दृढनियम इत्यर्थः । कुतः ? यत् यस्मात् असौ भानुः, श्रीगृहत्वं शोभाश्रयत्वम् , नेत्राणां सौन्दर्यवर्णने उपमानत्वमित्यर्थः । विवक्षुभिः वक्तुमिच्छुभिः । 'द्वितीया-' इति योगविभागात् द्वितीयासमासः । कविभिः काव्यकर्त्तृभिः वाल्मीकादिभिः, उपमादानात् नेत्राणां सादृश्यत्वेन वर्णनामात्रात्, अम्भोजतां गमितानि कमलत्वेन रूपितानि, नेत्राणि नयनानि अपि, सौन्दर्यातिशयव्यापनाय कमलतुल्यतया वर्णितानि जननयनान्यपीत्यर्थः, उपकुरुते उन्मीलनेन उपकृतानि करोति, विकासयतीत्यर्थः । आलोकसहकारादेव लोकलोचनानां विषयेषु प्रवृत्तेरिति भावः । सूर्योदये सर्व एव प्राणिनो निद्रां परिहृत्य नयनोन्मीलनकरणात् भानोः उपमितकमलानां कुशलाधायकत्वम् , प्रकृतानाञ्च विकाससम्पादनेन कुशलाधायकत्वमिति बोद्धव्यम् । यत् अपि यस्मात्, अतथाभावात् औपमानिकाम्भोजत्वस्यापि

1. '—मानादथ—' इति पाठान्तरम् ।

अभावादित्यर्थः। नञर्थस्य नशब्दस्य सुप्सुपेति समासः। उलूकस्य पेचकस्य, विलोचने नयने। गोलाकारे क्षुद्रे च इति भावः। मुञ्चति परिहरति, न उन्मीलनेन उपकरोतीत्यर्थः। सूर्यकरासहत्वेन निमीलितत्वादिति बोध्यम्। अन्वयव्यतिरेकाभ्याम् अम्भोजसदृशस्य लोकलोचनस्य विकासेन कुशलाधायकत्वात् तदसदृशस्य उलूकलोचनस्य च अविकाशेन कुशलानाधायकत्वात् सहस्रकरस्य देवस्य अम्भोजेऽङ्कुरत्वव्रतं किमु वाच्यम्? इति निष्कर्षः। प्रातः अम्भोजवल्लोकलोचनाम्भोजान्यपि विकासयामास इति भावः॥ ४०॥

कमलोंके मङ्गल करनेमें सूर्यका पुरुषव्रत (अङ्गीकृतका सम्यक् प्रकारसे परिपालन करना) आश्चर्यकारक है, क्योंकि यह (सूर्य) श्री (शोभा या लक्ष्मी) के निवासस्थानको कहनेके इच्छुक (व्यास, वाल्मीकि, कालिदास आदि) कवियोंके द्वारा उपमा देनेसे अर्थात् मनुष्योंके नेत्रोंको भी कमलतुल्य कहनेसे कमलत्वको प्राप्त (मनुष्योंके) नेत्रको भी विकसित (पक्षा०—वस्तुदर्शन समर्थ) करता है और अन्यथाभाव होनेसे अर्थात् कवियोंके द्वारा कमलकी उपमा नहीं देनेसे उल्लूके नेत्रद्वयको छोड़ देता (विकसित अथच—वस्तुदर्शन-समर्थ नहीं करता) है। [सूर्य तडागस्थ मुख्य कमलको विकसित करता ही है, किन्तु कवियोंने मनुष्योंके जिन नेत्रोंको कमलके साथ उपमा दी है, उन नेत्रोंको भी (प्रातःकालमें सूर्योदय होनेसे मनुष्योंके जगने (नेत्रखोलने) तथा वस्तुओंको देखनेके कारण) विकसित करता है और श्रीहीन जिन उलूक-नेत्रोंको कवियोंने कमलके साथ उपमा नहीं दी है, उन्हें (दिनमें नहीं देख सकनेके कारण उल्लूके नेत्रोंको) नहीं विकसित करता अतः सूर्यका यह पुरुषव्रत (कवियोंसे उपमित होने मात्रसे मुख्य कमलके साथ ही मानवनेत्रकमलको भी विकसित करनेका तथा कवियोंसे उपमित नहीं होनेमात्रसे उल्लूकनेत्रको अविकसित ही छोड़ देनेका अटल नियम) आश्चर्यजनक है]॥ ४०॥

यदतिमहतीभक्तिर्भानौ तदेनमुदित्वरं
त्वरितमुपतिष्ठस्वाध्वन्य! [१]त्वमध्वरपद्धतेः।
इह हि समये मन्देहेषु व्रजन्त्युदवज्रताम्
अभिरविमुपस्थानोत्क्षिप्ता जलाञ्जलयः किल॥ ४१॥

कोष) में विकसित पत्ररूपी नेत्रमध्यवाला (पक्षा०—पत्रमध्यके समान विकसित = निद्रारहित होनेसे विस्फारित नेत्रमध्यवाला) जो कुमुद पहले (रात्रिमें) सम्पूर्ण रात्रिमें पहरेदारकी शोभा (समानता) को प्राप्त किया था, वही कुमुद इस समय दिनको प्राप्तकर अर्थात् दिन होनेपर (प्रातःकालमें कुमुदके बन्द होनेसे) भीतरमें घूमते हुए भ्रमरोंके गुञ्जनरूपी शयन करते समय अधिक नासिकाके 'घर्र-घर्र' शब्दको करनेके साथ-साथ निद्राके सुखको प्राप्त करता है। [जिस प्रकार कोषागार (खजाने) का पहरेदार पूर्ण रात्रिमें जागरण कर दिन होनेपर खुर्राटा लेता हुआ सुखसे सोता है, उसी प्रकार मानो कुमुद भी रात्रिभर उन्मीलित रहकर दिन होनेपर इस समय भीतरमें बन्द हुए भ्रमरके गुञ्जनसे मानो खुर्राटा लेता हुआ सो रहा है, ऐसा हम समझते हैं] ॥ ५९ ॥

इह किमुषास पृच्छाशंसिकिंशब्दरूप
प्रतिनियमितवाचा वायसेनैष पृष्टः ।
भण फणिभवशास्त्रे तातङः स्थानिनौ का-
विति विहिततुहीवागुत्तरः कोकिलोऽभूत् ? ॥ ६० ॥

इहेति । इह अस्मिन् , उषसि प्रभाते; पृच्छां प्रश्नम् , शंसति सूचयतीति पृच्छाशंसी प्रश्नवाचकः । 'प्रश्नेऽनुयोगः पृच्छा च' इत्यमरः । तादृशस्य किं शब्दस्य किमिति सर्वनामपदस्य, रूपे रूपविशेषे, कौ इति प्रथमाद्विवचनान्तपदनिष्पत्तौ, प्रतिनियमिता सदैव निर्दिष्टा, वाक् वाक्यं यस्य तादृशेन, काविति व्यक्तवाक्येनेत्यर्थः । वायसेन काकेन, फणिनः शेषात् , भवे उत्पन्ने, शेषप्रणीते इत्यर्थः । शास्त्रे पाणिनीये महाभाष्ये, तातङस्तातङादेशस्य, स्थानिनौ आदेशिनौ कौ ? किं शब्दौ ? भण ब्रूहि, इति एवम्, पृष्टः जिज्ञासितः, इवेति शेषः । एषः पुरतो वृक्षशाखायामुपविष्टः इत्यर्थः। कोकिल पिकः, विहितं प्रयुक्तम् , तुही तुश्च हिश्च तुही इति, वाक् निजध्वनिरेव, उत्तरं प्रतिवचनं येन सः तादृशः, अभूत् अजनि, किम् ? 'तुह्योस्तातङाशिष्यन्यतरस्याम्' इति पाणिनिसूत्रे तुह्योः स्थाने तातङ् विधीयते; प्रातः काकः कौ इति शब्देन तातङः स्थानिनौ कौ इति पृच्छति किम् ? कोकिलश्च तुही इति शब्देन तस्य उत्तरं ददाति किम् ? इत्यर्थः । पक्षिप्रभृतीनामव्यक्तध्वनी यस्य चेतसि यदुदेति स तथैव मनःकल्पितं प्रकाशयति, एवञ्च कविरयं तदा काकध्वनिं 'कौ' इति कोकिलध्वनिञ्च 'तुही' इति कल्पयित्वा काविति तुहीति च काककोकिलकूजितेन पूर्वोक्तप्रश्नोत्तरत्वमुत्प्रेक्षते । प्रभातं जातं काकादयः पक्षिणः कूजन्तीति भावः ॥ ६० ॥

इस प्रभातकालमें प्रश्नवाचक 'किम्' शब्दके (कौ, कौ) रूपसे प्रतिनियत वचनवाले कौवेसे 'शेषोक्त शास्त्र अर्थात् पाणिनिमहाभाष्यमें 'तातङ्' के स्थानी अर्थात् आदेश कौन-कौन होते हैं इस प्रकार 'कौ, कौ' ऐसा पूछा गया, तथा 'तुहि' कहनेवाला कोकिल उसका उत्तर हो गया क्या ? [प्रातःकाल स्वभावसे ही कौवा 'कौ, कौ' तथा पिक 'तुहि, तुहि

करता है, कविराज श्रीहर्ष इसपर उत्प्रेक्षा करते हैं कि—इस प्रातःकालमें 'कौ, कौ' कहता हुआ कौवा 'पाणिनीय महाभाष्यमें 'तातङ्' के स्थानी 'कौन-कौन हैं ?' ऐसा प्रश्न करता है और कोयल 'तुहि, तुहि' कहकर उत्तर देता है कि 'पाणिनीय महाभाष्यमें 'तातङ् के स्थानी 'तु-हि, तु-हि' हैं। क्योंकि 'तुह्योस्तातङ्ङाशिष्यन्तरस्याम्' (पा० सू० ७।१।३५) से 'तातङ्' के स्थानमें 'तु और हि' आदेश होते हैं। हे राजन्! प्रातःकाल हो गया, कौवे तथा कोयल बोलने लगे; अतएव आप शीघ्र जागिये] ॥ ६० ॥

दाक्षीपुत्रस्य तन्त्रे ध्रुवमयमभवत् कोऽप्यधीती कपोतः
कण्ठे शब्दौघसिद्धिक्षतबहुकठिनीशेषभूषाऽनुयातः ।
सर्वं विस्मृत्य दैवात् स्मृतिमुषसि गतां घोषयन् यो घुसंज्ञां
प्राक्संस्कारेण सम्प्रत्यपि धुवति शिरः पट्टिकापाठनेन ॥ ६१ ॥

दाक्षीति । अयं परिदृश्यमानः, कः अपि अपरिज्ञातपूर्ववृत्तान्त इत्यर्थः । कपोतः पारावतः, दाक्षीपुत्रस्य दक्षगोत्रसञ्जातमातृकस्य दाक्षीनामकमातृगर्भजातस्य वा पाणिनेः, दक्षस्यापत्यम् 'अत इञ्' इति इञि 'इतो मनुष्यजातेः' इति ङीष् । तन्त्रे शास्त्रे व्याकरणे, ध्रुवं निश्चितमेव, अधीतम् अध्ययनम् अस्य अस्तीति अधीती दाक्षीपुत्रतन्त्राध्ययनकारी इत्यर्थः । 'इष्टादिभ्यश्च' इतीनिप्रत्ययः, 'क्तस्येन्विषयस्य कर्मण्युपसङ्ख्यानम्' इति सप्तमी । अभवत् अजायत । यः कपोतः, कण्ठे निजगलदेशे, शब्दौघेषु 'रामः रामौ रामाः' इत्यादि प्रातिपदिकसमूहेषु, सिद्ध्यै शिक्षालाभार्थम् , क्षता प्रस्तरफलकादौ पुनः पुनः लिखनेन क्षयं प्राप्ता, बह्वी प्रभूता, या कठिनी खटी । 'कठिनी खटिकायामपि' इति मेदिनी । तस्याः शेषः अवशिष्टांशः, सः एव भूषा आभरणम् , तयाऽनुयातः अन्वितः, रूषितः सन् इत्यर्थः, इवेति शेषः, खटिकाचूर्णशेषरेखया कण्ठे अनुरञ्जितः सन्निवेत्यर्थः । कपोतविशेषस्य कण्ठे धवलरेखा भवति, तत्र खटिकाचूर्णानुरञ्जनत्वाध्यवसायो बोध्यः । सर्वम् अधीतं समस्तशास्त्रम् । विस्मृत्य तिर्यग्योनेः सम्बन्धात् विस्मृतो भूत्वा, पट्टिकापाठनेन पट्टिकायां प्रस्तरफलकादौ, पाठनेन लिखितविषयस्य अध्यापनाजनितेन, प्राक्संस्कारेण पूर्वतनवासनया, पूर्वाभ्यासवशेनेत्यर्थः । दैवात् सहसा, स्मृतिं स्मरणविषयताम्, गतां प्राप्ताम्, घुसंज्ञां 'दाधा घ्वदाप्' इति सूत्रोक्तां घु इति संज्ञाम्, घोषयन् 'घु' इति शब्देन उच्चैः उच्चारयन् , सम्प्रति अधुनाऽपि, उषसि प्रातःकाले, शिरः मस्तकम् , धुवति कम्पयति, इत्युत्प्रेक्षा । लोकेऽपि दृश्यते यत् कश्चित् विस्मृतस्य कस्यचित् विषयस्य स्मरणकाले मस्तकं कम्पयतीति ॥ ६१ ॥

कण्ठमें शब्दसमूहकी सिद्धिके लिए घिसी हुई बहुत-सी खड़ियासे अवशिष्टांश (अङ्गुलिमें लगे हुए रज) रूपी भूषणसे युक्त यह (प्रत्यक्ष दृश्यमान) कोई कबूतर मानो

1. —पाठजेन' इति 'प्रकाश' सम्मतः पाठः ।

पाणिनिके व्याकरणशास्त्रको पहले पढ़नेवाला हुआ है, जो भाग्य (दुर्भाग्य) से सब भूलकर प्रातःकालमें स्मृतिगोचर हुई ('दाधाघ्वदाप्' (पा. सू. ३।३।१०७) से विहित) 'घु' संज्ञाको घोषित (बार-बार उच्चारण) करता हुआ पट्टिका (पाटी) के अध्ययनजन्य पूर्वसंस्कारसे इस समय भी शिर कँपा रहा है। [जिस प्रकार पहले पढ़े हुए ग्रन्थको दुर्भाग्यवश विस्मृत हो जानेपर प्रातःकालमें स्मरण पथागत किसी विशेष स्थलको बार-बार कहता हुआ वह भूतपूर्व विद्वान् पूर्वसंस्कारसे शिरको कम्पित करता है, तथा उसके गलेमें पढ़नेके समय काष्ठफलक (पाटी) पर खड़ियासे लिख-लिखकर उसे मिटानेके बाद अङ्गुलिमें लगी हुई खड़ियेकी धूलको विद्याप्रसादनार्थ कण्ठमें लगा रहता है; उसी प्रकार मानो यह कबूतर भी पहले पाणिनीय व्याकरणको पढ़ा हुआ है तथा शब्दसिद्धि करते समय घिसी हुई खड़ियेकी धूलको कण्ठमें लगा लिया है; किन्तु दुर्भाग्यवश सब पठित व्याकरणको भूल गया है इस प्रातःकालमें केवल 'घु' संज्ञा उसे याद आ गयी है, जिसे वह बार-बार कहता हुआ अध्ययनजन्य पूर्वसंस्कारसे अपने दुर्भाग्यको कोसता हुआ सिर धुन (कँपा) रहा है। प्रातःकालमें स्मरण होना तथा स्मरण आनेपर शिर कँपाना प्रायः सबका स्वभाव होता है। कबूतर 'घु-घु' कर रहा है, अतः प्रातःकाल जानकर अब आप निद्रात्याग करें] ॥ ६१ ॥

पौरस्त्यायां घुसृण[1]सुमनःश्रीजुषो वैजयन्त्या-
[2]स्तोकैश्चित्तं हरति हरिति क्षीरकण्ठैर्मयूखैः ।
भानुर्जाम्बूनदरु[3]चिरसौ शक्रसौधस्य कुम्भः
स्थाने पानं तिमिरजलधेर्भाभिरेतद्भवाभिः ॥ ६२ ॥

पौरस्त्यायामिति । जाम्बूनदरुचिः उदयरागात् कनककान्तिः, अत एव शक्रसौधस्य पूर्वदिगवस्थितस्य इन्द्रप्रासादस्य वैजयन्तस्य, कुम्भः सौधाग्रवर्त्तिकनककलशरूपः इति रूपकम् । असौ परिदृश्यमानः, भानुः सूर्यः, पुरो भवायां पौरस्त्यायां प्राच्याम् । 'दक्षिणापश्चात्पुरसस्त्यक्' इति त्यक्, 'किति च' इति वृद्धिः । हरिति दिशि, घुसृणस्य कुङ्कुमस्य, सुमनसां पुष्पाणाम् , या श्रीः शोभा, तज्जुषः तत्सेविन्याः, रक्तवर्णायाः इत्यर्थः । वैजयन्त्याः पताकायाः, तोकैः अपत्यैः, पताकाया अपत्यसदृशैरित्यर्थः । 'अपत्यं तोकं तयोः समे' इत्यमरः । क्षीरकण्ठैः दुग्धपायिभिः बालैः, मयूखैः किरणैः, चित्तं मनः, हरति मुष्णाति, मनोहरः भवतीत्यर्थः । किञ्च एतस्मात् कुम्भरूपात् भानोः, भवति जायते इति ताभिः एतद्भवाभिः कुम्भोत्पन्नाभिः, भाभिः प्रभाभिः, तिमिरजलधेः अन्धकारसमुद्रस्य, पानं चुलुकीकरणम् , विनाशनमिति यावत् । 'उभयप्राप्तौ कर्मणि' इति कर्मणि षष्ठी । स्थाने युक्तम् ।

---

१. '—मसृण' इति पाठान्तरम् । २. '—स्तोमै—' इति पाठान्तरम् ।
३. '—रुचुरसौ' इति पाठान्तरम्

'युक्ते द्वे साम्प्रतं स्थाने' इत्यमरः। कुम्भसम्भवः अगस्त्यः यथा चुलुकेन जलधिं पपौ, तथा अपरस्यापि कुम्भसम्भवस्य जलधिपानमुचितमेवेति भावः। रूपकालङ्कारः॥ ६२॥

सुवर्णतुल्य कान्तिवाला इन्द्रप्रासाद (वैजयन्त) का कलसरूप यह सूर्य पूर्वदिशामें कुङ्कुम-पुष्पोंकी शोभावाली (पाठा०—कुङ्कुमतुल्य स्निग्ध शोभावाली) पताकाओंके दुग्ध पीनेवाले अर्थात् अतिशय लघु (=अभिनवतम) अपत्यरूप (पाठा०—समूह) किरणोंसे चित्तको हरण कर रहा है। इस (सूर्य, पक्षा०—इन्द्रप्रासादके स्वर्णकलस) से उत्पन्न कान्तियोंको अन्धकार-समुद्रका पान करना उचित ही है। [सूर्य अभी-अभी उदित हुआ है अत एव उसकी किरणें कुङ्कुमपुष्पतुल्य अतिशय अरुणवर्ण इन्द्रप्रासादकी पताकाओंकी दुधमुहें सन्तानतुल्य अत्यन्त लाल-लाल हैं और यह सूर्य उस इन्द्रप्रासादका स्वर्ण कलस है, अतः उक्त स्वर्णकलसोत्पन्न इन किरणोंको अन्धकार-समुद्रका पान करना सर्वथा उचित ही हैं, क्योंकि कुम्भोत्पन्न अगस्त्य मुनिने भी समुद्रका पान किया था। पूर्वदिशामें स्वर्णकलसतुल्य सूर्यका उदय हो गया तथा उसकी अरुणवर्ण किरणें फैल रही हैं, अतः आप निद्रात्याग करें]॥ ६२॥

द्वित्रैरेव तमस्तमालगहनग्रासे दवीभावुकै-
रुस्रैरस्य सहस्रपत्रसदसि व्यश्राणि घस्रोत्सवः।
घर्माणां रयचुम्बितं वितनुते तत् पिष्टपिष्टीकृत-
क्ष्मादिग्व्योमतमोऽघमोघमधुना मोघं निदाघद्युतिः॥ ६३॥

द्वित्रैरिति। तमः अन्धकारः एव, तमालगहनं तुल्यवर्णत्वात् तमालाख्यवृक्षाणां गभीरं वनम्, तस्य ग्रासे गिलने, दूरीकरणे इत्यर्थः। दवीभावुकैः आरण्यवह्नीभवद्भिः। 'दवदावौ वनारण्यवह्नी' इत्यमरः। अभूततद्भावे च्विः, 'अस्य च्वौ' इतीकारः। 'लषपत-' इत्यादिना उकञ् प्रत्ययः। अस्य निदाघद्युतेः, द्वौ वा त्रयः वा द्वित्राः। 'संख्ययाऽव्यया—' इत्यादिना बहुव्रीहिः, 'बहुव्रीहौ संख्येये-' इति डच्समासान्तः। तैरेव द्वित्रिसंख्यकमात्रैरेव, उस्रैः करैः। कर्त्तृभिः। सहस्रपत्रसदसि कमलसभायाम्, पद्मसमूहे इत्यर्थः। यस्मात् घस्रोत्सवः दिनानन्दः, विकाशप्राप्तिजन्यमानन्दानुष्ठानमित्यर्थः। व्यश्राणि व्यश्राणितः, प्रदत्तः इत्यर्थः। श्रण दाने इत्यस्य कर्मणि चिण्। तत् तस्मात्, द्वित्रिसंख्यककिरणैरेव सर्वकार्यसाधनात् हेतोरित्यर्थः। निदाघद्युतिः सूर्यः, पिष्टपिष्टीकृतं पिष्टस्य चूर्णीकृततण्डुलादेः, पिष्टीकृतम् पुनः पेषणवत्कृतम्, द्वित्रैरेव मयूखैः अन्धकारं दूरीकृतमपि पुनः मयूखान्तरैः अत्यर्थं दूरीकृतमित्यर्थः। क्ष्मादिग्व्योमतमः पृथिवीककुब्गगनानाम् अन्धकारमेव, अघं पापम्, मालिन्यावहत्वादिति भावः। येन तादृशम्। 'पापं किल्बिषकल्मषम्। कलुषं वृजिनैनोऽघमंहो दुरितदुष्कृतम्' इत्यमरः। रयचुम्बितं वेगव्याप्तम्, वेगेन प्रसरणशील-

मित्यर्थः । घर्माणाम् आतपानाम् , ओघं समूहम् , अधुना प्रातः, मोघं व्यर्थम् एव, वितनुते विस्तारयति करोतीत्यर्थः । घनान्धकारनाशस्य कमलविकाशस्य च प्राभातिकैः त्रिचैरेव किरणैः कृतत्वात् किरणसमूहविकिरणं सूर्यस्य पिष्टपेषणवत् निष्प्रयोजनमिति भावः ॥ ६३ ॥

अन्धकाररूप तमालवृक्षोंके वन (पक्षा०—समूह, या—गहनता) को नष्ट करनेमें दवाग्नि होती हुई इस (सूर्य) की दो-तीन (अल्पतम) किरणोंने ही कमलसमूहमें दिनोत्सव (जन्य विकास) को दे दिया अर्थात् सूर्यकी अल्पसंख्यक किरणोंसे ही गाढान्धकार नष्ट हो गया और कमलसमूह विकसित हो गये, इस कारण सूर्य, पृथ्वी, दिशाओं तथा आकाशके अन्धकाररूप पाप (पक्षा०—मलिनता) को पिष्टपेषण करनेवाले वेगयुक्त अर्थात् तीक्ष्णतम किरणोंके समूहको व्यर्थ ही फैला रहा है। [स्वल्पतम किरणोंसे ही सर्वत्रका अन्धकार दूर हो जानेसे अब सूर्यका अधिक किरण-विस्तर करना पिष्टपेषणवत् व्यर्थ हो रहा है] ॥ ६३ ॥

दूरारूढस्तिमिरजलधेर्वाडवश्चित्रभानु-
र्भानुस्ताम्यद्वनरुहवनीकेलिवैहासिकोऽयम् ।
न स्वात्मीयं किमिति दधते भास्वरश्वेतिमानं
द्यामद्यापि द्युमणिकिरणश्रेणयः शोणयन्ति ॥ ६४ ॥

दूरेति । तिमिरजलधेः तमःसमुद्रस्य, असीमत्वकृष्णवर्णत्वसादृश्यादिति भावः । वाडवः समुद्रगर्भस्थाश्वमुखोद्गतः, चित्रभानुः अनलः, वडवाग्निरूप इत्यर्थः । तिमिरसंहर्त्ता इति यावत् , तथा ताम्यन्त्याः क्लिश्यन्त्याः, पतिविच्छेदेन निशि क्लेशमनुभवन्त्या इत्यर्थः, वनरुहवन्याः जलजवनसमूहस्य, पद्मवनस्य इत्यर्थः । केलिषु क्रीडासु, विहासः मध्यमहसितं प्रयोजनं यस्य स तादृशः इति वैहासिकः विकाशरूपहास्यजनकः । 'प्रयोजनम्' इति ठञ् । अयं परिदृश्यमानः, भानुः सूर्यः, दूरं विप्रकृष्टदेशम् , आरूढः उत्थितः । द्युमणेः रवेः, किरणश्रेणयः मयूखपङ्क्तयः, अद्यापि इदानीमपि, द्याम् आकाशम् , शोणयन्ति शोणाम् अभिनवत्वेन अरुणवर्णत्वात् अरुणवर्णां कुर्वन्तीत्यर्थः । इति 'एवम् , अपीति शेषः । इदानीमपि दिवः शोणतासम्पादने कृतेऽपीत्यर्थः । स्वात्मीयं निजम् , भास्वरम् अत्युज्ज्वलम् , श्वेतिमानं श्वैत्यम् , प्रोज्ज्वलशुभ्रवर्णमित्यर्थः । न दधते किम् ? न धारयन्ति किम् ? अपि तु सत्वरमेव धारयिष्यन्तीत्यर्थः । तस्मात् उत्थातुमयमुचितः कालः इति निष्कर्षः ॥ ६४ ॥

अन्धकाररूपी समुद्रके (शोषक, पक्षा०—नाशक होनेसे) वडवाग्निरूप तथा (सूर्यरूप पतिके विरहसे) खिन्न होती हुई कमल-वनी (रूपिणी नायिका) को क्रीडासे अर्थात् अनायास ही हासयुक्त (पक्षा०—विकसित) करनेवाला तथा ऊपर तक चढ़ा हुआ यह

सूर्य अपनी (स्वाभाविक) देदीप्यमान शुभ्रताको क्यों नहीं धारण करता ? और इस समय (इतना दिन चढ़नेपर) भी सूर्य-किरण-समूह आकाशको अरुण वर्ण क्यों कर रहा है ? [इस प्रकार यहां दो प्रश्न हैं । अथवा—'''जिस कारण ये सूर्य-किरण-समूह आकाशको अरुणवर्ण कर रहे हैं, इसी कारण यह सूर्य अपनी (सहज) देदीप्यमान शुभ्रताको नहीं धारण कर रहा है क्या ? सूर्य ऊपर आ गया है, कमल विकसित हो गये हैं, फिर भी आकाश लालवर्ण हो रहा है; इस कारण निद्रात्याग करनेका यह उचित समय है] ॥ ६४ ॥

प्रातर्वर्णनयाऽनया निजवपुर्भूषाप्रसादानदाद्
देवी वः परितोषितेति निहितामान्तःपुरीभिः पुरः ।
सूता मण्डनमण्डलीं परिदधुर्माणिक्यरोचिर्मय-
क्रोधावेगसरागलोचनरुचा दारिद्र्यविद्राविणीम् ॥ ६५ ॥

प्रातरिति । हे वन्दिनः ! अनया युष्माभिरुक्तया, प्रातर्वर्णनया प्रभातवर्णनेन, परितोषिता प्रीणिता, देवी महिषी दमयन्ती, वः युष्मभ्यम् , निजवपुषः स्वाङ्गस्य, निजव्यवहार्याणि अत एव बहुमूल्यानीति भावः । भूषाः आभरणानि एव, प्रसादान् पारितोषिकाणि, अदात् दत्तवती । देवी अदात् इत्यनेन पूर्वमेव 'प्रातःसन्ध्याचरणार्थं नलस्य प्रासादात् प्रस्थानं सूचितमिति बोध्यम् । इति इत्थम् , उक्त्वेति शेषः । गम्यमानार्थत्वात् अप्रयोगः । आन्तःपुरीभिः अन्तःपुरिकाभिः, अन्तःपुरे नियुक्ताभिः सहचरीभिरित्यर्थः । 'तत्र नियुक्तः' इति ठक् । पुरः अग्रे, वैतालिकानामिति भावः । निहितां स्थापिताम् , माणिक्यरोचिर्मय्या पद्मरागप्रभारूपया, क्रोधावेगेन दारिद्र्यं प्रति कोपवशेनैव, सरागया रक्तवर्णया, लोचनरुचा नेत्रभासा, मण्डनमण्डल्या एव प्रभयेति भावः । दारिद्र्यस्य निर्धनतायाः, विद्राविणीम् उच्चाटनीम् , बलेन दूरीकुर्वतीमिव स्थितामित्यर्थः इत्युत्प्रेक्षा । मण्डनमण्डलीम् आभरणराशिम्, सूताः वन्दिनः । 'सूतो मागधवन्दिनोः' इति विश्वः । परिदधुः स्वाङ्गे धारयामासुः ॥ ६५ ॥

'(हे वन्दिगण !) इस (१९।२—६४) प्रातर्वर्णनसे सन्तुष्ट हुई पटरानी दमयन्तीने अपने शरीरके भूषणोंको (तुमलोगोंके लिए) पारितोषिकस्वरूप दिया है' ऐसा कहकर अन्तःपुर (रनिवास) में नियुक्त सहचरियोंसे (वन्दिगणके) सामने रखे गये तथा माणिक्यकी (लाल-लाल) कान्तिरूपी क्रोधयुक्त सराग (लाल वर्ण) नेत्रोंकी कान्तिसे दरिद्रताको दूर भगानेवाले भूषण-समूहको वन्दियोंने पहना । [यहांपर भूषणोंमें जड़े गये माणिक्योंकी लाल कान्तिको हे दारिद्र्य ! हमारे आनेपर भी तुम अभी तक नहीं दूर हुए मानो इस प्रकार क्रोधसे नेत्रको लाल करके वन्दियोंके दारिद्र्यको 'दूर करनेकी उत्प्रेक्षा की गयी है । दमयन्तीके प्रसन्न होकर पारितोषिक देनेसे बन्दियोंके प्रातः वर्णन समाप्त होनेके पहले ही नलका उठकर प्रातः सन्ध्यादिकृत्यके निमित्त चले जानेसे प्रासादपर नहीं रहना, सूचित

होता है । बहुत सहचरियोंके द्वारा भूषण लानेसे भूमणोंकी अधिकता तथा दमयन्तीके अपने शरीरके भूषणोंको पारितोषिकमें देनेसे भूषणोंकी बहुमूल्यता सूचित होती है] ॥ ६५ ॥

आगच्छन् भणतामुषः क्षणमथातिथ्यं दृशोरानशे
स्वर्गङ्गाम्बुनि वन्दिनां कृतदिनारम्भाप्लुतिर्भूपतिः ।
आनन्दादतिपुष्पकं रथमधिष्ठाय प्रियायौतुक¹-
प्राप्तं तैरवरागतैरविदितप्रासादतो निर्गमः ॥ ६६ ॥

आगच्छन्निति । अथ दमयन्त्याः प्रसाददानानन्तरम् , अवरागतैः अवरं पश्चात् , स्नानार्थं नलस्य बहिर्गमनानन्तरमित्यर्थः । आगतैः उपस्थितैः, नलस्य निद्रापनयनार्थं प्रासादे इति शेषः । तैः वैतालिकैः, अविदितः अज्ञातः, पश्चादागतत्वादिति बोध्यम् , प्रासादतः हर्म्यात् , निर्गमः बहिर्निष्क्रमणं यस्य स तादृशः, भूपतिः पृथ्वीशः नलः, स्वर्गङ्गाम्बुनि मन्दाकिनीप्रवाहे, कृतदिनारम्भाप्लुतिः कृता सम्पादिता, दिनारम्भस्य प्रभातकालस्य, आप्लुतिः निमज्जनम् , स्नानमित्यर्थः, येन स तादृशः, कृतप्रातःस्नानः सन् , एतेन नलस्य महाधार्मिकत्वं प्रतिपाद्यते । प्रियायाः भैम्याः, यौतुके विवाहकालिकोपाहरणे, प्राप्तं लब्धम्, भीमदत्तमित्यर्थः । अतिक्रान्तः पुष्पकम् अतिपुष्पकं पुष्पकादपि उत्कृष्टमित्यर्थः । 'अत्यादयः क्रान्ताद्यर्थे द्वितीयया' इति समासः, 'द्विगुप्राप्तापन्नालम्'—इत्यादिना 'परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः' इति प्राप्तस्य परवल्लिङ्गत्वस्य प्रतिषेधः । रथं स्यन्दनम् , अधिष्ठाय आस्थाय । 'अधिशीङ्–' इत्याधारस्य कर्मत्वम् । आनन्दात् हर्षात् , दमयन्तीसमागमाशया इति भावः । आगच्छन् प्रत्यावर्तमानः सन् , उषः प्रभातकालम् , भणतां तथैव वर्णयताम् , वन्दिनां वैतालिकानाम् , दृशोः नेत्रयोः दृशाम् इत्यर्थः । आतिथ्यम् आगन्तुकत्वम् , विषयत्वमिति यावत् , क्षणं किञ्चित्कालम् , सौधान्तःप्रवेशात् पूर्वपर्यन्तमित्यर्थः । आनशे प्राप्तः, तैर्दृष्टः इत्यर्थः'अत आदेः' इत्यभ्यासदीर्घः, 'अश्नोतेश्च' इति नुडागमः अत एव नलस्य स्नानार्थं गमनात् पूर्वश्लोके देव्यव पारितोषिकं दत्तमित्युक्तम् ॥६६॥

इस (दमयन्तीके दिये पारितोषिक-भूषणोंको वन्दियों द्वारा धारण करने) के बाद (नलको नित्यक्रियासम्पादनार्थ बाहर जानेके) अनन्तर (उनको जगानेके लिए उपस्थित) वन्दियोंसे नहीं मालूम किया गया है बाहर निर्गमन जिसका ऐसे तथा प्रातःकाल आकाशगङ्गामें गोता लगाये (स्नान किये) हुए दमयन्तीके विवाहके समय दहेजमें (भीमराजाके द्वारा) दिये गये एवं पुष्पकविमानातिशायी (कुबेरके पुष्पक विमानकी अपेक्षा उत्तम) रथपर चढ़कर (दमयन्तीका पुनर्मिलन होनेकी आशासे) आनन्दपूर्वक आते हुए राजा

१. '—यौतुके' इति पाठान्तरम् ।

नलको प्रातःकालका वर्णन करनेवाले बन्दियोंने देखा। [बन्दियोंके आनेसे पहले ही नित्यक्रियार्थ बाहर जाकर थोड़ा दिन चढ़ते-चढ़ते नित्यक्रियाको समाप्तकर लौट आनेसे नलकी धार्मिकता और इसी कारण अर्थात् नलके वहां नहीं रहनेसे पूर्व श्लोकोक्त दमयन्तीका वन्दियोंके लिए भूषणको पारितोषिकरूपमें देनेका औचित्य और स्वर्गङ्गामें प्रातः स्नान करनेसे नलके रथका सर्वत्र गमन कर सकना, तथा स्नानकर दमयन्तीके साथ पुनर्मिलनकी आशामें आनन्दपूर्वक लौटना कहनेसे आगामी सर्गकी कथाकी सङ्गति सूचित होती है] ॥ ६६ ॥

श्रीहर्षं कविराजराजिमुकुटालङ्कारहीरः सुतं
श्रीहीरः सुषुवे जितेन्द्रियचयं मामल्लदेवी च यम्।
एकां न त्यजतो नवार्थघटनामेकान्नविंशो महा-
काव्ये तस्य कृतौ नलीयचरिते सर्गोऽयमस्मिन्नगात् ॥ ६७ ॥

श्रीहर्षमिति। एकां मुख्याम्, नवार्थघटनाम् अपूर्वार्थसृष्टिम्, न त्यजतः न मुञ्चतः, सर्वदा नवं नवं विषयं वर्णयत इत्यर्थः। तस्य श्रीहर्षस्य, विंशतेः पूरणः इत्यर्थे—'तस्य पूरणे डट्' इति डट्, 'ति विंशतेर्डिति' इति तिशब्दलोपः। ततः एकेन न विंशः इति 'तृतीया' इति योगविभागात् समासे 'एकादिश्चैकस्य चादुक्' इति नञः प्रकृतिभावः, एकशब्दात् अदुगागमश्च। ऊनार्थे चात्र नञ्। गतमन्यत् ॥

इति मल्लिनाथसूरिविरचिते 'जीवातु'समाख्याने एकोनविंशः सर्गः समाप्तः ॥ १९ ॥

कवीश्वर-समूहके……किया, मुख्य नवीन घटनाका त्याग (सदा नयी-नयी घटनाओंका ही वर्णन) करते हुए उस श्रीहर्षके रचित सुन्दर नलके चरित अर्थात् 'नैषध-चरित'……उन्नीसवां सर्ग समाप्त हुआ (शेष व्याख्या चतुर्थसर्गवत् जाननी चाहिये) ॥६७॥

यह 'मणिप्रभा' टीकामें 'नैषधचरित'का उन्नीसवां सर्ग समाप्त हुआ ॥ १९ ॥

विंशः सर्गः ।

सौधाद्रिकुट्टिमानेकधातुकाधित्यकातटम् ।
स प्राप रथपाथोभृद्वातजातजवो दिवः ॥ १ ॥

सौधेति । वातवत् वायुरिव, जातः समुत्पन्नः, जवः, वेगः यस्य सः तादृशः, अन्यत्र—वातात् वायोः, जातः उत्पन्नः, जवः वेगो यस्य स तादृशः, स पूर्वोक्तः अतिपुष्पकः, रथः स्यन्दन एव, पाथोभृत् जलधरः, दिवः स्वर्गात् आकाशाच्च । 'द्यौश्च स्वर्गतन्मार्गयोः' इति विश्वः । सौधः अट्टः एव, अद्रिः पर्वतः, तस्य कुट्टिमम् उपरिगृहेषु विविधरत्नादिनिबद्धभूमिः । 'कुट्टिमोऽस्त्री निबद्धा भूः' इत्यमरः । तदेव अनेके धातवः नानाविधगैरिकादयः यत्र सा तादृशी । 'शेषाद्विभाषा' इति कप् । अत्यधिका ऊर्ध्वभूमिप्रदेशः, तस्याः तटं पर्यन्तप्रदेशं शिखरञ्च, प्राप लेभे । रूपकालङ्कारः ॥ १ ॥

वायुसे भी अधिक तीव्र चलनेवाला (अथवा—वायु भी जिससे वेगवान् है, ऐसा) वह रथरूपी मेघ स्वर्ग (पक्षा०—आकाश) से प्रासादरूपी पर्वतके (नानावर्ण मणियोंसे जटित) भूमि (फर्श) रूपी (गैरिकादि) अनेक धातुवाली पर्वतकी ऊपरी भूमिके तटको प्राप्त किया । [जिस प्रकार वायुसे वेगयुक्त मेघ आकाशसे नानाधातुयुक्त पर्वताधित्यकाके तटको प्राप्त करता है, उसी प्रकार नलका वायुसे भी तीव्रगामी वह प्रसिद्ध रथ प्रासादके अनेक वर्णवाले रत्नोंसे जड़ी हुई भूमिके पर्यन्तप्रदेशको प्राप्त किया अर्थात् पहुँचा] ॥ १ ॥

ततः प्रत्युदगाद् भैमी कान्तमायान्तमन्तिकम्[1] ।
प्रतीचीसिन्धुवीचीव दिनोङ्कारे सुधाकरम् ॥ २ ॥

तत इति । ततः रथस्य कुट्टिमतटप्राप्त्यनन्तरम्, भैमी दमयन्ती, दिनस्य दिवसस्य, ओङ्कारे प्रारम्भे, गायत्र्यादीनां प्रारम्भे एव ओङ्कारप्रयोगदर्शनादत्रापि ओङ्कारशब्दस्य आरम्भार्थे लक्षणा ज्ञातव्या । 'ओमाङोश्च' इति पररूपत्वम् । प्रतीचीसिन्धोः पश्चिमदिगवस्थितसमुद्रस्य, वीची ऊर्मिः, अन्तिकं समीपम् , आयान्तम् आगच्छन्तम् , कान्तं रमणीयम् , सुधाकरं चन्द्रमिव, प्रत्यूषे एव अस्तोन्मुखतया सुधाकरस्य पश्चिमार्णवतरङ्गलग्नवत् प्रतीयमानत्वादिति भावः । अन्तिकं समीपम् , आयान्तम् आगच्छन्तम् , कान्तं पतिं नलम्, प्रत्युदगात् सादरं प्रत्युत्थितवती । 'इणो गा लुङि' इति गादेशः । 'गातिस्था—'इत्यादिना सिचो लुक् ॥ २ ॥

तदनन्तर समीप आते हुए पति (नल) का दमयन्तीने उस प्रकार प्रत्युद्गमन (अगवानी—अभ्युत्थान) किया, जिस प्रकार दिनके आरम्भ (प्रातःकाल) के समीप आते

---

१. 'मन्तिके' इति पाठान्तरम् ।

हुए मनोहर चन्द्रमाकी प्रत्युद्गमन (अगवानी) पश्चिम समुद्रकी लहरी (पानीका तरङ्ग) करती है ॥ २ ॥

स दूरमादरं तस्या वदने मदनैकदृक्।
दृष्टमन्दाकिनीहेमारविन्दश्रीरविन्दत ॥ ३ ॥

स इति। दृष्टा अवलोकिता, मन्दाकिन्याः स्वर्गङ्गायाः, हेमारविन्दस्य स्वर्णकमलस्य, श्रीः शोभा येन सः तादृशः, सदृशदर्शनजातप्रियामुखारविन्दस्मृतिः इत्यर्थः। एवञ्च दमयन्तीमुखारविन्द-मन्दाकिनीहेमारविन्दयोः उत्कर्षापकर्षनिर्द्धारणे समर्थः इति भावः। मदनैकदृक् कामैकशरणः, कामासक्तचित्त इत्यर्थः। सः नलः, तस्याः प्रियायाः भैम्याः, वदने आनने, दूरम् अत्यन्तम्, तत्पद्मापेक्षया समधिकमित्यर्थः। आदरम् आग्रहम्, अविन्दत अलभत। तत्पद्मापेक्षया दमयन्तीमुखस्य अधिकसुन्दरत्वात् तत्रैव समधिकादरवान् बभूवेत्यर्थः ॥ ३ ॥

मन्दाकिनी (आकाशगङ्गा) के स्वर्णकमलकी शोभाको पहले (स्नानकालमें) देखे हुए एकमात्र काममें दृष्टि रखनेवाले अर्थात् कामासक्त उस नलने उस (दमयन्ती) के मुखमें (मन्दाकिनीके कमलकी अपेक्षा दमयन्तीके मुखमें अधिक शोभा होनेसे) अधिक आदरको प्राप्त किया अर्थात् मन्दाकिनीके स्वर्णकमलकी अपेक्षा दमयन्तीके मुखको अधिक आदरसे देखा। [पहले मन्दाकिनीके स्वर्णकमलकी शोभा देखनेसे दमयन्तीके मुखकी शोभाके साथ तुलना करनेमें नलकी क्षमता सूचित होती है] ॥ ३ ॥

तेन स्वर्देशसन्देशमर्पितं सा करोदरे।
[1]बभ्राज बिभ्रती पद्मं पद्मेवोन्निद्रपद्मदृक् ॥ ४ ॥

तेनेति। उन्निद्रपद्मदृक् विकचारविन्दलोचना, सा दमयन्ती, तेन तदानयता प्रियेण नलेन, अर्पितं दत्तम्, स्वर्देशस्य स्वर्गलोकस्य, सन्देशं सूचकम्, त्वं स्वर्लोकं गच्छसि, अतः तल्लोकस्थमेकं पद्मं मन्निमित्तमानयेः इति दमयन्तीप्रार्थनाऽनुसारेणानीतम् अत एव स्वर्गभूमेः नलः आगतः इति ज्ञापयदिव स्थितमित्यर्थः। पद्मं हेमारविन्दम्, करोदरे पाणिमध्ये, बिभ्रती दधती सती, पद्मा इव साक्षादेव लक्ष्मीः इव, बभ्राज रेजे। लक्ष्मीरपि उन्निद्रपद्मदृक् पद्महस्ता च इति उपमालङ्कृतिः बोद्धव्या ॥ ४ ॥

उस (नल) के द्वारा स्वर्ग सन्देशके समान दिये गये स्वर्णकमलको हाथमें ग्रहण करती हुई (अत एव हर्षसे, या—स्वभावतः) विकसित कमलके समान नेत्रवाली वह दमयन्ती लक्ष्मीके समान शोभित हुई। [जब नल स्नानार्थ मन्दाकिनीको जा रहे थे तब दमयन्तीने अपने लिए स्वर्गसे एक कमल लाने की प्रार्थना की थी, तदनुसार ही नलने दमयन्तीके लिए दिया तो उसे स्वर्गके सन्देशके समान उस मन्दाकिनी-स्वर्ण-कमलको दमयन्तीके लिए दिया तो उसे

१. 'बभ्राजे' इति पाठान्तरम्।

हाथमें ग्रहण करती हुई कमलतुल्य प्रफुल्लितनेत्रा वह दमयन्ती लक्ष्मीके समान शोभने लगी, क्योंकि लक्ष्मी भी स्वभावतः कमलतुल्य नेत्रवाली हैं तथा हाथमें कमल लिये रहती हैं]॥

प्रियेणाल्पमपि प्रत्तं बहु मेनेतरामसौ ।
ह्येकलक्षतया दध्यौ दत्तमेकवराटकम् ॥ ५ ॥

प्रियेणेति । असौ भैमी, प्रियेण कान्तेन नलेन इष्टजनेन च, प्रत्तं दत्तम् । 'अच उपसर्गात्तः' इति दत्तादेशः । अल्पम् अपि किञ्चिदपि वस्तु, बहु प्रभूतं समधिकादरणीयञ्च, मेनेतराम् अतिशयेन मेने । 'किमेत्तिङव्ययात्—' इति आमु—प्रत्ययः । कुतः ? हि यस्मात् कारणात्, दत्तम् अर्पितम्, एकः एकसंख्यामात्रः, वराटकः बीजकोषो यस्य तत् तादृशं पद्मम् 'बीजकोषो वराटकः' इत्यमरः । एकवराटकम् एककपर्दकञ्च । 'कपर्दको वराटकः' इति हलायुधः । एकलक्षतया एकलक्षसंख्यकत्वेन तदेकपरतया लक्षसंख्यकधनत्वेन च । 'लक्षञ्च संख्यायाम्' इति विश्वः । दध्यौ मेने, प्रियदत्तं वराटकमपि रत्नात् अतिरिच्यते इति भावः ॥ ५ ॥

प्रिय (नल) के द्वारा दिये हुए थोड़ा अर्थात् एक कमलको भी उस (दमयन्ती) ने बहुत (अत्यधिक, पक्षा०—अत्यादरणीय) माना, क्योंकि श्रेष्ठ बीजकोषवाले उस दिये गये कमलको एकटक होकर ध्यान किया—देखा, (अथ च—प्रियजनसे दी गयी थोड़ी-सी भी किसी वस्तुको इसने अत्यधिक माना, क्योंकि प्रियकी दी हुई एक कौड़ीको भी एक लाख धनके बराबर माना) । [प्रियतमदत्त साधारण वस्तुका भी अधिक मानना दमयन्ती-जैसी साध्वी स्त्रीके लिए उचित ही है] ॥ ५ ॥

प्रेयसावादि सा तन्वी त्वदालिङ्गनविघ्नकृत् ।
समाप्यतां विधिः[1] शेषः क्लेशश्चेतसि चेन्न ते ? ॥ ६ ॥

प्रेयसेति । प्रेयसा प्रियतमेन नलेन, तन्वी कृशाङ्गी, सा दमयन्ती, अवादि कथिता । किमवादि ? तदेवाह—हे प्रिये ! चेत् यदि, ते तव, चेतसि मनसि, क्लेशः दुःखम्, मदागमनविलम्बजनितमिति भावः, न, अवेदिति शेषः । तर्हि त्वदालिङ्गनस्य तव आश्लेषजनितसुखस्य, विघ्नकृत् अन्तरायभूतः, शेषः प्रातः स्नानसन्ध्योपासनानन्तरं कर्त्तव्यतया अवशिष्टः, विधिः नित्याग्निहोत्रादेः अनुष्ठानम्, समाप्यतां समाप्तिः विधीयताम्, मयेति शेषः, भवत्या एतेषां कर्मणां समाप्तिः अनुज्ञायतामित्यर्थः ॥ ६ ॥

प्रियतम (नल) ने तन्वी (कृशोदरी दमयन्ती) से कहा 'कि—'यदि तुम्हारे चित्तमें क्लेश नहीं हो तो तुम्हारे आलिङ्गनके विघ्नकारक अवशिष्ट (बचे हुए, अग्निहोत्रादि) नित्यकर्मको भी (मैं) समाप्त कर लूं' ॥ ६ ॥

---

१. 'विधेः' इति पाठान्तरम् ।

क्वैतावान्नर्ममर्माविद्विद्यते विधिरद्य ते ? ।
इति तं मनसा रोषादवोचद्वचसा न सा ॥ ७ ॥

क्वेति । अद्य इदानीमपि, त्वयि मम प्रगाढानुरक्ति विद्यमानेऽपीति भावः । यद्वा—प्रत्यूषे उत्थाय स्नानार्थं गतोऽसि, तदनन्तरं बहवः कालाः अपगताः, इदानीमपीति भावः । ते तव, एतावान् इयान् , नर्मणः क्रीडासुखस्य, मर्म विध्यतीति मर्मावित् मर्माभिघातकः, अतीव क्लेशप्रदप्रतिबन्धक इत्यर्थः । 'नहिवृति—' इत्यादिना पूर्वस्य दीर्घः । विधिः नित्यक्रियानुष्ठानम्, क्व कुतः, किमर्थमित्यर्थः । विद्यते ? अस्ति ? बहुक्षणं त्वया सह वियुक्ता अस्मि, न पुनरिदानीं विलम्बं सोढुं मया शक्यते, अतः वैधानुष्ठानमिदानीं तिष्ठतु, आगच्छ मत्समीपमित्याशयः, इति एवम् , सा भैमी, रोषात् कोपात् , नलस्य आगमनविलम्बजनिताभिमानादिति भावः । तं नलम् , मनसा चेतसा, अवोचत् उक्तवती, वचसा वाक्येन, सुस्पष्टमित्यर्थः, न, अवोचदिति पूर्वक्रियया अन्वयः । लज्जादाक्षिण्यादिति भावः ॥ ७ ॥

उस (दमयन्ती) ने उस (नल) के प्रति मनसे ही क्रोधयुक्त यह वचन कहा, (लज्जा तथा दाक्षिण्यके कारण) वचनसे नहीं कहा—आलिङ्गनादि क्रीडा-रहस्यका विघातक आज इतनी विधि (नित्यानुष्ठान) कहांसे हो गया ? ['आपको स्नानार्थ गये बहुत विलम्ब हो गया, आजतक इतना नित्यानुष्ठान कभी नहीं करते थे, सो आज मेरी आलिङ्गनादि क्रीडाका विघातक इतना नित्यानुष्ठान कहांसे बाकी रह गया ?' इस प्रकार दमयन्तीने क्रोधसे नलको मूक उत्तर दिया, स्पष्ट कुछ नहीं कहा] ॥ ७ ॥

क्षणविच्छेदकादेव विधेर्मुग्धे ! विरज्यसि ।
'[1]विच्छेत्ताहे चिरं नु त्वा हृदाऽऽह स्म तदा ...

क्षणेति । मुग्धे ! हे मूढे ! भैमि ! क्षणविच्छेदकादेव ...
त्पादकादेव, विधेः अनुष्ठानात् , विरज्यसि विरक्ता भवसि ...
त्वाम् । 'त्वामौ द्वितीयायाः' इति त्वाऽऽदेशः । चिरं चिरकालम् , ...
त्स्यामि । छिदेः स्वरितेत्त्वाल्लुटि तङि इट् , 'स्यतासी लृलुटोः' इति ...
प्रत्यये कृते 'टित आत्मनेपदानां टेरे' इत्यनेन इटष्टेरेत्वे 'ह एति' इति ...
हकारः । अहमिति शेषः । इति एवं, तदा तत्काले, दमयन्त्याः मुखमलिनीकर...
समये इत्यर्थः । कलिः कलिपुरुषः, हृदा स्वचेतसा, आह स्म उवाच । यद्यपि अधुना किमपि अनिष्टं कर्त्तुं न शक्नोमि, तथाऽपि रन्ध्रान्वेषी तिष्ठामि इति भावः । नलस्य पापच्छिद्रमन्विष्यन् ईर्ष्युः कलिः तयोः प्रासादसमीपवर्त्तिनि अक्षवृक्षे अधिष्ठानं कृतवानिति प्राक् वर्णितमासीत् , तत्रस्थ एव स नलदमयन्त्योः आलापनं श्रुत्वा विरहेण दीनाननां भैमीं विलोक्य एवमुक्तवानिति मन्तव्यम् ॥ ८ ॥

---

1. 'विच्छेत्ता न चिरं त्वेति' इति 'प्रकाश' सम्मतः पाठः ।

'हे मुग्धे (मोहित चित्तवाली दमयन्ति) ! क्षणमात्र वियोग करानेवाले नित्यानुष्ठानसे ही विरक्त (या—विह्वल) होती हो ?, मैं तुमको चिरकालतक वियुक्त करूंगा (पाठा०—मैं तुमको शीघ्र वियुक्त करूंगा)' इस प्रकार (नलके क्रीडोद्यानस्थ बहेड़ेके वृक्षपर रहते हुए नलच्छिद्रान्वेषी) कलिने अपने मनमें ही कहा ॥ ८ ॥

सावज्ञेवाथ सा राज्ञः सखीं पद्ममुखीमगात् ।
लक्ष्मीः कुमुदकेदारादारादम्भोजिनीमिव ॥ ९ ॥

सावज्ञेति । अथ नलवाक्यश्रवणानन्तरम् , सा भैमी, सावज्ञेव सतिरस्कारेव सती, स्वां विहाय होमाद्यनुष्ठानार्थं नलस्य गमनाभिप्रायात् सावमानेव सतीत्यर्थः । लक्ष्मीः, शोभा, कुमुदकेदारात् कैरवक्षेत्रात् , तं विहाय इत्यर्थः । आरात् कुमुदाकर-समीपस्थिताम् , पद्ममेव मुखं यस्याः तादृशीम् , अम्भोजिनीं पद्मिनीम् इव, प्रातःकाले इति भावः । राज्ञः नलसमीपात् , राजानं विहाय इति वा । कर्मणि ल्यब्लोपे पञ्चमी । आरात् समीपे, समीपवर्त्तिनीमित्यर्थः । पद्मम् इव मुखं यस्याः तादृशीम्, सखीं वयस्याम्, अगात् अगमत् , अवज्ञाता हि अवज्ञाकारिणं विहाय गच्छन्तीति प्रसिद्धिः । लक्ष्मीनिर्गमे कुमुदक्षेत्रस्य यथा मालिन्यं तत्सम्पर्कात् पद्मानां च यथा विकासो भवति, तथा भैमीविरहात् नलमुखस्य मालिन्यं तत्समागमात् सखीमुखस्य च स्मितशोभित्वं सूचितमनया उपमया इति द्रष्टव्यम् ॥ ९ ॥

इसके बाद तिरस्कारयुक्त-सी वह (दमयन्ती) राजा नलके पाससे पद्ममुखी (पद्मवत् सुन्दर मुखवाली, अथच—'पद्ममुखी' नामवाली) सखीके पास उस प्रकार गयी, जिस प्रकार (प्रातःकालमें) कुमुद-क्षेत्रसे समीपवर्ती कमलरूप मुखवाली अम्भोजिनीके पास शोभा जाती है । [प्रातःकालमें जिस प्रकार शोभारहित कुमुदनिमीलित होनेसे मलिनमुख और कमलिनी विकसित होनेसे प्रसन्नमुख होती है, उसी प्रकार दमयन्तीके चले जानेसे नल मलिनमुख (खिन्न) हो गये और सखी प्रसन्नमुखी हो गयी] ॥ ९ ॥

ममासावपि मा सम्भूत् कलिद्वापरवत् परः ।
इतीव नित्यसत्रे तां स त्रेतां पर्यतूतुषत् ॥ १० ॥

ममेति । असौ त्रेता अपि, कलिद्वापरवत् चतुर्थतृतीययुगाधीशाविव, मम मे परः शत्रुः, मा सम्भूत् न जायतां, माङ्योगादडभावः । इतीव इति मत्वेव, सः नलः, नित्यसत्रे प्रत्यहमनुष्ठेययज्ञे अग्निहोत्रे, 'एतद्वै जरामर्यं सत्रं यदग्निहोत्रम्' इति श्रुत्या नित्यत्वावगमादित्यर्थः । 'सत्रमाच्छादने यज्ञे' इत्यमरः । ताम् आहवनीय-गार्हपत्य-दक्षिणाग्नित्वेन प्रसिद्धाम् , रामरावणादीनां विविधव्यापाराश्रयत्वेन प्रसिद्धाञ्च, त्रेताम् अग्नित्रयम् , द्वितीययुगञ्च । 'त्रेता त्वग्नित्रये युगे' इत्यमरः । पर्यतूतुषत् हविषा परितोषयामास । 'सत्कर्मणि पतयः–' इत्यादिना विकल्पेनोपधाया ह्रस्वः॥१०॥

यह ('त्रेता' नामक द्वितीय युगाधिष्ठातृदेव) भी कलि तथा द्वापरके समान मेरा

शत्रु न हो जाय', मानो ऐसा मानकर उस (नल) ने नित्ययज्ञ (अग्निहोत्र) में उस 'त्रेता' (गार्हपत्य, आहवनीय तथा दक्षिणाग्नि, पक्षा०—'त्रेता' नामक द्वितीय युगके अधिष्ठाता देवविशेष) को (हविष्यसे) सब प्रकार तुष्ट किया अर्थात् अग्निहोत्र किया। [अग्नित्रयको अग्निहोत्र कर्ममें हवनद्वारा तुष्ट नहीं करनेपर नित्यानुष्ठानजन्य प्रत्यवाय होनेके भयसे नलने 'त्रेता' (अग्नित्रय) को हवन करके सन्तुष्ट किया, किन्तु वास्तवमें तो वे दमयन्तीके ही अधीन थे] ॥ १० ॥

(युग्मम्)

क्रियां प्राह्णेतनीं कृत्वा निषेधन् पाणिना सखीम् ।
कराभ्यां पृष्ठगस्तस्या न्यमीमिलदसौ दृशौ ॥ ११ ॥
दमयन्त्या वयस्याभिः सहास्याभिः समीक्षितः ।
प्रसृतिभ्यामिवायामं मापयन् प्रेयसीदृशोः ॥ १२ ॥

क्रियामिति । असौ नलः, प्राह्णेतनीं प्राह्णे भवाम्, पूर्वाह्णकृत्यामित्यर्थः । 'सायं चिरम्—' इत्यादिना ट्युप्रत्ययः तस्य तुट् च । तस्मात् एव निपातनात् प्राह्णेतनीमिति । क्रियाम् अनुष्ठानम्, कृत्वा विधाय, सखीं पूर्वोक्तां सहचरीम्, पाणिना हस्तसंज्ञया, निषेधन् निवारयन्, स्वागमनं विज्ञापयितुमिति शेषः, तस्याः भैम्याः, पृष्ठगः पश्चाद्देशे स्थितः सन् कराभ्यां पाणिभ्याम्, दृशौ लोचने, दमयन्त्या एव इति शेषः, न्यमीमिलत् अवारुणत्, कौतुकार्थमिति भावः । 'भ्राजभास—' इत्यादिना विकल्पेनोपधाया ह्रस्वविधानात् पक्षे ह्रस्वः[1] ॥ दमयन्त्या इति । प्रसृतिभ्यां निकुब्जपाणिभ्याम्, गण्डूषार्थं क्रियमाणकरतुल्यसङ्कोचितकराभ्यामित्यर्थः । 'पाणिर्निकुब्जः प्रसृतिः' इत्यमरः । प्रेयसीदृशोः भैमीनयनयोः, आयामं दैर्घ्यं [illegible] इव स्थितः, मातेः माङो वा ण्यन्तात् लटः शत्रादेशः । त[illegible] नलदर्शनात् ईषत् हसन्तीभिः, दमयन्त्याः भैम्याः, वयस्या[illegible] दृष्टः, असौ नलः लोचने न्यमीमिलदिति पूर्वेणान्वयः ॥ ११-१२ ॥

प्रातःकालकी (अवशिष्ट अग्निहोत्रादि) क्रिया समाप्तकर ('मैं आगया हूँ' [illegible] प्रिया दमयन्तीसे मत कहो' इस प्रकार) हाथसे सखीको मना करते हुए, (अत एव) ह[illegible] हुई सखियोंसे देखे गये तथा प्रियाके नेत्रद्वयको मानो दोनों पसरोंसे मापते हुए उस नलने पीछेसे आकर उस (दमयन्ती) के नेत्रोंको बन्द कर दिया ॥ ११-१२ ॥

तर्किताऽऽलि ! त्वमित्यर्द्ध-वाणीका पाणिमोचनात् ।
ज्ञातस्पर्शान्तरा मौनमानशे मानसेविनी ॥ १३ ॥

तर्कितेति । आलि ! हे सखि ! त्वं नेत्राच्छादिका भवती, तर्किता अवधारिता

---

1. 'णौ चङि—' इत्युपधाया ह्रस्वः इति 'प्रकाश'-व्याख्यानमेव समीचीनं भाति ।

अनुमानेन ज्ञाता इत्यर्थः, मया इति शेषः । इति एवम् , अर्द्धा 'अतो मां जहीहि' इत्यवशिष्टांशस्य अवचनात् असम्पूर्णरूपा, वाणी वाक् यस्याः सा तादृशी । शैषिकः कप् । पाण्योः नयनपिधायकनलहस्तयोः, मोचनात् निजपाणिभ्याम् अपनोदनात् हेतोः, ज्ञातं विदितम् , स्पर्शान्तरम् अन्यविधः स्पर्शः, सखीस्पर्शात् विलक्षणः नलस्पर्शः इत्यर्थः । यया सा तादृशी निश्चितप्रियपाणिस्पर्शा, दमयन्तीति शेषः । मानसेविनी अभिमानवती, नलस्य दमयन्त्यनादरपूर्वकत्रेतानुरक्तत्वेन तस्मिन् मानवती सतीत्यर्थः । मौनं नीरवताम् , आनशे प्राप, न किञ्चिदूचे कोपादिति भावः॥१३॥

हे सखि ! (नेत्र बन्द करनेवाली तुमको मैंने) अनुमानसे जान लिया, ऐसी आधी बात कही हुई, तथा (अपने हाथोंसे नलके) हाथोंको छुड़ानेसे (पतिके) स्पर्शको पहचानती हुई (मेरे साथ आलिङ्गनादि छोड़कर 'त्रेता' में अनुरक्त होनेसे नलके प्रति) मान करनेवाली दमयन्ती चुप हो गयी । ['तुमको मैंने अनुमानसे जान लिया' इतनी आधी बात हो दमयन्तीने सखीको सम्बोधितकर कहा था 'अतः अब मुझे छोड़ दो' यह आधी बात कहना बाकी ही था, इतनेमें अपने हाथसे नलके हाथको छुड़ाते समय उनके स्पर्शको पहचान लेनेसे 'अरे मैं तो 'सखीने आँख बन्द किया है' ऐसा समझती थी, किन्तु 'ये सखी नहीं, अपितु प्रियतम नल हैं' ऐसा जानकर मानयुक्त होनेसे उक्त बातको पूरा नहीं कहा, किन्तु आधी बात कह कर ही चुप लग गयी]॥ १३ ॥

[१]साऽवाचि सुतनुस्तेन कोपस्ते नायमौचिती ।
त्वां प्रापं यत्प्रसादेन प्रिये ! तन्नाद्रिये तपः ॥ १४ ॥

सेति । तेन नलेन, सुतनुः अनवद्याङ्गी, सा भैमी, अवाचि उक्ता । वचेः कर्मणि लुङ् । तदेवाह—हे प्रिये ! ते तव, अयं क्रियमाणः, कोपः रोषः, नौचिती न न्यायः, अनुचित इत्यर्थः । तथा हि, यस्य तपसः, प्रसादेन अनुग्रहेण, त्वां भवतीम् , प्रापं प्राप्तवान् अस्मि, अहमिति शेषः । आप्नोतेर्लुङ 'तस्थस्थमिपां तान्तन्तामः' इति मिपोऽमादेशः । तत् महोपकारि, तपः अग्निहोत्रादिकर्म, न आद्रिये ? न सत्करोमि ? इति काकुः, अपि तु अवश्यमेव तस्य समादरं करोमि, तत्प्रसादादेव यतः त्वां लब्धवानस्मि इति निष्कर्षः ॥ १४ ॥

सुन्दर शरीरवाली दमयन्तीसे नलने कहा कि—'तुम्हें यह कोप करना उचित नहीं है, (क्योंकि) जिसके प्रसादसे (मैंने) तुम्हें पाया है, उस तपका मैं आदर नहीं करूं ? अर्थात् तुम्हें प्राप्त करानेमें कारण होनेसे उस तप (अग्निहोत्रादि नित्यानुष्ठान) का मुझे आदर करना ही चाहिये, अत एव तुम्हें मुझपर क्रोध करना उचित नहीं है ॥ १४ ॥

निशि दास्यं गतोऽपि त्वां स्नात्वा यन्नाभ्यवीवदम् ।
तं प्रवृत्ताऽसि मन्तुं चेन्मन्तुं तद्वद वन्द्यसे ॥ १५ ॥

---

१. 'साऽवादि' इति 'प्रकाश' सम्मतः पाठः । २. 'प्राप' इति पाठान्तरम् ।

निशीति। हे प्रिये! निशि रात्रौ, दास्यं दासत्वम्, तवेति शेषः। चरणमर्दन-व्यजनादिना सुरतश्रान्त्यपनोदनार्थमिति भावः। गतः प्राप्तोऽपि, अहमिति शेषः, स्नात्वा स्नानात् आगत्य, त्वां भवतीम्, यत् न अभ्यवीवदं न अभिवादितवान् अस्मि। वदेरभिवादनार्थाच्चौरादिकात् ण्यन्ताच्चङि 'णौ चङ्युपधाया ह्रस्वः' इति उपधाह्रस्वः। तम् अनभिवादनमेव, मन्तुम् अपराधम्, 'आगोऽपराधो मन्तुश्च' इत्यमरः। मनेरौणादिकस्तुन्प्रत्ययः। मन्तुं विवेचयितुम्। मन्यतेस्तुमुन्प्रत्ययः। प्रवृत्ता उद्युक्ता, असि भवसि, चेत् यदि, दासस्याप्रणतेरपराधत्वादिति भावः। तत् तर्हि, वद कथय, वन्द्यसे नमस्क्रियसे, इदानीमेव मया त्वमिति शेषः। प्रणिपात-प्रतीकारत्वात् अपराधस्येति भावः॥ १५॥

(सुरतश्रमको दूर करनेके लिए चरणसंवाहन, व्यजनचालन आदि करके) रात्रिमें तुम्हारे दासभावको प्राप्त भी मैंने (प्रातःकाल) स्नानकर जो अभिवादन नहीं किया, उसीको तुम अपराध माननेके लिये तैयार हो तो कहो, (यह मैं तुम्हारा) अभिवादन करता हूँ। [प्रणिपातपर्यन्त सज्जनोंका क्रोध होनेसे अभिवादन करनेपर तुम्हे मुझपर क्रोध करना छोड़ देना चाहिये]॥ १५॥

इत्येतस्याः पदासत्त्यै पत्यैषा प्रेरितौ[1] करौ।
रुद्ध्वा सकोपं सातङ्कं तं कटाक्षैरमूमुहम्॥ १६॥

इतीति। एषा दमयन्ती, पत्या प्रियेण नलेन, इति इत्थम्, उक्त्वेति शेषः, एतस्याः प्रियाया भैम्याः, पदासत्त्यै अभिवादनार्थं पादग्रहणाय, प्रेरितौ प्रसारितौ, करौ हस्तौ, रुद्ध्वा स्वकराभ्यां निरुध्य, सकोपम् अनर्हकरणात् सक्रोधम्, सातङ्कं सभयञ्च, स्वचरणे स्वामिकरस्पर्शस्य अनौचित्यादिति भावः। कटाक्षैः अपाङ्गविलोकनैः, तं प्रियम् अमूमुहत् मोहयति स्म, स्मरार्त्तं कृतवतीत्यर्थः॥ १६॥

ऐसा (२०।१४-१५) कहकर इस (दमयन्ती) ने चरण-स्पर्शके लिए पति (नल) के द्वारा बढ़ाये गये दोनों हाथोंको क्रोध तथा (पतिके द्वारा मेरे चरणोंका स्पर्श न हो जाय, इस भावनासे) भयके साथ रोककर कटाक्षसे उस (नल) को मोहित कर लिया अर्थात् कटाक्षोंद्वारा दमयन्तीने नलको कामाधीन कर लिया॥ १६॥

अवोचत ततस्तन्वीं निषधानामधीश्वरः।
तदपाङ्गचलत्तारा-झलत्कारवशीकृतः॥ १७॥

अवोचतेति। ततः कटाक्षैर्मुग्धीभावानन्तरम्, तस्याः प्रियायाः, अपाङ्गे नेत्रान्ते, चलन्त्याः भ्रमन्त्याः, तारायाः कनीनिकायाः, झलत्कारेण प्रभास्फुरणेन, वशीकृतः आयत्तीभूतः, निषधानां निषधदेशीयानाम्, अधीश्वरः अधिपतिः नलः, तन्वीं कृशाङ्गीं प्रियाम्, अवोचत अभाषत। ब्रुवो लुङि रूपम्॥ १७॥

---

1. 'प्रेषितौ' इति पाठान्तरम्।

तदनन्तर (दमयन्ती-कटाक्षोंसे मोहित होनेके बाद) उस (दमयन्ती) के नेत्रप्रान्तमें चञ्चल कनीनिकाओं (नेत्रकी पुतलियों) की स्फुरित होती हुई प्रभासे वशीभूत नल तन्वी (कृशाङ्गी दमयन्ती) से बोले ॥ १७ ॥

कटाक्षकपटारब्ध- दूरलङ्घनरंहसा ।
दृशां भीत्या निवृत्तं ते कर्णकूपं निरूप्य किम् ? ॥ १८ ॥

कटाक्षेति । हे प्रिये ! कटाक्षकपटेन अपाङ्गदर्शनव्याजेन, आरब्धम् उपक्रान्तम्, दूरलङ्घनरंहः विप्रकृष्टदेशोत्पतनवेगः यथा तादृशया, ते तव, दृशा नयनेन, कर्णः श्रुतिः एव, कूपः गर्त्तः तम्, निरूप्य निरीक्ष्य, भीत्या भयेन, कूपलङ्घनोपक्रमे तत्र पतनभिया इत्यर्थः । निवृत्तं किम् ? निरस्तं किम् ? दूरलङ्घनेच्छुरन्योऽपि जनः सम्मुखे कूपं तिष्ठेच्चेत् तत्र पतनभिया स्वारब्धात् निवृत्तो भवतीति लोके दृश्यते । आकर्णविश्रान्तलोचना दमयन्तीति तात्पर्यम् ॥ १८ ॥

कटाक्षके कपटसे दूर तक जाने के लिये वेगको आरम्भ की हुई अर्थात् सवेग चलती हुई तुम्हारी दृष्टि कानरूप कूपका निश्चयकर (उसमें गिरनेके) भयसे लौट आयी क्या ? [लोकमें भी दूरतक जानेके लिए वेगपूर्वक चलना आरम्भ करके कोई व्यक्ति मार्गमें कूपको देखकर उसमें गिरनेके भयसे जिस प्रकार वापस लौट आता है, उसी प्रकार कटाक्षके छलसे दूर (कानसे भी आगे) तक जानेके लिए सवेग दृष्टि कर्णकूपको देखकर लौट आयी है क्या ? ऐसा ज्ञात होता है] ॥ १८ ॥

सरोषाऽपि सरोजाक्षि ! त्वमुदेषि मुदे मम ।
तप्ताऽपि शतपत्रस्य सौरभायैव सौरभा ॥ १९ ॥

सरोषेति । सरोजाक्षि ! हे कमललोचने ! सरोषाऽपि रुष्टाऽपि, त्वं भवती, मम मे, मुदे हर्षाय एव, उदेषि भवसि, नयनाननयोः तात्कालिकसुषमाया अतीवरमणीयत्वादिति भावः । तथा हि—तप्ता उष्णा अपि, सूर्यस्य इयं सौरी सूर्यसम्बन्धिनी । 'सूर्यागस्त्ययोः—' इत्यादिना यकारलोपः । सौरी च सा भा प्रभा च सौरभा सूर्यप्रभा । 'स्त्रियाः पुंवत्—' इत्यादिना पुंवद्भावः । शतपत्रस्य कमलस्य, सौरभाय एव सुरभित्वाय एव, प्रस्फुटनद्वारा सुगन्धवितरणायैवेत्यर्थः, न तु शोषणाय, भवतीति शेषः । दृष्टान्तालङ्कारः ॥ १९ ॥

हे कमलनयनी (दमयन्ति) ! क्रोधयुक्त भी तुम मेरे हर्षके लिए होती हो, क्योंकि उष्ण भी सूर्य-कान्ति कमलके (विकसित करके) सुगन्धिके लिए ही होती है (शोषणके लिए नहीं) । [तुम्हारे क्रोध करनेपर भी आलिङ्गनादि करनेके लिए उत्तम शोभा होनेसे मुझे आनन्द ही होता है] ॥ १९ ॥

---

१. 'दृशाम्वेत्य' इति पाठान्तरम् ।

छेत्तुमिन्दौ भवद्वक्त्र-बिम्बविभ्रमविभ्रमम् ।
शङ्के शशाङ्कमानङ्के भिन्नभिन्नविधिर्विधिः ॥ २० ॥

छेत्तुमिति । हे प्रिये ! भिन्नभिन्नः पृथक् पृथक् प्रकारः, अत्यन्तविलक्षणरूप इत्यर्थः । विधिः निर्माणव्यापारः यस्य सः तादृशः, विधिः विधाता, इन्दौ चन्द्रे, भवत्याः तव, वक्त्रबिम्बस्य मुखमण्डलस्य । 'सर्वनाम्नो वृत्तिमात्रे पुंवद्भावः' । यः विभ्रमः शोभा, तस्य विभ्रमं भ्रान्तिम् । 'विभ्रमः संशये भ्रान्तौ शोभायाञ्च' इति यादवः । सादृश्यजन्यं लोकानां तव मुखभ्रममित्यर्थः । छेत्तुं निराकर्त्तुम् । छिदेः तुमुन् । शशाङ्कं शशस्य मृगस्य, अङ्कं चिह्नम् , आनङ्के अङ्कितवान् । 'अकि लक्षणे' इति धातोर्भौवादिकाल्लिटि तङ्, 'तस्मान्नुड् द्विहलः' इति नुडागमः । इति शङ्के मन्ये, अहमिति शेषः । ईदृशाकरणे निश्चितमेव इन्दौ लोकानां तव मुखभ्रान्तिरुत्पद्येत इति भावः ॥ २० ॥

भिन्न-भिन्न विधिवाले अर्थात् प्रत्येक वस्तुकी एक दूसरेसे भिन्न रचना करनेवाले ब्रह्माने तुम्हारे मुखकी शोभाके विशिष्ट भ्रम (अथवा—विलास) को नष्ट करनेके लिए चन्द्रको शशसे चिह्नित कर दिया है, ऐसी मैं शङ्का करता हूँ । [यदि चन्द्रमें शशचिह्न नहीं होता तो वह तुम्हारे मुखकी शोभाको प्राप्त करता, तथा 'यह चन्द्र है या दमयन्ती-मुख ?' इस प्रकारका भ्रम लोगोंको हो जाता; किन्तु वैसा नहीं होनेसे इस समय तुम्हारा मुख चन्द्रसे भी अधिक सुन्दर है तथा लोगोंको तुम्हारे मुख तथा चन्द्रके पहचाननेमें भ्रम नहीं होता है] ॥ २० ॥

ताम्रपर्णीतटोत्पन्नैर्मौक्तिकैरिन्दुकुक्षिजैः[1] ।
बद्धस्पर्द्धतरा वर्णाः प्रसन्नाः स्वादवस्तव ॥ २१ ॥

ताम्रेति । प्रसन्नाः प्रसादगुणसम्पन्नाः, सुस्पष्टा इत्यर्थः । स्वच्छाश्च, स्वादवः मनोज्ञाः, श्रवणपिपासावर्द्धकाः इति यावत् । सुमधुराश्च 'स्वादू मिष्टमनोज्ञयोः' इति मेदिनी । तव भवत्याः, वर्णाः त्वन्मुखोच्चरितानि अक्षराणि, ताम्रपर्ण्याः तदाख्यायाः स्वच्छजलायाः कस्याश्चित् नद्याः, तटे तीरदेशे, उत्पन्नैः सञ्जातैः, अत एव स्वच्छैरिति भावः । तथा इन्दुकुक्षिजैः चन्द्रगर्भोत्पन्नैश्च, अत एव पीयूषसम्पर्कात् मधुरैरिति भावः । मौक्तिकैः मुक्ताफलैः सह, बद्धस्पर्द्धतराः बद्धा धृता इत्यर्थः, स्पर्द्धा सादृश्यजनिताभिमानः यैस्ते तादृशाः बद्धस्पर्द्धाः अतिशयेन बद्धस्पर्द्धाः बद्धस्पर्द्धतराः, भवन्तीति शेषः । ततोऽपि तव वर्णानामेव अधिका स्वच्छता मधुरता च इति भावः ॥ २१ ॥

ताम्रपर्णी नदीके तीरमें तथा चन्द्र (पक्षा०—गन्ने) के मध्यमें उत्पन्न मोतियोंसे (स्वच्छता स्वादुतामें समानता होनेके लिए) अधिक स्पर्द्धा करनेवाले तुम्हारे वर्ण (मुखो-

1. '—रिक्षुकुक्षिजैः' इति पाठान्तरम् ।

चारित अक्षर) निर्मल तथा स्वादिष्ट (कर्णमधुर) हैं। [मलयाचलसे निकलकर दक्षिण समुद्रमें गिरनेवाली स्वच्छतम जलवाली ताम्रपर्णी नदीके तीरमें उत्पन्न मोती केवल स्वच्छ ही होंगे, अत एव अमृतमय चन्द्र (अथवा—मधुरतम इक्षु—गन्ना) से उत्पन्न होनेको कहा गया है, अतएव अपनेमें अधिक स्वच्छता तथा स्वादिष्टता होनेके अभिमानसे तुम्हारे मुखसे उच्चारण किये गये अक्षर उक्तरूप मोतियोंसे अधिक स्पर्द्धा करते हैं और उन मोतियोंसे अधिक स्वच्छ तथा मधुर (कर्णप्रिय) लगते हैं]॥ २१ ॥

त्वद्‌गिरः क्षीरपाथोधेः सुधयैव सहोत्थिताः ।
अद्य यावदहो ! धावद्दुग्धलेपलवस्मिताः ॥ २२ ॥

त्वदिति । हे प्रिये ! त्वद्गिरः तव वाक्यानि, सुधया अमृतेन, सहैव सार्द्धमेव, क्षीरपाथोधेः दुग्धसागरात् , उत्थिताः उद्गताः, इवेति शेषः। अतः सुधासंसर्गादेव तासां सुधावत् माधुर्यं प्रतीयते इति भावः । ततश्च अद्य यावत् अद्यपर्यन्तमपीत्यर्थः। धावन्ति स्रवन्ति, दुग्धलेपानां क्षीरसमुद्रे अवस्थानात् लिप्तक्षीराणाम् , लवाः बिन्दव एव, स्मितानि ईषद्धास्यानि याभ्यः ताः तादृश्यः, यद्वा—धावतां स्रवताम् , दुग्धानां लेपस्य तत्र संसृष्टस्य, लवा एव स्मितानि यासु ताः तादृश्यः परिलक्ष्यन्ते इति शेषः। इति अहो ! आश्चर्यम् ! स्मितव्याजेन क्षीरलिप्तत्वात् त्वद्गिरां सुधया क्षीरेण च सार्द्धं क्षीरसागरोत्पन्नत्वम् उन्नीयते, अन्यथा तथाभावासम्भवादिति भावः ॥२२॥

तुम्हारे वचन क्षीरसमुद्रसे अमृतके साथ ही निकले हैं, क्योंकि आजतक वे फैलते हुए दुग्धलेपके अंशरूप स्मितसे युक्त हैं अहो ! (आश्चर्य है) । [स्मितके छलसे आजतक क्षीर-समुद्रके दुग्धांशयुक्त तथा मधुर होनेसे अमृतयुक्त इन तुम्हारे वचनोंके होनेका अनुमान होता है]॥ २२ ॥

पूर्वपर्वतमाश्लिष्ट-चन्द्रिकश्चन्द्रमा इव ।
अलञ्चक्रे स पर्यङ्कमङ्कसङ्क्रमिताप्रियः ॥ २३ ॥

पूर्वेति । आश्लिष्टा आलिङ्गिता, स्पृष्टा इति यावत् , चन्द्रिका कौमुदी येन सः तादृशः, चन्द्रमाः चन्द्रः, पूर्वपर्वतम् उदयाद्रिम् इव, अङ्कसङ्क्रमिता क्रोडारोपिता, प्रिया दमयन्ती येन सः तादृशः क्रोडोपवेशितभैमीकः 'अपूरणीप्रियादिषु' इति वचनात्त प्रियापरस्य पूर्वपदस्य 'स्त्रियाः पुंवत्—' इत्यादिना पुंवद्भावः । सः नलः, पर्यङ्कं शयनम् , अलञ्चक्रे भूषयामास, उपविवेश इत्यर्थः॥ २३ ॥

चाँदनीका आश्लेष (स्पर्श) कर चन्द्रमा जिस प्रकार उदयाचलको अलङ्कृत करता है, उसी प्रकार क्रोडमें प्रिया (दमयन्ती) को लिये हुए उस (नल) ने पलङ्गको अलङ्कृत किया । [नल दमयन्तीको अङ्कमें लेकर पलङ्गपर बैठ गये]॥ २३ ॥

प्रावृडारम्भणाम्भोदः स्निग्धो द्यामिव स प्रियाम् ।
परीरभ्य चिरायास विश्लेषायासमुक्तये ॥ २४ ॥

प्रावृडिति । स्निग्धः अनुरक्तः, दमयन्तीं प्रति प्रीतिसम्पन्नः इत्यर्थः । जलगर्भत्वात् मसृणश्च । सः नलः, प्रावृडारम्भणे वर्षाप्रारम्भे, अम्भोदः मेघः, द्यां नभःस्थलीम् इव, विश्लेषायासमुक्तये वियोगक्लेशपरिहाराय, प्रियां भैमीम् , परीरभ्य आलिङ्ग्य, चिराय दीर्घकालपर्यन्तम्, आस शुशुभे, चिरमाश्लिष्य अवस्थितः इत्यर्थः । 'आसेति तिङन्तप्रतिरूपकम्' इति शाकटायनः, वामनश्च 'अस गतिदीप्त्यादानेष्विति अस्-धातोः' इत्याह 'आसेरस्यतेः' इति ॥ २४ ॥

(दमयन्तीके प्रति) अनुरक्त (पक्षा०—जलपूर्ण होनेसे कृष्णवर्ण) वह नल, वर्षारम्भमें मेघ (शरद् ऋतु आकाशमें उड़नेके कारण) पक्षियोंके सम्बन्धरूप आयासको दूर करनेके लिए प्रिय आकाशका आलिङ्गन कर (व्याप्त होकर) जिस प्रकार बहुत देरतक ठहरता है; उसीप्रकार (स्नान अग्निहोत्र आदि नित्यानुष्ठानके विलम्बसे उत्पन्न) विरहदुःखको दूर करनेके लिये प्रिया दमयन्तीका आलिङ्गनकर बहुत देर तक ठहरे अर्थात् बहुत देरतक उसे आलिङ्गनकर अङ्कमें लिये रहे ॥ २४ ॥

चुचुम्बास्यमसौ तस्या रसमग्नः श्रितस्मितम् ।
नभोमणिरिवाम्भोजं मधुमध्यानुबिम्बितः ॥ २५ ॥

चुचुम्बेति । रसमग्नः अनुरागसागरान्तर्निविष्टः, असौ नलः, श्रितस्मितं प्राप्तमन्दहासम् , आलिङ्गनजन्यानन्देन क्रोधापगमादिति भावः । प्राप्तविकासञ्च, तस्याः दमयन्त्याः, आस्यं मुखम् , मधुमध्ये कमलस्यैव मकरन्दाभ्यन्तरे, अनुबिम्बितः प्रतिफलितः, एवञ्च नभोमण्यम्भोजयोः परस्परं सुदूरव्यवधाने सत्यपि चुम्बने न काऽप्यनुपपत्तिरिति मन्तव्यम् । नभोमणिः रविः, अम्भोजं कमलम् इव, चुचुम्ब चुम्बितवान् ॥ २५ ॥

प्रेमरससे परिपूर्ण उस (नल) ने (बहुत देरतक आलिङ्गन करनेके कारण क्रोधके नष्ट होनेसे) स्मितयुक्त दमयन्तीके मुखका उस प्रकार चुम्बन किया, जिस प्रकार कमलमधुमें प्रतिबिम्बित एवं जलमें मग्न सूर्य विकसित कमलका चुम्बन (प्रतिबिम्बित होकर अतिशय निकटस्थ होनेसे स्पर्श) करता है ॥ २५ ॥

अथाहूय कलां नाम पाणिना स प्रियासखीम् ।
पुरस्ताद्वेशितामूचे कर्तुं नर्मणि साक्षिणीम् ॥ २६ ॥

अथेति । अथ चुम्बनानन्तरम् , स नलः, कलां नाम कलानाम्नीम् , प्रियासखीं भैम्याः वयस्याम् , नर्मणि परिहासक्रीडायाम् , साक्षिणीं प्रत्यक्षदर्शिनीम् कर्तुं विधातुम् , पाणिना हस्तसंज्ञया, आहूय आकार्य, पुरस्तात् अग्रे, वेशिताम् उपवेशिताम् , कृत्वेति शेषः, ऊचे बभाषे ॥ २६ ॥

इस (चुम्बन करने) के बाद (नल) ने दमयन्तीकी 'कला' नामक सखीको हाथ (के सङ्केत) से बुलाकर तथा परिहासक्रीडामें साक्षिणी (प्रत्यक्ष देखनेवाली) करनेके लिए सामने बैठाकर कहा ॥ २६ ॥

कस्मादस्माकमब्जास्या वयस्या दयते न वः? ।
आसक्ता भवतीष्वन्यं मन्ये न बहु मन्यते ॥ २७ ॥

कस्मादिति । हे कले ! अब्जास्या कमलवदना, वः युष्माकम्, वयस्या सखी, कस्मात् कस्य हेतोः, अस्माकं माम् इत्यर्थः । 'अधीगर्थ-' इत्यादिना कर्मणि षष्ठी । न दयते ? न अनुकम्पते ? मन्ये विवेचयामि, अहमिति शेषः । भवतीषु युष्मासु, आसक्ता अत्यन्तमनुरक्ता सती, अन्यम् अपरं जनम्, न बहु मन्यते न समाद्रियते ॥

(हे कले !) कमलमुखी तुम लोगोंकी (पाठा०—तेरी) सखी (दमयन्ती) हमपर क्यों नहीं दया करती है ? (जिस कारण दया नहीं करती, इस कारण मैं) तुमलोगोंमें आसक्त (यह) अतिशय प्रेममग्न (मेरे-जैसे) दूसरेका नहीं समादर करती है, ऐसा मानता हूँ । (अथ च--'कमलमुखी दमयन्ती नवीन परिचयवाले भी मुझपर दया करती है और तुम लोगोंपर दया नहीं करती, (अत एव) तुमलोगोंमें अनासक्त स्नेहहीन यह मुझ-जैसे दूसरे लोगोंको मानती है' ऐसा अर्थ अग्रिम श्लोकके अनुरोध से करना चाहिये) ॥२७॥

अन्वग्राहि मया प्रेयान्निशि स्वोपनयादिति ।
न विप्रलभते तावदालीरियमलीकवाक् ? ॥ २८ ॥

अन्वग्राहीति । मया भैम्या, निशि रात्रौ, स्वोपनयात् आत्मसमर्पणात्, स्वाङ्गदानं कृत्वेत्यर्थः । प्रेयान् प्रियतमः नलः, अन्वग्राहि अनुगृहीतः इति एवम्, अलीकवाक् अनृतवादिनी, इयम् एषा वः सखी, तावत् सकला एव, आलीः सखीः भवतीः, न विप्रलभते ? न प्रतारयति ? किमिति शेषः, इति काकुः; अपि तु प्रतारयत्येव । तस्मात् अहं रात्रौ प्रियतमाय आत्मसमर्पणं कृतवतीति युष्मत्समीपे यदियमुक्तवती तद् वचः न श्रद्धेयम् इति भावः ॥ २८ ॥

'मैंने रात्रिमें आत्मसमर्पण (आलिङ्गनादिके लिए वक्षःस्थलादिका समर्पण) करनेसे प्रियतम (नल) को अनुगृहीत कर दिया है' ऐसा असत्य वचन कहनेवाली यह सखियोंको भी नहीं ठगती है ? [अर्थात् तुमलोगोंको भी ठगती है तो हम लोगोंकी गणना ही कौन है ? अत एव इसकी बातका कदापि तुमलोग विश्वास मत करना] ॥ २८ ॥

आह स्मैषा नलादन्यं न जुषे मनसेति यत् ।
यौवनानुमितेनास्यास्तन्मृषाऽभून्मनोभुवा ॥ २९ ॥

आहेति । एषा इयं वः सखी, नलात् नैषधात्, अन्यम् अपरं पुरुषम् मनसा

---

1. 'ते' इति पाठान्तरम् ।

चेतसा, अपीति शेषः, न जुषे न सेवे, इति यत् आह स्म ऊचे, अस्याः तव सख्याः, तद् वचनम् , यौवनानुमितेन यौवनेन तारुण्येन लक्षणेन, अनुमितः तर्कितः तादृशेन, एषा मनोभूमती यौवनवत्त्वात् , या या यौवनवती सा सा मनोभूमती इत्यनुमान-विषयीकृतेनेत्यर्थः । मनोभुवा मनः चित्तमेव, भूः उत्पत्तिस्थानं यस्य तादृशेन कामेन, मृषा मिथ्या, अभूत् अजनि; मदन्यस्य कामस्य मनसा सेवनात् अस्याः तादृशी उक्तिः मिथ्या जाता इति निन्दाच्छलेन मय्येवेयं कामानुरक्तेति स्तुतेः व्याजस्तुतिः ॥२९॥

इस (दमयन्ती) ने 'मैं नलके अतिरिक्त दूसरेका मनसे भी नहीं सेवन करती हूँ' ऐसा जो (तुम लोगोंके समक्ष) कहा, युवावस्थासे अनुमित कामदेवसे इसका वह कथन असत्य हो गया [युवावस्थामें यह कामासक्त है, अत एव मुझसे अतिरिक्त कामका सेवन करनेसे दमयन्तीका वह कथन असत्य हो गया । वस्तुतस्तु 'युवावस्थाके आरम्भ होनेसे लेकर यह मुझमें ही आसक्त है' इस प्रकार नलने दमयन्तीकी प्रशंसा ही की है] ॥ २९ ॥

आस्यसौन्दर्यमेतस्याः शृणुमो यदि भाषसे ।
तद्धि लज्जानमन्मौलेः परोक्षमधुनाऽपि नः ॥ ३० ॥

आस्येति । हे कले ! एतस्याः युष्मत्सख्याः, आस्यसौन्दर्यं मुखशोभाम् , यदि चेत् , भाषसे वर्णयसि, त्वमिति शेषः । तदा शृणुमः आकर्णयामः, वयमिति शेषः । ननु तव उत्सङ्गे एव यदा इयमुपविष्टा, तदा अस्मन्मुखे कथं शृणुथ, पश्यथ न कथम् ? इति चेदाह—हि यस्मात् , लज्जया त्रपया, नमन्मौलेः नम्रशिरसः, एतस्याः इति शेषः । तत् आस्यसौन्दर्यम् , अधुना अपि विवाहात् परमद्यपर्यन्तमपीत्यर्थः । नः अस्माकम् , परोक्षम् अक्ष्णोरगोचरमेव, वर्तते इति शेषः । तत् यथा एषा लज्जां परित्यज्य स्वमुखकमलमस्मान् दर्शयति तथा क्रियताम् इति भावः ॥ ३० ॥

इस (अपनी सखी दमयन्ती) के मुखके सौन्दर्यका यदि तुम वर्णन करोगी तो हम सुनेंगे । ('अपने अङ्कमें स्थित इसके मुख-सौन्दर्यको आप स्वयं देखते ही हैं तो उसके वर्णन करनेकी क्या आवश्यकता है ?' यह शङ्का तुम मत करो, क्योंकि—विवाहकालसे लेकर) अब तक भी लज्जासे अवनतमुखी (मुखको नीचे की हुई) इसका वह (मुखसौन्दर्य) हमारे परोक्ष (अदृष्टचर) ही है । [अत एव जिस प्रकार लज्जा छोड़कर अपने मुखकमलको यह मुझे दिखलावे वैसा उपाय करो, अथवा—परिहाससे 'कला' से नल कहते हैं कि—आजतक जब मैंने इसके सदा नम्रमुखी रहनेसे मुखसौन्दर्यको भी नहीं देख सका तो सम्भोगादिकी चर्चा ही व्यर्थ है, अत एव इसके उक्त वचन (मेरे लिए सर्वथा आत्मसमर्पण करने आदिकी बात) पर विश्वास कदापि मत करना] ॥ ३० ॥

पूर्णयैव द्विलोचन्या सैषाऽऽलीरवलोकते ।
द्राग्दृगन्ताणुना मान्तु मन्तुमन्तमिवेक्षते ॥ ३१ ॥

पूर्णयेति । सा उक्तरूपा लज्जानतशिरस्का, एषा दमयन्ती, पूर्णयैव समग्रयैव, न

तु अन्तेन इति भावः । द्वयोः लोचनयोः समाहारः इति द्विलोचनी तया, द्विलोचन्या नेत्रद्वयेन त्रिलोकीवत् प्रक्रिया । आलीः सखीः, अवलोकते पश्यति, मान्तु मां पुनः, मन्तुमन्तम् अपराधीनम् इव, द्राक् झटिति, क्षणमात्रमित्यर्थः । दृगन्ताणुना दृशः एकमात्रस्य चक्षुषः, न तु द्वयोः, अन्तः शेषभागः, न तु सम्पूर्णभागः, तस्यापि अणुना लेशमात्रेण, कटाक्षलेशेन इत्यर्थः । ईक्षते अवलोकयति, अन्योऽपि लोको यथा अपराधिनं घृणया कटाक्षमात्रेणावलोकयति तद्वदिति निष्कर्षः ॥ ३१ ॥

यह (तुमलोगोंकी सखी दमयन्ती) सखियोंको पूरे ही दोनों नेत्रोंसे देखती है, किन्तु अपराधीके समान मुझको तो एक नेत्रके प्रान्तके अल्पमात्र भाग (लेशमात्र कटाक्ष) से एकबार (या—झट—थोड़ा-सा) ही देखती है । [लोकमें भी अपराधीको घृणापूर्वक नेत्रप्रान्तसे थोड़ा देखा जाता है । यहांपर भी 'प्रिया प्रियपतिको नेत्रप्रान्त (कटाक्ष) से तथा सखी आदि स्नेही बान्धवोंको पूर्ण दृष्टिसे देखती है' ऐसा सर्वसाधारणका नियम होनेसे नलने दमयन्तीके द्वारा कटाक्षपूर्वक देखना कहकर दमयन्तीका अपनेमें स्नेहातिशयको सूचित किया है] ॥ ३१ ॥

नालोकते[1] यथेदानीं मामियं तेन कल्पये ।
योऽहं दूत्येऽनया दृष्टः सोऽपि व्यस्मारिषीदृशा ॥ ३२ ॥

नेति । इयं दमयन्ती, यथा येन प्रकारेण, इदानीम् अधुना, मां नलम्, न आलोकते न ईक्षते, तेन तादृशानालोकनव्यापारेण, कल्पये एवं मन्ये, यत् यः अहं नलः, दूत्ये इन्द्रादीनां दूत्यकाले, अनया भैम्या, दृष्टः पूर्णलोचनद्वयेन अवलोकितः, सोऽपि अहम्, ईदृशा इदानीमेतादृशव्यवहारेण माम् अपश्यन्त्या अनया, व्यस्मारिषि विस्मृतः अस्मि । स्मरतेः कर्मणि लुङ् । 'स्यसिच्सीयुट्—' इत्यादिना सिच इडागमे तस्य चिण्वद्भावे 'अचो ञ्णिति' इति वृद्धिः । अविस्मरणे पूर्ववत् सादरं पश्येत् इति भावः ॥ ३२ ॥

यह दमयन्ती जिस कारण इस समय मुझे नहीं देखती है, उस कारण मैं कल्पना करता हूँ कि—'दूतकालमें इस दमयन्तीने जिस मुझको देखा है, उसे भी इस व्यवहारसे भूल गयी है ।' [क्योंकि यदि इन्द्रादिका दूत बनकर मेरे आनेपर जो पूर्ण दृष्टिसे देखना नहीं भूलती तो यह अवश्य ही इस समय मुझे पूर्ण दृष्टिसे देखती, किन्तु ऐसा नहीं कर रही है, अत एव ज्ञात होता है कि यह दूतकालमें मुझे पूर्णदृष्टिसे देखना भूल गयी है] ॥ ३२ ॥

रागं दर्शयते सैषा वयस्याः सूनृतामृतैः ।
मम त्वमिति वक्तुं मां मानिनी मौनिनी पुनः ॥ ३३ ॥

रागमिति । सा उक्तरूपा, एषा प्रिया, सूनृतामृतैः सत्यप्रियवाक्यपीयूषैः । 'सूनृतं प्रिये सत्ये' इत्यमरः । वयस्याः सखीः, रागम् अनुरक्तिम्, स्नेहभावमित्यर्थः,

1. 'न लोकते' इति पाठान्तरम् ।

दर्शयते प्रकाशयतीत्यर्थः, ताभ्यः विस्रब्धं कथयतीति भावः। 'अभिवादिदृशोरात्मनेपदे वेति वाच्यम्' इति विकल्पादणिकर्त्तुः कर्मत्वम्, 'णिचश्च' इत्यात्मनेपदम्। मानिनी मानवती इयम्, मां पुनः मान्तु, त्वं भवान्, मम मदीयः, इति एवम्, वक्तुं कथयितुम्, 'मदीयः त्वम्' इत्येतावन्मात्रं वक्तुमपीत्यर्थः। मौनिनी वाचंयमा, अवतीति शेषः। अतिनिष्करुणा इयं मयि इति निन्दा, लज्जाशीलेयमिति स्तुतिः॥३३॥

यह (दमयन्ती) सत्यप्रिय वचनामृतोंसे सखियों (तुम लोगों) को स्नेह दिखलाती है, किन्तु मानिनी यह मुझसे 'तुम मेरे हो' इतना कहनेके लिए भी मौन हो रही है। [मैंने इसका कोई अपराध नहीं किया है, तथापि यह मुझसे 'तुम मेरे हो' इतना भी नहीं कहती और तुमलोगोंसे 'सत्य, प्रिय एवं मधुर वचन कहकर स्नेह दिखलाती है' इस प्रकार यह मुझसे मानकर उतना कहनेसे मुझे सनाथ नहीं करती, यह कहकर नलने दमयन्तीकी निन्दा की है तथा यह लज्जाशील होनेसे ऐसा कह रही है यह कहकर प्रशंसा भी की है]॥३३॥

कां नामन्त्रयते नाम नामग्राहमियं सखी ?
कले ! नलेति नास्माकीं स्पृशत्याह्वां तु जिह्वया ? ॥ ३४ ॥

कामिति। हे कले ! इयम् एषा, सखी ते वयस्या, कां नाम सखीम्, नामग्राहं नाम गृहीत्वा। 'नाम्न्यादिशिग्रहोः' इति णमुल्। न आमन्त्रयते ? न सम्बोधयति ? अपि तु सर्वाः एव आमन्त्रयते इत्यर्थः। नामेति प्रश्ने। तु किन्तु, अस्माकम् इमाम् आस्माकीं मदीयाम्। 'युष्मदस्मदोः' इत्यादिना अण्प्रत्ययः। 'तस्मिन्नणि च—' इत्यादिना आस्माकादेशः, 'टिड्ढाणञ्—' इत्यादिना ङीप्। नलेति आह्वां नाम। 'आख्याऽऽह्वे अभिधानञ्च नामधेयञ्च नाम च' इत्यमरः। जिह्वया रसनया, अपीति शेषः, न स्पृशति न स्पर्शं करोति, मां नाम्नाऽपि न आह्वयति रहस्यालापस्तु दूरमास्तामिति निन्दा, स्त्रीणां भर्तृनामग्रहणस्य अनौचित्यात् स्तुतिः॥ ३४॥

हे कले ! यह सखी (दमयन्ती) किस सखीको नाम लेकर नहीं बुलाती है ? (किन्तु) 'नल' इस प्रकार मेरे नामको जीभसे स्पर्श भी नहीं करती (रहस्यका बतलाना तो बहुत दूर है)। [यहांपर भी नलने उक्त वचन कहकर दमयन्तीकी निन्दा तथा पतिके नाम लेनेका शास्त्रीय निषेध होनेके कारण उसका पालन करनेसे प्रशंसा की है]॥ ३४॥

अस्याः पीनस्तनव्याप्ते हृदयेऽस्मासु निर्दये।
अवकाशलवोऽप्यस्ति नात्र कुत्र बिभर्तु नः ? ॥ ३५ ॥

अस्या इति। पीनाभ्यां स्थूलाभ्याम्, स्तनाभ्यां कुचाभ्याम्, व्याप्ते सम्पूर्णताभावेन आक्रान्ते, ततश्च बहिरपि अवकाशलवोऽपि नास्तीत्याशयः, अस्मासु मयि विषये, निर्दये अकरुणे, तत एव अन्तरपि अवकाशलवोऽपि नास्तीति भावः, अस्याः दमयन्त्याः, हृदये वक्षसि, अवकाशस्य मदवस्थितिस्थानस्य, लवः लेशोऽपि, नास्ति न विद्यते, अत एव अत्र हृदये, कुत्र कस्मिन् स्थाने, नः अस्मान्, मामित्यर्थः।

बिभर्तु ? धारयतु ? न कुत्रापीत्यर्थः । उच्चकुचाभ्यां व्यवहितेनैव मया स्थीयते, न तु हृदयेन ध्रियते इति भावः । अत्रापि निन्दाच्छलात् स्तुतिः ॥ ३५ ॥

स्थूल (विशाल) स्तनोंसे व्याप्त तथा हमारे विषयमें निर्दय इस (दमयन्ती) के हृदयमें लेशमात्र भी अवकाश (ठहरनेका स्थान) नहीं है, अत एव यह मुझे कहाँ धारण करे ? । [इस दमयन्तीके हृदयका बाह्य भाग बड़े स्तनोंसे व्याप्त है, अतः मेरे लिए इसके हृदयके बाहर ठहरनेका स्थान नहीं है तथा इसका हृदय भीतरमें मेरे प्रति निर्दय है अत एव भीतरमें भी मेरे लिए स्थान नहीं है; अत एव इस दमयन्तीके हृदयमें बाहरी या भीतरी—कहीं भी मुझे ठहरानेके लिए लेशमात्र भी स्थान नहीं है, अथ च—विशाल स्तन होनेसे इसका आलिङ्गन करते समय मैं इसके वक्षःस्थलसे ऊपर ही रह जाता हूँ और निर्दय होनेसे भोतर स्थान है ही नहीं, इस प्रकार नलने दमयन्तीकी निन्दा तथा उच्च स्तनका वर्णन कर प्रशंसा की है] ॥ ३५ ॥

अधिगत्येदृगेतस्या हृदयं मृदुतामुचोः ।
प्रतीम एव वैमुख्यं कुचयोर्युक्तवृत्तयोः ॥ ३६ ॥

अधिगत्येति । एतस्याः भैम्याः, हृदयम् , अन्तःकरणम् , ईदृक् निर्दयत्वात् ईदृशं कठिनम् , अधिगत्य ज्ञात्वा, इवेति शेषः । मृदुतामुचोः कोमलतात्यागिनोः, तथाभूतकठिनहृदयसंसर्गात् स्वयमपि तावत् काठिन्यभाजोः इत्यर्थः । अन्यथा कठिने मृदुताचरणे दुर्नीतिरिति भावः । अत एव युक्तवृत्तयोः युक्तम् उचितम्, वृत्तं व्यवहारः ययोस्तादृशयोः, कठिने कठिनव्यवहारस्य औचित्यात् ; अन्यत्र—युक्तौ पीनत्वात् मिथः संश्लिष्टौ, वृत्तौ वर्त्तुलौ च तयोः युक्तवृत्तयोः । विशेषणसमासः । कुचयोः स्तनयोः, अपीति शेषः, वैमुख्यमेव कठिनात् हृदयात् विपरीतमुखत्वमेव औदासीन्यमेव च, प्रतीमः जानीमः; एतस्याः निर्दयात् कठिनात् हृदयात् स्वाङ्गभूतौ सद्वृत्तौ कुचावपि विमुखौ जातौ, वयन्तु बाह्याः तत्र निवेष्टुं कथं शक्नुमः ? इति भावः; यद्वा—वैमुख्यमेव मयि पराङ्मुखत्वमेव, तुङ्गतया आलिङ्गनविघ्नजननादिति भावः, अन्यत्र—विगतमुखत्वमेव, नवोद्भिन्नत्वात् वृन्तहीनतया मनोज्ञमेवेति भावः ॥ ३६ ॥

इस (दमयन्ती) के हृदयको ऐसा (कठिन) जानकर ('शठे शाठ्यं समाचरेत्' नीतिके अनुसार कठिन हृदयके प्रति) मृदुताका त्याग करनेवाले अर्थात् कठिनतायुक्त (अत एव उक्त नीतिके अनुसार) समुचित व्यवहार करनेवाले दोनों स्तनोंकी (कठिन हृदयके साथ विपरीत व्यवहार करनेसे, अथच—ऊर्ध्वमुख होनेके कारण) पराङ्मुखता (पक्षा०—उदासीनता) को ही हम जानते हैं । [इसके कठिन हृदयसे स्वाङ्गभूत सद्व्यवहारवाले ये स्तन भी यदि पराङ्मुख हो गये तो हम तो बाहरी होनेके कारण वहाँ (हृदयमें) प्रवेश ही किस प्रकार पा सकते हैं ? अथवा—इन स्तनोंको अत्युन्नत होनेसे मेरे आलिङ्गन करते समय दमयन्तीके वक्षःस्थलका मिलन नहीं होनेसे मेरे प्रति इन

स्तनोंकी पराङ्मुखता ही हम जानते हैं। अथवा—स्त्रीहृदय स्वभावसे ही मृदु होता है, उससे उत्पन्न होकर मृदुताका त्याग करनेवाले (अत एव, विपरीत लक्षणासे) अयुक्त आचरणवाले इन स्तनोंकी हम दमयन्ती हृदयसे पराङ्मुखता (मृदु हृदयसे उत्पन्न होकर भी मृदुताका त्याग करनेसे विपरीताचरणपरायणता) ही जानते हैं। अथवा—इसके सुन्दरतम हृदयको पाकर कठिनताको प्राप्त तथा अत्यन्त बड़ा एवं गोलाकार इन स्तनोंको आगेमें श्यामवर्ण होनेसे हृदयके साथ पराङ्मुखता (विपरीत व्यवहार) ही जानते हैं। अथपा—उक्तरूप स्तनोंकी विमुखता (चूचुकशून्यता) ही जानते हैं अर्थात् दमयन्तीकी अल्पावस्था होनेसे कठिन एवं स्तनाग्रभागमें श्यामवर्ण वृन्त (चूचुक) से हीन (अत एव) युक्त आचरण करनेवाले स्तनोंको जानते हैं। अथवा—ऐसे सहज कोमल स्त्रीहृदयको पाकर मूर्खताको नहीं छोड़ते हुए तथा मेरे प्रति सदय होनेसे युक्त आचरण करनेवाले इन स्तनोंकी विमुखता (विशिष्ट = उन्नत, मुखता=अग्रभागता) को ही जानते हैं]॥ ३६॥

इति मुद्रितकण्ठेऽस्मिन् सोल्लुण्ठमभिधाय ताम्।
दमयन्तीमुखाधीत-स्मितयाऽस्मै तया जगे॥ ३७॥

इतीति। अस्मिन् नले कान्ते, तां कलाम्, सोल्लुण्ठं सोत्प्रासम्, सपरिहासमित्यर्थः। 'सोल्लुण्ठनन्तु सोत्प्रासम्' इत्यमरः। इति एवम्, अभिधाय उक्त्वा, मुद्रितकण्ठे निरुद्धगले, तूष्णीम्भूते सतीत्यर्थः। तया कलानामसख्या, दमयन्तीमुखाधीतस्मितया दमयन्त्याः वयस्यायाः भैम्याः, मुखात् आननात्, अधीतं शिक्षितम्, गृहीतमिति यावत्, स्मितं मन्दहास्यं यया तादृशया सख्या, दमयन्तीं हसन्तीं दृष्ट्वा स्वयमपि स्मयमानया सख्या इत्यर्थः। अस्मै नलाय, जगे जगादे, नलः गदितः इत्यर्थः। 'क्रियया यमभिप्रैति सोऽपि सम्प्रदानम्' इति क्रियया अभिप्रायात् सम्प्रदानत्वम्, तथा चाविवक्षितकर्मत्वाद्भावे लिट्। अस्मै इत्यत्र 'असौ' इति पाठे-असौ नलः, जगदे ऊचे, वक्ष्यमाणं वच इति शेषः। कर्मणि लिट्॥ ३७॥

उस (कला) से इस प्रकार (२०।२७—३६) वक्रोक्ति आदिसे युक्त वचन कहकर इस (नल) के मौन होनेपर दमयन्तीके मुखसे स्मितका अध्ययन की हुई अर्थात् दमयन्तीको स्मित करती हुई देखकर स्वयं भी स्मित करती हुई उस (कला) ने इस (नल) से कहा॥३७॥

भावितेयं त्वया साधु नवरागा खलु त्वयि।
चिरन्तनानुरागार्हं वर्त्तते नः सखीः प्रति॥ ३८॥

यदुक्तं 'कस्मादस्माकम्' इत्यादि तत्र तावदुत्तरमाह—भावितेति। हे महाराज! त्वया भवता, इयं सखी भैमी, साधु सम्यक्, भाविता तर्किता, खलु इति निश्चये यतः, त्वयि भवति नवरागा नूतनपरिचयात् नूतनानुरागा, जातेति शेषः। अतः तदनुरूपं वर्त्तते इति भावः। नः अस्मान्, सखीः सहचरीः प्रति तु, चिरन्तनस्य पुरातनस्य, अनुरागस्य प्रणयस्य, आबाल्यमेकत्रावस्थानात् सहजानुरागस्येत्यर्थः।

अर्हम् अनुरूपं यथा तथा, वर्त्तते विद्यते, व्यवहरतीत्यर्थः । अत एवेयं भवति सलज्जा अस्मासु तु तद्वर्जिता स्वभावत एव, एवञ्चायमुपालम्भः नोचितः इति भावः ॥ ३८ ॥

(पहले नलोक्त 'कस्मादस्माकम्'……(२०।२७)' वचनका उत्तर कला दे रही है— हे महाराज !) तुमने इस (दमयन्ती) को सम्यक् प्रकारसे जान लिया कि यह तुम्हारेमें नवीन अनुरागवाली है (इसीसे यह आपके सामने सलज्ज रहती है), हम सखियोंके प्रति पुराने स्नेहके योग्य बर्ताव करती है। [तुम्हारेमें नया स्नेह होनेसे दमयन्तीका लज्जा (सङ्कोच) करना तथा हमलोगोंमें बचपनसे एक साथ रहनेके कारण पुराना स्नेह होनेसे सङ्कोचरहित होकर बर्ताव करना दमयन्तीका उचित ही है इस बातको तो आपने ठीक ही समझ लिया है। अथवा—तुमने इस दमयन्तीको सम्यक् प्रकारसे नहीं समझा है, क्योंकि वह तुम्हारेमें नये (दृढ़) अनुरागवाली है तथा हम सखियोंके प्रति पुराने अनुरागके योग्य अर्थात् पुराना स्नेह होनेसे ('अतिपरिचयादवज्ञा' नीतिके अनुसार) शिथिल अनुरागवाली है; अत एव 'मेरे लिये दया करती है, तुमलोगोंके लिये नहीं दया करती' यह अपने दमयन्तीके विषयमें सत्य अनुमान किया है। अथवा—तुमने इस (दमयन्ती) को ठीक-ठीक द्रवित किया है, क्योंकि तुम्हारे विषयमें नवीन (दृढ़) अनुरागवाली होनेसे हमलोगोंके प्रति पुराने अनुरागके कारण शिथिल प्रीतिवाली है, अत एव मेरे प्रति दृढ़ानुरागवाली दमयन्ती हमलोगों (सखियों) को कुछ नहीं गिनती यह ठीक जान लिया है] ॥ ३८ ॥

स्मरशास्त्रविदा सेयं नवोढा नस्त्वया सखी ।
कथं सम्भुज्यते बाला ? कथमस्मासु भाषताम् ॥ ३९ ॥

यदुक्तम् 'अन्वग्राहि' इत्यनेन तत्रोत्तरं श्लोकद्वयेनाह—स्मरेत्यादिना । नवम् अचिरमेव, ऊढा परिणीता, अत एव लज्जासङ्कुचिता इत्याशयः । तथा बाला अविदग्धा, अत एव स्मरागमानभिज्ञा इति भावः । नः अस्माकम्, सा त्वया अभियुक्ता, इयं भवदङ्कस्था, सखी सहचरी दमयन्ती, स्मरशास्त्रविदा कामतन्त्रवेदिना, अत एव कामकलाकुशलेनेत्यर्थः । त्वया भवता, कथं केन प्रकारेण, सम्भुज्यते ? निर्भरं सम्भोक्तुं शक्यते ? कथमपि नैवेत्यर्थः । अस्या लज्जाया एव दुर्वारविघ्नत्वादिति भावः । कथं केन वा प्रकारेण, अस्मासु अस्मत्समीपे, भाषताम् ? रात्रिवृत्तमसङ्कोचं कथयतु ? बालत्वेन लज्जावशादस्मभ्यं स्वचेष्टितं नैव कथयिष्यतीत्यर्थः । तस्मान्नासौ अलीकवाक् न वा अस्मान् विप्रलभते, किन्तु नवोढासुलभलज्जापरवशाया अस्याः कामशास्त्रवेदिनस्तव एवमुपालम्भः नोचितः इति भावः ॥ ३९ ॥

(अब नलोक्त 'अन्वग्राहि'……(२०।२८)' उपालम्भका उत्तर 'कला' दे रही है—) नवोढ़ा (अत एव सलज्जा) बाला (अत एव अविदग्धा = कामशास्त्रानभिज्ञा) इस सखी

(दमयन्ती) का सम्भोग (बालाके साथ बलात्कारपूर्वक सम्भोग करनेका कामशास्त्रमें निषेध होनेसे[1]) कामशास्त्रके रहस्यज्ञ आप कैसे करते हैं [कामशास्त्ररहस्यवेदी आप बाला एवं नवोढ़ा दमयन्तीके साथ यथेष्ट सम्भोग नहीं कर सकने तथा सम्भोग करनेपर भी दुर्वार लज्जावश यह दमयन्ती उस सम्भोगवार्ताको हमलोगोंसे किस प्रकार कहती ? आपके द्वारा किये गये सम्भोग आदिकी चर्चा दमयन्तीने हमलोगोंसे नहीं की है, अत एव यह असत्य-भाषण नहीं है, आपको व्यर्थ ही ऐसा उपालम्भ देकर हमें वञ्चित करना उचित नहीं है। अथवा—कामशास्त्रज्ञ आप नवोढ़ा एवं बाला दमयन्तीका निर्भर सम्भोग किस प्रकार कर सकते हैं तथा उक्त कारणसे लज्जाशीला यह सखी हमलोगोंसे सद्य सम्भोगकी चर्चा क्यों करें अर्थात् जो बाला निर्भर सम्भोगद्वारा पतिसे पीड़ित होती है, वही उक्त सम्भोगजन्य पीड़ा आदिकी चर्चा सखियोंसे करती है; किन्तु कामशास्त्रके रहस्यवेत्ता आपने नवोढ़ा एवं बाला प्रिय सखी दमयन्तीको निर्भर सम्भोग करके पीड़ित नहीं किया और उसने भी इसीसे हमलोगोंसे इस विषयमें कुछ भी नहीं कहा, अत एव आपका उक्त उपालम्भ देना उचित नहीं। अथवा—कामशास्त्ररहस्यवेदी आपने नवोढ़ा एवं बाला दमयन्तीके साथ अनुराग एवं सामर्थ्यके अनुसार ही सम्भोग किया और लज्जाशीला इसने हमलोगोंसे कुछ भी नहीं कहा; अत एव तुम दोनों ही हमलोगोंको वञ्चित कर रहे हो। अथवा—शास्त्रज्ञ आप नवोढ़ा तथा बाला दमयन्तीका सम्भोग किस प्रकार किया ? उसे स्मरण कीजिये और यह हमलोगोंसे किस प्रकार कहती अर्थात् इसने हमलोगोंसे कुछ भी नहीं कहा—विपरीत लक्षणासे आपने इसके साथ सम्भोग किया और इसने हमलोगोंसे सब रहस्य कह दिया; अतः आप हमें क्यों वञ्चित कर रहे हैं ?] ॥ ३९ ॥

नासत्यवदनं देव ! त्वा गायन्ति जगन्ति यम् ।
प्रिया तस्य सरूपा स्यादन्यथालपना न ते ॥ ४० ॥

अत्रैव यत् विशेषितवान् 'अलीकवाक्' इति तत्रोत्तरमाह—नासत्येति। देव ! हे महाराज ! जगन्ति लोकाः, यं त्वां भवन्तम्, न असत्यं मिथ्या, वदनं भाषणं यस्य तं तादृशं सत्यवादिनमित्यर्थः। गायन्ति कीर्त्तयन्ति, तस्य तादृशसत्यवादिनः, ते तव, प्रिया स्निग्धा कान्ता, सरूपा समानरूपा, तवानुरूपसत्यवादिन्येवेत्यर्थः। स्यात् भवेत्, अन्यथा तद्विपरीतम् असत्यभूतम्, लपनं भाषणं यस्याः सा तादृशी, न नैव, स्यादिति पूर्वेणान्वयः। पक्षान्तरे—यं त्वाम् असत्यवदनं मिथ्याभाषणशीलम् न गायन्ति ? इति काकुः, अपि तु गायन्त्येवेत्यर्थः, तस्य तादृशमिथ्यावादित्वेन गीतस्य, ते प्रिया सरूपा समानरूपा, तवानुरूपेत्यर्थः। स्यात्, अतः अन्यथालपना मिथ्या-

---

1. तच्च स्मरशास्त्रमित्थंरूपम्—
'बालां बलान्न भुञ्जीत विरागोत्पत्तिशङ्कया।
भुञ्जीत चेत्त्रपाभीतिस्याजनक्रमसङ्गताम् ॥' इत्यादि बोध्यम्।

भाषिणो, न स्यात् ? इति काकुः, अपि तु अन्यथालपनैव स्यादित्यर्थः। एवञ्च भवान् इमां सम्भुज्यापि यथा न भुक्तवान् इति मिथ्या भाषते, तथा इयमपि आत्मसमर्पणमकृत्वाऽपि कृतवती इत्यभाषत, अतः उभयोरेव तुल्यमृषावादित्वात् नायं ते अभियोग उचित इति भावः। पक्षे—यं त्वां नासत्ययोः अश्विनीकुमारयोः इव वदनम् आस्यं यस्य तं तादृशम् अश्विनीकुमारतुल्यसुन्दरवदनम् , गायन्ति तस्य तादृशसुन्दरमुखस्य, ते तव, सरूपा समानरूपा, अनुरूपसुन्दरमुखी एवेत्यर्थः। प्रिया कान्ता, स्यात् , अन्यथा तद्विपरीतम् , कुत्सितमित्यर्थः। लपनं वदनं यस्याः सा तादृशी। 'वक्त्रास्ये वदनं तुण्डमाननं लपनं मुखम्' इत्यमरः। न, स्यादिति अन्वयः; योग्यं योग्येन युज्यते इति भावः ॥ ४० ॥

(अत्र नलोक्त 'आलीरियमलीकवाक्······(२०१२८ का उत्तरार्द्ध)' तथा 'आहस्म··· (२०१२९)' का उत्तर कला दे रही है—(संसार अर्थात् तीनों लोक तुमको असत्यवक्ता नहीं कहते हैं (किन्तु सत्यवक्ता ही कहते हैं । अथवा—सत्यवक्ता कहते हैं); वैसे (सत्यवक्ता) तुम्हारी प्रिया अन्यथा (असत्य) कहनेवाली योग्य नहीं है। [किन्तु सत्य कहनेवाले आपकी प्रियाको भी सत्य कहनेवाली ही होना चाहिये; अत एव आपकी प्रिया यह दमयन्ती भी हमलोगोंसे सत्य ही कहती है। अथवा—संसार आपको असत्यवक्ता नहीं कहता है ? अर्थात् कहता ही है, (अत एव ऐसे असत्यवक्ता) आपकी प्रिया अन्यथा (असत्यभाषिणी) नहीं होवे ? अर्थात् असत्यवक्ता तुम्हारी प्रियाको भी असत्यवक्त्री ही होना चाहिये, अतः सम्भोग करके भी 'मैंने सम्भोग नहीं किया' कहते हुए तुम जिस प्रकार असत्य भाषण करते हो, उसी प्रकार तुम्हारे लिए सर्वाङ्गका समर्पण नहीं करके भी दमयन्ती अपने समस्त अङ्गोंका समर्पण कहना जो कहती है, वह 'योग्यं योग्येन युज्यते' न्यायसे उचित ही है। अथवा—संसार तुमको नासत्य (अश्विनीकुमार) के समान (सुन्दर) मुखवाला कहते हैं, ऐसे तुम्हारी प्रियाको भी अन्यथा (कुरूप मुखवाली) नहीं होना चाहिये अर्थात् जैसा तुम्हारा मुख अश्विनीकुमारके समान सुन्दर है, वैसा ही दमयन्तीका मुख भी परम सुन्दर है] ॥ ४० ॥

मनोभूरस्ति चित्तेऽस्याः किन्तु देव ! त्वमेव सः ।
त्वदवस्थितिभूर्यस्मान्मनः सख्या दिवानिशम् ॥ ४१ ॥

यदुक्तम् 'आह स्म' इत्यादिश्लोके तस्योत्तरं श्लोकत्रयेणाह—मनोभूरित्यादि। देव ! हे राजन् ! 'राजा भट्टारको देवः' इत्यमरः। अस्याः दमयन्त्याः, चित्ते हृदये, मनोभूः चित्तजन्मा, अस्ति विद्यते इति सत्यम्, किन्तु सः मनोभूः, त्वमेव भवानेव। कुतः ? यस्मात् यतः, सख्याः वयस्याया भैम्याः, मनः चित्तम् , दिवानिशं रात्रिन्दिनम्, सदैवेत्यर्थः। त्वदवस्थितिभूः तवैवावस्थानस्य स्थानम्। मनो भूः आश्रयः यस्येति व्युत्पत्त्या त्वमेव मनोभूः, मनसि भवतीति व्युत्पत्तौ त्वदभिलाषिण्या अस्याः कामस्य त्वत्परत्वादुभयथाऽपि न पुरुषान्तरसेवाशङ्कालव इति भावः। अत्र नलेन

कामार्थं प्रयुक्तस्य मनसो भूः उत्पत्तिर्यस्य इति व्युत्पत्तिलभ्यस्य मनोभूपदस्य कलया मन एव भूः वसतिस्थानं यस्येति व्युत्पत्त्या नलार्थे प्रयुज्यमानत्वात् श्लेषवक्रोक्तिरलङ्कारः ॥ ४१ ॥

(अब नलोक्त 'आह स्म……' (२०।२९) का उत्तर तीन श्लोकों (२०।४१-४६) से कला दे रही—) इस (दमयन्ती) के चित्तमें मनोभू (काम) है, किन्तु हे देव (हे सरकार) ! वह आप ही है, क्योंकि सखी (दमयन्ती) मन रात-दिन तुम्हारी अवस्थिति (निवास) की भूमि है । [नलने पहले (२०।२९) 'मनोभू' शब्दका 'मनसि भवति' ऐसा विग्रह करके दमयन्तीके चित्तमें कामका निवासस्थान कहकर उसे परपुरुषसंसर्गयुक्त कहा था, और 'कला' नामकी सखीने उसी 'मनोभू' शब्दका 'मनः भूः यस्य' (मन है भूमि = निवास स्थान जिसकी) ऐसा विग्रह करके नलको ही दमयन्तीके मनमें निवास करनेवाला कहकर दमयन्तीके वचनको सत्य बतलाया है] ॥ ४१ ॥

सतस्तेऽथ सखीचित्ते प्रतिच्छायाऽस्ति मन्मथः ।
त्वयाऽस्य समरूपत्वमतनोरन्यथा कथम् ? ॥ ४२ ॥

सत इति । अथ इति पक्षान्तरे, अथवेत्यर्थः । सः भवदुक्तमनोभूपदवाच्यः, मन्मथः कामः, सखीचित्ते दमयन्तीहृदये, सतः वर्तमानस्य, ते तवैव, प्रतिच्छाया प्रतिबिम्बम् , अन्यथा इत्थं न चेत्, अतनोः अनङ्गस्य, अस्य मन्मथस्य, त्वया भवता, समरूपत्वं तुल्याकारत्वम् , कथं ? केन प्रकारेण ? भवितुमर्हतीति शेषः । अतनोः रूपासम्भवात् तत् न कथमपि सम्भवतीत्यर्थः । धर्म्यभावे धर्मानवकाशात् स्वच्छदर्पणे प्रतिबिम्बितमुखस्य मुखव्यतिरेकेण यथा स्थितिर्नास्ति, तथा अतिस्वच्छे नः सख्याः मनसि त्वद्व्यतिरेकेण त्वत्प्रतिबिम्बभूतस्य कामस्य पृथक् स्थितिरेव नास्ति अतनुत्वात् तस्य, अतो न पुरुषान्तरसेवावसरोऽस्याः इति भावः ॥ ४२ ॥

अथवा वह कामदेव सखी (दमयन्ती) के चित्तमें स्थित तुम्हारा प्रतिबिम्ब है, अन्यथा शरीरहीन (कामदेव) की तुम्हारे साथ समरूपता किस प्रकार होती ? [जो वस्तु शरीरवान् है, किसी शरीरवान्के साथमें उसीकी समानता की जा सकती है, शरीरीके साथ अशरीरीकी समानता कथमपि नहीं हो सकती; अतः दमयन्तीके हृदयमें नित्य निवास करनेवाले आपका प्रतिबिम्ब ही आपको कामरूपसे प्रतिभासित हो रहा है, वास्तविकमें तो वह काम कोई अन्य व्यक्ति नहीं, किन्तु आपका प्रतिबिम्बमात्र ही है । स्वच्छतम दर्पण आदिमें ही कोई वस्तु प्रतिबिम्बित होती है, अतः दमयन्तीके हृदयमें नित्य निवास करनेवाले आपका प्रतिबिम्ब कामरूपमें दृष्टिगोचर होता है, अत एव दमयन्तीका हृदय अत्यन्त स्वच्छ है, इस कारण आपको उसके हृदयको पुरुषान्तरयुक्त होनेसे दूषित बतलाना सर्वथा अनुचित है]॥ ४२ ॥

कः स्मरः कस्त्वमत्रेति सन्देहे शोभयोभयोः ।
त्वय्येवार्थितया सेयं धत्ते चित्तेऽथवा युवाम् ॥ ४३ ॥

क इति । अथवा पक्षान्तरे, हे देव ! उभयोः तव कामस्य च द्वयोः, शोभया समानसौन्दर्येण हेतुना, अत्र अनयोः युवयोः मध्ये, स्मरः कामः, कः ? त्वं भवान् वा, कः? इति एवं, सन्देहे संशये सति, सेयं असौ, त्वय्येव भवत्येव, अर्थितया प्रार्थितया, त्वामेव लब्धुमिच्छुतया इत्यर्थः। चित्ते मनसि, युवां त्वां कामञ्च द्वावेव। 'त्यदादीनां मिथः सहोक्तौ यत् परं तत् शिष्यते' इति वचनात् त्यदाद्येकशेषः । धत्ते धारयति, त्वन्मन्मथयोः कतरः त्वम् इति सन्देहे कामस्य परित्यागे तवापि परित्यागाशङ्कया त्वं परित्यक्तः मा स्याः इति त्वदर्थित्वेन अनया उभौ एव चित्ते धार्येते, रत्नयोः कृत्रिमाकृत्रिमयोः सन्देहे उभयोरेव धारणवत्, अन्यथा अन्यतरत्यागे मुख्यस्यैवाकृत्रिमस्य त्यागभयादिति त्वदर्थमेव कामं धारयति, न तु कामार्थं त्वामिति भावः ॥ ४३ ॥

अथवा—दोनों (तुम्हारी तथा कामदेव) की शोभाओंके विषयमें (समान होनेसे) कामदेव कौन है ? और तुम (नल) कौन हो ? इस सन्देहके होनेपर यह दमयन्ती तुम्हारे विषयमें ही चाहना होनेसे तुम दोनों (तुम्हें तथा कामदेव) को चित्तमें धारण करती है। [लोक में भी मणि आदि किसी दो वस्तु के समानरूप होनेसे (कौन असली है ? और कौन नकली ? ऐसा) सन्देह होनेपर कोई व्यक्ति निर्णय होनेतक दोनोंको इस भयसे ग्रहण किये रहता है कि किसी एक के त्याग देनेपर कदाचित् मैं मुख्य (असली) का ही न त्याग कर दूं, न कि दोनोंको या नकलीको ग्रहण करनेकी इच्छासे; उसी प्रकार सखीको तुम दोनोंकी समान कान्ति होनेसे 'कौन प्रिय नल है ? तथा कौन कामदेव है ?' ऐसा सन्देह हुआ और वह तुम्हें ही ग्रहण करना तथा कामदेवका त्याग करना चाहती थी, अत एव 'इन दोनोंमेंसे किसी एकके छोड़नेपर कहीं मैं प्रिय नलको ही नहीं छोड़ दूं' इस भयसे निर्णय होनेतक तुम दोनोंको ही हृदयमें धारण करती है अर्थात् तुम्हारे लिए ही कामदेवको धारण करती है, कामदेवके लिए तुम्हें धारण नहीं करती] ॥ ४३ ॥

त्वयि न्यस्तस्य चित्तस्य दुराकर्षत्वदर्शनात् ।
शङ्कया पङ्कजाक्षी त्वां दृगंशेन स्पृशत्यसौ ॥ ४४ ॥

यदुक्तं 'पूर्णया' इत्यादि श्लोकेन तत्रोत्तरमाह—त्वयीति । पङ्कजाक्षी कमलनयना, अत एव अक्षिद्वये अस्या महत्त्वेन ममत्वबुद्धिरिति भावः । असौ दमयन्ती, त्वयि भवति, न्यस्तस्य समर्पितस्य, चित्तस्य मनसः, दुराकर्षत्वदर्शनात् दुःखेनापि पुनः प्रत्यानेतुम् अशक्यत्वज्ञानात्, शङ्कया भयेन, त्वां भवन्तम्, दृगंशेन दृशः एकमात्रस्य चक्षुषः, अंशेन अवयवेन, किञ्चिन्मात्रभागेनेत्यर्थः । अपाङ्गेनेति यावत् ।

---

१. 'त्वय्यैवा-' इति पाठान्तरम् ।

स्पृशति स्पर्शविषयीकरोति, अवलोकयतीत्यर्थः। यदि पूर्णाभ्यां लोचनाभ्यां पश्येत् सदा पङ्कजवत् सुन्दरं नयनद्वयमपि चित्तवत् अपरावर्त्तनीयतया त्वयि लग्नं भवेदिति संशयेन आकर्णविश्रान्तस्य विशालस्य नेत्रस्य किञ्चिन्मात्रांशस्य त्वत्तः प्रत्याहरणासमर्थेऽपि 'सर्वनाशे समुत्पन्ने अर्द्धं त्यजति पण्डितः' इति शास्त्रात् न विशेषक्षतिरिति विविच्य त्वां पूर्णाभ्यां लोचनाभ्यामपश्यन्ती सा दृगंशमात्रेण पश्यति, अतो नोपालम्भावकाशः इति भावः॥ ४४॥

(अब नलोक्त 'पूर्णया······' (२०।३१) आक्षेपका 'कला' उत्तर दे रही है—) कमललोचना (अत एव नेत्रमें विशेषतः ममत्वबुद्धिवाली) यह (दमयन्ती) तुम्हारेमें समर्पित चित्तका पुनः प्रत्यावर्तन करना अशक्य होनेके कारण ('यदि मैं पूर्ण नेत्रोंसे इन्हें देखूंगी अर्थात् इनके लिए नेत्रोंको पूर्णतया समर्पित कर दूंगी तो सम्भव है कि ये नेत्र भी उसी प्रकार पुनः नहीं लौटेंगे, जिस प्रकार इनमें समर्पित चित्त नहीं लौट रहा है' इस) भयसे तुमको नेत्रप्रान्त (कटाक्ष) से ही देखती है। ['पङ्कजाक्षी' कहनेसे दमयन्तीके नेत्रोंका अतिशय सौन्दर्यवान् होना तथा सौन्दर्यवान् पदार्थको किसीके लिए समर्पण करनेपर पुनः वापस आनेमें कठिनाई होनेके कारण उसे (नेत्रोंको) तुम्हारे लिये समर्पित नहीं करना अर्थात् पूर्ण नेत्रोंसे नहीं देखना सूचित होता है]॥ ४४॥

विलोकनात् प्रभृत्यस्या लग्न एवासि चक्षुषोः।
स्वेनालोकय शङ्का चेत् प्रत्ययः परवाचि कः?॥ ४५॥

यदुक्तं 'नालोकते' इत्यादि श्लोकेन तत्रोत्तरमाह—विलोकनादिति। विलोकनात् प्रभृति दूत्यकाले प्रथमदर्शनात् आरभ्यैव, 'अपादाने पञ्चमी' इति सूत्रे 'कार्त्तिक्याः प्रभृति इति भाष्यकारप्रयोगात् प्रभृतियोगे पञ्चमी' इति कैयटः। अस्याः दमयन्त्याः, चक्षुषोः लोचनयोः, लग्नः संसक्तः एव, असि वर्त्तसे, त्वमिति शेषः। शङ्का चेत् मदुक्तौ अविश्वासः यदि, तदा स्वेन आत्मना, स्वयमेवेत्यर्थः, आलोकय पश्य, त्वमस्याः चक्षुषोः लग्नो न वा इति परीक्षय इत्यर्थः। परवाचि अन्येषामुक्तौ, कः प्रत्ययः? का श्रद्धा? नैव श्रद्धा कर्त्तव्या इत्यर्थः। पुरःस्थस्य वस्तुनः प्रतिबिम्बः अक्षिकनीनिकायां साक्षात् अवलोक्यते, एवञ्च नलश्चेत् तथा द्रष्टुं प्रवर्त्तेत तदा स्वप्रतिबिम्बं तत्र प्रतिफलितं दृष्ट्वा स्वलग्नत्वं साक्षादेव पश्येत् इत्यत एव छलात् स्वेनालोकय इत्युक्तमिति मन्तव्यम्॥ ४५॥

(दूतकर्म करते हुए) देखनेसे लेकर (आजतक) तुम इस (दमयन्ती) के नेत्रोंमें लगे ही हुए हो अर्थात् तबसे लेकर दमयन्ती सदा तुम्हें ही देखती है, यदि (मेरे कथनमें) शङ्का है तो (दमयन्तीके नेत्रमें) स्वयं देख लो (मैं दमयन्तीके नेत्रमें हूं या नहीं?, क्योंकि) दूसरेके कहनेमें कौन विश्वास है? [प्रत्यक्ष दृश्य वस्तुमें दूसरेके कहनेसे विश्वास करनेकी आवश्यकता नहीं होती, अत एव तुम स्वयमेव देख लो कि इसके नेत्रमें बसते हो या नहीं। यहांपर 'कला' ने इस अभिप्रायसे नलके प्रति ऐसा वचन कहा है कि 'यदि

ये दमयन्तीके नेत्रोंको देखेंगे तो इनका प्रतिबिम्ब दमयन्तीके नेत्रोंकी कनीनिकाओं (पुतलियों) में अवश्य पड़ेगा और उसे देखकर इन्हें विश्वास हो जायेगा कि सचमुच दमयन्ती मुझे अपने नेत्रोंमें रखती है। अथवा—जो तुमने कहा है कि दमयन्ती तुमलोगोंको पूर्ण नेत्रोंसे सर्वदा तथा मुझे एक नेत्रप्रान्तके स्वल्पतम भागके द्राक् (क्षणमात्र) देखती है' यह तुमने सत्य ही कहा है, क्योंकि तुम्हे दूतकर्म करते हुए दमयन्तीने देखा था, तबसे ही तुम उसके नेत्रमें ही रहते हो तथा नेत्रमें स्थित कज्जलादिका पूर्ण नेत्रोंसे स्वयं देखना जिस प्रकार अशक्य है, उसी प्रकार स्वनेत्रस्थ तुमको पूर्णनेत्रसे देखना दमयन्तीके लिए अशक्य है, तथा स्वनेत्रस्थ वस्तुको कोई स्वयं ही देख सकता है या नहीं, इस विषयमें तुम्हें शङ्का है तो अपने नेत्रगत गोलकादिको तुम स्वयं देख लो तो ज्ञात हो जायेगा कि दूसरेके कहनेमें क्या विश्वास है ?]॥ ४५ ॥

परीरम्भेऽनयाऽऽरभ्य कुचकुङ्कुमसङ्क्रमम् ।
त्वयि मे हृदयस्यैवं राग इत्युदितैव वाक् ॥ ४६ ॥

अथ यदुक्तं 'रागं दर्शयते' इत्यादिश्लोके तत्रोत्तरमाह—परीरम्भे इति। हे महाराज ! अनया सख्या, परीरम्भे गाढालिङ्गनसमये, कुचकुङ्कुमस्य निजस्तनद्वयलिप्तस्य काश्मीरजस्य, सङ्क्रमं सङ्क्रान्तिम , मुद्रणमित्यर्थः। आरभ्य उपक्रम्य, स्वकुचकुङ्कुमरागं तव हृदये संसञ्जनात् प्रभृतीत्यर्थः। त्वयि भवति नले विषये, मे मम, हृदयस्य अन्तःकरणस्य, रागः अनुरक्तिः, रक्तिमा च, एवम् इत्थम् , हृदयसङ्क्रामितकुचकुङ्कुमवदेवेत्यर्थः। इति इयम् , वाक् वचः, उदितैव उक्तैव, उक्तिवदेव व्यक्तं सूचितमित्यर्थः। अतः सखीषु अनुरक्ता न मयीति नोपालभ्येयमिति भावः॥

(अब नलोक्त 'रागं दर्शयते……' (२०।३३) आक्षेपका 'कला' उत्तर देती है—) आलिङ्गनमें (तुम्हारे हृदयमें मेरे) स्तनोंके कुङ्कुमके लगनेसे लेकर 'तुम्हारे (नल) में मेरे हृदयका ऐसा अनुराग (पक्षा०—लालिमा) है' यह वचन कथित ही है। [इसी अभिप्रायसे दमयन्ती तुम्हारे प्रति सच्चा अनुराग विना वचनोंको कहे ही व्यक्त करनेसे वचन द्वारा उसे व्यक्त नहीं करती, क्योंकि किसी प्रकार कहे गये वचनका पुनः शब्दान्तरसे कहना कोई बुद्धिमत्ता नहीं है। पाठा०—…तुम्हारेमें ही मेरे हृदयका राग (अनुराग, पक्षा०—रक्तिमा) है…। अथवा—…तुम्हारेमें मेरे हृदयका अर्थात् हार्दिक ही राग है, शाब्दिक नहीं (अत एव शाब्दिककी अपेक्षा हार्दिक कार्यका अधिक महत्त्व होनेसे आपको उपालम्भ देना उचित नहीं है। द्वितीय पाठा०—…मानो यह बात तो कही गयी-सी है) अत एव पुनः कथन अनुचित समझकर यह दमयन्ती मुखसे कुछ नहीं बोलती]॥ ४६ ॥

मनसाऽयं भवन्नामकामसूक्तजपव्रती ।
अक्षसूत्रं सखीकण्ठश्चुम्बत्येकावलिच्छलात् ॥ ४७ ॥

---

१. 'हृदयस्यैव' इति पाठान्तरम्। २. 'इत्युदितेव' इति पाठान्तरम्।

'कां नामन्त्रयते' इति श्लोके यदुक्तं तस्योत्तरमाह—मनसेति । अयम् इति हस्तेन पुरोवर्त्तिनिर्देशः, सखीकण्ठः भैमीगलनालः, मनसा अन्तःकरणेन, भवतो नलस्य, नामैव संज्ञा एव, कामसूक्तं कामाविर्भावनाय कामदेवप्रकाशकप्रधानमन्त्रः, तस्य जपः पुनः पुनरुच्चारणमेव, व्रतं नियमः अस्य अस्तीति तद्व्रती सन्, 'साहस्रो मानसो जपः' इति स्मृतेः सर्वजपानां मानसिकजपस्य सहस्रगुणत्वात्, नारीणां भर्त्तृनामग्रहणनिषेधात् वा मनसा इत्युक्तम्, न तु जिह्वया इति भावः। एकावलिच्छलात् एकयष्टिकमुक्ताहारधारणव्याजात्, अक्षसूत्रं जपसङ्ख्यानार्थम् अक्षमालाम्, चुम्बति स्पृशति, धारयतीत्यर्थः। सखीनामग्रहणस्य कदाचित्कत्वात् त्वन्नामग्रहणस्य च नैरन्तर्य्यात् जिह्वया त्वन्नामस्पर्शाभावेऽपि नायमुपालम्भो युज्यते इति भावः॥४७॥

मनसे आपके नामरूप कामसूक्त (तुम्हारे नामोच्चारणमात्रसे कामोद्दीपन होनेके कारण कामोद्दीपक मन्त्र-विशेष) के जपका व्रती अर्थात् सर्वदा जपनेवाला यह (पुरोदृश्यमान) सखीका कण्ठ एकावली (एक लड़ीवाले मुक्ताहार) के बहानेसे अक्षमालाको धारण कर रहा है। [शास्त्रमें शाब्दिक जपकी अपेक्षा मानसिक जपका सहस्रगुणित फल होनेसे तथा पतिके नामका उच्चारण करनेका निषेध होनेसे दमयन्तीका कण्ठ मनसे (जिह्वासे नहीं) ही आपके नामका सदा जप करता है, अत एव मानो कण्ठने एक लड़ीवाले हाररूप मालाको ग्रहण किया है। इस प्रकार यह दमयन्ती आपके नामका तो सर्वदा मनसे ही जप करती रहती है और हमलोगोंका नाम तो मनसे नहीं—बाह्य जीभसे ही कभी कभी उच्चारण कर देती है, अत एव आपका उक्त उपालम्भ उचित नहीं है]॥ ४७॥

अध्यासिते वयस्याया भवता महता हृदि ।
स्तनावन्तरसम्मान्तौ निष्क्रान्तौ ब्रूमहे बहिः ॥ ४८ ॥

'अस्याः पीनस्तन' इत्यादिश्लोकोक्तं वैपरीत्यापादनेन परिहरति-अध्यासिते इति। हे महाराज ! वयस्यायाः सख्याः, हृदि वक्षसि, वक्षोऽभ्यन्तरे इत्यर्थः। महता गौरववता बृहदाकारेण च, भवता त्वया, अध्यासिते अधिष्ठिते सति, समग्रतया आक्रम्य अवस्थिते सतीत्यर्थः। स्तनौ सख्याः कुचद्वयी, अन्तरसम्मान्तौ अभ्यन्तरे अवस्थातुं स्थानमप्राप्नुवन्तौ सन्तौ, बहिः हृदयस्य उपरिदेशे, निष्क्रान्तौ निर्गतौ, इति ब्रूमहे कथयामः, सम्भावयामः इति यावत्। भवदध्यासात् प्राक् अनिर्गमात् अध्यासादनन्तरञ्च निष्क्रमादिति भावः। अतोऽस्याः हृदयैकशरणः महाराजः एव इति निष्कर्षः॥ ४८॥

'महान् (गौरवयुक्त, पक्षा०—विशालाकार) आपके द्वारा इस (दमयन्ती) के हृदयमें अधिष्ठित होनेपर भीतरमें नहीं समाते (स्थान पाते) हुए दोनों स्तन बाहर निकल आये हैं' ऐसा हम कहती हैं। [पहले दमयन्तीके स्तन बाहर नहीं निकलते थे, किन्तु जबसे आपने इसके हृदयमें निवास किया तबसे उसमें रहनेका स्थान नहीं पा सकनेके कारण ही ये स्तन बाहर निकल आये हैं, ऐसा हम समझती हैं। लोकमें भी किसी बड़े व्यक्तिके द्वारा

किसी स्थानपर अधिकार कर लेनेपर निर्बल व्यक्ति वहाँ स्थान नहीं पानेसे वहांसे बाहर निकल जाता है। इस दमयन्तीके एकमात्र आप ही हृदयमें निवास करते हैं, स्वाङ्गभूत स्तनोंको भी वहाँ ठहरनेका अवकाश नहीं है] ॥ ४८ ॥

कुचौ दोषोज्झितावस्याः पीडितौ व्रणितौ त्वया ।
कथं दर्शयतामास्यं बृहन्तावावृतौ ह्रिया ? ॥ ४९ ॥

'अधिगत्य' इत्यादि श्लोकोक्तकुचवैमुख्योपालम्भस्योत्तरमाह—कुचाविति । बृहन्तौ महान्तौ अतिपीनौ इत्यर्थः, महाशयौ च, तथा दोषोज्झितौ दोषेण शिथिलत्वादिना, उज्झितौ वर्जितौ, कठिनौ इत्यर्थः । अथ च दोषा रात्रौ, उज्झितौ वस्त्रमुक्तौ, निरावरणौ इत्यर्थः । अस्याः सख्याः, कुचौ स्तनद्वयम्, त्वया भवता, पीडितौ पाणिभ्यां मर्दितौ, अहेतुक दत्तक्लेशौ च, तथा व्रणितौ नखैः क्षतविक्षतीकृतौ, शस्त्राघातेन व्रणवन्तौ कृतौ इति च । व्रणवच्छब्दात् 'तत्करोति—' इति ण्यन्तात् कर्मणि क्तः, णाविष्ठवद्भावात् 'विन्मतोर्लुक्' इति मतुपो लोपः । अतः ह्रिया लज्जया हेतुना, इवेति शेषः । आवृतौ आच्छन्नौ, वस्त्रेणेति शेषः । कथं केन प्रकारेण, आस्यं मुखम्, चुचुकमिति यावत्, आननञ्च । दर्शयताम् ? प्रकाशयताम् ? न कथमपीत्यर्थः । महान्तो जनाः परेण अहेतुकं दूषिता अपि लज्जया न मुखं प्रदर्शयन्तीति भावः । अत्र भवान् स्वयमेव कृतापराधः इति निष्कर्षः । दर्शेर्ण्यन्तात् लोटि तामादेशः ॥ ४९ ॥

(अब नलोक्त 'अधिगत्य ·····' (२०।२६) आक्षेपका 'कला' उत्तर दे रही है—) दोषरहित (पक्षा०—रात्रिमें वस्त्रावरणरहित), बड़े आकारवाले (पक्षा०—प्रतिष्ठादिसम्पन्न होनेसे बड़े) तुमसे (रात्रिमें रतिकालमें) हाथसे मर्दित (पक्षा०—पीडित) तथा (नखक्षत, पक्षा०—शस्त्रादि) से व्रणयुक्त किये गये इस (दमयन्ती) के दोनों स्तन (दिनमें) लज्जासे (युक्त होनेके कारण वस्त्रसे) ढके (पक्षा०—मुख अपनेको छिपाये) हुए इस (दमयन्ती) के स्तनमुख (चूचुक, पक्षा०—मुँह) को कैसे दिखलावें ? [जिस प्रकार प्रतिष्ठित एवं अपराधरहित कोई बड़ा आदमी किसीसे पीडित एवं शस्त्रक्षत होकर लज्जासे अपना मुख छिपा लेता है और किसीको अपना मुख नहीं दिखलाता; उसी प्रकार रात्रिमें वस्त्ररहित, शैथिल्यादिदोष-रहित अर्थात् कठिन दमयन्तीके बड़े-बड़े स्तनोंको आपने हाथसे मर्दित एवं नखसे विक्षत कर दिया, मानो इसी कारण वे दिनमें लज्जावश वस्त्रसे आच्छादित हो अपना मुख नहीं दिखला रहे हैं, अतः इनका ऐसा करना उचित ही है। अथ च—आप यदि बाहर स्थित रहते तो ये स्तन अपना मुख आपको दिखलाते अर्थात् इनका अग्रभाग आपके नेत्रोंके सामने होता, किन्तु आप तो दमयन्तीके हृदयमें रहते हैं और ये स्तन ऊपर मुख किये दमयन्तीके हृदय (वक्षः स्थल) से बाहर रहते हैं, अत एव ये अपना मुख आपको कैसे दिखला सकते हैं, क्योंकि दमयन्ती-हृदयस्थ आपका स्तनाग्रके

सामने होना सर्वथा असम्भव है, अत एव स्तनोंके विषयमें भी आपका उपालम्भ देना उचित नहीं है] ॥ ४९ ॥

इत्यसौ कलया सूक्तैः सिक्तः पीयूषवर्षिभिः ।
ईदृगेवेति पप्रच्छ प्रियामुन्नमिताननाम् ॥ ५० ॥

इतीति । इति इत्थम् , कलया प्रियायाः सख्या, पीयूषवर्षिभिः अमृतस्यन्दिभिः, सूक्तैः प्रियवचनैः, सिक्तः आर्द्रीकृतः, सन्तोषित इत्यर्थः । असौ राजा, उन्नमितं स्वपाणिना उन्नतं कृतम् , आननं मुखं यस्याः तादृशीम् , प्रियां दमयन्तीम् , ईदृक् एव ? कलया यदुक्तं तत् किं सत्यमेव ? इत्यर्थः । इति एवम् , पप्रच्छ जिज्ञासयामास ॥ ५० ॥

'कला' के द्वारा इस प्रकार (२०।३८–४९) अमृतवर्षी मधुर वचनोंसे सिक्त (होनेसे प्रेमरससे परिपूर्ण) ये नल प्रिया (दमयन्ती) के मुखको ऊपर उठाकर '(जैसा 'कला' कहती है) यह ऐसा ही है ?' इस प्रकार पूछा ॥ ५० ॥

बभौ च प्रेयसीवक्त्रं पत्युरुन्नमयन् करः ।
चिरेण लब्धसन्धानमरविन्दमिवेन्दुना ॥ ५१ ॥

बभाविति । प्रेयसीवक्त्रं दमयन्तीमुखम् , उन्नमयन् उत्तोलयन् , पत्युः भर्तुर्नलस्य, करः पाणिः, चिरेण महता कालेन, बहुकालान्तरमित्यर्थः । इन्दुना विधुना, निशाकाले सरसीवक्षःप्रतिबिम्बितेनेति भावः । लब्धं प्राप्तं, सन्धानं सहजवैरनिवृत्तौ संयोगः येन तत् तादृशम् , अरविन्दं पद्मम् इव, बभौ शुशुभे । अभूतोपमेति दण्डी, अत्यन्तमसम्भवसम्बन्धोक्तेरतिशयोक्तिभेदः इत्यपरे ॥ ५१ ॥

अतिशय प्रिया ('दमयन्ती) के मुखको ऊपर उठाता हुआ नलका हाथ बहुत समयके बाद (सहज वैरको छोड़कर) चन्द्रमासे सम्मिलित कमलके समान शोभित हुआ । [इससे नलके हाथका कमलतुल्य तथा दमयन्तीके मुखका चन्द्रतुल्य होना सूचित होता है] ॥ ५१ ॥

ह्रीणा च स्मयमाना च नमयन्ती पुनर्मुखम् ।
दमयन्ती मुदे पत्युरत्युच्चैरभवत्तदा ॥ ५२ ॥

ह्रीणेति । तदा तत्काले, नलकर्तृकदमयन्तीमुखोत्तोलनकाले इत्यर्थः । ह्रीणा लज्जिता च । 'नुदविद—' इत्यादिना विकल्पात् निष्ठानत्वम् । स्मयमाना मन्दं हसन्ती च, दमयन्ती भैमी, पुनः भूयः, मुखं वदनम् , नमयन्ती अवनमनं कुर्वती सती पत्युः नलस्य, अत्युच्चैः उच्चतरायै, मुदे आनन्दाय, अभवत् अजायत ॥ ५२ ॥

उस समय ('कला' की कही हुई बातको लेकर दमयन्तीका मुख उठाकर वैसा प्रश्न करनेपर) लज्जित तथा स्मितयुक्त एवं नलके द्वारा अधिक ऊपर उठाये गये मुखको ('ये मेरा स्मित देख न लें' इस भावनासे) फिर नीचे करती हुई वह दमयन्ती पतिके हर्षके लिए (अथवा—पतिके अधिक हर्षके लिए) हुई अर्थात् वैसा पूछनेपर लज्जित एवं स्मितयुक्त

हो ऊपर उठाये गये मुखको नीचे करती हुई प्रियाको देखकर नल अत्यधिक हर्षित हुए ॥

भूयोऽपि भूपतिस्तस्याः सखीमाह स्म सस्मितम् ।
परिहासविलासाय स्पृहयालुः सहप्रियः ॥ ५३ ॥

भूय इति । प्रियया भैम्या सह वर्त्तते इति सहप्रियः कान्तासंयुक्तः । 'तेन सह–' इत्यादिना बहुव्रीहिः । भूपतिः नलः, परिहासविलासाय नर्मक्रीडार्थम् , दमयन्त्या सहैव नर्मव्यवहारेण चित्तविनोदनायेत्यर्थः । स्पृहयालुः अभिलाषुकः, केलिकामुकः सन् इत्यर्थः । 'स्पृहेरीप्सितः' इति सम्प्रदानत्वाच्चतुर्थी, 'स्पृहिगृहि—' इत्यादिना आलुच् । भूयः पुनरपि, तस्याः प्रियायाः, सखीं कलाम् , सस्मितम् ईषद्धास्यसहितम् , आह स्म उवाच ॥ ५३ ॥

प्रिया (दमयन्ती) सहित नल परिहासक्रीड़ाके लिए इच्छुक होते हुए स्मितपूर्वक प्रियाकी सखी 'कला' से बोले ॥ ५३ ॥

क्षन्तुं मन्तुं दिनस्यास्य वयस्येयं व्यवस्यतात् ।
निशीव निस्धात्वर्थं यदाचरति नात्र नः ॥ ५४ ॥

क्षन्तुमिति । इयम् एषा, वयस्या वः सखी, अस्य वर्त्तमानस्य, दिनस्य दिवसस्य, मन्तुम् अपराधम् , क्षन्तुं सोढुम् , व्यवस्यतात् प्रवर्त्तताम् । तातङादेशः । ननु दिनस्य कः खलुः दोषः ? इत्याह—यत् यस्मात् , निशि इव रात्रौ इव, अत्र दिने, नः अस्माकम् , निसिधात्वर्थं निसिधातोः 'निसि चुम्बने' इति धातोः, अर्थम् अभिधेयम् , चुम्बनमित्यर्थः । न आचरति न व्यवहरति, न करोतीत्यर्थः, लज्जयेति शेषः । तत्र चुम्बनस्य विघ्नतायां दिनस्य स्वप्रकाश एव अपराधः, नान्यत् किञ्चित् निमित्तं पश्यामः इति भावः ॥ ५४ ॥

इस (तुम्हारी) सखी (दमयन्ती) को (वर्तमान) दिनके अपराधको क्षमा करनेके लिए व्यवसाययुक्त (कार्यतत्पर अर्थात् तैयार) करो, क्योंकि इस (दिन) में रात्रिके समान अर्थात् रात्रिमें जैसा किया था वैसा 'निस्' धातुके अर्थ (चुम्बन) को नहीं करती

१. 'व्यवस्यताम्' इति पाठे आत्मनेपदं चिन्त्यम् , इति 'प्रकाशः' । 'इयं वयस्याऽस्य दिनस्य मन्तुं क्षन्तुं त्वया व्यवस्यतां व्यवसायं प्राप्यंताम्'–इति कर्मण्यात्मनेपदमिति केचित् । तदपीत्वप्राप्तौ व्यवसीयतामिति प्राप्तेरुपेक्ष्यम् , इति सुखावबोधा, इति म० म० शिवदत्तशर्माणः । २. 'निशिधात्वर्थम्' इति 'प्रकाश'कृता व्याख्यातस्य पाठस्य तु 'णिशि चुम्बने' निंस्ते । दन्त्यान्तोऽयम् । आभरणकारस्तु तालव्यान्त इति बभ्राम । सिद्धान्तकौमुद्यां भट्टोजिदीक्षितेन स्पष्टमेव दन्त्यान्तस्यैव प्रतिपादनात् 'निसेः प्रतिषेधो वाच्यः । निंस्से । निंस्स्व ।' इति महाभाष्ये भगवत्पतञ्जलिना स्पष्टं दन्त्यान्तस्यैव ध्वनितत्वाच्च दन्त्यान्तस्यैव सम्मतत्वेऽपि 'तालव्यान्तस्याप्यङ्गीकारे न बाधकम् ।' इति 'शब्दरत्न'कृदनुरोधात्कथञ्चिदौचित्यमिति बोध्यम् ।

है। [इस दमयन्तीने रात्रिमें मेरा चुम्बन किया था, किन्तु इस समय दिन होनेके कारण मेरा चुम्बन नहीं कर रही है, अतः चुम्बन नहीं करनेमें यह दिन जो अपराध कर रहा है, उसे क्षमा करनेके लिए तुम्हारी सखी (दमयन्ती) तैयार होवे अर्थात् दिनके अपराधको क्षमा कर दे] ॥ ५४ ॥

दिनेनास्या मुखस्येन्दुः सखा 'यदि तिरस्कृतः।
तत्कृताः शतपत्राणां तन्मित्राणामपि श्रियः ॥ ५५ ॥

अथ दिनं किमस्या अनिष्टकारि ? इत्यपेक्षायामाह—दिनेनेति। दिनेन अह्ना, अस्याः वः सख्याः, मुखस्य वदनस्य, सखा मित्रम्, सदृशत्वादिति भावः। इन्दुः चन्द्रः, यदि यद्यपि, तिरस्कृतः अवज्ञातः, सूर्योदयेन निष्प्रभीकरणात् तुच्छीकृतः इत्यर्थः। इति हेतोः दिनम् अपराधि इति उच्यते यदि इति भावः। तर्हि तस्य मुखस्य, मित्राणां सखीनाम्, सदृशानामित्यर्थः। शतपत्राणां बहूनां पद्मानाम्, श्रियः अपि शोभाः अपि, विकाशनेनेति भावः। तत्कृताः तेन दिनेन सम्पादिताः दिनेन एतन्मुखस्य एकस्य सख्युरिन्दोरपकारे कृतेऽपि अनेकेषां मित्राणां कमलाना-मुपकारोऽपि कृतः। राज्या तु केवलं चन्द्र एव उपकृतः, तत् बहूपकारिणः एकोऽप-राधो न गणनीयः, अतः दिनेऽपि चुम्बनमुचितमिति भावः ॥ ५५ ॥

यदि दिनने इस (दमयन्ती) के मुखके मित्र (समानाह्लादक होनेसे सुहृद्) चन्द्रमाको तिरस्कृत (पक्षा०—निष्प्रभ) किया है तो (दमयन्तीके मुखके समान होनेके कारण) उस (मुख) के मित्र कमलोंकी शोभा (पक्षा०—सम्पत्ति) को भी उसी (दिन ही) ने किया है। [अत एव मुखके एक मित्र चन्द्रमाका अहित करनेपर भी उसी मुखके अनेक मित्र कमलोंका हितकरनेके कारण दिनका कोई अपराध नहीं है, अत एव दिनमें भी आप चाहें तो सखी चुम्बन कर सकती है अथवा—......'तत्कृताः' पाठा०—उस (दिन) के मित्र कमलोंको या—मित्रोंके सैकड़ोंके वाहनोंकी शोभा (पक्षा०—सम्पत्ति) का उच्छेद भी तो चन्द्रमाने किया है (अत एव दिनका किया हुआ अपराध छोटा तथा उसके प्रतिकारमें चन्द्रमाका किया हुआ अपराध बड़ा है, अतः दिनका अपराध नगण्य है। अथवा—......उस (मुख) के मित्र कमलोंकी शोभा उस (दिन) के द्वारा ही नष्ट हुई है (क्या) ? अर्थात् नहीं, कमलोंकी शोभाको तो चन्द्रने प्रतिकारस्वरूप नष्ट किया है, अत एव दिनका अपराध नगण्य है। अथवा—......उस (दिन) के मित्र कमलोंकी शोभाको भी तो (मुखापेक्षा हीनकान्ति होनेसे) उस (दमयन्तीके मुख) ने ही नष्ट किया है, (अत एव दमयन्तीके मुख) ने दिनके द्वारा किये गये अपने मित्र चन्द्रमाके श्रीनाशका प्रतिकार उस दिनके बहुतसे मित्रोंका श्रीनाश करके कर दिया है, इस कारणसे अब दिनका उक्तापराध नगण्य है] ॥ ५५ ॥

लज्जितानि जितान्येव मयि क्रीडितयाऽनया।
प्रत्यावृत्तानि तत्तानि पृच्छ सम्प्रति कं प्रति ? ॥ ५६ ॥

लज्जावशात् दिने नासौ चुम्बतीति चेत्तद्युक्तमित्याह—लज्जितानीति । क्रीडितया रात्रौ स्वयमेव कृतसुरतक्रीडया, कर्त्तरि क्तः । अनया वः सख्या, मयि मम विषये मत्समीपे इति वा, यद्वा—मयि मम वक्षसि उत्थायेत्यर्थः । क्रीडितया कृतविपरीतविहारया इत्यर्थः । अनया लज्जितानि व्रीडितानि, भावे क्तः । जितान्येव निरस्तान्येव, दूरीकृतान्येवेत्यर्थः । सम्प्रति इदानीं पुनः, कं प्रति कम् उद्दिश्य, तानि लज्जितानि, प्रत्यावृत्तानि प्रत्यागतानि, तत् प्रत्यावृत्तेः निमित्तमित्यर्थः । पृच्छ जिज्ञासय । मयि प्रागेव लज्जात्यागात नाहमस्याः लज्जायाः निमित्तम्, भवतीनां समीपे लज्जायाः जातत्वात् भवत्य एव अस्याः लज्जाकारणमिति तर्कयामीति भावः ॥ ५६ ॥

(सुरतकालमें अनेकविध) क्रीड़ा की हुई इस (दमयन्ती) ने मेरे विषयमें लज्जाको जीत ही लिया (छोड़ ही दिया) है, फिर वह लज्जा किसके प्रति लौट आयी (किसके साथ यह लज्जा करती है) ? यह पूछो । [मेरे साथ रात्रिमें अनेक क्रीड़ाओंको इसने सङ्कोच-रहित होकर किया, इससे स्पष्ट है कि इसने मुझसे लज्जा करना छोड़ दिया है, किन्तु इस समय तुमलोगोंके सामने पुनः लज्जा कर रही है, अतः ज्ञात होता है कि तुम्हीं लोगोंसे यह लज्जित हो रही है] ॥ ५६ ॥

निशि दष्टाधरायापि सैषा मह्यं न रुष्यति[1] ।
क्व फलं दशते बिम्बी-लता कीराय कुप्यति ? ॥ ५७ ॥

सम्प्रति अधरदशनादिरूपं स्वापराधं चतुर्भिः क्षालयति, निशीति । सा एषा प्रिया, निशि रजन्याम् , दष्टः कृतदंशनः, अधरः रदनच्छदः येन तस्मै तादृशायापि, मह्यं नलाय, न रुष्यति न कुप्यति । 'क्रुधद्रुह—' इत्यादिना सम्प्रदानत्वाच्चतुर्थी । तथा हि—बिम्बीलता रक्तफलाढ्यवृक्षस्य व्रततिः, ओष्ठोपमफलस्य वृक्षस्य लता इत्यर्थः । 'तुण्डिकेरी रक्तफला बिम्बिका पीलुपर्ण्यपि' इत्यमरः । फलं प्रसवम्, निजमेव बिम्बफलमित्यर्थः । दशते निजचञ्च्वा छिन्दते, कीराय शुकाय, क्व कुत्र, कुप्यति ? क्रुध्यति ? न क्वापीत्यर्थः । दृष्टान्तालङ्कारः, प्रतिवस्तूपमेति युक्तमिति केचित् ॥ ५७ ॥

रातमें (दाँतोंसे) अधरक्षत करनेवाले मुझपर यह क्रोध नहीं करती है (पाठा०—करे), क्योंकि (बिम्बी) फलको काटनेवाले तोतेपर बिम्बीलता कहां (किस देश या समयमें) क्रोध करती है ? अर्थात् कभी क्रोध नहीं करती, अतः इसे मुझपर क्रोध नहीं करना चाहिये ॥

शृणोपदसुचिह्ना[2] श्रीश्रोरिता कुम्भिकुम्भयोः ।
पश्यैतस्याः कुचाभ्यां तन्नृपस्तौ पीडयामि न ? ॥ ५८ ॥

---

1. 'रुष्यतु' इति पाठान्तरम् । 2. 'सृणी—' इति दन्त्यादि पाठः 'प्रकाश'-व्याख्यातः ।

यदुक्तं कलया 'कुचौ दोषोज्झितावस्याः पीडितौ व्रणितौ त्वया' इति तत्रोत्तरमाह—श्रणीति । एतस्याः दमयन्त्याः, कुचाभ्यां स्तनाभ्याम्, कुम्भिकुम्भयोः गजस्य शिरःस्थपिण्डयोः सम्बन्धिनी, श्रणीपदानि अङ्कुशक्षतानि एव, सुचिह्नानि उत्कृष्टलक्ष्माणि यस्याः सा तादृशी, श्रीः शोभा सम्पत्तिश्च, चोरिता अपहृता, इति पश्य एतत् त्वं स्वयमेवावलोकय । नखपदस्य अङ्कुशपदवदेव परिदृश्यमानत्वादिति भावः। तत् तस्मात्, चौर्यापराधाद्धेतोरित्यर्थः। नृपः दण्डधरः, चौर्योचितदण्डविधाता इत्यर्थः, अहं नलः, तौ कुचौ, न पीडयामि ? न दण्डयामि ? न मर्दयामि च ? अपि तु पीडयाम्येव, दुष्टनिग्रहाधिकारात् राज्ञामिति भावः ॥ ५८ ॥

इसके दोनों स्तनोंने अङ्कुशाघात (नखक्षत) रूप सुन्दर चिह्नवाली हाथीके कुम्भों (मस्तकस्थ मांस-पिण्डों) की शोभाको चुरा लिया है, उस कारण राजा (मैं) उन्हें (उन दोनों स्तनोंको) पीड़ित (दण्डित, पक्षा०—हस्तमर्दित) नहीं करूँ ? (पाठा०—पीड़ित करता हूँ) । [चोरको दण्डित करना राजाका धर्म होनेसे नखक्षतसे अङ्कुशक्षत गजकुम्भकी शोभाको चुरानेवाले इसके स्तनोंको करमर्दनरूप दण्ड देना मुझे उचित ही है]॥

अधरामृतपानेन ममास्यमपराध्यतु ।
मूर्द्धर्ना किमपराद्धं यः पादौ नाप्नोति चुम्बितुम् ? ॥ ५९ ॥

अधरेति । हे कले ! मम मे, आस्यं मुखम्, अधरामृतपानेन अधरसुधास्वादनेन हेतुना, अपराध्यतु अनभिमताचरणात् अपराधि अस्तु । अत एव अपराधिनः अस्य एषा दण्डं विदधातु इति भावः । किन्तु मूर्द्धर्ना मम शिरसा, किम् अपराद्धम् ? कः अपराधः कृतः ? यः मूर्द्धा, पादौ अस्याश्चरणौ, चुम्बितुं स्प्रष्टुमित्यर्थः । न आप्नोति ? न लभते ? तत् पृच्छ इति शेषः ॥ ५९ ॥

(इस दमयन्तीके) अधरके अमृतका (चुम्बन करते हुए) पान करनेसे (मेरा) मुख भले ही अपराधी हो, (किन्तु मेरे) मस्तकने क्या अपराध किया है जो (दमयन्तीके) चरणोंका चुम्बन (प्रसादनार्थ स्पर्श) भी नहीं पाता है ? ॥ ५९ ॥

अपराद्धं भवद्वाणी-श्राविणा पृच्छ किं मया ? ।
वीणाऽऽह परुषं यन्मां कलकण्ठी च निष्ठुरम् ॥ ६० ॥

अपराद्धमिति । यत् यस्मात्, वीणा वाद्यविशेषः, मां नलं, परुषं कर्कशम् अप्रियवाक्यञ्च, आह ब्रवीति, कलकण्ठी च कोकिला अपि, मां निष्ठुरं कठोरं सतिरस्कारञ्च, आह, अतः हे कले ! पृच्छ जिज्ञासय, त्वं वः सखीम् इति शेषः । भवत्याः तव दमयन्त्याः, वाणीं वाक्यम्, श्रृणोति आकर्णयतीति तच्छ्राविणा, मया नलेन, किम् अपराद्धम् ? कोऽपराधः कृतः ? न किञ्चिदप्यपराद्धम् इत्यर्थः । लोकानामयमेव स्वभावो यत् परुषनिष्ठुरवाक्यश्रवणसन्तप्तचित्तं प्रशमयितुं सुमधुरं वाक्यं श्रोतुमिच्छा भवतीति तयोः पारुष्यदोषादरुच्या त्वत्सख्याः सुमधुरां वाणीं शुश्रूषुः अहं सम्भाषणेन वः सख्या अनुकम्पनीयः इति भावः ॥ ६० ॥

तुम्हारे (दमयन्तीके) वचनको सुननेवाला मैंने क्या अपराध किया ? जो मुझसे वीणा परुष (कठोर) और कोकिल निष्ठुर बोलती है ? (यह अपनी सखी दमयन्तीसे) पूछो । [रात्रिको सुरतकालमें दमयन्तीके वीणाकी ध्वनि तथा कोकिलके कूजनसे भी मधुर वचन मैंने बहुत सुना, अतः इस समय वीणाकी ध्वनि तथा कोकिलका कूजना हमें अप्रिय मालूम होता है, क्योंकि श्रेष्ठ पदार्थका भोग करनेके बाद निकृष्ट पदार्थ प्रिय नहीं होता । प्रकृतमें जो जिसके प्रति अपराध करता है, उसीके प्रति उसे अनुचित व्यवहार करना चाहिये, मैंने तो दमयन्तीका वचन सुनकर उसका, वीणाका या कोकिलाका कोई अपराध नहीं किया जो तुम्हारी सखी दमयन्तीने इस समय मुझसे बोलना छोड़ दिया और वीणा तथा कोकिल कठोर एवं निष्ठुर वचन कह रही है, इसका क्या कारण है ? यह तुम अपनी सखी से पूछो । अथवा—मुझसे वीणा जो परुष (कठोर) तथा कोकिल निष्ठुर बोलती है, सो हे कले ! तुम अपनी सखी दमयन्तीसे पूछो कि तुम्हारी (वीणा तथा कोकिलसे भी मधुर) वाणीको सुननेवाले मैंने क्या अपराध किया है ? । यह लोकनियम है कि जो दुःखी होता है, वह सुख चाहता है, अत एव दमयन्तीके वचनकी अपेक्षा कटु वीणाकी ध्वनि तथा कोकिलका कूजना सुनकर उससे भी मधुरतम दमयन्तीके वचनको मैंने पीछेसे चुपचाप आकर जो सुन लिया तो क्या अपराध किया, जो यह अब मेरे सामने नहीं बोलती, अत एव अब इसके सामने मुझे निरपराध कहकर बोलनेके लिये कहो] ॥ ६० ॥

सेयमालिजने स्वस्य त्वयि विश्वस्य भाषताम् ।
ममताऽनुमताऽस्मासु पुनः प्रस्मर्यते कुतः ? ॥ ६१ ॥

सेति । हे कले ! सा इयं प्रिया भैमी, स्वस्य आत्मनः, आलिजने सखीजने, त्वयि भवति, विश्वस्य विस्रभ्य, प्रत्ययं कृत्वा इत्यर्थः । भाषतां वदतु, त्वां सखीं विश्वस्य अवश्यमेव एतत् कथयतु इत्यर्थः । किं भाषताम् ? इत्याह—अस्मासु मयि-विषये, अनुमता अङ्गीकृता, ममता आत्मीयता, मम अयम् इत्यभिमानः इत्यर्थः । रजन्यां तदनुकूलाचरणादिति भावः । कुतः कस्मात् हेतोः, पुनः इदानीं, प्रस्मर्यते ? प्रगतस्मरणीक्रियते ? रात्रौ तथा आत्मीयत्वेन आलप्य दिवा युष्मत्समक्षं दृष्टिनिक्षेप मात्रस्यापि अकरणात् तत् कथं विस्मर्यते अनयेति पृच्छेत्यर्थः । मयि अनात्मीयाचरणे कथं जीवेयम् ? इति भावः ॥ ६१ ॥

यह (दमयन्ती) सखीजन तुमपर विश्वास करके कहे कि—(रात्रिमें) हमारे विषयमें स्व-सम्मत आत्मीयताको फिर (इस समय तुम) क्यों भूल रही हो ? [रातमें पूर्णतया मेरे साथ अनुकूल वर्ताव करके दमयन्तीने जो आत्मीयताका परिचय दिया था, उसे इस समय असम्भाषण आदि प्रतिकूलाचरण करके क्यों भूल रही है ? इस बातको प्रिय सखी तुममें विश्वासकर बतलावे] ॥ ६१ ॥

अथोपवदने भैम्याः स्वकर्णोपनयच्छलात् ।
सन्निधाप्य श्रुतौ तस्या निजास्यं सा जगाद ताम् ॥ ६२ ॥

अथेति । अथ राजवाक्यानन्तरम् , सा कला, भैम्याः दमयन्त्याः, उपवदने आननसमीपे । सामीप्येऽव्ययीभावः, 'तृतीयासप्तम्योर्बहुलम्' इति विकल्पात् सप्तम्यां नाम्भावः । स्वकर्णस्य निजश्रवणस्य, उपनयच्छलात् समीपनयनव्याजात् , ततः तस्याः भैम्याः, श्रुतौ कर्णे, निजास्यं स्वमुखम् सन्निधाप्य सन्निहितं कृत्वा, तां भैमीम् , जगाद बभाषे ॥ ६२ ॥

इस (नलके ऐसा (२०।५४-६१) कहने) के बाद उस ('कला' नामकी सखी) ने दमयन्तीके मुखके पास अपना कान करनेके छलसे उस (दमयन्ती) के कानों (के पास) में अपना मुख लगाकर उस (दमयन्ती) से बोली ॥ ६२ ॥

अहो ! मयि रहोवृत्तं धूर्ते ! किमपि नाभ्यधाः ।
आस्स्व सत्यमिमं तत्ते भूपमेवाभिधापये ॥ ६३ ॥

अहो इति । धूर्ते ! हे वञ्चनपरे ! मयि अस्मत्समीपे, रहोवृत्तं रहस्यचेष्टितम् , चुम्बनालिङ्गनादिरूपं निर्जनवृत्तान्तमित्यर्थः । किम् अपि किञ्चिदपि, न अभ्यधाः न अभिहितवती असि, त्वमिति शेषः, इत्यहो ! आश्चर्यम् ! भवतु, आस्स्व तिष्ठ । इमम् अमुम् , भूपं राजानं नलमेव, ते तव, तत् रात्रिचेष्टितमित्यर्थः । सत्यं यथायथम् , अभिधापये वाचयामि, कौशलेन भूपमेव सर्वं ख्यापयिष्यामि इत्यर्थः । 'गतिबुद्धि–' इत्यादिना शब्दकर्मत्वादणिकर्त्तुः कर्मत्वम् । राजा यथा स्वयमेव तव रहस्यवृत्तान्तं कथयति तथा करोमि इति निष्कर्षः ॥ ६३ ॥

हे धूर्ते (दमयन्ती) मुझसे तुमने एकान्तमें हुए कुछ भी (आलिङ्गन चुम्बनादि) वृत्तान्त नहीं कहा, अहो ! आश्चर्य है (कि तुम—जैसी धूर्ता सखीको मैंने कहीं नहीं देखा) सो ठहरो, उस (एकान्तके वृत्तान्त) को मैं सत्य बोलनेवाले राजा (नल) से ही कहलाती हूँ । (अथवा—उस सत्य अर्थात् यथार्थ वृत्तान्तको मैं भूप···पाठा०—मैं राजा नलसे ही उस असभ्य (सब सभामें अकथनीय होनेसे अश्लील) वृत्तान्तको शीघ्र कहलवाती हूँ] ॥ ६३ ॥

स्मरशास्त्रमधीयाना शिक्षिताऽसि मयैव यम् ।
अगोपि सोऽपि कृत्वा किं दाम्पत्यव्यत्ययस्त्वया ? ॥ ६४ ॥

स्मरेति । स्मरशास्त्रं वात्स्यायनादिकामतन्त्रम् , अधीयाना पठन्ती, मत्तः अभ्यस्यन्तीत्यर्थः । त्वमिति शेषः । यं दाम्पत्यव्यत्ययमित्यर्थः । मया कलयैव, अध्यापिकया एव इति यावत् , शिक्षिता उपदिष्टा, असि भवसि । 'ब्रुविशासि—' इति शासेरर्थग्रहणात् द्विकर्मकत्वम् 'अप्रधाने दुहादीनाम्' इति अप्रधाने कर्मणि क्तः । त्वया भवत्या, स मदुपदिष्टः, दाम्पत्यव्यत्ययः दाम्पत्यस्य दम्पतिव्यवहारस्य स्वाभाविकविहारस्य, व्यत्ययः वैपरीत्यम् , अन्यथाचरणमित्यर्थः । विपरीतसम्भोगः इति यावत् । कृत्वाऽपि स्वयं निष्पाद्यापि, किं किमर्थम् , अगोपि ?

मम समीपे गोपितः ? शिक्षयित्रीं मामेव यदा त्वं गोपायितुमिच्छसि, तदा नास्ति लवासाध्यं किञ्चिदिति भावः । एतत्तु 'लज्जितानि जितान्येव' इत्यादिना नलोक्तित्वेन अनुसृत्यैव चतुरया सख्या अभिहितमिति मन्तव्यम् । 'नितरां धाष्ट्यमवलम्ब्य मया शिक्षितं विपरीतसुरतं कृत्वाऽपि ममैव पुरस्तात् न कृतमिति कथयसीति नितरां वञ्चनाचतुराऽसीति भावः' इति 'नैषधीयप्रकाशः' ॥ ६४ ॥

(वात्स्यायनादिरचित) कामशास्त्रको पढ़ती हुई मुझसे ही जिस (विपरीत रति) को तुमने सीखा है, उस विपरीत रतिको करके भी तुमने क्यों छिपाया ? ॥ ६४ ॥

मौनिन्यामेव सा तस्यां तदुक्तीरिव शृण्वती ।
वादं वादं मुहुश्चके हुं हुमित्यन्तराऽन्तरा ॥ ६५ ॥

मौनिन्यामिति । सा कला, तस्यां भैम्याम्, मौनिन्यामेव तूष्णीम्भूतायामेव, किमपि अकथयन्त्यामेवेत्यर्थः । तदुक्तीः तस्याः दमयन्त्याः वाक्यानि, शृण्वती आकर्णयन्तीव, श्रवणभङ्गीं प्रकाशयन्तीवेत्यर्थः । अन्तराऽन्तरा मध्ये मध्ये, वादं वादं तद्वाक्यस्य प्रत्युत्तरम् इव चोदित्वा । आभीक्ष्ण्ये णमुल् । मुहुः पुनः पुनः, हुं हुम् इति हुं हुमित्यनुमोदनसूचकं शब्दम्, चक्रे कृतवती, पुनः पुनः हुं हुमिति करणेन तद्वाक्यानुमोदनं चकार इत्यर्थः । अनेनास्या अतीवपरिहासप्रियत्वं व्यज्यते इति बोद्धव्यम् ॥ ६५ ॥

(दमयन्तीसे इतना कहनेपर भी) उस (दमयन्ती) के चुप रहनेपर ही उसके कथनको सुनती हुई-सी वह (कला) बात-बातमें बीच-बीचमें 'हुँ-हुँ' ऐसा करती थी । [यद्यपि दमयन्ती उसकी बातों का कुछ भी उत्तर नहीं देती थी, तथापि वह कला बीच-बीचमें इस प्रकार 'हुं-हुं' कर रही थी, मानो दमयन्तीकी बात सुन रही हो । कलाने परिहास करनेवाले नलसे अधिक परिहास करनेके लिए ही ऐसा किया, अत एव उसकी विशेष परिहासप्रियता सूचित होती है] ॥ ६५ ॥

अथासावभिसृत्यास्या रतिप्रागल्भ्यशङ्किनी ।
सख्या लीलाम्बुजाघातमनुभूयालपन्नृपम् ॥ ६६ ॥

अथेति । अथ उक्तप्रकारभङ्गिकरणानन्तरम्, अस्याः भैम्याः, रतिप्रागल्भ्यं सुरतकाले नैपुण्यम्, शङ्कते तर्कयतीति रतिप्रागल्भ्यशङ्किनी सुरतक्रीडायां दमयन्ती निपुणा जाता इति विवेचयन्तीत्यर्थः । असौ कला, अभिसृत्य दमयन्तीसकाशं गत्वा सख्याः भैम्याः, लीलाम्बुजानां करस्थितलीलाकमलानाम्, आघातं ताडनम्, अनुभूय प्राप्य, नृपं राजानम्, आलपत् अभाषत ॥ ६६ ॥

इस ('कला' के इस प्रकार (२०।६३-६४) विशेष परिहास करने) के बाद रतिकी प्रगल्भताका अनुमान करनेवाली ('दमयन्ती रति करनेमें पूर्णतः निष्णात हो गयी' इस

प्रकार समझती हुई) वह कला (दमयन्तीके समीप) जाकर दमयन्तीद्वारा लीलाकमलसे ताडित होकर नलसे बोली ॥ ६६ ॥

दृष्टं दृष्टं ! ! महाराज ! त्वदर्थाभ्यर्थनाक्रुधा ।
यत्ताडयति मामेवं यद्वा तर्जयति भ्रुवा ? ॥ ६७ ॥

तदेवाह षड्भिः—दृष्टमित्यादि । हे महाराज ! दृष्टं ! दृष्टम् ! ! अवलोकितम् ! अवलोकितम् ! ! इति आक्षेपे द्विरुक्तिः । किं दृष्टम् ? तत्राह—त्वदर्थं भवन्निमित्तम् , यत् अभ्यर्थना प्रार्थना, भर्त्तुरभिलाषं पूरयतु इत्येवंरूपा याच्ञा इत्यर्थः । तया क्रुधा रोषेण, यत् माम् एवम् अनेन प्रकारेण, ताडयति प्रहारयति, यत् वा यच्च, भ्रुवा भ्रूभङ्गेण, तर्जयति तिरस्करोति, तत् उभयं दृष्टं खलु ? इत्यर्थः । एतच्च रहस्यवाक्यश्रवणार्थमिति भावः । तर्जतेरनुदात्तेत्त्वेऽपि अनुदात्तेतः चक्षिङः ङित्करणेनानित्यताज्ञापनात् परस्मैपदमपि भवति, अत एव तर्जयते भर्त्संयते तर्जयतीत्यपि च दृश्यते इति [1]भट्टमल्लः ॥ ६७ ॥

'हे महाराज (नल) ! आपने देखा, देखा; कि—आपके लिए (रति-विषयक) याचना करनेसे क्रुद्ध (यह दमयन्ती) मुझे इस प्रकार मार रही है (कि तुमने ऐसा क्यों किया ?) और भौंहसे डरवा रही है (कि—फिर ऐसा कभी मत कहना' ॥ ६७ ॥

वदत्यचिह्नि चिह्नेन त्वया केनैष नैषधः ? ।
शङ्के शक्रः स्वयं कृत्वा मायामायातवानयम् ॥ ६८ ॥

किं तद्वाक्यम् ? तदाह त्रिभिः, वदतीत्यादि । हे राजन् ? वदति कथयति, भैमी माभिति शेषः । तदेवाह—हे कले ? त्वया भवत्या, एषः अयं जनः, केन चिह्नेन लक्षणेन, नैषधः नलः, इति अचिह्नि ? चिह्नितः ? प्रत्यभिज्ञातः ? इत्यर्थः । शङ्के मन्ये, अहमिति शेषः । अयम् एष जनः, स्वयं साक्षात् , शक्रः इन्द्र एव, मायां छलम् , छलेन नलवेशधारणमित्यर्थः, कृत्वा विधाय, आयातवान् आगतवान् इति ॥

(तुम्हारे लिए याचना करनेपर मेरे कानमें) यह कहती है कि—'तुमने इस नलको किस चिह्नसे निर्धारित किया है ? 'यह माया करके (मायाद्वारा नलरूप धारणकरके) स्वयं इन्द्र आया हुआ है' ऐसी शङ्का मैं करती हूँ (अतः तुमसे इस परपुरुषके लिए तुम क्यों रति-याचना करती हो ?) ॥ ६८ ॥

स्वर्णदीस्वर्णपद्मिन्याः पद्मदानं निदानताम् ।
नयतीयं त्वदिन्द्रत्वे दिवश्चागमनस्य ते ॥ ६९ ॥

कथं मयि अस्याः शक्रशङ्का ? इत्याह—स्वर्णदीति । किञ्च, हे महाराज ! इयं

---

1. 'भर्त्संयते तर्जयते सन्तर्जति' इत्येवं वचनमुपलभ्यते भट्टमल्लकृतायामाख्यातचन्द्रिकायाम् (आ० च० ११०५) इति बोध्यम् ।

भैमी, स्वर्णद्याम् आकाशगङ्गायां मन्दाकिन्याम् , या स्वर्णपद्मिनी कनकमयकमलकता तस्याः, पद्मस्य स्वर्णकमलस्य, दानं स्वस्यै अर्पणम्, तथा ते तव, दिवश्च अन्तरीक्षाच्च, आगमनञ्च उपस्थितिश्च, त्वदिन्द्रत्वे तव वासवत्वसंशये, निदानतां मूलकारणताम् , नयति प्रापयति । मानवे एतदुभयस्यासम्भवत्वादिति भावः ॥ ६९ ॥

आकाशगङ्गाका स्वर्ण-कमल देना तथा स्वर्गसे (रथद्वारा तुम्हारा यहांपर) आना तुम्हारे (नलके) इन्द्र होनेमें यह (दमयन्ती) कारण मानती है। मनुष्यका आकाशगङ्गाका स्वर्णकमल लाना तथा स्वर्गसे आना असम्भव होनेसे यह तुमको मायासे नलका रूप धारणकर इन्द्र होनेमें मूल कारण समझती है, क्योंकि तुम स्वर्गसे रथपर चढ़कर आये हो तथा इसके लिए आकाशगङ्गाका स्वर्णकमल दिये हो (२०।१-४), अत एव इसकी ऐसी शङ्का होना उचित प्रतीत होता है । यहांपर 'कला' परिहास करनेमें नलसे भी आगे बढ़ गयी है]॥ ६९ ॥

भाषते नैषधच्छाया मायाऽमायि मया हरेः ।
आह चाहमहल्यायां तस्याकर्णितदुर्णया ॥ ७० ॥

भाषते इति । हे महाराज ! भाषते भैमी अन्यदपि वदति । किमिति ? हे कले ! मया नैषधच्छाया नलरूपधरा, हरेः इन्द्रस्य, माया छलना, अमायि अनुमिता, स्वयंवरकाले तथाभूतव्यापारदर्शनादिति भावः । माङः कर्मणि लुङ् चिणि युगागमः। ननु तदानीं ते कौमार्यात् त्वल्लाभार्थं तस्य माया न दूषणीया, इदानीन्तु तव परस्त्रीत्वात् तस्य तथाविधा माया न सम्भवत्येव इत्याह—आह च एतदपि वदतीत्यर्थः । अहं दमयन्ती, अहल्यायां तन्नाम्न्यां गौतमभार्यायाम् , तस्य इन्द्रस्य, आकर्णितः श्रुतः, पुराणादौ इति शेषः । दुर्णयः दुश्चेष्टितम् , मायया गौतमरूपं धृत्वा सतीत्वनाशरूपदुर्व्यवहार इत्यर्थः । यया सा तादृशी, अस्मीति शेषः । सापेक्षत्वेऽपि गमकत्वात् समासः । 'उपसर्गादसमासेऽपि णोपदेशस्य' इति णत्वम् । पारदार्यात् भीतिरप्यस्य नास्ति, अत इदानीमपि तत्कर्तृकनलरूपधारणं नासम्भवः इति भावः ॥ ७० ॥

(यह दमयन्ती मुझसे यह भी) कहती है कि—'(मैंने) इन्द्रके नलकान्ति (को मायासे धारण करने) के कपटका अनुमान कर लिया । (उस समय तुम्हें कुमारी रहनेसे उक्त माया द्वारा इन्द्रका तुम्हें प्राप्त करनेकी चेष्टा करना अनुचित नहीं कहा जा सकता, किन्तु अब तो तुम नलकी पत्नी होनेसे परस्त्री हो गयी हो, अतः इन्द्र मायासे नलका रूप धारण कर तुम्हें प्राप्त करनेकी चेष्टा कैसे कर सकते हैं' इस शङ्काके उत्तरमें यह दमयन्ती) और कहती है कि उस (इन्द्रकी) अहल्या (गौतमपत्नी) में दुर्नीति (व्यभिचार) मैंने सुना है (अत एव इन्द्रका परस्त्री-सम्भोगसे भी डरकर ऐसा करना असम्भव नहीं है)' ॥ ७० ॥

सम्भावयति वैदर्भी दर्भाग्राभमतिस्तव ।
जम्भारित्वं कराम्भोजाद्दम्भोलिपरिरम्भिणः ॥ ७१ ॥

सम्भावयतीति । किञ्च, दर्भाग्राभा कुशाग्रसदृशी, अतीव तीक्ष्णा इत्यर्थः, मतिः बुद्धिः यस्याः सा तादृशी सूक्ष्मबुद्धिः, वैदर्भी दमयन्ती, दम्भोलिः वज्रायुधं वज्ररेखाञ्च, परिरभते धारयतीति तस्मात् वज्रायुधधरात् वज्रचिह्नविशिष्टाच्च, कराम्भोजात् पाणिकमलात् हेतोः, कराम्भोजं दृष्ट्वा इत्यर्थः । तव ते, जम्भारित्वम् इन्द्रत्वम्, सम्भावयति तर्कयति । 'वज्रहस्तः पुरन्दरः' इति श्रुतेः तथा नलस्य पाणितले वज्रादिविविधसार्वभौमलक्षणस्यावस्थानादिति भावः ॥ ७१ ॥

कुशाग्रके समान (सूक्ष्म) बुद्धिवाली दमयन्ती वज्रशस्त्रधारी (पक्षा०—वज्रचिह्नाङ्कित) करकमलसे तुम्हें इन्द्र समझती है। [इन्द्रके हाथमें 'वज्र' नामक शस्त्र रहता है, नलके हाथमें 'वज्र' का चिह्न है, अतः परमचतुरा 'कला' वज्रचिह्नको वज्रायुध मानती हुई नलको इन्द्र होना प्रमाणित कर रही है। नलके हाथमें वज्रचिह्न होनेसे उनका सार्वभौम होना सूचित होता है] ॥ ७१ ॥

अनन्यसाक्षिकाः साक्षात्तद्व्याख्याय रहःक्रियाः।
शङ्काऽऽतङ्कं नुदैतस्या यदि त्वं तत्त्वनैषधः ॥ ७२ ॥

अनन्येति । हे राजन् ! त्वं भवान् , यदि चेत् , तत्त्वनैषधः परमार्थनलः, असीति शेषः, तत् तर्हि, अनन्यसाक्षिकाः नास्ति अन्ये स्वेतराः, साक्षिणः प्रत्यक्षदर्शिनः यासां तादृशीः स्वमात्रसंवेद्याः, रहःक्रियाः चुम्बनालिङ्गनादिरूपरहस्यव्यापारान् , साक्षात् अस्याः समक्षं स्वयमेव, व्याख्याय उक्त्वा, एतस्याः वैदर्भ्याः, शङ्कायाः इन्द्रत्वसन्देहस्य, आतङ्कं भयम् , नुद निवर्त्तय । यान् यान् गुप्तव्यापारान् केवलं युवामेव जानीथः, न पुनरन्येषां केषाञ्चिदपि तज्ज्ञानसम्भावना, ईदृशान् व्यापारान् यदि त्वं वक्तुं शक्नोषि, तदैव एषा त्वां नलत्वेन अवधारयिष्यति, नान्यथा इति भावः॥

यदि तुम वास्तविक नल हो तो अनन्यसाक्षिक (जिसे तुम दोनोंके अतिरिक्त किसीने नहीं देखा है ऐसी) एकान्तकी (आलिङ्गन, चुम्बन, सम्भाषण एवं रति आदि) क्रियाओंको विशेषरूपसे अर्थात स्पष्ट कहकर इस (दमयन्ती) के शङ्काजन्य भयको दूर करो, ['कला'ने नलके द्वारा ही रहोवृत्त कहलवानेके लिए जो पहले (२०।६३) दमयन्तीसे कहा था, उसे कहनेके लिये नलको वाध्य कर यहां उसने अपने चातुर्यकी पराकाष्ठा प्रदर्शित की है] ॥७२॥

इति तत्सुप्रयुक्तार्थां निह्नुतीकृतकैतवाम्।
वाचमाकर्ण्य तद्भावे संशयालुः शशंस सः ॥ ७३ ॥

इतीति । इति इत्थम्, तया कलया, सुप्रयुक्तार्थां सुप्रयुक्तः स्वर्गगमनस्वर्णपद्मदानवज्रधारणादिजन्यसन्देहस्य निरसनाय यथाकालं सम्यगुपन्यस्तः, अर्थः अभिधेयः यस्याः तादृशीम्, 'सुप्रयुक्तत्व' इति पाठे—सुप्रयुक्तत्वेन युक्तियुक्तरूपेण प्रयोगेण, निह्नुतीकृतकैतवां निह्नुतीकृतं कैतवद्योतकहास्यादिविकाररहित्येन गोपायितम्,

१. 'क्त्वनिह्नुती-' इति पाठान्तरम् ।

कैतवं छलं यत्र तादृशीम्, अप्रकाशीकृतनिगूढाभिप्रायाम्, वाचं वाक्यम्, आकर्ण्य श्रुत्वा, सः नलः, तस्याः भैम्याः, भावे अभिप्राये, संशयालुः किमियं सत्यमेव मामिन्द्रमाशङ्क्य चुम्बनादिकं न करोति इति सन्दिहानः सन्, शशंस कथयामास । संशयोच्छेदकरहस्यवाक्यसमूहम् उवाच इत्यर्थः । एतेन कलायाः वचनचातुर्येण राज्ञः पराजयः सूचित इति बोद्धव्यम् ॥ ७३ ॥

उस (कला) से सुप्रयुक्त अर्थवाला (पाठा०—अच्छी तरह (परिहासादि चेष्टारहित होकर कहने) से) छिपाया गया है कपट जिसमें ऐसा अर्थात् कपटयुक्त होनेपर भी कपटरहित प्रतीत होनेवाला यह (२०।६७-७२) वचन सुनकर उस (दमयन्ती) के अभिप्रायमें सन्देहान्वित (यह दमयन्ती सचमुच आकाशगङ्गाका स्वर्णकमल अर्पित करने, स्वर्गसे आने तथा हाथमें वज्रग्रहण करनेके कारण मुझे नलवेषधारी इन्द्र मानकर ही मेरा आलिङ्गन-चुम्बनादि नहीं करती है क्या ? इस प्रकारके सन्देहसे युक्त) वे (नल) बोले [इस प्रकार 'कला' के चातुर्यपूर्वक वचन कहनेसे नलका पराजय सूचित होता है]॥ ७३ ॥

स्मरसिच्छद्मनिद्रालुर्मया नाभौ शयार्पणात् ।
यदानन्दोल्लसल्लोमा पद्मनाभीभविष्यसि ? ॥ ७४ ॥

अथैतदेव विंशत्या श्लोकैः प्रपञ्चेनाह, स्मरसीत्यादि । हे प्रिये ! छद्मना कपटेन, निद्रालुः सुप्ता । 'स्पृहिगृहि–' इत्यादिना निपूर्वात् द्रातेरालुच् । त्वमिति शेषः । मया नलेन, नाभौ तव नाभिदेशे, शयस्य पाणेः, अर्पणात् स्थापनात्, नीवीग्रन्थिमोचनार्थमिति भावः । आनन्देन स्पर्शसुखेन, उल्लसल्लोमा प्रहृष्यल्लोमा सती, रोमाञ्चितगात्री सतीत्यर्थः । यत् पद्मं नाभौ यस्याः सा पद्मनाभिः अपद्मनाभिः पद्मनाभिर्भविष्यसीति पद्मनाभीभविष्यसि पद्मनाभितुल्या सञ्जाताऽसि इत्यर्थः । मम पाणेः पद्मतुल्यत्वात् तव रोमाञ्चानाञ्च पद्मस्य कण्टकतुल्यत्वादिति भावः । पद्मनाभः विष्णुश्च सः अपि छद्मनिद्रालुः इति बोध्यम् । 'अच् प्रत्यन्ववपूर्वात्–' इत्यादिसूत्रे 'अच्' इति योगविभागात् उभयत्रापि समासान्तोऽच्प्रत्ययः । अभूततद्भावे च्विः । 'अभिज्ञावचने लृट्' इति भूतार्थे लृट् । तत्तु स्मरसि ? तत् प्रत्यभिजानासि किम् ? इति काकुः ॥७४॥

(यहांसे लेकर २२ श्लोकतक (२०।७४-९५) नल रहोवृत्त कहते हैं–) सकपट सोयी हुई तुम नाभिमें (नीविमोचनार्थ मेरे) हाथके रखनेपर जो (पाठा०—उसके) आनन्दसे रोमाञ्चित हो कमलनाभिवाली हो गयी, यह स्मरण करती हो ? । [यहां नीविमोचनार्थ

---

१. 'मूलोक्तपाठे न यदि' इति यच्छब्दयोगेऽभिज्ञावचने प्राप्तस्य लृटो निषेधाभिप्रायेण 'तदानन्द–' इति पाठः सभ्यः इति 'प्रकाश'कार आह । मूलपाठेऽपि यदेति पदच्छेदेन यच्छब्दयोगेऽपि व्याजशयनेन लक्षणेन पद्मनाभीभवनस्य लक्षणतया लक्ष्यलक्षणसम्बन्धे 'विभाषा साकाङ्क्षे' इति परत्वाल्लृटो विधानाद्दोषाभाव इति 'सुखावबोधाकार'स्याभिप्रायः इति शि० द० शर्माणः ।

व्याजसुप्त दमयन्तीकी नाभिपर नलको हाथ रखनेपर रोमाञ्चित होनेसे रोमाञ्चको कण्टक तथा नलके हाथको कमलतुल्य होनेसे दमयन्तीकी नाभिको पद्मनाभि होना कहा गया है। अथवा—रोमाञ्चको कण्टक तथा नाभिको विकसित कमल मानकर दमयन्तीकी नाभिको पद्मनाभि कहा गया है। अथवा—नाभिपर करकमल रखनेसे तुम पद्मनाभि (कमलयुक्त नाभिवाली अर्थात् विष्णु) हुई थी (क्योंकि विष्णुके ही नाभिमें कमल रहता है) ऐसा अर्थ करना चाहिये। वास्तविक शयन में नाभिपर हाथ रखनेसे रोमाञ्च नहीं होनेके कारण यहां दमयन्तीको सकपट सोना कहा गया है]॥ ७४॥

जानासि ह्रीभयव्यग्रा यन्नवे मन्मथोत्सवे।
सामिभुक्तैव मुक्ताऽसि मृद्वि! खेदभयान्मया?॥ ७५॥

जानासीति। मृद्वि! हे कोमलाङ्गि! अत एव अतिपीडाऽसहत्वात् खेदभयमिति भावः। नवे नूतने, मन्मथोत्सवे स्मरोल्लासे, प्रथमरतक्रीडायामित्यर्थः। ह्रीभयाभ्यां लज्जाऽऽतङ्काभ्याम्, व्यग्रा विभ्रान्तचित्ता, त्वमिति शेषः, खेदः सुरतश्रमजनितक्लेशः, तद्भयात् तच्छङ्कातः, मया सामिभुक्तैव, अर्द्धमात्रकृतसुरतैवेत्यर्थः। 'सामि त्वर्द्धे जुगुप्सिते' इत्यमरः। मुक्ताऽसि परित्यक्ता भवसि, तदन्यथा वैरस्यात् इति भावः। तदुक्तं रतिरहस्ये—'सहसा वाऽप्युपक्रान्ता कन्या खेदमविन्दत। भयाच्चित्तसमुद्वेगं सद्यद्वेषञ्च गच्छति॥ सा प्रीतियोगमप्राप्य बलोद्वेगेन दूषिता। पुरुषद्वेषिणी वा स्यात् सुप्रीता वा ततोऽन्यथा॥' इति। तत् जानासि? स्मरसि किम्? इत्यर्थः॥ ७५॥

हे कोमलशरीरवाली (अत एव पीडा सहनेमें असमर्थ दमयन्ति)! नये कामोत्सव (सुरतक्रीडा) में लज्जा तथा भयसे व्याकुल तुमको मैंने आधा ही सम्भोग करके छोड़ दिया, यह तुम स्मरण करती हो?॥ ७५॥

स्मर जित्वाऽऽजिमेतस्त्वां करे मत्पदधाविनि।
अङ्गुलीयुगयोगेन यदाश्लिक्षं घने जने॥ ७६॥

स्मरेति। हे प्रिये! आजिं युद्धम्, जित्वा विजित्य, त्वां भवतीम्, त्वत्समीपमित्यर्थः। एतः समागतः, अहमिति शेषः। करे पाणौ, तवेति शेषः। मत्पदधाविनि मम चरणप्रक्षालनार्थं प्रवर्त्तमाने सति, मम चरणं स्पृष्टवति सतीत्यर्थः। घने बहुले, जने मद्दर्शनार्थं समागते लोके, बहुजनमध्ये इत्यर्थः। अङ्गुलियुगयोगेन मम पादाङ्गुलीद्वयस्य, योगेन तव कराङ्गुलीद्वयस्य निबिडयोजनया, मम पादाङ्गुलीद्वयेन तव कराङ्गुलेः प्रगाढनिपीडनेनेत्यर्थः। यत् आश्लिक्षम् आश्लिष्टवान् अस्मि। 'श्लिष आलिङ्गने' इति लुङि उत्तमैकवचने च्लेः क्सः, 'विभाषा साकाङ्क्षे' इति वैकल्पिकत्वात् लृडभावः। तत् स्मर चिन्तय॥ ७६॥

युद्धको जीतकर तुम्हारे पास आये हुए मैंने मेरे चरणके पास दौड़ते (शीघ्र आते)

रहनेपर अर्थात् मेरे चरणोंको धोने या नमस्कार करनेके लिए मेरे चरणोंकी ओर शीघ्रतासे तुम्हारे हाथ बढ़ानेपर (दर्शनार्थ आये हुए) बहुत लोगोंके उपस्थित रहनेपर (साक्षात् आलिङ्गन करना अनुचित जानकर मैंने अपने चरणको) दो अङ्गुलियोंसे जो आलिङ्गन किया (तुम्हारे हाथको दबाया) उसे तुम स्मरण करो ॥ ७६ ॥

वेत्थ मानेऽपि मत्त्याग-दूना स्वं माञ्च तन्मिथः ।
मद्दृष्टाऽऽलिख्य पश्यन्ती व्यवधा रेखयाऽन्तरा ? ॥ ७७ ॥

वेत्थेति । हे प्रिये ! माने प्रणयकोपेऽपि, मत्त्यागदूना मद्विरहतप्ता, त्वमिति शेषः । मिथः रहसि । 'मिथोऽन्योन्यं रहस्यपि' इत्यमरः । स्वम् आत्मानम् , मां नलञ्च, आलिख्य चित्रे लिखित्वा, पश्यन्ती अवलोकयन्ती, तदालेख्यमिति शेषः । मद्दृष्टा मया त्वया आलेख्याङ्कितेन मया नलेन वीक्षिता सती, अन्तरा लिखितयोरावयोर्मध्ये, रेखया तुलिकया नूतनरेखाङ्कनेन, मद्दर्शनप्रतिरोधार्थमिति भावः । यद् व्यवधाः व्यवधानं कृतवती असि, व्यवधानं विधाय तत्रापि कोपः प्रकटितः इति भावः । व्यवपूर्वाद्धधातेर्लुङ् सिपि 'गातिस्था-' इत्यादिना सिचो लुक् । तत् वेत्थ ! स्मरसि किम् ? इति काकुः ॥ ७७ ॥

मान (प्रणयकलह) में भी मेरे त्यागसे खिन्न तुम जब अपनेको तथा मुझको चित्रितकर देखती थी, तब मैंने तुम्हें देख लिया उस समय तुमने उस चित्रके बीचमें एक रेखा अङ्कितकर व्यवधान कर दिया, यह तुम जानती (स्मरण करती) हो ? । [जब तुम्हारे मानके कारण तुम्हें मैंने छोड़ दिया तब मेरे वियोगको सहनेमें असमर्थ होकर तुमने अपना तथा मेरा संश्लिष्ट चित्र बनाकर उसे देखती रही थी, उसी समय जब मैंने तुम्हें देख लिया तब तुमने झट उस चित्रित अपने दोनोंके बीचमें एक रेखा बनाकर दोनोंको व्यवहित कर दिया अर्थात् रेखा द्वारा यह अभिव्यक्त किया कि चित्रमें भी मैं तुमसे पृथक् ही हूं, अत एव मेरा प्रणयमान ज्योंका त्यों बना हुआ है] ॥ ७७ ॥

प्रस्मृतं तत् त्वया तावद् यन्मोहनविमोहितः ।
अतृप्तोऽधरपानेषु रसनामपिबं तव ? ॥ ७८ ॥

प्रस्मृतमिति । हे प्रिये ! मोहने सुरते, विमोहितः विमुग्धचित्तः, अहमिति शेषः । तव ते सम्बन्धसामान्ये षष्ठी, 'पूरण—' इत्यादिना षष्ठीसमासनिषेधख्यापनात् षष्ठीति केचित् , अधरपानेषु अधरास्वादनेषु, चुम्बनेषु कृतेष्वपि इत्यर्थः । अतृप्तः तावन्मात्रेण अपूर्णाकाङ्क्षः सन् , यत् रसनां जिह्वाम् , अपिबम् आस्वादितवानासम् । तत् , तावत् साकल्येन, त्वया भवत्या, प्रस्मृतम् ? चिन्तितं किम् ? इति काकुः ॥ ७८ ॥

सुरतमोहित (अथवा—काममोहित, अत एव) तुम्हारे अधरपानसे अतृप्त मैंने जो

---

१. '—पानानाम्' इति पाठान्तरम् ।

तुम्हारी जीभका पान किया, उस सम्पूर्ण वृत्तान्तको तुमने स्मरण किया क्या ? [रतिकालमें जिह्वा-पान करनेका भी कामशास्त्रमें विधान है] ॥ ७८ ॥

त्वत्कुचार्द्रनखाङ्कस्य मुद्रामालिङ्गनोत्थिताम् ।
स्मरेः स्वहृदि यत् स्मेरः सखीं शिल्पं तवाब्रुवम् ? ॥ ७९ ॥

त्वदिति । हे प्रिये ! स्वस्य आत्मनः, मम नलस्य इत्यर्थः । हृदि वक्षसि, आलिङ्गनेन आश्लेषेण, उत्थिताम् उत्पन्नाम् , सङ्क्रान्ताम् इत्यर्थः । त्वत्कुचयोः तव स्तनयोः, आर्द्रनखाङ्कस्य सद्यःकृतनखरक्षतस्य, मत्कर्तृकस्येति भावः । मुद्रां रक्तवर्णचिह्नम् , स्मेरः सस्मितः सन् , सखीं तव वयस्यां प्रति, तव ते, शिल्पं कारुकार्यम्, शिल्पनिर्माणनैपुण्यमित्यर्थः । यत् अब्रुवम् अकथयम्, तत् स्मरेः ? चिन्तयेः ? ॥ ७९ ॥

मैंने अपने हृदय (छाती) में (मेरे) आलिङ्गनसे उत्पन्न तुम्हारे स्तनोंके (मत्कृत) सरस नखक्षतके चिह्नको हंसता हुआ सखियोंसे तुम्हारा शिल्प बतलाया, इसे तुम स्मरण करो । [मैंने तुम्हारे स्तनोंमें नखक्षत किया था, उसके सूखनेके पहले ही मैंने तुम्हारा आलिङ्गन किया तो आर्द्र होनेसे उस नखक्षतका चिह्न मेरे वक्षःस्थलमें प्रतिबिम्बित हो गया और हँसते हुए मैंने सखियोंसे कहा कि मेरे वक्षस्थलमें यह नखक्षत तुम्हारी सखीने किया है । अथवा—'''प्रतिबिम्बित हो गया तो उसे देखकर स्मित करती हुई सखियोंसे मैंने कहा कि'''। इसे तुम स्मरण करो और मुझे वास्तविक नल जानो] ॥ ७९ ॥

त्वयाऽन्याः क्रीडयन्मध्ये-मधुगोष्ठि रुषेक्षितः ।
वेत्सि तासां पुरो मूर्ध्ना त्वत्पादे यत् किलास्खलम् ? ॥८०॥

त्वयेति । हे प्रिये ! मधुगोष्ठ्या मद्यपानसभायाः मध्ये मध्येमधुगोष्ठि पानगोष्ठिमध्ये इत्यर्थः । 'पारे मध्ये षष्ठ्या वा' इत्यव्ययीभावः, 'गोस्त्रियोरुपसर्जनस्य' इति ह्रस्वत्वम् । अन्याः अपराः स्त्रियः, क्रीडयन् नर्मव्यवहारेण विनोदयन् , अहमिति शेषः । त्वया भवत्या, रुषा रोषेण, ईक्षितः दृष्टः सन् , तासां स्त्रीणाम् , पुरः अग्रे एव, मूर्ध्ना शिरसा, त्वत्पादे तव चरणे, यत् किल अस्खलम् अपतं खलु, मद्यमत्तत्वात् स्खलनच्छलेन तव प्रसादनाय इति भावः । तत् वेत्सि ? स्मरसि किम् ? इति काकुः ॥ ८० ॥

(अनेक स्त्रियोंके साथ सम्मिलित होकर) मद्यपान-सभाके बीचमें दूसरी स्त्रियों (तुम्हारी सपत्नियों) को क्रीडा कराता हुआ (तथा उसी समयमें) तुमसे क्रोधपूर्वक देखा गया मैं उनके सामने तुम्हारे चरणोंमें जो स्खलित हो गया, इसे तुम जानती (स्मरण करती) हो ? [बहुत स्त्रियोंके साथमें जिसमें तुम भी थी-मद्यपान करके दूसरी स्त्रियोंको क्रीडा कराते हुए मुझे तुमने क्रोधसे देखा तो उन स्त्रियोंके सामने ही मैंने तुम्हारे चरणपर

१. 'स्मेरसखीम्' इति पाठान्तरम् ।

इस प्रकार मस्तक रखकर तुम्हें प्रसन्न किया कि मानों मैं मदके नशेसे स्खलित होकर तुम्हारे पैर पर गिर पड़ा हूँ। यहां पर नलने स्खलित होना इसलिए कहा कि—यदि मैं ऐसा नहीं करता तो वे मुझपर रुष्ट हो जातीं, और तुम्हारे चरणोंपर गिरकर क्षमायाचना नहीं करता तो तुम्हीं मुझपर रुष्ट हो जाती, अत एव चातुर्यपूर्वक मैंने अपना काम साध लिया, यह तुम स्मरण करती हो क्या ?] ॥ ८० ॥

वेत्थ मय्यागते प्रोष्य यत्त्वां पश्यति हार्दिनि ।
अचुम्बीरालिमालिङ्ग्य तस्यां केलिमुदा किल ? ॥ ८१ ॥

वेत्थेति । हे प्रिये ! हृदयस्य कर्म हार्दं प्रेम । 'प्रेमा ना प्रियता हार्दम्' इत्यमरः । हार्दिनि प्रियपात्रे, हार्दिनि । इति दमयन्त्याः सम्बोधनं वा हार्दिनि ! हे अनुरागिणि ! प्रोष्य प्रवासं गत्वा, आगते प्रत्यावृत्ते, मयि नले, त्वां भवतीम् , पश्यति वीक्षमाणे सति, आलिं सखीम् आलिङ्ग्य आश्लिष्य, केलिमुदा क्रीडाहर्षेण, तस्यां सख्याम् , सख्याः गण्डदेशे इति यावत् , यत् किल इति अलीके, सख्यालिङ्गनचुम्बनव्याजेनेत्यर्थः । अचुम्बीः चुम्बितवती, मामेव त्वमिति शेषः । सख्यालिङ्गनचुम्बनव्याजेन मां प्रति स्वप्रेमभरं यत् सूचितवती असि, तत् वेत्थ ? स्मरसि ? ॥ ८१ ॥

प्रवासकर प्रियपात्र (अथवा—हे प्रियपात्रभूते दमयन्ति ! प्रवासकर) मेरे आनेपर और तुम्हें देखते रहनेपर तुमने सखीका आलिङ्गनकर क्रीडाके हर्षके छलसे जो उसके कपोलका चुम्बन किया (वास्तविकमें तो उसका आलिङ्गनकर चुम्बनके छलसे तुमने बहुत दिनपर लौटे हुए मेरा आलिङ्गन कर चुम्बन किया, किन्तु वहां उपस्थित सखियोंको यह दिखलाया कि क्रीडावशमें सखीका ही आलिङ्गनकर चुम्बन कर रही हूं), इसे तुम जानती (स्मरण करती) हो ? ॥ ८१ ॥

जागर्त्ति तत्र संस्कारः स्वमुखाद्भवदानने ।
निक्षिप्यायाचिषं यत्त्वां न्यायात्ताम्बूलफालिकाः ? ॥ ८२ ॥

जागर्त्तीति । हे प्रिये ! स्वमुखात् निजाननात् , भवदानने तव वदने, ताम्बूलफालिकाः नागवल्लीदलवल्लिकाः, वीटिकाखण्डानीत्यर्थः । चूर्णपूगफलादिसंयुक्तस्य मच्चर्वितस्य पर्णस्य खण्डानीति यावत् । निक्षिप्य न्यस्य, त्वां भवतीम् । 'ताः' इति पाठे—ताः ताम्बूलफालिकाः, न्यायात् निक्षिप्तद्रव्यप्रत्यर्पणधर्मात् , निक्षिप्तं द्रव्यं निक्षेपकस्यैव प्रत्यर्पयितव्यमिति नीत्यनुसारादित्यर्थः । यत् अयाचिषं प्रार्थितवानास्मि, अहमिति शेषः । तत्र याचने, संस्कारः नियतभावनाजनितस्मृतिविशेष इत्यर्थः । जागर्त्ति ? उत्पद्यते ? स्मरसि किम् ? इत्यर्थः, इति काकुः ॥ ८२ ॥

(मैंने) अपने मुखसे तुम्हारे मुखमें आधा चबाये हुए पानके बीड़ेको डाल (दे) कर ('जिसकी जो वस्तु ली जाती है, उसकी उस वस्तुको वापस करना उचित है' इस) न्यायसे जो याचना की (तुमसे वह चर्वित पानका बीड़ा लौटानेको कहा), उस विषयमें

तुम्हारा संस्कार जागरूक है क्या ? अर्थात् उस वृत्तान्तको तुम स्मरण करती हो क्या ? ॥

चित्ते तदस्ति कच्चित्ते नखजं मयि यत् क्रुधा ।
प्राग्भावाधिगमागःस्थे त्वया शम्बाकृतं क्षतम् ॥ ८३ ॥

चित्ते इति । हे प्रिये ! मयि नले, प्राग्भावेन प्राक् पूर्वमेव, त्वत्त इति शेषः । भावस्य रेतःपतनकालिकहर्षस्य, अधिगमः लाभ एव, आगः अपराधः तस्मिन् तिष्ठतीति आगःस्थः तादृशे, तादृशापराधेन अपराधिनि सति, तव सुखावाप्तिप्रतिबन्धकत्वादिति भावः । त्वया भवत्या, क्रुधा क्रोधेन, यत् नखजं नखरेण कृतम्, क्षतं व्रणम्, शम्बाकृतं द्विगुणाकृतम्, आनुलोम्यप्रातिलोम्याभ्यां द्विवारकृष्टं क्षेत्रं शम्बाकृतमुच्यते । 'द्विगुणाकृते तु सर्वं द्विपूर्वं शम्बाकृतमपीह' इत्यमरः । 'कृञो द्वितीयतृतीयशम्बबीजात् कृषौ' इति डाच्प्रत्ययः । तत् शम्बाकरणम्, ते तव चित्ते मनसि, अस्ति विद्यते कच्चित् ? स्मरसि किम् ? ॥ ८३ ॥

मेरे पहले भावाधिगमरूप अपराधस्थ होनेपर (रतिकालमें मेरा तुमसे पहले ही वीर्य-स्खलन होनेके कारण पूर्णतः तुम्हारी सम्भोगेच्छा पूरी नहीं होनेसे अपराध करनेपर) तुमने क्रोधसे जो पूर्वकृत नखजन्य क्षतको दुबारा कर (के बढ़ा) दिया, वह तुम्हारे चित्तमें है क्या ? अर्थात् उसे तुम स्मरण करती हो क्या ? ॥ ८३ ॥

स्वदिग्विनिमयेनैव निशि पार्श्वविवर्त्तिनोः ।
स्वप्नेष्वप्यस्तवैमुख्ये सख्ये सौख्यं स्मरावयोः ॥ ८४ ॥

स्वेति । हे प्रिये ! निशि रात्रौ, स्वदिशोः निजनिजशयनस्थानयोः, विनिमयेनैव परिवर्त्तनेनैव, मम शयनस्थाने तवागमनेन तव शयनस्थाने मम गमनेन चेत्यर्थः । स्वस्थानपरिवर्त्तनं विना सम्मुखीनयोः शयने पार्श्वपरिवर्त्तने वैमुख्यप्रसङ्गादिति भावः । पार्श्वयोः वामदक्षिणकुक्षयोः विवर्त्तेते शय्यालग्नपार्श्वपरिवर्त्तनेन शयाते यौ तादृशयोः पार्श्वपरिवर्त्तनकारिणोः, आवयोः तव मम च, स्वप्नेषु स्वापकालेषु अपि, अस्तम् उक्तरीत्या निरस्तम्, वैमुख्यं पराङ्मुख्यं यत्र तादृशे, सख्ये मेलने, सौख्यं सुखम्, स्मर चिन्तय ॥ ८४ ॥

(भ्रमवश) अपनी-अपनी दिशाका परिवर्तन होनेसे ही रात्रिमें करवट बदलते हुए हम दोनोंके सोनेमें भी विमुखताहीन मेलन होनेपर (परस्पर हम दोनोंके सम्मुख ही रहनेपर) या होनेवाले सुख (परस्परावलोकनजन्य हर्ष) को स्मरण करो ॥ ८४ ॥

क्षणं प्राप्य सदस्येव नृणां विसृष्टितेक्षणाम् ।
दर्शिताधरमदंशा स्मर यन्मामतर्जयः ॥ ८५ ॥

क्षणमिति । हे प्रिये ! सदसि एव सभायामेव सखीभिरनुष्ठितनृत्यगीतादिसभा-

---

१. 'यत्क्रुधा क्षतम्' इति पाठान्तरम् ।

यामेवेत्यर्थः । नृणां सखीजनानाम् विमनितानि नृत्यगीतादिषु व्यासक्तचित्ततया द्रष्टव्यान्तरदर्शने विमुखीभूतानि इत्यर्थः । विमनांसि कृतानि इति विमनस्शब्दात् 'तत्करोति—'इति ण्यन्तादिष्टवद्भावे टिलोपः, कर्मणि क्तः । ईक्षणानि लोचनानि यस्मिन् तादृशम् , अन्यत्रासक्तजनदृष्टिप्रसरमित्यर्थः । क्षणम् अवसरम् , प्राप्य लब्ध्वा, अन्यथा सखीनां तत्र दृष्टिपातसम्भवात् , दर्शितः दृष्टिविषयीकारितः, अधरे निजनिम्नौष्ठे, मद्दंशो मत्कृतदशनक्षतं यया सा तादृशी सती, यत् माम् अतर्जयः अङ्गुलीनर्त्तनेन भर्त्सितवती, त्वमिति शेषः । तत् स्मर चिन्तय ॥ ८५ ॥

सभा (सब सखियोंकी उपस्थिति) में ही (सखी) लोगोंके (नृत्यादि उत्सव आदि देखनेमें) अन्यासक्त नेत्रके होनेपर (इस समय मेरे व्यापारको कार्यान्तरासक्त दृष्टिवाली ये सखियां नहीं देखती हैं ऐसी भावना होनेसे) अवसर पाकर अपने अधरमें किये गये मेरे दन्तक्षतको दिखानेवाली तुमने जो मुझे (अङ्गुलिसे) तर्जित किया, उसका ध्यान (स्मरण) करो ॥ ८५ ॥

तथावलोक्य लीलाब्जनालभ्रमणविभ्रमात् ।
करौ योजयताऽध्येहि यन्मयाऽसि प्रसादिता ॥ ८६ ॥

तथेति । हे प्रिये ! मया नलेन, तथा पूर्वोक्तरूपं त्वत्कृततर्जनम् , अवलोक्य दृष्ट्वा, लीलाब्जस्य क्रीडापद्मस्य, यत् नालं दण्डम् , तस्य भ्रमणं घूर्णनमेव, विभ्रमः विलासः तस्मात् , तद्व्याजादित्यर्थः । करौ पाणी, योजयता मेलयता, अञ्जलिं बध्नता सता इत्यर्थः । यत् प्रसादिता प्रसन्नीकृता, असि भवसि, तत् अध्येहि स्मर ॥

और उस प्रकार (२०।८५) देखकर, लीला-कमलके नाल (डण्ठल) को घुमानेके विलास (छल) से हाथोंको जोड़ते हुए मैंने जो तुम्हें प्रसन्न किया, उसे तुम स्मरण करो ॥

ताम्बूलदानं संन्यस्तकरजं करपङ्कजे ।
न मम स्मरसि ? प्रायस्तत्र नैव स्मरामि तत् ? ॥ ८७ ॥

ताम्बूलेति । हे प्रिये ! तव करपङ्कजे त्वत्पाणिपद्मे, प्रायः बाहुल्येन, संन्यस्तकरजं विरचितनखाङ्कम् , नखद्वययोगेन कृतमृद्वाघातमित्यर्थः । मम नलस्य, मत्कर्त्तृकमित्यर्थः । ताम्बूलदानं वीटिकार्पणम् , न स्मरसि ? न मनसि करोषि ? तव तेऽपि च, तत् तादृशं करजक्षतपूर्वकं ताम्बूलदानम् , नैव स्मरामि ? न ध्यायामि ? अपि तु स्मराम्येव, उभयत्र काकुः ; उभयमुभावपि स्मराव एवेत्यर्थः ॥ ८७ ॥

जब मैं पानका बीड़ा देता था, तब प्रायः तुम्हारे कर-कमलमें हलका नखक्षत कर देता था, उसे तुम नहीं स्मरण करती ? और मैं भी तुम्हारे उसे (पानका बीड़ा देते समय मेरे हाथमें किये गये मृदु नखक्षतको) नहीं स्मरण करता हूँ ? अर्थात् जिस प्रकार मुझे उसका स्मरण है, उसी प्रकार तुम्हे भी उसका अवश्य स्मरण होना चाहिये] ॥ ८७ ॥

तदध्येहि मृषोद्यं मां हित्वा यच्च गता सखीः।
तत्रापि मे गतस्याग्रे लीलयैवाच्छिनस्तृणम् ॥ ८८ ॥

तदिति। हे प्रिये! मृषोद्यं मिथ्याभाषिणम्, किमपि तव अप्रियकार्यं कृत्वा नाहमेतत् कृतवानिति कथयन्तमित्यर्थः। मां नलम्, हित्वा विहाय, सखीः वयस्याः, सखीसमीपमित्यर्थः। गता प्रयाता, त्वमिति शेषः। तत्रापि सखीसमीपेऽपि गतस्य उपस्थितस्य, मे मम, अग्रे सम्मुखे, लीलया विनोदेन एव, यत् तृणं शुष्कयवसम्, अच्छिनः खण्डितवती। बाला हि अन्योऽन्यविच्छेदसूचकं तृणच्छेदनं कुर्वन्ति, तृणद्वयं यथा विच्छिन्नं जाते तथा आवामपि चिरं विच्छिन्नौ इति ज्ञापनार्थमिति भावः। तत् तादृशं चेष्टितम्, अध्येहि स्मर। अधिपूर्वस्य इकि स्मरणे इति धातोरदादित्वाल्लोटि ह्यादेशः॥ ८८ ॥

(किसी तुम्हारे अप्रिय कार्यको करके 'मैंने यह कार्य नहीं किया' ऐसा कहनेसे) असत्यभाषी मुझको छोड़कर (क्रोधसे) सखियोंके पास गयी हुई तुमने वहां भी पहुंचे हुए मेरे सामने अर्थात् मुझे दिखाकर लीलासे ही तृणको जो तोड़ दिया उसे तुम स्मरण करो। [सखीसमूहने तो 'यह दमयन्ती क्रीडावश ही इस तृणको तोड़ती है, किसी अन्य विशेष अभिप्रायसे नहीं' ऐसा समझा, किन्तु तुमने 'इस तृणके समान हमारा तुम्हारा सम्बन्ध-विच्छेद हो गया' इस आशयसे उस तृणको तोड़ा। परस्परमें विरोध हो जानेपर बालक भी 'आजसे हमारा तुम्हारा कोई सम्बन्ध नहीं रहा' इस प्रकार कहते हुए तृणको तोड़ते हैं, अत एव नववयस्का दमयन्तीका भी वैसा करना उचित ही था॥ ८८ ॥

स्मरसि प्रेयसि! प्रायस्तद्द्वितीयरतासहा।
शुचिरात्रीत्युपालब्धा त्वं मया पिकनादिनी? ॥ ८९ ॥

स्मरसीति। प्रेयसि! प्रियतमे! द्वितीयस्य वारद्वयकृतस्य, रतस्य सुरतस्य, असहा दुर्बलत्वात् अक्षमा, अन्यत्र—अल्पपरिमिततया एकवारसम्भोगेनैव अवसितत्वात् अपर्याप्ता, पिकवत् कोकिलवत् मधुरम्, नदति भाषते इति पिकनादिनी, अन्यत्र—पिकनादः कोकिलध्वनिः अस्ति अस्यामिति पिकनादिनी, त्वं भवती, प्रायः बाहुल्येन, मया नलेन, शुचिरात्री ग्रीष्मरात्री, ग्रीष्मकालिकरात्रिस्वरूपा इत्यर्थः। 'कृदिकारादक्तिनः' इति ङीष्। इति एवम् उक्त्वा, यत् उपालब्धा तिरस्कृता, तत्कल्पाऽसि इत्याक्षिप्ता इत्यर्थः। असीति शेषः। तत् स्मरसि? अध्येषि किम्? ॥ ८९ ॥

हे प्रियतमे! (अल्पवयस्का होनेसे) द्वितीय बार किये गये सुरतको नहीं सहनेवाली तुमको मैंने कोकिल जिसमें बोलती है ऐसी (पक्षा०—पिकके समान मधुरभाषिणी) ग्रीष्मकी रात्रि कहकर उपालम्भ दिया था, यह तुम स्मरण करती हो? [ग्रीष्मकालकी रात्रिमें भी वसन्तकालके आसन्नकालमें ही समाप्त होनेसे कोकिलका बोलनेका वर्णन करना

असङ्गत नहीं है । अथवा—ग्रीष्मकालमें कोकिलका बोलना सर्वथा असङ्गत माननेपर 'अपिक-नादिनी' अर्थात् पिकभिन्न सारिका आदि पक्षी जिस रात्रिमें बोलती हैं ऐसा तथा (पक्षा०—पिकभिन्न सारिकादिके समान बोलनेवाली) ऐसा अर्थ करना चाहिये । अथवा—ग्रीष्मके बाद वर्षा ऋतुके आसन्न होनेसे 'मयापिकनादिनी' 'मया+अपि+कनादिनी' ऐसा पद-त्रयच्छेद करके 'कनादिनी' शब्दका 'जलका नाद (ध्वनि) है जिसमें ऐसी, पक्षा०—जलके समान ध्वनि करने (बोलने) वाली अर्थकर क्रमशः ग्रीष्मरात्रि तथा दमयन्तीका विशेषण मानना चाहिये । प्रकृतमें नलका 'जिस प्रकार [पिकनादिनी, या-अपिकनादिनी या-कनादिनी) ग्रीष्म ऋतुकी रात्रि छोटी होनेसे एक बार रति करनेसे ही समाप्त हो जाती है, उसी प्रकार पिकनादिनी (या-अपिकनादिनी, या-कनादिनी) तुम भी अल्पवयस्का होनेसे एक बार ही रति करनेसे थक जाती हो' ऐसा दमयन्तीको उपालम्भ होना समझना चाहिये] ॥ ८९ ॥

भुञ्जानस्य नवं निम्बं परिवेविषती मधौ ।
सपत्नीष्वपि मे रागं सम्भाव्य स्वरुषः स्मरेः ? ॥ ९० ॥

भुञ्जानस्येति । हे प्रिये ! परिवेविषती परिवेषणं कुर्वती, परिपूर्वात् विषधातोः जुहोत्यादिगणीयात् शतरि रूपम् । त्वमिति शेषः । मधौ वसन्तकाले, नवं प्रत्यग्रम्, अभिनवोत्पन्नत्वात् कोमलमित्यर्थः । निम्बम् अरिष्टपत्रम्, व्यञ्जनीभूतमिति भावः । 'वसन्ते भ्रमणं पथ्यमथवा निम्बभोजनम्' इत्यादि स्मरणात् । भुञ्जानस्य खादतः, मे मम, सपत्नीषु समानपतिकासु अपरासु राज्ञीषु अपि, यद्वा—भुञ्जानस्य अभ्यवहरतः, मे मधौ क्षौद्रे सत्यपि । 'मस्तु-मधु-सीधु-शीधु-सानु-कमण्डलूनि नपुंसके च' इति चकरात् पुंसि चेति पुंल्लिङ्गता । नवं निम्बं पिचुमर्दम्, 'पिचुमर्दश्च निम्ब'इत्यमरः। परिवेविषती ददती, त्वमिति शेषः । सपत्नीषु अपि मे रागम् अनुरागम् , सम्भाव्य कल्पयित्वा, कृता इति शेषः, 'वसन्ते भ्रमणं पथ्यमथवा निम्बभोजनम् । अथवा युवती भार्या अथवा वह्निसेवनम् ॥' इति शास्त्रात् मां वसन्ते निम्बभोजनं कृतवन्तं दृष्ट्वा अन्यास्वपि युवतीभार्यासु अहमुपगता इति सम्भाव्य, अथवा शर्करामोदकादिकं स्वादु द्रव्यं विहाय नितरां तिक्ते यदा अस्य रुचिः, तदा सुरूपामपि मां विहाय अपकृष्टासु मम सपत्नीषु अस्यासक्तिः नासम्भाव्या, लोकानां विभिन्नरुचिमत्त्वादिति भावः । स्वस्य आत्मनः, रुषः रोषान् , स्मरेः ? मनसि कुर्याः किम् ? ॥ ९० ॥

वसन्त ऋतुमें नये नीम (के व्यञ्जन बने हुए कोमल पत्तों) को खाते हुए मेरे अनुरागकी सम्भावना सपत्नी स्त्रियोंमें भी करके बार-बार नीमको ही परोसती हुई तुम अपने क्रोधका स्मरण नहीं करती हो ? (अथवा—परोसती हुई तुम वसन्त ऋतुमें नये नीमको भोजन करते हुए मेरे अनुरागकी सम्भावना सपत्नियोंमें भी करके किये गये अपने क्रोधका स्मरण करती हो क्या ?) । [दमयन्तीने वैसी सम्भावना इस कारण की कि—

'यदि ये स्वादिष्ट उत्तमोत्तम भोजनको छोड़कर कटु नीम खा रहे हैं तो सम्भव है अतिशय सुन्दरी मुझको छोड़कर मेरी अपेक्षा कम सुन्दरी सपत्नियोंमें भी ये अनुराग करते हो।' और ऐसी सम्भावना करके ही क्रोधवश उनके लिए भोजनमें नीम ही परोसती थी। किन्तु वसन्त ऋतुमें नीमके नये कोमल पत्तेको घृतमें तलकर खाना रोगविनाशक होनेके कारण ही नल उसे खाते थे, अतः दमयन्तीका अनुमान असत्य एवं भ्रमपूर्ण था] ॥ ९० ॥

स्मर शार्करमास्वाद्य त्वया राद्धमिति स्तुवन् ।
स्वनिन्दारोषरक्तात्तु यदभैषं तवाधरात् ॥ ९१ ॥

स्मरेति । हे प्रिये ! त्वया भवत्या, राद्धं पक्वम् , निष्पादितमित्यर्थः । शर्करायाः विकारं शार्करं शर्कराकृतं पानकादिकं शर्करामिश्रितं व्यञ्जनविशेषं वा, आस्वाद्य पीत्वा लीढ्वा वा, स्तुवन् एतत् सर्वस्मात् अधिकं स्वादु इति प्रशंसन् , अहमिति शेषः । स्वनिन्दारोषेणैव स्वस्य अधरस्यैव, निन्दया गर्हणेन, अधरस्यापि सर्वान्तर्भूतत्वात् शार्करस्य प्रशंसया अधरस्य निन्दासूचनेनेत्यर्थः । यो रोषः कोपः, अधरस्येति भावः । तेनैव रक्तात् अरुणात् , अरुणीभूतादित्यर्थः । तव अधरात् निम्नौष्ठात् , यत् अभैषं भीतोऽभूवम् , अहम् इति शेषः । ञिभीतेर्लुङ् , मिपि सिचि वृद्धिः सादेशश्च । इति तु तच्च, स्मर चिन्तय ॥ ९१ ॥

शक्करके बनाये गये भोज्य पदार्थका आस्वादनकर (यह तो सब मधुर रसवाले पदार्थोंसे अधिक मधुर है, इसे) तुमने पकाया है क्या ? इस प्रकार प्रशंसा करता हुआ मैं (ये सभी मधुर पदार्थोंसे उत्तम इस शक्करके बने पदार्थको ही बतला रहे हैं, अत एव सब मधुर पदार्थोंके अन्तर्गत ही मेरे अधरको भी होनेसे मेरी (अधरकी) भी ये निन्दा करते हैं, इस भावनासे) अपनी निन्दाके कारण उत्पन्न क्रोधसे लाल हुए तुम्हारे अधरसे जो डर गया, उसे तम स्मरण करो। [क्रोधसे दमयन्तीका अधर स्फुरित होना देखकर नलको [illegible] समझना चाहिये । क्रोधसे मुखादिका रक्तवर्ण होना सर्वानुभवसिद्ध है] ॥ ९१ ॥

मुखादारभ्य नाभ्यन्तं चुम्बं चुम्बं न तृप्तवान्[1] ।
न प्रापं चुम्बितुं यत्ते धन्या तच्चुम्बतु स्मृतिः ॥ ९२ ॥

मुखादिति । हे प्रिये ! मुखात् तव वदनात् , आरभ्य उपक्रम्य, नाभ्यन्तं नाभिपर्यन्तं कुचादिकम् अङ्गम् , चुम्बं चुम्बं पुनः पुनः चुम्बित्वा चुम्बित्वा । आभीक्ष्ण्ये णमुल् । न तृप्तवान् अपूर्णाकाङ्क्षः सन् , ते तव, यत् रतिगृहरूपमङ्गमित्यर्थः । चुम्बितुं चुम्बनं कर्त्तुम् , न प्रापं न अलभिषि, अहमिति शेषः । पाण्यादिना प्रतिबन्धात् लज्जातिशयात् गोपितत्वात् अपापिष्ठनिषेधादिति वा भावः । तत् रतिगृहरूपं तवाङ्गमित्यर्थः । धन्या मया अप्राप्तस्यापि लाभात् भाग्यवती, स्मृतिः तव स्मरणशक्तिः, चुम्बतु स्पृशतु, तव स्मृतिविषयीभवतु इत्यर्थः । अकृतचुम्बनं तदङ्ग

1. 'चुम्बमतृप्तवान्' इति पाठान्तरम् ।

स्मरेति भावः। सार्वभौमस्यापि मे यदङ्गचुम्बने योग्यताभावः, धन्या ते स्मृतिस्तदङ्गं विनैव किञ्चिदपि प्रतिबन्धकं चुम्बितुं समर्था इति स्मृतेर्धन्यत्वं बोद्धव्यमित्याशयः ॥ ९२ ॥

मुखसे लेकर नाभितक (तुम्हारे अङ्गोंका बार-बार) चुम्बनकर (लज्जावश तुम्हारे हाथ या वस्त्रादिसे आच्छादित करनेसे या पुष्पके निषेधसे) जिस अङ्ग (तुम्हारे मदनमन्दिर) को चुम्बन करनेके लिए मैंने नहीं पाया, उसे तुम्हारी धन्य स्मृति चुम्बन करे अर्थात् तुम तात्कालिक उस अवस्थाका स्मरण करो। [सार्वभौम होकर भी जिसे मैं नहीं पा सका, उसे तुम्हारी स्मृति प्राप्त कर रही है, अत एव वह स्मृति धन्य है] ॥ ९२ ॥

कमपि स्मरकेलिं तं स्मर यत्र भवन्निति ।
मया विहितसम्बुद्धिर्व्रीडिता स्मितवत्यसि ॥ ९३ ॥

कमिति। हे प्रिये! कमपि अवाच्यम्, तम् अतिशयेनानन्दप्रदम्, स्मरकेलिं कामक्रीडाम्, विपरीतसुरतमिति भावः। स्मर स्मृतिविषयीभूतं कुरु, यत्र यस्मिन् स्मरकेलौ, यस्मिन् पुरुषायिते त्वयि इति वा, मया हे भवन्! इति एवम्, विहिता पुरुषवत् आचरणात् पुंल्लिङ्गनिर्देशेन कृता, सम्बुद्धिः आमन्त्रणं यस्याः सा तादृशी, त्वमिति शेषः। व्रीडिता लज्जिता। स्मितवती स्वनैपुण्यप्रदर्शनजनितहर्षात् ईषत् हसितवती च, असि भवसि, पुरुषायितत्वात् व्रीडा हर्षात् स्मितम् इति बोध्यम् ॥ ९३ ॥

तुम उस किसी (अनिर्वचनीय) कामक्रीडा अर्थात् विपरीत रतिका स्मरण करो, जिस (कामक्रीडा—विपरीत रति) में (पुरुषायित होनेसे स्त्रीवाचक 'भवति' पदसे सम्बोधित न करके) मेरे द्वारा (पुरुषवाचक) 'भवन्' इस पदसे सम्बोधित तुमने लज्जित होकर मुस्कुरा दिया ॥ ९३ ॥

नीलदा[1]-चिबुकं यत्र मदाक्तेन श्रमाम्बुना ।
स्मर हारमणौ दृष्टं स्वमास्यं तत्क्षणोचितम् ॥ ९४ ॥

नीलदिति। हे प्रिये! यत्र यस्मिन् विपरीतस्मरकेलौ, मदाक्तेन स्वकपोलाङ्कितपत्रभङ्गकस्तूरीचूर्णकलुषितेन। 'मदो रेतसि कस्तूर्याम्' इति विश्वः। श्रमाम्बुना स्वेदोदकेन, आचिबुकम् अधरोष्ठाधःप्रदेशपर्यन्तम्। 'अधस्तात् चिबुकम्' इत्यमरः। नीलत् नीलीभवत्, अत एव सञ्जातश्मश्रुकवत् प्रतीयमानमिति भावः। नील वर्णे इति धातोर्लटः शत्रादेशः[2]। तत्क्षणोचितं तत्कालयोग्यम्, विपरीतकेलौ पुरुषवत् तव उपरि अवस्थानेन कपोलनिर्गलन्मदाक्तघर्मोदकानां द्रवत्वेन निम्नगामित्वाच्च पुरुष-

---

१. 'नीलज्जातश्मश्रु' इति पाठान्तरं दुर्बोधम्।
२. 'नीलद्, आचारक्विबन्ताच्छता' इति 'प्रकाशः'।

योग्यं श्मश्रुलमिवेति भावः । स्वं निजम् , आस्यं मुखम् , हारमणौ हारस्थितरत्न-मध्ये, अधःस्थितस्य ममेति भावः । दृष्टम् अवलोकितम् , स्मर चिन्तय ॥ ९४ ॥

जिस (अनिर्वचनीय कामक्रीडा—विपरीत रति) में कस्तूरीसे युक्त पसीनेसे ठुड्ढीतक नीला होते हुए (अत एव दाढ़ीके केशयुक्त-सा प्रतीयमान) उस समय (अथवा—उत्सव अर्थात् विपरीत रति) के योग्य (अधःस्थित मेरे) हारके मणिमें (प्रतिबिम्बित होनेसे) स्वयं देखे गये अपने मुखका तुम स्मरण करो । [विपरीत रति करते समय जब तुम्हें पसीना आने लगा, तब तुम्हारे कपोलमें कस्तूरीरचित मकरिकादिचिह्नकी कस्तूरी पसीनेसे आर्द्र होकर ठुड्ढीतक फैल गयी, जो उपरिस्थ होनेसे पुरुषायित तुम्हारे लिये उचित था, क्योंकि पुरुषकी दाढ़ीमें कृष्णवर्ण बाल होता ही है; ऐसे अपने मुखको तुमने अधःस्थित मेरे हाररत्नमें देखा था, उसे स्मरण करो] ॥ ९४ ॥

(स्मरं तन्नखमत्रोरौ कस्ते धा (दा) दिति तन्मृषा ।
ह्रीदवतमलुम्पं यद् व्रतं रतपरोक्षणम् ॥ १ ॥)

स्मरेति । अहमत्रास्मिंस्ते तवोरौ को नखमधा (दा)द् दत्तवानिति मृषा असत्य-भाषी सन् ह्रीरेव दैवतं यस्य तत् , अत एव रतस्य परोक्षणं परोक्षकरणं ब्रह्मचर्य-रूपं सुरतप्रतिबन्धकं व्रतं नियमं यदलुम्पं निवर्तितवान् तत्स्मर । परपुरुषसम्बन्ध-शङ्कोत्पादनार्थं मृषाभाषणेन रसान्तरमुत्पाद्य लज्जाकृतं सुरतप्रतिबन्धकमनुयोगं यन्निवर्तितवांस्तत्स्मर । व्रतं सदैवतं भवतीति ह्रीदैवतमित्युक्तम् ॥ १ ॥

'तुम्हारे इस ऊरुमें किसने नखक्षत किया ?' इस प्रकार मिथ्या भाषण करता हुआ मैं लज्जा ही है देवता जिसका ऐसा, रतको परोक्ष करनेवाला अर्थात् ब्रह्मचर्यरूप व्रतको जो तोड़ा, उसे तुम स्मरण करो । [परपुरुषकी शङ्का रतिकालमें ही तुम्हारे मनमें उत्पन्न करनेके लिए मिथ्याभाषणसे जो रसान्तरको पैदाकर लज्जाकृत सुरतबाधक तुम्हारे ब्रह्मचर्य—सुरत नहीं करनेके व्रत (प्रबलेच्छा) को नष्ट किया अर्थात् सुरतकार्यमें प्रवृत्त किया उसे स्मरण करो] ॥ १ ॥

वनकेलौ स्मराश्वत्थदलं भूपतितं प्रति ।
देहि मह्यमुदस्येति मद्गिरा व्रीडिताऽसि यत् ॥ ९५ ॥

वनेति । किञ्च, हे चारुशीले ! वनकेलौ प्रमदवनविहारकाले, भूपतितं वृक्षात् भूतले च्युतम् , अश्वत्थदलम् , अश्वत्थपत्रम् , प्रति उद्दिश्य, उदस्य उद्धृत्य, एतद-श्वत्थपत्रमिति शेषः । मह्यं नलाय, देहि अर्पय, इति उक्तरूपया, मद्गिरा ममोक्त्या, यत् व्रीडिता लज्जिता, असि भवसि, रहस्याङ्गस्य अश्वत्थपत्राकृतितुल्यतया तद्याचने रहस्याङ्गयाचनाभिप्रायज्ञानादिति भावः । तत् स्मर चिन्तय । अत्र सामुद्रिकाः—

१. अयं श्लोकः 'प्रकाश' व्याख्यया सहैवात्र मया निहितः ।

स्मरेति भावः । सार्वभौमस्यापि मे यदङ्गचुम्बने योग्यताभावः, धन्या ते स्मृतिस्तदङ्गं विनैव किञ्चिदपि प्रतिबन्धकं चुम्बितुं समर्था इति स्मृतेर्धन्यत्वं बोद्धव्यमित्याशयः ॥ ९२ ॥

मुखसे लेकर नाभितक (तुम्हारे अङ्गोंका बार-बार) चुम्बनकर (लज्जावश तुम्हारे हाथ या वस्त्रादिसे आच्छादित करनेसे या पुष्पके निषेधसे) जिस अङ्ग (तुम्हारे मदनमन्दिर) को चुम्बन करनेके लिए मैंने नहीं पाया, उसे तुम्हारी धन्य स्मृति चुम्बन करे अर्थात् तुम तात्कालिक उस अवस्थाका स्मरण करो। [सार्वभौम होकर भी जिसे मैं नहीं पा सका, उसे तुम्हारी स्मृति प्राप्त कर रही है, अत एव वह स्मृति धन्य है] ॥ ९२ ॥

कमपि स्मरकेलिं तं स्मर यत्र भवन्निति ।
मया विहितसम्बुद्धिर्व्रीडिता स्मितवत्यसि ॥ ९३ ॥

कमिति । हे प्रिये ! कमपि अवाच्यम्, तम् अतिशयेनानन्दप्रदम्, स्मरकेलिं कामक्रीडाम्, विपरीतसुरतमिति भावः । स्मर स्मृतिविषयीभूतं कुरु, यत्र यस्मिन् स्मरकेलौ, यस्मिन् पुरुषायिते त्वयि इति वा, मया हे भवन् ! इति एवम्, विहिता पुरुषवत् आचरणात् पुंल्लिङ्गनिर्देशेन कृता, सम्बुद्धिः आमन्त्रणं यस्याः सा तादृशी, त्वमिति शेषः । व्रीडिता लज्जिता । स्मितवती स्वनैपुण्यप्रदर्शनजनितहर्षात् ईषत् हसितवती च, असि भवसि, पुरुषायितत्वात् व्रीडा हर्षात् स्मितम् इति बोध्यम् ॥ ९३ ॥

तुम उस किसी (अनिर्वचनीय) कामक्रीडा अर्थात् विपरीत रतिका स्मरण करो, जिस (कामक्रीडा—विपरीत रति) में (पुरुषायित होनेसे स्त्रीवाचक 'भवति' पदसे सम्बोधित न करके) मेरे द्वारा (पुरुषवाचक) 'भवन्' इस पदसे सम्बोधित तुमने लज्जित होकर मुस्कुरा दिया ॥ ९३ ॥

नीलदा-चिबुकं यत्र मदाक्तेन श्रमाम्बुना ।
स्मर हारमणौ दृष्टं स्वमास्यं तत्क्षणोचितम् ॥ ९४ ॥

नीलदिति । हे प्रिये ! यत्र यस्मिन् विपरीतस्मरकेलौ, मदाक्तेन स्वकपोलाङ्कितपत्रभङ्गकस्तूरीचूर्णकलुषितेन । 'मदो रेतसि कस्तूर्याम्' इति विश्वः । श्रमाम्बुना स्वेदोदकेन, आचिबुकम् अधरोष्ठाधःप्रदेशपर्यन्तम् । 'अधस्तात् चिबुकम्' इत्यमरः । नीलत् नीलीभवत्, अत एव सञ्जातश्मश्रुकवत् प्रतीयमानमिति भावः । नील वर्णे इति धातोर्लट् शत्रादेशः[2] । तत्क्षणोचितं तत्कालयोग्यम्, विपरीतकेलौ पुरुषवत् तव उपरि अवस्थानेन कपोलनिर्गलन्मदाक्तघर्मोदकानां द्रवत्वेन निम्नगामित्वाच्च पुरुष-

---

१. 'नीलज्जातश्मश्रु' इति पाठान्तरं दुर्बोधम् ।

२. 'नीलद्, आचारक्विबन्ताच्छता' इति 'प्रकाशः' ।

योग्यं श्मश्रुलमिवेति भावः । स्वं निजम् , आस्यं मुखम् , हारमणौ हारस्थितरत्न-मध्ये, अधःस्थितस्य ममेति भावः । दृष्टम् अवलोकितम् , स्मर चिन्तय ॥ ९४ ॥

जिस (अनिर्वचनीय कामक्रीडा—विपरीत रति) में कस्तूरीसे युक्त पसीनेसे ठुड्ढीतक नीला होते हुए (अत एव दाढ़ीके केशयुक्त-सा प्रतीयमान) उस समय (अथवा—उत्सव अर्थात् विपरीत रति) के योग्य (अधःस्थित मेरे) हारके मणिमें (प्रतिबिम्बित होनेसे) स्वयं देखे गये अपने मुखका तुम स्मरण करो । [विपरीत रति करते समय जब तुम्हें पसीना आने लगा, तब तुम्हारे कपोलमें कस्तूरीरचित मकरिकादिचिह्नकी कस्तूरी पसीनेसे आर्द्र होकर ठुड्ढीतक फैल गयी, जो उपरिस्थ होनेसे पुरुषायित तुम्हारे लिये उचित था, क्योंकि पुरुषकी दाढ़ीमें कृष्णवर्ण बाल होता ही है; ऐसे अपने मुखको तुमने अधःस्थित मेरे हाररत्नमें देखा था, उसे स्मरण करो] ॥ ९४ ॥

(स्मरं तन्नखमत्रोरौ कस्ते धा (दा) दिति तन्मृषा ।
ह्रीदैवतमलुम्पं यद् व्रतं रतपरोक्षणम् ॥ १ ॥)

स्मरेति । अहमत्रास्मिंस्ते तवोरौ को नखमधा(दा)द् दत्तवानिति मृषा असत्य-भाषी सन् ह्रीरेव दैवतं यस्य तत् , अत एव रतस्य परोक्षणं परोक्षकरणं ब्रह्मचर्य-रूपं सुरतप्रतिबन्धकं व्रतं नियमं यदलुम्पं निवर्तितवान् तत्स्मर । परपुरुषसम्बन्ध-शङ्कोत्पादनार्थं मृषाभाषणेन रसान्तरमुत्पाद्य लज्जाकृतं सुरतप्रतिबन्धकमनुयोगं यन्निवर्तितवांस्तत्स्मर । व्रतं सदैवतं भवतीति ह्रीदैवतमित्युक्तम् ॥ १ ॥

'तुम्हारे इस ऊरुमें किसने नखक्षत किया ?' इस प्रकार मिथ्या भाषण करता हुआ मैं लज्जा ही है देवता जिसका ऐसा, रतको परोक्ष करनेवाला अर्थात् ब्रह्मचर्यरूप व्रतको जो तोड़ा, उसे तुम स्मरण करो । [परपुरुषकी शङ्का रतिकालमें ही तुम्हारे मनमें उत्पन्न करनेके लिए मिथ्याभाषणसे जो रसान्तरको पैदाकर लज्जाकृत सुरतबाधक तुम्हारे ब्रह्मचर्य—सुरत नहीं करनेके व्रत (प्रबलेच्छा) को नष्ट किया अर्थात् सुरतकार्यमें प्रवृत्त किया उसे स्मरण करो] ॥ १ ॥

वनकेलौ स्मराश्वत्थदलं भूपतितं प्रति ।
देहि मह्यमुदस्येति मद्गिरा व्रीडिताऽसि यत् ॥ ९५ ॥

वनेति । किञ्च, हे चारुशीले ! वनकेलौ प्रमदवनविहारकाले, भूपतितं वृक्षाद् भूतले च्युतम् , अश्वत्थदलम् , अश्वत्थपत्रम् , प्रति उद्दिश्य, उदस्य उद्धृत्य, एतद-श्वत्थपत्रमिति शेषः । मह्यं नलाय, देहि अर्पय, इति उक्तरूपया, मद्गिरा ममोक्त्या, यत् व्रीडिता लज्जिता, असि भवसि, रहस्याङ्गस्य अश्वत्थपत्राकृतितुल्यतया तद्याचने रहस्याङ्गयाचनाभिप्रायज्ञानादिति भावः । तत् स्मर चिन्तय । अत्र सामुद्रिकाः—

1. अयं श्लोकः 'प्रकाश' व्याख्यया सहैवात्र मया निहितः ।

'अश्वत्थदलसङ्काशं गुह्यं गूढमनिश्रितम् । यस्याः सा सुभगा कन्या पूर्वपुण्यैरवाप्यते ॥' इति ॥ ९५ ॥

उद्यानमें विहारके समय भूमिपर गिरे हुए पीपलके पत्तेको लक्ष्यकर 'इसे उठाकर मुझे दो' ऐसे कहे गये मेरे वचनसे जो तुम लज्जित हुई, उसका स्मरण करो। [पीपलके पत्तेके समान स्त्रीका मदनमन्दिर होनेके कारण नलके परिहासात्मक अभिप्रायको समझकर दमयन्तीका लज्जित होना उचित ही था] ॥ ९५ ॥

इति तस्या रहस्यानि प्रिये शंसति साऽन्तरा ।
पाणिभ्यां पिदधे तस्याः श्रवसी ह्रीवशीकृता ॥ ९६ ॥

इतीति । प्रिये नले; तस्याः भैम्याः, रहस्यानि गुप्तचेष्टितानि, इति इत्थम्, शंसति कथयति सति, सा भैमी, ह्रीवशीकृता लज्जापरवशा सती, अन्तरा कथामध्ये, तस्याः कलायाः, श्रवसी कर्णौ, पाणिभ्यां स्वकराभ्याम्, पिदधे छादयामास । इतोऽधिकं रहस्यं कथयिष्यति चेत् तदनया न श्रोतव्यमिति बुद्ध्येति भावः ॥ ९६ ॥

प्रिय (नल) के इस प्रकार (२०।७४-९५) उस (दमयन्ती) के रहस्यों (एकान्तमें किये गये सुरतवृत्तों) को कहते रहनेपर उस (दमयन्ती) ने बीचमें (नलका कहना पूरा होनेके पहले) ही लज्जाके वशीभूत हो सखी 'कला' के दोनों कानोंको दोनों हाथोंसे बन्द कर दिया। [अब यह इनके कहे हुए अश्रवणीय अत्यन्त गुप्त रहस्योंको भी सुनेगी, इस आशयसे दमयन्तीने 'कला' के दोनों कानोंको अपने दोनों हाथोंसे बन्द कर दिया] ॥

कर्णौ पीडयती सख्या वीक्ष्य नेत्रासितोत्पले ।
अप्यसादयतां भैमी-करकोकनदे नु तौ ? ॥ ९७ ॥

कर्णाविति । सख्याः कलायाः, नेत्रे लोचने एव, असितोत्पले नीलसरोजे, कर्णौ कलाया एव श्रवणयुगलम्, पीडयती अभिभवती, आक्रम्य पीडनं कुर्वतीत्यर्थः । आकर्णविश्रान्ते इति भावः । वीक्ष्य दृष्ट्वा, भैम्याः दमयन्त्याः, करावेव पाणियुगलमेव, कोकनदे रक्तोत्पले अपि । कर्त्तृणी । 'अथ रक्तसरोरुहे रक्तोत्पलं कोकनदम्' इत्यमरः । तौ कर्णौ, असादयतां स्वयमपि समत्सरे एव अपीडयताम्, न किम्? इत्युत्प्रेक्षा ॥ ९७ ॥

सखी 'कला' के दोनों कानोंको (उसीके) दोनों नेत्ररूपी नीलकमल पीडित कर रहे हैं (अत एव सजातीय नेत्ररूपी नीलकमलोंके साथ स्पर्द्धा होनेसे या-उनकी सहायता करनेके लिए) दमयन्तीके दोनों हाथरूपी रक्तकमलोंने भी उन (कलाके दोनों कानों) को पीडित किया क्या ? [कलाके नेत्ररूपी नीलकमलों द्वारा उसीके कानोंको पीडित करना कहनेसे 'कला' के नेत्रद्वय नीलकमलतुल्य एवं कानतक बड़े-बड़े हैं, यह सूचित होता है। सजातीय कलाके नेत्ररूपी नीलकमलोंके साथ दमयन्तीके हस्तद्वयरूपी रक्तकमलोंकी स्पर्द्धा या उनकी सहायता करना उचित ही है] ॥ ९७ ॥

तत्प्रविष्टं सखीकर्णौ पत्युरालपितं ह्रिया।
पिदधाविव वैदर्भी स्वरहस्याभिसन्धिना ॥ ९८ ॥

कर्णपीडने उत्प्रेक्षान्तरमाह—तदिति। वैदर्भी भैमी, सखीकर्णौ कलायाः श्रवणयुगलम्, प्रविष्टं ढौकितम्, पत्युः नलस्य, तत् पूर्वोक्तम्, आलपितं निजरहस्यभाषितम्, ह्रिया लज्जया, स्वरहस्यस्य निजगुप्तव्यापारस्य, अभिसन्धिना निगूहनाभिप्रायेणेव, बहिर्निर्गमननिरोधाभिप्रायेणेवेत्यर्थः। पिदधौ आच्छादयामास, स्वरहस्यगोपनाय इव कर्णपिधानमकरोदित्युत्प्रेक्षा। यथा कश्चित् निजगोपनीयं द्रव्यं लिप्यादिकं वा पेटिकादौ संस्थाप्य तस्य बहिः प्रकाशनिरोधार्थं पिधानेन सुदृढं पिदधाति तद्वदिति भावः ॥ ९८ ॥

दमयन्तीने (सखीके कानोंमें) प्रविष्ट अर्थात कलासे सुने गये पति (नल) के उस कथन (रहस्य वृत्तान्त) को मानो अपने रहस्यके अभिप्रायसे (यह अतिशय रहस्य फिर कानसे बाहर न निकले अर्थात् इसे कोई दूसरा भी सुनकर मालूम न करले, इस आशयसे) सखी 'कला' के दोनों कानोंको बन्द कर लिया है। [लोकमें भी किसी गोप्य वस्तुको किसी बर्तनमें रखकर 'दूसरा कोई इसे मालूम न कर सके' इस अभिप्रायसे उसके ऊपरी भाग (मुख) को जिस प्रकार बन्द कर दिया जाता है उसी प्रकार मानो दमयन्तीने भी कलाके कानरूपी बर्तनमें प्रविष्ट नलका रहस्यवृत्तान्तरूप गुप्त पदार्थको छिपानेके अभिप्रायसे उसे बन्द कर दिया है] ॥ ९८ ॥

तमालोक्य प्रियाकेलिं नले सोल्लु[१]ण्ठहासिनि।
आरात्तत्त्वमबुद्ध्वाऽपि सख्यः सिस्मियिरेऽपराः ॥ ९९ ॥

तमिति। तं पूर्वोक्तम्, प्रियायाः भैम्याः, केलिं सखीकर्णपिधानरूपं विनोदम्, आलोक्य वीक्ष्य, नले नैषधे, सोल्लुण्ठं सपरिहासम्, हसति हास्यं कुर्वतीति तादृशे सति, आरात् दूरात्, अपराः कलेतराः, सख्यः वयस्याः, तत्त्वं यथार्थव्यापारम्, अबुद्ध्वाऽपि अज्ञात्वाऽपि, सिस्मियिरे जहसुः। नलस्य हास्यमात्रदर्शनात् ता अपि हसितवत्य इत्यर्थः। दृश्यते च लोके ईदृशव्यापारो नियतमेव ॥ ९९ ॥

प्रिया (दमयन्ती) की वह केलि ('कला' के कानोंको बन्द करना) देखकर नलके परिहासपूर्वक (या—उच्चस्वरसे) हंसनेपर दूरसे अर्थात् दूर स्थित रहनेसे वास्तविकताको नहीं जानकर भी (नलको हँसता हुआ देखकर ही) दूसरी सखियोंने भी मुस्कुरा दिया। [लोकमें भी किसी एकको हँसते देखकर दूसरे लोग हंसनेके कारणको नहीं जानते हुए भी हंस देते हैं, अत एव दमयन्तीकी दूरस्थ अन्य सखियोंका वैसा करना उचित ही था] ॥

दम्पत्योरुपरि प्रीत्या ता धराप्सरसस्तयोः।
ववृषुः स्मितपुष्पाणि सुरभीणि मुखानिलैः ॥ १०० ॥

---

१. 'सोत्प्रास—' इति पाठान्तरम्।

दम्पत्योरिति । ताः पूर्वोक्ताः, धराप्सरसः भूलोकसुराङ्गनासदृश्यः सख्यः, दम्पत्योः जायापत्योः, तयोः दमयन्तीनलयोः, उपरि प्रीत्या हर्षेण, तयोर्व्यापारदर्शनजनितानन्देनेत्यर्थः । मुखानिलैः निःश्वासमारुतैः, सुरभीणि सुगन्धीनि, स्मितानि एव ईषद्धसितान्येव, पुष्पाणि सितकुसुमानि, कविभिर्हास्यस्य धवलतया कीर्त्तनादिति भावः । ववृषुः सिषिचुः । सख्यस्तौ सस्मितमवलोकयामासुरिति निष्कर्षः ॥ १०० ॥

पृथ्वीकी अप्सराएँ (अप्सराओंके समान सुन्दरी) वे सखियां उन दम्पति (नल तथा दमयन्ती) के ऊपर (उनके व्यापार देखनेसे उत्पन्न) हर्षसे निःश्वाससे सुगन्धित स्मित-रूप पुष्पोंको बरसाया । [जिस प्रकार देवाङ्गनाएँ किसी भाग्यवान् दम्पतिके ऊपर प्रसन्न होकर सुगन्धित पुष्पोंको बरसाती हैं, उसी प्रकार सखियोंने किया । सब सखियाँ नल तथा दमयन्तीको स्मित करती हुई देखने लगी] ॥ १०० ॥

तदास्यहसिताज्जातं स्मितमासामभासत ।
आलोकादिव शीतांशोः कुमुदश्रेणिजृम्भणम् ॥ १०१ ॥

तदिति । तस्य नलस्य, आस्ये वदने, यत् हसितं हास्यं तस्मात् तद्धास्यदर्शनादित्यर्थः । जातम् उत्पन्नम् , आसां सखीनाम् , स्मितं मृदुहास्यम् शीतांशोः चन्द्रस्य, आलोकात् प्रकाशात् , जातमिति शेषः । कुमुदश्रेणीनां कैरवपङ्क्तीनाम् , जृम्भणं विकाश इव, अभासत अशोभत ॥ १०१ ॥

उस (नल) के मुखके हाससे उत्पन्न इन (सखियों) का स्मित चन्द्रमाके देखनेसे कुमुद-समूहके विकासके समान शोभित हुआ । [इससे सखियोंकी अपेक्षा नलका अधिक हंसना सूचित होता है] ॥ १०१ ॥

प्रत्यभिज्ञाय विज्ञाऽथ स्वरं हासविकस्वरम् ।
सख्यास्तासु स्वपक्षायाः कला जातबलाऽजनि ॥ १०२ ॥

प्रत्यभिज्ञायेति । अथ सखीनां हासानन्तरम् , विज्ञा अभिज्ञा, सुचतुरेत्यर्थः । कला कलाख्या सखी, तासु स्मितकारिणीषु सखीषु मध्ये, स्वपक्षायाः स्वसहायायाः, निजसुहृद्भूतायाः इत्यर्थः । 'पक्षो मासार्द्धके पार्ष्णिग्रहे साध्यविरोधयोः । केशादेः परतो वृन्दे बले सखिसहाययोः ॥' इति मेदिनी । सख्याः कस्याश्चित् वयस्यायाः सम्बन्धिनम् , हासेन हास्यशब्देन, विकस्वरं प्रकाशमानम् , स्वरं ध्वनिम् , प्रत्यभिज्ञाय ममैव प्रियसख्याः स्वरोऽयमिति निश्चित्य, जातबला प्राप्तसामर्थ्या, दमयन्तीकरनिरुद्धनिजकर्णमोचने इति भावः । अजनि जाता । जनेः कर्त्तरि लुङ् । 'दीपजन—' इत्यादिना च्लेः चिणि तलुकि रूपम् ॥ १०२ ॥

इस (सखियोंके स्मित करने) के बाद अतिशय चतुरा कला उन सखियोंमें अपने पक्षवाली सखीके हाससे स्फुट स्वरको पहचानकर (अब यह मेरा पक्ष लेगी और मैं

दमयन्तीसे अपने बन्द हुए कानोंको छुड़ा सकूंगी इस अभिप्रायसे) बलयुक्त हो गयी। [लोकमें भी आपद्ग्रस्त कोई व्यक्ति अपने पक्षके व्यक्तिको देखकर आपत्तिसे छूट जानेकी आशासे सबल हो जाता है। दमयन्तीके कोमल हाथोंसे कलाके कान अच्छी तरह नहीं बन्द हुए थे, अतः उसने सखियोंमें-से स्फुट हंसनेवाली अपने पक्षकी सखीके हासको सुनकर उसे पहचान लिया, अथवा—दमयन्तीके हाथोंसे कानोंको बन्द होनेसे पहले ही सुनकर उसे पहचान लिया, ऐसा समझना चाहिये]॥ १०२ ॥

साऽऽहूयोच्चैरथोचे तामेहि स्वर्गेण वञ्चिते ! ।
पिब वाणीः सुधावेणीर्नृपचन्द्रस्य सुन्दरि ! ॥ १०३ ॥

सेति । अथ स्वरप्रत्यभिज्ञानानन्तरम् , सा कला, तां सखीम् , उच्चैः तारम् , आहूय आकार्य, हे स्वर्गेण स्वर्गसुखेन, स्वर्गसुखजनकनलवाक्याश्रवणेनेत्यर्थः । वञ्चिते ! प्रतारिते ! सुन्दरि ! हे सौन्दर्यशालिनि ! एहि आगच्छ, नृपचन्द्रस्य राजेन्दोः सम्बन्धिनीः, वाणीः वाक्यस्वरूपाः, सुधावेणीः अमृतरसप्रवाहान् , पिब स्वद, यथेच्छम् आकर्णय इति यावत् , इति ऊचे कथयामास, स्वर्गे चन्द्रात् निःसृतस्य अमृतस्य तुल्यं राजचन्द्रमुखात् उद्गतं वाक्यसुधाप्रवाहम् अनुभूय स्वर्गसुखमनुभवेत्यर्थः ॥ १०३ ॥

इस (स्वपक्षीया सखीको पहचानकर साहस आ जाने) के बाद उस 'कला' ने उसे (स्वपक्षीया सखीको) ऊँचे स्वरसे बुलाकर कहा—(दूरस्थ होनेके कारण) हे स्वर्गसे वञ्चित सुन्दरी ! आओ नृपचन्द्र (नल) के अमृतप्रवाहरूपी वचनोंका पान करो अर्थात् इनके अमृततुल्य कर्णमधुर वचनोंको सुनो ॥ १०३ ॥

साऽश्रृणोत्तस्य वाग्भागमनत्यासत्तिमत्यपि ।
कल्पग्रामाल्पनिर्घोषं बदरीव कृशोदरी ॥ १०४ ॥

सेति । कृशोदरी क्षीणमध्या, सा आहूता सखी, अनत्यासत्तिमती अपि ईषद्दूरस्था अपि, तस्य नलस्य, वाग्भागं ततः परं कथितं वाक्यांशम् , कल्पग्रामस्य बदरिसमीपवर्त्तिनः कल्पाख्यस्य ग्रामस्य, अल्पनिर्घोषं मन्दध्वनिम् , किञ्चिद्दूरत्वादनुच्चकलरवमित्यर्थः । बदरी इव बदरिकाश्रमस्थलोकसमूह इव, अश्रृणोत् आकर्णयत् । सन्निकृष्टेषु ग्रामेषु यथा परस्परमालापाः श्रूयन्ते तद्वदश्रौषीदित्यर्थः ॥ १०४ ॥

इस (कलाके पुकारने) के बाद कुछ दूरपर स्थित भी कृशोदरी उस (कलाकी सखी) ने उस (नल) के वाक्यांश (अवशिष्ट वाक्य) को उस प्रकार सुना, जिस प्रकार थोड़ी दूरपर स्थित स्वल्पजनयुक्त बदरिकाश्रमके लोग 'कल्पग्राम' (या—कल्पनामक ग्राम) के जनरवको सुनते हैं। ['बदरिकाश्रमवासी लोग थोड़ी दूरपर स्थित 'कल्पग्राम' के मुनियोंकी कलकल ध्वनि सुनते हैं' ऐसी वहाँके तीर्थवासी लोगोंमें प्रसिद्धि है] ॥ १०४ ॥

अथ स्वपृष्ठनिष्ठायाः शृण्वत्या नैषधाभिधाः ।
नलमौलिमणौ तस्या भावमाकलयत् कला ॥ १०५ ॥

अथेति । अथ सख्याह्वानानन्तरम् , कला तन्नामसखी, स्वपृष्ठनिष्ठायाः निजपश्चाद्भागस्थितायाः, कर्णपिधानार्थं कलाया एव पश्चाद्देशे अवस्थितायाः सत्याः इत्यर्थः । नैषधस्य नलस्य, अभिधीयन्ते इत्यभिधाः वचनानि । 'आतश्चोपसर्गे' इति अङ्प्रत्ययः । शृण्वत्याः आकर्णयन्त्याः, तस्याः, भैम्याः, भावं कोपादिचेष्टाम्, नलस्य नैषधस्य, मौलिमणौ मुकुटस्थरत्ने, आकलयत् अपश्यत् । पुरोवर्त्तितया तत्र तस्याः प्रतिफलनादिति भावः ॥ १०५ ॥

इस (सखीको बुलाने, या—सखीद्वारा नलोक्त शेष वाक्यको सुनने) के बाद 'कला'ने अपने पीछे स्थित हुई तथा नलके (अवशिष्ट) बातको सुनती हुई उस (दमयन्ती) की चेष्टा (नलोक्त अवशिष्ट बातको सुननेसे उत्पन्न हुए क्रोधादि भाव) को (अपने सामने बैठे हुए) नलके मुकुटमें जड़े हुए रत्नोंमें (प्रतिबिम्बित होनेसे) देखा, (किन्तु नलोक्त अवशिष्ट वचनको अपना कान दमयन्तीके हाथोंसे बन्द रहनेके कारण सुना नहीं) ॥ १०५ ॥

प्रतिबिम्बेक्षितैः सख्या मुखाकूतैः कृतानुमा ।
तद्व्रीडाद्यनुकुर्वाणा शृण्वती चान्वमायि सा ॥ १०६ ॥

प्रतीति । सा कला, प्रतिबिम्बे नलमौलिमणिगतसखीप्रतिच्छायायाम् , ईक्षितैः दृष्टैः, सख्याः भैम्याः, मुखाकूतैः लज्जारोषादिव्यञ्जकवदनभङ्गिभिः लिङ्गैः, कृतानुमा इदमिदमयं वक्तीति विहितानुमाना, दमयन्तीकर्त्तृककर्णपिधानेन श्रवणासामर्थ्यादिति भावः । अत एव तस्याः दमयन्त्याः, व्रीडादि लज्जास्मितादिभावम् , अनुकुर्वाणा अनुकरणशीला सती, दमयन्त्यनुकरणेन स्वयमपि तादृशभावं प्रकटयन्ती सतीत्यर्थः । 'ताच्छील्यवयोवचनशक्तिषु' इति ताच्छील्ये चानश् , अन्यथा 'अनुपराभ्यां कृञः' इति परस्मैपदप्रसङ्गात् । शृण्वती इव साक्षादाकर्णयन्ती इव, कर्णयोः पिहितयोरपि नलवचनं स्पष्टं शृण्वती इवेत्यर्थः । अन्वमायि अनुमिता, नलदमयन्तीभ्यामिति शेषः ॥ १०६ ॥

(सामने बैठे हुए नलके मुकुटमणिके) प्रतिबिम्बमें देखे गये उस (दमयन्ती) के मुखके भावों (नलोक्त शेष रहस्यको सुननेसे उत्पन्न हास क्रोधादि चेष्टाओं) से अनुमान करके उस (दमयन्ती) की लज्जा आदिका अनुकरण करती हुई उस (कला) को (नल तथा दमयन्तीने नलोक्त अवशिष्ट वचनको) सुनती हुई-सी समझा । [यद्यपि अपने कानोंको बन्द किये जानेसे कलाने नलोक्त शेष बातको नहीं सुना, किन्तु उसको सुनकर की गयी पृष्ठस्थ दमयन्तीकी चेष्टाओंको सम्मुखस्थ नलमुकुट रत्नमें देखकर वैसा ही अनुकरण करने लगी, जिससे नल तथा दमयन्तीने अनुमान किया कि यह कला कान बन्द करनेपर भी नलोक्त वचनको सुन रही है] ॥ १०६ ॥

कारङ्कारं तथाऽऽकारमूचे साऽश्रृणवन्तमाम् ।
मिथ्या वेत्थ गिरश्चेत्तद्व्यर्था: स्युर्मम देवताः ॥ १०७ ॥

कारङ्कारमिति । सा कला, तथाऽऽकारं पूर्वोक्तरूपमनुकरणमित्यर्थः, कारं कारं कृत्वा कृत्वा । आभीक्ष्ण्ये णमुल् । अश्रृणवन्तमां भवदुक्तं सर्वमतिशयेनाकर्णयम् , अहमिति शेषः । श्रृणोतेर्लङि मिपो मादेशः, 'किमेत्तिङव्ययघात्—' इत्यामुप्रत्ययः । इति ऊचे कथयामास, चेत् यदि, गिरः अश्रृणवन्तमाम् इति वाचः, मिथ्या अनृतम्, वेत्थ जानासि, मन्यसे इत्यर्थः । तत् तदा, मम मे, देवताः उपास्यदेवताः, व्यर्थाः विफलाः, विफलोपासनाः इत्यर्थः । विशिष्टार्था इत्यपि निगूढार्थो गम्यते, विशिष्टार्थसाधिका इत्यर्थः । स्युः भवेयुः ॥ १०७ ॥

वैसे अनुकरणको बार-बार करके कलाने कहा कि (मैंने नलके कहे हुए अवशिष्ट रहस्य वृत्तान्तोंको भी) सम्यक् प्रकारसे सुन लिया, यदि (तुम मेरी) बातको असत्य जानती हो तो मेरे देव व्यर्थ (निष्फल, पक्षा०—विशिष्ट अर्थवाले अर्थात् विशेष कार्यसाधक) होवें ॥ १०७ ॥

मत्कर्णभूषणानान्तु राजन् ! निबिडपीडनात् ।
व्यथिष्यमाणपाणिस्ते निषेद्धुमुचिता प्रिया ॥ १०८ ॥

मदिति । तु किन्तु, राजन् ! हे महाराज ! मत्कर्णभूषणानां मम श्रवणालङ्काराणाम्, निबिडपीडनात् दृढभावेन धारणात् , कर्णपिधानार्थमिति भावः । व्यथिष्यमाणपाणिः तोत्स्यमानकरा, ते तव, प्रिया कान्ता भैमी, निषेद्धुं कर्णपिधानात् निवारयितुम् , उचिता कर्त्तव्या, मया युवयोः रहस्यस्य सर्वस्यापि श्रुतत्वात् कर्णपिधानस्य स्वपाणिपीडनादतिरिक्तफलं नास्तीति भावः ॥ १०८ ॥

हे राजन् ! मेरे कानके भूषणोंसे (विशेष दबनेके कारण भविष्यमें) व्यथायुक्त होनेवाले हैं हाथ जिसके ऐसी अपनी प्रिया (दमयन्ती) को आप निषेध करें । [आपकी प्रिया दमयन्तीके द्वारा कानोंके बन्द करनेपर भी मैंने जब आपकी अवशिष्ट बातोंको सुन ही लिया, अतः मेरे कानोंको सुकुमार हाथों से अधिक विलम्ब तक बन्द करनेके कारण उनमें पीड़ा होने लगेगी, इस वास्ते आपको उचित है कि निष्फल एवं दुःखान्त कार्य करनेवाली अपनी प्रियाको रोकें] ॥ १०८ ॥

इति सा मोचयाञ्चक्रे कर्णौ सख्याः करग्रहात् ।
पत्युराश्रवतां यान्त्या मुधाऽऽयासनिषेधिनः ॥ १०९ ॥

इतीति । सा कला, इति इत्थम् , एवंविधवचनकौशलेनेत्यर्थः । मुधाऽऽयासं वृथाक्लेशम् , निषेधति निवारयति, कलया सर्वस्यैव वृत्तान्तस्य यथावत् श्रवणात् मिथ्या कर्णावरणपरिश्रमं मा कुर्विति वारयतीति तादृशस्येत्यर्थः । पत्युः नलस्य, आश्रवतां वाक्यकारित्वम् , 'वचने स्थित आश्रवः' इत्यमरः । यान्त्याः प्राप्नुवत्याः,

भर्तुरादेशात् कर्णौ त्यजन्त्या इत्यर्थः । सख्याः भैम्याः, करग्रहात् हस्ताभ्यां धारणात्, कर्णौ निजश्रवणद्वयम् , मोचयाञ्चक्रे मोचितवती ॥ १०९ ॥

उस 'कला' ने ऐसा (२०।१०७-१०८ कहकर) निरर्थक परिश्रमसे निषेध करनेवाले पति (नल) का कहना माननेवाली सखी (दमयन्ती) के करग्रहण (हाथोंसे बन्द करने) से अपने कानोंको छुड़ा लिया । ['जब कान बन्द करनेपर भी यह कला मेरी बातें सुन ही रही है, तब भविष्यमें हस्तपीडाजनक ऐसा काम करना छोड़ दो' ऐसा नलके वचनको मानकर दमयन्तीने कलाके कानोंको छोड़ दिया] ॥ १०९ ॥

श्रुतिसंरोधजध्वानसन्ततिच्छेदतालताम् ।
जगाम झटिति त्यागस्वनस्तत्कर्णयोस्ततः ॥ ११० ॥

श्रुतीति । ततः कर्णमोचनानन्तरम् , तस्याः कलायाः, कर्णयोः श्रवणयोः, झटिति सहसा, त्यागेन मोचनेन, यः स्वनः शब्दः, श्रुतिविवरं प्रविष्टः बाह्यशब्द इत्यर्थः । श्रुतिसंरोधेन कर्णावरणेन, जातायाः उत्पन्नायाः, ध्वानसन्ततेः 'धुम् धुम्' इत्यादि-रूपध्वनिपरम्परायाः छेदे विरामे, तालतां गीतादिक्रियासमापनकालिकमानरूपताम् , जगाम प्राप । बाह्यशब्देन आभ्यन्तरध्वनिर्निवृत्त इत्यर्थः । एतत्तु सर्वेषामेवानुभव-सिद्धमिति बोद्धव्यम् ॥ ११० ॥

उस (दमयन्तीसे कानोंको छुड़ाने) के बाद (अथवा—बढ़ा हुआ), उस 'कला' के कानोंको अतिशीघ्र अर्थात् सहसा छोड़नेसे उत्पन्न ध्वनि (कर्णविवरोंमें प्रविष्ट बाह्य शब्द) कानोंके बन्द करनेसे उत्पन्न ध्वनि-समूहके विराम अर्थात् बादमें तालभाव [गीत आदिकी क्रियाके समान प्रमाणता) को प्राप्त किया । [कानोंको बहुत विलम्बतक बन्द रखकर सहसा छोड़नेके बाद उसमें प्रविष्ट हुआ बाह्य ध्वनि गानेके तालके समान कलाको मालूम पड़ा] ॥ ११० ॥

साऽपसृत्य कियद् दूरं मुमुदे सिष्मिये ततः ।
इदं ताञ्च सखीमेत्य ययाचे काकुभिः कला ॥ १११ ॥

सेति । ततः मुक्तिप्राप्तेरनन्तरं सा कला तन्नामसखी, कियत् किञ्चित् , दूरं विप्रकृष्टदेशम् , अपसृत्य गत्वा मुमुदे जहर्ष, निजकौशलस्य साफल्यदर्शनादिति भावः । अत एव सिष्मिये च मन्दं जहास च, किञ्च, ताम् आहूतां स्वपक्षीयाम् , सखीं वयस्याम् , एत्य आगत्य, काकुभिः अनुनयसूचकविकृतस्वरैः, इदं वक्ष्यमाणं, ययाचे च प्रार्थयामास च ॥ १११ ॥

इस (कानोंमें सहसा प्रविष्ट ध्वनिको गानेके तालके समान ज्ञात होने) के बाद वह 'कला' (दमयन्तीके पाससे) कुछ दूर हटकर हर्षित हुई तथा मुस्कुरायी और उस (बुलायी गयी स्वपक्षीया सखी) के पास जाकर काकु (दीनतासूचक विकृत स्वर) से यह याचना की ।

अभिधास्ये रहस्यं तद् यदश्रावि मयाऽनयोः ।
वर्णयाकर्णितं मह्यमेह्यालि विनिमीयताम् ॥ ११२ ॥

किं ययाचे इत्याह—अभीति । आलि ! हे सखि ! एहि आगच्छ, अनयोः भैमीनलयोः सम्बन्धि, यद् रहस्यं गोपनीयव्यापारः, मया अश्रावि कर्णरोधात् प्राक् श्रुतम्, तत् अभिधास्ये कथयिष्यामि, तुभ्यमिति शेषः । आकर्णितं त्वया श्रुतञ्च, रहस्यमिति शेषः । मह्यं कलायै, वर्णय कथय, त्वमिति शेषः । विनिमीयतां परस्परं श्रुतवृत्तान्तस्य विनिमयः क्रियताम्, आवाभ्यामिति शेषः ॥ ११२ ॥

'हे सखि ! मैंने इन दोनों (नल तथा दमयन्ती) के जिस (रहस्य—सुरतकालिक गोप्य वृत्तान्त) को सुना है, वह रहस्य (तुमसे) कहूंगी, (तथा- तुमने मेरे कान बन्द होनेके बाद इन दोनोंका जो रहस्य) सुना है उसे (मुझसे) कहो, इस प्रकार हम दोनों मिलकर इनके रहस्योंको परिवर्तित (अदलाबदली) कर लें' ॥ ११२ ॥

वयस्याऽभ्यर्थनेनास्याः प्राक्कूटश्रुतिनाटने ।
विस्मितौ कुरुतः स्मैतौ दम्पती कम्पितं शिरः ॥ ११३ ॥

वयस्येति । वयस्यायाः स्वपक्षभूतायाः सख्याः, अभ्यर्थनेन प्रार्थनेन, 'वर्णयाऽऽकर्णितं मह्यम्' इत्युक्तरूपेण श्रुतवृत्तान्तस्य विनिमयप्रार्थनया इत्यर्थः । अस्याः कलायाः, प्राक् पूर्वम्, कर्णपिधानावस्थायामित्यर्थः, कूटे मिथ्यैव कृते, श्रुतिनाटने मया सर्वं श्रुतमिति भावव्यञ्जने, विस्मितौ आश्चर्यान्वितौ, दम्पती जायापती, एतौ भैमीनलौ, शिरः स्वस्वमस्तकम्, कम्पितं चालितम्, कुरुतः स्म मृदु मृदु शिरश्चालनं चक्रतुरिति विस्मयभावोक्तिः ॥ ११३

सखीसे याचना (२०।११२) करनेसे इस 'कला' के पहले झूठे ही (नलोक्त अवशिष्ट वाक्यांशको) सुनने का अभिनय करनेमें आश्चर्यित ये दम्पति (नल तथा दमयन्ती) शिरः-कम्पन करने लगे । ['इस कलाने मैंने नलोक्त शेष वाक्यांशको अच्छी तरह सुन लिया' कहकर हम दोनोंको ही विशेषरूपसे वञ्चित कर दिया, इस आश्चर्यान्वित अभिप्रायसे शिरको कम्पित करने लगे । आश्चर्यित व्यक्तिका शिर कँपाना स्वभाव होता है] ॥ ११३ ॥

तथाऽऽलिमालपन्तीं तामभ्यधान्निषधाधिपः ।
आस्स्व तद्वञ्चितौ स्वश्चेन्मिथ्याशपथसाहसात् ॥ ११४ ॥

तथेति । निषधाधिपः नलः, आलिम् आहूतस्वपक्षसखीम्, तथा तेन प्रकारेण 'वर्णयाकर्णितं मह्यम्' इत्युक्तप्रकारेणेत्यर्थः । आलपन्तीं सम्भाषमाणाम्, तां कलाम्, अभ्यधात्, अवोचत्, किम् इति ? हे धूर्त्ते ! मिथ्याशपथसाहसात् 'व्यर्थाः स्युर्मम देवताः' इति कृत्वा अनृतशपनमेव साहसम् अविचारितकारित्वं तस्मात् हेतोः,

---

१. '—मेह्येहि' इति पाठान्तरम् ।

चेत् यदि, वञ्चितौ प्रतारितौ, स्वः भवावः आवामिति शेषः । तत् तर्हि, आस्स्व तिष्ठ, एतदर्थं त्वां यथोचितं दण्डयामि क्व गमिष्यसीति भावः ॥ ११४ ॥

निषधराज (नल) ने सखीसे उस प्रकार (२०।११२) कहती हुई उस 'कला' से कहा—'मिथ्या शपथ लेनेके साहस (२०।१०७) से यदि हम दोनोंको तुमने वञ्चित किया है तो ठहरो अर्थात् मिथ्या शपथसे वञ्चित करनेसे हम दोनों तुम्हें दण्डित करेंगे' ॥ ११४ ॥

प्रत्यलापीत् कलाऽपीमं कलङ्कः शङ्कितः कुतः ? ।
प्रियापरिजनोक्तस्य[1] त्वयैवाद्य मृषोद्यता ॥ ११५ ॥

प्रत्यलापीदिति । कला अपि तन्नामसखी अपि, इमं नलम् , प्रत्यलापीत् प्रत्यवोचत् । लपेर्लुङि 'अतो हलादेर्लघोः' इति निषेधविकल्पात् सिचि वृद्धिः । हे राजन् ! त्वया भवता, अद्य एव अस्मिन्नेव दिवसे, न तु इतः पूर्वं कदाऽपीति भावः । प्रियायाः भैम्याः परिजनेन सखीजनेन, उक्तस्य कथितस्य वचनस्य, मृषोद्यता मिथ्यावादित्वम् । 'राजसूयसूर्यमृषोद्य—' इत्यादिना मृषापूर्वाद्वदेः क्यबन्तो निपातः । अनृतवादितारूप इत्यर्थः । कलङ्कः अपवादः, कुतः कथम् , शङ्कितः सम्भावितः ? भवत्प्रियायाः सदा सत्यवादित्वात् तत्परिजनानामस्माकमपि मिथ्यावादित्वं न सम्भवति इति भावः । वृत्तस्यापि रात्रिव्यापारस्य न वृत्तमिति अपलापवत् अस्माकमपि तत्परिजनानां तथा व्यवहारः न दुष्यतीति तु निगूढतात्पर्यम् ॥ ११५ ॥

'कला' ने भी उस (नल) को प्रत्युत्तर दिया कि—(हे राजन् !) आप आज ही (दूसरे किसी दिन नहीं) प्रिया (दमयन्ती) के परिजनों (सखी—मुझ 'कला') के कथनकी असत्यभाषितारूप कलङ्ककी क्यों शङ्का कर रहे हैं । [सत्यवादिनी दमयन्तीके परिजनोंके भाषणमें असत्य भाषणरूप कलङ्क होनेका सन्देह आपको नहीं करना चाहिये, क्योंकि रात्रिमें किये गये सुरतको आपकी प्रिया एवं हमारी स्वामिनी दमयन्ती नहीं हुआ बतला रही है, अत एव परिजनको स्वाम्यनुकूल बर्ताव करना ही उचित होनेसे मेरा यह व्यवहार भी आपको सदोष नहीं मानना चाहिये] ॥ ११५ ॥

सत्यं खलु तदाऽश्रौषं परं घुंमुघुमारवम्[2] ।
शृणोमीत्येव चावोचं न तु त्वद्वाचमित्यपि ॥ ११६ ॥

सत्यमिति । अथवा तदा पूर्वोक्तशपथात् पूर्वं कर्णरोधसमये, परं केवलम् , घुमुघुमारवं 'घुम् घुम्' इत्येवमाभ्यन्तरिकं शब्दम् , सत्यं खलु सत्यमेव, अश्रौषम् आकर्णितवती, अहमिति शेषः । च किञ्च, शृणोमीत्येव 'अशृणवन्तमाम्' इत्यनेन श्रवणमात्रमेव, अवोचम् अकथयम् , अपि तु परन्तु त्वद्वाचं भवदीयवाक्यम् , अशृणवन्तमामिति शेषः, इति न, अवोचमित्यनेनान्वयः । यस्मात् शृणोमीत्युक्तं, तस्मान्नात्र मृषोद्यतादोषः, शब्दश्रवणस्य सत्यत्वादिति भावः ॥ ११६ ॥

---

1. 'प्रियापरिजनस्योक्तौ' इति पाठान्तरम् । 2. 'गुमुगुमा'—इति पाठान्तरम् ।

(प्रकारान्तरसे कला अपने वचनकी सत्यता प्रमाणित करती है—अथवा—) उस (कान बन्द रहनेके) समय सचमुच ही मैंने सुना था, किन्तु 'धुम्, धुम्' ध्वनिको ही सुना था और मैंने 'सुनती हूँ' यही कहा था, (किन्तु) 'तुम्हारे वचनको भी (सुनती हूँ)' यह नहीं कहा था। [अत एव ध्वनिमात्रका सुननेके अभिप्रायसे मेरा वैसा कहना सदोष नहीं मानना चाहिये]॥ ११६ ॥

शोक इति । सुदति ! हे शोभनदन्ते दमयन्ति ! कोकयोः चक्रवाकयोः, शोकः विरहजनितशुक् , त्वां भवतीम् , तुदति पीडयति, चेत् यदि, तत् तदा, व्याहर ब्रूहि, ते तव, आज्ञाकरः आदेशपालकः, अहमिति शेषः । कुल्यां क्षुद्रकृत्रिमसरितम् , गत्वा प्राप्य, एतस्याः कुल्यायाः, जलस्थं जले प्रतिबिम्बितम् , भानुं सूर्यम् , अनस्तम् अस्तगमनाभावम् , व्रजितुं प्राप्तुम् , अस्ताचलगमनाभिप्रायं परित्यक्तुमित्यर्थः । अनुनये विनयेन अभ्यर्थये, त्वयि अस्तमिते कोकयोरन्योऽन्यं वियोगः अवश्यम्भावी, अतो नास्तं व्रज इति सविनयं प्रार्थये इत्यर्थः । यदि चेत् , मया नलेन, अञ्जलौ करद्वयसंयोगे, बद्धे कृतेऽपि, एकः एकमात्रः, ग्रहः अभिनिवेशः यस्य सः तादृशः एकग्रहः एकमात्रविषये दृढनिर्बन्धपरः, निजनिर्बन्धापरित्यागीत्यर्थः । चन्द्रा-

दिषु मुख्यग्रहम्। 'निर्बन्धोपरागार्कादयो ग्रहाः' इत्यमरः। अयं भानुः, अनुनयविमुखः विनीतप्रार्थनायामपि पराङ्मुखः, स्यात् भवेत्, एकग्रहत्वात् मम प्रार्थनामगणयित्वा यदि अस्तमेव व्रजेदित्यर्थः। तत् तर्हि, इह अस्मिन् सायंकाले, अम्भसः जलस्य, अञ्जलिं गण्डूषम्, आभ्यां कोकाभ्यामेव, दत्त्वा प्रदाय, अनुनयाग्राहिणे सूर्याय न दत्त्वा कोकाभ्यामेव क्षिप्त्वा इत्यर्थः। भवतीं त्वां प्रति, एष्यमाणं पुनः प्रत्यागमिष्यन्तम्। ईङ् गतावित्यस्य लृटः शानचि रूपम्। मां नलम्, पश्य अवलोकय। सायंसन्ध्योपासनानिमित्तं भङ्ग्या बहिर्गमनाभ्यनुज्ञां याचितवान् इति भावः॥ १४७॥

हे सुदति! यदि चकवा-चकईका (भावी विरहसे उत्पन्न) शोक तुम्हें पीडित करता है, तो कहो, तुम्हारा आज्ञाकारी मैं क्रीडानदी (नहर) को जाकर इसके जलमें स्थित (प्रतिबिम्बित) सूर्यको अस्त नहीं होनेके लिए प्रार्थना करूं (कि आपके अस्त होनेसे चकवा-चकईको विरहजन्य दुःख होगा और उससे मेरी प्रिया दमयन्ती भी दुखित होगी, अत एव आप अस्त न होवें, या पुनः उदयाचलकी ओर लौट चलें); और यदि मेरे हाथ जोड़ने पर भी एक ग्रह (अत्यन्त आग्रही-महाहठी, पक्षा०—मुख्य चन्द्रादि नवग्रहोंमें प्रधान ये सूर्य) मेरी प्रार्थनाके विमुख होते हैं अर्थात् महाहठी होनेसे मेरी प्रार्थना पर ध्यान नहीं देकर यदि अस्त ही होते हैं तो उस (सूर्यके लिए दी जानेवाली) जलाञ्जलिको इन दोनों (चकवा-चकई) के लिए ही देकर तुम्हारे पास आनेवाले मुझे तुम देखो। [इस व्याजसे नल सन्ध्योपासनके लिए जानेकी अनुमति दमयन्तीसे मांगते हैं। 'सुदति' कहनेसे जब तुम बोलोगी, तब तुम्हारे सुन्दर दांतोंको देखनेसे मुझे अतिशय हर्ष होगा, यह भी नलने सूचित किया है]॥ १४७॥

तदानन्दाय त्वत्परिहसितकन्दाय भवती
निजालीनां लीनां स्थितिमिह मुहूर्त्तं मृगयताम्।
इति व्याजात् कृत्वाऽऽलिषु वलितचित्तां सहचरीं
स्वयं सोऽयं सायन्तनविधिविधित्सुर्बहिरभूत्॥ १४८॥

तदिति। हे दमयन्ति! तत् तस्मात्, तथा सूर्यानुनयस्य प्रयोजनीयत्वादित्यर्थः। भवती त्वम्, त्वत्परिहसितं तव परिहास एव, कन्दः मूलं यस्य तादृशाय, आनन्दाय प्रीत्यै, परिहासानन्दं कर्त्तुमित्यर्थः। इह प्रासादे एव, निजानाम् आत्मीयानाम्, आलीनां सखीनाम्, लीनां क्वचित् गूढाम्, स्थितिम् अवस्थानम्, मुहूर्त्तं कञ्चित् कालम्, मृगयताम् अन्विष्यतु, इति एवम्, व्याजात् छलात्, सहचरीं दमयन्तीम्, आलिषु विषये, वलितचित्ताम् आसक्तमनस्काम्, कृत्वा विधाय, सः अयं नलः, स्वयम् आत्मना, सायन्तनं विधिं सायंसन्ध्याऽग्निहोत्रादिकृत्यम्, विधित्सुः विधातुमिच्छुः सन्, बहिः तस्मात् प्रासादात् निर्गतः, अभूत्॥ १४८॥

'इस (सूर्यकी प्रार्थना किये जानेके) कारणसे तुम्हारे परिहासके मूल (अथवा—तुम्हारे परिहासके मूल उन (सखियों) के) आनन्दके लिए तुम यहीं पर छिपी हुई अपनी अपनी सखियोंको मुहूर्त्ततक खोजो' इस प्रकार व्याज (छल) से दमयन्तीको अपनी सखियोंके विषयमें आसक्त (या—चञ्चल) चित्तवाली करके सायङ्कालकी विधि (सन्ध्योपासनादि कर्म) करनेके इच्छुक नल (प्रासादसे) बाहर हो गये ॥ १४८ ॥

श्रीहर्षं कविराजराजिमुकुटालङ्कारहीरः सुतं
श्रीहीरः सुषुवे जितेन्द्रियचयं मामल्लदेवी च यम् ।
तस्यागादयमेकविंशगणनः काव्येऽतिनव्ये कृतौ
भैमीभर्तृचरित्रवर्णनमये सर्गो निसर्गोज्ज्वलः ॥ १४९ ॥

श्रीहर्षमिति । भैमीभर्तुः नलस्य, यत् चरित्रं शीलम्, तद्वर्णनमये तत्कथनात्मके, काव्ये नव्ये नूतने, अत्र अस्मिन्, श्रीहर्षस्य कृतौ, एकविंशतिः गणना यस्य सः तादृशः अयं सर्गः अगात् समाप्तिं गतः । गतमन्यत् ॥ १४९ ॥

इति मल्लिनाथकृते 'जीवातु' समाख्यान एकविंशः सर्गः समाप्तः ॥ २१ ॥

कवीश्वर-समूहके......किया, उसके, दमयन्ती-पति (नल) के प्रचुर चरित्रवाले अत्यन्त नवीन रचनावाले काव्य ('नैषधचरित' नामक महाकाव्य) में स्वभावतः...यह इक्कीसवां सर्ग समाप्त हुआ । (शेष व्याख्या चतुर्थसर्गवत् समझनी चाहिये) ॥ १४९ ॥

यह 'मणिप्रभा' टीकामें 'नैषधचरित' का इक्कीसवां सर्ग समाप्त हुआ ॥ २१ ॥

द्वाविंशः सर्गः ।

इदानीं पूर्वसर्गान्तरप्रस्तावितं सायंकालं वर्णयिष्यन् कविर्द्वाविंशं सर्गमुपक्रमते—

उपास्य सांध्यं विधिमन्तिमाशारागेण कान्ताधरचुम्बिचेताः ।
अवाप्तवान् सप्तमभूमिभागे भैमीधरं सौधमसौ धरेन्द्रः ॥ १ ॥

उपास्येति । असौ धरेन्द्रो नलः सायंसंध्याप्रान्तभवेनान्तिमाशायाः प्रतीच्या आशाया दिशो रागेण रक्तवर्णेन हेतुना कान्ताया अधरचुम्बि अधरोष्ठस्मारि चेतो यस्य तादृशः संध्यारागसदृशभैम्यधरस्मारी सन् वह्निरहासहिष्णुतया बहिरवस्थातुमशक्तो यत्र सा विद्यते तं सप्तमे भूमिभागे कक्षायां स्थितं भैम्याः धरं पर्वतरूपं सौधं हर्म्यं प्रासादस्य सप्तमीमुपकारिकामवाप्तवान् । किं कृत्वा ? सांध्यं संध्यासंबन्धिनं संध्याजपादिविधिमुपास्य कृत्वा ॥ १ ॥

इस राजा (नल) ने सन्ध्याकालिक विधिको पूर्णकर पश्चिम दिशाकी लालिमासे प्रिया (दमयन्ती) के अधरका स्मरण करते हुए, दमयन्तीके प्रासादके सातवें तल (सतमहला) को प्राप्त किया ॥ १ ॥

प्रत्युद्व्रजन्त्या प्रियया विमुक्तं पर्यङ्कमङ्कस्थितसज्जशय्यम् ।
अध्यास्य तामप्यधिवास्य सोऽयं संध्यामुपश्लोकयति स्म सायम् ॥२॥

प्रतीति । सोऽयं नलः सायंकालसंबन्धिनीं 'सन्ध्या रात्रिदिनसम्बन्धिनं मुहूर्त्तं' भैम्याः पुर उपश्लोकयति स्म श्लोकैः स्तौति स्म । किं कृत्वा ? प्रत्युद्व्रजन्त्या सम्मुखमागच्छन्त्या प्रियया विमुक्तम् । अङ्के मध्ये स्थिता सज्जा आस्तृता शय्या तूलिका यत्र तं पर्यङ्कमध्यास्य स्वयमधिष्ठाय तां भैमीमप्यधिवास्य तत्रोपवेश्य । पर्यङ्कम्, 'अधिशीङ्—' इति कर्मत्वम् । अधिवास्य, ण्यन्ताद्वसतेर्ल्यप् । तस्य धात्वन्तरत्वात् 'उपान्वध्याङ्वसः' इति कर्मत्वाप्राप्तेस्तामधिवास्येत्यत्र सामर्थ्यात्तत्रैवेति ज्ञेयम् । उपश्लोकयति, 'सत्यापपाश—' इति णिच् । स्मयोगे भूते लट् ॥ २ ॥

ये (नल) अगवानी करती हुई प्रिया (दमयन्ती) से छोड़े गये तथा गद्दा बिछाये हुए पलंगपर स्वयं बैठकर और उस (दमयन्ती) को भी बैठाकर सायंकालकी सन्ध्याका वर्णन श्लोकों द्वारा करने लगे ॥ २ ॥

विलोकनेनानुगृहाण तावद्दिशं जलानामधिपस्य दारान् ।
अकालि लाक्षापयसेव येयमपूरि पङ्कैरिव कुङ्कुमस्य ॥ ३ ॥

विलोकनेनेति । हे प्रिये ! त्वं जलानामधिपस्य वरुणस्य दारान् भार्यां पश्चिमां दिशं विलोकनेनानुगृहाण कृतार्थीकुरु, तावदादौ विलोकनेनानुगृहाण, वर्णनया तु पश्चादित्यर्थः । यावच्चन्द्रोदयादिना प्राच्यां रामणीयकं भवति तावत्संध्यारागेण कृतरामणीयकां पश्चिमां दिशं विलोकयेति वा 'तावत्'शब्दार्थः । जलाधिपस्य च भार्या

दुःखिता विलोकनादिनाऽनुग्रहीतुमर्हा भवतीत्युक्तिः। येयं पश्चिमा दिक् लाक्षापयसा· लक्तकरसेन कृत्वा केनाप्यक्षालीव क्षालितेव। तथा-कुङ्कुमस्य पङ्कैः कृत्वा केनाप्यपूरीव पूरितेव। एवंविधा रक्ता दृश्यते, यतस्तस्माद्रमणीयामेतां विलोकयेत्यर्थः ॥ ३ ॥

'(हे प्रिये !) जलाधिप (वरुण) की स्त्रीरूपिणी दिशा अर्थात् पश्चिम दिशाको अच्छी तरह देखनेसे अनुगृहीत करो (अथवा—पहले देखनेसे और बादमें वर्णन करनेसे अनुगृहीत करो, अथवा—तबतक देखनेसे अनुगृहीत करो, जब तक चन्द्रोदय होनेसे इसकी अरुणिमाका सौन्दर्य नष्ट नहीं होता); जिस (पश्चिम दिशा) को (किसीने) लाक्षारससे मानो धो दिया है तथा कुङ्कुमके पङ्कोंसे परिपूर्ण कर दिया है। (पक्षा०—'ड' तथा 'ल' का अभेद मानकर 'जडाधिप' अर्थात् अतिशय जडकी स्त्रीको देखनेसे अनुगृहीत करो, क्योंकि अतिशय जडकी स्त्रीको देखकर अनुगृहीत करना उचित है) ॥ ३ ॥

उच्चैस्तरादम्बरशैलमौलेश्च्युतो रविर्गैरिकगण्डशैलः ।
तस्यैव पातेन विचूर्णितस्य संध्यारजोराजिरिहोज्जिहीते ॥ ४ ॥

उच्चैरिति। हे प्रिये ! रविरेव गैरिकाख्यधातुविशेषसम्बन्धी गण्डशैलः उच्चतरा· दत्युन्नतादम्बरशैलस्य गगनगिरेर्मौलेः शिखरात्सकाशाच्च्युतः पतितः स्थूलपाषाण एवाधः पतितः, अथ च,—संनिहितः, पातेनोच्चतरगिरिशिखरादधःपतनेन हेतुना विचूर्णितस्य विशेषेण सूक्ष्मचूर्णीकृतस्य तस्यैव गैरिकगण्डशैलस्य संबन्धिनी संध्यैव रजोराजिः, संध्यासंबन्धी राग इत्यर्थः। इह सायंकाले पश्चिमदिशि वा उज्जिहीते उपरिष्टात्प्रसरति। अस्तसमये सूर्यस्य रक्तत्वाद्गगनगिरिशिखराच्च्युतत्वाच्च गैरिक· गण्डशैलत्वम्। उच्चतरात्प्रदेशात्पतितो गण्डशैलश्चूर्णीभवति, चूर्णीभूतस्य च रजो· राजिरूर्ध्वं प्रसरति, तद्रजोराजिरेव संध्यारागः प्रायेणोर्ध्वं प्रसरतीत्यर्थः ॥ ४ ॥

गेरूका चट्टानरूपी यह सूर्य अत्यन्त ऊँचे आकाशरूपी पर्वतके शिखरसे गिर पड़ा है और गिरनेसे अत्यन्त चूर्ण (चकनाचूर) हुए उसीका सन्ध्यारूपी धूलि-समूह यहाँ (पश्चिम दिशामें) उड़ रहा है। [सायङ्कालमें सूर्यको रक्तवर्ण होनेसे गेरुके चट्टानकी तथा आकाशकी अत्युन्नत पर्वतकी कल्पना की गयी है। ऊँचे स्थानसे गिरे हुए चट्टानका चकनाचूर होना और उसके धूलि-समूहका ऊपरको उड़ना उचित ही है] ॥ ४ ॥

अस्ताद्रिचूडालयपक्कणालिच्छेकस्य किं कुक्कुटपेटकस्य ।
यामान्तकूजोल्लसितैः शिखौघैर्दिग्वारुणी द्रागरुणीकृतेयम् ॥ ५ ॥

अस्तेति। हे प्रिये ! कुक्कुटानां पेटकस्य समूहस्य यामान्ते प्रहरान्ते या कूजा शब्दितं तद्वशादुल्लसितैः प्रकाशमानैः किंचिदुच्चीभूतैरुत्फुल्लजपाकुसुमतुल्यैः शिखानां शिरसि रक्तचर्ममयकेसराणामोघवृन्दैः किमियं वारुणी दिक् द्राक् अकस्मादरुणीकृता रक्तीकृता। उत्प्रेक्षा। किंभूतस्य ? अस्ताद्रेश्चूडा शिखरं सैवालयः स्थानं यस्य स पक्कणः शबरगृहं तस्यालिः समूहस्तत्र च्छेकस्यासक्तस्य शबरैर्गृहेषु संगृहीतस्य। कुक्कु

टानां कूजनेनोन्नमितशिखरत्वं जातिः। ते च यामान्ते कूजन्ति। सायंसमये कूजनाकुक्कुटशिखावृन्दसंबन्धादरुणीभवनसंभवार्थं यामान्तेत्याद्युक्तम्। 'पक्कणः शबरालयः' 'गृहासक्ताः परिमृगाश्छेकास्ते गृहकाश्च ते' इत्यमरः। 'पेटकं पुस्तकादीनां मञ्जूषायां कदम्बके' इति विश्वः॥ ५॥

अस्ताचलके शिखरपर स्थित शबर-गृहसमूहोंमें पाले गये मुर्गोंके समूहोंके सायङ्कालमें कूजने (शब्द करने) से ऊपर उठे हुए (चर्ममय रक्तवर्ण) शिखा-समूहोंने इस पश्चिम दिशाको एकाएक लाल कर दिया है क्या? [बोलते समय मुर्गोंका ऊपर शिर उठाना स्वभाव होता है]॥ ५॥

पश्य द्रुतास्तंगतसूर्यनिर्यत्करावलीहैङ्गुलवेत्रयात्र।
निषिध्यमानाहनि संध्ययापि रात्रिप्रतीहारपदेऽधिकारम्॥ ६॥

पश्येति। संध्यया अत्र सायंसमये चन्द्रस्य नायिकाया रात्रेः संबन्धिनः प्रतीहारस्य दौवारिकस्य पदे अधिकारमास्पदमपि पश्य विलोकय। किंभूतया? द्रुतं शीघ्रमस्तंगतस्य सूर्यस्य निर्यती बहिर्निर्गच्छन्ती करावली किरणपरम्परैव हैङ्गुलं हिङ्गुलाख्येन रञ्जकरक्तद्रव्यविशेषेण रक्तं वेत्रं दण्डविशेषो यस्यास्तया। किंभूते पदे? निषिध्यमानं निवार्यमाणप्रवेशमहो दिनं यस्मिन्। स्त्रिया हि दौवारिकी स्त्र्येव युक्तेति संध्यैव रात्रेर्दौवारिकी जातेत्यर्थः। सूर्योऽस्तमितः, दिनं गतम्; रात्रिरागता, इति सायंसंध्यया ज्ञाप्यत इति भावः। दौवारिक्यपि हैङ्गुलवेत्रपाणिः सती प्रविशन्तं कमपि प्रतिषेधयति। 'तिर्यक्करा—' इति तिर्यञ्चस्तिरःप्रसारिणश्च ते कराश्चेति। अहनीत्यत्र तत्पुरुषत्वाभावाट्टजभावः॥ ६॥

शीघ्र (अभी) अस्त हुए सूर्यसे निकलते हुए किरण-समूहरूपी हिङ्गुलसे रंगे हुए बेंत (की छड़ी) वाली सन्ध्या के द्वारा रोका जा रहा है दिन जिसमें, [illegible] पदपर अधिकारको देखो। [स्त्रीका द्वारपाल स्त्रीको ही होना उचित [illegible] द्वारपाल बनाया है, तथा लालरंगकी छड़ीवाली वह सन्ध्या दिन[illegible] नायिका रात्रिके पास आनेसे निषेध करती हुई अपना अधिकार पा[illegible] सूर्यास्त हो गया, दिन बीत गया, रात आ गयी, यह सब सायङ्कालकी सन्ध्या[illegible] रहा है]॥ ६॥

इदानीं संध्यानक्षत्रसंयोगं वर्णयति—

महानटः किं नु सभानुरागे संध्याय संध्यां कुनटीमपीशाम्।
तनोति तन्वा वियतापि तारश्रेणिस्रजा सांप्रतमङ्ग! हारम्॥ ७॥

महानट इति। अङ्ग! हे भैमि! महान् संध्योपासनादिविषयेऽतिप्रशस्तः, तथा,—नटति गच्छतीत्येवंभूतः कालः स प्रकृतः सायंतनः, यद्वा,—महान्परमेश्वरो नटो नर्तको यस्मिन्। संध्याकाले ईश्वरो नृत्यति। स प्रकृतः सायंसंध्यासमयो भाविः

सूर्यस्य रागे लोहितिमनि सति अस्तमयानन्तरं सूर्यस्य रागमात्रेऽवशिष्टे सति संध्याकान्ति किंचित्पीतरक्तवर्णत्वात्कुनटीं 'नेपाली कुनटी गोला' इत्याद्यभिधानात् मनःशिलारूपाम् , तथा,—ईशामपि स्वकालस्वामिनीं च; अथ च,—पितृप्रसूरूपत्वाद् ब्रह्मतनुत्वाद् देवतारूपाम् , अथ च,—समृद्धिमतीं सन्ध्याय सम्यग्विचिन्त्य सांप्रतमिदानीं तन्वा किंचिदुद्धततया संध्यारागतिरोहितकान्तितया वा कृशया किंचिदृश्यया । तथा,—वियतापि गगनरूपया लक्षणया यावद्गगनं विस्तीर्णया, यद्वा,—आ सामस्त्येन व्याप्तं वियद्यया गगनव्यापिन्या च, तारश्रेण्या नक्षत्रपरम्परारूपया स्रजा पुष्पादिमालया हारं तनोति विरचयति किं नु । यद्वा,—ताराणां शुद्धमौक्तिकानां श्रेणिर्यत्र तादृश्या ग्रथितमौक्तिकया मालया हारविरचनं युक्तमिति संध्याकालः संध्यामेवंविधां संचिन्त्य नक्षत्रपरम्परामेव हारं विरचयति किमित्यर्थः । संध्यारागः कियानवशिष्टोऽस्ति, मुक्तातुल्यानि नक्षत्राणि च किंचिद्दृश्यानि जातानीति भावः । तन्वा तारश्रेणिस्रजोपलक्षितेन तद्युक्तेन वियता गगने नवहारं तनोतीति वा । संध्यामेवंविधां विज्ञाय तूष्णींभूत इति न किंत्वौचित्याद्विशिष्टया तारश्रेणिस्रजा हारमपि विरचयतीत्यर्थं इति वा 'अपि'शब्दार्थः । अथ च,—स प्रसिद्धो महानटस्ताण्डवनृत्तकर्ता शिवो भानोः सूर्यस्य रागे सति, अस्तमितार्धे सूर्ये सतीति यावत् । तत्र संध्यासमये मनःशिलातुल्यवर्णामचिरस्थायित्वात्कुत्सितनर्तकीरूपां वा ईशां देवीं संध्यां सम्बध्यात्वा सायंसंध्यावन्दनं कृत्वाऽष्टासु मूर्तिषु मध्ये तारापरम्परैव माला यस्यां तया गगनरूपयापि अमूर्तयापि मूर्त्या कृत्वा इदानीं संध्यावन्दनानन्तरमङ्गहारं मुखकरपार्श्वाद्यङ्गानां समतालमानं विक्षेपं करोति किंस्विदिति वितर्कः । अमूर्तस्याङ्गहारकरणं चित्रमिति विरोधार्थः 'अपि'शब्दः । न केवलं चन्द्रसर्पभोगादिभूषितयैव तन्वाङ्गहारं करोति, किन्तु वियतापि तन्वेति समुच्चयार्थो वा । ईश्वरो हि सायंसमये नृत्यति । भानुरागे मनःशिलातुल्यवर्णां संध्यामपीशां स्वसहचरीं पार्वतीं विचिन्त्य विशिष्टया वियद्रूपयापि तन्वाङ्गहारं तनोति । पार्वतीसमीपेऽपीश्वरो नृत्यति ॥ अथ च,—महानतिप्रवीणो नटः कुत्सितां नटीं नृत्तेऽनतिचतुरामपि संध्यां वयःसंधौ वर्तमानां तरुणीं रसभावसंधौ वर्तमानां वा रसभावज्ञाम्, अत एव—सभाया अनुरागे ईशां सभ्यानुरागजनेन समर्थां संचिन्त्य वियत्तुल्ययाऽतिविशालया शुद्धमौक्तिकपरम्परारूपया मालयोपलक्षितया तन्वाङ्गहारं तनोति तदसांप्रतं किम् ? अपि तु—रसभावादि जनयन्त्या तया सभ्यानुरागे समुत्पादितेऽपि नृत्तकर्मकौशलेनापि सभ्यानुरागार्थं स्वयमङ्गहारं तनोतीति युक्तमेवेत्यर्थः ॥ अथ च,—महानर्तको वयःसंधौ रसादिसंधौ वा वर्तमानां तथा समृद्धिमतीमपि स्त्रियं कुत्सितां नटीं नृत्तानभिज्ञां ज्ञात्वा सभानुरागे निमित्ते विशिष्टया तन्वा स्वयमङ्गहारं तनोति तदसांप्रतं किं नु, अपि तु तस्या नृत्यकौशलाभावान्नृत्तेन सभानुरञ्जने सामर्थ्याभावात्सभानुरञ्जनार्थं स्वयमेव निपुणं नृत्यतीति युक्तमेवेत्यर्थः ॥ अथ च,—अन्योऽपि महानतिसमृ-

ञ्छोऽटति सर्वत्र गच्छति तादृशोऽतिचञ्चलोऽतिप्रसिद्धो विटः कुनटीमपि नृत्तविद्याया-मचतुरामपि अथा कायकान्त्या कृत्वा योऽनुरागस्तद्विषये ईशां सौन्दर्यातिशयेनैव रागमुत्पादयन्तीम्, तथा-शैशवतारुण्ययोः संधौ वर्तमानां प्रादुर्भूतयौवनां रसभाव-संधिस्थत्वाद्रसभावज्ञां वा संचिन्त्य कायकान्त्यानुरागे सति कुनटीमपि तरुणीं रस-भावज्ञां वा तथेशां संपन्नां च विचिन्त्य तदीयशरीरस्यातिविस्तृततया शुद्धमौक्तिक-मालया हारं विरचयति, तत्रानुरक्तः संस्तस्यै मुक्ताहारं वितरतीत्यर्थः। एवमन्या अपि योजनाः सुधियोहनीयाः। 'समानुरागैः संधाय' इति पाठो बहुषु पुस्तकेष्व-दृष्टत्वादुपेक्ष्यः। अटः, पचाद्यच्। संध्याम्, दिगादित्वाद्यत्। 'तार'शब्दस्य नक्षत्र-कनीनिकाभिधायित्वं दशमसर्ग एवोक्तम् ॥ ७ ॥

(इस समय सन्ध्या तथा नक्षत्रोंके योगका वर्णन करते हैं—) वे महानट (नृत्य करनेमें सुप्रसिद्ध शिवजी) मैनसिलरूपिणी अर्थात् मैनसिलके समान लाल सन्ध्या (साय-ङ्काल) को सूर्यकी लालिमा (उत्पन्न करने) में समर्थ जानकर अर्थात् सूर्यको लाल करने-वाली यह सन्ध्याकाल ही आ गया है ऐसा निश्चितकर तारासमूह ही है माला जिसमें ऐसे आकाशात्मक शरीरसे इस समय (नृत्त-कालमें) अङ्गहार (शरीरका सञ्चालनादि) करते हैं क्या? [यहां आठ मूर्तियोंवाले शिवजीकी 'आकाश' को भी अन्यतम मूर्ति होनेसे उसका अङ्गहार करना कहा गया है। यद्यपि 'आकाश' अमूर्तपदार्थ है, तथापि शिवजीकी आठ मूर्तियोंके अन्तर्गत होनेसे उससे अङ्गहार करनेमें कोई विरोध नहीं समझना चाहिये]। अथ च—नृत्यमें चतुर कोई व्यक्ति बाल्य-तारुण्यरूप अवस्थाकी सन्धि (मध्य) में वर्तमान कुनटी (नृत्यकलामें अनभिज्ञ) को भी सभा (में उपस्थित दर्शकों) के अनुराग (उत्पन्न करने) में समर्थ मानकर विशाल मुक्तासमूहकी मालावाले आकाशवत् विशाल शरीरसे इस समय अङ्गहार (नृत्य-विशेषमें शरीरका सञ्चालन) करता है क्या? अथच—महान् अर्थात् सन्ध्योपासनादि कर्ममें श्रेष्ठतम तथा गमनशील (अथवा—(सन्ध्या-कालमें शिवजीको नृत्य करनेका नियम होनेसे) महान् अर्थात् शिवजी हैं नट (नृत्यकर्ता जिसमें ऐसा) वह सन्ध्याकाल सूर्यकी लालिमा होनेपर अर्थात् सूर्यकी कालिमाके कुछ-कुछ अवशिष्ट रहनेपर सन्ध्याशोभाको मैनसिलरूपिणी, अपने समयकी स्वामिनी (या—देवतारूपिणी, या—समृद्धिशालिनी) निश्चितकर थोड़ी-थोड़ी दृश्यमान, आकाशतक फैली हुई (अथवा—सब ओर आकाशमें विस्तीर्ण) नक्षत्र-श्रेणिरूपिणी मालासे हार बनता है क्या? (अथवा—गुथे गये शुद्ध मोतियोंकी मालासे हार बनाना युक्त समझकर सन्ध्या-काल नक्षत्र-समूहरूपी हार बना रहा है क्या?, अर्थात् सन्ध्याकालकी लालिमा कुछ-कुछ अवशिष्ट रह गयी है और नक्षत्र-समूह मोतियोंके तुल्य कुछ-कुछ दृष्टिगोचर होने लगे)। अथच—वह (प्रसिद्धतम) महानट (शिवजी) सूर्यकी लालिमा रहनेपर मैनसिलके समान अरुणवर्ण (अथवा—(अस्थिर कान्ति होनेसे तुच्छ नर्तकीके समान) सन्ध्याका सम्यक् ध्यानकर अर्थात् सन्ध्योपासन कर्म समाप्तकर (अपनी आठ मूर्तियोंमेंसे) तारा-समूहरूप

मालावाली आकाशरूपिणी (अमूर्त भी) मूर्तिसे इस समय (सन्ध्योपासन कर्म समाप्त करनेके बाद) अङ्गहार (मुख, हाथ आदि अङ्गोंका सञ्चालन) करते हैं क्या ? । (अथवा— केवल चन्द्र, सर्प तथा चर्मादिसे भूषित शरीरसे ही अङ्गहार नहीं करते हैं ? अपितु अपनी आठ मूर्तियोंमेंसे आकाशमूर्तिसे भी अङ्गहार करते हैं)। अथच—चतुर नट बाल्य-तारुण्यरूप वयः-सन्धि (या—रसादि-सन्धि) में स्थित, समृद्धियुक्त भी स्त्रीको नृत्यकलामें अनभिज्ञ जानकर सभाके अनुरागमें विशिष्ट (अपने) शरीरसे अङ्गहार करता है, यह असाम्प्रत (अयोग्य) है क्या ? अर्थात् नहीं, (क्योंकि नृत्यकलाको नहीं जाननेवाली वैसे कुनटीसे समानुरञ्जन होना असम्भव जानकर उसका स्वयमेव अङ्गहार करना सर्वथा उचित ही है)। अथच—अतिशय चञ्चल (कोई विट) नृत्यकलामें अचतुर भी किसी स्त्रीको शरीर-सौन्दर्यसे अनुरागोत्पादनमें समर्थ तथा बाल्य-तारुण्यरूप वयः-सन्धिमें वर्तमान अर्थात् युवावस्थामें प्रवेश करती हुई जानकर उसके शरीरके अतिशय विस्तृत होनेसे श्रेष्ठ मुक्ता-समूहकी मालासे हार बनाता है अर्थात् उसमें अनुरक्त होकर उसे हार देता है। अथच—चतुर नर्तक, बाल्य-तारुण्यरूप वयः-सन्धिमें वर्तमान कुनटी (पृथ्वीमें प्रसिद्ध नटी) अर्थात् लोकप्रसिद्ध नर्तकीको सभाके अनुराग उत्पन्न करनेमें समर्थ जानकर भी अतिशय बड़े श्रेष्ठमुक्तासमूहकी मालाको पहने हुए स्वशरीरसे जो अङ्गहार करता है, वह उचित है क्या ? अर्थात् नहीं उचित है, (क्योंकि नर्तकीके नृत्यके अवसरमें उसका नृत्य करना सभासदोंको यथायोग्य अनुरञ्जन नहीं करनेसे अनुचित ही है) ॥ ७ ॥

भूषास्थिदाम्नस्त्रुटितस्य नाट्यात्पश्योडुकोटीकपटं वहद्भिः ।
दिङ्मण्डलं मण्डयतीह खण्डैः सायंनटस्तारकराट्किरीटः ॥ ८ ॥

भूषेति। हे भैमि ! तारकराट् चन्द्रः किरीटो यस्य स शंभुः सायं नटतीति सायंनटो नर्तक उद्धताक्षाट्यनृत्ताद्धेतोस्त्रुटितस्य भूषास्थ्नां दाम्नो मालाया उच्छलितैः खण्डैः शकलैस्तैरेव उडुकोटीकपटं कोटिसंख्यनक्षत्रव्याजं वहद्भिर्धारयद्भिः सद्भिरिह सायंसमये दिङ्मण्डलं मण्डयति पश्य। एतानि नक्षत्राणि न, किंतु ताण्डवत्रुटितास्थिमालोच्छलच्छकलान्येव दिक्षु शोभन्त इत्यर्थः। अन्योऽपि चन्द्रतुल्यकिरीटो नृत्यंस्त्रुटितहारखण्डैः स्त्रीवृन्दं मण्डयति। 'मण्डयतीव' इति पाठे—उत्प्रेक्षा ॥ ८ ॥

(हे प्रिये दमयन्ति !) चन्द्रमुकुट एवं सायङ्कालके नट शिवजी (अत्युद्धत) नृत्य करनेसे टूटे हुए तथा करोड़ों ताराओंके कपटको धारण करनेवाले भूषणभूत अस्थिमालाके टुकड़ोंसे इस सायङ्कालमें दिक्समूहको अलङ्कृत करते हैं, देखो। [ये करोड़ों नक्षत्र नहीं है, किन्तु उद्धृत ताण्डव नृत्यमें टूटी हुई शिवजीकी भूषणभूत अस्थिमालाके टुकड़े हैं। लोकमें भी चन्द्रतुल्य मुकुट पहनकर नाचता हुआ कोई व्यक्ति टूटे हुए हारके टुकड़ोंसे स्त्री-समूहको अलंकृत करता है] ॥ ८ ॥

कालः किरातः स्फुटपद्मकस्य वधं व्यधाद्यस्य दिनद्विपस्य ।
तस्यैव संध्या रुचिरास्रधारा ताराश्च कुम्भस्थलमौक्तिकानि ॥ ९ ॥

काल इति । हे प्रिये ! कालः संध्यासमय एव किरातः, अथ च,—कृष्णवर्णो हिंसकत्वान्मृत्युरूपो वा कालो गिरिमहारण्यसंचारी शबरः स्फुटानि विकसितानि पद्मानि यस्मिन्। यद्वा,—विकसितकमलं कं जलं यस्मिन्, अथ च,—प्रकटीभूतं शुण्डादण्डाग्रे प्रकाशमानं पद्मकं रक्तबिन्दुवृन्दं यस्मिंस्तादृशस्य दिनरूपस्य द्विपस्य वधं व्यधादकरोत्। तस्यैव हतस्य करिणो रुचिरा रम्या संध्यास्रधारा रुधिरधारा। स्थूलमुक्ता इव शोभन्त इत्यर्थः। स्फुटपद्मकस्येति बहुव्रीहौ कप् ॥ ९ ॥

सन्ध्यासमय (पक्षा०—मृत्युरूप, या-कृष्णवर्ण) किरात विकसित कमलवाले (जिसमें कमल-पुष्प विकसित हो रहे थे ऐसे, या—जिसमें कमल-पुष्प विकसित हो रहे थे ऐसा जल है जिसमें ऐसे; पक्षा०—(शुण्डादण्डपर) स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रहे थे पद्माकार चिह्न-विशेष जिसके ऐसे) जिस दिनरूपी हाथीका बध किया (दिनका अपसारण किया तथा हाथीको मारा); सन्ध्या (अरुणवर्ण यह सायङ्काल) उसी दिनरूपी हाथीकी रमणीय रक्त-धारा है तथा नक्षत्र (उस दिनरूपी हाथीके कुम्भस्थ) गजमुक्ताएं हैं ॥ ९ ॥

संध्यासरागः ककुभो विभागः शिवाविवाहे विभुनायमेव ।
दिग्वाससा पूर्वमवैमि पुष्पसिन्दूरिकापर्वणि पर्यधायि ॥ १० ॥

संध्येति। विभुना प्रभुणा हरेण पूर्वं शिवायाः पार्वत्या विवाहावसरे संध्यया सरागो रक्तवर्णोऽयमेव ककुभः पश्चिमाशाया विभागः प्रदेशः पुष्पवर्णयुक्ता सिन्दूरिका रक्तवस्त्रं तत्संबन्धिनि तद्योगात् पुष्पसिन्दूरिकाख्ये पर्वण्युत्सवे पर्यधायि परिहितः। यतो दिग्वलयमेव वासो यस्य तेन रक्तवस्त्रपरिधानावसरेऽपि दिग्वाससा औचित्याद्रक्तदिग्भाग एव परिहित इत्यवैमि शङ्के। विवाहस्य चतुर्थे दिने प्रथमादिनपरिहितानि वस्त्राणि प्रक्षालनार्थं परित्यज्य पुष्पसिन्दूरिकाख्यपर्वणि कौसुम्भादिरक्तवस्त्राणि वधूवरेण परिधीयन्त इति वृद्धाचारः। तत्रेशस्य दिग्वसनत्वाद्रक्तपश्चिमभाग एवानेन परिहित इत्यर्थः। वर्णकभूतपुष्पस्थाने ताराः, सिन्दूरिकास्थाने संध्यासरागः पश्चिमदिग्भाग इति भावः ॥ १० ॥

स्वामी दिगम्बर (भगवान् शङ्करजी) ने पहले पार्वतीके विवाहमें 'पुष्पसिन्दूरिका' नामक उत्सवके दिन सन्ध्यासे रक्तवर्ण इसी दिशाके हिस्से (पश्चिम दिशा) को पहना था, ऐसा मैं जानता हूँ। [कुसुम्भादिके पुष्प तथा सिन्दूरसे रंगे हुए वस्त्रको वधू-वर विवाहसे चौथे दिन पहनते तथा विवाह-समयमें पहने गये वस्त्रको धोनेके लिए उतार देते हैं, उसीको 'पुष्पसिन्दूरिका' पर्व कहते हैं। प्रकृतमें भगवान् शङ्करजीने पार्वतीके साथ विवाह होनेके चौथे दिन उक्त पर्वके आनेपर स्वयं दिगम्बर होनेसे मानो पुष्पसिन्दूरसे रंगनेसे

रक्तवर्ण इसी पश्चिम दिशाको वस्त्ररूपमें धारण किया। ताराओंको रंगनेवाला पुष्प, सन्ध्या की लालिमाको सिन्दूर तथा पश्चिम दिशाके हिस्सेको वस्त्र समझना चाहिये]॥ १० ॥

प्रातःसायंसंध्ययोः प्राचीप्रतीच्योर्द्वयोरपि तुल्यवर्णत्वात्सायंसंध्यारक्तपश्चिमदिश एव पुष्पसिन्दूरिकात्वं कथं वर्ण्यत इत्याक्षेपे तत्परिहारार्थं प्राच्या अपि तद्भावमाह—

सतीमुमामुद्वहता च पुष्पसिन्दूरिकार्थं वसने सुनेत्रे ! ।
दिशौ द्विसंधीमभि रागशोभे दिग्वाससोऽभे किमलम्भिषाताम् ॥११॥

सतीमिति । हे सुनेत्रे ! सतीं दाक्षायणीमुमां पार्वतीं चोद्वहता परिणयता दिग्वाससा हरेण पूर्वोक्तपुष्पसिन्दूरिकार्थं द्विसंधीं अभि द्वे अपि प्रातःसायंसंध्ये लक्षीकृत्य द्वे प्राचीप्रतीच्यौ दिशावेव रागेण रक्तवर्णेन शोभा ययोस्ते, रक्तवर्णेन शोभेते इति वा, तादृशे रक्ते उभे द्वे वसने अलम्भिषातां प्राप्ते किम् ? 'विवाहद्वये संध्याद्वयरक्तं दिग्द्वयमेव दिग्वसनत्वाद्रक्तवस्त्रद्वयं शिवेन लब्धम्' इत्यहं मन्य इत्यर्थः । शिवेन द्वे दिशावेव वस्त्रे द्वे संध्ये लक्षीकृत्य रागेण रञ्जकद्रव्येण कृत्वा ये शोभे कर्मभूते ते प्रापिते किम् ? विवाहे वस्त्रं रञ्जनाय कस्यचित्करे समर्प्यते तस्माद्दिग्वेन दिग्वलयरूपे मम द्वे वस्त्रे भवतीभ्यां रक्तशोभे प्रापणीये इति संध्याद्वयमाज्ञप्तं सद्दिग्द्वयं रक्तशोभं चकारेत्यर्थं इति वा । 'सुनेत्रि' इति पाठे—'असंयोगोपधात्' इति निषेधान्ङीष् चिन्त्यः । द्विसंधीम् , समाहारद्विगोरेकत्वे 'अवान्तो वा' इति स्त्रीत्वे च 'द्विगोः' इति ङीपि 'संध्या' शब्दस्य तद्धितयदन्तत्वात् 'हलस्तद्धितस्य' इति यलोपः । 'अभिरभागे' इत्यभेः कर्मप्रवचनीयत्वात्तद्योगे द्वितीया । गत्यर्थत्वादणौ कर्तुर्णौ कर्मत्वं पक्षे ॥ ११ ॥

हे सुलोचने (दमयन्ती) ! सती (दक्षकन्या) तथा पार्वतीके साथ विवाह करते हुए दिगम्बर (शङ्करजी) ने दोनों (प्रातःकाल तथा सायङ्कालकी) सन्ध्याओंको लक्षितकर लाल शोभावाले (पूर्व तथा पश्चिम दिशारूप) दो वस्त्रोंको 'पुष्पसिन्दूरिका' नामक व्रतके लिये (श्वशुर दक्षप्रजापति तथा हिमालयसे) प्राप्त किया था क्या ? (अथवा—…… शङ्करजीने 'पुष्पसिन्दूरिका' व्रतके लिये पूर्व-पश्चिम दिशारूप दो वस्त्रोंको (रंगनेके लिए) दोनों (प्रातःकाल तथा सायंकालकी) सन्ध्याओंको प्राप्त कराया (दिया) था क्या ?) । [प्रथम अर्थमें—शङ्करजीको दिगम्बर होनेसे उनके लिये दिशारूप वस्त्र ही देना उचित समझकर श्वशुरने भी 'पुष्पसिन्दूरिका' व्रतके लिए दोनों सन्ध्याओंको लक्ष्यकर पूर्व-पश्चिमरूप दो दिशाओंको ही वस्त्ररूपमें दिया था । द्वितीय अर्थमें—जिस प्रकार किसीको कोई वस्त्र रंगनेके लिए कोई व्यक्ति देता है, उसी प्रकार शङ्करजीने भी 'पुष्पसिन्दूरिका' व्रतमें रंगे हुए लाल वस्त्रोंको पहननेका नियम होनेसे पूर्व-पश्चिम दिशारूप दो वस्त्रोंको लाल रंगनेके लिए दोनों सन्ध्याओंको दिया था] ॥ ११ ॥

आदाय दण्डं सकलासु दिक्षु योऽयं परिभ्राम्यति भानुभिक्षुः ।
अब्धौ निमज्जन्निव तापसोऽयं संध्याभ्रकाषायमधत्त सायम् ॥ १२ ॥

आदायेति । योऽयं भानुरेव भिक्षुः परिव्राट् दण्डं पारिपार्श्विकमेव वैणवयष्टिमादाय सकलासु दिक्षु परिभ्राम्यति सोऽयं तापसः परिव्राट् सायंकाले अब्धौ निमज्जन् पातालं प्रविशन् , अथ च—बहुजले जलाशये स्नानं कुर्वन् संध्यायामभ्रं गगनं तदेव कषायरक्तं वस्त्रमधत्तेव उपरि स्वस्योर्ध्वभागे, अथ च,—उच्चतटस्योपरि दण्डस्योपरि वा निजमस्तकोपरि वा धृतवानिव । एवं यतिरपि बहुकालावस्थानस्य निषिद्धत्वादुक्तलक्षणः सन् परिभ्रमणे कषायं वस्त्रं धारयति, काषायमिव संध्या शोभते इत्यर्थः । 'माठरः पिङ्गलो दण्डश्चण्डांशोः पारिपार्श्विकाः', 'भिक्षुः परिव्राट् कर्मन्दी' इत्यमरः । काषायम् , 'तेन रक्तम्—' इत्यण् ॥ १२ ॥

जो यह सूर्यरूपी भिक्षु अर्थात् संन्यासी दण्ड (बांसका दण्ड, पक्षा०—'दण्ड' नामक पारिपार्श्विक) को लेकर सम्पूर्ण दिशाओंमें घूमता है, वह (सूर्यरूप) यह तपस्वी अर्थात् संन्यासी सायङ्कालमें समुद्र (पक्षा०—समुद्रवत् अगाध जलवाले जलाशयादि) में डूबता (अस्त होता, पक्षा०—स्नान करता) हुआ-सा सन्ध्याके (रक्तवर्ण) आकाशरूप काषाय (गेरुआ) वस्त्र धारण करता है ॥ १२ ॥

अस्ताचलेऽस्मिन्निकषोपलाभे संध्याकषोल्लेखपरीक्षितो यः ।
विक्रीय तं हेलिहिरण्यपिण्डं तारावराटानियमादित द्यौः ॥ १३ ॥

अस्तेति । यः सूर्यः अस्मिन्प्रतीच्यां वर्तमाने निकषोपलाभे सुवर्णपरीक्षापाषाणतुल्येऽस्ताचले संध्याराग एव कषोल्लेखः घर्षणोल्लेखस्तेन परीक्षितः । इयं द्यौस्तं हेलिं सूर्यमेव हिरण्यपिण्डं विक्रीय विनिमयेन कस्मैचिद्दत्वा ताराख्पान्वराटान् कपर्दकानादित जग्राह । उत्तमं सुवर्णं रक्तपीतं भवति । तथा च रक्तपीतसुवर्णगोलकस्य निकषपरीक्षितसुवर्णरेखेव संध्या दृश्यते, ताराश्च वराटा इव दृश्यन्त इत्यर्थः । 'द्यौः' इति लोकव्यवहारानभिज्ञत्वद्योतनार्थं स्त्रीलिङ्गनिर्देशः । स्त्री हि सुवर्णं दत्वा मूर्खतया वराटकान्गृह्णाति, धूर्तेन वञ्च्यते च । वराटकव्यवहारे देशे सुवर्णमपि दत्वा वराटका एव गृह्यन्ते ॥ १३ ॥

कसौटीके पत्थरके समान इस अस्ताचलपर सन्ध्या (सायंकालकी लालिमा) रूप घर्षणरेखासे जिस (सूर्यरूप सुवर्णपिण्ड) की परीक्षा की गयी, उस सूर्यरूपी सुवर्णपिण्डको बेचकर यह द्यौ अर्थात् आकाश तारारूपी कौड़ियोंको लिया । [जिस प्रकार कोई मूर्खा स्त्री कसौटीके पत्थरपर घिसकर परीक्षित सुवर्णपिण्डको कौड़ियोंको लेकर किसी चतुर व्यक्तिके लिए बेच देती है, उसी प्रकार आकाशने तारारूप कौड़ियोंको लेकर निकषरूप अस्ताचलपर सुपरिक्षित सूर्यरूप सुवर्णपिण्डको किसीके हाथ बेच दिया है । अथवा—जहांपर रुपयेके स्थानमें कौड़ियोंका व्यवहार होता है, वहांपर सुवर्णको बेचकर कौड़ियोंका

लेना उचित ही है। रक्तवर्ण सूर्य अस्त हो गया, कसौटीपर घिसे गये सुवर्णपिण्डकी रेखाके समान सन्ध्या पीतारुणवर्ण हो गयी। आकाशमें ताराएं कौड़ियोंके समान दिखलाई पड़ने लगीं] ॥ १३ ॥

पचेलिमं दाडिममर्कबिम्बमुत्तार्य संध्या त्वगिवोज्झितास्य ।
तारामयं बीचभुजादसीयं कालेन निष्ठ्यूतमिवास्थियूथम् ॥ १४ ॥

पचेलिममिति । दाडिमबीजभुजा कालेन रक्तमर्कबिम्बमेव पचेलिमं तरोरुपर्येव स्वयं पक्वं दाडिमं फलमुत्तार्य गगनतरोस्त्रोटयित्वा बीजग्रहणार्थं भित्त्वा वा संध्यारुचिस्त्वगिव अस्य दाडिमस्य पक्वत्वाद्रक्तकृत्तिरिवोज्झिता परित्यक्ता। तद्बीजभक्षणार्थमुपरितनबीजकोशवत्संध्या पृथक्कृता। तथा,—बीजभक्षणानन्तरं तारामयं ताराखपमदसीयममुष्य दाडिमस्य अमीषां बीजानां वा, संबन्धि अस्थ्नां बीजमध्यस्थश्वेतकणानां यूथं वृन्दं निष्ठ्यूतमिवोद्गीर्णमिव बीजानि भक्षयित्वा गृहीतरसं तदन्तर्गतश्वेतकणवृन्दं पुनस्थूत्कृतमिव। न हि कालादन्यं सूर्यदाडिमं भक्षितुं समर्थः। अन्योऽपि दाडिममुत्तार्य तत्त्वचं परित्यज्य बीजान्यास्वाद्य गृहीतरसान्बीजकणांस्थूत्कृत्य त्यजति ॥ १४ ॥

(अनारके) बीजको खानेवाले सायङ्कालने सूर्यबिम्बरूप पके हुए अनारके फलको (पेड़से) तोड़कर अरुणवर्णवाले सन्ध्यारूपी इस (अनारके फल) के छिलकेको फेंक दिया है और (इस अनारके फलके दानोंके रसको सम्यक् प्रकारसे चूसकर) इस (अनार) के तारारूप निःसारबीजोंको थूक दिया है। [लोकमें भी कोई व्यक्ति पकनेसे लाल अनारके फलके छिलकेको फेंककर उसके दानोंके रसको चूसनेके बाद उन नीरस बीजोंको थूक देता है। प्रकृतमें—कालकृत नियमसे ही सूर्यास्त आदि होनेसे सायङ्कालने सूर्यको अस्तकर दिया, सन्ध्या अनारके छिलके समान अरुण वर्ण हो रही है तथा तारासमूह अनारके नीरस बीजोंके समान श्वेतवर्ण दीखता है] ॥ १४ ॥

(ताराततिर्बीजमिवादमादमियं निरष्ठेवि यदस्थियूथम् ।
तन्निष्कुलाकृत्य रविं त्वगेषा संध्योज्झिता पाकिमदाडिमं वा ॥)

तारेति । सामर्थ्यात्कालेन कर्त्रा रविमेव तत् पक्त्रिमं दाडिमं निष्कुलाकृत्य निर्गतबीजकुलं कृत्वा बीजरूपं सारं गृहीत्वा तदीया त्वगेवैषा संध्या उज्झिता। 'वा'शब्दः संभावनायाम्। उज्झिता किमित्याशङ्क्याह—बीजानि आदमादं भक्षयित्वा भक्षयित्वा यस्य सूर्यरूपस्य पक्वदाडिमस्य संबन्धि अस्थियूथमिवेयं ताराततिर्निरष्ठेवि निष्ठ्यूता। जग्ध्वा इत्यादमादम्, अदेराभीक्ष्ण्ये णमुल् द्विर्वचनं च। निरष्ठेवि, कर्मणि चिण्। निष्कुलाकृत्य, 'निष्कुलान्निष्कोषणे' इति डाच्। क्षेपकोऽयं श्लोकः ॥

(सायङ्कालने) सूर्य (रूपी पके हुए अनारके फल) को छीलकर अर्थात् उसके बीजको नकालकर सन्ध्यारूपी छिलकेको फेंक दिया है तथा बीजको खा-खाकर अर्थात् उसके

रसको अच्छी तरह चूसकर तारासमूहरूप नीरस बीजको मानो थूक दिया है। [पूर्व श्लोकका अर्थ होनेसे नारायणभट्टने इसे क्षेपक माना है]॥

संध्यावशेषे धृतताण्डवस्य चण्डीपतेः पत्पतनाभिघातात्।
कैलासशैलस्फटिकाश्मखण्डैरमण्डि पश्योत्पतयालुभिर्द्यौः॥ १५॥

संध्येति। हे प्रिये! संध्यावशेषे संध्यावन्दनान्ते धृतं ताण्डवनृत्यं येन तस्य चण्डीपतेः पदोश्चरणयोर्द्वंद्वं यत्पतनं तेनाभिघाताद्धेतोरुत्पतयालुभिरुत्पतनशीलैरुच्छलितैः कैलासशैलसंबन्धिस्फटिकाश्मनां खण्डैः शकलैर्द्यौरमण्डि अलंकृता पश्य। कैलासस्फटिकखण्डा एव गगने तारारूपेण शोभन्ते। उत्पतयालुभिः, 'स्पृहिगृहि—' इत्यालुच्॥ १५॥

सन्ध्योपासनके बाद ताण्डव नृत्य करते हुए शिवजीके चरणोंके आघातसे (चूर्ण-चूर्ण होकर) ऊपर उछलनेवाले, कैलासपर्वतके स्फटिक पत्थरके टुकड़ोंने इस आकाशको अलंकृत कर दिया है, यह तुम देखो॥ १५॥

इत्थं ह्रिया वर्णनजन्मनेव संध्यामपक्रान्नवतीं प्रतीत्य।
तारातमोदन्तुरमन्तरिक्षं निरीक्षमाणः स पुनर्बभाषे॥ १६॥

इत्थमिति। स नलः पुनर्भैमीं बभाषे। किंभूतः? इत्थमुक्तप्रकारेण वर्णनजन्मना स्तुतिजातया ह्रियेवापक्रान्तवतीं निर्गतां संध्यां प्रतीत्य निश्चित्यान्तरिक्षं गगनं तारातमोभ्यां दन्तुरितं मिश्रितं निरीक्षमाणः। अन्योऽप्युत्तमो निजवर्णनजातलज्जयापक्रामति॥ १६॥

इस प्रकार (२२।३—१५) वर्णनसे उत्पन्न लज्जासे मानो भगी (पक्षा०—नष्ट) हुई सन्ध्याको जानकर ताराओं एवं अन्धकारसे संयुक्त आकाशको देखते हुए वे [illegible] पुनः बोले॥ १६॥

रामेषुमर्मव्रणनार्तिवेगाद्रत्नाकरः प्रागयमुत्पपात।
ग्राहौघकिर्मीरितमीनकम्बु नभो न भोः कामशरासनभ्रु! ॥ [illegible]

रामेति। हे कामशरासनमेव भ्रुवौ यस्याः, भ्रूदर्शनमात्रेण कामोदयकारि[illegible] भैमि! रामस्य जामदग्न्यस्य वा इषुणा मर्मणो व्रणनाच्छेदनाद्धेतोरुत्पन्ना आर्तिः पीडा तस्या वेगादाधिक्याद्धेतोर्निजस्थाने स्थातुमशक्तः सन् भीत्या रत्नाकर एवायं प्राक् तस्मिन्नवसरे उत्पपातोर्ध्वमगात्। नेदं नभः, यः पूर्वमुत्पतितः स श्यामजलः स्फुटरत्नगर्भो रत्नाकर एवायं न त्वेतन्नभ इत्यर्थः। कीदृशः? ग्राहाणां जलचारिणां जन्तूनां वा ओघस्तेन किर्मीरिता मिश्रिता मीनाः कम्बवः शङ्खाश्च यस्मिन्। नभस्तु ग्रहसंबन्धी ओघः शुक्रबृहस्पत्याख्यताराग्रहसमूहः ध्रुवमण्डलग्रहसंबन्धी समूहो वा तेन मिश्रितो मीनाख्यो राशिः कम्बुः शङ्खाकारविशाखानक्षत्रं च यस्मिन्। रघुनाथेन किल सेतुबन्धसमये शरणे समुद्रो भेत्तुमारब्ध इति तावन्मात्रेण पीडातिशयादुत्पतित इत्यु-

च्येत । परशुरामेणापि निजवसत्यर्थं समुद्रो बाणेन परास्तः सन्नुत्पतितः । समुद्रजलस्यैवायं कालिमा, न तु गगनस्य । उत्पतितस्य समुद्रस्याधोदेशे स्थितानि रत्नग्राहादीनि अधःस्थितेन जनेन सुखेन द्रष्टुं शक्यन्ते । मकरकर्कटादयः साक्षान्मीनादय एव, नतु राश्याविभूताः; शिष्टाश्च ताराः सामुद्रिकमौक्तिकान्येव, नतु, तारा इत्यादि ज्ञातव्यम् । 'शरासनभ्रूः' इति उवङ्स्थानत्वान्नदीत्वाभावादुध्रस्वत्वाभावः । ह्रस्वपाठस्तु 'सहैकवंशप्रभवभ्रु' इतिवत्समर्थनीयः । यद्वा, शिष्टकविप्रयोगदर्शनाज्ज्ञातव्यः॥

हे कामबाणतुल्य भ्रूवाली (दमयन्ति) ! राम (रामचन्द्र, या—परशुराम) के बाणोंसे मर्मभेदन होनेकी पीडाके वेगसे पहले यह समुद्र ऊपर उछल गया, (अत एव) ग्राह-समूहसे मिश्रित मछलियों तथा शङ्खोंवाला यह आकाश नहीं है, (किन्तु समुद्र ही है) । [ऊपरमें ये तारा-समूह नहीं दीख रहे हैं किन्तु समुद्रस्थ मकर, मत्स्य एवं शङ्ख दीख रहे हैं, अत एव यह आकाश नहीं है, किन्तु रामबाणके मर्मभेदनजन्य पीडासे ऊपरकी ओर उछला हुआ यह समुद्र है । यद्यपि नल पहले सत्ययुगमें हुए थे, तथा रामचन्द्र और परशुराम उनके बाद त्रेता युगमें हुए थे; अतएव उनके बाणोंसे मर्माहत समुद्रके ऊपर जानेका वर्णन नलको करना असङ्गत है; तथापि कवि श्रीहर्षके कल्पान्तरके भेदसे इसे सुसङ्गत मानना चाहिये] ॥ १७ ॥

पौराणिक कथा—सीताहरण होनेपर रावणसे लड़नेके लिए लङ्काको जाते हुए रामचन्द्रने मार्ग पानेके लिए समुद्रपर बाण उठाया था । तथा परशुरामने भी अपने रहनेके लिए बाणसे मारकर समुद्र को दूर हटा दिया था ।

मोहाय देवाप्सरसां विमुक्तास्ताराः शराः पुष्पशरेण शङ्के ।
पञ्चास्यवत्पञ्चशरस्य नाम्नि प्रपञ्चवाची खलु पञ्चशब्दः ॥ १८ ॥

मोहायेति । हे भैमि ! पुष्पशरेण कामेन देवानामप्सरसां च मोहायान्योन्यमनुरागसंजननार्थं देवादीनामुपरि वर्तमानत्वाद्विमुक्ता ऊर्ध्वं क्षिप्ताः शुभ्रपुष्परूपाः शरा एव तारा इत्यहं शङ्के ननु कामस्य पुष्पशरत्वेऽपि पञ्चबाणत्वात्ताराणां बहुतरत्वात्कथं कामबाणत्वमित्याशङ्क्य समर्थयते—खलु यस्मात् पञ्चशरस्य नाम्नि पूर्वपदत्वेन वर्तमानः 'पञ्च'शब्दः प्रपञ्चवाची, प्रकृष्टः पञ्चो विस्तारस्तद्वाचकः, नतु संख्यावाचकः । 'पचि विस्तारवचने' इति स्वार्थणिजन्ताद्धातोः । पचाद्यचि पञ्चयन्ति विस्तृता भवन्ति पञ्चाः शरा यस्येति विग्रहः, नतु पञ्चसंख्याकाः शरा यस्येति । तस्मात्पुष्पबाणत्वं ताराणां युक्तमेवेत्यर्थः । कस्येव ? पञ्चास्यवत् 'सिंहो मृगेन्द्रः पञ्चास्यः' इति सिंहाभिधायिनि 'पञ्चास्य' शब्दे सिंहस्य पञ्चसंख्यमुखत्वाभावात् पञ्चयति विस्तृतं भवति पञ्चं

---

१. तदुक्तं कविकुलभूषणेन कालिदासेन रघुवंशे—
'रामास्त्रोत्सारितोऽप्यासीत्सह्यलग्न इवार्णवः ।' इति (रघु० ४।५३) ।

विस्तृतमास्यं यस्यासौ पञ्चास्य इति व्युत्पत्त्या 'पञ्च'शब्दो यथा विस्तारवाची तथेति। 'व्यासः प्रपञ्चो विस्तारः' इति हलायुधः॥ १८॥

देवों तथा अप्सराओंको मोहित करनेके लिए ये ताराएँ कामदेवके द्वारा छोड़े गये बाण हैं, ऐसा मैं समझता हूं। (कामदेवके बाण पांच ही हैं तथा ये ताराएँ असंख्य हैं अतः इन्हें कामबाण समझना किस प्रकार सङ्गत है? इस शङ्काका उत्तर दे रहे हैं—) 'पञ्चास्य'के समान पञ्चशर (कामदेव) के नाममें 'पञ्चन्' शब्द विस्तारार्थक है [जिस प्रकार सिंहको पांच मुखवाला नहीं होनेसे सिंहार्थक 'पञ्चास्य' शब्दके आदिवाला 'पञ्चन्' शब्द विस्तारार्थक है, अत एव 'पञ्च अर्थात् विस्तृत है मुख जिसका' वह सिंह 'पञ्चास्य' कहलाता है; उसीप्रकार कामदेवार्थक 'पञ्चबाण' शब्दके आदिवाला 'पञ्चन्' शब्द भी विस्तारार्थक ही है, अत एव 'पञ्च अर्थात् विस्तृत (असङ्ख्यात, या विशाल) हैं बाण जिसके', वह 'पञ्चबाण' कहलाता है। इसप्रकार पांच मुखवाला नहीं होनेपर भी 'पञ्चास्य' कहे जानेवाले सिंहके समान पांच ही बाणोंवाला नहीं होनेपर भी कामदेवको 'पञ्चबाण' कहा जाता है। 'पचि विस्तारे' धातुसे सिद्ध 'पञ्च' शब्दका विस्तार अर्थ होता है]॥ १८॥

नभोनदीकूलकुलायचक्रीकुलस्य नक्तं विरहाकुलस्य।
दृशोरपां सन्ति पृषन्ति ताराः पतन्ति तत्संक्रमणानि धाराः॥ १९॥

नभ इति। नक्तं विरहेणाकुलस्य पीडितस्य नभोनद्या मन्दाकिन्याः कूलमेव कुलायः स्थानं यस्य तस्य चक्रीकुलस्य चक्रवाकीसमूहस्य दृशोर्नेत्रयोरपामश्रुजलानां पृषन्ति ये बिन्दवः सन्ति त एव तारका अधःस्थितैर्जनैर्दृश्यन्ते। तथा,—तासां ताराणां संक्रमणानि पुण्यक्षयवशाद्भूमिं प्रत्यागमनानि गलद्बाष्पजलानां धारा एव पतन्ति। दृशोः सन्ति चिरस्थितिमन्ति यानि बाष्पपृषन्ति तानि तारा इति वा। तत्संक्रमणानि स्थितताराप्रतिबिम्बभूतानि तत्तुल्यानि पतन्ति अधःपातीनि यानि पृषन्ति तानि धारा अश्रुप्रवाहाः। तासां ताराणां संक्रमणानि वीथयो मेषादिसंक्रान्तयो वा धारा अश्रूणां प्रवाहा इति वा। स्त्रियो हि विरहमसहमाना रुदन्ति। सन्ति, पतन्तीति च तिङन्तम्, पृषद्विशेषणं वा॥ १९॥

रात्रिमें विरहसे व्याकुल, आकाशगङ्गाके तीरपर रहनेवाली चक्रवाकियोंके समूहके नेत्रोंके अश्रुजलके वहींपर स्थित (नीचे नहीं गिरी हुई) बूँदे ही ये ताराएँ हैं, तथा उनसे संक्रान्त अश्रु-बिन्दुधाराएँ (वर्षाजल-प्रवाह) हैं। [पतिविरहके असह्य होनेपर रोती हुई आकाशगङ्गा तीरनिवासिनी चक्रवाकियोंके उपरिस्थ अश्रुबिन्दु तारारूपमें दीखते हैं, तथा पुण्यक्षयसे अधःपतित वे अश्रुबिन्दु वर्षाकी जलधारारूपमें दीखते हैं]॥ १९॥

अमूनि मन्येऽमरनिर्झरिण्या यादांसि गोधा मकरः कुलीरः।
तत्पूरखेलत्सुरभीतिदूरमग्नान्यधः स्पष्टमितः प्रतीमः॥ २०॥

अमूनीति। हे प्रिये! गोधाख्यास्तारा गोधा, मकरराशिसंबन्धिन्यस्तारा

मकरः, कुलीरः कर्कराशिस्तत्संबन्धिन्यस्ताराः कुलीरः, अमूनि प्रत्यक्षदृश्यान्यमरनिर्झरिण्या मन्दाकिन्या यादांसि जलजन्तव एव इत्यहं मन्ये। गोधा मत्स्याः कर्कटका अपि जले वर्तन्ते उपरि च दृश्यन्ते । तस्माद्देवनद्या यादांस्येवैतानीत्यर्थः । तर्ह्युपरिवर्तमानेन द्रष्टुं योग्याः, नत्वधःस्थितेनेत्यत आह—तस्या नाकनद्याः पूरे खेलन्तः क्रीडन्तः सुरास्तेभ्यः सकाशाद्भीत्या दूरं तलपर्यन्तं मग्नानि अत एव जलतलगामित्वादधोभागे इतो भूदेशादपि स्पष्टं सुखेन जानीमः । भूभागे स्थिता अपि जलतलगामित्वाद्गोधादियादांसि व्यक्तं पश्याम इत्यर्थः । गोधाकारं ध्रुवमण्डलं, गोधा ज्येष्ठा वा ॥

गोधा (गोधाकृति ध्रुवमण्डल, या—गोधा नक्षत्र; पक्षा०—'गोह' नामक जलचर जीव), मकर (दशम राशि-सम्बन्धी तारा-विशेष, पक्षा०—'मगर' नामक जलचर जीव) और कर्कट (चतुर्थ राशि-सम्बन्धी तारा-विशेष, पक्षा०—'केकड़ा' नामक जलचर जीव)—ये (प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होते हुए ये सब) देवनदी (आकाशगङ्गा) के जलचर जीव हैं, ऐसा मैं मानता हूँ और उस (आकाशगङ्गा) के प्रवाहमें क्रीड़ा करते हुए देवोंके भयसे दूर (जलके नीचे अन्तिम तलतक) डूबे हुए इनको हमलोग यहां (इस भूलोक) से स्पष्ट देखते हैं । [अन्यथा आकाशगङ्गाके जलके 'गोधा, मकर तथा कर्कट' नामक जलजन्तुओंको पानीके ऊपर रहनेसे उस आकाशगङ्गाके जलके ऊपर लोकमें निवास करनेवाले ही लोग देख सकते हैं, आकाशगङ्गाके नीचे भूलोकमें निवास करनेवाले हमलोग नहीं देख पाते; किन्तु वहां जलक्रीडा करते हुए देवोंके भयसे जब वे जीव पानीके निचले सतहपर आ जाते हैं तब हमलोग भी उन्हें देख लेते हैं । जलमें क्रीड़ा करनेवालोंके भयसे जलचर जीवोंका जलके भीतर डूबकर छिप जाना स्वभाव होता है] ॥ २० ॥

स्मरस्य कम्बुः किमयं चकास्ति दिवि त्रिलोकीजयवादनीयः ।
कस्यापरस्योडुमयैः प्रसूनैर्वादित्रशक्तिर्घटते भटस्य ॥ २१ ॥

स्मरस्येति । त्रिलोकीजये वादनीयो वादनार्हः स्मरस्य संबन्धी अयं प्रत्यक्षदृश्यो विशाखानक्षत्ररूपः कम्बुः शङ्खः दिवि चकास्ति किम् ? उच्चतरप्रदेशे वदितं वाद्यं सर्वत्राकर्ण्यत इति गगने स्थापितो लोकत्रयविजयवादनार्हः कामस्यैव कम्बुः किमित्यर्थः । यस्मादपरस्य कस्य भटस्योडुमयैस्ताराारूपैः प्रसूनैः कृत्वा वादित्रशक्तिर्वाद्यनिर्माणं घटतेऽपि स्मरस्यैव धनुर्बाणानां पुष्परूपत्वदर्शनात्तदीयस्यैव वाद्यस्य पुष्परूपत्वसंभावनाया युक्तत्वात् ताराकुसुमरूपः कामशङ्ख एवायं गगने शोभते, न त्वन्यदीय इत्यर्थः ॥ २१ ॥

तीनों लोकके विजयके लिये बजाने योग्य, कामदेवका यह (दृश्यमान विशाखानक्षत्ररूप) शङ्ख आकाशमें शोभ रहा है क्या ?, (क्योंकि तारारूपी पुष्पोंसे) बाजा बनाना (पाठा०—बनानेकी शक्ति) दूसरे किस शूरवीरमें घटित होती है ? अर्थात् किसीमें नहीं । [अधिक ऊँचे स्थानसे बजाया गया बाजा बहुत दूरतक सुनायी पड़ता है, अत एव तीनों लोकपर

विजय पानेके लिए कामदेव भी अधिक ऊँचे स्थान—आकाशमें चढ़कर बजानेवाले शङ्खको लिया है, (अथच—कामदेवको देव होनेसे उसके शङ्खको भी स्वर्गमें दृष्टिगोचर होना उचित ही है) क्योंकि दूसरा कोई ऐसा शूरवीर नहीं है, जो पुष्पोंको बाजा (शङ्ख) बनाकर उसके बजानेसे तीनों लोकोंको जीत ले । कामदेवके धनुष-बाणको पुष्पमय होनेसे उसके शङ्खको भी पुष्पमय होना उचित ही है] ॥ २१ ॥

किं योगिनीयं रजनी रतीशं याऽजीजिवत्पद्ममम्मुमुहच्च ।
योगर्द्धिमस्या महतीमलग्नमिदं वदत्यम्बरचुम्बि कम्बु ॥ २२ ॥

किमिति । येयं रजनी योगिनी स्त्रीपुंसयोगवती, अथ च,—शाक्तमन्त्रसिद्धा मारणोच्चाटनाद्यभिज्ञा स्त्री किम् ? या रतीशं दिवा निर्जीवमिव निजसंनिधेः अजीजिवत् सजीवं चक्रे । पद्ममम्मुमुहत् पद्मानि च समकोचयत् । रात्रौ हि स्त्रीपुंसयोगे कामउद्दीप्तो भवति, पद्मानि च संकुचन्ति । अलग्नं निराधारमम्बरचुम्बि आकाशवर्ति तारामात्रात्मकत्वादलग्नमराशिभूतं वा इदं प्रत्यक्षदृश्यं कम्बु ताराररूपः शङ्खोऽस्या रात्रियोगिन्या महतीं योगर्द्धिं योगसमृद्धिं वदति । दिवादर्शनाभावादिदानीं दृश्यमानः शङ्खो रात्रिर्जातेति कथयति । योगशक्तिं विना निराधारं वस्तु कथं स्थापयेत् ? योगिन्यपि हि मृतमपि कंचिज्जीवयति । कंचिच्च मोहयति मूर्च्छां प्रापयति भ्रान्तं करोति वा । तस्माद्योगिनी किमित्युत्प्रेक्षा । 'कम्बु' शब्दस्य नपुंसकत्वमप्यस्तीति पूर्वमेवोक्तं स्मर्तव्यम् । अजीजिवत्, अमूमुहदिति, 'णौ चङि—' इत्युपधाह्रस्वः ॥२२॥

यह रात्रि योगिनी (स्त्री-पुरुषके योगवाली कोई स्त्री, पक्षा०—शाक्त मन्त्रके प्रभावसे योगसिद्धिको प्राप्त कोई स्त्री) है क्या ?, जिसने कामदेवको जीवित कर दिया तथा कमलको मोहित (निमीलित, पक्षा०—मूर्छित) कर दिया । आधाररहित (विशाखा नक्षत्ररूप) यह शङ्ख आकाशमें स्थित है, (इसके द्वारा) इस (योगिनी) की श्रेष्ठ योगसिद्धिको देखो । [दिनमें प्रायः कामोद्दीपन नहीं होनेसे कामदेव मरा-सा रहता है और वह स्त्री-पुरुषके संयोगसे रात्रिमें बढ़ जाता है तथा कमल रात्रिमें बन्द हो जाते हैं, अत एव जिस प्रकार कोई योगिनी किसी मृत व्यक्तिको जीवित कर देती है तथा किसी सजीवको भी मूर्च्छित कर देती है, तथा अपने योगबलके द्वारा शङ्खको आकाशमें निराधार रखती है; उसी प्रकार रात्रिमें कामदेवके पुनरुज्जीवित तथा कमलको निमीलित करनेसे और तारारूप विशाखानक्षत्ररूप शङ्खको निराधार आकाशमें रखनेसे यह रात्रि भी योगिनी (योगबलसे सिद्धिप्राप्त स्त्री, पक्षा०—स्त्री-पुरुषके संयोगवाली कुट्टिनी) है क्या ? ऐसा ज्ञात होता है] ॥ २२ ॥

प्रबोधकालेऽहनि बाधितानि ताराः खपुष्पाणि निदर्शयन्ती ।
निशाह शून्याध्वनि योगिनीयं मृषा जगद्दृष्टमपि स्फुटाभम् ॥२३॥

प्रबोधेति । हे प्रिये ! प्रबोधकाले जागरणसमये, अथ च,—सम्यग्ज्ञानोत्पत्ति-

समये, अहनि दिने बाधितानि सूर्यदीप्तिध्वस्तकान्तीनि, अथ च,—भ्रान्तिकारण-नाशान्निरूपपत्तीनि, तारा नक्षत्ररूपाणि खपुष्पाणि गगनसंबन्धीनि कुसुमानि नितरां दर्शयन्ती, अथ च,—दृष्टान्तीकुर्वन्ती, शून्याध्वनि बौद्धादिशून्यवादिदर्शने विषये योगिनी तद्दर्शनरहस्यं जानती काचित्प्रव्रजितेवेयं निशा स्फुटमाभाति तादृशं दृष्टमपि प्रत्यक्षेण प्रतीयमानमपि स्थावरजङ्गमात्मकं सकलं जगन्मृषाऽसत्यमाह ब्रूते। बौद्धादिदर्शने हि ज्ञानस्यैव बहिर्घटाद्याकारत्वाज्ज्ञानातिरिक्तं सर्वं मिथ्येति तज्ज्ञा योगिन्यपि प्रपञ्चो मिथ्येति दर्शयति, तथेयमपि रात्रिरक्षन्यदृश्यान्यपि पुष्पतुल्यानि नक्षत्राणि निजयोगाद् गगने दर्शयतीति भावः। निदर्शनं करोतीवेति प्रतीयमानोत्प्रेक्षा॥

जागरण-समयात्मक दिनमें (सूर्यप्रकाशसे) अदृष्ट ताराओंको आकाशपुष्प (ये कुछ नहीं है ऐसा) दिखलाती हुई यह रात्रि शून्य मार्गमें स्पष्ट दिखलायी पड़ते हुए भी आकाशको (अन्धकाराच्छन्न होनेसे) जिस प्रकार असत्य बतलाती है; उसी प्रकार सम्यग्ज्ञान होनेके समयमें बाधित (भ्रान्तिकारणनाश होनेसे उपपत्तिशून्य) नक्षत्ररूपी आकाश-पुष्पोंका दृष्टान्त देती हुई यह योगिनी (योगद्वारा सिद्धिको प्राप्त की हुई स्त्री) ज्ञानभिन्न सब पदार्थको शून्य कहनेवाले बौद्धोंके रहस्यको जानती हुई स्पष्ट दृश्यमान संसारको भी असत्य कहती है। [जिस प्रकार भ्रान्तिके कारण आकाश-पुष्पोंका होना प्रतिभासित होता है, परन्तु उस भ्रान्तिके नाश होनेपर वे आकाशपुष्प नहीं प्रतिभासित होते, (क्योंकि वास्तविकसे वे हैं ही नहीं); उसी प्रकार भ्रान्ति रहनेपर ही स्थावरजङ्गमरूप यह संसार प्रतीत होता है, तत्त्वज्ञानके द्वारा उस भ्रान्तिका नाश होने पर वह संसार असत्य प्रतीत होने लगता है (क्योंकि आकाश-पुष्पके समान वह संसार भी वास्तविकमें है ही नहीं) ऐसा बौद्ध कहते हैं; उनका सिद्धान्त है कि ज्ञान ही बाहरमें घटपटादिरूपसे प्रतीत होता है, ज्ञानसे भिन्न घटपटादिरूप कोई भी पदार्थ नहीं है, सब कुछ असत्य है। इसी बातको बौद्ध सिद्धान्तको माननेवाली योगिनी संसारको मिथ्या कहती हुई बतलाती है, रात्रिको भी वैसा करनेसे यहां योगिनी होनेकी उत्प्रेक्षा की गयी है]॥ २३॥

एणः स्मरेणाङ्कमयः सपत्राकृतो भवद्भ्रूयुगधन्वना यः।
मुखे तवेन्दौ लसता स तारापुष्पालिबाणानुगतो गतोऽयम् ॥२४॥

एण इति। हे भैमि! तव मुख एवेन्दावाह्लादकत्वादिगुणयोगाच्चन्द्रे लसता प्रकाशमानेन, तथा,—भवद्भ्रूयुगमेव धनुर्यस्य तेन स्मरेण तव मुखेन्दौ 'विमतो 'मृगवान्, चन्द्रत्वात्, संप्रतिपन्नवत्' इत्यनुमानप्रसिद्धो योऽङ्कमयः कलङ्करूप एणो मृगः सपत्राकृतः। मुखे तत्पादर्शनाज्जठरावस्थितपत्रस्यैव बाणस्यापरपार्श्वे निर्गमनं यथा भवति तथा व्यथितः स एव मृगस्तारापुष्पालिर्नक्षत्ररूपपुष्पपङ्क्तिस्तल्लक्षणो बाणस्तेनानुगतः सन् सहित एव पलाय्य गतोऽयं गगने दृश्यते किम्! चन्द्रे मृगेण -भाव्यम्, स चात्र नास्ति, सचापः कामश्च मुखे लसति, गगने मृगशिरो नक्षत्रं

मृगाख्यं बाणाकारपुष्पतुल्यतारानुगतं दृश्यते। तर्हि कामेन विद्धोऽन्तर्गतपत्रपार्श्वं-बहिर्निर्गतबाणसहितो व्यथितः पलाय्य गतः, स एवायं मृगो दृश्यते किमिति प्रतीयमानोत्प्रेक्षा। 'सपत्रनिष्पत्रादतिव्यथने' इति डाच्॥ २४॥

(हे प्रिये!) तुम्हारे मुखरूपी चन्द्रमें शोभमान तथा तुम्हारे भ्रूद्वयरूपी धनुषवाले कामदेवसे (जिसमें इस प्रकार बाण मारा गया है कि बाण शरीरको छेदकर शरीरके दूसरे भागमें बाहर दृष्टिगोचर हो रहा है और उस बाणका पङ्ख शरीरके भीतर ही रह गया हो, ऐसा) व्यथित वह (पहले) तुम्हारे मुखचन्द्रमें स्थित ('मृगशिर' नक्षत्र नामक) तारारूपी पुष्प-समूहरूप बाणसे अनुगत अर्थात् उक्तरूप बाणसहित शरीरवाला यह मृग (भागकर आकाशमें) गया हुआ दिखलायी पड़ता है क्या?। '[तुम्हारा मुख आह्लादक आदि गुणोंसे युक्त होनेसे चन्द्ररूप है, चन्द्रमामें कलङ्क-मृगको रहना चाहिये, किन्तु वह कलङ्क-मृग तुम्हारे मुखचन्द्रमें नहीं दृष्टिगोचर होता है और धनुषके सहित कामदेव तुम्हारे मुखमें शोभ रहा है तथा आकाशमें बाणाकार पुष्पतुल्य तारासे युक्त 'मृग' ('मृगशिरा' नामक नक्षत्र) दृष्टिगोचर हो रहा है; अत एव ज्ञात होता है कि कामदेवने तुम्हारे मुखचन्द्रमें रहनेवाले कलङ्कमृगको ऐसा बाणविद्ध किया कि उसके शरीरको छेदकर बाण शरीरके दूसरे भागकी ओर निकल गया और उसका पङ्ख शरीरके भीतर ही रह गया तथा कामदेवसे उस प्रकार व्यथित वह कलङ्कमृग आकाशमें—कामदेवसे बहुत दूर देशमें—भागकर चला गया जो तारारूप पुष्प-समूहरूप बाणसे युक्त शरीरवाला वहां स्पष्ट दीख रहा है, जिसे हम मृगशिरा नक्षत्र कहते हैं, परन्तु वास्तविकमें वह मृगशिरा नक्षत्र नहीं, अपितु पहले तुम्हारे मुखचन्द्रमें स्थित कामबाण व्यथित होनेसे भागकर आकाशमें गया हुआ कलङ्कमृग ही है]॥ २४॥

लोकाश्रयो मण्डपमादिसृष्टि ब्रह्माण्डमाभात्यनुकाष्ठमस्य।
स्वकान्तिरेणूत्करवान्तिमन्ति गुणव्रणद्वारनिभानि भानि॥ २५॥

लोकेति। हे भैमि! ब्रह्माण्डमादौ सर्वस्मादपि पूर्वं सृष्टिर्निर्माणं यस्य, अथ च,—चिरकालनिर्मितं पुराणम्, मण्डपमिति आभाति तदिव शोभते इत्यर्थः। मण्डपोऽपि लोकायतः—लोकानां त्रयाणामपि आश्रयः ब्रह्माण्डाधारत्वाज्जगताम्। मण्डपोऽपि लोकानामाश्रयः, तच्छायानिवासित्वाल्लोकानाम्, आश्रयनामत्वाच्च। अत एव—अस्य ब्रह्माण्डमण्डपस्य अनुकाष्ठं दिशि दिशि एतत्संबन्धिनीषु सर्वासु दिक्षु; अथ च,—एतत्संबन्धीनि काष्ठानि दारूणि लक्षीकृत्य तेषु भानि नक्षत्राणि स्वकान्तिरूपस्योत्खातरेणूत्करस्य संबन्धिनी वान्तिरुद्गारस्तद्वन्ति घुणाख्यकीटनिर्मितो व्रणश्छिद्रं तस्य द्वारं मुखं तन्निभानि तत्तुल्यानि घुणोत्कीर्णदारुरजोयुक्तानि दारुच्छिद्रमुखानीव दृश्यन्त इत्यर्थः। जनाश्रयनामा मण्डपोऽप्यतिजीर्णो यदा भवति तदा तदीयकाष्ठेषु घुणाः पतन्ति घुणोत्कीर्णगलद्रजोयुक्तानि घुणकृतच्छिद्रमुखानि शुभ्राणि श्वेतानि च

दृश्यन्ते, तानीव भानि भान्तीति भावः । 'मण्डपोऽस्त्री जनाश्रयः' इत्यमरः । अनुकाष्ठम्, वीप्सायामव्ययीभावः, पक्षान्तरे विभक्त्यर्थे ॥ २५ ॥

सबसे पहले रचा गया (पक्षा०—अत्यन्त पुराना), लोकों (तीनों या सातो लोकोंमें रहनेवाले प्राणियों, पक्षा०—गृहवासी लोगों) का आश्रय ब्रह्माण्डरूप मण्डप (गृह-विशेष) शोभ रहा है (अथवा—'''ब्रह्माण्ड मण्डपके समान शोभ रहा है)। इस (ब्रह्माण्ड, या—मण्डप) के प्रत्येक दिशाओंमें अर्थात् चारो ओर (पक्षा०--काष्ठमें) अपनी कान्तिरूप धूलि-समूहको उगलते (गिराते) हुए तथा 'घुन' (काष्ठको जर्जर करनेवाला कीट-विशेष) के छिद्रके द्वारके समान ये नक्षत्र दृष्टिगोचर हो रहे हैं। [जिस प्रकार अत्यन्त पुराने घरकी लकड़ियोंमें घुन लगनेसे गोलाकार उसके छिद्रद्वार दिखलायी पड़ते हैं तथा उनमेंसे घुनी हुई लकड़ीकी चूनके समान धूलि गिरती रहती है, उसी प्रकार अतिशय प्राचीन एवं लोकाश्रय ब्रह्माण्डके प्रत्येक दिशाओंमें घुनी हुई लकड़ीकी धूलि के समान अपनी कान्तिको नीचेकी ओर फैलाते हुए घुनके छिद्रद्वार के समान गोलाकार ये नक्षत्र जान पड़ते हैं] ॥ २५ ॥

इदानीं सर्वदिग्व्यापितमोवर्णनं प्राच्यादिक्रमेणोपक्रमते—

शचीसपत्न्यां दिशि पश्य भैमि ! शक्रेभदानद्रवनिर्झरस्य ।
पोप्लूयते वासरसेतुनाशादुच्छृङ्खलः पूर इवान्धकारः ॥ २६ ॥

शचीति । हे भैमि ! अन्धकारः शच्याः सपत्नी दिक् प्राची तस्या वासररूपस्य सेतोः सूर्यप्रभामर्यादाया नाशात् उच्छृङ्खलो निरर्गलः शक्रेभस्य दानद्रवो दानोदकं तस्य निर्झरः प्रवाहस्तस्य श्यामः पूर इव पोप्लूयते भृशं प्रसरति, प्राच्यां व्याप्नोतीत्यर्थः । त्वं पश्य । प्राच्यामेव चैरावतदानप्रवाहपूरसंभवः । जलपूरोऽपि बन्धापगमादप्रतिहतप्रसरः सन्नतितरां प्रसरति, 'प्लुङ् सर्पणे' इत्यस्माद् भृशार्थे यङ्द्विर्वचनम् ॥ २६ ॥

(अन्धकार-वर्णनके प्रसङ्गमें पूर्वदिशाके अन्धकारका पहले वर्णन करते हैं) हे दमयन्ति ! सूर्यरूपी बांधके नष्ट होने (टूट जाने) से ऐरावतके दान (मद) जलरूप झरनेके प्रवाहके समान निर्बाध अन्धकार फैल रहा है, यह तुम देखो। [जिस प्रकार बांधके टूटनेसे जलाशयका प्रवाह निर्बाध होकर फैलता (बहता) है, उसी प्रकार सूर्यप्रभाके नष्ट होनेसे ऐरावतके मदजलके झरने (जलाशय) के प्रवाहके समान बढ़ा हुआ अन्धकार पूर्वदिशाकी ओर फैल रहा है] ॥ २६ ॥

दक्षिणदिग्व्यापि तमो वर्णयति—

रामालिरोमावलिदिग्विगाहि ध्वान्तायते वाहनमन्तकस्य ।
यद्वीक्ष्य दूरादव बिभ्यतः स्वानश्वान्गृहीत्वापसृतो विवस्वान् ॥ २७ ॥

रामेति । श्रीरामस्यालिः सेतुः सेतुबन्ध एव श्यामत्वाद्रोमावलिर्यस्यास्तस्या

दक्षिणस्या दिशो विगाहि नितरां व्यापकम् अन्तकस्य दिक्पतित्वाद्दक्षिणदिक्स्थं तद्वाहनं महिष एव ध्वान्तायते कज्जलनीलोऽन्धकार इवाचरति । विवस्वान् सूर्यः यमवाहनं दूराद्वीक्ष्य सहजाश्वमहिषवैरस्मरणाद्बिभ्यतः सभयान् स्वानश्वान् गृहीत्वाऽपसृतः पलायित इव दक्षिणदिशि तिमिरं यममहिषवच्छोभत इत्यर्थः । 'अन्तक'पदेन तद्वाहनस्य दारुणत्वं सूचितम्, अत एव ततोऽप्यश्वानां भयं युक्तम् । ध्वान्तायते, 'उपमानादाचारे' 'कर्तुः क्यङ्—' इति क्यङन्तात्तङ् । 'सेतुरालौ स्त्रियां पुमान्' इत्यमरः ॥ २७ ॥

(अब क्रमप्राप्त दक्षिण दिशाके अन्धकारका वर्णन करते हैं—) रामचन्द्रके पुलरूपी रोमावलिवाली (दक्षिण) दिशामें रहनेवाला यमवाहन (भैंसा) अन्धकारके समान आचरण कर रहा है, जिसे देखकर डरते हुए अपने (सात) घोड़ोंको लेकर सूर्य (उस दक्षिण दिशासे) मानो दूर चले गये हैं । ['अन्तक' (सबका अन्त करने (मारने) वाला) पदसे उसके वाहन भैंसेका भी वैसा ही क्रूर होना सूचित होता है । स्वाभाविक वैर होनेसे उक्तरूप भैंसेसे घोड़ोंको डरना और उन्हें लेकर सूर्यका दूर हट जाना उचित ही है । भैंसेका रंग काला एवं स्वभाव क्रूर होनेसे उसे काले एवं भयानक रात्रि-सम्बन्धी अन्धकारके समान आचरण करनेको कहा गया है] ॥ २७ ॥

प्रतीचीव्यापि तमो वर्णयति—

पक्वं महाकालफलं किलासीत्प्रत्यग्गिरेः सानुनि भानुबिम्बम् ।
भिन्नस्य तस्यैव दृषन्निपाताद्बीजानि जानामितमां तमांसि ॥ २८ ॥

पक्वमिति भानुबिम्बं प्रत्यग्गिरेः प्रतीच्यां वर्तमानस्यास्ताचलस्य सानुनि कालवशात्पक्वं महाकालस्यैन्द्रवारुण्याः फलमासीत् किल, अहं मन्य इत्यर्थः । तथा,-अहमतिपक्वत्वाद् वृन्तश्लथत्वादुन्नतरप्रदेशादधस्ताद् [illegible] तदभिघाताद्धेतोर्भिन्नस्य विदीर्णस्य तस्य भानुबिम्बरूपस्य [illegible] आनिबीजान्येव तमांसीति जानामितमां नितरां मन्ये । [illegible] जम्बीरवर्तुलं पक्वं सदतिरक्तं कृष्णबीजं महाकालफलं ग्रहोपसर्गनि[illegible] वृद्धैर्बध्यते । अस्तमयसमयसंबन्धात्परिणतकालं रक्तं महतः कालस्य [illegible] भानुबिम्बं महाकालफलमिव, तमांसि च विदीर्णस्य तस्य कृष्णतमानि बीज[illegible] प्रसरन्तीत्यर्थः । अन्यदिगपेक्षया प्रतीच्यां सायंसमये सूर्यसंध्यासंबन्धिनः प्रकाश[illegible] स्यासन्नत्वादल्पान्धकारसूचनार्थं तमसां बीजत्वेन निरूपणम् ॥ २८ ॥

(अब क्रमागत पश्चिम दिशाके अन्धकारका वर्णन करते हैं—) पश्चिम दिशामें स्थित पर्वत अर्थात् अस्ताचलके शिखरपर सूर्यबिम्बरूप (कालवश) पका हुआ 'किम्पाक' नामक फल था, ऐसा मैं मानता हूं और इन अन्धकारोंको (ऊँचेसे) पत्थरपर गिरनेसे (पकनेके कारण शीघ्र) फूटे हुए उसी फलके कृष्णवर्ण बीजरूप मैं सम्यक् प्रकारसे मानता हूं ।

[पर्वतसे पत्थरपर गिरे हुए पके फलको टूटने और उसके बीजोंको सर्वत्र फैल जानेके समान पके फलके तुल्य अरुणवर्ण सूर्यबिम्बका अस्ताचलके शिखरसे गिरनेसे चूर-चूर होकर उसके कृष्णवर्ण बीजोंको फैलाना उचित ही है। पकनेपर लाल एवं नीबूके समान गोलाकार 'किम्पाक' (महाकाल) के फलको लोग द्वारपर ग्रहबाधाके निवारणार्थ बांधते हैं, ऐसा वृद्धोंका कथन है। दिनकालके परिणत होनेसे अस्त होनेके समय रक्तवर्ण सूर्यको पके हुए 'किम्पाक' फलके सदृश तथा अन्धकारको पके एवं पत्थरपर गिरनेसे फूटे हुए उस 'किम्पाक' फलके कृष्णवर्ण बीजोंके सदृश कहा गया है। दूसरी दिशाओंकी अपेक्षा पश्चिम दिशामें सायङ्कालके समय सूर्य सन्ध्यासम्बन्धी प्रकाशके निकटस्थ रहनेसे थोड़े अन्धकारको सूचित करनेके लिए अन्धकारके बीजरूपमें निरूपित किया है] ॥ २८ ॥

उदीचीव्यापि तमो वर्णयति—

पत्युर्गिरीणामयशः सुमेरुप्रदक्षिणाद्भास्वदनादृतस्य ।
दिशस्तमश्चैत्ररथान्यनामपत्रच्छटाया मृगनाभिशोभि ॥ २९ ॥

पत्युरिति । चैत्ररथं कुबेरवनं तदेवान्यन्नाम यस्यास्तादृशी पत्रच्छटा पत्रवल्ली यस्याश्चैत्ररथाख्यवनरूपपत्रवल्लीकाया उत्तरस्या दिशो मृगनाभिः पत्रवल्लीरचनासाधनभूता कस्तूरी तद्वच्छोभते एवंशीलं कृष्णतमं तमो गिरीणां पत्युर्हिमाचलस्यायश एव । यतः—सुमेरोः प्रदक्षिणीकरणाद्भास्वता सूर्येणानादृतस्यावज्ञातस्य । हिमाद्रिर्यद्यपि गिरीणां पतिः, तथापि सूर्यानादृतत्वाद्धीन एव, मेरुरेव महान् । 'अस्योद्यानं चैत्ररथम्' इत्यमरः ॥ २९ ॥

(अब क्रमागत उत्तरदिशाके अन्धकारका वर्णन करते हैं—) 'चैत्ररथ' नामक वनरूप पत्ररचनावाली दिशा (उत्तर दिशा) के (पत्ररचनासाधनभूत) कस्तूरीके समान शोभनेवाला अन्धकार, सुमेरुकी प्रदक्षिणा करनेसे सूर्यके द्वारा अनादृत गिरिराज (हिमालय) का अयश ही है (या-अयशके समान है)। [यद्यपि पर्वतोंका राजा होनेसे हिमालय पर्वतकी प्रदक्षिणा ही सूर्यको करनी चाहिये थी, किन्तु वे सूर्य हिमालयकी प्रदक्षिणा नहीं करके सुमेरुकी प्रदक्षिणा करते हैं, यह हिमालयका महान् अयश है, जो 'चैत्ररथ' नामक कुबेरोद्यानरूप पत्ररचना (पत्तियोंकी रचना; पक्षा०—चन्दन, कस्तूरी आदिसे स्तनादिपर बनायी गयी पत्राकार चिह्न विशेष) वाली उत्तरदिशा रूपिणी नायिकाके पत्ररचनाके साधनभूत कृष्णवर्ण कस्तूरीके समान शोभता है। उत्तर दिशामें 'चैत्ररथ' नामक कुबेरोद्यान, कस्तूरी एवं पर्वतराज हिमालयका होना तथा सूर्यका हिमालयको त्यागकर सुमेरुकी ही प्रदक्षिण करना सर्वविदित है] ॥ २९ ॥

ऊर्ध्वदिग्व्यापि तमो वर्णयति—

ऊर्ध्वं धृतं व्योम सहस्ररश्मेर्दिवा सहस्रेण करैरिवासीत् ।
पतत्तदेवांशुमता विनेदं नेदिष्ठतामेति कुतस्तमिस्रम् ॥ ३० ॥

ऊर्ध्वमिति । तमालश्यामलं यद्व्योम दिवा सहस्ररश्मेः सहस्रसंख्यैः करः किरणैः, अथ च,—हस्तैः ऊर्ध्वं दूरोच्चप्रदेशे धृतमिवासीत् , तन्नभ एवेदं तमालश्यामलमंशुमता विना सायंसमये सूर्यविनाशाद् धारकेण तेन विनाधःपतत्सत् नेदिष्ठतामतितमां नैकट्यमेति । तमिस्रं कुतः कस्मादागतम् ? अपि तु तिमिरं नाम किमपि नास्ति, किंतु निकटीभवद्गगनमेव तमिस्रमित्यर्थः । पतद्व्योमैव तमिस्रं कुतो भूमौ निकटतामेति ? ननु तदतिरिक्तं तमोऽस्तीति वा, अन्यदपि प (त) त्कस्यचित्कराभ्यामूर्ध्वं धार्यते, तदभावेऽधः पतत्येव । नेदिष्ठताम् , अतिशायने इष्ठनि 'अन्तिकबाढयोः—' इति नेदादेशः । कुतः, पञ्चे सार्वविभक्तिकस्तसिः ॥ ३० ॥

(चारों दिशाओंके अन्धकारका वर्णन करनेके उपरान्त अब ऊपरके अन्धकारका वर्णन करते हैं—) दिनने (कृष्णवर्ण) जिस आकाशको सहस्ररश्मि (सूर्य) की सहस्रों (किरणों, पक्षा०—हाथोंसे) ऊपरमें मानो धारणकर रक्खा था, वही यह आकाश सूर्यके बिना मानो समीपमें (नीचेकी ओर) आ रहा है, अन्धकार कहाँसे आया ? अर्थात् यह अन्धकार नहीं सूर्याभावमें नीचेकी ओर गिरता हुआ कृष्णवर्ण यह आकाश ही है ॥ ३० ॥

अधोदिग्व्यापि तमो वर्णयति—

ऊर्ध्वार्पितन्युब्जकटाहकल्पे यद्व्योम्नि दीपेन दिनाधिपेन ।
न्यधायि तद्भूममिलद्गुरुत्वं भूमौ तमः कज्जलमस्खलत्किम् ॥ ३१ ॥

ऊर्ध्वेति । सामर्थ्याद्विधिना ऊर्ध्वं सूर्यदीपस्यैवोपरि भागे अर्पितो न्युब्जः कज्जलधारणार्थमधोमुखो महान् कटाहः कर्परं तत्कल्पे तत्तुल्ये कृष्णतमे व्योम्नि अधिकरणे प्रकाशकारिणा कज्जलधारणार्थेन दिनाधिपेनैव दीपेन करणेन यत्कज्जलं न्यधायि न्यस्तम् , तत्कज्जलमेव तमो भूम्ना क्रमसंजातबाहुल्येन कृत्वा मिलद् युक्तं पतनाख्यकर्मकारणं गुरुत्वं यस्य तादृशं सद्भूमावस्खलत् किम् , अतिभारेण पतितं किम् ? गुरुत्वाद्धि पतनं युक्तं, तत्कज्जलमेव भूमौ पतितं किम् ? अपि तु तमो नाम न किंचिदित्यर्थ इति वा । कज्जलमपि कर्परे धृतं क्रमेण बहु भवद्गुरुत्वादधः पतति । 'कटाहः कर्परे तथा' इति निघण्टुः । ईषदसमाप्तौ कल्पप् ॥ ३१ ॥

(अब नीचेके अन्धकारका वर्णन करते हैं—) सूर्यरूपी दीपने अधोमुखकर ऊपर रखे गये कटाह (विशालतम कड़ाह) के समान आकाशमें जिस अन्धकाररूप काजलको छोड़ा, क्रमशः सञ्चित होते रहनेसे अधिक भारी हुआ वही अन्धकाररूप काजल पृथ्वीपर गिर पड़ा है क्या ? । [जिस प्रकार दीपके ऊपरमें उलटकर रखे हुए ढक्कनमें कज्जल एकत्रित होते-होते बहुत होनेपर भारीपनसे एकाएक नीचे गिर पड़ता है, उसी प्रकार सूर्यरूपी दीपकके ऊपर आकाशरूपी विशाल ढक्कनको ब्रह्माने उलटकर रख दिया था और उसमें बहुत एकत्रित कज्जल भारी होनेसे पृथ्वीपर गिर पड़ा है क्या ? ऐसी श्रद्धा होती है] ॥ ३१ ॥

ध्वान्तैणनाभ्या शितिनाम्बरेण दिशः शरैः सूनशरस्य तारैः ।
मन्दाक्षलक्ष्या निशि मामनिन्दौ सेर्ष्या भवायान्त्यभिसारिकाभाः ॥३२॥

ध्वान्तेति । ध्वान्तेनैवैणनाभ्या कस्तूर्या तथा,—शितिना नीलेनाम्बरेण गगनेन, अथ च,—वस्त्रेण; यद्वा,—ध्वान्तैणनाभ्या कृत्वा नीलेन गगनेनोपलक्षिताः । तथा,—निशितत्वात्पुष्पतुल्यरूपत्वाच्चोज्ज्वलैः तारैर्नक्षत्रैरेव सूनशरस्य कामस्य शैररुपलक्षिताः, अथ च,—तारैरुज्ज्वलैः पुष्पैरुपलक्षिताः । तथा,—प्रकाशाभावान्मन्दाक्षैर्मन्दनयनैर्नरैर्लक्ष्या लक्षणीयाः, अथ च,—मन्दाक्षस्य लज्जाया विषयभूताः सलज्जाः । अत एवाभिसारिकाभाः स्वैरिणीतुल्या दिशोऽनिन्दौ चन्द्ररहितायामनुदितचन्द्रत्वाच्छ्यामायां निशि मामायान्ति प्रत्यागच्छन्ति ! तस्मात्सपत्नीभ्रान्त्या त्वं सेर्ष्या भव । अभिसारिका अपि शुभ्रायां रात्रौ शुभ्रवस्त्राद्याभरणाः, कृष्णायां च रात्रौ कृष्णवस्त्राद्याभरणाः समायान्ति, ता अपि कस्तूरीकृताङ्गरागा नीलवसनाः प्रच्छन्नधृतपुष्पाः कामबाणपीडिताः सलज्जाः सत्यः कामुकं प्रति समायान्ति, तदीयनायिका च सेर्ष्या भवति, तथा दिशोऽपीत्यर्थः । सर्वा अपि दिश एकत्र मिलिता इति प्रतीतिः । तिर्यक्ष्व्यापि तमो वर्णितमनेन । 'कान्तार्थिनी तु या याति संकेतं साभिसारिका' इति । 'मन्दाक्षमन्दाः' इति पाठे मन्दनयनानामल्पदृश्यास्तमोबाहुल्यात् । अथ च,—तमोबाहुल्यान्मन्दाक्षयः, अत एव मन्दगमना इत्यर्थः । 'तार' शब्दः पूर्ववत् । मन्दाक्षेति पुंवद्भावः ॥ ३२ ॥

(हे प्रिये दमयन्ति !) अन्धकाररूप कस्तूरी (पक्षा०—कस्तूरीतुल्य अन्धकार) से युक्त, काले कपड़े (पक्षा०—आकाश) से उपलक्षित कामबाणोंसे पीडित (पक्षा०—कामबाण = पुष्पोंके समान श्वेतवर्ण ताराओंसे युक्त), लज्जायुक्त (पक्षा०—नेत्रको सङ्कुचित किये हुए लोगोंसे देखी जानेवाली) अभिसाराभिलाषिणी दिशारूपिणी नायिकाएँ चन्द्ररहित अर्थात् अन्धकारयुक्त रात्रिमें मेरे पास आ रही है (अत एव तुम) ईर्ष्यायुक्त होवो । [जिस प्रकार कृष्णपक्षकी अँधेरी रातमें कस्तूरीसे सुगन्धित काला कपड़ा पहनी हुई, कामपीडित लजाती हुई नायिका नायकके पास जाती है, तब नायकके समीपस्थित उसकी स्त्री उस अभिसार करनेवाली स्त्रीके प्रति ईर्ष्या करती है; उसी प्रकार उक्तरूपा दिशारूपा ये अभिसारिकाएँ मेरे पास आ रही हैं, अत एव तुम इनके प्रति ईर्ष्या करो । जब एक अभिसारिकाके भी नायकके पास आनेपर उसकी पत्नी उस अभिसारिकाके प्रति ईर्ष्या करती है, तब बहुत दिशारूपिणी अभिसारिणी नायिकाओंके आनेपर उनके प्रति तुम्हें अतिशय ईर्ष्यायुक्त होना उचित है]॥ ३२ ॥

भास्वन्मयीं मीलयतो दृशं प्राङ्मिथोमिलद्भ्र्यक्षलसादिपुंसः ।
आचक्ष्महे तन्वि ! तमांसि पक्ष्म श्यामत्वलक्ष्मीविजितेन्दुलक्ष्म ॥३३॥

भास्वदिति । हे तन्वि कृशाङ्गि ! भास्वन्मयीं रविरूपां दक्षिणां दृशमस्तमय-

ब्याजेन द्राक् शीघ्रं मीलयतः संकोचयत आदिपुंसः श्रीविष्णोर्मिथोऽन्योन्यं मिलन्तौ द्वावप्यञ्चलावूर्ध्वाधःपुटे यस्य निमीलनवशादन्योन्यसंलग्नपुटत्वाच्चिबिडरोमकम्, अत एव श्यामत्वलक्ष्म्या विजितं नितरां पराभूतमिन्दुलक्ष्म येन तादृशं पक्ष्म नेत्रसंबन्ध्यूर्ध्वाधःपुटपत्रीभूतरोमाण्येव तमांसि वयमाचक्ष्महे ब्रूमः, नतु ततोऽन्यानि तमांसीत्यर्थः। तिमिरव्याप्तत्वात्किमपि न दृश्यत इति भावः। 'पक्ष्म' इति जात्येकवचनम् ॥

सूर्यरूप (दहने) नेत्रको शीघ्र बन्द करते हुए आदिपुरुष (श्रीविष्णु भगवान्) के परस्परमें मिलते हुए दोनों प्रान्त (नेत्रप्रान्त) वाला तथा कालिमासे चन्द्रकलङ्कको जीतनेवाला अर्थात् उससे अधिक काले पक्ष्म (पलकके बालों) को ही हम अन्धकार कहते हैं। [इससे भिन्न 'अन्धकार' नामक कोई पदार्थ नहीं है। विष्णु भगवान्‌के दक्षिण तथा वाम नेत्ररूप सूर्य तथा चन्द्रमाके होनेसे सूर्यास्त होनेपर दहने नेत्रको बन्द करने और नेत्रको बन्द करनेपर उसके प्रान्तद्वय (दोनों पलकों) को भी बन्द होना तथा बाहरमें घनीभूत कृष्णवर्ण रोम-समूहका घनीभूत होकर अन्धकार मालूम पड़नेकी उत्प्रेक्षा की गई है] ॥३३॥

विवस्वतानायिषतेव मिश्राः स्वगोसहस्रेण समं जनानाम्।
गावोऽपि नेत्रापरनामधेयास्तेनेदमान्ध्यं खलु नान्धकारैः ॥ ३४ ॥

विवस्वतेति। विवस्वता नेत्रमित्यपरं नामधेयं यासां तावद्रूपा जनानां गावोऽपि स्वस्य गवां किरणानां सहस्रेण समं सह मिश्रा दिने मिलिताः सत्योऽनायिषतेव नीता इव। यस्मात्तेन खलु तेनैवेदमान्ध्यं प्रकाशाभावान्नेत्रापगमाच्च रूपाग्रहणं, नत्वन्धकारैः कृत्वेदमान्ध्यम्। तमोवशात्किमपि न दृश्यत इति भावः। अन्येनापि गोपालेन स्वगोसहस्रेण मिश्रिताः परेषामपि गावो नीयन्त इति ॥ ३४ ॥

सूर्य नेत्र (आँख) रूप नामान्तरवाले, लोगोंके गौओं (पक्षा०—नेत्रों) को अपने सहस्र गौओं (किरणों, पक्षा०—नेत्रों, या-गौओं) के साथ मानो लेकर चले (अस्त हो) गये हैं, इसीसे यह प्रकाश भाव है, अन्धकारोंसे नहीं। [लोकमें भी कोई गोपाल अपनी सहस्रों गौओंके साथ दूसरे लोगोंकी गौओंको भी मिलाकर जिस प्रकार चला जाता है, उसी प्रकार सूर्य भी अपनी सहस्रों गौओं (किरणों, पक्षा०—गौओं) के साथ अन्य लोगोंके गौओं (पक्षा०—नेत्रों) को लेकर अस्त होनेके बाद चले गये हैं, अत एव सूर्यकी किरणों (नेत्रों) एवं लोगोके नेत्रोंके नहीं रहनेसे ही यह अन्धकारभाव (पदार्थदर्शनशक्त्यभाव है, अन्धकारके कारणसे नहीं। यहाँ 'गो' शब्द सूर्यपक्षमें किरणार्थक तथा जनसमूहके पक्षमें नेत्रार्थक तथा गवार्थक है] ॥ ३४ ॥

ध्वान्तस्य वामोरु! विचारणायां वैशेषिकं चारुमतं मतं मे।
औलूकमाहुः खलु दर्शनं तत्क्षमं तमस्तत्त्वनिरूपणाय ॥ ३५ ॥

ध्वान्तस्येति। हे वामोरु अतिसुन्दरोरु! ध्वान्तस्य विचारणायां तमःस्वरूपनिरूपणविषये वैशेषिकं मतं षट्पदार्थसाधर्म्यवैधर्म्यनिरूपणात्मकं काणादं दर्शनं चारु

सदुपपत्तिकं, नत्वन्यदिति मे मतं संमतम् । खलु यस्मात्कारणात् (संप्रदायविदः) तद्दर्शनं वैशेषिकं शास्त्रं औलूकमाहुर्वदन्ति । अत एव तमसस्तत्त्वनिरूपणायानारोपितस्वरूपनिरूपणाय क्षमं समर्थम् । उलूकस्य घूकस्य संबन्धि दृश्यतेऽनेनेति दर्शनं नेत्रं हि तमस्यपि घटपटादिस्वरूपाणां याथात्म्यदर्शने समर्थं भवति । वैशेषिकमप्युलूकापरनाम्ना कणादमुनिना प्रोक्तमित्यौलूकं दर्शनम् । ततश्चैतदपि तमस्तत्त्वनिरूपणाय समर्थमिति युक्तमित्यर्थं इति शब्दच्छलम् । वैशेषिकदर्शने च 'किमिदं तमो भावरूपं अभावरूपं वा ? इति संदेहे 'भासामभाव एव तमः' इति सूत्राविरोधेन व्योमशिवाचार्यादयः षट्पदार्थवैधर्म्येणाभावरूपमेव तमो न्यरूपयन् । श्रीधराचार्यास्तु—'आरोपितं भूरूपमेव तमः' इति निर्वर्ण्य 'भासामभावे सत्येव तमःप्रतीतेर्भाव एव तमः' इत्युक्तमिति सूत्रविरोधं पर्यहार्षुः । एतदसहमानाः श्रीमदुदयनाचार्यादयः पुनर्भासामभावमेव तमस्त्वेन निरणैषुः । यस्मात्तदौलूकं दर्शनं वैशेषिकादिशास्त्रं तमस्तत्त्वनिरूपणायां क्षमं समर्थमाहुरिति वान्वयः । महत्यन्धकारे सत्यपि घटादिपदार्थजातं को वा पश्यतीति ध्वान्तनिरूपणायां क्रियमाणायां घूकनेत्रमेव चारु सर्वेभ्योऽप्यधिकमिति मम मतं मतं पुनः पुनः संमतमित्यर्थः । उलूकनेत्रमेव महान्धकारे घटादि विलोकयितुं समर्थम् । अन्यदीयनेत्राणां त्वान्ध्यमेव जातमिति भावः । यतो वैशेषिकं घटादीन्विशेषान्वेत्ति तादृशम् । महान्धकारे घूकनेत्रमेव घटादीन्भेदेन जानाति, नत्वन्यदीयं नेत्रम्, तस्मात्तदेव चार्विति । तत्र वृद्धसंमत्यर्थमुत्तरार्धम् । उलूकवृत्त्या कणानत्तीति कणादः, तस्य कणादस्यैवोलूक इति नाम, तेन प्रोक्तत्वादौलूकम् । वामं सव्ये प्रतीपे च द्रविणे चातिसुन्दरे' इति विश्वः । वामोरु, 'संहितशफ—' इत्यादिनोङि नदीत्वाद्ध्रस्वः । औलूकम्, 'तेन प्रोक्तम्' इत्यण् । पक्षे 'तस्येदम्' इति ॥ ३५ ॥

हे वामोरु ! अन्धकारके स्वरूप-निरूपणके विषयमें वैशेषिक मत (कणादोक्त दर्शन-शास्त्र) युक्तियुक्त है, ऐसा मेरा सिद्धान्त है, क्योंकि (सम्प्रदायको जाननेवाले लोग) उस वैशेषिक मतको औलूक दर्शन (कणादोक्त शास्त्र-विशेष, पक्षा०—उल्लूका नेत्र) कहते हैं, अत एव अन्धकारकी वास्तविकताका निरूपण करनेके लिए वही (औलूक दर्शन ही) समर्थ है । [उल्लूका नेत्र अन्धकारमें घट-पटादि समस्त पदार्थोंको वास्तविक-रूपमें देखता है, इस वास्ते उल्लूके समान कणको खानेवाले 'कणाद' नामसे प्रसिद्ध ग्रन्थ-कर्ताका शास्त्र भी 'औलूक' कहलाता है और उस 'औलूक' दर्शन (शास्त्र) को उल्लू पक्षीके नेत्रके समान अन्धकारमें पदार्थोंको वास्तविकरूपमें निर्णय करना उचित ही है । अथवा—उल्लू ही अन्धकारमें पदार्थोंको यथार्थरूपमें देखता है, इस विषयको योगबलसे उल्लूका रूप धारणकर साक्षात् स्वयमेव समझनेके बाद 'कणाद' के बनाये गये उस शास्त्रको अन्धकारके विषयमें यथार्थतः निर्णय करना उचित ही है । उक्त वैशेषिक दर्शनमें—'तम भावस्वरूप है ? या अभावस्वरूप ?' ऐसा सन्देह होनेपर 'तेजोंका अभाव ही तम है'

एतदर्थक 'भासामभाव एव तमः' इस सूत्रके अविरोधके लिए व्योमशिवाचार्यादिने छः पदार्थोंके वैधर्म्यसे अभावरूप तमको युक्तियुक्त माना है, किन्तु श्रीधराचार्यने 'आरोपित भूरूप ही अन्धकार है' ऐसा निश्चयकर 'तेजोंके अभावमें वास्तविक रूपसे अन्धकारका ज्ञान होनेसे तेजोभाव ही तम है' ऐसा कहकर सूत्रके विरोधका परिहार किया है। परन्तु उदयनाचार्यने 'तेजोंके अभावको ही अन्धकार' मानकर श्रीधराचार्यके मतका खण्डन कर दिया है]॥ ३५॥

ग्लानिस्पृशः स्पर्शनिषेधभूमेः सेयं त्रिशङ्कोरिव संपदस्य।
न किंचिदन्यत्प्रति कौशिकीये दृशौ विहाय प्रियमातनोति॥ ३६॥

ग्लानीति। ग्लानिस्पृशः कालिमस्पर्शिनः श्यामस्य, अथ च,–चण्डालत्वान्मालिन्ययुक्तस्य निःश्रीकस्य। तथा,–अभावरूपत्वात् स्पर्शगुणनिषेधस्य भूमेः स्थानस्य, अथ च,—चण्डालत्वादेवास्पृश्यस्यास्य तमसः राज्ञस्त्रिशङ्कोरिव सेयं प्रसिद्धा प्रत्यक्षेण गृह्यमाणा च संपत् बाहुल्येन स्वरूपलाभः, अथ च,—राज्यसमृद्धिः कौशिकीये औलूके, अथ च,—वैश्वामित्रे दृशौ नेत्रे विहायान्यत्किंचित्प्रति अपरं किमपि वस्तु लक्ष्यीकृत्य प्रियं हितं नातनोति करोति, किंतु तदीये एव नेत्रे लक्ष्यीकृत्य हितं करोति। अन्यत्प्रति किंचिदल्पमपि प्रियं नातनोतीति वा, अन्धकारे ह्युलूकनेत्रे एव पदार्थान्पश्यत इति तत्संपत्तयोः प्रिया। त्रिशङ्कोश्च संपद्विश्वामित्रस्यैव नेत्रयोः प्रिया, नान्यस्य। एतदुपाख्यानं रामायणादौ प्रसिद्धम्। कौशिकीये, 'वृद्धाच्छः'॥

मालिन्ययुक्त, अभावरूप होनेसे अस्पर्शार्ह इस अन्धकारकी प्रत्यक्ष दृश्यमान बहुलता उल्लूके नेत्रों के अतिरिक्त दूसरे किसीके प्रति उस प्रकार हित नहीं करती है, (किन्तु अन्य किसीको इस अन्धकार बाहुल्यमें कोई पदार्थ दिखलाई नहीं पड़नेसे यह इस अन्धकारबाहुल्यसे उल्लूके नेत्रोंको ही हित होता है), जिस प्रकार (वसिष्ठ मुनिके शापसे) चण्डाल होनेके कारण मलिनतायुक्त तथा स्पर्शके अयोग्य इस प्रसिद्ध त्रिशङ्कु नामक राजाकी राज-सम्पति विश्वामित्र मुनिके नेत्रोंके अतिरिक्त दूसरे किसीके प्रति प्रियकारिणी नहीं थी अर्थात् उस त्रिशङ्कुकी राज-सम्पत्तिको देखकर विश्वामित्र ही प्रसन्न हुए दूसरा कोई प्रसन्न नहीं हुआ]॥ ३६॥

पौराणिक कथा—जब महर्षि वसिष्ठजीके शापसे राजा त्रिशङ्कु चाण्डाल हो गये तब उन्होंने यज्ञ करके सशरीर स्वर्ग जाना चाहा, किन्तु जब उनको यज्ञ करानेके लिए कोई ऋत्विज नहीं मिला तब वे वसिष्ठजीके परम वैरी विश्वामित्रजीके पास जाकर अपनी इच्छा प्रकट किये और विश्वामित्रजी भी यज्ञ कराकर उन्हें सशरीर स्वर्गमें भेजनेकी प्रतिज्ञाकर यज्ञ कराने लगे। इसके अनन्तर स्वर्गमें जाते हुए राजा त्रिशङ्कुको चाण्डाल होनेसे देवोंके द्वारा अधोमुखकर नीचेकी ओर गिराये जाते हुए देखकर विश्वामित्रजी स्वर्ग तथा भूलोकके बीचमें ही दूसरा स्वर्ग बनाने लगे, जिसे ब्रह्माजीने स्वयं आकर विश्वामित्रको वैसा करनेसे रोका और 'त्रिशङ्कु' को वहीं रहनेका स्थान दिया, जो अब तक तारारूपमें वहीं विद्यमान है।

मूर्धाभिषिक्तः खलु यो ग्रहाणां यद्भासमास्कन्दितऋक्षशोभम् ।
दिवान्धकारं स्फुटलब्धरूपमालोकतालोकमुलूकलोकः ॥ ३७ ॥

मूर्धेति । यो रविः नवानां ग्रहाणां मध्ये खलु निश्चितं मूर्धाभिषिक्तो राजा । उलूकानां लोकः सङ्घस्तस्य रवेर्भया दीप्त्या समास्कन्दिता नितरां पराभूता ऋक्षशोभा नक्षत्रकान्तिर्यस्मिंस्तत् । तथा,—स्फुटमुपलब्धानि अन्येन जनेन दृष्टानि घटादिस्वरूपाणि यस्मिंस्तादृशमपि दिवा कर्मीभूतं दिनमन्धकारमेवालोकत । दिने तस्य दर्शनाशक्तेर्दिनमन्धकाररूपत्वेनैव मेने इत्यर्थः । तथा,—व्यक्तं लब्धानि घटादिरूपाणि यत्र तादृशमन्धकारमेवालोकमपश्यद्दर्शनसहकारिप्रकाशरूपत्वेनैव मेने । (अर्थाद्रात्राविरयर्थः ।) अन्धकारं स्फुटलब्धरूपमित्यावृत्त्या योज्यम् । तेन तमसा विपरीतदृश एव भवन्तीति व्यज्यते । एवंविधमन्धकारं च स्फुटमतिप्रसिद्धं शुक्लभास्वरात्मकं लब्धं रूपं येन तादृशमालोकमेवापश्यत् । कृष्णरूपमपि तमः शुक्लभास्वरालोकत्वेनापश्यदिति विरुद्धमित्यर्थः । अथ च,—यो ग्रहराजः सूर्यः, आक्रान्तनक्षत्रलक्ष्मीकां तद्भासं सूर्यदीप्तिमेवायमुलूकलोको दिवा दिनेऽन्धकारमपश्यत् । रात्रौ चान्धकारमालोकमपश्यत्; दिने सूर्यालोक एव तमः, रात्रौ च तम एव सूर्यालोक इति ददर्शेत्यर्थः । कीदृशीं तद्भासम् ? कीदृशमन्धकारम् ? स्फुटमुपलब्धानि घटादिरूपाणि यस्यामन्यजनेन तादृशीम्, स्फुटं संजातस्वरूपलाभं चेत्यन्धकारस्य नपुंसकत्वान्नपुंसकैकशेषैकवद्भावेन वा व्याख्येयम् । सूर्यदीप्त्याऽसमास्कन्दिताऽपराभूता नक्षत्रलक्ष्मीर्यत्र तम्, अन्धकारविशेषणं वा । रात्रौ सूर्यदीप्तेरभावादतिरस्कृतनक्षत्रशोभामित्यर्थः।सूर्यदीप्तेरेव समास्कन्दनसामर्थ्यात्तमसैव रात्रौ यत्तिरस्करणं तेन नक्षत्रशोभा यस्मिन्निति वा इत्यादिव्याख्यानानि ज्ञातव्यानि । 'लक्ष्मीम्' इति पाठे—नदीत्वेऽपि समासान्तविधेरनित्यत्वात्कबभावः । 'मूर्धाभिषिक्तो राजन्यः' 'अन्धकारोऽस्त्रियाम्' इत्यमरः ॥ ३७ ॥

जो सूर्य ग्रहोंमें मूर्धाभिषिक्त राजा है, उल्लुओंके समुदायने उस सूर्यकी प्रभासे पराभूत नक्षत्र-प्रकाशवाले तथा (उल्लूसे अतिरिक्त दूसरे लोगोंके द्वारा) स्पष्ट दिखलायी देता है (घट-पटादिका) स्वरूप जिसमें ऐसे दिनको अन्धकार रूपमें देखा (जिसमें सूर्यकान्तिने नक्षत्र-शोभाको नष्ट कर दिया है तथा सब घट-पटादि पदार्थोंको लोग स्पष्टतः देख रहे हैं, उस दिनको भी उल्लुओंने अन्धकार माना) तथा (रात्रिमें) उस सूर्यके प्रभासे अपराभूत नक्षत्र-प्रकाशवाले तथा (उल्लुओंके द्वारा) स्पष्ट दिखलायी देता है (घट-पटादिका) स्वरूप जिसमें ऐसे अन्धकारको प्रकाशरूपमें देखा अर्थात् उक्तरूप दिनको अन्धकार तथा अन्धकारको प्रकाश समझा । अथ च—जो सूर्य ग्रहराज है, उल्लुओंके समूहने दिनमें उस सूर्य-प्रकाशके द्वारा नष्ट किये गये नक्षत्र-प्रकाशवाले एवं दूसरोंको दृश्यमान घट-पटादिस्वरूपवाले प्रकाशको अन्धकार मानो तथा रात्रिमें उस सूर्य-प्रकाशके

द्वारा नहीं नष्ट किये गये नक्षत्र-प्रकाशवाले एवं अपनेको दृश्यमान घट-पटादिस्वरूपवाले अन्धकारको प्रकाश माना; (ऐसा यह अन्धकार है) ॥ ३७ ॥

दिने मम द्वेषिणि कीदृगेषां प्रचार इत्याकलनाय चारीः ।

छाया विधाय प्रतिवस्तुलग्नाः प्रावेशयत्प्रष्टुमिवान्धकारः ॥ ३८ ॥

दिन इति । अन्धकार इत्याकलनाय सामस्त्येन ज्ञानार्थं प्रतिवस्तुलग्नाः पदार्थमात्रसंबद्धाः प्रतिच्छाया एव चारीर्गूढार्थवेदिकाश्चारनारीः विधाय चारपदं ताभ्यो दत्त्वा दिनं प्रति संप्रेष्य समागतास्तास्तत्रत्यवृत्तान्तं प्रष्टुमिव पुनः प्रावेशयत् । निजनैकट्यमित्यर्थात् । इति किम् ? ममान्धकारस्य द्वेषिणि साम्प्रतमाने दिने विषये एषां वस्तूनां कीदृक् प्रचारो विहरणं स्नेहादिव्यवहारश्चेति । दिवा प्रतिपदार्थसंबद्धाच्छाया एव रात्रौ समागत्य मिलिता निजस्वामिनमन्धकारं प्राविशन् । रात्रौ हि प्रकाशाभावे छाया अन्धकारेण सहैकीभवतीति तत्संबन्धादेव महानन्धकारः प्रतीयत इति भावः । एतेन प्रतिच्छायापि तम एवेति वर्णितम् । अन्योऽपि रात्रौ लोकस्थितिं ज्ञातुकामः स्त्रीणां सर्वत्र प्रवेष्टुं शक्यत्वाच्चारनारीः संप्रेष्य तत्रत्यं वृत्तान्तं विचार्य समागतास्ताः प्रष्टुमात्मसन्निधिं प्रवेशयति । छाया एव चारीः प्रतिवस्तुलग्ना विधायेति वा । चारपदं दत्त्वा पदिनः प्रत्येकं प्रेषयामास । अत एव ता दिने प्रतिवस्तुलग्ना दृश्यन्त इति वा । चारीः, पुंयोगान्ङीप् ॥ ३८ ॥

'मेरे शत्रु दिनमें इन (प्रकाशादि पदार्थों) की कैसी स्थिति (पक्षा०—लोकादिविषयक स्नेह) है, इस बातको अच्छी तरह जाननेके लिए अन्धकारने प्रत्येक पदार्थोंके साथ संलग्न छाया (परछाई) को दूती बनाकर (इस समय रात्रिमें उक्त कार्यको पूराकर लौटी हुई) उन दूतीरूपिणी छायाओंको मानो उनसे उक्त बात पूछनेके लिए प्रवेश कराया है।' [लोकमें भी कोई राजा आदि अपने शत्रुओंके यहां रहनेवाले अमात्यादिकी स्थिति जाननेके लिए सर्वत्र सरलतासे पहुंचनेवाली स्त्रियोंको दूती बनाकर भेज देता है, और जब वे वहांकी बातोंको जानकर लौटती हैं तब उनसे सब बातोंको पूछनेके लिए अपने पास बुलाता (प्रविष्ट कराता) है । इससे दिनमें प्रत्येक पदार्थसे सम्बन्ध रखनेवाली छाया ही रात्रिमें एकत्रित होकर अन्धकाररूप हो रही है, अत एव छाया भी अन्धकारका ही अंश है, अन्धकारसे भिन्न 'छाया' नामक कोई वस्तु नहीं है]' ॥ ३८ ॥

इदानीं चन्द्रोदयं वर्णयितुमुपक्रमते—

ध्वान्तस्य तेन क्रियमाणयेत्थं द्विषः शशी वर्णनयाऽथ रुष्टः ।

उद्यन्नुपश्लोकि जपारुणश्रीर्नराधिपेनानुनयेच्छयेव ॥ ३९ ॥

ध्वान्तस्येति । तेन नराधिपेन नलेन इत्थं क्रियमाणया द्विषः शत्रुभूतस्य ध्वान्तस्य वर्णनया रुष्टः क्रुद्ध इव जपाकुसुमवदरुणा श्रीर्यस्य स उद्यन्नुदयं प्राप्नुवन् शशी तेनैव राज्ञाऽनन्तरमनुनयेच्छयेव प्रसादनवाञ्छयेवोपश्लोकि श्लोकैः स्तोतुमा-

मूर्धाभिषिक्तः खलु यो ग्रहाणां यद्भासमास्कन्दितऋक्षशोभम् ।
दिवान्धकारं स्फुटलब्धरूपमालोकतालोकमुलूकलोकः ॥ ३७ ॥

मूर्धेति । यो रविः नवानां ग्रहाणां मध्ये खलु निश्चितं मूर्धाभिषिक्तो राजा । उलूकानां लोकः सङ्घस्तस्य रवेर्भया दीप्त्या समास्कन्दिता नितरां पराभूता ऋक्षशोभा नक्षत्रकान्तिर्यस्मिंस्तत् । तथा,—स्फुटमुपलब्धानि अन्येन जनेन दृष्टानि घटादिस्वरूपाणि यस्मिंस्तादृशमपि दिवा कर्मीभूतं दिनमन्धकारमेवालोकत । दिने तस्य दर्शनाशक्तेर्दिनमन्धकाररूपत्वेनैव मेने इत्यर्थः । तथा,—व्यक्तं लब्धानि घटादिरूपाणि यत्र तादृशमन्धकारमेवालोकमपश्यद्दर्शनसहकारिप्रकाशरूपत्वेनैव मेने । (अर्थाद्रात्राविस्यर्थः ।) अन्धकारं स्फुटलब्धरूपमित्यावृत्त्या योज्यम् । तेन तमसा विपरीतदृश एव भवन्तीति व्यज्यते । एवंविधमन्धकारं च स्फुटमतिप्रसिद्धं शुक्लभास्वरात्मकं लब्धं रूपं येन तादृशमालोकमेवापश्यत् । कृष्णरूपमपि तमः शुक्लभास्वरालोकत्वेनापश्यदिति विरुद्धमित्यर्थः । अथ च,—यो ग्रहराजः सूर्यः, आक्रान्तनक्षत्रलक्ष्मीकां तद्भासं सूर्यदीप्तिमेवायमुलूकलोको दिवा दिनेऽन्धकारमपश्यत् । रात्रौ चान्धकारमालोकमपश्यत् ; दिने सूर्यालोक एव तमः, रात्रौ च तम एव सूर्यालोक इति ददर्शेत्यर्थः । कीदृशीं तद्भासम् ? कीदृशमन्धकारम् ? स्फुटमुपलब्धानि घटादिरूपाणि यस्यामन्यजनेन तादृशीम् , स्फुटं संजातस्वरूपलाभं चेत्यन्धकारस्य नपुंसकत्वान्नपुंसकैकशेषैकवद्भावेन वा व्याख्येयम् । सूर्यदीप्त्याऽसमास्कन्दिताऽपराभूता नक्षत्रलक्ष्मीर्यत्र तम् , अन्धकारविशेषणं वा । रात्रौ सूर्यदीप्तेरभावादतिरस्कृतनक्षत्रशोभामित्यर्थः ।सूर्यदीप्तेरेव समास्कन्दनसामर्थ्यात्तमसैव रात्रौ यत्तिरस्करणं तेन नक्षत्रशोभा यस्मिन्निति वा इत्यादिव्याख्यानानि ज्ञातव्यानि । 'लक्ष्मीम्' इति पाठे—नदीत्वेऽपि समासान्तविधेरनित्यत्वात्कबभावः । 'मूर्धाभिषिक्तो राजन्यः' 'अन्धकारोऽस्त्रियाम्' इत्यमरः ॥ ३७ ॥

जो सूर्य ग्रहोंमें मूर्धाभिषिक्त राजा है, उल्लुओंके समुदायने उस सूर्यकी प्रभासे पराभूत नक्षत्र-प्रकाशवाले तथा (उल्लूसे अतिरिक्त दूसरे लोगोंके द्वारा) स्पष्ट दिखलायी देता है (घट-पटादिका) स्वरूप जिसमें ऐसे दिनको अन्धकार रूपमें देखा (जिसमें सूर्यकान्तिने नक्षत्र-शोभाको नष्ट कर दिया है तथा सब घट-पटादि पदार्थोंको लोग स्पष्टतः देख रहे हैं, उस दिनको भी उल्लुओंने अन्धकार माना) तथा (रात्रिमें) उस सूर्यके प्रभासे अपराभूत नक्षत्र-प्रकाशवाले तथा (उल्लुओंके द्वारा) स्पष्ट दिखलायी देता है (घट-पटादिका) स्वरूप जिसमें ऐसे अन्धकारको प्रकाशरूपमें देखा अर्थात् उक्तरूप दिनको अन्धकार तथा अन्धकारको प्रकाश समझा । अथ च—जो सूर्य ग्रहराज है, उल्लुओंके समूहने दिनमें उस सूर्य-प्रकाशके द्वारा नष्ट किये गये नक्षत्र-प्रकाशवाले एवं दूसरोंको दृश्यमान घट-पटादिस्वरूपवाले प्रकाशको अन्धकार माना तथा रात्रिमें उस सूर्य-प्रकाशके

द्वारा नहीं नष्ट किये गये नक्षत्र-प्रकाशवाले एवं अनेकों दृश्यमान घट-पटादिस्वरूपवाले अन्धकारको प्रकाश माना; (ऐसा यह अन्धकार है)॥ ३७॥

दिने मम द्वेषिणि कीदृगेषां प्रचार इत्याकलनाय चारीः ।
छाया विधाय प्रतिवस्तुलग्नाः प्रावेशयत्प्रष्टुमिवान्धकारः ॥ ३८ ॥

दिन इति । अन्धकार इत्याकलनाय सामस्त्येन ज्ञानार्थं प्रतिवस्तुलग्नाः पदार्थमात्रसंबद्धाः प्रतिच्छाया एव चारीर्गूढार्थवेदिकाश्चारनारीः विधाय चारपदं तास्यो दत्त्वा दिनं प्रति संप्रेष्य समागतास्ताः तत्रत्यवृत्तान्तं प्रष्टुमिव पुनः प्रावेशयत्। निजनैकट्यमित्यर्थात् । इति किम् ? ममान्धकारस्य द्वेषिणि माममहमाने दिने विषये एषां वस्तूनां कीदृक् प्रचारो विहरणं स्नेहादिव्यवहारश्चेति । दिवा प्रतिपदार्थसंबद्धाश्छाया एव रात्रौ समागत्य मिलिता निजस्वामिनमन्धकारं प्राविशन्। रात्रौ हि प्रकाशाभावे छाया अन्धकारेण सहैकीभवतीति तत्संबन्धादेव महानन्धकारः प्रतीयत इति भावः। एतेन प्रतिच्छायापि तम एवेति वर्णितम् । अन्योऽपि रात्रौ लोकस्थितिं ज्ञातुकामः स्त्रीणां सर्वत्र प्रवेष्टुं शक्यत्वाच्चारनारीः संप्रेष्य तत्रत्यं वृत्तान्तं विचार्य समागतास्ताः प्रष्टुमात्मसविधं प्रवेशयति । छाया एव चारीः प्रतिवस्तुलग्ना विधायेति वा । चारपदं दत्त्वा पदिनः प्रत्येकं प्रेषयामास । अत एव ता दिने प्रतिवस्तुलग्ना दृश्यन्त इति वा । चारीः, पुंयोगान्ङीप् ॥ ३८ ॥

'मेरे शत्रु दिनमें इन (प्रकाशादि पदार्थों) की कैसी स्थिति (पक्षा०—लोकादिविषयक स्नेह) है, इस बातको अच्छी तरह जाननेके लिए अन्धकारने प्रत्येक पदार्थोंके साथ संलग्न छाया (परछाईं) को दूती बनाकर (इस समय रात्रिमें उक्त कार्यको पूराकर लौटी हुई) उन दूतीरूपिणी छायाओंको मानो उनसे उक्त बात पूछनेके लिए प्रवेश कराया है।' [लोकमें भी कोई राजा आदि अपने शत्रुओंके यहां रहनेवाले अमात्यादिकी स्थिति जाननेके लिए सर्वत्र सरलतासे पहुंचनेवाली स्त्रियोंको दूती बनाकर भेज देता है, और जब वे वहांकी बातोंको जानकर लौटती हैं तब उनसे सब बातोंको पूछनेके लिए अपने पास बुलाता (प्रविष्ट कराता) है। इससे दिनमें प्रत्येक पदार्थसे सम्बन्ध रखनेवाली छाया ही रात्रिमें एकत्रित होकर अन्धकाररूप हो रही है, अत एव छाया भी अन्धकारका ही अंश है, अन्धकारसे भिन्न 'छाया' नामक कोई वस्तु नहीं है]' ॥ ३८ ॥

इदानीं चन्द्रोदयं वर्णयितुमुपक्रमते—

ध्वान्तस्य तेन क्रियमाणयेत्थं द्विषः शशी वर्णनयाऽथ रुष्टः ।
उद्यन्नुपश्लोकि जपारुणश्रीर्नराधिपेनानुनयेच्छयेव ॥ ३९ ॥

ध्वान्तस्येति । तेन नराधिपेन नलेन इत्थं क्रियमाणया द्विषः शत्रुभूतस्य ध्वान्तस्य वर्णनया रुष्टः क्रुद्ध इव जपाकुसुमवदरुणा श्रीर्यस्य स उद्यन्नुदयं प्राप्नुवन् शशी तेनैव राज्ञाऽथानन्तरमनुनयेच्छयेव प्रसादनवाञ्छयेवोपश्लोकि श्लोकैः स्तोतुमा-

रश्मि । अन्योऽपि वैरिवर्णनया रुष्टः सन्नरुणो भवति, तत्परिहारार्थमुदितः सन् वर्णकेन प्रसादनार्थं स्तूयते । प्रतीयमानोत्प्रेक्षा । 'इव'शब्दस्योभययोजना वा । उपश्लोकि, 'सत्या-' इति णिजन्तात्कर्मणि चिण् ॥ ३९ ॥

अनन्तर उस राजा (नल) के द्वारा किये गये इस प्रकार (२२।२६—३८) के वर्णन से क्रुद्ध-से (अत एव) ओढउलके पुष्पके समान लाल और उदय होते (पक्षा०—आगे बढ़ते हुए) चन्द्रमाका मानो अनुनय करने (मनोने) की इच्छासे श्लोकों द्वारा स्तुति करने लगे । [लोकमें भी कोई व्यक्ति शत्रुके वर्णन करनेसे, रुष्ट होनेसे रक्तवर्ण होकर आगे बढ़ते हुए व्यक्तिको प्रसन्न करनेके लिए स्तुति करता है । अन्धकारके बाद उदित होते हुए अरुणवर्ण चन्द्रमाको देखकर राजा नल अन्धकारका वर्णन करने लगे] ॥ ३९ ॥

पश्यावृतोऽप्येष निमेषमद्रेरधित्यकाभूमितिरस्करिण्या ।
प्रवर्षति प्रेयसि ! चन्द्रिकाभिश्चकोरचञ्चूचुलुकप्रमिन्दुः ॥ ४० ॥

पश्येति । हे प्रेयसि प्राणप्रिये ! एष इन्दुश्चन्द्रिकाभिश्चकोराणां चन्द्रिकास्रवदमृतपायिनां पक्षिणां चञ्च्व एव चुलुकास्तान्पूरयित्वा प्रकर्षेण वर्षति सुधामित्यर्थात् । यावता चकोरचञ्चूपूरणं भवति तावत्प्रमाणं वर्षतीत्यर्थः । त्वं पश्य । किंभूतः ? अद्रेरुदयाचलस्याधित्यकाभूम्योर्ध्वशिखरेणैव तिरस्करिण्या जवनिकया निमेषलक्षणमत्यल्पकालमावृतोऽपि सन् । संपूर्णानुदितोऽपि प्रथमचन्द्रिकाभिरेव चकोराणामानन्दं करोति, किं पुनरुदितः सन्निति भावः । अन्योऽप्युपकारी दूरस्थोऽप्युदयोन्मुखोऽन्येषामुपकरोति । चुलुकप्रम्, 'वर्षप्रमाणे—' इत्यादिना पूरेर्णमुल्, ऊकारलोपश्च ॥ ४० ॥

हे परमप्रिये (दमयन्ति) ! उदयाचलके ऊर्ध्व शिखररूप पर्देसे क्षणमात्र ढका हुआ भी यह (उदीयमान) चन्द्रमा चाँदनीसे चकोरके चोंचरूपी चुल्लूको भरकर अच्छी तरह वृष्टिकर रहा है, यह तुम देखो । [जब यह अपूर्ण उदयको प्राप्त होनेके पहले ही चकोरोंके चोंचरूपी चुल्लूको चन्द्रिकाओंसे भरकर अतिशय बरस रहा है, तब पूर्णोदय हो जानेपर और भी अधिक बरसेगा, इसमें सन्देह नहीं है । लोकमें भी कोई उपकारी व्यक्ति अभ्युदयोन्मुख होकर दूरस्थ रहते हुए भी उपकार करता है] ॥ ४० ॥

ध्वान्ते द्रुमान्तानभिसारिकास्त्वं शङ्कस्व सङ्केतनिकेतमाप्ताः ।
छायाच्छलादुज्झितनीलचेला ज्योत्स्नाऽनुकूलैश्चलिता दुकूलैः ॥ ४१ ॥

ध्वान्त इति । हे प्रिये ! त्वं चन्द्रोदयात्पूर्वं ध्वान्ते सति द्रुमान्तान् तरुनिकटदेशानेव वृक्षाधोभागानेव संभोगार्थं कामुकदत्तं संकेतनिकेतमाप्ताः प्राप्ता अभिसारिकाः स्वैरिणीः शङ्कस्व संभावय । तथा,-इदानीं चन्द्रोदये सति वृक्षाधोभागवर्तिछायाच्छलादुज्झितं पूर्वं धृतं तमोनुकूलं नीलं चेलं वस्त्रं याभिस्तादृशीः सतीः सवर्णत्वाज्ज्योत्स्नानुकूलैश्चन्द्रिकानुगुणधवलतरैर्दुकूलैरुपलक्षिताः सतीश्चलिताः संभोगं

कृत्वा स्वगृहं प्रति पुनः परावृत्तास्त्वं संभावय। तमसि सत्येव केनापि न ज्ञात-व्यमिति बुद्ध्या नीलं वस्त्रं परिधाय संकेतस्थानमागताः, चन्द्रोदये पुनर्नीलवस्त्रपरि-धाने पूर्ववद्भीत्या तत्त्रैव विहाय श्वेतं दुकूलं सवर्णत्वात्परिधाय परावृत्ताः केनापि न ज्ञाताः। 'नीलचोलाः–' इति पाठे–चोलः कूर्पासः ॥ ४१ ॥

(हे प्रिये !) अन्धकारमें अर्थात् चन्द्रोदयके पहले तुम वृक्षोंके नीचे भागरूप (प्रियकथित) सङ्केत स्थानको पहुंची हुई अभिसारिकाओंको जानो (तथा प्रियके साथ सम्भोग करके इस समय—चन्द्रोदय हो जानेपर, वृक्षोंको) परछाईके कपटसे नीले कपड़ोंको छोड़ (उतार) कर चाँदनीके अनुकूल (श्वेत) वस्त्रोंको धारणकर चली (वापस लौटी) हुई समझो। [चन्द्रोदय होनेके पहले अन्धकार रहनेपर ये अभिसारिकाएँ दूसरोंके द्वारा देखे जानेके भयसे काले वस्त्र पहनकर प्रियसङ्केतित वृक्षके अधोभागको पहुंच गयीं तथा उन प्रियोंके साथ सम्भोग करके अब चन्द्रोदय होनेपर इन काले वस्त्रोंको पहनकर चाँदनीमें लौटते समय कोई देख लेगा इस भयसे वृक्षोंकी परछाईके कपटसे उन काले वस्त्रोंको छोड़कर चांदनीके अनुकूल श्वेत वस्त्र पहनकर लौट रही हैं, ऐसा तुम जानो। ये वृक्षोंकी परछाई नहीं हैं, किन्तु उन अभिसारिकाओंको छोड़े हुए काले वस्त्र हैं। अभिसा-रिकाओंका अँधेरेमें काला वस्त्र तथा उजेलेमें श्वेत वस्त्र पहनकर प्रियके पास जाने या वहांसे लौटनेका स्वभाव होता है] ॥ ४१ ॥

त्वदास्यलक्ष्मीमुकुरं चकोरैः स्वकौमुदीमादयमानमिन्दुम् ।
दृशा निशेन्दीवरचारुभासा पिबोरु रम्भातरुपीवरोरु ! ॥ ४२ ॥

त्वदिति। हे रम्भातरुवदतिपीवरावूरू यस्यास्तत्संबुद्धिः, त्वं निशायामिन्दीवरं नीलोत्पलं तद्वच्चार्वी भा यस्यास्तया दृशा उरु सादरमिन्दुबिम्बं विलोकय। किं-भूतम्? तवास्यलक्ष्म्या मुखशोभाया अवलोकनार्थं मुकुरं दर्पणमिव। तथा,–चकोरैः प्रयोज्यैः कौमुदीमादयमानं निजकौमुदीं चकोरान् पाययमानम्। उदिते चन्द्रे चकोराः सानन्दा जाताः, नीलोत्पलानि च विकसितानीति भावः। एतेनेन्दोः परोपकारित्वं सूचितम्। विकसितेन्दीवरतुल्यया दृशा पिबेत्यनेन चन्द्रोदये हीन्दीवरं विकसति, त्वं चैवंभूतया दृशा यदा चन्द्रमवलोकयिष्यसि, (तदा) जनस्त्वद्दृशं चन्द्रावलोकनविकसितमिन्दीवरमेवैतदिति ज्ञास्यतीति सूचितम्। दिवा संकोचा-दलक्ष्यमितीन्दीवरस्य विकसितत्वद्योतनार्थं 'निशा' पदम्। चकोरैः, 'गतिबुद्धि–' इति कर्मत्वप्राप्तावपि 'आदिखाद्योर्न' इति प्रतिषेधात्कर्तरि तृतीया। आदयमानं, निगरणार्थत्वात्परस्मैपदप्राप्तावपि 'अदेः प्रतिषेधो वक्तव्यः' इति निषेधात् 'णिचश्च' इति तङ् ॥ ४२ ॥

हे केलेके खम्भेके समान स्थूल ऊरुओंवाली (प्रिये दमयन्ति) ! तुम रात्रिके (विक-सित) नीलकमलके समान सुन्दर शोभावाले नेत्रसे, तुम्हारे मुखशोभाका दर्पणरूप तथा चकोरोंसे अपनी चाँदनीका पान कराते हुए चन्द्रमाको बहुत पीवो अर्थात् अच्छी तरह

देखो। (पाठा०—हे मोटे केलेके खम्भेके समान उरुओं वाली ! इस पाठमें 'पिव + उरुर-म्भातरु⋯⋯ = पीवरोरुरम्भातरु⋯' ऐसा पद समझना चाहिये)। [तुम रात्रिमें विकसित हुए नीलकमलतुल्य कान्तिवाले नेत्रसे चन्द्रमाको सम्यक् प्रकारसे देखोगी जो तुम्हारे नेत्रको लोग नीलकमल समझेंगे। चन्द्रोदय हो गया नीलकमल विकसित हो गये तथा चकोर चन्द्रिका-पान करने लगे]॥ ४२॥

असंशयं सागरभागुदस्थात् पृथ्वीधरादेव मथः पुराऽयम् ।
अमुष्य यस्मादधुनाऽपि सिन्धौ स्थितस्य शैलादुदयं प्रतीमः ॥ ४३ ॥

असंशयमिति। पुरा पूर्वं सागरभाक् समुद्रगर्भस्थोऽयं चन्द्रः मथो दण्डभूतात्पृथ्वीधरात्पर्वतान्मन्दराद्रेरेव हेतोरुदस्थादुत्पन्न इति असंशयं निश्चितम् । पुराणादौ यदेवं श्रूयते तत्सत्यमित्यर्थः। पुरा उदस्थात्प्रथमसंभवावसरे तस्मादेव समुत्थित इति वा। तत्र हेतुमाह-यस्माद्धेतोरधुनापि संभवान्तरावसरेऽपि सिन्धौ स्थितस्य सागरगर्भस्थस्याप्यमुष्य चन्द्रस्य शैलादुदयाचलादेवोदयमुत्पत्तिं प्रतीमो जानीमः। प्रत्यहं सागरस्थस्याप्यस्याचलोत्पत्तिशीलस्वरूपलिङ्गदर्शनात्समुद्रमथने प्रथमसंभवावसरेऽप्ययमचलादेवोत्पन्न इति निश्चिनुम इत्यर्थः। उदयाचलशिखरं चन्द्रोऽतिक्रामतीति भावः॥ ४३॥

पहले (समुद्रमथनके समय) समुद्रस्थ यह चन्द्रमा निश्चय मथनदण्डरूप (सुमेरु) पर्वतसे अवश्यमेव उत्पन्न हुआ है, क्योंकि इस समय भी समुद्रमें स्थित इस चन्द्रमाके उदयको पर्वत (उदयाचल) से ही उत्पन्न हमलोग देखते हैं। [इस समय प्रतिदिन उदयाचलसे ही समुद्रस्थ चन्द्रमाका उदय देखकर पूर्वकालमें भी इस चन्द्रमाका मन्थनदण्डभृत मन्दराचलसे ही उदय होना प्रतीत होता है]॥ ४३॥

निजानुजेनातिथितामुपेतः प्राचीपतेर्वाहनवारणेन ।
सिन्दूरसान्द्रे किमकारि मूर्ध्नि तेनारुणश्रीरयमुज्जिहीते ? ॥ ४४ ॥

निजेति॥ निजानुजेन एकस्मात्सिन्धोरुत्पन्नतयाऽस्माच्चन्द्रात् पश्चाज्जनितेन कनीयसा भ्रात्रा प्राचीपतेरिन्द्रस्य वाहनवारणेन प्राच्यां स्थितेनरावतेनातिथितामुपेतः प्राप्तः। प्राच्यामुदितत्वात्तत्सविधं प्राप्तः सन्नयं चन्द्रोऽग्रजत्वात्सिन्दूरेण सान्द्रे मूर्ध्नि अकारि कृतः किम् ? गौरवान्नमस्कारपूर्वं शिरस्यारोपितः किमित्यर्थः। तेन सान्द्रसिन्दूरशिरःस्थापनेन हेतुना लग्नसिन्दूरवशादयमरुणश्रीरारक्तशोभः उज्जिहीते उदेति, उज्जिहीते किमिति वा। उदितश्चन्द्रः सिन्दूररक्तो दृश्यत इत्यर्थः॥ ४४॥

(एक समुद्रमें निवास करने तथा समुद्रमथनके अवसरपर चन्द्रमाके बाद उत्पन्न होनेसे) अपने छोटे भाई इन्द्रके वाहनभूत ऐरावतने (पूर्व दिशामें जानेसे) अतिथित्वको प्राप्त चन्द्रमाके मस्तकको सिन्दूरसे लिप्त कर दिया है क्या ? जिससे यह (चन्द्रमा) अरुण शोभावाला उदित हो रहा है। [गृहपर आये हुए पूज्य अतिथिके मस्तकमें सिन्दूरादिका

तिलक लगाकर उस अतिथिका सत्कार करना कर्तव्य होता है, अत एव अथितिरूपमें आये हुए बड़े भाई .चन्द्रके मस्तकमें सिन्दूर-तिलक लगाकर सत्कार करना सदा पूर्व दिशामें निवास करनेवाले ऐरावतको उचित ही है] ॥ ४४ ॥

यत्प्रीतिमद्भिर्वदनैः स्वसाम्यादचुम्बि नाकाधिपनायिकानाम् ।
ततस्तदीयाधरयावयोगादुदेति बिम्बारुणबिम्ब एषः ॥ ४५ ॥

यदिति ॥ वृत्तत्वादिगुणयोगेन स्वसाम्यात्प्रीतिमद्भिर्नाकाधिपस्येन्द्रस्य नायिकानां वदनैर्यद्यस्मात्स्वसविधमागत एष चन्द्रोऽचुम्बि चुम्बितः, तस्माद्धेतोस्तस्माच्चुम्बनाद्वा तदीयानां देवेन्द्रनायिकानामधरेषु न्यस्तो यावोऽलक्तकस्तस्य योगात्संबन्धाद्धेतोर्बिम्बवत्पक्वबिम्बीफलवदरुणं बिम्बं मण्डलं यस्य तादृश उदेति । अन्योऽपि समानः सखा सविधमागतः सन् सख्या प्रीत्या चुम्ब्यते । 'मुखैः' इति बहुवचनेन तत्र प्रदेशे युगपदेव चुम्बनाद्बहुलयावकयोगात्सकलस्यापि चन्द्रबिम्बस्य रक्तत्वं युक्तमिति सूचितम् ॥ ४५ ॥

आह्लादक तथा गोलाकारादि गुणोंसे अपनी समानता होनेके कारण इन्द्रकी नायिकाओंके मुखोंने जिस कारण (पूर्व दिशामें उदयोन्मुख होते समय समीपस्थ होनेपर) चन्द्रमाका चुम्बन किया, उस कारण (या-उस चुम्बनके करने) से उन (इन्द्रकी नायिकाओं) के अधरोंके यावक (अधर रंगनेके अलक्तक) के संसर्गसे बिम्ब फलके समान लाल मण्डलवाला यह चन्द्रमा उदित हो रहा है । [इन्द्रकी नायिकाएँ सदा पूर्व दिशामें रहती हैं, और इस अन्द्रमाको उसी दिशामें उदित होते हुए देखकर चन्द्रमामें आह्लादक एवं गोलाकार आदि गुणोंको अपने मुखके समान देखकर स्नेहपूर्वक वे नायिकाएँ चन्द्रमाका चुम्बन करती हैं और उसके बाद शीघ्र ही उदय होनेसे कुछ क्षण पहले लगे हुए उन इन्द्रनायिकाओंके अधरके रागसे यह चन्द्रबिम्ब अरुण दृष्टिगोचर होता है] लोकमें भी कोई व्यक्ति अपने समान गुणवाले व्यक्तिके आनेपर उसका स्नेहपूर्वक चुम्बनादि करता है । उदयको प्राप्त यह चन्द्रमण्डल रक्तवर्ण दृष्टिगोचर हो रहा है] ॥ ४५ ॥

विलोमिताङ्कोत्किरणाद् दुरूहदृगादिना दृश्यविलोचनादि ।
विधिर्विधत्ते विधुना वधूनां किमाननं काञ्चनसञ्चकेन ? ॥ ४६ ॥

विलोमितेति ॥ विधिर्ब्रह्मा विधुना चन्द्रेणैव काञ्चनस्य सञ्चकेन बिम्बकेन कृत्वा वधूनामतिरमणीयमाननं विधत्ते किम् । यतः किंभूतेन ? विलोमितः पराङ्मुखः कृतः स्वप्रभया जितः अङ्कः कलङ्को येन तादृशादुत्कृष्टादतितेजस्विनः किरणाद्धेतोर्दुरूहो दुस्तर्क्यो दृगादिर्नेत्राद्यवयवो यस्य, अथ च,-विपरीतीकृतानामङ्कानां नेत्रादिनिर्माणार्थं निम्नोन्नतांशचिह्नस्थानानामुत्किरणं संघटनं तस्माद्धेतोः साक्षादलक्ष्यनेत्रकर्णनासिकाद्यवयवेन । आननं तु साक्षाद्दृश्या विलोचननासाकर्णाद्यवयवा यस्य तादृशम् । तस्माद् ब्रह्मा स्त्रीमुखं चन्द्ररूपेण स्वर्णस्य सञ्चकेन निर्ममे । सञ्चके हि

निष्पाद्यस्य वस्तुनो निम्नोन्नतभागा विपरीता एवोत्कीर्यन्ते । तत्र च नेत्राद्यवयवा दुर्ज्ञेया भवन्ति, तन्निर्मिते मुखादौ च दृश्या भवन्ति, तस्मादेवं तर्क्यत इत्यर्थः । उदितमात्रश्चन्द्रोऽप्युत्तमसुवर्णसञ्चकवद्रक्तो दृश्यत इति भावः । उत्तमं सुवर्णं रक्तवर्णं भवति । 'आननम्' इति जात्येकवचनम् ॥ ४६ ॥

ब्रह्मा अपनी प्रभासे तिरस्कृत कलङ्कवाले अतिशय उत्कृष्ट किरणों (पक्षा०—उलटा बनाये गये चिह्नोंकी रचना) से स्पष्ट नहीं दिखलायी पड़ते हैं, नेत्र आदि (नासिका, अधर……) जिसके ऐसे चन्द्रमारूप सोनेके साँचेसे स्त्रियोंके मुखको रचते हैं क्या ? । [जिस प्रकार नेत्र नासिका आदि उलटा खोदनेसे स्पष्ट नहीं मालूम पड़ते हुए नेत्रादि वाले साँचेसे कोई मूर्ति ढाली जाती है तो उस ढाली गयी मूर्ति आदिमें नेत्रादि स्पष्ट दिखलायी पड़ने लगते हैं, उसी प्रकार गोलाकार उदयकालीन होनेसे सुवर्णवत् रक्त-पीतवर्ण तथा कलङ्कको पराभूत करनेवाली किरणकी उत्कृष्टतासे (पक्षा०—उलटे खोदे गये चिह्नों) से स्पष्ट नहीं दिखलायी पड़नेवाले नेत्रादिवाले चन्द्ररूपी सोनेके सांचेसे स्त्रियोंके मुखको ब्रह्मा ढालते हैं क्या ? । उदयकालीन चन्द्र सोनेके समान रक्त-पीतवर्ण होता है । चन्द्रको स्त्रियोंके मुखका सुवर्णमय सांचा होनेसे उसमें उलटा खोदे गये नेत्रादिको स्पष्ट नहीं दिखलायी पड़नेकी उत्प्रेक्षा की गयी है] ॥ ४६ ॥

अनेन वेधा विपरीतरूपविनिर्मिताङ्कोत्किरणाङ्ककेन ।
त्वदाननं दृश्यदृगाद्यलक्ष्यदृगादिनैवाकृत सञ्चकेन ॥

अनेनेति ॥ वेधाः विपरीतरूपं यथा तथा विनिर्मितमुक्तविधमङ्कोत्किरणं यत्र तादृशमङ्कं यस्य । तेन । तथा,—अलक्ष्यदृगादिनानेन चन्द्रेणैव सञ्चकेन दृश्यं सुन्दरतरम्, अथ च,—प्रत्यक्षदर्शनयोग्यं दृगादि यस्य तादृशं त्वदाननमकृत । त्वदाननमेवाकृत न त्वन्यानननमिति वा । अयमेवात्र श्लोके विशेषः । अयं श्लोकः क्षेपकः ॥

ब्रह्माने, उलटा बनाये गये चिह्नोंकी रचनावाले अङ्क हैं जिसमें ऐसे तथा (उलटा चिह्न करनेके कारण ही) स्पष्ट नहीं दिखलायी देते हुए नेत्रादिवाले इस (चन्द्ररूपी) सांचेसे ही स्पष्ट देखने योग्य (या-मनोहर) नेत्रादिवाले तुम्हारे मुखका बनाया है । [इस श्लोकका आशय पूर्व श्लोकके समान ही है, केवल विशेष इतना ही है कि पूर्व श्लोकमें स्त्रियोंके मुख की रचना करनेको कहा गया है तथा इस श्लोकमें केवल दमयन्तीके ही मुखकी रचना करनेको कहा गया है । इससे अन्य स्त्रियोंका मुख उक्त चन्द्ररूपी सांचेमें नहीं ढाले जानेसे सामान्य सौन्दर्य युक्त तथा तुम्हारा मुख उक्तरूप चन्द्ररूपी सांचेमें ढाले जानेसे अन्य स्त्रियोंके मुखसे अधिक सौन्दर्य युक्त है, यह भी सूचित होता है । पूर्व श्लोकके समान ही अर्थ होनेसे टीकाकार इसे क्षेपक मानते हैं] ॥

अस्याः सुराधीशदिशः पुराऽऽसीत् यदम्बरं पीतमिदं रजन्या ।
चन्द्रांशुचूर्णव्यतिचुम्बितेन तेनाधुना नूनमलोहिताथि ॥ ४७ ॥

अस्या इति ॥ हे भैमि ! अस्याः सुराधीशस्येन्द्रस्य दिशः यदिदमम्बरं गगनं वस्त्रं च पुरा चन्द्रोदयात् पूर्वं रजन्या रात्र्या हरिद्रया च पीतं तमोव्याप्तत्वाददृश्यं पीतवर्णं चासीत्, तेनाऽम्बरेण गगनेन वस्त्रेण चाधुना चन्द्रोदये चन्द्रांशूनां चूर्णैः श्लक्ष्णसूक्ष्मतेजोलेशैः कर्तृभिर्यतिचुम्बितेनातितरां स्पृष्टेन सता चद्रांशुवच्छुभ्रत-रेण चूर्णेन ताम्बूलसाधनचूर्णद्रव्येण स्पृष्टेन सता नूनमलोहितायि आरक्तीभूतम् । हरिद्रया पीतवर्णं वस्त्रं चूर्णेन युक्तं सद्रक्तं भवति । देवेन्द्रस्त्रियाश्च वस्त्राणि नाना-वर्णानि युक्तानि । चन्द्रांशव एव चूर्णमिति वा । अलोहितायि, लोहितादित्वयषन्ता-द्भावे चिण् ॥ ४७ ॥

इस सुराधीशकी दिशा अर्थात् पूर्व दिशाका जो आकाश (पक्षा०—कपड़ा, चन्द्रोदयसे) पहले रात्रि (पक्षा ०—हल्दी) से पीत (अन्धकारसे पीया गया = अदृश्य, पक्षा०—पीले रंगवाला) था, इस समय (चन्द्रोदय होनेपर) चन्द्र-किरणके समान (या—चन्द्र-किर-णरूप) चूनेसे संस्पृष्ट वह (आकाश, पक्षा०—कपड़ा) लाल हो गया । [हल्दीसे रंगे गये पीले कपड़ेमें चूनेका संसर्ग होनेसे लाल होना लोकप्रसिद्ध है; जो देवताओंके राजा (इन्द्र) की (पत्नीरूपिणी पूर्व) दिशा है, उसके कपड़े (पक्षा०—आकाश) को पीला, लाल अर्थात् अनेक वर्ण होना उचित ही है] ॥ ४७ ॥

तानीव गत्वा पितृलोकमेनमरञ्जयन् यानि स जामदग्न्यः ।
छित्त्वा शिरोऽस्राणि सहस्रबाहोर्विस्राणि विश्राणितवान् पितृभ्यः ॥४८॥

तानीति ॥ सोऽतिवीरो जामदग्न्यः सहस्रबाहोः शिरश्छित्त्वा विस्राण्यामगन्धीनि यान्यस्राणि रक्तानि पितृभ्यो जमदग्न्यादिभ्यो विश्राणितवान्दत्तवान् । यै रक्तैः प्रति-ज्ञातं पितृतर्पणं कृतवान् । तान्येव रक्तानि मन्त्रबलात्पितृलोकं गत्वा प्राप्य पितृलो-काधीन (श) मेनं चन्द्रमरञ्जयन् रक्तं चक्रुरिव । 'चन्द्रो वै पितृलोकः' इति श्रुतेः । चन्द्रो रक्तवर्णो दृश्यत इति भावः । परशुरामः सहस्रार्जुनं हत्वा तदीयै रक्तैः पितृत-र्पणं कृतवानितीतिहासः । 'विस्रं स्यादामगन्धि यत्' इत्यमरः ॥ ४८ ॥

परशुरामजीने सहस्रार्जुनके शिरको काटकर जिन कच्चे गन्धवाले रक्तोंको (जमदग्नि आदि) पितरोंके लिए दिया, वे ही (रक्त) मानो (मन्त्र बलसे) पितृलोकमें जाकर इस (चन्द्रमा) को रक्तवर्ण कर दिये हैं । [चन्द्रको पितृलोकमें निवास करनेसे वहां पहुंचे हुए रक्तोंसे उस चन्द्रका लाल होना युक्तियुक्त ही है] ॥ ४८ ॥

पौराणिक कथा—परशुरामजीके आश्रमसे बाहर जानेपर सहस्रार्जुनने जमदग्निके शिरको काट लिया, पुनः परशुरामजीने बाहरसे लौटकर जब पिताके मारे जानेका समाचार सुना, तब प्रतिज्ञा की कि सहस्रार्जुन (एवं उसके वंशवाले समस्त क्षत्रियों) के रक्तसे पितृतर्पण करूंगा । तदनुसार ही उन्होंने सहस्रार्जुन (को तथा २१ बार अन्य समस्त क्षत्रियों) को मारकर उस रक्तसे पितृतर्पणकर अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण की ॥ ४८ ॥

अकर्णनासस्त्रपते मुखं ते पश्यन्न सीतास्यमिवाभिरामम् ।
रक्तोस्रवर्षी बत लक्ष्मणाभिभूतः शशी शूर्पणखामुखाभः ? ॥ ४९ ॥

अकर्णेति ॥ हे प्रिये ! शशी सितास्यमिवाभिरामं कर्णादिकृतशोभं ते मुखं पश्यन्सन्न त्रपते न लज्जते बत चित्रम् । किंभूतः ? न विद्यते कर्णनासं स्वभावादेव यस्य सः । तथा रक्ता आरक्ता उस्राः किरणास्तद्वर्षणशीलः, शोणश्चासौ किरणवर्षी च तादृशो वा । तथा,–लक्ष्मणा कलङ्केनाभिभूत आक्रान्तमध्यः, अत एव शूर्पणखाया रावणभगिन्या मुखवदाभा यस्य स तद्वदनतुल्यः; एषु लज्जाकारणेषु सत्स्वपि न लज्जते तच्चित्रमित्यर्थः । त्वन्मुखं पश्यन्नप्युदयत्येव, स्वं प्रकाशयति च, तस्मादेव न लज्जते, इति ज्ञायते । अन्यो ह्यकर्णनासो लज्जते, अयं तु तादृशोऽपि न लज्जत इत्यपि चित्रमेव । शूर्पणखामुखमपि लक्ष्मणेन पराभूतं छिन्नकर्णनासत्वाद्रुधिरवर्षि सद्रामममभि लक्षीकृत्य वर्तमानम् , अत एवाभि भयरहितं च, सीतामुखं पश्यदपि न लज्जते, तदनन्तरमपि प्रौढिवादप्रकटनात् 'अभि' शब्दस्यावृत्तिः कार्या । 'लक्ष्म'-शब्दो नान्तः, पक्षेऽकारान्तः ॥ ४९ ॥

(हे प्रिये !, स्वभावतः) नाक–कानसे हीन, रक्तवर्णवाले (अथवा—उदयकालीन होनेसे स्वयं रक्तवर्ण, तथा), किरणोंको बरसाता हुआ और कलङ्क (मृगाकार काले चिह्न) से आक्रान्त यह चन्द्रमा सीताके मुखके समान सुन्दर तुम्हारे मुखको देखता हुआ उस प्रकार लज्जित नहीं हो रहा है; जिस प्रकार (लक्ष्मणजीके द्वारा काटे जानेसे) नाक-कानसे रहित, लाल तथा रक्तको बरसाता (बहाता) हुआ तथा लक्ष्मणजीसे पराभूत शूर्पण-खाका मुख रामचन्द्रको लक्ष्यकर स्थित तथा निर्भय सीताजीके मुखको देखता हुआ नहीं लज्जित हुआ, यह आश्चर्य है । [अपनेसे श्रेष्ठ उक्तरूप तुम्हारे मुखको देखकर हीन चन्द्रमाको लज्जित होना चाहिये था, किन्तु वह नहीं लज्जित होता यह उस प्रकार आश्चर्य है, जिस प्रकार उक्त रूप होनेसे हीनतम शूर्पणखाका मुख श्रेष्ठ सीताके मुखको देखकर भी नहीं लज्जित हुआ । सत्ययुगमें स्थित नलका अपनेसे बाद त्रेता युगमें होने वाले सीता, राम, लक्ष्मण तथा शूर्पणखा आदिका वर्णन कवि का कल्पान्तरकी अपेक्षा समझना चाहिये] ॥ ४९ ॥

पौराणिक कथा—पिताकी आज्ञासे १४ वर्षके लिये वनवास करते हुए अभिराम रामचन्द्रके साथ विवाहकी इच्छा करती हुई रावणकी बहन शूर्पणखाके नाक कानको लक्ष्मणजीने काट लिया था । यह कथा वाल्मीकि रामायण आदि अनेक ग्रन्थोंमें मिलती है ।

आदत्त दीप्रं मणिमम्बरस्य दत्त्वा यदस्मै खलु सायधूर्त्तः ।
रज्यत्तुषारद्युतिकूटहेम तत्पाण्डु जातं रजतं क्षणेन ॥ ५० ॥

आदत्तेति ॥ हे भैमि ! सायंकालरूपो धूर्तो यद् रज्यन्नुदयकाले रक्तीभवंस्तुषार-द्युतिश्चन्द्र एव लेपवशाद्रज्यत् कूटहेम कृत्रिमं सुवर्णमस्मै गगनाय मूल्यरूपेण दत्त्वा

दीप्तं प्रकाशमानमम्बरस्य मणिं सूर्यमादत्त जग्राह। तद्दलीकं हेम क्षणमात्रेण पाण्डु शुभ्रं रजतं खलु रूप्यमिव जातम्। धूर्तो हि रूप्यं लेपादिभिरुपलिप्तं सुवर्णीकृत्य ददाति, वस्त्रान्तरस्थमपि प्रसरद्दीप्तिकं रत्नं च गृह्णाति। उदयानन्तरमतिक्रान्तकिंचित्कालत्वाद्रक्तिमानं परित्यज्य चन्द्रो रूप्यवद्धवलो जात इति भावः। घञन्तोऽत्र 'साय' शब्दः 'सायं' शब्दसमानार्थः॥ ५०॥

सायङ्कालरूप धूर्तने इस (आकाश) के लिए ऊपरमें लेप (कलई) करने अर्थात् सुनहला पानी चढ़ानेसे लाल चन्द्ररूप नकली सोनेको देकर चमकते हुए आकाशके रत्न (रूप सूर्य) को ले लिया, तथा वह (रंगा गया चन्द्ररूप नकली सोना) क्षण (थोड़ी देर) में श्वेत वर्ण चांदी हो गया। [लोकमें भी कोई धूर्त चांदीके ऊपर सोनेका पानी चढ़ाकर किसी अजानके लिए देकर चमकते हुए रत्नको ले लेता है और वह पानी चढ़ाया हुआ चाँदीरूप नकली सोना थोड़ी देर बाद श्वेत हो जाता है। सायङ्कालको धूर्त व्यक्ति, उदयकालके रक्तवर्ण चन्द्रको पानी चढ़ाया हुआ नकली सोना तथा सूर्यको बहुमूल्य रत्न, तथा कुछ समय बाद श्वेत वर्ण हुए चन्द्रमाको प्रकृतावस्थापन्न चांदी होनेकी कल्पना की गयी है]॥ ५०॥

बालेन नक्तंसमयेन मुक्तं रौप्यं लसड्डिम्बमिवेन्दुबिम्बम्।
भ्रामक्रमादुज्झितपट्टसूत्रनेत्रावृतिं मुञ्चति शोणिमानम्॥ ५१॥

बालेनेति। हे प्रिये! रौप्यं राजतं रजतमयं लसद्विलसमानं डिम्बं बालक्रीडासाधनं भ्रमरकमिवेन्दुबिम्बं कर्तृ भ्रमिक्रमाद् भ्रमणपरिपाट्या, अथ च,–ऊर्ध्वदेशगमनक्रमेणोज्झिता त्यक्ता या पट्टसूत्रस्य नेत्रं दोरकस्तत्कृता आवृतिर्वेष्टनं तद्रूपम्, अथ च,— पट्टसूत्रजालिकावत् चन्द्रावरणं येन तं शोणिमानं रक्तिमानं मुञ्चति। किंभूतमुभयम्? नक्तंसमयरूपेण बालेन, अथ च,— बालेन प्रदोषरूपेण, रात्रिसमयेन मुक्तं भ्रमणार्थं करात् कृतमोचनम्, अथ च— उद्गीर्णं जनितोदयम्। शिशुक्रीडासाधनं हि भ्रमरकं काष्ठमयं भवति। ईश्वराणां च डिम्बं समृद्ध्यतिशयाद्राजतं पट्टसूत्रवलितदोरकस्रंसनात्तत्संबन्धजातं रक्तिमानं मुञ्चति। तथेदं चन्द्रबिम्बमपीत्यर्थः। इदानीं चन्द्रो धवलो जात इति भावः। 'नेत्रावृतेः—' इति पाठे—भ्रमिक्रमाद्धेतोरुज्झिता डिम्बेनैव पट्टसूत्रं या पट्टसूत्रनेत्रावृतिस्तस्या हेतोः शोणिमानं मुञ्चति। उज्झिता डिम्बेनैव पट्टसूत्रनेत्रावृतिर्यत्र तादृशाद् भ्रमिक्रमाद्धेतोरिति वा डिम्बं लट्टू इति वा राष्ट्रभाषायां भ्रमरकस्य संज्ञा। राष्ट्रभाषायां च 'भँवरा' इति संज्ञा। रौप्यं, संबन्धे विकारे वाण्। 'नेत्रं मन्थगुणे वस्त्रे' इत्यभिधानात् 'नेत्र' शब्दो यद्यपि मन्थवेष्टनगुणे मुख्यः तथाप्यत्र गुणमात्रपर इति ज्ञेयम्॥ ५१॥

बालक रात्रिसमय अर्थात् प्रदोषकाल (पक्षा०—रात्रि-समयरूप, धनिकके) बालकके द्वारा छोड़े (नचाये) गये चांदीके बने हुए शोभमान लट्टू (नचानेका भँवरा) नामक खिलौनेके समान चन्द्रबिम्ब घूमनेके क्रमसे छोड़े गये रेशमी डोरीके लिपटाव (लपेटनेके

भाव) वाली (पक्षा०—रेशमी डोरेके समान चन्द्रावरणवाली) लालिमाको छोड़ रहा है। [जिस प्रकार बालक लट्टूको डोरेमें लपेटकर फेंकता है तो वह नाचते समय क्रमशः लाल डोरेके लिपटावको छोड़ते-छोड़ते अपने प्राकृत श्वेत आदिके रूपमें दीखने लगता है, उसी प्रकार मानो प्रदोषकालरूप बालकसे रेशमी डोरेमें लपेटकर फेंका (नचाया) गया। चांदीके बने लट्टूके समान यह चन्द्रबिम्ब अपने आप रूप (लालिमा) को क्रमशः छोड़ रहा है। सामान्य वर्गके लड़कोंका लट्टू काष्ठका तथा डोरा सामान्य सूतका होता है, किन्तु प्रदोषकालरूप धनिक बालकके चन्द्ररूप लट्टूको चांदीका तथा चन्द्रावरणरूप डोरेको रेशमी सूत का होना उचित ही है] ॥ ५१ ॥

ताराक्षरैर्यामसिते कठिन्या निशाऽलिखद्व्योम्नि तमःप्रशस्तिम् ।
विलुप्य तामल्पयतोऽरुणेऽपि जातः करे पाण्डुरिमा हिमांशोः ॥५२॥

तारेति । निशाऽसिते श्यामे व्योम्नि गगन एव कज्जलादिलिप्तश्यामलपट्टिकायां कठिन्याः शुभ्रधातुविशेषस्य सम्बन्धिभिस्ताराक्षरैः शुभ्रैरक्षरैरिव नक्षत्ररूपैरक्षरैः कृत्वा यां तमःप्रशस्तिं तमोवर्णनश्लोकादिलिपिमलिखत् । ताराक्षरैरुपलक्षितां यां तमःप्रशस्तिं रात्रिः कठिन्यालिखदिति वा । तां लिपिं विलुप्य प्रोञ्छ्याल्पयतः परिमेयताराक्षरां कुर्वतो हिमांशोररुणेऽपि करे किरणे, अथ च—पाणौ, पाण्डुरिमा जातः। प्ररूढकिरणे हि चन्द्रे नक्षत्राणामल्पता भवतीति खटिकालिखिताक्षराणि मार्जयतश्चारक्तोऽपि करः खटिकासङ्गाद्धवलो भवतीति । तमसि नक्षत्राणि बहून्युज्ज्वलतराणि च दृष्टानि, चन्द्रे तूदितेऽल्पानि निष्प्रभाणि च जातानि, चन्द्रश्च धवलो जात इति भावः ॥ ५२ ॥

रात्रिने कृष्णवर्ण आकाश (पक्षा०—कज्जली आदिसे काली पाटी या स्लेट) पर नक्षत्ररूपी (पक्षा०—बड़े-बड़े) अक्षरोंसे उपलक्षित अन्धकारके जिस प्रशस्तिको खड़िया (चॉक) से लिखा था, उसे मिटाकर थोड़ा (परिमिताक्षर) करते हुए चन्द्रमाकी रक्तवर्ण किरणों (पक्षा०—हाथ) में भी सफेदी हो गयी है। [जिस प्रकार काली पाटीपर खड़ियासे लिखे गये अक्षरोंको मिटानेवाला लाल हाथ श्वेत हो जाता है, उसी प्रकार रात्रिद्वारा काले आकाशरूप पाटीपर खड़ियेसे लिखी गयी नक्षत्ररूप अक्षरवाली अन्धकारप्रशस्तिको लाल किरणोंसे मिटाकर थोड़ी करती हुई चन्द्रकिरण भी श्वेत हो गयी है। चन्द्रोदयके पहले बहुत ताराएँ थीं, वे चन्द्रोदय होनेपर कम हो गयी हैं] ॥ ५२ ॥

सितो यदाऽत्रैष तदाऽन्यदेशे चकास्ति रज्यच्छविरुज्जिहानः ।
तदित्थमेतस्य निधेः कलानां को वेद वा रागविरागतत्त्वम् ? ॥५३॥

सित इति । एष चन्द्रो यदा यस्मिन्काले अत्र देशे सितो धवलश्चकास्ति, तदा तस्मिन्नेव काले अन्यदेशे रज्यच्छवी रक्तकान्तिरुज्जिहान उद्यन् शोभते । एकमन्योदयप्रकः, अन्यत्र च श्वेत इत्यपि सामर्थ्याल्लभ्यते । एतद्देशस्थं प्रतीदानीं सितो

दृश्यते, द्वीपान्तरस्थं प्रति तूदयन्निदानीमेव दृश्यते यस्मात्, तस्मात्कलानां निधेः पूर्णस्य चन्द्रस्य रागविरागयोर्लोहितत्वालोहितत्वयोस्तत्वं याथात्म्यमित्थममुना प्रकारेण को वा वेद, अपि तु--कोऽपि निश्चेतुं न शक्नोतीत्यर्थः । उदयास्तमययोरतात्त्विकत्वाद्व्यवहितस्य यत्र यदा प्रथमदर्शनं तदा तत्रोदय इति दूरस्थस्य प्रथमं रक्तत्वं प्रत्ययः, क्रमसामीप्यात्तु धावल्यप्रत्यय इति तत्त्वम् । अन्यस्यापि चतुःषष्टिकलाभिज्ञस्यानुरागानानुरागयोर्याथात्म्यं कुत्रानुरक्तः कुत्र वा नेति कोऽपि न जानाति ॥ ५३ ॥

यह (चन्द्र) जब (कुछ अधिक रात्रि व्यतीत होनेपर) श्वेतवर्ण शोभता है, तब (इसी समय) दूसरे (यहांसे पश्चिमवाले) देशमें उदय होता हुआ (अत एव) अरुणवर्ण शोभता है; इस कारणसे इस प्रकार (इस देशमें श्वेतवर्ण तथा यहांसे सुदूर पश्चिम देशमें उदय होते रहनेके कारण रक्तवर्ण, एवं यहांसे अतिसुदूर पूर्व दिशामें अस्त होते रहनेके कारण कान्तिहीन, सोलह, पक्षा०—चौंसठ कलाओं) के निधान इस चन्द्रमाके राग तथा विराग (लालिमा तथा श्वेतत्व, पक्षा०—अनुराग तथा वैराग्य) के तत्त्वको कौन जानता है ? अर्थात् कोई नहीं जानता ॥ ५३ ॥

कश्मीरजै रश्मिभिरौपसन्ध्यैर्मृष्टं धृतध्वान्तकुरङ्गनाभि ।
चन्द्रांशुना चन्दनचारुणाऽङ्गं क्रमात् समालम्भि दिगङ्गनाभिः ॥५४॥

कश्मीरजैरिति । दिग्भिरेवाङ्गनाभिः संध्यायाः समीपमुपसंध्यं तत्र जातररुणै रश्मिभिरव कश्मीरजैः कुङ्कुमैः कृत्वा मृष्टं पूर्वं कृतोद्वर्तनं ततः संध्यायामपगतायां धृता ध्वान्तरूपा मृगनाभिः कस्तूरी येन तादृशमङ्गं क्रमात्कस्तूरीलेपानन्तरं चन्द्रांशुनैव चन्दनेषु मध्ये चारुणोत्तमेन चन्दनेन कृत्वा समालम्भि अलेपि । अन्या अपि ह्यङ्गनाः कुङ्कुमादिभिः क्रमेणाङ्गमनुलिम्पन्ति । चन्दनधवलैश्चन्द्रकरैः सर्वा अपि दिशो वितमस्काः कृता इति भावः । औपसंध्यैः सामीप्येऽव्ययीभावाद्भवार्थेऽण् ॥ ५४ ॥

दिशारूपिणी स्त्रियोंने सन्ध्याकालके समीपवर्ती किरणरूप कुङ्कुमोंसे लिप्त (तदनन्तर) अन्धकाररूपी कस्तूरी लगाये हुए शरीरको चन्द्रकिरणरूप श्रेष्ठ श्वेत चन्दनसे क्रमशः संलिप्त किया है । [लोकमें भी कोई स्त्रियां शरीरमें क्रमशः कुङ्कुम, कस्तूरी तथा श्वेतचन्दनका लेपकर शरीरका संस्कार करती हैं । चन्द्रकिरणसे इस समय सब दिशाएँ व्याप्त हो गयी हैं] ॥ ५४ ॥

विधिस्तुषारर्तुदिनानि कर्तं कर्तं विनिर्माति तदन्तभित्तैः ।
ज्यौत्स्नीर्न चेत्तत्प्रतिमा इमा वा कथं कथं तानि च वामनानि ?॥५५॥

विधिरिति । विधिस्तुषारर्तोः शिशिरर्तोर्दिनानि कर्तं कर्तं छित्त्वा छित्त्वा तेषां दिनानामन्तभित्तैर्मध्यसंबन्धिभिः सारभूतैः शकलैः शुभ्रैः खण्डैः कृत्वा ज्यौत्स्नीनिशा विनिर्माति । न चेदेवं यदि नाङ्गीक्रियते, तदेमा रात्रयश्चन्द्रिकायुक्तास्तत्प्रतिमास्तैर्दिनैस्तुल्याः शीतत्वप्रकाशवत्त्वाभ्यां तत्सदृश्यः कथम् ? तानि च दिनानि वाम-

नानि न्यूनपरिमाणानि न्यूनशीतत्वादिगुणानि कथं वा ? अपि तु—दिनवामनता रात्रिदीर्घतान्यथानुपपत्तेः शिशिरर्तुदिनापेक्षया च ज्योत्स्नीनामतितमां शीतत्वप्रकाशवत्त्वानुपपत्तेश्च शिशिरर्तुदिनानि छित्त्वा छित्त्वैव तत्सारभूतैश्च शकलैश्चन्द्रिकान्विता रात्रयो ब्रह्मणा वर्धिता इत्यर्थः । चन्द्रचन्द्रिकया रात्रिः शीतला धवलतरा च कृतेति भावः । कर्तं कर्तम् 'कृती छेदने' इत्यस्मादाभीक्ष्ण्ये णमुल् द्विर्वचनं च । ज्योत्स्नीः, ज्योतिरस्यामस्तीत्यर्थे 'ज्योत्स्नातमिस्रा—' इति साधुकृतात् 'ज्योत्स्ना'—शब्दाद् अण्प्रकरणे 'ज्योत्स्नादिभ्य उपसंख्यानम्' इत्यस्यार्थेऽणि ङीप् ॥ ५५ ॥

ब्रह्मा शिशिर ऋतुके दिनोंको काट-काटकर उनके मध्यवर्ती सारभूत श्वेत टुकड़ोंसे चांदनीकी रात्रियोंकी रचना करते हैं, अन्यथा ये (चांदनीयुक्त रात्रियां) उन (शिशिर ऋतुके दिनों) के समान (शीतल) क्यों हैं और वे (शिशिर ऋतुके दिन) छोटे क्यों हैं ? [इस चांदनीकी रात्रियों को शीतल तथा शिशिर ऋतुके दिनोंको छोटा होनेसे अनुमान होता है कि ब्रह्मा शिशिर ऋतुके दिनोंको काट-काटकर उनके सारभूत श्वेत खण्डोंसे चांदनीकी रात्रियोंको रचते हैं । चांदनीसे रात्रि शीतल एवं प्रकाशयुक्त हो गयी] ॥ ५५ ॥

इत्युक्तिशेषे स वधूं बभाषे सूक्तिश्रुतासक्तिनिबद्धमौनाम् ।
मुखाभ्यसूयानुशयादिवेन्दौ केयं तव प्रेयसि ! मूकमुद्रा ? ॥ ५६ ॥

इतीति । स नलः इत्युक्तिशेषे एवं चन्द्रवर्णनावसाने सूक्तीनां प्रसादादिगुणयुक्तानां शोभनवचनानां श्रुते श्रवणे विषये आसक्त्या रसातिशयात्तदेकताततया बद्धं स्वीकृतं मौनं यया तां तूष्णींभावमास्थितां वधूं भैमीं प्रतीदं बभाषे । इति किम् ? हे प्रेयसि ! इन्दौ विषये तवेयं मूकस्येव मुद्रा वाग्निरोधरीतिः किंकारणिका ? त्वमपि किमिति न चन्द्रं वर्णयसीत्यर्थः । मौने स्वयमेव हेतुमुत्प्रेक्षते—मुखस्य चन्द्रकृतवर्णनसाम्यस्याभ्यसूया स्पर्धा तज्जन्यान्महतोऽनुशयान्मनोद्वेषादिव । स्वस्पर्धाकारिणो हि वर्णनेऽन्येन क्रियमाणेऽन्योपि कोपात्तूष्णीं तिष्ठति, नानुमोदते, स्वयं च न तं वर्णयति । तथा—त्वन्मुखस्पर्धाकरणसंजातकोपादिवेन्दुं न वर्णयसि नानुमोदसे च किमिति प्रश्नः । नलसूक्तिश्रवणादरकृतं मौनं कोपादिवेत्युत्प्रेक्षितम् ॥ ५६ ॥

इस प्रकार (२२।३९-५५, चन्द्रवर्णनरूप) सद्भाषणके अन्तमें वे (नल) उक्त सद्वर्णन सुननेमें आसक्त (तल्लीनता) होनेसे मौन दमयन्तीसे बोले—'हे प्रियतमे !' मानों (तुम्हारे) मुखके साथ (चन्द्रके द्वारा स्पर्द्धारूप) असूया करनेके पश्चात्तापके समान तुम मौन हो क्या ? । [ऐसे सुन्दर चन्द्रको देखकर तुम चुप क्यों ? तुम्हें भी इसका वर्णन करना चाहिये, परन्तु वर्णन नहीं करती हो इससे ज्ञात होता है कि सुन्दरतम तुम्हारे मुखके साथ चन्द्रमा स्पर्द्धा करता है और उसका मैं सराहना करता हूं, इसी द्वेषसे तुम चुप हो । दूसरा भी कोई व्यक्ति अपने साथ असूया करनेवालेके वर्णनको सुनकर पश्चात्ताप या द्वेषसे चुप रहता है] ॥ ५६ ॥

श्रृङ्गारभृङ्गारसुधाकरेण वर्णस्रजाऽनूपय कर्णकूपौ ।
त्वच्चारुवाणीरसवेणितीरतृणानुकारः खलु कोषकारः ॥ ५७ ॥

श्रृङ्गारेति । हे प्रिये ! त्वं श्रृङ्गाररससंबन्धी भृङ्गारः स्वर्णकलशस्तद्रूपेण सुधाकरेण चन्द्रेण हेतुना वर्णस्रजा कृत्वा मम कर्णकूपौ अनूपय जलपूर्णौ कुरु। वर्णस्रजः सरसत्वात्कर्णकूपयोर्जलपूर्णत्वकरणं युक्तम् । अथ च-श्रृङ्गाररससंबन्धिस्वर्णकलशस्य अवन्मुखस्य संबंधि यत्पीयूषं तस्याकरेण खनिभूतया सरसया वर्णस्रजा कर्णकूपावनूपय । खलु यस्मात् कोषकार इक्षुविशेषस्तव चारुवाण्या वक्रोक्त्यादिरूपाया वाचः संबंधिनः श्रृङ्गारादयो रसास्तेषां वेणिः प्रवाहस्तस्यास्तीरे समुद्भवत्तृणं तस्यानुकारस्तत्सदृशः। अतिस्वादुरसोऽपीक्षुविशेषो यदीयसरसवाणीतीरतृणमनुकरोति, नतु समो जातः । तां वाणीं श्रावय, चन्द्रं वर्णयेति भावः । 'कोषकाराद्या इक्षुविशेषाः' इति क्षीरस्वामी । अनूपय, 'अनूप' शब्दात्, 'तत्करोति—' इति णिचि लोट् ॥५७॥

(हे प्रियतमे !) श्रृङ्गारकी झारी (कलस-विशेष) तथा अमृतका आकर वर्णमाला (चन्द्रवर्णनके अक्षरसमूह) से मेरे कानरूपी कूपोंको (अमृतजलसे) पूर्ण करो, क्योंकि कोषकार '(इक्षु-विशेष—एक प्रकारका उत्तम जातीय गन्ना) तुम्हारी सुन्दर वाणीरूपी अमृतरसके प्रवाहके तीरपर (उत्पन्न होनेवाले) तृणके समान है। [अत्यन्त मधुरतम जो गन्ना तुम्हारे वचनामृतरसके प्रवाहके तीरपर उत्पन्न तृणके समान है (उस तृणके समान है न कि उक्तरूप तृण है अर्थात् उस तृणसे भी हीन है '), अतः उस गन्नेको तुम्हारे वचनामृतकी समानता करना तो बहुत-बहुत दूरकी कल्पना है। तुम भी चन्द्रका वर्णनकर मेरे कानोंको तृप्त करो] ॥ ५७ ॥

अत्रैव वाणीमधुना तवापि श्रोतुं समीहे मधुनः सनाभिम् ।
इति प्रियप्रेरितया तयाऽथ प्रस्तोतुमारम्भि शशिप्रशस्तिः ॥ ५८ ॥

अत्रैवेति । इति प्रियेण प्रेरितया तया भैम्याथानन्तरं शशिनः प्रशस्तिर्माहात्म्यं प्रस्तोतुमारब्भि प्रारब्धा । इति किम् ? हे भैमि ! अहमत्रैव चन्द्रवर्णन एव विषये मधुनोऽमृतस्य सनाभिं तुल्यां तवापि वाणीमधुना श्रोतुं समीहे इच्छामीति ॥ ५८ ॥

इस समय मैं इस चन्द्रके विषयमें ही मधुतुल्य तुम्हारे वचनको सुनना चाहता हूं। इस प्रकार (२०।५६-५८) प्रियसे प्रेरित उस दमयन्तीने चन्द्रप्रशस्तिका वर्णन करना आरम्भ किया ॥ ५८ ॥

पूरं विधुर्वर्द्धयितुं पयोधेः शङ्केऽयमेणाङ्कमणिं कियन्ति ।
पयांसि दोग्धि प्रियविप्रयोगसशोककोकीनयने कियन्ति ॥ ५९ ॥

पूरमिति । हे प्रिय ! अयं विधुः पयोधेः पूरमागन्तुकजलप्रवाहं वर्द्धयितुमेणाङ्कमणिं चन्द्रकान्तं कियन्ति पयांसि दोग्धि तस्माद् गृह्णाति तथा,—प्रियस्य चक्रवाकस्य विप्रयोगेन सशोकायाः कोक्या नयने अपि कियन्ति जलानि दोग्धि, ताभ्यामपि

सकाशाज्जलं कियद्गृह्णातीत्यहं शङ्के मन्ये—इति भैमी प्रियमवदत् । उदिते चन्द्रे सागरपूरो वृद्धिं प्राप्तः, चन्द्रकान्ताः स्रवन्ति, चक्रवाकी भृशं रोदितीति भावः। दुहिर्द्विकर्मा ॥ ५९ ॥

यह (चन्द्रमा) समुद्रके जलप्रवाहको बढ़ानेके लिए कुछ जल चन्द्रकान्तमणिसे और कुछ जलप्रिय (चकवे) के विरहसे शोकार्त चकईके नेत्रद्वयसे दुहता (प्राप्त करता-लेता) है, यह मैं शङ्का करती हूं । [समुद्रका जल-प्रवाह बढ़ने लगा, चन्द्रकान्तमणि पिघलने लगा तथा चकवाके विरहसे चकई रोने लगी] ॥ ५९ ॥

ज्योत्स्नामयं रात्रिकलिन्दकन्यापूरानुकारेऽपसृतेऽन्धकारे ।
परिस्फुरन्निर्मलदीप्तिदीपं व्यक्तायते सैकतमन्तरीपम् ॥ ६० ॥

ज्योत्स्नेति । हे प्राणेश ! तमोवसरेऽतिश्यामा रात्रिरेव कलिन्दकन्या यमुना तस्याः पूर आगन्तुकातिनीलजलप्रवाहस्तदनुकारे तत्सदृशे तद्वदतिकृष्णेऽन्धकारेऽपसृते गते सति परिस्फुरन्ती निर्मला दीप्तिर्यस्य । प्रकाशमानश्चासौ धवलद्युतिश्च तादृशो वा यश्चन्द्रः स एव दीपो यत्र तादृशं चन्द्रिकारूपं सैकतं धवलतरवालुकामयं रात्रियमुनाया एव जलमध्यस्थितमन्तरीपं द्वीपं व्यक्तायते स्फुटमिव भवति प्रकटं दृश्यते । पूर्वावसरेऽस्फुटमपीदानीं स्फुटीभवतीति शङ्के । चन्द्रचन्द्रिकया सकलं धवलीकृतमिति भावः । व्यक्तायते व्यक्तमिव भवति, 'कर्तुः क्यङ्—' इति क्यङ् । अव्यक्तं व्यक्तं भवतीत्यर्थः । सैकतम्, 'सिकताशर्कराभ्यां च' इत्यस्त्यर्थेऽण् ॥६०॥

रात्रिरूपिणी यमुनाके प्रवाहके समान (कृष्णवर्ण) अन्धकारके (चन्द्रोदय होनेके कारण) दूर होनेपर प्रकाशमान निर्मल कान्तिवाला (चन्द्ररूप) दीप है जिसका ऐसा (यमुना-सम्बन्धी) वालूका अन्तरीप (जलमध्यगत शुष्क स्थान—टापू) स्पष्ट-सा हो रहा है । [यमुनाके जलके बीचमें स्थित जो बालुकामय भूभाग अन्धकारके कारण नहीं ज्ञात होता था, वह अब चांदनीके प्रकाशसे ज्ञात होने लगा] ॥ ६० ॥

हासत्विषैवाखिलकैरवाणां विश्वं विशङ्केऽजनि दुग्धमुग्धम् ।
यतो दिवा बद्धमुखेषु तेषु स्थितेऽपि चन्द्रे न तथा चकास्ति ॥६१॥

हासेति । अखिलकैरवाणां सकलकुमुदानां हासत्विषैव विकासदीप्त्यैव विश्वं सकलं जगत् दुग्धवत् मुग्धं धवलं शीतलं चाजनि जातम् , नतु चन्द्रेणेत्यहं विशङ्के विशेषेण मन्ये । यतो हेतोर्दिवा तेषु सकलकैरवेषु बद्धमुखेषु संकुचितेष्वविकस्वरेषु च सत्सु चन्द्रे स्थिते विद्यमानेऽपि सकलकुमुदविकासाभावात्सकलं जगत्तथा रात्राविव शीतलधवलतया न चकास्ति । तस्मादिदं जगत् कुमुदहासत्विषैव शीतलं धवलं च कृतम्, नतु चन्द्रेणेत्यर्थः । कुमुदवद् दुग्धवच्च शीतला धवला चन्द्रचन्द्रिकास्तीति भावः ॥ ६१ ॥

सम्पूर्ण कुमुदोंके हास (विकसित होने) की कान्तिसे ही संसार दूधके समान मनोहर

(शीतल तथा श्वेतवर्ण) हो गया है ऐसा मैं विशेषरूपसे मानती हूँ, क्योंकि दिनमें चन्द्रमा विद्यमान रहनेपर भी उन (कैरवों) के मुखको बन्द किये (अविकसित) रहनेपर यह संसार वैसा (दूधके समान शीतल एवं श्वेत) नहीं शोभता है। (इस कारण कुमुदोंकी विकास दीप्तिसे ही यह संसार दुग्धवत् शीतल एवं श्वेतवर्ण हो रहा है)। [दूधके समान ठण्डी तथा स्वच्छ यह चांदनी है]॥ ६१॥

मृत्युञ्जयस्यैष वसञ्जटायां न क्षीयते तद्भयदूरमृत्युः।
न वर्द्धते च स्वसुधाप्तजीवस्रग्मुण्डराहूद्भवभीरतीव ॥ ६२ ॥

मृत्युमिति। मृत्युंजयस्य मृत्युं जितवतः शिवस्य जटायां वसन्नेष चन्द्रः षोडशांशभूतो न क्षीयते नाल्पपरिमाणो भवति, कलामात्रस्वरूपेणैव तत्र सदा वसंस्ततोऽपि न्यूनपरिमाणो न भवतीत्यर्थः। अथ च,—न क्षीयते न म्रियते यस्मात्, तस्मान्मृत्युंजयात्सकाशाद्भयेन दूरो मृत्युर्मरणहेतुर्देवता यस्य सः मृत्युंजयजटाजूटनिवासान्मृत्युना स्प्रष्टुमपि न शक्यते तस्मान्न क्षीयतेऽयमित्यर्थः; तर्हि तत्र वसन्वर्द्धते किमिति नेत्याशङ्क्याह—वर्द्धते च न, उपचितोऽपि न भवतीत्यर्थः। यतः—स्वस्य सुधया आप्तो जीवश्चैतन्यं यैस्तानि स्रजो मुण्डानि शिरोमालायाः शिरःकपालानि तान्येव राहवस्तेभ्य उद्भवा समुत्पन्ना भीर्यस्य। कथम्? अतीव, नितरां भीत इत्यर्थः। सजीवमुण्डेषु बहवो राहव एवैते इति धिया भिया न वर्द्धते। भीतो हि सौख्याभावात्कृशतर एव भवति। अथ च,—पूर्णस्य राहोः सकाशाद्भयम्। अतः कारणद्वयान्न क्षीयते, न च वर्द्धते इत्येककल एव शिवशिरश्चन्द्र इत्यर्थः। एतेन चन्द्रस्य षोडशी कला वर्णिता। शिवशिरसि वर्तमानत्वादस्य माहात्म्यमपि वर्णितम्। मृत्युंजयेति, 'संज्ञायां भृतॄवृजि—' इति खश्, 'अरुर्द्विषत्-' इति मुम् ॥ ६२ ॥

मृत्युञ्जय (मृत्युको जीतनेवाला, पक्षा०—शिवजी) की जटामें निवास करता हुआ (अतः) उस (मृत्युञ्जय) से दूर मृत्युवाला (मृत्युञ्जयके भयसे मृत्यु जिससे दूर ही रहती है, ऐसा) यह चन्द्रमा क्षीण नहीं होगा अर्थात् मरता नहीं है (पक्षा०—सोलहवीं कलासे सदा वर्तमान रहता है), और अपनी (चन्द्र-सम्बन्धी) अमृतसे जीवित हुए (शिवजीकी) मालाके मुण्डरूप राहुओंसे अत्यन्त डरा हुआ यह चन्द्रमा (सोलहवीं कलासे अधिक) बढ़ता भी नहीं है। [शिवजीको जटामें चन्द्रमा षोडशांश (एक) कलासे सर्वदा निवास करता है, वह उक्त कारणद्वयसे न तो घटता है और न बढ़ता ही है। लोकमें भी अपने विजेताके भयसे पराजित व्यक्ति दूर ही रहता है, अत एव मृत्युञ्जय शिवजीके भयसे मृत्युका दूर रहना और उससे चन्द्रमाका निर्भय होकर क्षीण नहीं होना उचित ही है। जब सम्पूर्ण चन्द्रको यह ही राहु निगल जाता (नष्ट कर देता) है, तब षोडशांश होनेसे अतिशय क्षीण शिवजटास्थित चन्द्रका शिवमाला स्थित अनेक मुण्डरूप राहुसे अतिशय,

भयार्त होना और इसी कारण नहीं बढ़ना भी उचित ही है, क्योंकि लोकमें भी कोई व्यक्ति प्रबल शत्रुओंके भयसे सर्वदा क्षीण रहता एवं उन्नत नहीं होता] ॥ ६२ ॥

त्विषं चकोराय सुधां सुराय कलामपि स्वावयवं हराय ।
ददज्जयत्येष समस्तमस्य कल्पद्रुमभ्रातुरथाल्पमेतत् ॥ ६३ ॥

त्विषमिति । एष चन्द्रो जयति सर्वोत्कर्षेण प्रकाशते । ततः किंभूतः ? चकोराय स्वावयवं त्विषं निजांशभूतां चन्द्रिकां ददत् । तथा,—सुराय अग्न्यादिदेवेभ्यो निजांशभूतां सुधां ददत् । तथा,—हराय निजांशभूतां कलां ददत् । अथापि अस्य चन्द्रस्यैतत्समस्तं परोपकारकरणकल्पमेव, अतिचमत्कारकारि न भवतीत्यर्थः । यतः—समुद्रोत्पन्नत्वात्कल्पद्रुमस्य भ्रातुः । कल्पद्रुमस्तु कल्पितं सर्वं सर्वेभ्यो ददाति, अयं तु न तथेत्यल्पमेवेत्यर्थः । एवंविधः परोपकारी कोऽपि नास्तीति भावः । 'चको-राय' इति 'सुराय' इति च जात्येकवचनम् ॥ ६३ ॥

अपना अवयव (चन्द्रिकारूप) कान्तिको चकोरके लिए, अमृतको देवोंके लिए और (षोडशांश) कलाको भी शिवजीके लिए देता हुआ यह (चन्द्र) सर्वोत्कर्षसे प्रकाशमान है, (किन्तु) कल्पवृक्षके भाई इस (चन्द्र) का यह सब भी परिपूर्ण नहीं है, (क्योंकि कल्पवृक्ष कल्पना करनेपर सबके लिए सब कुछ देता है और यह चन्द्रमा केवल चकोर, देव तथा शिवजीके लिए ही देता है) । [कल्पवृक्ष तथा चन्द्रको भी समुद्रसे ही उत्पन्न होनेके कारण चन्द्रको कल्पवृक्षका भाई कहा गया है] ॥ ६३ ॥

अङ्केणनाभेर्विषकृष्णकण्ठः सुधाऽऽप्तशुद्धेः कटभस्मपाण्डुः ।
अर्हन्नपीन्दोर्निजमौलिधानान्मृडः कलामर्हति षोडशीं न ॥ ६४ ॥

अङ्केति । मृडः शिवो निजमौलौ धानात्स्थापनाद्धेतोरिन्दोः षोडशीं कलामर्हन्प्राप्नुवन् , अथ च—पूजयन् अपि षोडशीं कलां नार्हति न प्राप्नोति, न पूजयति च । निजशिरसि धारणादेव तस्याः प्राप्तिः पूजा च संभविनी । यो ह्यतितरां पूज्यते स शिरसि धार्यते । तथा चैतस्य षोडशीं कलां मृडः प्राप्नुवन्पूजयन्नपि च तां प्राप्नोतीति विरोधपरिहारः । यतः—किंभूतस्येन्दोः, किंभूतश्च मृडः ? अङ्कभूतो य एणो हरिणस्तद्युक्ता नाभिर्मध्यभागो यस्य; अथ च—अङ्करूपा कलङ्करूपा एणनाभिः कस्तूरी यत्र । मृडस्तु—विषेण कृष्णकण्ठः । तथा—सुधयामृतेनाप्ता शुद्धिर्धावल्यं येन; मृडस्तु—कटभस्मना चिताभस्मना पाण्डुः । तस्माच्चन्द्रस्याल्पमपि साम्यं शिवो न प्राप्नोति । किंच चन्द्रादधिकः शिवश्चेदभविष्यत् तर्हि तदीयकलां मौलौ नाधारयिष्यत् , सा मौलौ धृता, तेन तस्माच्चन्द्र एव तदधिक इत्यर्थः । शुभस्याशुभस्य च महदन्तरमिति भावः । 'षोडशीमपि कलां नार्हति'इत्यनेन पूर्णचन्द्रं नार्हतीति किं वाच्यमित्यपि सूचितम् । हरस्यापकर्षे विषं, चिताभस्म च हेतुः, चन्द्रोत्कर्षे मृगमदोऽमृतं च ॥ ६४ ॥

हलाहल विषके पीनेसे कृष्णवर्ण कण्ठवाले तथा चिता-भस्मसे श्वेतवर्ण शिवजी अपने मस्तक (सर्वोच्च स्थान) पर चन्द्रमाको धारण करनेसे, चिह्न (कलङ्क-चिह्न)-भूत हरिण-युक्त मध्यभागवाले (अथच—चिह्नभूत कस्तूरीवाले) तथा अमृतसे निर्मलताको प्राप्त चन्द्रमा की षोडशी कलाके भी योग्य नहीं है। [चन्द्रमा कस्तूरीका लेप शरीरमध्यमें धारण करता है और शिवजी हलाहल विषसे कृष्णवर्ण कण्ठ-धारण करते हैं तथा चन्द्रमा अमृतसे निर्मल है और शिवजी चिताभस्मसे निर्मल (श्वेतवर्ण) हैं; अत एव चन्द्रमाकी षोडशांश कलाको मस्तकपर धारण (पक्षा०—अपने सर्वोच्च स्थानपर विराजमानकर पूजा) करते हुए भी वे चन्द्रकी षोडशांशकलाके भी योग्य नहीं हैं, क्योंकि उक्त कारणद्वयसे शुभ चन्द्रमाकी अपेक्षा शिवजी अधिक अशुभ हैं और जब वे चन्द्रमाके षोडशांश कल्प (रूपयेमें एक आना) भी योग्य नहीं हैं, तब पूर्ण चन्द्रके योग्य (समान) होना तो सर्वथा असम्भव ही है। शुभ चन्द्र तथा अशुभ शिवजीमें बहुत बड़ा अन्तर है] ॥ ६४ ॥

पुष्पायुधस्यास्थिभिरर्धदग्धैः सितासितश्रीरघटि द्विजेन्द्रः।
स्मरारिणा मूर्धनि यद्धृतोऽपि तनोति तत्तौष्टिकपौष्टिकानि ॥ ६५ ॥

पुष्पेति । ब्रह्मणा द्विजेन्द्रश्चन्द्रः पुष्पायुधस्य कामस्यार्धदग्धैरस्थिभिः कृत्वाऽघटि निर्मितः। अत एव सितासितश्रीरुपान्तधवलमध्यामलकान्तिः। स्मरास्थिभिरेव निर्मित इत्यत्र हेतुमाह—स्मरारिणा मूर्धनि धृतोऽपि, अथ च—कृतसंमानोऽपि, तस्य स्मरस्यैव तौष्टिकानि हर्षकारीणि, पौष्टिकानि अभिवृद्धिकारीणि च यद्यस्मात्तनोति। कामारिणा पूज्यमानोऽपि कामहितमेव यस्मात्करोति, तस्मात्तदस्थिभिरेव घटित इत्यर्थः। एतादृक्कामोद्दीपकं किमपि नास्तीति भावः। अस्थिभिरिवेति प्रतीयमानोत्प्रेक्षा। अन्याश्रितोऽपि तदीयशत्रुहितं यः करोति स तदस्थिभिर्घटित इति लौकिकयुक्तिः। तौष्टिकपौष्टिकानि, 'प्रयोजनम्' इति ठक् ॥ ६५ ॥

(ब्रह्माने मानो शिवजीके तृतीय नेत्रकी अग्नि) अधजली कामदेवकी हड्डियोंसे (बिना जली हड्डियोंसे प्रान्तभागमें) श्वेत तथा (जली हड्डियोंसे मध्यभागमें) कृष्ण इस चन्द्रमाको रचा है, क्योंकि कामशत्रु (शिवजी) से मस्तकपर रखा गया (पक्षा०—सम्मानको पाया हुआ) भी यह चन्द्र उस (कामदेव) के ही तुष्टिकारक तथा पुष्टि (वृद्धि) कारक कार्योंको करता है। [लोकमें भी जो कोई दूसरेके आश्रयमें रहता हुआ भी उसके शत्रुकी हितकामना करता है, वह व्यक्ति उस शत्रुकी हड्डियोंसे रचा गया है ऐसा कहा जाता है। चन्द्रमा सर्वाधिक कामोद्दीपक है] ॥ ६५ ॥

मृगस्य लोभात्खलु सिंहिकायाः सूनुर्मृगाङ्कं कवलीकरोति।
स्वस्यापि दानादमुमङ्कसुप्तं नोज्झन्मुदा तेन च मुच्यतेऽयम् ॥ ६६ ॥

मृगस्येति। सिंहिकायाः सुतो राहुर्मृगाङ्कं चन्द्रं यत्कवलीकरोति तदङ्कमृगस्य लोभात् खलु ग्रासाभिलाषादिव। सिंहिकासुतः सिंहो मृगैरङ्कितं स्थलं मृगग्रासाभि-

लाषादेव स्वाधीनं करोति । तर्हि किमर्थं मुञ्चतीत्यत आह—अङ्कसुप्तं मध्यवर्तिनम्, अथ च—उत्सङ्गे विश्वासात्सुखेन निद्रितम्, अमुं मृगं स्वस्यापि दानाद्राहुवन्तकृत-खण्डनादपि नोज्झन त्यजन्, अथ च—स्वशरीरस्यापि वितरणादत्यजन्, अयं चन्द्रस्तेन राहुणा तेन पुण्येन च हेतुना मुदा शरणागतरक्षणनिमित्तहर्षेण कृत्वा मुच्यते त्यज्यते। अन्योऽपि शरणागतं मृगं जिघांसोः सिंहादृत्तिुमात्मानमपि ददानो हि तेन पुण्येन सिंहान्मुच्यत एव। 'नोज्झत्' इति पाठे-स्वस्यापि दानाङ्क-सुप्तममुं यतो नामुञ्चत्तेन हेतुनाऽयं विमुच्यते, अर्थाद्राहुणेत्यर्थः ॥ ६६ ॥

राहु मृगके लोभसे चन्द्रमाको ग्रासमें लेता (खाता) है, किन्तु (शरणागत होनेसे निर्भय होकर) अङ्कमें सोये हुए इस (मृग) को अपने शरीरके राहुद्वारा (चर्वित) होने (पक्षा०—देने) से भी नहीं छोड़ते चन्द्रमाको वह राहु हर्षके साथ उस (शरणागतरक्षण-रूप) पुण्यसे छोड़ देता है । [लोकमें भी शरणागतकी रक्षा करनेवाला व्यक्ति उस पुण्यसे छूट जाता है, अथच—वह व्यक्ति भी उसके इस सत्कार्यसे प्रसन्न होकर उसे छोड़ ता है] ॥ ६६ ॥

सुधाभुजो यत्परिपीय तुच्छमेतं वितन्वन्ति तदर्हमेव ।
पुरा निपीयास्य पिताऽपि सिन्धुरकारि तुच्छः कलशोद्भवेन ॥ ६७ ॥

सुधेति । सुधाभुजो देवा एनं चन्द्रं परिपीय साकल्येन पीत्वा तुच्छं रिक्तं यद्वितन्वन्ति कुर्वन्ति तदर्हमुचितमेव, यतोऽस्य पिता सिन्धुरपि कलशोद्भवेना-गस्त्येन पुरा निपीय तुच्छो रिक्तः अकारि, तस्मात्कुलक्रमागतं तुच्छत्वमित्यर्थः । एतस्य पूर्वेऽपि परोपकारनिरताः, तस्मादयमपि तथैवेति भावः । कलशादुत्पन्नेनापि सागरस्य पानमित्याश्चर्यम् ॥ ६७ ॥

अमृतभोजन करनेवाले देवलोग जो इस चन्द्रका अच्छी तरह पानकर इसे खालीकर छोड़ देते हैं, यह उचित ही है; क्योंकि पहले कलशसे उत्पन्न (अगस्त्य मुनि) ने भी इसके पिता (समुद्र) को भी अच्छी तरह पीकर खाली छोड़ दिया था । [यह चन्द्र अपने पिताके समान ही परोपकार परायण है, अथच—कलशसे उत्पन्न अगस्त्यजीका समुद्रको अच्छी तरह पी जाना महान् आश्चर्य है] ॥ ६७ ॥

पौराणिक कथा—असुरलोग देवोंको युद्धमें मार-पीट कर समुद्रमें छिप जाते थे और वहां जलके भीतर स्वयं नहीं जा सकनेके कारण देव उनका कुछ प्रतिकार नहीं कर पाते थे। इस प्रकार अनेक बार होनेपर अतिशय पीड़ित देव अगस्त्य मुनिके पास आकर अपनी करुणगाथा सुनाये, यह सुनकर अगस्त्यजीने समुद्रजलको गण्डूषमें लेकर पी लिया और देवोंने असुरोंको निर्जल समुद्रमें युद्धसे पराजित किया और बादमें अगस्त्यजीने भी समुद्रको पुनः जलसे पूर्ण कर दिया ।

चतुर्दिगन्तीं परिपूरयन्ती ज्योत्स्नैव कृत्स्ना सुरसिन्धुबन्धुः।
क्षीरोदपूरोदरवासहानवैरस्यमेतस्य निरस्यतीयम् ॥ ६८ ॥

चतुरिति। चतुर्णां दिगन्तानां समाहारस्ताम्। चतुर्दिक्प्रान्तानित्यर्थः। (तां) परिपूरयन्ती सामस्त्येन व्याप्नुवती, तथा—श्वैत्यात्सुरसिन्धोर्मन्दाकिन्या बन्धुः सदृशी। तथा कृत्स्ना पूर्णा इयं ज्योत्स्नैवैका क्षीरोदपूरोदरे वासः स्थितिस्तस्य हाना-द्बहुकालपरित्यागाद्धेतोरेतस्य चन्द्रस्य वैरस्यं क्षीरसागरविरहजनितं दुःखं निरस्यति नाशयति। असौ चन्द्रिकायामेव क्षीरसागरबुद्धया पितृवियोगदुःखं परित्यजतीत्यर्थः। सकलदिगन्तव्यापिधवलचन्द्रिकामध्यवर्ती चन्द्रः क्षीरसागरमध्यस्थ इव शोभत इति भावः। गङ्गावद्दुग्धवच्चेयं कौमुदीति। चतुर्दिगन्तीम्, समाहारे द्विगोर्ङीप्॥

चारों दिशाओंको परिपूर्ण करती (उनमें व्याप्त होती) हुई तथा (श्वेत होनेसे) गङ्गाके समान चांदनी ही इस चन्द्रका क्षीरसमुद्रके प्रवाहके मध्यमें निवास करनेके अभावजन्य विरसता (क्षीरसमुद्रके विरह दुःख) को नष्ट करती है। [चन्द्रमा पहले सर्वदा क्षीरसमुद्रमें निवास करता था, परन्तु वहांसे निकलकर सर्वदा आकाशमें रहनेके कारण पिता (क्षीर-सागर) के विरहजन्य दुःखसे दुखी हुआ तो उसे गङ्गाके समान शुभ्र चांदनी ही सादृश्य होनेसे दूर करती है। सब दिशाओंमें व्याप्त स्वच्छ चांदनीके मध्यमें क्षीरसमुद्रके मध्यमें स्थितके समान यह चन्द्रमा शोभता है]॥ ६८ ॥

पुत्री विधोस्ताण्डविकाऽस्तु सिन्धोरश्या चकोरस्य दृशोर्वयस्या।
तथाऽपि सेयं कुमुदस्य काऽपि ब्रवीति नामैव हि कौमुदीति ॥ ६९ ॥

पुत्रीति। इयं चन्द्रिका यद्यपि चन्द्रात्प्रसूतत्वाद्विधोः पुत्री अस्तु। सिन्धोः समुद्रस्य ताण्डविका नृत्तोपदेशिका नाटयित्री अस्तु। चन्द्रिकया हि सिन्धुरुल्लास्यते सा च तस्य नप्त्री भवति। यद्वा—इयं विधोः पुत्री सिन्धोस्ताण्डविका भवतु। तथा—चकोरस्य अश्या पेया भवतु। तथा—सकललोकस्य दृशोः प्रेमपात्रतया वयस्या सखी भवतु। तथापि सेयं चन्द्रिका कुमुदस्य कापि अनिर्वचनीया संबन्धिनी भवतु। पूर्वनिर्दिष्टसर्वापेक्षया कुमुदस्यैव निरतिशयानन्दकारित्वात्केनाप्यनिर्वच-नीयेन संबन्धिनी भवत्वित्यर्थः। हि यस्मात्कौमुदीति नामैव कर्तृ ब्रवीति। सर्वेषां तत्तत्संबन्धसंभवेऽपि कुमुदानामियं कौमुदीति, 'तस्येदम्' इति संबन्धेऽण्। कुमुदा-नामेव प्रीत्यतिशयेन संबन्धं वदतीत्यर्थः। कौमुदीति नामैव हि स्पष्टं ब्रवीतीति वा। चन्द्रिकया सर्वेषामप्यानन्दः कृतः, कुमुदानां तु विशेषत इति भावः। कार्येण कारणानुमानम्। ताण्डविका, अर्शआद्यजन्तान्मतुबन्ताद्वा 'ताण्डव'शब्दात् 'तत्क-रोति—' इति ण्यन्ताण्ण्वुल्। अशनमशिः, 'इक्कृष्यादिभ्यः' इतीकि अशिमर्हतीति दण्डादित्वाद्यत्। 'आश्या' इति च पाठः॥ ६९ ॥

यद्यपि चाँदनी (चन्द्रमासे उत्पन्न होनेसे) चन्द्रमाकी पुत्री हो, (चन्द्रोदय होनेपर

समुद्रके उल्लसित होनेसे) समुद्रको नचानेवाली (नृत्योपदेशकारिणी) हो तथा (कौमुदीको देखकर चकोरको आह्लादित करनेसे) चकोरके नेत्रद्वयकी सखी हो (अथवा—चन्द्रमाकी पुत्री यह चाँदनी समुद्रको नृत्योपदेशकारिणी हो और चकोरका पेय द्रव्य हो तथा (इस संसारके नेत्रोंके आह्लादक होनेसे) इस संसारमें नेत्रोंकी सखी हो), तथापि कुमुदकी भी कोइ (अनिर्वचनीया—लोकोत्तर) है, क्योंकि कौमुदी (कुमुद-सम्बन्धिनी) यह नाम ही (कुमुदके साथ लोकोत्तर अनिर्वचीय सम्बन्धको) कह रहा है। [यद्यपि चाँदनी समुद्र, चकोर तथा इस संसारको आनन्द देनेवाली है; तथापि कुमुदको अतिशय आनन्द देनेवाली है] ॥ ६९ ॥

ज्योत्स्नापयःक्ष्मातटवास्तुवस्तुच्छायाच्छलच्छिद्रधरा धरायाम् ।
शुभ्रांशुशुभ्रांशकराः कलङ्कनीलप्रभामिश्रविभा विभान्ति ॥ ७० ॥

ज्योत्स्नेति । शुभ्रांशोश्चन्द्रस्य शुभ्रांशा धवलभागाश्च ते कराश्च किरणास्ते धरायां भूम्यां कलङ्कस्य नीलीभिः प्रभाभिर्मिश्रा विभा कान्तिर्येषां ते कलङ्कनीलकान्तिच्छुरिता इव विभान्ति । यतः कीदृशाः ? ज्योत्स्नैव पयो जलं दुग्धं वा यस्मिंस्तादृशं क्ष्मातटं दुग्धधवलचन्द्रिकाधवलीकृतं भूतलं तदेव वास्तु वसतिगृहं येषां तानि वस्तूनि वृक्षादिपदार्थास्तेषां छाया छलं येषां तादृशानि छिद्राणि प्रकाशेन रिक्तत्वाच्छिलानि पदार्थप्रतिच्छायारूपाणि तानि धरन्तीति तादृशाः । चन्द्रिकाधवलिताः पदार्थाश्चन्द्ररश्मय एव, वृक्षादिप्रतिच्छायाश्चन्द्रकलङ्कनीलरश्मय एवेति धारायामपि निपतिताश्चन्द्रकिरणा नीलधवला एव शोभन्त इत्यर्थः । अन्यस्य करा हस्ता कलङ्कवन्नीलस्य नीलमणेः प्रभया मिश्रकान्तयो नीलमणियुक्ताङ्गुलीयकप्रभामिश्रा विभान्ति । 'शुभ्रांशुशुभ्रांशु—' इति पाठेऽपि 'अंशुर्लेशे रवे रश्मौ' इत्यभिधानात् 'अंशु'शब्दस्य लेशवाचित्वात्स एवार्थः । ज्योत्स्नैव पयो जलं तस्य क्ष्मा भूमिस्तस्यास्तटं तदेव वास्तु निवासस्थानं येषां तेषां वस्तूनां छायाया व्याजेन छिद्राणि धरन्तीति वा ॥ ७० ॥

चाँदनीरूप जल (या—दूध) वाला भूतलपर निवास करनेवाले (वृक्षादि) पदार्थोंकी छाया (परछाही) के छलवाले छिद्रोंको धारण करती हुई, चन्द्रमाके श्वेतवर्णांशवाली किरणें (पक्षा०—हाथ) कलङ्क (रूप मृग) की नीली कान्तिसे मिश्रितके समान पृथ्वीपर शोभ रही है । [चन्द्रमाकी श्वेतांश किरणें चाँदनीसे श्वेतवर्ण वृक्षादि पदार्थ होकर तथा कलङ्क-सम्बन्धी कृष्णांश किरणें भूतलस्थ वृक्षादिकी छायारूप होकर शोभती हुई-सी मालूम पड़ती हैं । लोकमें भी किसी व्यक्तिका स्वच्छ हाथ कङ्कणादि भूषणोंकी कान्तिसे मिश्रित होनेसे श्वेत-कृष्णवर्ण होकर शोभते हैं] ॥ ७० ॥

कियान्यथाऽनेन वियद्विभागस्तमोनिरासाद्विशदीकृतोऽयम् ।
अद्भिस्तथा लावणसैन्धवीभिरुज्ज्ञासिताभिः शितिरप्यकारि ॥ ७१ ॥

क्रियानिति । उदितमात्रेणानेन चन्द्रेण तमोनिरासाद्धेतोः कियान् किंचिन्मात्रोऽयं वियद्भिभागः पूर्वाकाशदेशो यथा विशदीकृतः तथा चन्द्रकिरणैरुल्लासिताभिर्वृद्धिं प्रापिताभिर्लावणसैन्धवीभिरद्भिः कियानयं वियद्भिभागः शितिः श्यामोऽप्यकारि । अप्रौढप्रभे चन्द्रे पूर्वाकाशदेशस्तिमिरनिरासाद्धवलो भवति, ततो निरस्तस्य च तमसः प्रतीच्यां घनीभूतत्वात्पश्चिमाकाशदेशः श्यामलो भवतीति तत्रेयमुत्प्रेक्षा। समुद्रजलं च नीलं, पूर्वाकाशदेश एव नीलैः समुद्रजलैः पुनर्नीलोऽप्यकारीति वा। लावणसैन्धवीभिः, लवणसिन्धोरिमाः 'तस्येदम्' इत्यणि 'हृद्भगसिन्ध्वन्ते पूर्वपदस्य च' इत्युभयपदवृद्धिः ॥ ७१ ॥

(उदित होनेमात्रसे) इस चन्द्रमाने अन्धकार दूर करनेसे जिस प्रकार आकाशके कुछ भागको (पूर्व दिशामें) श्वेत कर दिया है (चन्द्रोदय होनेसे) बढ़े हुए, क्षारसमुद्रके जलने उसी प्रकार आकाशके कुछ भागको (पश्चिम दिशामें) काला कर दिया है। [पहले चन्द्रोदय होते ही पूर्वदिशामें अन्धकाराच्छन्न आकाश अन्धकार दूर होनेसे स्वच्छ हो जाता है और पश्चिम दिशामें अन्धकार अधिक रहता है, इसीपर उक्त उत्प्रेक्षा की गयी है] ॥७१॥

गुणौ पयोधेर्निजकारणस्य न हानिवृद्धी कथमेतु चन्द्रः ? ।
चिरेण सोऽयं भजते तु यत् ते न नित्यमम्भोधिरिवात्र चित्रम् ॥७२॥

गुणाविति । चन्द्रो निजकारणस्य पयोधेर्हानिवृद्धिरूपौ गुणौ कथं नैतु प्राप्नोतु ? अपि तु कार्यगुणानां कारणगुणपूर्वकत्वनियमादवश्यमपचयोपचयौ चन्द्रं प्राप्नुत इति युक्तमेवेत्यत्र न किंचिच्चित्रमित्यर्थः। तर्हि कुत्र चित्रमित्याशङ्क्याह—सोऽयं चन्द्रस्ते हानिवृद्धी यच्चिरेण पक्षान्तपरिमितेन बहुना कालेन भजते, न तु अम्भोधिरिव नित्यं प्रत्यहं भजते, अत्र विषये चित्रमित्याश्चर्यम् । समुद्रो यथा प्रत्यहं हानिवृद्धी भजते, तथा पुत्रोऽपि चन्द्रो नेत्याश्चर्यमित्यर्थः ॥ ७२ ॥

अपने किरण (उत्पत्ति-स्थान) भूत समुद्रके क्षीण होना तथा बढ़ना—इन दो गुणोंको चन्द्रमा क्यों नहीं प्राप्त करे ? (इसमें कोई आश्चर्य नहीं है, किन्तु) यह चन्द्रमा उन दो गुणोंको विलम्ब से (१५-१५ दिन बीतनेपर) तथा समुद्र सदा (प्रतिदिन) प्राप्त करता है, यह आश्चर्य है । [चन्द्रमाके उत्पत्तिकारणभूत समुद्रके क्षय-वृद्धिरूप गुणोंको कार्यभूत चन्द्रमामें होना उचित होनेसे कोई आश्चर्य नहीं है, किन्तु उक्त दोनों (समुद्र तथा चन्द्रमा) में उक्त गुणद्वयको क्रमशः नित्य एवं विलम्बसे होनेमें आश्चर्य है] ॥ ७२ ॥

आदर्शदृश्यत्वमपि श्रितोऽयमादर्शदृश्यां न बिभर्त्ति मूर्त्तिम् ।
त्रिनेत्रभूरप्ययमत्रिनेत्रादुत्पादमासादयति स्म चित्रम् ॥ ७३ ॥

आदर्शेति । अयं चन्द्र आदर्शवद् दृश्यत्ववृत्तत्वादिना रमणीयत्वं श्रितो भजमानोऽप्यादर्शवद्दृश्यां (रमणीयां) मूर्तिं न बिभर्ति चित्रम् । यो आदर्शवद् दृश्यो भवति स एवादर्शवद् दृश्यां मूर्तिं न बिभर्ति तद्वद् दृश्यो न भवतीति विरोधाश्चर्यमित्यर्थः ।

अथ च—दर्पणवद्दृश्यत्वं श्रितोऽप्यादर्शं दर्शमभिव्याप्य दृश्याममावास्यायां दर्शनयोग्यां मूर्तिं न बिभर्ति । इदानीं पूर्णत्वेन दृश्यमानोऽपि दर्शे लेशेनापि न दृश्यते इत्यर्थ इति विरोधपरिहारः । दर्पणवद्दृश्यत्वं श्रितोऽपि आदर्शं दर्शं मर्यादीकृत्य कृष्णचतुर्दशीमभिव्याप्य दृश्यां मूर्तिं न बिभर्ति, अपि तु तावत्पर्यन्तं दृश्यो भवत्येवेति वा । तथा—अयं चन्द्रस्त्रिनेत्राद्भवति ताद्दशस्त्रिनेत्रादुत्पन्नोऽपि न त्रिनेत्रोऽत्रिनेत्रः । तस्मात्त्रिनेत्रव्यतिरिक्तात्सकाशादुत्पादमुत्पत्तिमासादयति स्म प्राप्नोति तदपि चित्रम् । त्रिनेत्रादुत्पन्नोपि त्रिनेत्रादुत्पन्नो न भवतीत्याश्चर्यमित्यर्थः । अथ च—त्रिनेत्रादुत्पन्नोऽप्यत्रेर्नेत्रादुत्पत्तिमाप्नोत्येतदपि विरुद्धम् । अथ च—त्रिनेत्रो भूर्वसतिस्थानं यस्य तादृशः, तथा—अत्रेर्मुनेर्नेत्राच्चित्रमाश्चर्यरूपमुत्पादं प्राप्नोति विरोधपरिहारः । सहजसौन्दर्यमाश्रयमाहात्म्यं कुलस्य माहात्म्यं चानेन चन्द्रस्य वर्णितम् । चन्द्रस्यात्रिनेत्रसमुद्भूतत्वं पुराणप्रसिद्धम् ॥ ७३ ॥

यह चन्द्रमा आदर्श (दर्पण) के समान (स्वच्छ एवं वृत्ताकार होनेसे दर्शनीयताको प्राप्त होता हुआ भी आदर्शमें (या—आदर्शतुल्य) दर्शनीय मूर्तिको नहीं धारण करता हैं, यह आश्चर्य है (जो आदर्शवत् दृश्य है, उसका आदर्शवत् दृश्य मूर्तिको नहीं धारण करना विरोध है, उसका परिहार यह है कि—आदर्श (दर्पण) के समान दर्शनीय मूर्तिको धारण करता हुआ भी यह चन्द्रमा अमावस्यातक दर्शनीय (देखने योग्य) मूर्तिको नहीं धारण करता अर्थात् अमावस्याको इसकी मूर्ति नहीं दिखलायी पड़ती, तथा त्रिनेत्र (तीन नेत्रोंवाले) से उत्पन्न भी यह चन्द्रमा अत्रिनेत्रसे उत्पत्तिको पाता है (बिना तीन नेत्रोंवालेसे उत्पन्न होता है; अथच—त्रिनेत्र (शिव) जी से उत्पन्न होता हुआ भी अत्रिमुनि (शिवभिन्न) के नेत्रसे उत्पन्न होता है, यह आश्चर्य है । इस विरोधका भी परिहार यह है कि—त्रिनेत्र (शिवजी) हैं भू = निवासस्थान जिसके ऐसा चन्द्रमा भी अत्रि मुनिके नेत्रसे उत्पन्न होता है) । [चन्द्रमाको अत्रिमुनिके नेत्रसे उत्पन्न होना कविश्रेष्ठ कालिदासने भी रघुवंशके द्वितीय [1] सर्गमें कहा है] ॥ ७३ ॥

इज्येव देवव्रजभोज्यऋद्धिः शुद्धा सुधादीधितिमण्डलीयम् ।
हिंसां यथा सैव तथाऽङ्गमेषा कलङ्कमेकं मलिनं बिभर्त्ति ॥ ७४ ॥

इज्येति । देवानां व्रजैः समूहैर्भोज्या पेया ऋद्धिः समृद्धिर्यस्याः सा शुद्धा धवला इयं सुधादीधितेरमृतकरस्य चन्द्रस्य मण्डली इज्येव याग इव, शोभत इति शेषः । इज्यापि देवव्रजभोज्यपुरोडाशादिसमृद्धिः शुद्धा पवित्रा च भवति । तथैषा चन्द्रमण्डली कलङ्काख्यमेकं मध्यवर्तिनमङ्गमवयवं मलिनाकारं तथा बिभर्ति, यथा सैव इज्यैव पूर्वोक्तगुणविशिष्टा सत्यप्येकं पशुहिंसात्मकमङ्गं कर्मसाधनं मलिनं पापहेतुं

---

१. तद्यथा—'अथ नयनसमुत्थं ज्योतिरत्रेरिव द्यौः……'(रघु० २।७५) अत्र अत्रिमुनिनेत्रोत्पन्नं ज्योतिश्चन्द्र एव गृह्यत इति बोध्यम् ।

बिभर्ति । परोपकारशीलायाः सर्वात्मना शुद्धाया अपि चन्द्रमण्डल्या दैवादेकमङ्गं मलिनं जातमित्यर्थः । यागे हि हिंसामात्रमेव मालिन्यम् । 'सुधाङ्गम्—' इति पाठे—कलङ्करूपमेकमङ्गं मलिनं वृथैव बिभर्ति । शुद्धाया मालिन्ययोगस्यानौचित्या-दित्यर्थः । शुद्धस्यापि श्रौतधर्मस्य सांख्यैर्दोषारोपणान्मालिन्यं मुधैवेत्यर्थः । इज्या, 'व्रजयजोः—' इति क्यप् ॥ ७४ ॥

देव-समूहसे भोज्य समृद्धि (कलावृद्धि, पक्षा०—हविष्यादि सम्पत्ति) वाली तथा स्वच्छ वर्ण (पक्षा०—पवित्र) यह चन्द्रमण्डली यज्ञके समान (शोभती) है, तथा यह (उक्तरूपा चन्द्रमण्डली कलङ्करूप एक (मध्यभागस्थ) मलिनता (कृष्णवर्ण) को उस प्रकार धारण करती है, जिस प्रकार उक्तरूपा इज्या (याग-) पशुकी हिंसारूप मलिन (दोषयुक्त) एक अङ्ग (कर्म-विशेष) को धारण करती है । [सर्वथा परोपकारशील स्वच्छ चन्द्रमामें यज्ञमें हिंसाके समान एक मलिन कलङ्क (दोष) लगा हुआ है] ॥ ७४ ॥

एकः पिपासुः प्रवहानिलस्य च्युतो रथाद्वाहनरङ्कुरेषः ।
अस्त्यम्बरेऽनम्बुनि लेलिहास्यः पिबन्नमुष्यामृतबिन्दुवृन्दम् ॥ ७५ ॥

एक इति । एष मृगाङ्के दृश्यमानः प्रसिद्धः एकः पिपासुस्तृषाक्रान्तः सप्तवायु-स्कन्धमध्यवर्तिनः प्रवहाख्यस्यानिलस्य मृगवाहनस्य गगनचारिणो रथाच्च्युतो वाहकभूतो रङ्कुर्मृगोऽनम्बुनि निर्जलेऽम्बरे लेलिहास्यो नितरां पौनःपुन्येन वास्वादन-कारि मुखं यस्य तादृशो भवन्नमुष्य चन्द्रस्यामृतबिन्दुवृन्दं पिबन्सन्नस्ति । तृषाक्रान्तो रथं परित्यज्य पतितो निर्जलेऽपि गगने चन्द्रामृतबिन्दुवृन्दमास्वादयन् वायुवाहनमृग एवायम्, न तु कश्चित्कलङ्कमृगो नामेत्यर्थः । अस्तीति वर्तमानप्रत्यये-नामृतास्वादनेन चन्द्रं परित्यज्य गन्तुमशक्तोऽद्यापि वर्तत इति सूचितम् । एवम-न्योऽपि तृषाक्रान्तो निर्जले देशे प्रस्रवणादेः पतज्जलबिन्दुवृन्दं पिबन्ननुपशान्तपि-पासो लेलिहास्यः सन् तत्रैव चिरं तिष्ठति । सप्तवायुस्कन्धाः पुराणप्रसिद्धाः । लेलि-हेति, नितरां पुनः पुनर्वा लेढीत्यर्थे यङिपचाद्यचि 'यङोऽचि च' इति यङो लुक् ॥७५॥

प्यासा हुआ (अत एव सात वायुओंके स्कन्धके मध्यवर्ती) 'प्रवह' नामक वायुके रथसे पृथक् हुआ यह (प्रत्यक्ष दृश्यमान) वाहन ('प्रवह' नामक वायुका वाहनभूत) मृग निर्जल आकाशमें (प्याससे व्याकुल होनेके कारण ओष्ठप्रान्तको चाटने वाला) इस चन्द्रमाके अमृत-बिन्दु-समूहको पी रहा है । [यह चन्द्रमामें दृश्यमान कलङ्क 'प्रवह' वायुके रथसे प्यासके कारण अलग होकर जल-रहित आकाशमें प्याससे ओठको चाटनेवाला और चन्द्र-माके अमृतबिन्दुको पीता हुआ 'प्रवह' वायुका वाहनभूत मृग ही है । लोकमें भी कोई प्याससे व्याकुल व्यक्ति निर्जल स्थानमें ओठोंको चाटता तथा झरने आदिके जल-बिन्दुको पीता रहता है, वहांसे लौटता नहीं है । 'अस्ति' (है) इस वर्तमान कालिक क्रियासे बहुत दिन पूर्व उक्त रथसे पृथक् हुए मृगका आजतक स्थित रहना सूचित होता है । सात वायु-

स्कन्ध, 'प्रवह' वायुमें मेषादि राशि-समूह और उस मेषादि राशि-समूहमें चन्द्रमाका रहना पुराणोंमें देखना चाहिये] ॥ ७५ ॥

अस्मिन्न्छिशौ न स्थित एव रङ्कुर्यूनि प्रियाभिर्विहितोपदाऽयम् ।
आरण्यसन्देश इवौषधीभिरङ्के स शङ्के विधुना न्यधायि ॥ ७६ ॥

अस्मिन्निति । शिशौ बाले एककलात्मकेऽस्मिंश्चन्द्रे रङ्कुर्मृगो न स्थितो नासीदेव तस्यां दशायामदर्शनात् । किंतु प्रियाभिरोषधीभिर्यूनि तरुणे पूर्णावयवेऽस्मिंश्चन्द्रेऽयं रङ्कुरुपदेव विहिता प्रेषिता । कीदृशी ? अरण्ये भवः संदिश्यते प्रस्थाप्यते संदेशस्तद्रूपा । अरण्यभवानां संदेशरूपा वा । 'वयं भवत्प्रिया निर्जने वने मृगैः सह वसामः, त्वं तु स्वर्गे विजयी सुखेन वर्तसे' इति गूढार्थोप(पा)लम्भसूचिकेति यावत् । अनन्तरं विधुना प्रेयसीसंदेशरूपः स रङ्कुरङ्के मध्ये, अथ च—उत्सङ्गे, प्रियाप्रेमभरेण न्यधायि स्थापित इत्यहं शङ्के । अन्यापि प्रिया तरुणं प्रियं प्रति कंचित्संदेशमुपदारूपेण प्रेषयति, स च तं हृदयादौ धारयति । ओषध्यो हि वनवासिन्यस्तदनुरूपमेव संदेशं मृगं स्वप्रिये चन्द्रे प्रेषितवत्यः । आरण्यसंदेश इवायमुपदा प्रहितेति वा । 'यदा—' इति पाठे—यदाप्रभृति प्रेषितः, तदाप्रभृति तारुण्यदशायां चन्द्रेणायमङ्के न्यधायि, न तु पूर्वमित्यर्थः । आरण्यः, भवार्थेऽण् ॥ ७६ ॥

बाल (एक कलात्मक) इस चन्द्रमामें मृग (कलङ्कहरिण) था ही नहीं, (किन्तु) इसके युवक (पूर्णावयव) होनेपर (इस चन्द्रमाकी) प्रिया ओषधियोंने वनके सन्देशके समान इस मृगको उपहार (भेंट) बनाकर भेजा ('तुम स्वर्गका आनन्द लूट रहे हो और तुम्हारी प्रिया हम ओषधियां तुम्हारे विरहसे वनमें मृगोंके साथ वसती हुई कष्ट सहन कर रही हैं' इस प्रकारके सन्देशरूपमें वनमें सुलभ इस मृगको युवक (पूर्ण) चन्द्रमाके पास ओषधियोंने भेजा) और उस प्रियाप्रेषित उपदाभूत मृग को चन्द्रमाने अपने बीच (पक्षा०—क्रोड) में रख लिया ऐसा मैं जानती हूँ । [वनवासिनी चन्द्रप्रियाभूता ओषधियोंका वहांके अनुरूप मृगको सन्देशरूपमें उपहार भेजना तथा प्रियाओंके भेजे हुए उपहारको अपने क्रोड़ में चन्द्रमा का रखना उचित ही है] ॥ ७६ ॥

अस्यैव सेवार्थमुपागतानामास्वादयन् पल्लवमोषधीनाम् ।
धयन्नमुष्यैव सुधाजलानि सुखं वसत्येष कलङ्करङ्कुः ॥ ७७ ॥

अस्येति । एष कलङ्करङ्कुर्विरहपीडितत्वादस्यैव चन्द्रस्य सेवार्थमुपागतानामोषधीनां पल्लवमास्वादयन् । तथा—अमुष्यैव सुधारूपाणि जलानि धयन् पिबन् सुखमनायासलब्धावृत्तिरिव वसति, आहारलोभादत्रैव वसतीत्यर्थः । अन्योऽपि मृगो जलकिसलययुते देशे सुखेन वसति कदाचिदपि न त्यजति । पल्लवम्, जात्येकवचनम् ॥ ७७ ॥

(चन्द्रमध्यस्थ) यह कलङ्कमृग (ओषधियोंके विरहसे पीड़ित) इसी (चन्द्रमा) की

सेवाके लिए आयी हुई ओषधियोंके पल्लवोंको खाता हुआ तथा इसी (चन्द्रमा) के अमृतरूप (पक्षा०—अमृततुल्य मधुर) जलको पीता हुआ सुखपूर्वक रहता है । [यही कारण है कि ओषधिरूप चन्द्रप्रियाओंका भेजा हुआ यह मृग चन्द्रमाके क्रोडमें ही सदा रहने लगा, वहां से पुनः वापस नहीं गया । कोमल पल्लव तथा मधुर जल मिलनेवाले स्थानमें मृगका सुख पूर्वक रहना और उसे छोड़कर कहीं नहीं जाना उचित ही है]॥ ७७ ॥

रुद्रेषुविद्रावितमार्त्तमारात्तारामृगं व्योमनि वीक्ष्य बिभ्यत् ।
मन्येऽयमन्यः शरणं विवेश मत्वेशचूडामणिमिन्दुमेणः ॥ ७८ ॥

रुद्रेति । दक्षयज्ञे वीरभद्रावतारस्य रुद्रस्येषुणा विद्रावितम् : अत एव आर्त्तं तारारूपं मृगं व्योमनि आरात्समीपे दूरे वा वीक्ष्य बिभ्यत् त्रस्यन् अयमन्योऽपर एण इन्दुमीशस्य चूडामणिं ज्ञात्वा शरणं विवेश । शिवेन शिरसि स्थापितत्वादयं मान्य इत्येतदाश्रयेण रुद्रान्मामयं रक्षिष्यत्येवेत्याशयेनान्यो मृगश्चन्द्रं शरणं प्रविष्ट इत्यर्थं इत्यहं मन्ये । अन्योऽपि सजातीयं कस्माच्चिद्भीतं दृष्ट्वा स्वयमपि भीतः सन्कमपि शरणं याति । 'गत्वा—' इत्यपि पाठः । तारामृगस्य रुद्रेषुविद्रावणं काशीखण्डादौ ज्ञातव्यम् ॥ ७८ ॥

रुद्र (क्रुद्ध शिवजी) के बाणसे विदीर्ण (अत एव) दुःखित तारा (नक्षत्र) रूप मृगको समीप (या-दूर) से ही देखकर डरता हुआ यह दूसरा ही मृग ईश (सर्व समर्थ शिवजी) के मस्तकस्थ मणिभूत चन्द्रमाको शरण (अपना रक्षास्थान) मानकर इसके मध्यमें प्रविष्ट हो गया है, ऐसा मैं मानती हूं । [लोकमें भी कोई व्यक्ति किसी सजातीय व्यक्तिको किसी के द्वारा पीडित देखकर भयार्त होता हुआ सुरक्षित स्थानमें प्रवेश करता है, अत एव शिवके बाणसे पीडित 'नक्षत्र' रूप मृगको पीडित देखकर शिवजीके मस्तकपर रहनेवाले चन्द्रमाको (अपने मस्तकपर रखे हुए स्नेहपात्र चन्द्रमाके मध्यसे प्रविष्ट होनेपर ये मुझे नहीं मारेंगे, इस भावनासे) अपना सुरक्षित स्थान समझकर दूसरा मृग चन्द्रमामें स्थित हो गया, जो कलङ्करूपसे भासित होता है] ॥ ७८ ॥

पौराणिक कथा—कामपीडित ब्रह्माने अपनी कन्या सरस्वतीके साथ सम्भोग करना चाहा तो वह मृगीका रूप धारणकर भाग चली और ब्रह्मा भी मृगका रूप धारणकर उसके पीछे दौड़े, यह ब्रह्माका अनुचित व्यवहार देखकर महाक्रोधी शिवजीने मृगरूपधारी ब्रह्माके मस्तक जब बाणसे काट लिया तब वह मृगरूपधारी ब्रह्ममस्तक 'मृगशिरा' नामक तथा शिवजीबाण 'आर्द्रा' नामक नक्षत्रोंके रूपमें आकाशमें स्थित हुए और उस ब्रह्मकपालको शिवजीने ब्रह्महत्या दूर करनेके लिए प्रायश्चित्तरूपमें भिक्षापात्र बनाकर ग्रहण किया । यह कथा स्कन्दपुराणके काशीखण्डमें आयी है । [1]शिवमहिम्नस्तोत्र में यह वर्णन आता है ।

---

१. 'प्रजानाथं नाथ प्रसभमभिकं स्वां दुहितरं गतं रोहिद्भूतां रिरमयिषु मृष्यस्य वपुषः । धनुष्पाणेर्यातं दिवमपि सपत्राकृतममुं त्रसन्तं तेऽद्यापि त्यजति न मृगव्याधरभसः ॥'

पृष्ठेऽपि किं तिष्ठति नाथ ! नाथ रङ्कुर्विधोरङ्क इवेति शङ्का ।
तत्त्वाय तिष्ठस्व मुखे स्व एवं यद्द्वैरथे पृष्ठमपश्यदस्य ॥ ७९ ॥

पृष्ठ इति । हे नाथ ! विधोरङ्क इव यथा चन्द्रस्योत्सङ्गे कलङ्कमृगो वर्तते, तथा रङ्कुः पृष्ठेऽपि पश्चाद्भागे किं तिष्ठति ? अथ न तिष्ठति इति तवाशङ्का चेद्वर्तते इति शेषः । तर्हि त्वं तत्त्वाय याथात्म्यज्ञानार्थं स्वे निजे मुखे विषये तिष्ठस्व, निजमुखमेव निर्णयं पृच्छेत्यर्थः । यत्त्वन्मुखं द्वैरथे समानशोभाभिलाषाद्द्विरथसंबन्धिनि द्वन्द्वयुद्धेऽस्य त्वन्मुखाद्भज्यमानत्वात्पलायमानस्य चन्द्रस्य पृष्ठं पश्चाद्भागमपश्यत् । तस्मात्तत्त्वमुखमेव निर्णेतृत्वेन पृच्छेत्यर्थः । त्वन्मुखं चन्द्रादधिकमिति भङ्ग्या नलमुखवर्णनं मे कृतम् । तत्त्वाय तत्त्वं ज्ञातुं, 'क्रियार्थोपपदस्य च कर्मणि स्थानिनः' इति चतुर्थी, तादर्थ्यमात्रे वा । तिष्ठस्व, स्थेयाख्यायां तङ् । स्वे, वैकल्पिकत्वात्स्मिन्नभावः ॥ ७९ ॥

हे नाथ ! (इस चन्द्रमाके) अङ्कमें -के समान (जिस प्रकार इसके सम्मुखस्थ अङ्कमें मृग रहता है, उसी प्रकार) पृष्ठभागमें भी मृग है क्या ? ऐसी यदि आपको शङ्का हो तो निर्णयार्थ अपने मुखसे ही पूछिये, जिसने (समान शोभा चाहनेके कारण चन्द्रमा तथा आपके मुखके साथ) दो रथों (लक्षणासे रथस्थ वीरों) का युद्ध होनेपर इस (चन्द्रमा) के पृष्ठभागको देखा है । [चन्द्रमाने जब आपके मुखकी समानता करना चाहा, तब आपके मुखके साथ युद्ध होने लगा और चन्द्रमा पराजित होकर भाग चला, उस समय आपके मुखने चन्द्रमाकी पीठको देखा, इस कारण 'चन्द्रमाकी पीठमें भी कलङ्कमृग है या नहीं' इस शङ्काको 'अपने मुखसे ही पूछकर आप अपनी शङ्का दूर कर लें ।' इस प्रकार चन्द्रमाका वर्णन करती हुई दमयन्तीने अपने प्रियतम नलके मुखको चन्द्राधिक सुन्दर बतलाया।] ॥७९॥

उत्तानमेवास्य वलक्षकुक्षिं देवस्य युक्तिः शशमङ्कमाह ।
तेनाधिकं देवगवेष्वपि स्यां श्रद्धालुरुत्तानगतौ श्रुतायाम् ॥ ८० ॥

उत्तानमिति । युक्तिरर्थापत्तिरनुमानं वास्य देवस्य चन्द्रस्य मध्यवर्तिनमङ्कं कलङ्करूपं शशमुत्तानं स्वर्गसंमुखमस्मदादिदृश्यमानपृष्ठभागमाह ब्रूते । यतो वलक्षकुक्षिं धवलोदरम् । यद्ययं शशकोऽस्मत्संमुखोदरोऽनुत्तानोऽभविष्यत् , तर्हि मध्यवर्तिशशकोदरस्य धवलत्वाच्चन्द्रमध्यभागोऽपि धवलोऽभविष्यत् , न च तथा दृश्यते, किंतु मलिनः । तस्मादुत्तान एव शशकश्चन्द्रेऽस्तीति युक्तिराहेत्यर्थः । तेन चन्द्रशशकनिश्चितोत्तानत्वेनैव हेतुनाहं देवगवेष्वपि सुरभीप्रभृतिषु विषये वेदे श्रुतायामुत्तानगतौ सुरलोकसंमुखचरणतया गमने विषये पूर्वापेक्षयाधिकमतितरां श्रद्धालुरास्तिक्ययुक्ता स्याम् । 'उत्ताना वै देवगवाश्चरन्ति' इति श्रुतिर्न्यायोपपन्नार्थतया सत्यैवेत्यहमिदानीमधिकं मन्य इत्यर्थः । देवगवेषु 'गोरतद्धितलुकि' इति टच् । 'देवगवीषु' इति पाठे टित्वान्ङीप् ॥ ८० ॥

अनुमान कर रहा है कि—(चन्द्रमा) का अङ्कगत शशक श्वेत कुक्षिवाला होनेसे उत्तान (ऊपर—स्वर्गकी ओर मुख किया हुआ) ही है, इस कारण देवोंकी गौ (कामधेनु) स्वर्गमें उत्तान होकर (स्वर्गकी ओर मुख करनेसे भूलोकवासियोंके लिये पृष्ठभागको दिखलाती हुई) चलती है इस विषयमें मैं अधिक श्रद्धालु हूँ। [शशकका उदर भाग श्वेत होता है, अतः यदि वह हम लोगोंकी ओर मुख किया होता तो चन्द्रकलङ्क भी स्वच्छ ही दृष्टिगोचर होता, परन्तु भूपृष्ठवर्ती हम लोगोंको वह काला दृष्टिगोचर होता है, अतः ज्ञात होता है कि चन्द्रकलङ्कगत शशक ऊपर—स्वर्गकी ओर मुख तथा भूलोककी ओर पीठ किया है और जिस कारण यह स्वर्गस्थ शशक उक्तरूपसे स्थित है, इस कारण 'उत्तान (भूलोककी ओर पीठ तथा स्वर्गकी ओर) मुख करके देवोंकी गायें चरती हैं' एतदर्थिका 'उत्ताना वै देवगवाश्चरन्ति' इस श्रुति में अब मुझे विशेष श्रद्धा हो गयी है] ॥ ८० ॥

उक्तरीत्योत्तानगतौ सिद्धायामपि शशकस्य रक्तपृष्ठत्वान्नीलत्वेन प्रतीतिः कथमित्यत आह—

दूरस्थितैर्वस्तुनि रक्तनीले विलोक्यते केवलनीलिमा यत्।
शशस्य तिष्ठन्नपि पृष्ठलोम्नां तन्नः परोक्षः खलु रागभागः ॥ ८१ ॥

दूरेति। दूरस्थितैर्द्रष्टृभी रक्तनीले मिश्रितोभयवर्णे वस्तुनि केवलस्त्यक्तरागभागो नीलिमैव यद्यस्माद् विलोक्यते तत्तस्मात्कारणाच्छशस्य पृष्ठवर्तिरोम्णां तिष्ठन्नपि रागभागो रक्तिमांशः नोऽस्माकमतिदूरस्थितानां खलु निश्चितं परोक्षे दृग्गोचरो न भवति, किन्तु नीलिमैव दृश्यत इत्यर्थः। तिष्ठन्वर्तमानोऽपि परोक्ष इति विरोधाभासः। दूरस्थत्वान्न दृश्यत इति तत्परिहारः। 'खलु' उत्प्रेक्षायां वा ॥ ८१ ॥

दूरस्थ लोग जिस कारणसे लालिमायुक्त नीलवर्णवाली वस्तुके केवल नीलवर्णको ही देखते हैं, इस कारण (चन्द्र-कलङ्कगत) शशकपीठकी लालिमा होते हुए भी वह दूरस्थ हम लोगोंको परोक्ष (अदृश्य) ही रहती है। (यही कारण है कि चन्द्रकलङ्कस्थ इस शशकके पीठकी नीलिमा ही हम लोगोंको दृष्टिगोचर होती है, लालिमा दृष्टिगोचर नहीं होती) ॥ ८१ ॥

भङ्क्तुं प्रभुर्व्याकरणस्य दर्पं पदप्रयोगाध्वनि लोक एषः।
शशो यदस्यास्ति शशी ततोऽयमेवं मृगोऽस्यास्ति मृगीति नोक्तः ॥ ८२ ॥

भङ्क्तुमिति। एष कविर्लोकः पदानां सुप्तिङन्तानां प्रयोगाध्वनि विषये व्याकरणस्य प्रकृतिप्रत्ययविभागपूर्वं शब्दव्युत्पादनकारिणः शास्त्रस्य मदधीन एव सकलशब्दप्रयोग इति दर्पं गर्वं, यद्वा—लक्षणया वैयाकरणस्य व्याकरणाधीन एव 'सकल'-शब्दप्रयोग इति गर्वं भङ्क्तुं त्याजयितुं प्रभुः समर्थः। यद्यस्माद्धेतोरयं चन्द्रः शशोऽस्यास्ति ततो हेतोः शशी यथोक्तः, लोकेनेति शेषः। एवममुनैव प्रकारेण मृगोऽस्यास्ति मृगीति नोक्तः। शशीऽस्यातीति मतुबर्थे 'अत इनिठनौ' इतीनौ यथायं

शशीत्युच्यते, तथा तेनैव सूत्रेण मृगोऽस्यास्तीत्यत्रेनेः प्राप्तौ सत्यामपि मृगीति नोक्तः। तस्मादतिव्याप्त्यादिदोषाद् व्याकरणमूल एव लोकप्रयोग इति नियमो न युक्तः, किंतु कृत्तद्धितसमासानामभिधानं नियामकम्। लक्ष्यमुद्दिश्य लक्षणप्रवृत्तिः नतु लक्षणमुद्दिश्य लक्ष्यप्रवृत्तिरिति। तस्मात् 'प्रयोगमूलं व्याकरणम्' इति व्याकरणाल्लोक एव प्रयोगे बलीयानीति भावः। अप्रस्तुतप्रशंसा ॥ ८२ ॥

यह (शब्दव्यवहार करनेवाला) लोक व्याकरण (अथवा—लक्षणासे व्याकरणज्ञाताओं) के (प्रकृति-प्रत्ययके विभाजनपूर्वक शब्द विवेचन मैं ही करता हूं, दूसरा नहीं, ऐसे) अभिमानको नष्ट करनेके लिए समर्थ है, क्योंकि यह चन्द्रमा 'शश' है इसका वह 'शशी' कहलाता है, परन्तु 'मृग' है इसका वह 'मृगी' नहीं कहलाता है। जिस प्रकार चन्द्रमाको शशवाला होनेसे 'शशी' कहा जाता है, उसी प्रकार मृगवाला होनेपर भी 'मृगी' नहीं कहा जाता अत एव [1]अतिव्याप्ति—अव्याप्ति दोष आनेसे व्याकरणमूलक लोकप्रयोग होनेका नियम नहीं है, किन्तु कृत्-तद्धित-समास भी उसमें नियामक हैं अर्थात् लोकप्रयोगका अनुगामी व्याकरण होता है, व्याकरणका अनुगामी लोकप्रयोग नहीं होता[2]]॥ ८२ ॥

यावन्तमिन्दुं प्रतिपत्प्रसूते प्रासावि तावानयमब्धिनापि ।
तत्कालमीशेन धृतस्य मूर्द्धिन विधोरणीयस्त्वमिहास्ति लिङ्गम् ॥८३॥

यावन्तमिति। शुक्लप्रतिपद्यावन्तं यत्प्रमाणमेककलमिन्दुं प्रसूते, अब्धिनापि तावांस्तत्प्रमाण एककल एवायं प्रासावि, न तु पूर्ण इत्यर्थः। एतत्कथं ज्ञातमित्यत आह—तत्कालं तस्मिन्काले समुद्रादुत्पत्तेरवसर इव ईशेन मूर्धिन धृतस्य विधोरणीयस्त्वं नितरां कार्श्यमेवैकैककलत्वे लिङ्गं ज्ञापकमनुमापको हेतुरस्ति। यदि समुद्रेण संपूर्णोऽयमजनिष्यत, तर्हि शिवेनापि तदानीमेव शिरसि तावानेवाधास्यत, नतु तथा; तस्मात्प्रतिपदेककलः प्रसूत; तावान्समुद्रेणापीति प्रतिपदुत्पन्नोऽप्ययमेककलत्वादेव न दृश्यत इति भाव ॥ ८३ ॥

(शुक्लपक्षीय) प्रतिपदातिथि जितने बड़े अर्थात् एक कलावाले चन्द्रमाको उत्पन्न करती है, समुद्रने भी उतने ही बड़े (एक कलावाले ही) चन्द्रमाको उत्पन्न किया था, उस (चन्द्रोत्पत्तिके) समयमें शिवजीके द्वारा मस्तकपर धारण किया गया (एक कलावाला चन्द्रमा ही) इस विषय (समुद्रसे एक कलावाले ही चन्द्रमाको उत्पन्न होने) में चन्द्रमाका सूक्ष्मतमत्व (एक कलात्मक होना) ही प्रमाण है। [यदि समुद्रने पूर्ण चन्द्रको उत्पन्न किया होता तो उस समय शिवजी एक कलात्मक चन्द्रको मस्तकपर धारण नहीं करने

---

१. 'अलक्ष्ये लक्षणगमनमतिव्याप्तिः' 'लक्ष्ये लक्षणागमनमव्याप्तिः' इति ज्ञेयम्।

२. तदुक्तं भगवत्पतञ्जलिना महाभाष्ये—'न हि लक्षणेन पदकारा अनुवर्तनीयाः, पदकारैर्नाम लक्षणमनुवर्तनीयम्।' इति। अत्र लक्षणं व्याकरणसूत्रादिकम्, पदकारा लोके पदप्रयोक्तारो जना इति बोध्यम्।

किन्तु वे एक कलात्मक चन्द्रमाको ही सर्वदा शिरपर धारण करते हैं, इससे प्रतीत होता है कि समुद्रने एक कलात्मक चन्द्रमाको ही उत्पन्न किया था, पूर्णचन्द्रमाको नहीं] ॥ ८३ ॥

आरोप्यते चेदिह केतकत्वमिन्दौ दलाकारकलाकलापे।
तत् संवदत्यङ्कमृगस्य नाभिकस्तूरिका सौरभवासनाभिः ॥ ८४ ॥

आरोप्यत इति। केतकत्वमिहेन्दौ चेद्यदि आरोप्यते यतो दलाकारः केतकीपत्रसदृशः धवलः कलानां कलापः समूहो यस्य तस्मिन्। तत्तस्मात्केतकदलवच्छुभ्रकलाकलापत्वाच्चन्द्रः केतकमेवेति रूप्यत इत्यर्थः। तत्तर्हि अङ्कमृगस्य मृगत्वेन नाभिकस्तूरिका कर्त्री आरोपितं तत्केतकत्वं कर्मीभूतं सौरभवासनाभिः कृत्वा संवदति, चन्द्रे केतकत्वं युक्तमित्यनुमन्यत इत्यर्थः। 'नाभिः' इति पाठे—अङ्कमृगस्य नाभिः कर्त्री कस्तूरिकासंबन्धिसौरभवासनाभिः कृत्वा संवदतीति वा। केतक्यां कस्तूरीपरिमलो वर्तते, चन्द्रे कलङ्कमृगनाभिरूपा कस्तूरी वर्तते। तस्माच्चन्द्रे केतकत्वमारोपयितुं युक्तमित्यर्थः। तत्केतकत्वमङ्कमृगस्य नाभिकस्तूरिकायाः परिमलस्य वासनाभिः संक्रमणैः कृत्वा संवदति युक्त्या संवादं प्राप्नोत्येवेति वा। 'ताभिः' इति पाठे—अतिप्रसिद्धाभिर्वासनाभिः ॥ ८४ ॥

(केतकी पुष्पके) पत्तेके समान कला-समूहवाले इस चन्द्रमामें यदि केतकी का आरोप किया जाता है तो (इसके) कलङ्कमृगकी नाभिगत कस्तूरी सुगन्धिके संस्कारोंसे उस (आरोपित केतकी पुष्परूप चन्द्रमा) के साथ सङ्गत होती है। (प्रथम पाठा०—कलङ्कमृगकी नाभि कस्तूरिकाकी सुगन्धिके संस्कारोंसे उस आरोपित । द्वितीय पाठा०—कलङ्क मृगकी कस्तूरी उन (अति प्रसिद्ध) सुगन्धिके संस्कारोंसे उस आरोपित…)। [चन्द्रकलाके केतकी-पुष्प-दलके समान स्वच्छ एवं लम्बा तथा कलङ्कमृगकी नाभिमें स्थित कस्तूरीके सुगन्धिसे परिपूर्ण होनेके कारण स्वच्छ एवं कस्तूरीके समान सुगन्धि परागवाले केतकी-पुष्पदलका चन्द्रमामें आरोप करना युक्तियुक्त होता है ॥ ८४ ॥

आसीद्यथाज्यौतिषमेष गोलः शशी समक्षं चिपिटस्ततोऽभूत्।
स्वर्भानुदंष्ट्रायुगयन्त्रकृष्टपीयूषपिण्याकदशावशेषः ॥ ८५ ॥

आसीदिति। एष शशी यथाज्यौतिषं गर्गादिमुनिप्रणीतग्रहगणितशास्त्रानतिक्रमेण गोलः कपित्थफलवद्वर्तुलोपरितनभाग एव पूर्वमासीत्। तर्हीदानीं कथमन्यथा दृश्यत इत्याशङ्क्याह—ततोऽनन्तरं कालक्रमेण स्वर्भानो राहोरूर्ध्वाधोभागस्थितदंष्ट्रायुगमेव यन्त्रं निष्पीडनचक्रं तेन कृष्टं निष्कृष्य गृहीतं पीयूषममृतं यस्य, तस्माद्वा, स चासौ पिण्याकश्च तस्य दशा गृहीतरसनीरसतिलादिपिण्डीमात्ररूपतावशेष उद्धृतो भागो यस्यैवंभूतः सन् चिपिटः पर्पटप्रायोऽभूदिति समक्षमिदानीं प्रत्यक्षेणानुभूयत एवेत्यर्थः। ज्योतिरधिकृत्य कृतो ग्रन्थो ज्यौतिषम्, 'अधिकृत्य कृते ग्रन्थे' इत्यण्। ततो यथार्थेऽव्ययीभावः। ज्योतिःशास्त्रादौ त्रयोदशाङ्गुलश्चन्द्रः षोडशाङ्गुलस्य सूर्य-

स्याधोभागस्थो जलपूर्णकाचकूपिकाप्रायो यथोदितः, तथैव पूर्वमाली दिशुक्तम् ॥८५॥

यह चन्द्र (गर्गाचार्यादिप्रणीत) ज्योतिषशास्त्रके अनुसार (कपित्थफलके समान) गोलाकार था, तदनन्तर राहुके दाँतोंकी दोनों पंक्तिरूप (दबानेके) यन्त्रसे निचोड़े गये अमृतरसवाले (तिल आदिकी) खलीके समान चिपटा हो गया है, यह सबको प्रत्यक्ष अनुभव होता है। [गोलाकार पदार्थको दबाकर रस निकाल लेनेपर चिपटा होना उचित ही है] ॥ ८५ ॥

असावसाम्याद्वितनोः सखा नो कर्पूरमिन्दुः खलु तस्य मित्रम् ।
दग्धौ हि तौ द्वावपि पूर्वरूपाद्वीर्यवत्तामधिकां दधाते ॥ ८६ ॥

असाविति । असौ चन्द्रो वितनोरनङ्गस्य सखा नो भवति । कुतः ? असाम्या दसादृश्यात् । 'विवाहमैत्रीवैराणि भवन्ति समशीलयोः' इति शास्त्रादनयोः साङ्गानङ्गयोः सादृश्याभावान्मैत्री न संगच्छत इत्यर्थः । तर्ह्यनयोर्लोकप्रसिद्धा मैत्री कथमिष्यत आह—खलु निश्चितं कर्पूरापरनामैवेन्दुस्तस्यानङ्गस्य मित्रम्, तावतैव लोकप्रसिद्धिरिति विरोधाभाव इत्यर्थः । तत्र हेतुमाह—यद्यस्मात्तौ द्वावपि कामकर्पूरौ दग्धौ सन्तौ पूर्वरूपाददग्धदशायाः सकाशादधिकां वीर्यवत्तां हि स्पष्टं दधाते । पक्वो हि कर्पूरो वीर्यवत्तरो भवति, कामोऽपि दाहानन्तरमधिकं वीर्यवाननुभूयते । तदुक्तम्—'कर्पूर इव दग्धोऽपि शक्तिमान् यो जने जने । नमोऽस्त्ववार्यवीर्याय तस्मै कुसुमधन्वने ॥' इति । तस्मात्कामकर्पूरयोर्मैत्री युक्ता । 'अथ कर्पूरमस्त्रियाम् । घनसारश्चन्द्रसंज्ञः' इत्यमरः । 'अस्त्रियाम्' इत्यमरवचनात् 'कर्पूर'शब्दो नपुंसकोऽपि ॥

(अङ्कसहित तथा अङ्करहितरूप) असमानता होनेसे यह (अङ्कसहित) चन्द्रमा (अङ्करहित) कामदेवका मित्र नहीं है, किन्तु ('चन्द्रमा' का पर्यायवाचक) 'कर्पूर' उस कामदेवका मित्र है, क्योंकि जले हुए वे दोनों (कामदेव तथा कर्पूर) ही पहले (जलनेके पूर्व) अधिक वीर्यवत्ताको धारण करते हैं । [जला हुआ कर्पूर भी कच्चे कर्पूरकी अपेक्षा अधिक वीर्यवत्तर होता है । शिवजीकी नेत्राग्निसे जला हुआ कामदेव पहलेकी अपेक्षा अधिक वीर्यवान् हो गया है, इससे कामदेवका मित्र चन्द्रमा नहीं, किन्तु 'चन्द्रमा' का वाचक 'कर्पूर' ही चन्द्रमाका मित्र है, इस शब्दभ्रमसे ही लोकमें कामदेवका मित्र चन्द्रमा समझा जाता है] ॥ ८६ ॥

स्थाने विधोर्वा मदनस्य सख्यं सः शम्भुनेत्रे ज्वलति प्रलीनः ।
अयं लयं गच्छति दर्शभाजि भास्वन्मये चक्षुषि चादिपुंसः ॥ ८७ ॥

स्थान इति । वाऽथवा विधोर्मदनस्य सख्यं स्थाने, युक्तमेवेत्यर्थः : तत्र हेतुः—स कामः ज्वलति देदीप्यमाने शंभुनेत्रे प्रलीनः प्रकर्षेण लीन एकतां प्रलयं गतः, विनष्ट इत्यर्थः । अयं चन्द्रश्च दर्शभाजि दर्शनं दर्शस्तद्व्यापारयुक्ते, अथ च—अमावस्यां गते, भास्वन्मये सूर्यरूपे आदिपुंसो विष्णोश्चक्षुषि लयमेकतां गच्छति । दर्श

हि चन्द्रःसूर्यं गच्छति, अत एव दर्शस्य सूर्येन्दुसंगम इति नाम। सूर्यो विष्णोर्दक्षिणं चक्षुः। तथा च तुल्ययोर्हरिहरयोर्नेत्रयोर्द्वयोरपि चन्द्रकामयोः प्रलीनत्वादर्शं चन्द्रस्याप्यनङ्गतया च समशीलत्वादुचितैव मैत्रीत्यर्थः। तथा च कामस्य चन्द्रसखिताप्रसिद्धिर्युक्त्यैव युक्तेति भावः ॥ ८७ ॥

अथवा ... ा कामदेवकी मित्रता उचित है, क्योंकि वह कामदेव दीप्यमान शिव-ने... सम्यक् प्रकारसे लीन (नष्ट) हो गया और यह चन्द्रमा देखनेवाले (पक्षा०—अमावस्या तिथिको प्राप्त) आदि पुरुष (विष्णु) के सूर्यरूप (दक्षिण) नेत्रमें लीन (नष्ट) होता है। [विष्णु भगवान्‌का दक्षिण नेत्र सूर्य है, अत एव हरिहररूपधारी भगवान्‌के शिवजीके नेत्रमें कामदेव नष्ट हो गया तथा विष्णुजीके सूर्यरूप नेत्रमें अमावस्या आनेपर यह चन्द्रमा नष्ट होता रहता है; इस कारणसे चन्द्रमा तथा कामदेवकी मित्रता होना युक्तियुक्त ही है] ॥ ८७ ॥

नेत्रारविन्दत्वमगान्मृगाङ्कः पुरा पुराणस्य यदेष पुंसः।
अस्याङ्क एवायमगात्तदानीं कनीनिकेन्दिन्दिरसुन्दरत्वम् ॥ ८८ ॥

नेत्रेति। पुरा पूर्वं यदा यस्मिन्काले एष मृगाङ्कः पुराणस्य पुंसः श्रीविष्णोर्नेत्रारविन्दत्वं नयनकमलत्वमगात्। तदा तस्मिन्काले अस्य विष्णुनेत्रारविन्दभूतस्यास्य चन्द्रस्यायमङ्कः कलङ्क एव कनीनिकाया इन्दिन्दिरस्य भ्रमरस्य सुन्दरत्वमगात्प्रापत्। 'अदात्' इति पाठे—अयं श्रीविष्णुरस्य चन्द्रस्याङ्के विषये कनीनिकेन्दिन्दिरसुन्दरत्वमदात्। नेत्रे हि कनीनिकया भाव्यम्, अरविन्दे च भ्रमरेण। तथा चास्य नेत्रारविन्दरूपत्वादङ्कमेवोभयं श्रीविष्णुः कृतवानित्यर्थः। अङ्क एव कनीनिका कर्त्री भ्रमरेण सुन्दरत्वमस्यादादिति वा। 'इन्दिन्दिरालिषट्चरणचञ्चरीकालिनो द्विरेफाः स्युः' इति हलायुधः ॥ ८८ ॥

पहले जिस समय यह चन्द्रमा पुराणपुरुष (विष्णु भगवान्) का नेत्रकमल बना, उसी समय यह कलङ्करूप मृग कनीनिका (नेत्रतारा—आँखकी पुतली) रूप भ्रमरकी सुन्दरताको प्राप्त किया। [नेत्रमें कनीनिकाका तथा अरविन्दमें भ्रमरका होना उचित होनेसे चन्द्रमा जब विष्णुका नेत्ररूप कमल हुआ, तब चन्द्रमण्डलस्थ कलङ्कमृग कनीनिकारूप भ्रमर हो गया] ॥ ८८ ॥

देवेन तेनैष च काश्यपिश्च साम्यं समीत्योभयपक्षभाजौ।
द्विजाधिराजौ हरिणाश्रितौ च युक्तं नियुक्तौ नयनक्रियायाम् ॥ ८९ ॥

देवेनेति। तेन देवेन श्रीविष्णुना एष चन्द्रः काश्यपिर्गरुडश्चैतौ द्वावपि साम्यं समानधर्मतां समीत्य तुल्यायां नयनक्रियायां क्रमेण नेत्रव्यापारे वाहनव्यापारे च यन्नियुक्तौ, तद्युक्तमुचितमित्यर्थः। 'चौ' अन्योन्यसमुच्चये। साम्यमेवाह—उभयपक्षौ शुक्लपक्षकृष्णपक्षौ भजति चन्द्रः, गरुडस्तु द्वौ छदौ भजति, तादृशौ द्वावपि।

तथा—द्विजानां ब्राह्मणानां 'राजा चन्द्रः । गरुडस्तु पक्षिणां राजा, तादृशौ । तथा—हरिणेन कलङ्कमृगेणाश्रितश्चन्द्रः, गरुडस्तु हरिणा विष्णुना वाहनार्थेनाश्रितः, तादृशौ । एवमुभयोः साम्यात्स्वस्य एव व्यापारे यन्नियुक्तौ तदुचितं कृतमिति भावः । काश्यपिः, बाह्वादिभ्यादिञ् ॥ ८९ ॥

उस देव (पुराणपुरुष—श्रीविष्णु भगवान्) ने इस चन्द्रमा तथा गरुड़की समानता देखकर दो पक्ष (शुक्लपक्ष तथा कृष्णपक्ष, पक्षा०—दो पङ्ख) धारण करनेवाले, द्विजों (ब्राह्मणों, पक्षा०—पक्षियों) के स्वामी, हरिणसे आश्रित अर्थात् मृगयुक्त (पक्षा०—विष्णुसे आश्रित) उन दोनोंको जो नेत्रके कार्य (देखने, पक्षा०—ढोनेके कार्य अर्थात् वाहन बनने) में नियुक्त किया, यह उचित है ॥ ८९ ॥

यैरन्वमायि ज्वलनस्तुषारे सरोजिनीदाहविकारहेतोः ।
तदीयधूमौघतया हिमांशौ शङ्के कलङ्कोऽपि समर्थितस्तैः ॥ ९० ॥

यैरिति । यैः पण्डितैः सरोजिन्याः दाहरूपाद्विकाराद्धेतोस्तुषारे ज्वलनोऽग्निरन्वमायि । तुषारः साग्निर्भवितुमर्हति, सम्बन्धे सति दाहकारित्वात् , साग्निभूदेशवत्, तप्तोदकवद्वेति हिमे विषये वह्निरनुमित इत्यर्थः । तैः पण्डितैर्हिमांशौ तुषारमये चन्द्रे वर्तमानः कलङ्कोऽपि तदीयधूमौघतया हिमाग्निसंबन्धिधूमसमूहरूपत्वेन समर्थित इत्यहं शङ्के । वह्नौ हि धूमेन भाव्यम्, चन्द्रश्च तुषारमयत्वादुक्तरीत्या वह्निमान्, तथा च कलङ्को धूमसमूह एवेति तैः समर्थितमित्यहं संभावयामीत्यर्थः ॥ ९० ॥

जिन (विद्वानों) ने कमलिनीका दाहक होनेसे तुषारमें अग्नि होनेका अनुमान किया, उन (विद्वानों) ने (तुषारमय) चन्द्रमामें कलङ्कको भी उस (तुषार) का धूम-समूह होनेका समर्थन कर दिया, ऐसा मैं जानती हूँ । [जहाँ अग्नि रहती है, वहां धूम भी संभव है, अत एव तुषारमें अग्निका समर्थन करनेवालोंने उसमें धूमका भी समर्थन कर दिया, इस प्रकार तुषारमय चन्द्रमें अग्निके साहचर्यसे कृष्णवर्ण कलङ्क भी धूम-समूह ही है ऐसा कहना चाहिये] ॥ ९० ॥

स्वेदस्य धाराभिरिवापगाभिर्व्याप्ता जगद्भारपरिश्रमार्ता ।
छायापदेशाद्वसुधा निमज्ज्य सुधाम्बुधावुज्झति खेदमत्र ॥ ९१ ॥

स्वेदस्येति । वसुधा छायापदेशात्स्वीयप्रतिबिम्बव्याजेन सुधाम्बुधावत्र चन्द्रे निमज्ज्यान्तः प्रविश्य खेदं जगद्भारपरिश्रमपीडामुज्झतीव । किंभूता ? जगद्भारवहननिमित्तः परिश्रमस्तेनार्ता नितरां पीडिता । अत एव—स्वेदस्य धाराभिरिवापगाभिर्व्याप्ता समन्तात्पूरिता । अमृतसमुद्रनिमज्जने हि खेदो गच्छत्येव । यस्याश्च तत्तन्नदीरूपः स्वेदः, तस्याः श्रमहरणे सुधासमुद्र एवोचितः । एतेन कलङ्कस्य मृगशशभूच्छायाप्रभृति मतभेदा वर्णिताः ॥ ९१ ॥

संसारके भार (धारण करने) के परिश्रमसे थकी हुई (अत एव) पसीनेके प्रवाहके

समान नदियोंसे व्याप्त पृथ्वी (कलङ्कात्मक अपनी) छायाके छलसे इस अमृतसमुद्र (चन्द्रमा) में गोता लगाकर थकावटको दूर कर रही है। [लोकमें भी परिश्रमसे थका हुआ तथा बहते हुए पसीनेकी धाराओंसे व्याप्त कोई व्यक्ति जलाशयमें गोता लगाकर (नहाकर) थकावटको दूर करता है। कोई-कोई आचार्य चन्द्रमामें दृश्यमान कलङ्कको पृथ्वीकी छाया मानते हैं] ॥ ९१ ॥

ममानुमैवं बहुकालनीलीनिपातनीलः खलु हेमशैलः।
इन्दोर्जगच्छायमये प्रतीके पीतोऽपि भागः प्रतिबिम्बितः स्यात् ॥

ममेति। हेमशैलो मेरुः खलु निश्चितं सर्गमारभ्याद्ययावदतिक्रान्तेन बहुना कालेन कृत्वा नीलीनिपातः श्यामिकालगनं तेन कृत्वा वा नीलः बहुकालीनत्वान्नील-मलसंबन्धान्नीलवर्णः संजातोऽस्तीति, एवंप्रकारा ममानुमाऽनुमानम्, एवमहं संभाव-यामीत्यर्थः। अन्यथा यदि स्वर्णाचलः कालभूयस्त्वेन न नीलीभूतः किंतु हेममय-त्वात्पीत एव स्यात्, तर्हि इन्दोर्जगच्छायमये जगत्प्रतिबिम्बभूते कलङ्करूपे प्रतीके-ऽवयवे मेरोः पीतोऽपि भागः प्रतिबिम्बितः स्यात्पीतोऽशोऽपि दृश्येत, तस्मात्स्वर्णा-चलो नील एव जातः। तथा च सकलाया अपि भूमेर्नीलवर्णत्वात्तत्प्रतिबिम्बरूपः कलङ्कोऽपि नील एव युक्त इत्यर्थः। जगच्छाये, 'विभाषा सेना—' इति षण्ढत्वम् ॥

सुमेरु पर्वत (सृष्टिके आरम्भसे आजतकके) बहुत अधिक समय व्यतीत होनेके कारण नीलिमाके लगनेसे नीला हो गया है, यह मेरा अनुमान है। अन्यथा (यदि उक्त कारणसे सुमेरु पर्वत नीला नहीं हुआ होता, किन्तु सुवर्णमय होनेसे पीला ही रहता तो) संसारकी छायाभूत चन्द्रमाके कलङ्कमें (पीले सुमेरुका) पीला भाग भी प्रतिबिम्बित होता। [चन्द्रमामें पृथ्वीकी छाया ही कलङ्करूपमें दृष्टिगोचर होती है, यदि सुमेरु पीला होता तो इस कलङ्कमें प्रतिबिम्बित सुमेरुका पीला वर्ण भी दृष्टिगोचर होता, किन्तु सम्पूर्ण कलङ्क काला ही दृष्टिगोचर होता है, अतः अनुमान होता है कि बहुत समय बीतनेसे सुमेरु भी कृष्णवर्ण हो गया है, जिसका प्रतिबिम्ब काला ही दृष्टिगोचर होता है] ॥ ९२ ॥

माऽवापदुन्निद्रसरोजपूजाश्रियं शशी पद्मनिमीलितेजाः।
अक्षिद्वयेनैव निजाङ्करङ्कोरलङ्कृतस्तामयमेति मन्ये ॥ ९३ ॥

मेति। शशी उन्निद्रैर्विकसितैः सरोजैः कृत्वा या पूजा तज्जनितां श्रियं मा अवा-पत् मा स्म लभत। यतः--पद्मनिमीलि कमलसंकोचकं तेजो यस्य सः। विकसिताना-मपि कमलानां पूजार्थं चन्द्रसविधे क्रियमाणानां चन्द्रतेजसा संकोचस्यैव संभवादु-न्निद्रसरोजपूजाश्रियं प्राप्नोति ?। प्रकारान्तरेण प्राप्नोतीत्याह—निजाङ्कभूतस्य रङ्कोर्मृगस्याक्षिद्वयेनैवालंकृतोऽयं चन्द्रस्तामुन्निद्रसरोजपूजाश्रियमेति प्राप्नोति तन्न-यनयोरुन्निद्रकमलरूपत्वादित्यर्थं इत्यहं मन्ये। अङ्कमृगनेत्राभ्यां कृत्वाऽयं चन्द्रो विकसितकमलाभ्यां पूजामिव शोभां प्राप्नोतीति भावः। एत्येवेति वा ॥ ९३ ॥

कमल-सङ्कोचकारक तेजवाला चन्द्रमा विकसित कमलोंकी पूजा (आदर) की श्रीको भले नही पावे, किन्तु यह (चन्द्रमा) अपने कलङ्कभूत हरिणके (कमलतुल्य) दोनों नेत्रोंमें ही उस (विकसित कमलोंकी पूजा) की शोभाको पाता है, ऐसा मैं मानती हूं। [स्वभावतः कमलसङ्कोचक प्रवृत्ति होनेसे यद्यपि चन्द्रमा विकसित कमलशोभाको नहीं देखता, तथापि कलङ्क-मृगके विकसित कमलके समान नेत्रोंसे उक्त शोभाको देख ही लेता है] ॥ ९३ ॥

य एष जागर्त्ति शशः शशाङ्के बुधो विधत्ते क इवात्र चित्रम् ? ।
अन्तः किलैतत्पितुरम्बुराशेरासीत् तुरङ्गोऽपि मतङ्गजोऽपि ॥ ९४ ॥

य इति । य एष प्रत्यक्षदृश्यः शशः शशाङ्के जागर्ति स्फुरति, अत्र विषये क इव बुधश्चित्रमाश्चर्यं विधत्ते ? अपि तु न कोऽपि । किल यस्मादेतत्पितुरम्बुराशेरन्तर्मध्ये उच्चैःश्रवःसंज्ञकस्तुरङ्गोऽप्यासीत् । ऐरावताख्यो मतङ्गजोऽप्यासीत् । यदीयपितुर्मध्येऽश्वगजादिकं भवति, तदीय(पुत्र)मध्ये शशमात्रसंभवे किमाश्चर्यमित्यर्थः ॥ ९४ ॥

